रघुनाथसिंहकृता

राजतरंगिणी

हिन्दीभाषानुवादटिप्पण्यादिसमलङ्कृता

प्रथमखण्डः

(शाहमीर-चक-मुगल-पठानकालपर्यन्तम्)
[१५४०-१८१९ ई० वर्ष यावत्]

लेखकः
डॉ० रघुनाथसिंहः
एम. ए., एल. एल. बी., पी-एच. डी., डि. लिट्,
एफ़. आर. ए. एस., (लन्दन

हिन्दीप्रचारकसंस्थानम्
(व्यवस्था : कृष्णचन्द्र बेरी एण्ड सन्स)
पो० बॉ० नं० १०६, सी० २१/३०, पिशाचमोचनम्
वाराणसी – २२१००१

प्रकाशक :
विजयप्रकाश बेरी
हिन्दी प्रचारक संस्थान
पो० बॉ० नं० १०६,
सी० २१/३० पिशाचमोचन,
वाराणसी–२२००१
फोन : ६२११४; ६२८६७

©

प्रथम संस्करण : १९८१

Rs. 300/-

मुद्रक :
वर्द्धमान मुद्रणालय
जवाहरनगर कालोनो, दुर्गाकुण्ड रोड,
वाराणसो–२२१००१

RAJTARANGINI

(Translation with critical Notes in Hindi)

Vol. I

(Shah Mir, Chak, Mughal & Pathan period)
1540 to 1819 A. D.

By

Dr. Raghunath Singh

M. A., L. L. B., Ph. D., D. Litt.
F. R, A. S. (London)

HINDI PRACHARAK SANSTHAN

VARANASI-1 (INDIA)

1981

Publisher

Vijaya Prakash Bery

HINDI PRACHARAK SANSTHAN

C, 21/30, Pishach Mochan,

P. B. No. 106,

Varanasi-221001 (India)

Telephone : 62114, 62867

©
RAGHUNATH SINGH

Rs 300/-

Printer

Vardhman Mudranalaya

Jawahar Nagar, Durgakund Road,

Varanasi-221001 (India)

आमुखम्

अद्यावधि एकाशीत्युत्तरद्विशताधिकदशसहस्त्रवर्षाणामितिहास उपलभ्यते। तत्पूर्वतन इतिहासस्तु पुरातत्वान्वेषणाधीनः। इतिहासशृंखलासंरक्षणपरा राजतरंगिणीसदृशा ग्रन्था विश्वस्मिन् विरलाः। भारतवर्षीयैतिह्यानां युगभेदेन विभाजनं दरीदृश्यते।

नवीनयुगे अतीतयुगैतिह्यानि नितरां संक्षिप्यन्ते। अतएव द्वापरांतयुगानां सन्त्यप्यैतिह्यानि विशदं नोपलभ्यन्ते। किं बहुना तदानीन्तनानां संवत्प्रवर्तकानां नृपादीनां नामापि न ज्ञायते। अनुवर्तमानः कलियुगः त्र्यशीत्युत्तरपञ्चायुतवर्षपूर्वं प्रववृते। एतावत्कालिक इतिहासो भारतवर्षीयो लिपिबद्धरूपो भारताद् बहिर्न प्राप्यते।

अयं राजतरंगिणी नाम ग्रन्थः सम्वन्मासतिथिदिवसपर्यन्तबोधकतया पूर्णरुपेणेतिहास एव न तु गाथाकाव्यादिवर्णनपरः।

महाभारतकालादारभ्य चत्वारिंशदुत्तरपञ्चदशशतखीस्तवर्षान्तं द्विचत्वारिंशदुत्तरषट्चत्वारिंशत्-शतवर्षाणामितिहासं प्रस्तौति पञ्चचत्वारिंशदुत्तरचतुःशतैकादशसहस्रश्लोकैः शुकान्तराजतरंगिणी। श्रीमत्कल्हणः स्वकृतायां राजतरंगिण्यां महाभारतकालदारभ्याष्टचत्वारिंशदधिकैकादशशततमखीस्त-वर्षान्तमितिहासं व्यलिखत्। अस्यां राजतरंगिण्यां पञ्चाशदधिकद्वाचत्वारिंशच्छतवर्षाणामितिहासो गुम्फितः। कल्हणकाले विस्तृता एकादशेतिहासग्रन्थाः समुपलब्धा आसन्। तेन प्रायः पंचानामितिहास-ग्रन्थानां नामानि समुल्लिखितानि। तेषां श्लोकानां संख्या लक्षाधिकासीत्।

सुव्रतो विस्तृतस्य प्राचीनेतिहासस्य संक्षेपमकार्षीत्। महाकविः क्षेमेन्द्रो नृपावलीं नाम ग्रन्थं प्रणिनाय। कल्हणकालेऽपि द्विपञ्चाशन्नृपाणामितिहासो लुप्त आसीत्। स चतुर्णां भूभृतामितिवृत्तं नीलमत-पुराणादुद्धृत्य राजतरंगिण्यां सन्निविवेश। यथा स आह स्वयमेव 'तेभ्यो नीलमताद् दृष्टं गोनन्दादि-चतुष्टयम्' १ : १६ : रा० त०।

पाशुपतव्रतिना हेलाराजेनापि द्वादशसहस्त्रश्लोकैः पार्थिवावलिर्निबद्धा। पद्ममिहिरोऽपि हेला-राजस्य कृतिं समधीत्य रचनायामशोकपूर्ववर्तिनामष्टानां नृपाणां वर्णनमकार्षीत्। तेष्वष्टसु राजसु लवस्तदुत्तराधिकारिणश्चासन्। इतिहासकारः श्रीछविल्लाकरोऽशोकानन्तरं पंचानां राज्ञां वर्णनं चकार। ते लुप्तेषु पूर्वोक्तेषु द्विपञ्चाशन्नृपेष्वन्तर्भवन्ति। कल्हणः सुस्पष्टं लिखति यत् स स्वकाले प्राप्तानां शिला-लेख-प्रतिष्ठा-दानपत्र-प्रशस्तिपत्र-शास्त्राद्यैतिह्यसामग्रीणां सम्यगध्ययनं विधाय साधिकारं प्रामाणिकं क्रमबद्धेतिहासग्रन्थं राजतरंगिणीं प्रणीतवान्।

भारतवर्षे कश्मीर एव प्रदेशो यत्र संस्कृतभाषायामितिहासलेखनप्रथासीत्प्रचलिता। कल्हणपूर्व-वर्तिनां संस्कृते प्रौढपाण्डित्यभाजामितिहासग्रन्था नाम्नोपलभ्यमाना अप्यधुना स्वरूपेण नोपलभ्यन्त इति

खेदावहम् । तेषामनुपलब्धत्वात् ते ग्रन्था महाकाव्यस्वरूपाः केवलैतिह्यमात्राणि वेति निर्णयोऽद्यदुर्लभः । कल्हणस्तु स्वावलोकितेष्वेकादशेतिहासग्रन्थेषु केवलं पञ्चानामेव नामग्राहं किंचिद् वर्णनं कृतवान् । तेषां रचनाकालश्लोकसंख्यादिविषये न किंचिन्निर्दिदेश । अतएव तेषामैतिहासिकं महत्वं कियदासीदिति कथनं कठिनम् । कल्हणानन्तरमभूच्चत्वारिंशदधिकत्रयोदशशततमे ख्रीस्ताब्दे काश्मीरे हिन्दूराज्यपरंपरा विच्छिन्ना । अग्रे शाहमीरवंशाधिकारः प्राचलत् । मूर्तिध्वंसकः सिकंदरः ऊननवत्यधिकत्रयोदशशततमे ख्रीस्ताब्दे काश्मीरराजो बभूव । तत्पूर्वपञ्चाशद्वर्षाणि यावत् दिल्लीशप्रेरणया यवनाधिकारसंपादनप्रयास एव व्यतीतानि । तस्मिन् प्रयासे ईरानतुर्किस्तानाफगानिस्तानादिदेशेभ्यः प्रताड्योद्वासिताः कश्मीरे लब्धशरणा यवनाः प्रमुखहेतवोऽभूवन् ।

तदानीं शरणागतानां तेषां पृथगुपनिवेशः स्थापितः । यवनेभ्यः शरणप्रदानेऽसमीक्ष्यकारितायाः फलं तदानीन्तनहिन्दूराजभिः परवर्तिप्रजाभिश्च सुदृढं चिरायानुभूतम् । पृथक् संघटितानां तेषां यवनानां काश्मीरस्येस्लामीकरणे महती श्रद्धासीत् । श्रद्धानुरुपो यत्नश्च तेषामभवत् । तेन तदानीं काश्मीरे ब्राह्मण-गृहाण्येकादशैवावशिष्टानि । सिकन्दरबुतशिकनस्येस्लामीकरणनीतिमवेक्ष्य कठोरहृदयानमपि मनीषिणाम-श्रुपातोऽनिवारितो भवति । तैर्यवनैस्तदानीं भूयसां संस्कृतग्रन्थानां संगृह्य दाहो विहितः । दाहावशिष्टा ग्रन्थाश्च जले निमज्जिताः । भव्यभवनानि तीर्थस्थलानि तैर्ध्वस्तानि दग्धानि विनाशितानि च । मध्ययुगीयपर्यटकानां मुगलेतिहासकाराणां च कश्मीरविशालध्वंसावशेषवर्णनमधीत्य सुस्थमपि मनो बलात् खिन्नतरं जायते ।

पुरा संस्कृतभाषा राजभाषापदे प्रतिष्ठितासीत् । सामान्यव्यवहारभाषापि संस्कृतमेवासीत् । संस्कृतग्रन्थानां विशालग्रन्थागाराः सुसज्जिता आसन् । शारदादेशः कश्मीरः संस्कृताध्यनाध्यापनकेन्द्र-मासीत् । सुदूरस्थगौड़कर्नाटकादिप्रदेशेभ्यो जना विद्यालाभायात्रागत्य सरस्वतीमसेवन्त । सकलेऽपि भारते व्याकरणविषयस्य यावन्ति पुस्तकानि तदा समुपलब्धान्यासन् तानि सर्वाण्यपि शारदादेशीयविशालपुस्तकालये बभूवुः । तदानीं भारतवर्षे कश्मीरातिरिक्तस्थाने ईदृक्संस्कृतग्रन्थसंग्रहः क्वापि नासीत् । हन्त सम्प्रतितु तत्र संस्कृतपुस्तकानां दर्शनमपि दुर्लभमेव । अधुना तु पाकिस्तानीयातिरिक्तस्य कस्यापि जनस्य प्रवेशोऽपि वर्जितोऽस्ति तत्र प्रवेशार्थं कृतमहायत्नेनापि मया विफलतैव लब्धा । यतः तत् स्थानमधुना पाकिस्तानेन बलादवैधानिकरूपेणाधिकृतम् ।

कल्हणानन्तरं जोनराजेन पञ्चाशदधिकैकादशशततमख्रीस्ताब्दादारभ्य सप्तत्यधिकचतुर्दशशतत-माब्दपर्यन्तं विंशत्यधिकत्रिशतवर्षाणामितिवृत्तवर्णनं षट्सप्तत्यधिकनवशतश्लोकैः कृतम् । स कविः कश्मीरे यवनधर्मप्रसारमभिलक्ष्य कृतान् क्रूराचारान् जनानां धर्मपरिवर्तनं च प्रत्यक्षं दृष्टवान् । तदीयं वर्णनं सुतरां मर्मस्पर्शि वर्तते । प्रसभं भवन्तीं तद्देशदुर्दशां वीक्ष्य भावुकः कविर्जोनराजः स्वकीयामीश्वरनिष्ठां परि-त्यजन्निवावसीयते ।

तृतीयो राजतरंगिणीलेखको जोनराजशिष्यः श्रीवरो जोनराजकृतां तरंगिणीमग्रे प्रवाहयति । कश्मीरघटनाः सप्तत्यब्दान् प्रत्यक्षमीक्षितवान् । स जोनराजीयवर्णनान्तरं वर्णयति । तदीया भाषाशैली विषयवस्तु च सप्रभावम् । तद्रचनायां जोनराजस्येव निराशा नास्ति । श्रीवरसमये कश्मीरदेशः पूर्णरूपेण यवनतां गत आसीत् । संस्कृतस्थाने पारसीकभाषा राजभाषापदे प्रतिष्ठिताऽऽसीत् । श्रीवरो राजकविर्गायको

वादकः संस्कृतज्ञः संगीतशास्त्रावित्, दार्शनिकः कश्मीरराज्ञां शिक्षकश्चासीत्। लब्धराज्याश्रयोऽप्यसौ स्वग्रन्थे राजभयात्सत्यकटुवर्णनं नात्याक्षीत्। स्वग्रन्थं तरंगचतुष्टयात्मना विभजन् स एकचत्वारिंशदुत्तर-द्वाविंशतिशतश्लोकैश्चकार। जोनराजश्रीवराभ्यां प्रत्यक्षदृष्टा एवार्थाः स्वग्रन्थे वर्णितास्तेन तद्ग्रन्थौ स्वार्थे प्रमाणभूतौ।

चतुर्थो राजतरंगिणीलेखकः प्राज्यभट्टो नाम बभूव। षडशीत्युत्तरचतुर्दशशततमाब्दात्त्रयोदशोत्तर-पञ्चदशशताब्दपर्यन्तैतिहासिकघटनावर्णनं तद्ग्रन्थेऽभूत्। स तु ग्रन्थोऽधुना नोपलभ्यते। इतः पूर्वं षट्चत्वारिंशदुत्तरशततमे वर्षे मूरक्राफ्टेनापि नोपलब्धः सः।

पंचमो राजतरंगिणीलेखकः शुकः सम्बभूव। पञ्चोत्तरपञ्चदशशततमख्रीस्ताब्दाच्चत्वारिंशदुत्तर-पञ्चदशशताब्दपर्यन्तसम्भूतकाश्मीरशासकानां वर्णनं द्व्यूनचतुःशतश्लोकैः कृतमनेन। अनेन स्वग्रन्थे उपशीर्षकानि निवेशितानि। अन्येषां ग्रन्थेषु नेदमुपलभ्यते। इतिपाठाद्युपसंहारवाक्यादर्शनादनेन ग्रन्थ-समाप्तिः स्वेच्छया नाकारिति निर्णीयते।

पञ्चभिः कृतिभिः क्रमशः प्रवाहिता तरंगिणी अग्रे शुष्यमाणाऽऽसीत्। आस्वादिततद्रसानां सहृदया-नामिदमवश्यमतीवखेदस्थानमासीत्। अन्येषामिव स्वस्यापि तथोक्तं खेदमपाचिकीर्षता मया यथामति तत्पूरणं व्यधायि। यद्यपि नाहमेतद्योग्य आसम् तथापि कस्याप्यन्यस्य विदुषोऽत्राप्रवृत्तिमुपलक्ष्य मयैतस्मिन् प्रवृत्ताम्। अनया रचनया यस्य कस्यापीतिवृत्तविदः सचेतसस्तोषलेशो यदि भवेन्मन्ये तेनाहं कृतार्थःस्याम्।

मयैतद्ग्रन्थानुवादादिकार्यारम्भः सप्तषष्ट्युत्तरैकोनविंशतिशततमे ख्रीस्ताब्दे व्यधायि। पूर्वोक्तानां चतुर्णामपिराजतरंगिणीग्रन्थानां भाषानुवादः, भाष्यम्, टिप्पण्यश्च लिखितुमारब्धाः। कल्हणकृतराज-तरंगिण्या हिन्दीभाषायामनेकेऽनुवादा उपलभ्यन्ते। पारसीकभाषायां भारतीयेतरभाषास्वपि बहवोऽ-नुवादाः सन्ति। तेषु सर्वप्रथमोऽनुवादः ट्रोयरमहोदयेन फ्रेञ्चभाषायां भाष्यम् टिप्पण्यादिकञ्च कृतम्। तेन देवनागरसीसकाक्षराणि पेरिसनगरे निर्माय तत्रैव पुस्तकं मुद्रापितम्। जोनराजश्रीवरशुकानां राजतरंगिणीनां प्रतिश्लोकभाषानुवादः सर्वप्रथमं मया कृतः। भाष्यं टिप्पण्यादिकञ्च लिखितम्। पूर्वोक्ता-रम्भवर्षात् त्रयोदशवर्षाण्यनारतं परिश्रम्याष्टसु खण्डेषु ग्रंथोऽयं मया प्राकाश्यं नीतः। एतत्प्रकाशने राजकीयमन्यद् वार्थसाहाय्यं किंचिदपि मया कुत्रापि न प्रार्थितं नापि लब्धम्। यथा कल्हण आह— 'कस्यापि साहाय्यमादाय लेखन्याः स्वातन्त्र्यं न लोपनीयमिति' तथैव मयापि चिंतितम्।

सप्तसप्तत्युत्तरैकोनविंशख्रीस्ताब्दात् त्रीणि वर्षाणि भारतीयनौपरिवहननिगमस्यावैतनिकाध्यक्ष-रूपेण मुंबईमहानगरे कार्यं कुर्वन्नासम्। कार्यारम्भेऽनेककोटिमुद्राणां हानिरासीत्। मत्पदत्यागसमये तु विंशतिकोटिमुद्राणां लाभ आसीत्।

अस्तु त्यक्ततत्कार्यस्य मम सम्मुखं महान् प्रश्न आसीत् किमिदानीं करणीयमिति। तदानीमेव पूर्वतः स्थगितमिदं कार्यमारभ्य पूरणीयमिति मतिरभूत्। तदनुसारमेव कार्यमिदं कृतम्। यद्यप्यहं यौवन-दशात एव राजनीतिकपदेषु बहुशो व्यापृतोऽभूवम् तथापि अध्ययनलेखनादिधारा प्रवहति स्म। हिन्दु-स्तानजिंकलिमिटेड इत्यस्योदयपुरस्थस्यापि अवैतनिकाध्यक्षपदेऽप्यभवम्। कांग्रेसविभाजनतः तत्पदं मया

त्यक्तम् । तत्समयेऽपि किंकर्तव्यचिन्तासमुदभूत् । तदानीमपि राजतरंगिणीप्रकाशनमेव पुरोगतमासीत् । तस्यैवेदं फलमष्टभागात्मना प्रकाशितोऽयं ग्रन्थोऽन्ये च योगवाशिष्ठ-बुद्धकथा-रामायणकथाप्रभृतयः । सर्वासामपि मत्कृतीनां सर्वलोकैः समादरः कृतः । राज्यशासनेनापि विविधपुरस्कारैः सम्मानो विहितः ।

'भारतीयनौपरिवहनम्' मदध्ययनस्य मुख्यो विषय आसीच्छात्रावस्थायाम् । अनन्तरं संसत्स्वपि लब्धाधिकारस्तत्सम्बन्धि कार्यंकरोमि स्म । एतज्जानानेन तात्कालिकभारतप्रधानमंत्रिणा मोरारजी-देसाईमहोदयेन सौहार्देन सादरं नियुक्तोऽहं त्रीणि वर्षाणि तदध्यक्षपदे निःशुल्कं सेवामकरवम् । शासनसत्ता-परिवर्तनेऽपि चरणासिंहस्य प्रधानमंत्रित्वेऽपि तेन सभाजितो यथापूर्वं सेवामकरवम् । निगमश्च सेवया मदीयया प्रभूतमर्थलाभमभजत् । अवधौ समाप्ते काशीमागत्य पञ्चसहस्रसंख्यपुस्तकपरिपूरितेन स्वकीय-ग्रंथालयेन कश्मीरैतिह्यसामग्रीसम्भृतेन लब्धसाह्यो ग्रन्थलेखनमहमारब्धवान् ।

तदानीं मुख्यप्रेरणादायकाः परमसुहृदः काशीहिन्दुविश्वविद्यालये प्राचीनभारतीयसंस्कृति-पुरातत्वविभागस्य मूर्धन्यविद्वांसः स्वच्छताऽऽर्जवचारित्रशेवधयश्छात्राणामिवान्येषामप्यध्ययने सत्वरं सोत्साहं साहाय्यदानैकव्रतिनः डा० लल्लनजी गोपालमहोदयाश्चिरस्मरणीयाः । तैः सम्भृतोत्साहेन सम्प्रदर्शितमार्गेण च मया ग्रन्थारम्भो व्यधायि । मयाऽपि पूर्वलेखकाननुसरता ग्रन्थनाम कल्हणकल्पितं राजतरंगिणीत्येवकल्पितम्, भाषानुवादटिप्पण्यादिभि । संपादितोऽयं ग्रन्थो मन्ये हिन्दीविदामनुसन्धिसूनां जिज्ञासूनां च महदुपकरिष्यतीति । पंचभिस्तरंगैर्विभक्तस्यास्यग्रन्थस्येदानीम्प्रथमद्वितीयौ तरंगौ प्रकाश्येते, तत्र प्रथमे तरंगे शाहमीरचकमुगलानां वर्णनमस्ति द्वितीये च पठानानाम् । अग्रे प्रकाशयिष्यमाणे तृतीये सिक्खानां चतुर्थे डोगराणां पंचमे च गणतंत्रशासनस्येदानीम्प्रवर्तमानस्य वर्णनमस्ति । मंगोलानाम् एशियाभूभागस्य तत्रापि विशेषेण भारतभूमे राजनीतौ प्रभावातिशय आसीत् । यथाक्रमन्तेषामेव विशद-वर्णनेन ग्रन्थारंभ आवश्यकतया कृतः । तेषां विशदवर्णनाभावे ग्रन्थस्यासमग्रताऽभविष्यत् ।

चिंगेजतिमूरसंकीर्णा जातिर्भारतीयैतिह्यं चिराय प्रभावितं चकार । तत्र चिंगेजखानः स्वसमये विश्वस्मिन् महान् विजेता सेनानियन्त्रणनिपुणश्च बभूव । तत्संतत्याः शासनं रूसमिश्र-देशाभ्यामारभ्य प्रशान्तमहासागरपर्यन्तविस्तृतभूभागे विविधरूपैरासीत् । तत्र भारतवर्षसीमां ससेनमागत्य चिंगेजो भारतभुवो धूलिं मस्तके धृत्वा तथागतं मनसा प्रणम्य निवृत्तः । इदं भारतवर्षस्य तदानीन्तनगौरवमवधेयम् ।

चिंगेजखान उदारो धर्मनिरपेक्षो धीमांश्चासीत् । असौ वीरान् विशेषेणाद्रियते स्म । तस्य सेनायां विभिन्नजातीयाः सैनिकाः समानभावेन निविष्टा आसन् । स तु सच्चरित्रान् वीरान् शत्रूनपि समाद्रियते स्वसेनासु च निवेशयते स्म । स राज्यशासनहेतोः काञ्चिन्महासंहितां रचितवान् । तद्-वंशजास्तामनुसृत्यैव राज्यशासनं कृतवन्तः ।

तीमूरलङ्गस्तु सर्वथैतद्विपरीतचरित आसीत् । स मुसलिममतैकपक्षपाती जेहादनाम्ना हिंसारतः स्वेतरान् हिन्दूप्रभृतीन् बलात् स्वाभिमते मुसलिमधर्मे दीक्षणप्रवणश्चासीत् । भारतमसौ मुसलिमीकरणबुद्धयं वाचक्राम । सिकन्दरबुतसिकनः कश्मीरे यत् हिन्दूहिंसनं हठात् प्रजाया मुसलिमीकरणं च चिराय चकार तत्सर्वं तीमूरप्रभावतिशय विवशतयैव ।

मुगलबादशाहे बाबरे चिंगेजतीमूरयोर्रुधिरमिश्रणमासीत्। मुगलाश्चिरात् कश्मीराधिकारं कामयमानाः प्रयतमानाश्चासन्। बाबरसम्बन्धी मिर्जाहैदरदुघलतः प्रथमं कश्मीरमधिचकार शासनं च कृतवान्। तत्रैव युद्धे हतश्च सः। तदनन्तरं बाबरस्यधिकार आसीत्। पूर्वजानां कश्मीरराज्यकामना तृतीयवंशक्रमजेनाकबरेण सम्पूरिता।

प्रथम तरङ्गस्य कलेवरं तरङ्गान्तरापेक्षया विशदं जातम्। तद्विषयभूता मंगोला हि भारतस्य चीन-तुर्किस्ताने शियामध्यभागानाञ्च राजनीतिञ्चिराय प्रभावयामासुरिति पूर्वोक्तमेव। प्रायोऽष्ट-शतवर्षाणि तुर्का मुगलाश्च भारतं भूयो भूय आचक्रमुः। मुहम्मदविनकासिमो द्वादशोत्तर सप्तशततमे ख़ीस्ताब्दे सिन्धुदेशमाक्रम्य कश्मीरसीमानमस्प्राक्षीत्। तदनन्तरं भारतीयपश्चिमोत्तर-सीमापथत आफगाना ईरानवासिनस्तुर्काश्च नैकश आचक्रमुः। एभिर्भूयोभिराक्रमणैर्भारतीयार्थव्यवस्था राजनैतिकी सामाजिकी व्यवस्था च विच्छिन्ना विश्रृंखला च चिरमासीत्। भारते मुसलिमशासन—सत्त्वेऽपि त्रिशताब्दवर्षपर्यन्तं कश्मीरे यवनाधिकारो नैवाभवत्।

महमूदगजनी कश्मीरं जिघृक्षुर्लोहकोटे द्विवारं युद्ध्वा पराजितो निवृत्तः। तत्प्रथमाक्रमण-कालः पञ्चदशोत्तरसहस्रतमो द्वितीयश्च सप्तवर्षानन्तरितः ख़ीस्ताब्दः। अनन्तरं भारतवर्षमाक्रमितुं महमूदगजनी नायात्। ऐतिह्यविदो वदन्ति यत् कश्मीरस्य दृढ़तयैव भारतभूमिर्द्विशतवर्षपर्यन्तं यवनाक्रमणवर्जितासीत्। अनन्तरमाक्रमणानि सफलानि जातानि। मुगल-तुर्कसभ्यताः संस्काराश्च पाठानसभ्यतासंस्कारभिन्ना आसन्। तद्भेदतत्वाऽवबोधस्तु तज्जातीयैतिह्यबोधाधीनः। कथन्ते बौद्धधर्मात् यवनधर्मं प्रविविशुः? कथञ्च भारतं शत्रुरूपं मेनिरे? कथञ्च निरन्तरं जेहादोद्घोषपुरस्सरं दारुलहरबहिन्दुस्थानं दारुल–इस्लामरूपं विधातुं चिरकालं प्रायतन्त? कथञ्च तेषां मनीषा सफला-सीदित्यादिकं सर्वं तत्तदैतिह्यावबोधवेद्यम्। एतत्सर्वं मनसि दधानेनैव मया सुसंक्षिप्तग्रन्थोऽयं विरचितः। पूर्वराजतरङ्गिणीकाराणां समये कश्मीरराज्यस्य पृथक् सत्तासीत्। मुगलशासनसमये तु कश्मीरदेशो मुगलसाम्राज्यस्याङ्गमात्रमासीत्। तेन भारते जायमानाः प्रभावाः कश्मीरेऽप्यभवन्। तदानी कश्मीरैतिह्यं न तद्देशवासिनामैतिह्यमासीत् अपि तु मुगलसाम्राज्याङ्गस्यैतिह्यमासीत्।

अस्मिन् द्वितीये तरङ्गे मयेदं प्रदर्शितं यत् भारतीयघटनाभिः कश्मीरे के के प्रभावाः कथञ्च जाता इति। मुगल-पठानसमयेषु राज्यपालद्वारैव तत्र शासनं भवति स्म। मुगलबादशाहा आमोद-प्रमोदोद्देश्येन प्राकृतिकसौन्दर्यानुभूतिलालसया च कश्मीरमायान्ति स्म तदर्थं तैरुद्यानानि बहूनि भवनानि च भव्यानि निर्मापितानि। मुगला हि भारतभुवं स्वभुवममन्यन्तारक्षन्त च वैदेशिकेभ्यः। तरङ्गे चास्मिन् पठानाधिकृतकश्मीरवर्णनमस्ति। तदानीं कश्मीरशासनं दिल्लीतो न भवति स्मापितु भारताद् बहिः काबुलात्। पठाना मुगला इव सुसंस्कृताः कलाप्रियाश्च नासन्। ते मिथो विभक्ताचारव्यवहाराः चङ्क्रमणशीला कबोलारूपेणासन्। ते तु परस्परमयुध्यन्त। कश्मीरे तेषाँ दृष्टिरर्थैकपरासीत्। कश्मीरेतिवृते सर्वाधमसमयः पठानशासनमयः। अधिकाधिकधनदोहनमेव कश्मीर-शासनलक्ष्यभूतमासीत्। पठानबादशाहाः कश्मीरे नैव न्यवसन् नापि तमपश्यन्। राज्यपालोपराज्यपाला-भ्याभेव तेषां शासनमभवत्। प्रचुरधनाकर्षणनिपुण एव जनो राज्यपालरूपेण नियुज्यते स्म। अनया

तन्नीत्या कश्मीरस्यार्थव्यवस्था विनाशं गता। यथाङ्गलशासनकाले भूस्वामिनः निरङ्कुशं प्रजा अर्थेन पीडयन्ति शोषयन्ति च स्म। तथैव पठानशासने राज्यपालोपराज्यपालाश्च बद्धस्पर्धाः।

पठानशासने राजा सुखजीवनमलस्तृतीयराज्यपालोऽभवत्। असौ देशभक्तः साहसी, परिश्रमी, कलाविद्, अप्रतिमवीरो नीतिज्ञश्चासीत्। स कश्मीरदुर्दशां वैदेशिकशासनजन्यां जानन् तत्स्वतन्त्रतां सम्पादयितुं महत्साहसं धैर्यञ्चाश्रित्य शासनमकरोत्। स यथावसरं कश्मीरस्वतन्त्रतामुद्घोषितवात्। कश्मीरस्वामित्वं पठानानामनङ्गीकृत्य मुगलानां मेने। प्रायो नववर्षाणि शासनं विधायान्ते चासौ दुर्दैवात् पठानानां क्रूरतमबर्बरतापात्रमभूत्। तदानीं दिल्लीस्थितो मुगलबादशाहः कोऽपि हिन्दू राजा वा तत्सहायतां कर्तुं नाग्रसरोऽभवत्। शाहमीरादारभ्य पठानशासनपर्यन्तं सुदीर्घे काल एतादृश आदर्शवादी, धर्मनिरपेक्षो, देशभक्तः प्रजावत्सलश्च कोऽपि शासको नाभवत्। यवनप्रजापि तस्मिन् निष्ठायुक्तासीत्। हिन्दवस्तु निष्ठावन्तोऽपि शक्तिहीनाः सत्सहयोगयोग्या नासन्। सर्वे कश्मीरवासिनः तस्मिन् दृढानुरक्ता आसन्। इतिहासलेखकास्तं मुक्तकण्ठं प्रशशंसुः।

तस्य शासकत्वमर्थैकपरोऽब्दाली न सेहे। स धर्मान्धान् मुसीलिमजनान् तदपाकरणे योजयामास। दुर्दैवात् तद्विरोधझञ्झा सहसा ववृधे। तत्र सुखजीवनमलस्त्यक्तजीवनपदोऽभवत्। नेत्रे निष्कास्य करिपदैर्नग्नः स परिमर्दितः। एवं क्लिश्यमानोऽप्यसौ मनसि क्लेशलेशमवहन् शान्तमुखमुद्र; तत्कालोचितं कञ्चनगीतमगायत्।

निर्गच्छत्प्राणोऽपि शीत्कारं नाकरोत् का कथा प्राणरक्षणप्रार्थनस्य। तदीयमप्रतिमं धैर्यमवेक्ष्य तदातना जनाश्चकिता आसन्। एवं विधास्त्यागशीला देशभक्ता दृढसाहसाः शासका विश्वस्मिन् विरला एव भवन्ति। पुस्तकस्यास्य मुखपृष्ठे तच्चित्रमङ्कितं वर्तते।

अपरोऽप्येकस्तेजस्वी नीतिज्ञः, सिप्रबुद्धिः, साहसी वीरः कश्मीरभुवि पूछे जन्म लेभे। यस्य नाम वन्दा वैरागी बभूव। तस्य जन्म सप्तत्युत्तरषोडशशततमख्रीस्ताब्दे कार्तिकशुक्लत्रयोदश्यां पर्णोत्सप्राचीनसंज्ञके पूछभुवि बभूव। असावपि मुगलबर्बरतापात्रमन्ते बभूव। तस्य वीरतापूर्वकप्राणत्यागो नूनं प्रशस्यः। प्रथमो हि स जनो येन स्वतन्त्रखालसाराज्यं संकल्प्य तत्साकारं व्यधायि। तन्मृत्युर्मर्स्पर्शी बभूव। वन्दीकृतस्य तस्य मुखे तच्छिशुहृदयं निष्कास्य प्रसभं प्रक्षिप्तम्। तदनन्तरं क्रूरतया वधस्तस्य कृतोऽभवत्। पठान-मुगलयोः कालस्य विभूतिद्वयं सादरं प्रणम्यमिति।

तयोः संघर्षो युद्धञ्च वैदेशिकसत्तापाकरणार्थं तैः सहाभवत्। धर्मं जातिञ्चाश्रित्य ताभ्यां क्वापि यवनादयो न प्रपीडिताः। सुखजीवनमलसमर्थका भूत्वापि कश्मीरिका अहमदशाहअब्दालीसुल्तानस्य प्रचण्डशक्तिभिया तत्साहाय्यं कर्तुं नापारयन्। सिक्खानां कश्मीराधिकारारम्भेण समाप्यमानो द्वितीयस्तरङ्गः प्रथमतरङ्गेण सह प्रथमखण्डं पूरयति। अवशिष्टतरङ्गत्रयात्मको द्वितीयखण्डोऽग्रे प्रकाशयिष्यते।

ग्रन्थोऽयमितिहासभूतो नैव काव्यम्। ग्रन्थप्रणयनप्रयोजनं विप्रकीर्णविषयानेकत्रीकृत्येतिहासरूपतापादनमेवासीत्। चतुःसप्तत्युत्तरैकोनविंशतिशततमख्रीस्ताब्दाद् वर्षद्वयं यावद् विविधपुस्तकालयेषु गत्वा मया सामग्रीसकलनं विहितम्। उपलब्धा सामग्री हिन्दूभिर्मुसलमानैश्च लेखकैः पारसीभाषायामेव लिखितास्ति। देशीयानां विदेशीयानाञ्च विविधपाण्डुलिपीनां पारसीकादि-

भाषामयानामध्ययनं कृत्वा ताभ्य इतिहासांशा मया संकलिताः। अवधानसत्वेऽपि मन्ये प्रमादलेशत; काश्चन त्रुटयः स्यु। ता विद्वद्‌भिः प्रदर्शनीया;। यथा यथासमयं मया ता अपाकृता स्युः।

अध्ययनार्थिनामनुसन्धित्सूनाञ्च सौविध्यमभिलक्ष्य दशगुणितविस्तारयोग्योऽपि विशदसूत्रात्मना प्रायः पञ्चशतपृष्टात्मना निबद्धोऽयं ग्रन्थः। पाठकानामवेक्षणीया अपि केऽप्यंशा वर्तमानसमाजस्थितिमवेक्षमाणेन मयोपेक्षिताः। मध्ये मध्ये कश्मीरसन्निहितानां कश्मीरराजनीतौ प्रभावाधायकानां नरपतीनां समयादिनिवेशोऽपि विहितः। भारते सप्तषष्ट्युत्तरशतवर्षाणि शासनं कुर्वतां मुगलसम्राजामपि मध्ये मध्ये वर्णनं कश्मीरराजनीतिनिर्वाहकतया कृतं नाप्रासङ्गिकम्।

यथा मुगला भारते निवसन्तो भारतमात्मीयतया मन्यन्ते स्म न तथा पठाना इत्युक्तपूर्वम्। अफगानेतिहासस्य विशेषवर्णनापेक्षा नासीत्। अफगानाः पठाना हि कश्मीर-तत्सन्निहितभूभागमात्रविश्रान्तपराक्रमा आसन्। ते तदानीं पश्चिमदक्षिणयोरल्पं विशेषेण भारतदिशि आक्रममाणा अग्रेसरा बभूवुः।

संस्कृतभाषायां मुसलिमनामलेखनं दुष्करं भवति। इदं दौष्कर्यं जोनराजादीनामप्यासीत्। तन्नाम्नां वास्तविकं रूपमध्येतारः स्वयमूहेरन्।

ग्रंथे समयनिर्देशे ख्रीस्ताब्दा एव सौविध्यसम्पादनधिया निवेशिताः यतो हि ईशवीयवत्सरमेवाधुना सर्वदेशीया जना बाहुल्येन व्यवहरन्ति।

ग्रन्थेऽस्मिन् कश्मीरस्यार्थिकसामाजिकस्थितीनां वर्णनमपेक्षितमप्यनुद्दिष्टतया ग्रन्थविस्तारभिया च न कृतम्। अग्रे प्रकाशयिष्यमाणद्वितीयखण्डे सिक्ख-डोगराशासनयोः प्रजातन्त्रशासनस्य च वर्तमानस्य प्रामाणिकं वर्णनमस्ति। प्रकाशितमध्येतारोऽनुभवेयुः। एतावत्तु नूनं सूचनीयं यत् सिक्खादयो यवना इव बलाद् धर्मपरिवर्तनं विजातीयानां शोषणं ताडनं वा मनसापि नाकर्षुः। तदानींमांग्लशासनाधीनमेव तेषां शासनमासीत्। अयमपि हेतुस्तेषां सौमनस्यसत्वे सम्भाव्यते।

ग्रन्थस्यास्य प्रकाशकाः श्रीकृष्णचन्द्रबेरीमहोदया हिन्दीप्रचारकसंस्थानपिशाचमोचनवाराणसीत्यस्याध्यक्षाः पञ्चाशद्‌वर्षाणि स्थिरस्नेहसौहार्दं निर्वहन्तः सादरभरं मदीयधन्यवादपात्रम्। तत्सुहृदो मम शुभेच्छवः श्रीहनुमानप्रसादशर्माणोऽपि निष्कामधिया नैकशो दत्तमार्गदर्शना भूयोभूयो धन्यवादार्हाः।

एतद्‌ग्रन्थसम्पादने श्लोकानां संशोधनादौ मुख्यसहायकाः सम्पूर्णानन्दसंस्कृतविश्वविद्यालये भूतपूर्वसाहित्यविभागाध्यक्षाः श्रीमत्पण्डितबटुकनाथशास्त्रीखिस्तेमहोदया अधिकाधिकं धन्यवादपात्रम्। तदुचिताः शब्दा नोपलभ्यन्ते। मम मनसा ते बहुमान्याः।

श्री पशुपतिप्रसादद्विवेदिनो वाराणसीस्थोत्तररेलवे-आदर्शविद्यालय-इण्टरकालेजप्राध्यापकाः पूर्वकालादेव मम लेखनादिकार्येषु निकटतमसहयोगिनः सन्ति। ग्रंथेऽस्मिन्नैतिहासिकतथ्यानां समुचितसन्निवेशे संशोधनादिकार्येषु च स्वकार्यनिर्विशेषमस्खलितावधाना भूयो भूयो धन्यवादपात्रम्।

श्रीविन्ध्येश्वरपाण्डेया झलोखर (हमीरपुर) स्थसंस्कृतमहाविद्यालयप्रधानाचार्या, विहारप्रान्ते रांचीजनपदे कुलकुपी ग्रामे लब्धजन्मान एवं वाराणसीस्थगोयनकासंस्कृतमहाविद्यालय प्राध्यापकाः श्रीमनुदेवभट्टाचार्याश्च श्लोकप्रणयने महत्साहाय्यकारिणो मम भूयो धन्यवादभाजः।

श्री काशीहिन्दूविश्वविद्यालयपुस्तकालयाध्यक्षाः श्रीहरदेवशर्माणः, श्री एम० एस० राघवास्तथा श्री सम्पूर्णानन्दसंस्कृतविश्वविद्यालयपुस्तकालयाध्यक्षाः डा० लक्ष्मीनारायणत्रिपाठिनश्च भूयःपुस्तकैर्दत्त-साहाय्या मया धन्यवादवचोभिस्सभाज्यन्ते। महावीरप्रेससञ्चालकाः श्री बाबूलालफागुल्लास्तत्पुत्रौ राजेशानन्दकुमारौ च सादरं कृतमुद्रणा धन्यवादार्हाः।

श्रीसन्तोषकुमारसिंहः (उपनाम—छेदी) शिशुर्मत्प्रदत्तोत्तराधिकारः पुस्तकलेखनावसरेषु बालचापलैराहितमनोविनोदः सुखञ्चिरञ्जीवत्विति शुभाशीर्वचोभिर्योजयामि। श्रीमाधवप्रसादशर्मा गृहकार्यनिर्वाहकः, श्री शिवशंकरसिंहः (फेकू) मम पितृव्यपुत्रश्च कृषिकार्यादिनिर्वाहकः शुभाशीर्भिर्योज्येते। स्यालपत्नीश्रीमती रामबालादेवी गृहकृत्यनिर्वाहिका हार्दिकधन्यवादार्हा। अन्ते च सर्वजगदध्यक्षभूतां तां महाशक्तिं मनसा नमामि यत्संकल्पं विना किमपि कार्यं न जायते।

सर्वे भवन्तु सुखिनः
सर्वे सन्तु निरामयाः।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु
मा कश्चिद् दुःखभाग्भवेत॥

शारदेशभक्तः
रघुनाथसिंहः

विजया दशमी
संवत् २०३८,
८ अक्टूबर, १९८१
औरंगाबाद
वाराणसी

आमुख

विश्व में १०२८१ वर्षों का इतिहास मिलता है। उससे पूर्व का इतिहास भूगर्भ में निहित है। इतिहास परंपरा का संरक्षण करने वाले राजतरंगिणी सदृश ग्रंथ विश्व में बहुत कम हैं।

भारतवर्ष के इतिहास का युगों के अनुसार विभाजन दिखायी पड़ता है। नये युग में बीते हुए युगों के इतिहास बिल्कुल संक्षिप्त कर दिए जाते हैं। द्वापर-पर्यन्त युगों के इतिहास अवश्य थे; किंतु अब विस्तृत रूप से उपलब्ध नहीं होते। यहाँ तक की उन युगों के संवत् चलाने वाले राजा आदि के नाम भी ज्ञात नहीं है। वर्तमान कलियुग ५०८३ वर्ष पहले आरम्भ हुआ था, इतने समय का इतिहास लिपिबद्ध रूप में भारत से बाहर उपलब्ध नहीं होता।

राजतरंगिणी ग्रंथ संवत्, मास, तिथि, दिन का बोधक होने के कारण पूर्ण रूपेण इतिहास है। गाथा, कथाग्रंथ आदि का रूप नहीं है। महाभारत काल से लेकर १५४० ई० वर्ष पर्यन्त ४६४२ वर्षों का इतिहास ११४४५ श्लोकों में शुक पर्यन्त राजतरंगिणी प्रस्तुत करती है। श्रीमान् कल्हण ने अपनी राजतरंगिणी में महाभारत काल से लेकर ११४८–४९ ई० वर्ष पर्यन्त का इतिहास लिखा है। उसमें ४२५० वर्षों का इतिहास गुंफित है। कल्हण के समय अनेक विस्तृत इतिहास ग्रंथ उपलब्ध थे। उनकी संख्या लगभग ग्यारह थी। उनमें प्रायः पाँच के नाम कल्हण ने लिखा है। उनके श्लोकों की संख्या लगभग एक लाख से भी अधिक थी।

सुव्रत ने विस्तृत प्राचीन इतिहास का संक्षेप किया था। महाकवि क्षेमेन्द्र ने नृपावली नामक ग्रंथ की रचना की थी। कल्हण के समय में भी बावन राजाओं का इतिहास लुप्त था। कल्हण ने चार राजाओं के इतिहास नीलमत पुराण से लेकर, अपनी राजतरंगिणी में जोड़ा है। जैसा कि उन्होंने स्वयं कहा है—"तेभ्यो नीलमताद् दृष्टं गोनन्दादिचतुष्टयम्"—१ : १६ रा० त० क०

पाशुपत व्रती हेलाराज ने भी बारह हजार श्लोकों में पार्थिवावली नामक ग्रंथ बनाया था। पद्ममिहिर ने हेलाराज की रचना को पढ़कर, अपनी रचना में अशोक के पूर्ववर्ती आठ राजाओं का वर्णन किया था। उन आठ राजाओं में पहला लव और शेष उसके उतराधिकारी रहे हैं।

इतिहासकार श्री छविल्लाकर ने अशोक के परवर्ती पाँच राजाओं का वर्णन किया है। ये पाँच राजा पूर्वोक्त लुप्त बावन राजाओं में ही है। कल्हण ने सुस्पष्ट लिखा है—उसने अपने समय में उपलब्ध शिलालेख, प्रतिष्ठा पत्र, दान पत्र, प्रशस्ति पत्र तथा अनेक शास्त्र ग्रंथों से इतिहास सामग्री का अच्छी तरह से अध्ययन कर, साधिकार, प्रामाणिक, क्रमबद्ध इतिहास ग्रंथ, राजतरंगिणी का प्रणयन किया है।

भारतवर्ष में कश्मीर ही एक ऐसा प्रदेश है जहाँ संस्कृत भाषा में इतिहास लिखने की प्रथा प्रचलित थी। यह खेद की बात है कि कल्हण के पूर्ववर्ती संस्कृत के प्रौढ़ पंडितों द्वारा लिखे इतिहास ग्रंथों के केवल कुछ नाम ही उपलब्ध हैं। वे ग्रंथ उपलब्ध नहीं हैं। उन ग्रंथों के उपलब्ध न होने से यह कहना कठिन है कि वे महाकाव्य थे या केवल इतिहास रूप। कल्हण ने अपने देखे ग्यारह इतिहास ग्रंथों में से केवल पाँच के नाम लिखे हैं। उनका कुछ वर्णन किया है। उसमें रचनाकाल, श्लोक, संख्या आदि का निर्देश नहीं किया है। इसलिए अब यह कहना कठिन है कि उन ग्रंथों का ऐतिहासिक महत्व कितना अधिक

था। कल्हण के बाद तेरह सौ उनतालीस ई० में कश्मीर में हिन्दू राज्य की परंपरा समाप्त हो गयी। शाहमीर वंश का आधिपत्य हुआ।

सिकंदर बुतशिकन तेरह सौ नवासी ई० में काश्मीर का राजा हुआ। उससे पहले पचास वर्षों तक दिल्ली के बादशाह की प्रेरणा से काश्मीर पर, अधिकार स्थापित करने के लिए मुसलमानों का निरंतर प्रयास जारी रहा। उस प्रयास में ईरान, तुर्किस्तान, अफगानिस्तान आदि देशों से प्रताड़ित और भगाये गये, कश्मीर में शरण लिए मुसलमानों का बहुत हाथ था। उस समय उन्होंने अपना अलग उपनिवेश काश्मीर में स्थापित कर लिया था। बिना बिचारे शरण देने का दुष्परिणाम, उस समय के हिन्दू राजाओं और बाद की प्रजाओं को बहुत कठोरता से चिरकाल तक भोगना पड़ा।

अलग संगठन बनाए उन मुसलमानों की काश्मीर के इस्लामीकरण में बड़ी श्रद्धा थी। श्रद्धा के अनुरूप उनके प्रयास भी चलते रहे। फलस्वरूप उस समय कश्मीर में ब्राह्मणों के केवल ग्यारह घर बच गये थे। सिकंदर बुतशिकन की इस्लामीकरण नीति का अध्ययन करने से दृढ़ हृदय किसी मनीषी का भी अश्रुपात नहीं रुक सकता। उन मुसलमानों ने उस समय असंख्य संस्कृत ग्रंथों को इकट्ठा कर, जला डाला। जो नहीं जल सके, उन्हें पानी में डुबो दिया। देवालय, सुन्दर भव्य भवन और तीर्थ स्थान तोड़ दिए गये। जलाए गये। नष्ट कर दिए गये। मध्ययुगीय पर्यटकों द्वारा लिखे, मुगल इतिहासों में वर्णित काश्मीर के विशाल ध्वंसावशेष का अध्ययन करने से स्वस्थमन भी बलात् व्याकुल हो उठता है।

पहले संस्कृत भाषा राजभाषा के पद पर प्रतिष्ठित थी। सामान्य व्यवहार की भाषा भी संस्कृत थी। संस्कृत ग्रंथों के विशाल पुस्तकालय सुसज्जित थे। शारदा देश कश्मीर संस्कृत अध्ययन-अध्यापन का केंद्र था। दूरवर्ती गौड़, कर्नाटक आदि देशों से लोग विद्यालाभ के लिए शारदा देश में आकर, सरस्वती की आराधना करते थे। समस्त भारतवर्ष में व्याकरण विषयक जितने ग्रंथ उस समय उपलब्ध थे, वे सभी ग्रंथ शारदा देश के विशाल पुस्तकालय में थे। उस समय भारतवर्ष में काश्मीर जैसा संस्कृत ग्रंथों का संग्रह अन्यत्र कहीं नहीं था। खेद है कि अब तो संस्कृत ग्रंथों का दर्शन भी वहाँ दुर्लभ है। आज तो गैर पाकिस्तानी किसी व्यक्ति का प्रवेश भी वहाँ वर्जित है।

मैंने वहाँ जाने का बहुत प्रयास किया किंतु विफलता ही हाथ लगी, क्योंकि उस स्थान को इस समय पाकिस्तान ने बलात् अवैधानिक रूप से अपने कब्जे में कर रखा है। कल्हण के बाद जोनराज ने ग्यारह सौ पचास ई० से १४७० ई० पर्यन्त ३२० वर्षों का इतिहास ९७६ श्लोकों में वर्णित किया है। उस कवि ने कश्मीर में इस्लाम फैलाने के लिए किए गये, क्रूर आचरणों एवं हठात् धर्म परिवर्तन को प्रत्यक्ष देखा था, इसलिए उसका वर्णन बहुत मर्मस्पर्शी है। उस देश में सहसा होती दुर्दशा को देखकर, भावुक कवि जोनराज अपनी ईश्वर निष्ठा को छोड़ता हुआ सा मालूम पड़ता है।

तीसरी राजतरंगिणी का लेखक जोनराज का शिष्य श्रीवर, जोनराजतरंगिणी को आगे प्रवाहित करता है। कश्मीर की घटनाओं को ७० वर्षों तक प्रत्यक्ष देखकर, उसने जोनराज के वर्णन से आगे का वर्णन किया है। उसकी भाषा-शैली और विषय-वस्तु प्रभावशाली है। उसकी रचना में जोनराज जैसी निराशा नहीं है। श्रीवर के समय कश्मीर देश पूर्ण रूप से इस्लाम हो चुका था। संस्कृत के स्थान पर फारसी राज्यभाषा पद पर प्रतिष्ठित हो गयी थी।

श्रीवर राज कवि था। गायक था। वादक था। संस्कृत का अच्छा ज्ञाता एवं संगीतशास्त्र का अध्येता, दार्शनिक एवं काश्मीर राजाओं का शिक्षक था। यद्यपि उसे राज्याश्रय प्राप्त था फिर भी उसने

अपने ग्रंथ में सत्य कटु विषयों का वर्णन नहीं छोड़ा है। ऐसे वर्णनों में राज्यभय बाधक नहीं हुआ। उसने अपनी राजतरंगिणी को चार तरंगों में बांटा है। दो हजार दो सौ एकतालीस श्लोक लिखे हैं। जोनराज तथा श्रीवर ने प्रत्यक्ष देखी हुई घटनाओं का वर्णन भी अपने ग्रंथों में किया है। इससे उनके ग्रंथ पूर्ण प्रमाण हैं।

चौथी राजतरंगिणी का लेखक प्राज्यभट्ट है। चौदह सौ छियासी ई० से पंन्द्रह सौ तेरह ई० तक के ऐतिहासिक घटना क्रमों का वर्णन उसके ग्रंथ में था। किंतु वह ग्रंथ आज उपलब्ध नहीं है। आज से एक सौ छियालीस वर्ष पूर्व मूरक्राफ्ट को भी वह ग्रंथ उपलब्ध नहीं हुआ था। राजतरंगिणी के पांचवे लेखक शुक हैं। उन्होंने १५०५ ई० से १५४० ई० पर्यन्त काश्मीर के राजाओं का वर्णन तीन सौ अट्ठानबे श्लोकों में किया है। इन्होंने अपने ग्रंथ में उप-शीर्षक भी जोड़े हैं, जो अन्य राजतरंगिणियों में नहीं हैं। इन्होंने ग्रंथ की समाप्ति स्वेच्छा से नहीं की है। क्योंकि इति पाठ या कोई उपसंहार वाक्य ग्रंथ में नहीं है।

पांच विद्वानों के द्वारा क्रम से प्रवाहित, राजतरंगिणी आगे सूखती सी नजर आ रही थी। उसका रसास्वादन कर चुके सहृदयों के लिए यह अवश्य ही खेद का विषय था। इस बात का खेद मुझे भी होता रहता था। उस खेद को दूर करने के लिए, मैंने अपनी बुद्धि के अनुसार उसकी पूर्ति की। यद्यपि मैं इस काम के योग्य नहीं था, फिर भी अन्य किसी विद्वान की इसमें प्रवृत्ति न देखकर, मैं प्रवृत्त हुआ। यदि इस रचना से किसी इतिहासज्ञ सहृदय को थोड़ा भी संतोष होगा तो मैं अपने को कृतार्थ समझूंगा।

राजतरंगिणी के अनुवादादि कार्य का आरंभ १९६७ ई० में मैंने किया। पूर्वोक्त चार राजतरंगिणियों का हिन्दी भाषा में अनुवाद, भाष्य और टिप्पणियां लिखनी शुरू की। कल्हण की राजतरंगिणी का हिन्दी भाषा में अनेक अनुवाद उपलब्ध हैं। फारसी भाषा में तथा अन्य विदेशी भाषाओं में भी उसके बहुत से अनुवाद हैं। उनमें ट्रोयर ने फ्रेंच भाषा में सबसे पहले अनुवाद, भाष्य और टिप्पणी आदि किया है। उसने देवनागरी अक्षर पेरिस नगर में ढलवा कर वहीं पुस्तक छपवायी थी।

जोनराज, श्रीवर एवं शुक की राजरंगिणियों का प्रति श्लोक हिन्दी भाषा में अनुवाद सर्वप्रथम मैंने किया। भाष्य और टिप्पणी आदि लिखा। १९६७ ई० से १९८० तक तेरह वर्षों में निरन्तर परिश्रम करके आठ खण्डों में यह ग्रन्थ मैंने प्रकाशित किया है। इसके प्रकाशन में मैंने राजकीय या अन्य कोई अर्थ की सहायता किसी से नहीं ली है। जैसा कि कल्हण ने कहा है किसी की सहायता प्राप्त कर, लेखनी की स्वतन्त्रता नष्ट नहीं करनी चाहिए। वैसा ही मेरा भी विचार रहा है। सन् १९७७ ई० से तीन वर्षों तक शिपिङ् कारपोरेशन आफ इण्डिया सरकारी प्रतिष्ठान का मैं अवैतनिक अध्यक्ष रह कर, बम्बई में कार्यरत था। जब मैंने कार्य आरम्भ किया, कारपोरेशन में करोड़ों रुपयों का घाटा था। जिस समय मैंने पद त्याग किया उस समय २० करोड़ रुपये का लाभ था।

अस्तु उक्तपद त्याग के बाद मेरे सामने महान् प्रश्न था। क्या किया जाय ? उस समय स्थगित, यह कार्य ध्यान में आया। उसे पूरा करना आवश्यक प्रतीत हुआ।

यद्यपि मैं युवावस्था से ही राजनीतिक पदों पर कार्य करता रहा। तथापि अध्ययन, लेखन आदि कार्यों के प्रति रुचि की धारा निरंतर बहती रही। मैं उदयपुर स्थित हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड का भी अवैतनिक अध्यक्ष था। भारत शासन का यह प्रतिष्ठान बहुत दिनों से बंद था। मैंने उसे प्रारंभ कर लाभान्वित किया। कांग्रेस विभाजन के पश्चात् वह पद मैंने त्याग दिया। उस समय भी अब क्या करना

चाहिए ? यह चिंता हुई थी। उस समय राजतरंगिणी का प्रकाशन ही समझ में आया। उसी का यह फल हुआ कि आठ भागों में राजतरंगिणी प्रकाशित हुई। ऋग्वेद कथा, योगवाशिष्ठ कथा, बुद्धकथा, रामायण-कथा आदि मेरी सभी कृतियों का लोगों ने समादर किया। राज्यशासन ने भी विविधपुरस्कारों से सम्मानित किया।

छात्रावस्था से ही "भारतीय नौ परिवहन" मेरे अध्ययन का प्रमुख विषय था। तदनंतर संसद में भी अधिकार प्राप्त होने पर मैंने उसी विषय से संबंधित कार्य किया। सुहृद् श्री मोरारजीदेसाई तत्कालीन प्रधान मंत्री भारत सरकार मेरा यह विषय जानते थे। अतः उन्होंने मुझे उसके अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया। मैंने तीन वर्ष अवैतनिक सेवा की। शासन में परिवर्तन होने पर भी चरण सिंह के प्रधान-मंत्रित्वकाल में पूर्ववत् सेवारत रहा। मेरी सेवा से निगम को प्रचुर लाभ हुआ। अवधि समाप्त होने पर काशी आ गया।

काश्मीर के इतिहास सामग्री से परिपूर्ण, लगभग ५००० पुस्तकों से भरे अपने ग्रंथालय से लाभ उठाकर, ग्रन्थ लेखन प्रारंभ किया।

उस समय मुख्य प्रेरक मेरे परम मित्र काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में प्राचीन भारतीय संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के अध्यक्ष, मूर्धन्य विद्वान, स्वच्छ एवं सरल चरित्रवान, छात्रों के समान अन्य लोगों को अध्ययनार्थ उत्साह पूर्वक सहायता प्रदान करने वाले माननीय डा० लल्लनजी गोपाल महोदय का मैं सादर स्मरण करता हूँ। उन्हीं से प्रेरणा प्राप्त कर मैंने निर्दिष्ट मार्ग से ग्रन्थारंभ किया।

पूर्व लेखकों का अनुसरण कर, मैंने भी राजतरंगिणी ही ग्रंथ का नामकरण किया है। हिन्दी भाषा-नुवाद एवं टिप्पणी आदि से समन्वित यह ग्रंथ हिन्दी के अनुसंधानेच्छुक जिज्ञासुओं का महान् उपकार करेगा। पांच तरंगों में विभक्त इस ग्रंथ के प्रथम दो तरंग इस समय प्रकाशित किए जा रहे हैं। प्रथम तरंग में शाहमीर, चक एवं मुगलों का तथा द्वितीय तरंग में पठानों का वर्णन है। आगे प्रकाशित किए जाने वाले तृतीय तरंग में सिक्खों का, चतुर्थ में डोगरों का तथा पंचम में इस समय प्रचलित गणतंत्र शासन का वर्णन है।

एशिया भूभाग की राजनीति विशेषकर, भारत भूमि की राजनीति पर, मंगोलों का अत्यधिक प्रभाव था। क्रमानुसार उन्हीं के विशद वर्णन द्वारा ग्रंथारंभ आवश्यक समझा गया। उनके विस्तृत वर्णन के अभाव में ग्रंथ की परिपूर्णता नहीं होती।

चंगेज खां एवं तिमूर के वंश से मिश्रित जाति ने भारतीय इतिहास को चिरकाल तक प्रभावित किया है। अपने समय में चंगेज खां विश्व में महान् विजेता एवं कुशल सेना नियंत्रक था। रूस, मिश्र देश से लेकर प्रशांत महासागर पर्यन्त विस्तृत भूभाग पर उसके संतानों का विविध प्रकार से शासन था। चंगेज खां सेना सहित भारत वर्ष की सीमा पर आकर, भारत भूमि की धूलि मस्तक से लगाकर, तथागत (बुद्ध) को मान-सिक प्रणाम कर, लौट गया। उस समय का यह भारतीय गौरव स्मरणीय है। चंगेज खां उदार, बुद्धिमान एवं धर्म-निरपेक्ष था। वह वीरों का विशेष समादर करता था। उसकी सेना में विभिन्न जातीय सैनिक समान भाव से नियुक्त थे। वह सच्चरित्र वीरों को शत्रु होने पर भी सम्मानित करता था। उन्हें अपनी सेना में स्थान देता था। उसने किसी के साथ निन्दित व्यवहार नहीं किया। उसने राज्य शासन के लिए, यश-संहिता की रचना की थी। उसी के आधार पर उसके वंशजों ने शासन किया।

तिमूरलंग का चरित्र सर्वथा इसके विपरीत था। एक मात्र इस्लाम धर्म का पक्षपाती होकर वह जेहाद नाम से हिंसारत हुआ। उसने विजातीय हिन्दू आदि लोगों को बलात् अपने अभीष्ट इस्लाम धर्म में

दीक्षित किया। भारत को इस्लाम धर्मनिष्ठ करने के लिए भारत पर आक्रमण किया था। पूर्व काल में तैमूर के प्रभाव से विवश होकर सिकंदर बुतशिकन ने कश्मीर में बहुत दिनों तक हिन्दुओं का विनाश किया। हठात् प्रजा को इस्लाम धर्म में दीक्षित किया।

मुगल बादशाह बाबर में चंगेज एवं तिमूर के रक्त का मिश्रण था। मुगलों ने बहुत दिनों से कश्मीर पर अधिकार करने की कामना से प्रयत्न किया। बाबर के संबंधी मिर्जा हैदर दुघलात ने सर्वप्रथम कश्मीर पर अधिकार तथा शासन किया। वहीं पर वह युद्ध में मारा गया। उसके अनन्तर बाबर तथा हुमायूं ने प्रयास किया। पूर्वजों की काश्मीर पर राज्याधिकार की कामना को मुगलों की तृतीय पीढ़ी में उत्पन्न अकबर ने परिपूर्ण किया।

प्रथम तरंग का कलेवर अन्य तरंगों की अपेक्षा बड़ा है। मंगोलो ने भारत, चीन, तुर्किस्तान एवं एशिया के मध्य भाग की राजनीति को अधिक दिनों तक प्रभावित किया। यह बात पहले कही गयी है। लगभग ८०० वर्षों तक तुर्कों एवं मुगलों ने बार-बार भारत पर आक्रमण किया। सन् ७१२ ई० में मुहम्मद बिनकासिम ने सिंध देश पर आक्रमणकर, काश्मीर की सीमा का स्पर्श किया। तदनंतर भारत वर्ष के पश्चिमोत्तर सीमा से अफगानों, इरानियों एवं तुर्कों के अनेक आक्रमण हुए। बार-बार होने वाले इन आक्रमणों के कारण भारतीय राजनैतिक एवं सामाजिक व्यवस्था विच्छिन्न एवं तितर-बितर हो गयी। भारत में मुसलिम शासन होने पर भी ३०० वर्ष तक कश्मीर पर मुसलमानों का अधिकार नहीं हुआ।

कश्मीर को अधिगत करने के लिये तत्पर महमूद गजनी लोहकोट मे दो बार युद्ध कर, पराजित हुआ, और लौट गया। उसका प्रथम आक्रमण १०१५ ई० में तथा द्वितीय आक्रमण १०२२ ई० में हुआ था। तदनंतर भारतवर्ष पर आक्रमण करने के लिए महमूद गजनी नहीं आया।

इतिहास वेत्ता यह जानते हैं कि काश्मीर की दृढ़ता के कारण दो सौ वर्षों तक भारत भूमि पर यवनों का आक्रमण नहीं हुआ। बाद में होने वाले सब आक्रमण सफल हुए। आक्रमण करने वाले मुगलों एवं तुर्कों की सभ्यता और संस्कार पठानों की सभ्यता और संस्कार से भिन्न थे। उस भेद का मूल जानने के लिए उन जातियों के इतिहास को जानना आवश्यक है। वे कैसे बौद्ध धर्म से यवन धर्म में चले गये? क्यों भारत को शत्रु मानने लगे? क्यों निरंतर जेहाद की घोषणाकर दारुलहरब हिन्दुस्तान को दारुल इस्लाम बनाने के लिए चिरकाल तक प्रयत्नशील रहे? कैसे उनकी इच्छा पूर्ण हुई? यह सब उनके इतिहास से जाना जा सकता है। इन सब बातों को ध्यान में रखकर, मैंने इस संक्षिप्त ग्रंथ की रचना की है।

पूर्व कालीन राजतरंगिणीकारों के समय काश्मीर राज्य की पृथक सत्ता थी। मुगल शासनकाल में कश्मीर मुगल साम्राज्य का अंग बन गया। जिससे भारत में होने वाली घटनाओं का प्रभाव काश्मीर पर भी पड़ता था। उस समय काश्मीर का इतिहास वहाँ के निवासियों का इतिहास नहीं था।

इस द्वितीयतरंग में मैंने दिखाया है। भारतीय घटनाओं का काश्मीर पर क्या-क्या प्रभाव पड़े और कैसे? मुगलों एवं पठानों के शासनकाल में राज्यपालों द्वारा ही वहाँ का शासन होता था। मुगल-बादशाह आमोद-प्रमोद करने के उद्देश्य तथा प्राकृतिक सौंदर्यानुभूति की लालसा से कश्मीर आते थे। उसके लिए उन लोगों ने वहुत से उद्यानों एवं भव्य भवनों का निर्माण कराया था। मुगल भारत भूमि को अपनी भूमि मानते थे तथा विदेशियों से उसकी रक्षा करते थे। इस तरंग में पठान अधिकृत कश्मीर का वर्णन किया गया है। उस समय कश्मीर का शासन दिल्ली से नहीं अपितु भारत से बाहर काबुल से होता था।

पठान मुगलों के समान सुसंस्कृत एवं कलाप्रिय नहीं थे । वे परस्पर भिन्न आचार एवं व्यवहार वाले, भ्रमणशील कबीला रूप में विभक्त थे । परस्पर युद्ध करते थे । कश्मीर में उनकी दृष्टि केवल अर्थ-परक थी । कश्मीर के इतिहास में सबसे अधम काल पठानों का शासन काल है । अधिकाधिक धन प्राप्त करना ही उनके काश्मीर शासन का लक्ष्य था । पठान बादशाह न काश्मीर में निवास करते थे न उन्होंने उसे देखा था । राज्यपाल एवं उपराज्यपालों द्वारा ही उनका शासन होता था । प्रचुर धन दोहन करने में निपुण व्यक्ति वहाँ राज्यपाल नियुक्त किया जाता था । उनकी इस नीति के कारण काश्मीर की अर्थव्यवस्था विनष्ट हो गयी । जिस प्रकार अंग्रेजों के शासनकाल में जमींदार निरंकुश होकर, प्रजा से धन लेकर, पीड़ित करते थे तथा उनका सर्वथा शोषण करते थे, उसी प्रकार पठान शासन काल में राज्यपाल एवं उपराज्यपाल प्रजा को पीड़ित एवं शोषित करने में स्पर्धा रखते थे ।

पठानों के शासन काल में राजा सुखजीवनमल तृतीय राज्यपाल हुआ । वह देशभक्त, साहसी, परिश्रमी, कलाविद, अप्रतिम वीर एवं नीतिज्ञ था । वह कश्मीर की दुर्दशा का मूलकारण विदेशी शासन को मानता था । उसे स्वतंत्र करने के लिए, उसने महान् साहस एवं धैर्य के साथ शासन किया । यथासमय कश्मीर की स्वतंत्रता घोषित कर दी । उसने कश्मीर पर पठानों का स्वामित्व नहीं माना । लगभग ९ वर्ष शासन करने के पश्चात, दुर्भाग्य वश वह पठानों के क्रूर बर्बरता का पात्र बना । उस समय दिल्ली स्थित मुगल बादशाह अथवा हिन्दू राजा उसकी सहायता के लिए अग्रसर नहीं हुये ।

शाहमीर से लेकर पठान शासन पर्यन्त इस सुदीर्घ काल में ऐसा आदर्शवादी, धर्मनिरपेक्ष, प्रजावत्सल कोई शासक नहीं हुआ । मुसलमान प्रजा भी उसमें निष्ठा रखती थी । हिन्दू निष्ठावान् होकर भी शक्ति-हीन होने के कारण, उसे शक्ति देने योग्य नहीं थे । सभी कश्मीर निवासी उस पर, विशेष प्रेम रखते थे । इतिहास लेखकों ने मुक्त कंठ से उसकी प्रशंसा की है ।

एकमात्र आर्थिक दृष्टि रखने वाला अब्दाली उसका शासन नहीं सह सका । उसने धर्मान्ध मुसलिम लोगों को उसे अपदस्थ करने के लिए नियुक्त किया । दुर्भाग्य वश उसका विरोध सहसा बढ़ गया । उसमें सुखजीवन मल को पद एवं अपने जीवन का त्याग करना पड़ा । उसकी दोनों आंखें निकाल ली गयीं । उसे नंगा करके हाथी के पैरों के नीचे कुचला गया। इस प्रकार पीड़ित किए जाने पर वह दुखित नहीं हुआ । अपितु शांत भाव से तत्कालोचित गीत गाने लगा । प्राण निकलते समय उसने सीत्कार भी नहीं किया । प्राण रक्षा के लिए याचना की बात ही क्या ? उसके अनुपम धैर्य को देखकर, उस समय लोग चकित हो गये । इस प्रकार के त्यागी, देशभक्त, दृढ़साहसी शासक संसार में बहुत कम मिलते हैं । इस पुस्तक के मुख्य चित्र पर उस घटना का चित्र अंकित है ।

दूसरा भी एक तेजस्वी, नीतिज्ञ, प्रखर बुद्धि, साहसी, वीर काश्मीरान्तर्गत पूछ में उत्पन्न हुआ था । उसका नाम बंदावैरागी था । उसका जन्म १६७० ई० में कार्तिक शुल्क त्रयोदशी को पूछ प्राचीन नाम प्रर्णोत्स में हुआ था । वह भी अंत में मुगल बर्बरता का पात्र बना । उसका वीरता पूर्वक प्राणत्याग निश्चय ही प्रशंसनीय था । वह प्रथम व्यक्ति था, जिसने स्वतंत्र खालसा राज्य स्थापित करने का संकल्प कर, उसे साकार किया । उसकी मृत्यु अत्यन्त मर्मस्पर्शी है । उसके शिशु का हृदय निकालकर, बंदी बनाए गये, उसके मुख में हठात् डाला गया । तदनंतर क्रूरता पूर्वक उसका वध कर दिया गया । पठान एवं मुगल काल की ये दोनों विभूतियाँ सादर प्रणम्य हैं । इन दोनों ने विदेशियों की सत्ता समाप्त करने के लिए, उनके साथ संघर्ष तथा युद्ध किया था । उन्होंने धर्म तथा जाति का आश्रय लेकर, यवन आदि लोगों को कहीं पीड़ित नहीं किया ।

काश्मीरी सुख जीवन मल के समर्थक होकर भी अहमदशाह अब्दाली के प्रचंड शक्ति भय से उसकी सहायता करने में समर्थ नहीं हुए। सिक्खों के कश्मीर पर अधिकारारंभ से समाप्त होने वाला द्वितीय तरंग प्रथम तरंग के साथ संयुक्त होकर प्रथमखंड को पूर्ण करता है। शेष तीन तरंगों में द्वितीयखंड आगे प्रकाशित होगा।

यह ग्रन्थ इतिहास है, काव्य नहीं। इधर-उधर बिखरे विषयों को एकत्र कर, इतिहास का स्वरूप प्रदान करना, ग्रन्थ प्रणयन का प्रयोजन है। मैंने १९७४ ई० से लेकर दो वर्ष तक विविध पुस्तकालयों में जाकर इतिहास सामग्री का संकलन किया था। उपलब्ध सामग्री हिन्दू तथा मुसलमान लेखकों द्वारा फारसी भाषा में ही लिखी गयी है। फारसी आदि भाषाओं में लिखी गयी, स्वदेशी एवं विदेशी पाण्डुलिपियों का अध्ययन कर, मैंने सामग्री संकलित की। सावधानी होने पर भी कुछ त्रुटियां हो सकती हैं। विद्वज्जन उन्हें निर्दिष्ट करें, जिससे यथा समय वे दूर की जा सकें।

अध्ययनार्थियों एवं अनुसन्धानेच्छुकों की सुविधा को ध्यान में रखकर, दशगुना विस्तार करने योग्य यह पुस्तक केवल पांच सौ पृष्ठों में सूत्रात्मक पद्धति से विरचित की गयी है। वर्तमान सामाजिक स्थिति को देखकर, पाठकों के पढ़ने योग्य कतिपय अंशों की मैंने उपेक्षा की है। कश्मीर की राजनीति को प्रभावित करने वाले निकटवर्ती राजाओं का भी समय आदि बीच-बीच में निर्दिष्ट किया गया है। कश्मीर की राजनीतिनिर्वहन करने के कारण एकसौ सड़सठ वर्ष पर्यन्त भारत में शासन करने वाले मुगल बादशाहों का बीच-बीच में वर्णन अप्रासंगिक नहीं है।

यह पहले कहा गया है कि जिस प्रकार भारत में रहने वाले मुगल भारत को अपना मानते थे, उस प्रकार पठान नहीं। अफगान के इतिहास के वर्णन की विशेष आवश्यकता नहीं थी। अफगानिस्तान के निवासी पठानों का पराक्रम कश्मीर तथा उसके निकटवर्ती भूभागों तक सीमित था। वे पश्चिम एवं दक्षिण में विशेष कर भारत की दिशा में आक्रमण करते हुए, अग्रसर हुए थे।

संस्कृत भाषा में मुसलमानों का नाम लिखना कठिन होता है। यह कठिनाई जोनराज आदि राजतरंगिणीकारों को भी हुई थी। उनके नामों का वास्तविक स्वरूप पाठक स्वयं समझ लेंगे।

सुविधा की दृष्टि से ग्रन्थ में समय का निर्देश ई० वर्ष में किया गया हैं, क्योंकि प्रायः सब देशों में लोग ई० वर्ष का ही प्रचुर व्यवहार करते हैं।

इस ग्रन्थ में कश्मीर की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति का वर्णन आवश्यक होने पर भी अनभीष्ट होने के कारण तथा ग्रन्थ विस्तार भय वश नहीं किया गया है। आगे प्रकाशित होने वाले द्वितीय खंड में सिक्ख, डोगरा एवं वर्तमान गणतंत्र शासन का प्रामाणिक वर्णन है। प्रकाशित होने पर पाठक इसका अनुभव करेंगे।

यह सूचित करना आवश्यक है कि सिक्ख आदि शासकों ने यवनों की तरह विजातीयों का बलात् धर्म परिवर्तन, शोषण अथवा पीडन नहीं किया। उस समय उनका शासन अंग्रेजों से प्रभावित था। उनके सौमनस्य में यह भी एक मुख्य कारण था।

इस ग्रन्थ के प्रकाशक श्रीकृष्णचंद्र बेरी अध्यक्ष हिन्दी प्रचारक संस्थान पिशाचमोचन वाराणसी पचास वर्षों से स्थिर स्नेह एवं सौहार्द बनाए रखने के कारण संपूर्ण रूप से सादर मेरे धन्यवाद के पात्र हैं। उनके सुहृद एवं मेरे शुभेच्छु श्री हनुमान प्रसाद शर्मा जिन्होंने निष्काम भाव से अनेक बार मार्ग दर्शन किया मेरे अतिशय धन्यवाद के पात्र हैं।

इस ग्रन्थ के संपादन, श्लोकों के संशोधन आदि में मुख्य सहायक श्रीमत् पंडित बटुकनाथ शास्त्री खिस्ते, भूतपूर्व साहित्यविभागाध्यक्ष संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय को मैं अधिकाधिक धन्यवाद अर्पित करता हूँ। उनके अनुरूप शब्द उपलब्ध नहीं हैं। मैं उन्हें हार्दिक सम्मान देता हूँ।

श्री पशुपति प्रसाद द्विवेदी प्राध्यापक उत्तर रेलवे आदर्श विद्यालय इन्टर कालेज वाराणसी पूर्व काल से ही मेरे लेखनादि कार्यों में निकटतम सहयोगी हैं। इस ग्रंथ में ऐतिहासिक तथ्यों का सन्निवेश तथा संशोधन आदि करने में अपने कार्य के समान सतत् सावधान रहने के कारण मेरे धन्यवाद के पात्र हैं।

श्री विंध्येश्वर पांडेय प्रधानाचार्य संस्कृत महाविद्यालय झलोखर, (हमीरपुर) जन्मभूमि रांची मंडलान्तर्गत ग्राम कुलकुपी, बिहार तथा मनुदेव भट्टाचार्य प्राध्यापक गोयनका संस्कृत महाविद्यालय, वाराणसी श्लोक प्रणयन में विशेष सहायता करने के कारण मेरे हार्दिक धन्यवाद के पात्र हैं।

लिखने में किंचित शिथिल होने के कारण लिपि बद्ध करने में मुझे सहायता प्रदान कर्ता श्री विवेकानन्द शर्मा एम० ए० शिक्षाशास्त्री तथा श्री जगदंबा प्रसाद पाण्डेय साहित्याचार्य, शिक्षाशास्त्री को मैं धन्यवाद देता हूँ।

श्री हरिदेव शर्मा पुस्तकालयाध्यक्ष तथा उप पुस्तकालयाध्यक्ष श्री एस० एन० राघव काशी हिन्दू विश्वविद्यालय एवं डा० लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी पुस्तकालयाध्यक्ष संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी को जिन्होंने प्रचुर पुस्तकें प्रदानकर सहायता की है मैं धन्यवाद अर्पित करता हूँ।

शिशु श्री संतोषकुमार सिंह (उर्फ छेदी) ने जिसको मैंने अपना उत्तराधिकार प्रदान किया है, पुस्तक लेखन के अवसर पर बाल सुलभ चपलता से मनोविनोद किया, अतः उसे चिरंजीवी हो यह आशीर्वाद देता हूँ।

मेरे गृह कार्य की व्यवस्था करने वाले श्री माधोप्रसाद शर्मा एवं मेरे कृषि कार्य के देख रेख करने वाले पितृव्य पुत्र शिवशंकर सिंह (फेकू) को आशीष देता हूँ। मेरी सरहज श्रीमती रामबाली देवी ने गृहकृत्य का निर्वाह किया अतः मैं उसे हार्दिक धन्यवाद देता हूँ।

अंत में सकल जगत की साक्षी उस महाशक्ति को मानसिक नमन करता हूँ, जिसके संकल्प के बिना कुछ नहीं होता—

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःखभाग्भवेत्॥

विजयदशमी,
८-१०-८१
डी० ५५/१९७ औरंगाबाद—वाराणसी नगर
उत्तर प्रदेश—भारत

काश्मीरभक्त
रघुनाथसिंह

रघुनाथसिंहकृता राजतरंगिणी

विषय-सूची

	श्लोकाः	पृष्ठ
प्रथमस्तरंगः		
विषयप्रवेशः	१-१००	१-१४
मंगोलाः	१०१-६२९	१५-८२
शाहमीरवंशः	६३०-७९०	८३-१०४
१. इस्माइलशाहः	६३०-६३८	८३-८४
२. मिर्जाहैदरदुघलातः	६३९-७३२	८४-९६
३. नाजुकशाहः (द्वितीयबारम्)	६४३-६४६	८४-८५
४. नाजुकशाहः (तृतीयबारम्)	७३३-७३८	९६-९७
५. इम्ब्राहिमशाहः	७४७-७५२	९८-९९
६. इस्माइलशाहः	७७८-७८८	१०२-१०३
७. हबीबशाहः	७८९-७९०	१०३-१०४
चकवंशः	७९०-१४५९	१०४-१९१
१. गाजीशाहः	७९०-९५२	१०४-१२४
२. हुसेनशाहः	९५३-९५९	१२५-१२६
३. अलीशाहः	९६०-९९८	१२६-१३१
४. युसुफशाहः (प्रथमबारम्)	१००३-१०२०	१३१-१३४
५. मुबारकशाहः	१०२१-१०४५	१३४-१३७
६. शंकरः	१०४६-१०५७	१३७-१३८
७. लोहरशाहः	१०५८-११०३	१३८-१४४
८. युसुफशाहः (द्वितीयबारम्)	११०४-१२०८	१४४-१५८
९. याकूबशाहः (प्रथमबारम्)	१२०९-१२८०	१५८-१६७
१०. हुसेनशाहः	१२८१-१३०६	१६७-१७०
११. याकूबशाहः (द्वितीयबारम्)	१३०७-१४५९	१७०-१९१
मुगलवंशः		
अकबरः	१२९१-१५२५	१६८-२००
राज्यपालाः		
१. कासिमः	१२९५-१३३०	१६९-१७३
२. युसुफखां रिजवी	१३३१-१४१८	१७३-१८६

३. आफिसखां		
४. मुहम्मदकुलीजखां	१४१९-१४९९	१८६-१९७
५. मिर्जाअली अकबर	१५००-१५३६	१९७-२०२
जहांगीरः	**१५२६-१८४४**	**२००-२४०**
१. मुहम्मदकुलीचखां	१५३७-१५९२	२०२-२०९
२. हसनखां	१५९३-१६१७	२०९-२१२
३. सफदरखां	१६१८-१६३२	२१२-२१४
४. अहमदबेगः	१६३३-१६७४	२१४-२१९
५. दिलावरखां	१६७५-१७४४	२१९-२२८
६. इरादतखां	१७४५-१७७८	२२८-२३२
७. इतकादखां	१७७९-१८७१	२३२-२४४
८. अबुलहसन तुर्वती	१८७२-१७७३	२४४
शाहजहाँ	**१८४७-२२५७**	**२४१-२९२**
१. जफरखां	१८७४-२००८	२४४
२. मुरादबख्शः	२००९-२०३७	२६१-२६४
३. अलीमरदानखां	२०३८-२०६४	२६५-२६८
४. जफरखां (द्वितीयबारम्)	२०८६-२१३३	२७१-२७७
५. तरबीयतखां	२१३४-२१६८	२७७-२८१
६. हसन बेगखां	२१६९-२१९९	२८१-२८५
७. अलीमरदानखां (द्वितीयबारम्)	२२००-२२४६	२८५-२९०
८. लश्करखां	२२४७-२२८४	२९१-२९६
औरंगजेबः	**२२५७-२६७१**	**२९२-३५०**
१. इत्तमादखां	२२८५-२३१२	२९६-२९९
२. इब्राहिमखां (प्रथमबारम्)	२३१३-२३२१	३००-३०१
३. इस्लामखां	२३२२-२३७९	३०२-३०९
४. शैफखां	२३८०-२४४०	३०९-३१६
५. मुबारिजखां	२४४२-२४५६	३१६-३१८
६. शैफखां (द्वितीयबारम्)	२४५७-२५०२	३१८-३२५
७. इप्तिकारखां	२५०३-२५२८	३२६-३२९
८. कयामुद्दीनखां	२५२९-२५४७	३२९-३३२
९. इब्राहिमखां (द्वितीयबारम्)	२५४८-२६०७	३३२-३४१
१०. हफिजउल्लाखां	२६०८-२६११	३४१
११. मुजफ्फरखां	२६१९-२६२५	३४२-३४३
१२. अबूमंसूरखां	२६२६-२६३७	३४३-३४५

१३. फाजिलखां	२६३८-२६४७	३४५-३४७
१४. इब्राहिमखां (तृतीयबारम्)	२६४८-२६६२	३४७-३४८
१५. नवाजिशखां	२६६३-२६९७	३४९-३५३
शाह आलमः	**२६८७-२७५३**	**३५२-३६१**
१. जफरखां	२७००-२७०७	३५३-३५४
२. इब्राहिमखां (चतुर्थबारम्)	२७०८-२७०९	३५४-३५५
३. नवाजिशखां (द्वितीयबारम्)	२७१०-२७३०	३५५-३५८
४. इनायतुल्लाखां	२७३१-२७७१	३५८
जहांदरशाहः	**२७५४-२७७२**	**३६१-३६३**
१. इनायतुल्लाखां (द्वितीयबारम्)	२७७२-२८१०	३६५-३६९
फर्रुखशियरः	**२७६७-२८७१**	**३६३-३७७**
१. सादातखां	२८११-२८५४	३६९-३७५
२. इनायतुल्लाखां (तृतीयबारम्)	२८५५-२९३५	३७५-३८५
रफी उद्दरजातः	**२८७२-२८७७**	**३७७-३७८**
निकू शियरः	**२८७८-२८८०**	**३७८**
रफी उद्दौला	**२८८१-२८८४**	**३७८-३७९**
मुहम्मदशाह	**२८८५-३१७१**	**३७९-४२०**
१. अब्दुल सैय्यदखां	२९३६-२९४७	३८५-३८७
२. आजमखां	२९४८-२९५१	३८७-३८८
३. इनायतुल्लाखां (चतुर्थबारम्)	२९५२-२९५६	३८८
४. यकीदतखां	२९५७-२९६८	३८८-३९०
५. अघरखां	२९६९-२९७०	३९०
६. अमीरखां	२९७१-३००१	३९०-३९५
७. दिलदिलेरखां	३००२-३०२४	३९५-३९८
८. फखरुल्लाखां	३०२५-३०३०	३९८-३९९
९. इनायतुल्लाखां (द्वितीय)	३०३१-३०५६	३९९-४०३
१०. असदुल्लाखां	३०५७-३०८१	४०३-४०६
११. अबूमंसूरखां (प्रथमबारम्)	३०८२-३११७	४०७-४१२
अहमदशाहः	**३११७-३१७१**	**४१२-४२०**
१. अबूमंसूरखां (द्वितीयबारम्)	३११८-३१३१	४१२-४१४
२. कुलीखां	३१३३-३१५६	४१४-४२०

द्वितीयस्तरंगः

पठानकालः अहमदशाहः अब्दाली

राज्यपालाः		
१. अब्दुल्लाखां इश्क अकाशी (६ मास)	१०२-११७	४३४-४३६
२. अब्दुल्लाखां काबुली	११८-१२४	४३६
३. सुखजीवनमलः	१२५-२१७	४३७-४४८
४. नुरुद्दीन बमजाई	२१८-२२५	४४९
५. बुलंदखां	२२६-२४०	४५०-४५१
६. नुरुद्दीनखां बमजाई (द्वितीयबारम्)	२४१-२६४	४५१-४५४
७. लालमुहम्मदखां	२६५-२६८	४५४-४५५
८. खुर्रमखां	२६९-२८४	४५५-४५७
९. फकीरुल्लाखां	२८५-३०२	४५७-४५९
१०. नुरुद्दीनखां (तृतीयबारम्)	३०३-३१५	४५९-४६१
११. खुर्रमखां (द्वितीयबारम्)	३१६-३४१	४६१-४६४
तीमृरशाहः	**३२३-६५७**	**४६२-५०६**
१. अमीरखां जवांशेरः	३४२-४१०	४६४-४७३
२. हाजी करीमदादखां	४११-४८४	४७३-४८३
३. आजादखां	४८५-५७०	४८३-४९४
४. मददखां	५७१-५७७	४९४-४९५
५. मीरदादखां	५७८-६००	४९५-४९८
६. मुल्ला गफ्फारखां	६०९-६१०	४९९-५००
७. जुमाखां	६११-६५६	५००-५०६
जमनशाहः	**६६०-७३६**	**५०६-५१६**
१. रहमतुल्लाखां	७१६	५१४
२. मीर हजारखां (१वर्ष २ माह)	७१७-७२९	५१४-५१५
३. रहमतुल्लाखां (द्वितीयबारम्) १८९४ (४ माह)	७३०-८३६	५१५-५१६
४. किफायतखां	७३१-७३६	५१६
शाहशुजा	**-९३३**	**५१६-५४०**
१. मुहम्मदखां जवांशेरः	७३८-७४३	५१६-५१७
२. अब्दुल्लाखांमुहम्मदखानश्च	७४४-७७८	५१७-५२२
३. वजीरः शेरमुहम्मदखां	७७९-८१३	५२२-५२६
४. वजीरः फतहमुहम्मदखां	८१४-८१९	५२६
५. सरदारः मुहम्मदअजीमखां	८२०-८८५	५२७-५३६
६. सरदारः जब्बारखां	८९४-९३३	५३७-५४०

■

रघुनाथसिंहकृता

राजतरंगिणी

प्रथमस्तरंगः

मङ्गलाचरणम्

गाढालक्तकरागरञ्जितमहो यद् वामपादाम्बुजं
मञ्जीरोऽपि स तत्र शिञ्जितपटुर्यो राजहंसायते ।
वक्षोजैकघटोऽपि कञ्चुकपटः प्रेमाब्धिपूर्णाकृतिः
कौशेयार्धवृतो मुदं वितनुतां देवोऽर्धनारीश्वरः ॥१॥

१. गाढ़े अलता रंग से रंजित, वामचरण कमल में, सुन्दर शब्द करने में चतुर मंजीर, राजहंसवत् शोभित होता है । कंचुक पटयुक्त एक कुच कुम्भ प्रेम-सागर से परिपूर्णाकृति युक्त है। अर्धभाग कौशेय वस्त्रावृत है । ऐसे भगवान् अर्धनारीश्वर प्रसन्नता का प्रसार करें ।

दृष्टः कैरपि नो पुरा न च मया दृष्टः क्वचित्साम्प्रतं
प्राचीनास्तिकनास्तिकैरपि मुहुर्वादो महान् तन्यते ।
साकारः खलु कैश्चनाथ च निराकारः पुनः साध्यते
सोऽयं पूर्णरहस्यकीर्णचरितः नो मान्य एवेश्वरः ॥२॥

२. न पूर्वकाल में किसी ने देखा और न इस समय मैंने । प्राचीन आस्तिक एवं नास्तिक महान् विवाद प्रसारित करते हैं। कुछ लोग साकार तथा कुछ निराकार सिद्ध करते हैं। वह रहस्यपूर्ण चरित, ईश्वर मेरे सम्मान्य हैं ।

उद्देश्य :

पूर्वं राजतरंगिणीकृतिवरैर्भूयः परिश्रम्य यत्
श्रीकश्मीरमहीमहेन्द्रचरितग्रन्थाः प्रणीताः पुरा ।
एतेषां तु महापरिश्रमपथं भूयोऽनुसृत्यादरात्
षष्ठी राजतरंगिणी ननु मया यत्नेन संरच्यते ॥३॥

३. पूर्वकालीन राजतरंगिणीकारों ने परिश्रम पूर्वक काश्मीर भूमि के नरेशों के चरितात्मक ग्रन्थों का प्रणयन किया है । उनके महा परिश्रमपथ का सादर अनुसरण करके पुनः मैं षष्ठी राजतरंगिणी की सयत्न रचना कर रहा हूँ ।

पूर्वे ते कवयो भगीरथसमाः प्रज्ञार्कभाभासुराः
सम्मान्याः कवितावितानयशसा ख्याता धरित्र्यामलम् ।
येषां यत्नदयोदयेन महता चक्रे पवित्रं सदा
श्रीमद्राजतरंगिणीत्रिपथगाकश्मीरभूमण्डलम् ॥४॥

४. प्रज्ञा-सूर्य-कान्ति से देदीप्यमान; सम्मान्य, पूर्वकालीन भगीरथ सदृश वे कवि कविता जन्य कीर्ति से पृथ्वी पर विख्यात थे। जिनके महान् प्रयत्नदया के उदय से श्री राजतरंगिणी त्रिपथगा ने कश्मीर भूमण्डल (भारत मण्डल) को परम पवित्र कर दिया है।

वाग्देवीचरणाब्जनूपुरयुगे भूयो मरालोपमैः
पूर्वैस्तैः कृतिभिर्विशुद्धचरितैः प्रज्ञावदातश्रमैः ।
उद्यच्चारुमहाप्रयासबलतो याऽविष्कृता सा भवेत्
नैषा राजतरंगिणी पुनरहो शुष्का मया कल्प्यते ॥५॥

५. वाग्देवी के चरण कमल युगल में हंस सदृश विशुद्धचरित, प्रज्ञा-निर्मल श्रमयुक्त पूर्व कालीन कवियों ने सुन्दर महान् प्रयास बल से जैसी रचना की, वैसी यह राजतरंगिणी नहीं होगी, तथापि मैं यह शुष्क रचना कर रहा हूँ।

पूर्वेषां रचनासु तासु धिषणागाम्भीर्यसारस्फुरत्
नानालंकृतिराजिराजितपदास्वेतासु यत्सौष्ठवम् ।
हं हो नांशलवोऽपि तस्य रचिते काव्ये मयाऽस्मिन्भवेत्
तत् क्षुण्णाध्वगतेस्तु मे चपलता सा मर्षणीया बुधैः ॥६॥

६. बुद्धिगाम्भीर्य सार से युक्त, नाना प्रकार के अलंकार पुंज से विराजित, पूर्व कवियों की रचनाओं में जो सौष्ठव है, उसका अंशमात्र भी मेरे इस काव्य में सम्भव नहीं है। विद्वान् जन पूर्वानुगामी मेरी उस चपलता को क्षमा करेंगे।

श्रीमत्कल्हणजोनराजकवयः श्रीश्रीवरोऽसौ शुकः
कश्मीरेन्द्रचरित्रवर्णनकरः श्रीप्राज्यभट्टोऽथवा ।
कश्मीराभिजनाः समेऽपि खलु ते नाहं तथा तत्र वा
कश्मीरांकतलस्थितो नहि करोम्येतत्तु काव्यं महत् ॥७॥

७. कश्मीर नृपों के वर्णनकर्ता श्री कल्हण, जोनराज, श्रीवर, प्राज्यभट्ट एवं शुक काश्मीर निवासी थे। मैं नहीं हूँ। कश्मीर के अंकतल में स्थित होकर भी, यह महाकाव्य प्रणीत नहीं कर रहा हूँ।

नो कश्मीरमहीमनोज्ञतरुणीक्रोडे मया क्रीडितं
नो वा केशरकेशलेशमहितक्षेत्राणि दृष्टान्यपि ।
किन्तु प्रस्तुतभूधरेन्द्रचरितं ग्रन्थेष्वधीत्यादरात्
श्रावं श्रावमथापि काव्यममलं कर्तुं समीहाऽभवत् ॥८॥

८. न मैंने कश्मीर भूमि रूपी मनोज्ञ रमणी के क्रोड़ में क्रीड़ा की, न केशर-केश-लेश-शोभित क्षेत्रों को देखा। ग्रन्थों में प्रस्तुत नृपों के चरित का सादर अध्ययन कर, अथवा सुन-सुनकर सुन्दर काव्य प्रणयन की अभिलाषा उत्पन्न हुई।

कश्मीरवृत्तमथ ते कवयः पुरा तु
प्रत्यक्षदृष्टमखिलं कवयाम्बभूवुः ।
ग्रन्थेष्वधीत्य निखिलं मयका तु सर्वं
ज्ञातं ततो मम मतिर्नहि तादृशी स्यात् ॥९॥

९. उन प्राचीन कवियों ने कश्मीर वृत्तान्त को प्रत्यक्ष देखकर, कविता निबद्ध किया था। मैंने ग्रन्थों में सबका अध्ययन करके, ज्ञात किया, अतएव मेरी बुद्धि उस प्रकार की नहीं हो सकती।

कल्हण :

कल्हणोऽभूत् महाकाव्यकर्ता पण्डितभूषणः ।
महाभारतकालात्स इतिहासं विनिर्ममे ॥१०॥

१०. पण्डित भूषण, महाकाव्यकार कल्हण ने महाभारत काल से इतिहास का प्रणयन किया है।

एकोनपञ्चाशदाढ्यशताधिकसहस्रकम् ।
ईशवीयं यावदेष इतिहासं विनिर्ममे ॥११॥

११. सन् ११४९ ई० तक का इस कवि ने इतिहास लिखा है।

पञ्चविंशतियुक्तस्य शताभ्यां सहितस्य च ।
चतुस्सहस्रवर्षस्य वृत्तजातं बुधोऽलिखत् ॥१२॥

१२. इस विद्वान् ने ४२२५ वर्षों का वृत्तान्त लिखा है।

रसैर्वृत्तैरलङ्कारैर्विविधैः समलङ्कृता ।
प्रसादगुणसम्पूर्णा राज्ञां चेयं तरङ्गिणी ॥१३॥

१३. राजाओं की यह तरंगिणी विविध रसों, वृत्तों, अलंकारों से समलंकृत तथा प्रसाद गुण से परिपूर्ण है।

श्रीमत्कल्हणसत्कवीन्द्ररचितं काव्यं तु यद् वर्तते
निर्वेदः खलु भाव एष तु पुनश्शान्तो रसो दृश्यते ।
अष्टाभिश्च तरंगकैः पुनरयं ग्रंन्थः सनाथीकृतः
तत् षड्विंशतियुक्तदिग्गजशतेनाप्यद्रिसाहस्त्रकम् ॥१४॥

१४. श्री कल्हणकृत राजतरंगिणी काव्य में निर्वेदभाव, शान्तरस दृष्टिगोचर होता है। यह ग्रन्थ आठ तरंगों से युक्त है। इसमें सात हजार आठ सौ छब्बीस श्लोक हैं।

जोनराज :

एषा राजतरंगिणी खलु ततः श्रीजोनराजेन या
द्वैतीयीकतया मिताऽप्यमितधीविद्वद्वराराधिता ।
पृथ्वीराजजयं च मंखरचितं श्रीकण्ठकाव्यं पुनः
व्याख्याभ्यां समलञ्चकार स कविः श्रीजोनराजाह्वयः ॥१५॥

१५. श्रीजोनराज कृत द्वितीय राजतरंगिणी को अमितबुद्धि विद्वानों ने प्रशंसित किया। उसी कवि जोनराज ने पृथ्वीराज विजय एवं श्रीकण्ठचरित को अपनी व्याख्या से अलंकृत किया है।

श्रीमत्कल्हणतः परं सुरवचः काव्यस्य यत् सौष्ठवं
श्रीमत्पण्डितजोनराजरचनास्वेतास्वलं लभ्यते ।
वर्षाणां तु दशाधिकत्रिशततः श्रीजोनराजः कविः
सर्वेषामितिहासतथ्यमलिखत् कश्मीरपृथ्वीभुजाम् ॥१६॥

१६. कल्हण के पश्चात् संस्कृत काव्य का सौष्ठव भी जोनराज की उन रचनाओं में मिलता है। उस कवि ने ३१० वर्षों के समस्त कश्मीर नृपतियों का वास्तविक इतिवृत्त लिखा है।

प्रत्यक्षं खलु दृष्टवान् तदखिलं श्रीजोनराजः कविः
श्रीकश्मीरमहीमहेन्द्रचरितं न्यक्षेण सर्वं मुहुः ।
हिन्दूभूपतिशासितां तदवनिं यो मुस्लिमाधीनतां
देवस्थानचयस्य मस्जिदगतिं योऽपश्यदेव स्वयम् ॥१७॥

१७. श्री जोनराज कवि ने काश्मीर नरेशों का समस्त चरित्र प्रत्यक्ष देखा था। उसने हिन्दू भूपतिशासित पृथ्वी को मुस्लिम नृपों के अधीन तथा देव स्थान समूहों को मस्जिद के रूप में परिणत होते स्वयं देखा था।

अष्टविंशतिसंयुक्तरुद्रसंख्यामिताच्छतात्
ऊनचत्वारिंशदाढ्यत्रयोदशशतं समाः ।
हिन्दूनां भूमिपालानां लिखित्वा वृत्तमादरात्
ततः परं मुस्लिमानां वृत्तानि लिखितानि तु ॥१८॥

१८. उसने सन् ११२८ ई० से सन् १३३९ ई० पर्यन्त हिन्दू नृपों का इतिवृत्त लिखने के पश्चात् परवर्ती मुस्लिम राजाओं का वृत्तान्त लिखा।

तेनालेखि मुदा कवीन्द्रतिलकेन स्वयं स्पष्टतः
वृत्तं पञ्चदशक्षितीशविषये दृष्ट्वा स्वयं साग्रहम् ।
यस्त्वेकादशयुक्तशतद्वयसमावृत्तं लिखित्वा पुनः
भूयो वा दश मुस्लिमक्षितिपतेर्वृत्तं लिलेखाऽखिलम् ॥१९॥

१९. उस श्रेष्ठ कवि ने १५ हिन्दू नृपों के २११ वर्षों का तथा दश मुस्लिम राजाओं का समस्त वृत्तान्त लिपिबद्ध किया ।

ऊनचत्वारिशंदाढ्यत्रयोदशशताब्दतः ।
ऊनषष्टिसमायुक्तचतुर्दशशतं समाः ॥२०

२०. सन् १३३९ ई० से सन् १४५९ ई० पर्यन्त—

संग्रहेण तु विशंत्या युतमेकशतस्य तु ।
वर्षाणामितिवृत्तं स मुस्लिमानां मुदाऽलिखत् ॥२१॥

२१. कुल १२० वर्षों का मुस्लिम नृपों का इतिवृत्त प्रसन्नता पूर्वक लिखा ।

ऊननवतिसंयुक्तत्रयोदशशताब्दतः ।
ऊनषष्ठिसमायुक्तचतुर्दशशतं शरत् ॥२२॥

२२. सन् १३८९ ई० से सन् १४५९ ई० पर्यन्त—

वर्षाणां सप्ततिर्येन प्रत्यक्षं दृष्टवान् कविः ।
हिन्दूमुस्लिमयोर्वृत्तं समासव्यासतोऽलिखत् ॥२३॥

२३. ७० वर्षों के इतिवृत्त का वह प्रत्यक्षदर्शी था । उसने हिन्दू नृपतियों का वृत्तान्त संक्षेप में तथा मुस्लिम राजाओं का विस्तार पूर्वक लिखा है ।

मुस्लिमानां शासनेन कश्मीरक्षितिमण्डले ।
हिन्दूभूपतयः सर्वे कविभिः समुपेक्षिताः ॥२४॥

२४. कश्मीर भूमण्डल में मुस्लिम शासन के कारण कवियों ने समस्त हिन्दू नृपतियों की उपेक्षा की है ।

विहाय संस्कृतं जाता फारसीराजमानिता ।
हिन्दवोऽल्पसंख्यत्वात्ते नगण्या इवाभवन् ॥२५॥

२५. संस्कृत भाषा को छोड़कर फारसी राजसम्मान प्राप्त भाषा हो गयी थी । अल्प संख्यक होने के कारण हिन्दू नगण्य से हो गये थे ।

जोनराजकृतायां तु तरंगिण्यां विलोक्यते ।
रसानां च समावेशः समेषां किन्तु तत्र तु ॥२६॥

२६. श्री जोनराज कृत राजतरंगिणी में सभी रसों का समावेश है किन्तु उसमें भी—

प्राधान्यं करुणस्यास्ति मुस्लिमानां महीभृताम् ।
क्रौर्यनैष्ठुर्यकार्याणां यतः साक्षी स्वयं कविः ॥२७॥

२७. करुण रस की प्रधानता है। क्योंकि कवि स्वयं मुस्लिम राजाओं के क्रूरता एवं निष्ठुरता से परिपूर्ण कार्यों का साक्षी था।

इतिपाठं विनैवाऽभूज्जोनराजतरंगिणी ।
समाप्ता न तरंगाणां विभागस्तेन वा कृतः ॥२८॥

२८. विना इति पाठ के ही जोनराज कृत राजतरंगिणी समाप्त हुई है। उसने तरंगों का विभाजन भी नहीं किया है।

षट्सप्ततिसमायुक्तं श्लोकानामीरितं शतम् ।
नवसंख्यं तथा ग्रन्थो न पूर्णत्वमवाप सः ॥२९॥

२९. उसमें श्लोकों की सम्पूर्ण संख्या नव सौ छिहत्तर है। वह ग्रन्थ पूर्णता को नहीं प्राप्त हुआ है।

श्रीवर :

श्रीश्रीवरकृता तावज्जैनराजतरंगिणी ।
तृतीया श्रीवरः शिष्यो जोनराजकवेरभूत् ॥३०॥

३०. श्रीवर जोनराज का शिष्य था। उसने जैन राजतरंगिणी तृतीय की रचना की थी।

तरंगास्तत्र चत्वारः प्रथमे सर्गसप्तकम् ।
एकचत्वारिंशदाढ्यद्वाविंशतिशतं पुनः ॥३१॥

३१. उसमें चार तरंग हैं। प्रथम तरंग में सात सर्ग तथा बाईस सौ इकतालिस—

श्लोका अन्यतरंगेषु नैव सर्गा इहोदिताः ।
नवपञ्चाशता युक्ताच्चतुर्दशशताब्दतः ॥३२॥

३२. श्लोक हैं। अन्य तरंगों में सर्ग निबन्ध नहीं किया गया है। सन् १४५९ ई० से—

षडशीतिसमायुक्तचतुर्दशशताब्दकम् ।
यावज्जैनुलआबदीनः हैदरशाहस्तथा परः ॥३३॥

३३. सन् १४८६ ई० पर्यन्त जैनुलआबदीन, हैदरशाह तथा—

हसनशाहो मुहम्मदशाहः फतहशाहकः ।
एतेषां वर्णनं सार्धं इतिपाठेन वर्तते ॥३४॥

३४. हसनशाह, मुहम्मदशाह, फतहशाह का वर्णन इति पाठ के साथ वर्तमान है।

प्राज्यभट्ट :

प्राज्यभट्टकृता याऽस्ति चतुर्थी सा तरंगिणी ।
षडशीतिसमायुक्तचतुर्दशशताब्दतः ॥३५॥

३५. चतुर्थ राजतरंगिणी के लेखक प्राज्यभट्ट हैं। सन् १४८६ से—

त्रयोदशसमायुक्तपञ्चदशशतं समाः ।
सप्तविंशतिवर्षाणां यावद् वृत्तं तु सोऽलिखत् ॥३६॥

३६. सन् १५१३ ई० पर्यन्त २७ वर्षों तक का इतिवृत्त इस कवि ने लिखा है।

प्राज्यभट्टोऽपि सर्वं तु प्रत्यक्षं दृष्टवान् कविः ।
वर्तते हन्त न प्राप्यमेतद्रचितपुस्तकम् ॥३७॥

३७. कवि प्राज्यभट्ट ने सब प्रत्यक्ष देखा था। दुःख है। इस लेखक की यह पुस्तक प्राप्त नहीं है।

शुक :

शुकेन रचिता याऽस्ति पञ्चमी सा तरंगिणी ।
तत्र त्रयोदशोपेतपञ्चदशशताब्दतः ॥३८॥

३८. श्री शुककृत पञ्चम राजतरंगिणी सन् १५१३ ई० से—

अष्टात्रिंशत्समायुक्तपञ्चदशशतं समाः ।
पञ्चविंशतिवर्षाणां यावद् वृत्तं लिलेख सः ॥३९॥

३९. सन् १५३८ ई० पर्यन्त २५ वर्षों का इतिवृत्त है।

शुकः कश्मीरजन्मा तु प्रत्यक्षं दृष्टवान् समम् ।
इतिपाठेन हीनोऽपि ग्रन्थो नो पूर्णतां गतः ॥४०॥

४०. कश्मीर में उत्पन्न श्री शुक ने सब प्रत्यक्ष देखा था। इतिपाठ रहित यह ग्रन्थ अपूर्ण है।

अष्टानवति-संयुक्त-त्रिशतैः पद्यसञ्चयैः ।
इतिहासं शुकश्चक्रे प्रत्यक्षं दृष्टवान् यथा ॥४१॥

४१. श्री शुक ने जैसा प्रत्यक्ष देखा था, वैसा ही ३२८ श्लोकों में यह इतिहास लिखा है।

राज्ञः फतहशाहस्य मुहम्मदशाहकस्य च ।
इब्राहीमाख्यशाहस्य नाजुकशाहाभिधस्य च ॥४२॥

४२. इसमें राजा फतहशाह, इब्राहीमशाह, नाजुकशाह—

शमसुद्दीनद्वितीयस्य चेतिवृत्तं पुराऽलिखत् ।
तरंगिणीनां पञ्चानां रचना याः पुराऽभवन् ॥४३॥

४३. एवं शमसुद्दीन द्वितीय का इतिवृत्त कवि ने लिखा है। पूर्वकाल में पाँचों राजतरंगिणियों की रचनायें—

अष्टाशीतिसमायुक्तत्रिशते वत्सरक्रमे ।
चतुश्शताब्दीपर्यन्तं ग्रन्थ एष विनिर्मितः ॥४४॥

४४. ३८८ वर्षों के अन्दर हुई है। चार शताब्दी पर्यन्त यह ग्रन्थ क्रमबद्ध लिखा गया।

इतिहासे तु विश्वस्य दुर्लभा कृतिरीदृशी ।
चत्वारिशंत्समायुक्तपञ्चदशशताब्दतः ॥४५॥

४५. विश्व के इतिहास में ऐसी कृति दुर्लभ है। सन् १५४० ई० से—

अन्य लेखका :

षडशीतिसमायुक्तपञ्चदशशतं समाः ।
षट्चत्वारिंशतोऽब्दानां यावद् वृत्तं शुकात्परम् ॥४६॥

४६. सन् १५८६ ई० पर्यन्त ४६ वर्षों का इतिहास शुक के पश्चात्—

अन्यैस्तैर्लेखकैस्तावल्लिखितं यद्यपि स्वयम् ।
विशृंखलमथो ततु कश्मीरेन्द्रात्तु नाजुकात् ॥४७॥

४७. अन्य लेखकों ने लिखा किन्तु वह विशृङ्खलित है। कश्मीरेन्द्र नाजुक—

द्वितीयस्माद् भारतेन्द्रस्याकबरमहीपतेः ।
कश्मीरविजयं यावदितिहासः कृतो बुधैः ॥४८॥

४८. —द्वितीय से भारतेन्द्र अकबर महीपति के कश्मीर विजय तक का इतिहास विद्वानों ने लिखा है।

वसुभूरामसंख्याकाः श्लोकाः शुकविनिर्मिताः ।
त्रिपञ्चाशत् पञ्चशतश्लोकाः प्रक्षेपका मताः ॥४९॥

४९. ३९८ श्लोक शुककृत हैं। ५५३ श्लोक क्षेपक हैं।

प्रस्तुत राजतरंगिणी :

चत्वारिशत्समायुक्तपञ्चदशशताब्दतः ।
पञ्चसप्तत्यूनविंशशतकालोऽत्र वर्णितः ॥५०॥

५०. इस ग्रन्थ में सन् १५४० ई० से सन् १९७५ ई० पर्यन्त का इतिवृत्त वर्णित है।

पञ्चत्रिंशतायुक्तं चतुश्शतमितीरितम् ।
एष प्रस्तुतग्रन्थस्य कालसंख्याविनिश्चयः ॥५१॥

५१. इस प्रस्तुत ग्रन्थ में ४३५ वर्षों का इतिवृत्त है।

षडशीतिसमायुक्तपञ्चदशशताब्दतः ।
त्रिपञ्चाशत्समायुक्तसप्तदशशतं समाः ॥५२॥

५२. सन् १५८६ ई० से सन् १७५३ ई० पर्यन्त—

मुगल राज्य :

वर्षाणां यावदेतत्तु सप्तषष्टयधिकं शतम् ।
श्रीकश्मीरे पुराजातं मुगलानां प्रशासनम् ॥५३॥

५३. १६७ वर्ष तक कश्मीर में मुगलों का शासन था ।

पठान राज्य :

ततः परं पठानानां राज्यकालः समागतः ।
त्रिपञ्चाशत्समायुक्तसप्तदशशताब्दतः ॥५४॥

५४. तदनन्तर पठानों का राज्यकाल आया । सन् १७५३ ई० से—

ऊनविंशतिसंयुक्तमष्टादशशतं समाः ।
वर्षाणां खलु षट्षष्टिजातं संहृत्य शासनम् ॥५५॥

५५. सन् १८१९ ई० पर्यन्त ६६ वर्ष तक उनका शासनकाल था ।

सिक्ख राज्य :

सिक्खानां राज्यकालस्तु ततः परमिहागतः ।
ऊनविंशति-संयुक्तादष्टादशशताब्दतः ॥५६॥

५६. तदुपरान्त यहाँ सिक्खों का राज्यकाल सन् १८१९ ई० से—

षट्चत्वारिंशतायुक्तामष्टादशशतं समाः ।
वर्षाणां यावदेवासोच्छासनं सप्तविंशतिः ॥५७॥

५७. सन् १८४६ ई० तक, इस प्रकार उनका शासनकाल २७ वर्षों तक रहा ।

डोगरा वंश :

ततश्च डोगरावंश-राज्यकालोदयोऽभवत् ।
षट्चत्वारिंशतायुक्तादष्टादशशताब्दतः ॥५८॥

५८. तदनन्तर डोगरावंश का राज्यकालोदय हुआ । सन् १८४६ ई० से—

सप्तचत्वारिंशदाढ्यैकोनविंशतिवत्सरम् ।
यावदेकशतं वर्षं डोगराराजशासनम् ॥५९॥

५९. सन् १९४७ ई० तक एक सौ वर्ष पर्यन्त डोगरा राज्य का शासन था ।

गणतन्त्र :

ततः परं स्वतन्त्रश्रीसमुद्भासितभारतम् ।
भारतं भाति भूयोऽत्र गणतन्त्रस्य शासनम् ॥६०॥

६०. तत्पश्चात् स्वतन्त्रता श्री से समुद्भासित भारतीय गणतन्त्र का वहाँ शासन प्रचलित है ।

स्वतंत्रे भारते जाते डोगरावंशभूपतौ ।
पाकिस्तानाख्यराष्ट्रेण श्रीकश्मीरमहीतलम् ॥६१॥

६१. डोगरा वंश के नृपति काल में भारत के स्वतन्त्र होने पर, पाकिस्तान राष्ट्र ने कश्मीर भूतल के—

चतुर्वारं समाक्रम्य नष्टं भ्रष्टं मुहुः कृतम् ।
दक्षिणस्यां पश्चिमस्यां दिशोस्सीमनि तत्पुनः ॥६२॥

६२. दक्षिण-पश्चिम सीमाओं पर चारबार आक्रमण कर नष्ट भ्रष्ट किया ।

अपनी बात :

एकविंशतिसंयुक्तैकोनविंशतिवत्सरे ।
एकादशवर्षदेश्यः कारागारं गतोऽस्म्यहम् ॥६३॥

६३. मैं सन् १९२१ ई० में ११ वर्ष की अवस्था में कारागार गया था ।

स्वतन्त्रतामहायुद्धे ततः प्रभृति कृत्स्नशः ।
बहुप्रकारां घटनाः प्रत्यक्षंदृष्टवानहम् ॥६४॥

६४. उस समय स्वतन्त्रता महायुद्ध चल रहा था । घटनाओं को पूर्ण रूपेण मैंने प्रत्यक्ष देखा है ।

ततः पूर्वं तु जातानां घटनानां किलक्रमः ।
आङ्ग्लहिन्दीग्रन्थपाठादलेखि सकलोऽन्यतः ॥६५॥

६५. इसके पूर्व की घटनाओं को मैंने अंग्रेजी, हिन्दी तथा अन्य ग्रंथों से लेकर लिखा है ।

न मया लिखितुं शक्यमन्यवक्त्रानुवर्तिना ।
पराश्रितेन भूयो वा राज्यसम्मानकाङ्क्षिणा ॥६६॥

६६. यदि मैं परमुखापेक्षी, पराश्रित अथवा राज्य सम्मान का आकांक्षी होता, तो लिखने में समर्थ नहीं होता ।

प्रावर्तत ततः सेयं स्वतन्त्रा मम लेखनी ।
स्वोपार्जितधनेनैव लेखनं मुद्रणं कृतम् ॥६७॥
तरंगिणीनां सर्वासां चतसृणां तथाप्ययम् ।
ग्रन्थो व्यरचि वाग्देव्या उपासनसमीहया ॥६८॥

६७-६८. अतएव मेरी लेखनी स्वतन्त्रता पूर्वक लेखन कार्य में प्रवृत्त हुई । मैंने अपने ही धन से लेखन एवं मुद्रण किया तथा सरस्वती की उपासना की भावना से इस ग्रंथ का भी प्रणयन किया ।

अतश्च कमलादेवी मयि रुष्टेव साऽभवत् ।
चम्पकस्य प्रभोराज्ञः श्रीकश्मीरमहीभृतः ॥६९॥

६९. अतएव लक्ष्मी देवी मेरे प्रति रुष्ट रही है । चम्पक कश्मीर नृपति के—

राजमन्त्रिण एवासीत् पुत्रः कल्हणसत्कविः ।
त्रयश्चान्ये तेऽपि राजतरंगिण्याः कथाकृतः ।।७०।।

७०. राजमंत्री थे। कल्हण कवि उनका पुत्र था। राजतरंगिणी के लेखक अन्य तीन कवि भी—

राज्याश्रयवशादासन् मुक्तास्ते द्रव्यचिन्तया।
वाञ्छालोभपदोपाधिलालसालसमानसैः ।।७१।।

७१. राज्यश्राय प्राप्त थे। अतः वे द्रव्य चिन्ता से मुक्त थे। वांछा, लोभ, पद, उपाधि की लालसा से—

ग्रन्थोऽस्ति नायं लिखितः सर्वं स्वात्मसुखाय हि।
आशास्महे वयं नूनं भविष्यत्कालपण्डिताः ।।७२।।

७२. मैंने यह ग्रंथ नहीं लिखा है। अपितु स्वान्तः सुख के लिए। हमें आशा है भविष्य में भी विद्वान्—

तरंगिणीकाव्यधारां कश्मीरवृत्तसंकुलाम् ।
नो शुष्कांजनयिष्यन्ति पुरावृत्तप्रियाः समे ।।७३।।

७३. पुरावृत्त प्रेमी जन, कश्मीर के इतिवृत्त से परिपूर्ण तरंगिणी काव्य की धारा शुष्क नहीं करेंगे।

कविर्नाहं न वा काव्यकर्त्तास्मि रचनापटुः ।
तरंगिणी विरचिता पद्यैः संस्कृतभाषया ।।७४।।

७४. मैं न कवि हूँ और न रचना पटु काव्य कर्त्ता। राजतरंगिणी संस्कृत भाषा में श्लोकबद्ध लिखी गयी है—

अतएव मयाऽप्यत्र तस्याः शैलीपरम्परा ।
निर्व्यूढा सा यथाबुद्धि प्रयासोऽपि महान् कृतः ।।७५।।

७५. अतएव मैंने उसकी शैली, परम्परा का यथा बुद्धि प्रयत्न पूर्वक निर्वाह किया है।

पारस्यभाषामुर्दूञ्च भाषामांग्लीश्च संस्कृताम् ।
हिन्दीं भाषामहं वेद्मि भ्रमणं तत्र तत्र च ।।७६।।

७६. मुझे फारसी, उर्दू, अंग्रेजी, संस्कृत, हिन्दी, बंगला भाषाओं का ज्ञान है। •तत्-तत् स्थानों पर भ्रमण किया है।

पञ्चाम्बुदेशे कश्मीरे गान्धारे तुर्कभूतले ।
ईरानदेशे विहितं साहाय्याय ममाभवत् ।।७७।।

७७. पंजाब, कश्मीर, गांधार, तुर्किस्तान, ईरान का भ्रमण मेरे लिए सहायक हुआ है।

विदेशेषु पाण्डुलिपिग्रन्था ग्रन्थालयास्तथा ।
बह्वः सन्ति नो किन्तु धनाभावाद् गतं मया ।।७८।।

७८. विदेशों में प्रचुर संख्या में पाण्डुलिपियां एवं पुस्तकालय हैं, किन्तु धनाभाव के कारण, मैं वहाँ नहीं जा सका ।

अतएव पुस्तकस्य यादृक्पूर्णत्वमीप्सितम् ।
न तादृगभवद्धन्त मम दोषो न दीयताम् ।।७९।।

७९. अतएव पुस्तक की जैसी पूर्णता अभीष्ट थी, वैसी नहीं हुई, उसका दुःख है । इसमें मेरा दोष नहीं है ।

ग्रन्थप्रणयने काले नैकवारंगतोऽस्म्यहम् ।
कश्मीरजम्मूस्थानेषु केशरोशीरभूमिषु ।।८०।।

८०. मैं ग्रंथ प्रणयन काल में केशर-उशीर की उत्पत्ति भूमि कश्मीर-जम्मू आदि स्थानों पर अनेक बार गया ।

कश्मीरस्य प्रतिस्थानं दृष्टवान् किन्तु नाऽभवत् ।
पाकिस्तानसमाक्रान्तकश्मीरभूमिदर्शनम् ।।८१।।

८१. मैंने कश्मीर का प्रत्येक स्थान देखा किन्तु पाकिस्तान द्वारा अधिगत, काश्मीर भूमि का दर्शन नहीं हुआ ।

कारणं हि राजनीतिस्थितिस्तत्र ध्रुवं मतम् ।
हन्त प्रयासवैफल्यं मम चित्तं दुनोत्यलम् ।।८२।।

८२. निश्चित रूप से इसमें राजनीतिक स्थिति कारण थी । इस विषय में प्रयास की विफलता मन को अत्यधिक दुःखी करती है ।

ग्रन्थो मौगलपाठानसिक्खडोगरभूभृताम् ।
गणतन्त्रस्य वृत्तेन तरंगैः पञ्चभिर्युतः ।।८३।।

८३. यह ग्रंथ मुगल, पठान, सिक्ख एवं डोगरा नृपों के तथा गणतन्त्र के इतिवृत्त से पाँच तरंगों में विभाजित है ।

मुगलानां तु तत्राभूत् बावराधिपकालतः ।
कश्मीरविजिगीषा साऽकबरेण प्रपूरिता ।।८४।।

८४. बाबर के समय से ही मुगलों की कश्मीर विजय की अभिलाषा को अकबर ने परिपूर्ण की ।

कश्मीर मण्डल :

साम्प्रतं पञ्चराष्ट्राणां मध्येकश्मीरमण्डलम् ।
पाकिस्तान-रूस-चीन-गान्धार-तिब्बतात्मनाम् ।।८५।।

८५. इस समय कश्मीर मण्डल पाकिस्तान, रूस, चीन, गांधार (अफगानिस्तान) एवं तिब्बत इन पाँच राष्ट्रों के बीच स्थित है।

स्वतन्त्रभारतस्यांगभूतमस्ति तु निश्चितम् ।
कश्मीरान्मौगले काले पूर्वमासीतु राष्ट्रकम् ।।८६।।

८६. यह निश्चित रूप से स्वतन्त्र भारत का अंग है। मुगल काल में काश्मीर के पूर्व—

हिन्दूबौद्धभूपतीनां राज्यानि परितस्तथा ।
तिसृष्वन्यासु काष्ठासु स्थितं मुस्लिमशासनम् ।।८७।।

८७. हिन्दू-बौद्ध राजाओं के राज्य थे। अन्य तीन दिशाओं में मुस्लिम शासन था।

मुगलैश्च तुरुष्कैश्च तातारैश्चीनतिब्बतैः ।
लद्दाखीयैः पठानैश्च पुरावृत्तं प्रभावितम् ।।८८।।

८८. मुगल, तुर्क, तातार, चीनी, तिब्बती, लद्दाखी एवं पठान जातियों से यहाँ का इतिहास प्रभावित है।

कश्मीरमण्डले तावत् मिर्जा हैदरदुग्लतः ।
प्रवेशं प्रथमं चक्रेहन्त तद्दुर्दिनं महत् ।।८९।।

८९. कश्मीर मण्डल में सर्वप्रथम मिर्जा हैदर दुगलात ने प्रवेश किया। दुःख है, वह महान् दुर्दिन था।

मुगलानां पुरावृत्तं विस्तराडुपवर्णितम् ।
मानसी च स्थितिस्तेषां कथं वा वंशविस्तृतिः ।।९०।।

९०. मुगलों का पुरातन वृत्तान्त विस्तार पूर्वक लिखा गया है। उनकी मनः स्थिति वंश विस्तार—

आचारश्च प्रवृत्तिश्च कथमासीत् तदा पुनः ।
एतत्सर्वप्रबोधाय सुधिया कविना ध्रुवम् ।।९१।।

९१. आचार, प्रवृत्ति उस समय कैसी थी—यह सब जानने के लिए विद्वान कवि को निश्चय ही—

मंगोलियाख्यदेशस्य तुरुष्काख्यभुवस्तथा ।
ज्ञानं प्रकाममाप्तव्यं भ्रमणात् पठनादपि ।।९२।।

९२. मंगोलिया तथा तुर्किस्तान का भ्रमण एवं अध्ययन करना चाहिए।

शाह्मीरकुलोद्भूताः चकवंश्याः समे पुनः ।
कश्मीरका मुसलमाना बभूवुः किन्तु नापरे ।।९३।।

९३. शाह्मीर कुलोत्पन्न तथा समस्त चकवंशीय मुसलमान काश्मीरी थे, अन्य नहीं ।

मुगलाश्च पठानाश्च बाह्या एवं ततस्तदा ।
तेषां तु शासने जाते राज्यपाला नियोजिताः ।।९४।।

९४. मुगल तथा पठान बाह्य देशीय थे। अतएव उस समय, उनका शासन होने पर, राज्यपाल (प्रतिनिधि) नियुक्त होते थे ।

डोगराशासनात्पूर्वं समयेऽकबरस्य तु ।
स्थितिर्भिन्ना बभूवैव नात्र कार्या विचारणा ।।९५।।

९५. डोगरा शासन के पूर्व अकबर के समय में भिन्न स्थिति थी, इस पर विचार करना आवश्यक नहीं है ।

कश्मीरभूमिचक्रेऽस्मिन् नृपाः काश्मीरकास्तदा ।
डोगरावंशजा आसन् पुरे श्रीनगराह्वये ।।९६।।

९६. इस कश्मीर भूमण्डल में काश्मीरी राजा डोगरा वंशीय हुए। श्रीगर में—

जनता सन्निधौ तूर्णमूषुस्ते ससुखं सदा ।
प्रजानां सुखदुःखानां वेत्तारः सर्वतोऽप्यथ ।।९७।।

९७. जनता के सन्निधि में सुखपूर्वक रहते थे। वे सब तरह से प्रजा के सुख-दुःख के ज्ञाता होते थे ।

शासनं तत्र तेषान्तु सेवाकार्यमयं खलु ।
कश्मीरस्य च तैरैक्यं विस्तारश्च द्वयं कृतम् ।।९८।।

९८. उनका शासन जनता के सेवा-भाव से पूर्ण था। उन्होंने कश्मीर का एकीकरण एवं विस्तार किया ।

दृश्यमानं तु कश्मीरं तदीयकृतिमण्डितम् ।
कालतोऽकबरस्योर्ध्वं डोगराशासनावधि ।।९९।।

९९. दृश्यमान कश्मीर उनकी कृति से विभूषित है। अकबर के समय से डोगरा शासन-काल तक—

पारस्यामुर्दुभाषायां पुरावृत्तं कृतं बुधैः ।
अन्यास्वपि च भाषासु वृत्तानि लिखितानि वै ।।१००।।

१००. विद्वानों ने फारसी एवं उर्दू भाषा में इतिवृत्त लिखा। अन्य भाषाओं में भी पुरावृत्त लिखे गये ।

मंगोल :

एशियाख्ये महाद्वीपे पूर्वोदीची क्रमेस्थितः ।
चीनोनाम महादेशस्तस्य देशो मँगोलिया ॥१०१॥

१०१. महान् देश चीन एशिया महाद्वीपके पूर्वोत्तर दिशा में स्थित है। मंगोलिया उसका एक देश है।

जुरचेन-खितानादि-जनजातिसमैर्गुणैः ।
मङ्गोलैरावृताभूमिरितिहासे प्रतिष्ठिता ॥१०२॥

१०२. जुरचेन, खितान आदि जनजातियों के समान गुणोंवाले मंगोलों से परिपूर्ण यह भूमि, इतिहास में विशेष प्रतिष्ठित है।

मङ्गोलजातिजैर्वीरै राज्यानि स्थापितानि वै ।
विश्वस्मिन्विविधाचारा विचाराश्च प्रसारिताः ॥१०३॥

१०३. मंगोल जाति के वीरों ने संसार में अनेक राज्य स्थापित किये तथा विविध आचार विचारों का प्रसार किया।

रणनीतिमहिम्ना तैर्दैर्घ्यविस्तारसंयुता ।
मङ्गोलैरवनीक्रान्ता ऋतेभारतमण्डलात् ॥१०४॥

१०४. उन मंगोलों ने रणनीति के प्रभाव से भारत के अतिरिक्त अन्यत्र विस्तृत भू-भाग को आक्रान्त कर लिया।

नेदृशी शास्तिसीमाभूत्कस्यापि नृपतेः पुरा ।
सर्वे तात्कालिका भूपाः मङ्गोलाधीनतां गताः ॥१०५॥

१०५. प्राचीन काल में किसी नृपति की राज्य सीमा इस प्रकार नहीं थी। तत्कालीन सभी नृप मंगोलों के अधीन हो गये थे।

प्रशान्त उदधिः पूर्वं सीमानमधिरोहति ।
मास्को-हंगरि-पोलैण्डा भूमध्यकृष्णसागरौ ॥१०६॥

१०६. उनकी राज्य सीमा पूर्व में प्रशान्त सागर थी। मास्को, हंगरी, पोलैण्ड, भूमध्य-सागर, एवं कृष्णसागर—

आशायां पश्चिमायान्ते देशाः सीमान्ततां गताः ।
श्यामलाओसकौ याम्ये वीतनामश्चफारसः ॥१०७॥

१०७. उसके पश्चिमी सीमा थे। दक्षिण दिशा में श्याम, लाओस, वीतनाम, फारस—

अर्बुदाम्बुनिधिश्चैवमुत्तरे साइवेरिया ।
खालदून्-बुरखानाख्यौ पर्वतावतिविस्तृतौ ॥१०८॥

१०८. अरब सागर तथा उत्तर में साइवेरिया था। खालदून एवं बुरखान दो विशाल पर्वत हैं।

ओनोनकेरुलूनाख्ये नद्यौ ताभ्यां विनिर्गते ।
द्रोण्यां तयोर्गोचराभूर्मङ्गोलजनपूरिता ॥१०९॥

१०९. ओनोन एवं केरुलून नामक दो नदियां उनसे निर्गत हुई हैं। उन दोनों की द्रोणी में स्थित गोचर भूमि मंगोलजन पूरित है।

ओनानो वहते प्राच्यामैशान्याङ्केरुलून वै ।
ते नद्यौ मिलतस्तत्र शिल्कानाम्निमहानदे ॥११०॥

११०. ओनोन पूर्व में तथा केरुलून नदी पूर्वोत्तर में बहती है। वे दोनों शिल्का नामक महानदी में मिलती हैं।

पूर्वे सेलाङ्गपर्यन्तं बेकालसरपश्चिमात् ।
तृण-घासमयं क्षेत्रं हंगरीं यावदुच्यते ॥१११॥

१११. पूर्व में सेलांग पर्यन्त तथा वेकालसर से पश्चिम हंगरी तक तृण-घास से परिपूर्ण क्षेत्र है।

उत्तरस्यां वनं तत्र दक्षिणे पर्वतास्तथा ।
सागराश्च विराजन्ते वल्खशारलकाश्यपाः ॥११२॥

११२. वहाँ उत्तर दिशा में वन, दक्षिण में पर्वत तथा वल्खश, अरल, एवं कश्यप सागर विराजमान हैं।

मरुभूमी च तत्रैव किजिला कर्कुमापि च ।
केरुलूनस्य पयसा खलुन् नोरो हि पूरितः ॥११३॥

११३. वहीं पर किजिलकुम तथा कराकुम मरुभूमियां भी हैं। केरुलून नदी के जल से खलुन नोर नदी पूर्ण होती है।

ऋतु :

ऋतुद्वयवती भूमिर्निस्तरुः परुषा तथा ।
ग्रीष्मकाले प्रचण्डोष्णा शीते चैवातिशीतला ॥११४॥

११४. यहाँ की भूमि दो ऋतुओं वाली, तरु विहीन एवं परुष है। ग्रीष्मकाल में प्रचण्ड उष्ण तथा शीतकाल में अत्यन्त शीतल रहती है।

नवमासमिताशीता तीव्रवातेरिताधरा ।
नवम्बरान्मई यावज्जलं हिमवदेव हि ॥११५॥

११५. नव मास तक पृथ्वी शीत एवं तीव्र वायु युक्त रहती है। नवम्बर से मई तक जल हिमवत् रहता है।

मासत्रयात्मके ग्रीष्मे तुषारोऽपि यदाकदा ।
जूनमासादगस्तान्ते झञ्झावातः प्रजायते ॥११६॥

११६. जून से अगस्त तक ग्रीष्म ऋतु के तीन महीनों में भी कभी-कभी तुषारपात होता और झञ्झावात चलता है।

तुषारप्रबलापातैः प्रचण्डवायुवेगतः ।
अश्वारोहा न शक्यन्ते स्थातुं घोटकपृष्टके ॥११७॥

११७. प्रचण्ड वायु वेग के साथ, प्रवल तुषारपातों के कारण, अश्वारोही घोड़े की पीठ पर, स्थित रहने में असमर्थ हो जाते हैं।

मंगोलजाति :

मङ्गोल-पश्चिमेभागे किरेन्सोइतजातयः ।
तातारा र्मकिताश्चैव तातारा एव याम्यके ॥११८॥

११८. मंगोल के पश्चिम में किरेन्स, ओइत, तातार एवं मरकित तथा दक्षिण में केवल तातार जन-जातियां रहती हैं।

उइधुरहूणकाश्चैव हिस्यूंगमंगोलकास्तथा ।
ओरखानश्चेतिमुख्या जातयो हि पुराऽवसन् ॥११९॥

११९. उइधुर, हूण हिस्यूंग, मंगोल, ओरखान आदि प्रमुख जातियां थी।

साइबेरिया प्रान्ततश्च मंगोला मुख्यजातयः ।
समागत्य प्रवासेन भूमिभागमपूपुरन् ॥१२०॥

१२०. मुख्य मंगोल जाति साइवेरिया प्रान्त से आकर, वस गयी और भूभाग को परिपूर्ण कर दिया।

आदिगाथायुगे पूर्वपुरुषो होबुनाभिधः ।
विवाहमकरोत् स्वस्य स्त्रियाऽलनसमाख्यया ॥१२१॥

१२१. आदि गाथा युग में पूर्व पुरुष होबुन ने अलन नामक स्त्री से विवाह किया था।

चीनमङ्गोलयोर्मध्ये गोवीसंज्ञं मरुस्थलम् ।
सान्तरं दिवसप्रापिकूपैः कीर्णं यतस्ततः ॥१२२॥

१२२. चीन और मंगोल के मध्य गोवी नामक मरुस्थल है। वह यत्र तत्र दिन भर में प्राप्त होने वाले, दूरवर्ती कूपों से युक्त है।

अपादपापि सग्रासा मंगोलैर्गोचरीकृता ।
चर-भूमिर्वनाद्यैश्च जीवयात्रा विधीयते ॥१२३॥

१२३. पादप विहीन किन्तु घासपूर्ण चर भूमि का मंगोल, पशुओं के लिये उपयोग करते थे। तदन्तर वे जीवन यापन हेतु एक स्थान से दूसरे स्थान की यात्रा करते रहते थे।

पशूनां पालनं चैव क्रय-विक्रय-सम्भवः ।
मरुभूमिवनप्रान्ते तथा चोत्तरयाम्ययोः ॥१२४॥

१२४. वे पशुओं का पालन एवं क्रय विक्रय करते थे । उत्तर में मरु भूमि एवं दक्षिण में वन प्रदेश था ।

कच्छाराः निम्नगानाञ्च वृक्षघासप्रपूरिताः ।
काष्ठादीनां ततः प्राप्तिर्गृहकार्योपयोगिनाम् ॥१२५॥

१२५. घास भरे नदियों के कछार थे । वहाँ गृहकार्योपयोगी, काष्ठों की प्राप्ति हो जाती थी ।

सहस्रद्वयवर्षाणि मङ्गोलैर्वीर-पूरुषैः ।
एशिया-पूर्वयूरोपगोचराधिकृता धरा ॥१२६॥

१२६. दो सहस्र वर्षों तक वीर मंगोलों ने एशिया एवं पूर्वी यूरोप की गोचर भूमि पर अपना अधिकार बनाये रखा था ।

सगोत्रो गुणवाञ्शूरो वयस्यश्चातिसाहसः ।
नृपरूपेण पुरुषः सभाभिर्निरणीयत ॥१२७॥

१२७. सगोत्र, गुणवान्, शूर, वयस्क एवं अतिसाहसी पुरुष को सभा में नृपति (नेता) चुना जाता था ।

दीर्घश्रृङ्गैश्च सुदृढै रुचिरं क्रियते धनुः ।
आखेट-रक्षणार्थाय भारतेऽजगवं यथा ॥१२८॥

१२८. शिकार एवं रक्षा के लिये भारत के अजगव सदृश, सुदृढ़ एवं बड़े श्रृङ्गों से सुन्दर, धनुष निर्मित किया जाता था ।

वृत्या यायावरा एते नगराणि न निर्ममुः ।
मन्दिराणि न वेदिर्वा भवनानि कृतानि तैः ॥१२९॥

१२९. यायावर वृत्ति के कारण इन लोगों ने नगरों, मन्दिरों, वेदी एवं भवनों का निर्माण नहीं किया ।

सीमान्तदेश :

ऐन्द्र-कौबेर-दिग्भागे ताताराश्च किरेतकाः ।
उत्तरे पश्चिमे चैव भूधरा हिममण्डिताः ॥१३०॥

१३०. पूर्व एवं उत्तर दिशा में तातार तथा किरेत जातियां है । उत्तर एवं पश्चिम में हिम मण्डित पर्वत हैं ।

ततः शतद्वयक्रोशमानेनान्तरितं सरः ।
वेकालनाम्ना विख्यातं यथा वै मानसं सरः ॥१३१॥

१३१. तत् पश्चात् दो सौ कोश की दूरी पर मानसरोवर सदृश वेकाल नाम से विख्यात सरोवर है ।

अकूपारसमस्यास्यह्रदस्य तटभागके ।
वनाल्यो हरिताः सन्ति राजते पर्वतावली ॥१३२॥

१३२. सागर सदृश, उस सरोवर के तट पर, हरी वन पंक्तियां तथा पर्वतावली शोभित होती है ।

होबूनप्रियभार्याया जन्मभूमिरियं स्मृता ।
घासतृणलतापूर्णा रमणीया वनावली ॥१३३॥

१३३. होबून की प्रिय पत्नी (अलन) की यही जन्मभूमि है । यहां की वनावली घासों तृणों एवं लताओं से परिपूर्ण है ।

गोव्याः शतद्वयक्रोशदूरे संकुलितास्तथा ।
मग्नायमानविषमाः पर्वताः परितः स्थिताः ॥१३४॥

१३४. गोवी से दो सौ कोस की दूरी पर, सब ओर ऊँचे-नीचे संकुलित पर्वत स्थित हैं ।

आसमुद्रात्तुवैपूर्वादान्समन्ताच्चपर्वतात् ।
नानशानाद्विशालो यः सर्पाकारः क्वचित्क्वचित् ॥१३५॥

१३५. पूर्वी समुद्र से नानशान पर्वत पर्यन्त विशाल, कहीं-कहीं सर्पाकार—

महाश्चर्यकरो नृणां प्राकारः शोभतेतराम् ।
चीनप्राचीरनाम्नाऽसौ विख्यातो जगतीतले ॥१३६॥

१३६. मनुष्य के लिये महान् आश्चर्यकारी प्राकार शोभित होता है, जो पृथ्वी तल पर चीन की दीवाल नाम से विख्यात है ।

चत्वारि तु सहस्राणि मिलमानानुसारतः ।
लक्षाणिषट् च विज्ञेयं क्षेत्रं मङ्गोलदेशकम् ॥१३७॥

१३७. मङ्गोल देश का क्षेत्रफल ६०४००० मील है ।

लक्षं द्वादशकं चैव जनसंख्येति विश्रुतिः ।
त्रिंशल्लक्षमिता संख्या मंगोलानां हि विष्टपे ॥१३८॥

१३८. वहाँ उनकी जन संख्या १२,००,००० (लगभग बारह लाख) है । संसार में मंगोलों की संख्या तीस लाख है ।

तथा षोडशलक्षाणां सहस्राणां च विंशतिः ।
चीने मङ्गोलजातीयाः संख्यया निवसन्ति च ॥१३९॥

१३९. सोलह लाख बीस हजार मंगोल जाति चीन में निवास करती है ।

लिप्यावुइगुर-तुर्काख्ये तत्र देशे पुरा स्थिते ।
आत्मनीना लिपिर्नासीन्मंगोलानां महीतले ॥१४०॥

१४०. उस देश में उइघुर एवं तुर्क लिपि प्रचलित थी, पृथ्वी पर मंगोलों की अपनी कोई लिपि नहीं थी ।

खीस्तेसहस्रद्विशते द्वासप्तत्युत्तरे तथा ।
लिपिरंगीकृता तैस्तु पसिया नरपुंगवैः ॥१४१॥

१४१. उन नरपुंगवों ने सन् १२७२ ई० पश्चात् 'पसिया' लिपि स्वीकार की थी।

आधारीकृत्य भोटानां लिपिः सा पसियाऽभवत्।
दशवर्षोत्तरेखीस्ते सहस्रे त्रिशते तथा ॥१४२॥

१४२. 'पसिया' लिपि भोट (तिब्बती) लिपि के आधार पर बनी थी। तेरह सौ दश (सन् १३१० ई०) में—

भोट्-उइगुर संमिश्राऽऽविष्कृता गलिका लिपिः ।
ऊनपञ्चाशदधिके सहस्रे खीस्तवत्सरे ॥१४३॥

१४३. भोट एवं उइघुर लिपि के आधार पर 'गलिका' लिपि विकसित की गयी। सन् १९४९ ई० में—

शते च नवके तैस्तु स्वीकृता लिपिरन्यतः ।
बुर्यत् शाखापि भाषाया मंगोलायास्तथोत्तरे ॥१४४॥

१४४. उन लोगों ने अन्यत्र की लिपि स्वीकार की। मंगोल भाषा की बुर्यत शाखा उत्तर में—

कल्मुकं पश्चिमेभागे पूर्वस्यां तंगुतं तथा ।
शरायाकूतखल्खाश्च भाषा हि प्रसरं गताः ॥१४५॥

१४५. तथा कलमुक पश्चिम भाग में तंगुत, शरा, याकूत तथा खल्खा भाषायें पूर्व में प्रसार प्राप्त की थी।

मंगोलाफगनीरूपा भाषा लुप्ता न लभ्यते ।
यूरालाल्ताइकौटुम्बा भाषा मंगोल जन्मनाम् ॥१४६॥

१४६. मंगोल-अफगान मिश्रित भाषा लुप्त हो गई। अप्राप्त है। मंगोल भाषा यूराल अल्ताई परिवार की है।

सम्पर्काद्रूसचीनानां वाक्प्रभावेण भाविताम् ।
भाषां मंगोलजातीयां एतर्हि प्रवदन्तिताम् ॥१४७॥

१४७. इस समय मंगोल भाषा रूस चीन की भाषाओं से प्रभावित है।

तुर्क :

शक्त्यर्थकस्तुर्क शब्दः तुर्की भाषापिवर्त्तते ।
तत्तज्जानपदानां तु तुर्कः संज्ञा महीतले ॥१४८॥

१४८. तुर्क शब्द का अर्थ शक्ति होता है। तुर्की भाषा भी है। तत्-तत् देशीय जनों का तुर्क नाम भी भूतल पर प्रचलित है।

वृको हेम मुखः प्रोक्तः कलशोध्वजसंश्रितः ।
काश्मीराणां पुरावृत्तं तुर्कवीरैः प्रभावितम् ॥१४९॥

१४९. उनके ध्वज का कलश स्वर्ण मुख वृक था। तुर्क वीरों ने काश्मीर के प्राचीन इतिवृत्त को प्रभावित किया है।

चीनप्राचीरसंरोधादाच कृष्णाख्यसागरात् ।
एशियाख्ये महाद्वीपे तु र्किस्थानस्य संस्थितिः ॥१५०॥

१५०. चीन की दीवाल से कृष्ण सागर पर्यन्त, एशिया नामक महाद्वीप में तुर्किस्तान स्थित है।

तुर्किस्थानस्य पूर्वस्यां स्थितं मङ्गोलमण्डलम् ।
पश्चिमे काश्यपसरो याम्ये भारत-तिब्बतौ ॥१५१॥

१५१. तुर्किस्तान (तुरुष्क देश) के पूर्व में मंगोल मण्डल स्थित है। पश्चिम में काश्यपसर, दक्षिण में भारत और तिब्बत हैं।

उत्तरायामथाशायां संस्थितः साइबेरिया ।
सीमेयं तुर्कदेशस्य प्रोक्ता भूगोलकोविदैः ॥१५२॥

१५२. उत्तर में साइबेरिया है। भूगोल वेत्ताओं ने इसे ही तुर्क (तुरुष्क) देश की सीमा कही है।

तुर्का राजतरङ्गिण्यां स्मर्यमाणा मुहुर्मुहुः ।
साम्राज्यं स्थापितं तैस्तु कघनोपाधिभूषितैः ॥१५३॥

१५३. तुर्कों (तुरुष्कों) का राजतरंगिणी में बार-बार उल्लेख किया गया है। कघन उपाधि से विभूषित उन लोगों ने साम्राज्य स्थापित किया था।

तुरुष्क (तुर्क) भूखण्ड :

पश्चिमं भागकं रूसे पूर्वं चीनोदरेगतं ।
याम्येऽफगानसंस्थानं साम्प्रतं तत्त्रिधामतम् ॥१५४॥

१५४. रूसी भाग-पश्चिमी, चीनी भाग पूर्वी तथा दक्षिणी भाग अफगानी (तुर्किस्तान) कहा जाता है।

यूगोस्लाव-रूस-चीन कब्रिसा-बलगेरिया ।
ईरानेषु तुर्कजाताः संख्यया दशकोटयः ॥१५५॥

१५५. यूगोस्लाविया, रूस, चीन, कब्रिस, वलगेरिया, ईरान देशों में दस करोड़ तुर्क स्थित हैं।

तुर्काः द्विशतवर्षात् प्राक् खीस्ताद्दास्यकवृतयः ।
नानावर्गविनिष्पन्नाश्चीनतश्चोत्तरे स्थिताः ॥१५६॥

१५६. ईशा से दो सौ वर्ष पूर्व तुर्कों के विभिन्न वर्ग चीन के उत्तर लूट पाट किया करते थे।

ख्रीस्तस्य षष्ठशतके तुर्कजातिजनैश्चतैः ।
पूर्वमध्येशिया क्रूरैर्व्याप्ता युद्धविशारदैः ॥१५७॥

१५७. छठीं शताब्दी में युद्ध विशारद क्रूर तुर्कजन पूर्व मध्येशिया में व्याप्त हो गये ।

तुमैनोनामकस्तुर्कः कघनोपाधिभूषितः ।
चीनस्योत्तरसीमान्तमा च कृष्णमहार्णवात् ॥१५८॥

१५८. कघन उपाधि से विभूषित तुमैंनो नामक तुर्क ने चीन की उत्तरी सीमासे कृष्ण सागर पर्यन्त—

साम्राज्यमकरोद्धीमान् विशाल-बलपूरितम् ।
तुमैनोनृपतेर्बन्धुरीस्तमीसंज्ञको बली ॥१५९॥

१५९. सबल साम्राज्य स्थापित किया था। तुमैंन नृपति का भाई ईस्तमी महान् बली था।

पश्चिमाशां विनिर्जित्य शशास जगतीतलम् ।
उत्तरे पश्चिमे राज्यद्वयं चीनैः समीरितम् ॥१६०॥

१६०. उसने पश्चिम दिशा को जीतकर—पृथ्वीपर शासन किया। चीनी (उन्हें) उत्तरी एवं पश्चिमी (तुर्कों का) राज्य कहते थे।

पश्चिमैस्तुर्कजैः पूज्यास्तुर्गेश-जनजातयः ।
उपाधिं नाम खाकानं धृतवन्तो महाबलाः ॥१६१॥

१६१. तुर्गेश जन जाति पश्चिमी तुर्कों की पूज्य थी। उन वीरों ने खाकान नामक उपाधि धारण की थी।

अरबैर्विजितास्सर्वे तुर्क्काः स्वाधीनतां जहुः ।
व्यतीते कतिचित्काले धर्मेणेस्लामतां गताः ॥१६२॥

१६२. अरबों से पराजित, सब तुर्कों ने स्वाधीनता त्याग दी। कुछ समय बीतने पर, वे इस्लाम धर्म स्वीकार कर लिये।

सहस्रैकशते ख्रीस्ते तुर्कः कश्चित्समुत्थितः ।
सुन्नीधर्मानुयायी सेल्जुक् विन्दक्काकनामकः ॥१६३॥

१६३. ग्यारहवीं शताब्दी में सेल्जुक विन दक्काक नामक सुन्नी धर्मानुयायी, किसी शक्तिशाली तुर्क ने—

सत्तां सेलजुकीयां सः स्थापयामास भूतले ।
वेगो तुगरलस्तस्य पौत्रो युद्धविशारदः ॥१६४॥

१६४. भूतल पर सेलजुकीय सत्ता स्थापित किया था। उसके पौत्र युद्ध विशारद तुगरुल वेग ने—

आमूह्रदं पराक्रम्य खुरासानमथाग्रहीत् ।
पितामहस्य सत्ताया विस्तारमकरोत्पुरा ॥१६५॥

१६५. (वक्षु अथवा ओक्सम नदी) आमू पार कर खुरासान को अधिकृत कर लिया था। इस प्रकार पितामह के सत्ता का विस्तार किया।

एकादशशते ख्रीस्ते सप्तपञ्चाशदुत्तरे ।
खारिज्मशाहहस्तेन सेल्जूकास्ते पराजिताः ॥१६६॥

१६६. सन् ११५७ में खारिज्म शाह के हाथ सेल्जुक पराजित हो गये।

सेल्जुकीयास्त्रयोदशख्रीस्ताब्दे तु पुनस्तदा ।
वीरमंगोलचंगेजखानेनापि विमर्दिताः ॥१६७॥

१६७. तेरहवीं शदी में पुनः वीर मंगोल चंगेज खान द्वारा भी सेल्जुकीय पराजित किये गये।

तुर्क जाति :

क्षत्रिया इव ते शूरा अस्वारोहास्तुरुष्ककाः ।
हंगरीमंडलं व्याप्ताः कम्पमानं मुहुर्मुहुः ॥१६८॥

१६८. भारतीय क्षत्रियों के समान, वीर अश्वारोहो तुर्क हंगरी मण्डल में आकर व्याप्त हो गये।

यूरालपर्वतश्रेणी लंघिता युद्धकोविदैः ।
तुरुष्कैर्मण्डलं व्याप्तं रणरङ्गविशारदैः ॥१६९॥

१६९. युद्ध कला प्रवीण तुर्क यूराल पर्वत श्रेणी को लांघकर, (हंगरी) मण्डल में फैल गये।

कश्चिन्नोवारखानोऽसाववराणां पुरोगमः ।
पादचारं प्रकुर्वाणः कुटीरं परितो यदा ॥१७०॥

१७०. अवरों का नेता नोवार खान कुटीर (खेमा) के चारों ओर, जब (पाद चार) परिक्रमा करता था—

नियुक्तैः पुरुषैस्तत्र वारं वारं प्रणम्यते ।
संज्ञा जुअन्-जुआनपि तुर्काणामिह कथ्यते ॥१७१॥

१७१. उस समय अधिकारी पुरुष, उसे बार-बार प्रणाम करते थे। तुर्कों को लोग जुअन-जुअन (अवर) भी कहते थे।

गोवीमरावुत्तरायां शते पंचमख्रीस्तके ।
मुख्या जुअन् जुआनानां निवसन्ति महीतले ॥१७२॥

१७२. सन् ५०० ई० में पृथ्वी पर प्रमुख जुअन-जुआन जन गोवी मरुस्थल के उत्तर निवास करते थे।

सर्वे मंगोलवाचस्ते सर्वे खानपुरोगमाः ।
बलिना चार्ल्समैनेन अवरा ध्वंसमापिताः ।।१७३।।

१७३. वे सब मंगोल भाषा भाषी थे । उनका नेता खान उपाधि धारण करता था । चार्ल्स मैन ने अवरों का विनाश कर दिया था ।

व्यवहारा :

शस्त्राणि गोचराभूमिरश्वानामपि संहतिः ।
तासां वै जनजातीनां कुल-गोत्राणि सन्ततिः ।।१७४।।

१७४. उन जन जातियों की आवश्यकताएं शस्त्र, गोचर भूमि, अश्वों का संग्रह, कुल गोत्र, सन्तान आदि थे ।

वीराः शिशुप्रिया मांसभोजना दीर्घजीविनः ।
श्वाखूनां पालनकराः तच्चर्मवसना अपि ।।१७५।।

१७५. वे वीर, शिशु प्रेमी, मांसभोजी, दीर्घजीवी, श्वानों एवं मूषकों के पालक थे । चर्म का वस्त्र धारण करते थे ।

वडवाक्षीरमद्यस्य सेविनस्ते विलक्षणाः ।
समृद्धिः पादकटकैर्लौहैरेव विनिश्चिताः ।।१७६।।

१७६. वे विलक्षण लोग अश्वाक्षीर का मद्यपान करते थे। उनकी समृद्धि लौह पादक कटक से आंकी जाती थी ।

नार्यो विवाहिताः सर्वाः वोकटकमधारयन् ।
शिरोभागे तदेवैवं सौभाग्यपरलक्षणम् ।।१७७।।

१७७. सभी विवाहित नारियां, सिर पर वोकट धारण करती थी । वही उनके सौभाग्य का चिन्ह (सूचक) था ।

सदाचारविशेषेण सर्वथा तेऽनुशासिताः ।
परम्परा स्वयं तेषां नैजी जीवनपद्धतिः ।।१७८।।

१७८. वे सदाचार विशेष से अनुशासित थे । अपनी परम्परा ही, उनकी अपनी जीवन पद्धति थी ।

मानवा एव ते सर्वे कामक्रोधभयादिभिः ।
राग-विद्वेष-संघर्ष-प्रेम-शान्त्यादिभिर्युताः ।।१७९।।

१७९. वे सब मनुष्य काम, क्रोध, भय, राग, द्वेष, संघर्ष-प्रेम, शान्ति आदि से युक्त थे।

परस्त्रीगमने प्राप्ते प्राणदण्डेन शोधनम् ।
गाथा गीतं पुरावृत्तं सर्वं तेषां व्यवस्थितम् ।।१८०।।

१८०. पर स्त्री गमन के लिये प्राण दण्ड का विधान था । गाथा, गीत, इतिहास सब कुछ उनका व्यवस्थित था ।

अग्नीनुत्पादयन्तिस्म पशुपक्षिमृगामिषम् ।
भुञ्जते पाचयित्वा ते शरैराखेटजीविनः ॥१८१॥

१८१. वे अग्नि उत्पन्न करते थे। पशुओं, पक्षियों एवं मृगों (अन्य जंगली पशुओं) का मांस पकाकर खाते थे। बाणों (अस्त्र-शस्त्रों) से शिकार करते थे।

नमदानां गृहास्तेषां काष्ठाधारेण निर्मिताः ।
संयुता रज्जुबन्धैस्ते शोभन्ते हर्म्यसन्निभाः ॥१८२॥

१८२. उनके नमदों के गृह, काष्ठ के आधार पर, निर्मित होते थे। रस्सियों से बंधे, वे हर्म्य सदृश शोभित होते थे।

शकटैर्नीयते तेषां कुटुम्बाभरणादिकं ।
नमदा चर्महर्म्यञ्च वेष्टायित्वा प्रणीयते ॥१८३॥

१८३. कुटुम्ब, आभरण आदि, तथा नमदा, चर्म-हर्म्य वेष्टित कर, उसे शकट पर ले जाते थे।

यायावराश्च ते सर्वे प्रमादरहितास्सदा ।
खड्गबद्धाः सुरक्षन्ति कुलानि परितस्तथा ॥१८४॥

१८४. प्रमाद रहित, वे यायावर थे। खड्ग वद्ध होकर सब ओर से कुल की रक्षा करते थे।

जात्यन्तरगतिज्ञानं नव्यगोचरशोधनम् ।
वृक्षैर्मार्गपरिज्ञानं भूभागानां गवेषणा ॥१८५॥

१८५. वे अन्य जातियों का ज्ञान रखते थे। नवीन गोचर भूमि का अन्वेषण, वृक्षों से मार्ग का ज्ञान तथा भूभाग की गवेषणा करते थे।

नाभून्मुद्रा प्रचारोऽथ वस्तुभिर्व्यवहारणा ।
वन्यास्ते सैन्यवेशाश्च खड्गबाणधनुर्धराः ॥१८६॥

१८६. वे वनेचर, सैन्यवेषी एवं खड्ग धनुर्वाण धारी थे। उनमें मुद्रा का प्रचार नहीं था। वस्तुओं से व्यवहार (विनिमय) करते थे।

धर्म एवं उपासना

आकाशे संस्थिता काचित्तंगेरी नाम देवता ।
पूज्यते सर्वदातैश्च नो कृता देवतालयाः ॥१८७॥

१८७. वे आकाशस्थ तंगेरी नामक किसी देवता की पूजा करते थे। उन लोगों ने देवालय स्थापित नहीं किया।

पादटिप्पणी :

नमदा : फारसी शब्द है। तुर्किस्तान, इरान, भारत, अफगानिस्तान में यही शब्द प्रचलित है। भारत में काश्मीर में नमदों का उत्पादन होता है। शीत प्रधान देश में इसका उपयोग होता है। ऊन को जमाकर यह बनाया जाता है। यह पश्म या ऊन का मोटा जमाया बैठने, बिछाने, तथा तम्बू बनाने के काम में आता है। यहमुलायम बालों का होता है। कम्बल ऊन का सूत बनाकर बीना जाता है। नमदा का ऊन जमाया जाता है।

शवस्थानस्य चर्यन्ते तुर्कैः सप्तपरिक्रमाः
मृत्यौ शोकेन क्रन्दन्तो व्रणयन्ति मुहुर्मुहुः ।
मुखप्रान्ते क्षुरीभिस्ते रक्ताश्रुपूरिताननाः ।।१८८।।

१८८. तुर्क शव स्थान की सात बार परिक्रमा करते थे। मृत्यु पर वे शोक से क्रन्दन करते थे। क्षुरिका से बार-बार मुख पर व्रण कर लेते थे। इस प्रकार रक्ताश्रुओं से उनका मुख परिपूर्ण हो जाता था।

भूमौ निखन्यमानानां स्तम्भानामूर्ध्वभागके ।
मेषस्याश्वस्य वा मांसं कव्यत्वेन निधीयते ।।१८९।।

१८९. भूमि में गाड़े गये स्तम्भ के ऊपर, मेष अथवा अश्व का मांस कव्य (बलि) रूप में रखते थे।

पितॄणां तृप्तिकामैस्तैः पितृतर्पणतत्परैः ।
मांसेन बलिकर्माणि व्यधीयन्त तुरुष्कजैः ।।१९०।।

१९०. पितरों के तर्पण के लिये तत्पर तुर्क, पितरों की तृप्ति कामना से मांस द्वारा बलि कर्म सम्पन्न करते थे।

आकृतिं मानवीयां च नमदाचर्मनिर्मितां ।
संस्थाप्य शकटेयान्ति कुटुम्बपरिवारिताः ।।१९१।।

१९१. कुटुम्ब सहित वे लोग नमदा चर्म निर्मित, मानव आकृति शकट पर स्थापित कर, यात्रा करते थे।

तुर्क भाषा : **तुरुष्काणां तु या भाषा, अल्तायीवर्गमाश्रिता ।**
सा यूरालाल्ताइकुले निश्चिता शब्दवेदिभिः ।।१९२।।

१९२. तुर्कभाषा अल्ताई वर्ग की है। इसे शब्दविद् विद्वानों ने यूराल अल्ताई परिवार में निश्चित किया है।

चुवस् वशकिर् किरगीजा जनभाषाः प्रकीर्तिताः ।
सुरियानी लिपिर्लेखे तुरुष्कैस्तैः प्रयुज्यते ।।१९३।।

१९३. चुवस्, वशकिर्, किरगीज नाम की बोलियां प्रचलित थी। तुरुष्क लोग लेख में सुरियानी लिपि का प्रयोग करते थे।

साम्प्रतं वोलगापार्श्वे तुर्कभाषा प्रयुज्यते ।
आस्त्राखानात्तु क़ाजानं क्रीमिया मण्डले तथा ।।१९४।।

१९४. उस समय बोलगा महानद के पास तुर्क-भाषा प्रयुक्त होती थी। अस्त्राखान से क़ाजान तक तथा क्रीमिया मण्डल में—

साइबेरियाख्यप्रान्तेऽपि तुर्कभाषा प्रयुज्यते ।
तद्भाषाभाषिणां संख्या वेदभूलक्षसम्मिता ।।१९५।।

१९५. —एवं साइबेरिया प्रान्त में भी तुर्क भाषा का प्रयोग किया जाता है। तुर्क भाषियों को संख्या चौदह लाख है।

ओत्तोमन् ओस्मनालीवा भाषा दक्षिणतः स्थिता ।
तुर्कभाषाऽभिधानेन साम्प्रतं परिचीयते ।।१९६।।

१९६. दक्षिण में स्थित ओत्तोमन् अथवा ओस्मनाली जन-भाषा इस समय तुर्क भाषा के नाम से जानी जाती है।

यारकन्दोजबेके च काशगरिति संज्ञिताः ।
केन्द्रभागे प्रयुज्यन्ते तत्प्रदेशनिवासिभिः ।।१९७।।

१९७. केन्द्रभाग में उस प्रदेश के लोग यारकन्द, उजबेक एवं काशगरी नामक बोलियों का प्रयोग करते हैं।

पूर्वस्यां तु प्रयुज्यन्ते करगस्सी तुरुष्कजैः ।
अवाकन्नालताई चेत्येवमाद्या गिरः क्रमात् ।।१९८।।

१९८. तुर्क के पूर्व में तुर्क लोग करगस्सी, अवाकन् एवं अल्ताई बोलियों का प्रयोग करते हैं।

मोहम्ममतं यस्मात्तुरुष्कैः स्वीकृतं पुरा ।
तद्भाषायां पारसीकारब्योरस्ति प्रतिच्छविः ।।१९९।।

१९९. पहले तुर्कों ने इस्लाम धर्म स्वीकार किया था अतएव उनकी भाषा में फारसी तथा अरबी भाषा प्रतिबिम्बित होती है।

तुरुष्ककाव्यसाहित्यं प्राचीनं वर्त्तते ध्रुवम् ।
इस्लामस्य प्रभावोऽयं दृश्यते कालमानतः ।।२००।।

२००. तुर्की भाषा का काव्य-साहित्य निश्चय ही प्राचीन है। समयानुसार इसपर इस्लाम का प्रभाव दृष्टिगोचर होता है।

भारतस्य तु यः सम्राट् बाबरख्यो महीपतिः ।
तेन संस्मरणं प्रोक्तं तजुकबाबरि नामकम् ।।२०१।।

२०१. भारत के सम्राट् बाबर ने 'तजुक बाबरी' नामक अपना संस्मरण लिखा है।

भाषा तस्य च ग्रन्थस्य तुरुष्कैव विराजते ।
इस्लामस्य प्रभावोऽयं दृश्यते नात्रसंशयः ।।२०२।।

२०२. उस ग्रन्थ की भाषा तुर्क भाषा तुल्य है। निःसन्देह यह इस्लाम का प्रभाव है।

वाणी तुरुष्किकाख्याता बाणाग्निजनभाषया ।
चतुष्कोटिमितास्तस्या वक्तारः सन्ति भूतले ॥२०३॥

२०३. तुरुष्क भाषा में पैंतीस जन भाषायें (बोलियां) हैं। उसके बोलने वालों की संख्या भूतल पर चार करोड़ है।

तुरुष्कराष्ट्रवादस्य प्रभावो वर्धितोऽभवत् ।
शब्दा अरब्बभाषायास्तुर्कैर्निष्कासितोऽधुनाः ॥२०४॥

२०४. (इस समय) तुर्कों में राष्ट्रवाद का प्रभाव बढ़ा है। उन लोगों ने अरबी भाषा के शब्दों को निकाल दिया है।

चर्मणां परिधानानि पाशुपाल्येन वर्त्तनम् ।
विवाहे चाश्वदादानि पाशकक्रीडने रतिः ॥२०५॥

२०५. तुर्कजन चर्मनिर्मित वस्त्र धारण करते थे। पशुपालन उनकी जीविका थी। विवाह में अश्व प्रदान करते थे। पाश क्रीडा के प्रेमी होते थे।

वडवाक्षीरजं मद्यं कूमिशाख्यं तुरुष्ककैः ।
पीयतेऽनुदिनं प्रेम्णा युद्धविद्याविशारदैः ॥२०६॥

२०६. युद्ध विद्या में पारंगत, तुर्क लोग प्रतिदिन प्रेम पूर्वक अश्वा (घोड़ी) के दूध से बना कूमिश नामक मद्य पान करते थे।

अंगनाश्च तुरुकाणां सुन्दरायतलोचनाः ।
पादकन्दुकखेलाभिर्विहरन्ति परस्परम् ॥२०७॥

२०७. सुन्दर एवं आयत लोचनी, तुरुष्क रमणियां परस्पर पादकन्दुक खेलती थी।

शवानां दाहखननेचोभे प्रचलिते तदा ।
सञ्चीयन्ते दृषात्खण्डा हतपूरुषसंख्यया ॥२०८॥

२०८. उस समय शवों को जलाने एवं गाड़ने की दोनों प्रथाएँ प्रचलित थी। मृतक अपने जीवन में जितने लोगों की हत्या करता था, उसकी कब्र पर उतने ही पत्थर रखे जाते थे।

चिंगेज की वंशावली

इतिहासो मंगोलानां गाथारुपोऽभवत्पुरा ।
मूलपुरुषो प्राचीनो नाम्नावोरेद् चिनोतथा ॥२०९॥

२०९. मंगोलों का पुराकालीन इतिहास गाथामय है। उनका प्राचीन मूल पुरुष वोरेट चिनो था।

तस्य पुत्रोऽभवत्कश्चित् बतचीखाननामकः ।
तत्पुत्रो नमचा खानः तस्याप्येकः सुतो गुणी ॥२१०॥

२१०. उसका पुत्र बतचीखान हुआ। उसका पुत्र नमचाखान था। उसका भी एक गुणीपुत्र—

खोरीचरश्च तत्पुत्रोऽप्येक एवाभवत्पुरा ।
ओजनबोरोयूलनामा तत्पुत्रोऽप्येक एव वा ॥२११॥

२११. खोरीचर हुआ। उसे औजन बोरौयूल नामक एक पुत्र था। उसका एकमात्र पुत्र—

सलीखचाऊ तत्पुत्रो नीदून् नामातिविश्रुतः ।
नीदूनसुतसामसोची तत्सुतोऽप्यतिविश्रुतः ॥२१२॥

२१२. सलीखचाऊ था। उसका पुत्र एकेनीदून प्रसिद्ध हुआ। नीदून का पुत्र सामसोची था। उसका भी पुत्र—

नाम्ना खरेचू तत्पुत्रो बोर्जी बहुगुणोमतः ।
मोगंकोल्जिननाम्नाऽपि स एव प्रथितोऽभवत् ॥२१३॥

२१३. खरेचू था। उसका पुत्र वोर्जी गिदाई बहुत गुणवान् था। वही मोगंकोल्जिन नाम से भी प्रख्यात हुआ।

तोरोखोल्जिनस्तत्सुतोऽभूद् दुवा-अन्धोऽभवत्ततः ।
गुणी दोवुनसंज्ञश्च तत्सुतौजनविश्रुतौ ॥२१४॥

२१४. उसका पुत्र तोरोखोल्जिन हुआ। उससे दुवा अन्ध एवं गुणवान् दोबुन नामक लोक प्रसिद्ध पुत्र हुये।

बुगुन बेलगुन् चैव ताई संज्ञयाऽथ विभूषितौः ।
तयोराद्येन शाखाऽभूत् बुगुनता जातिनामिका ॥२१५॥

२१५. दो गुनके बुगुन ताई तथा बेलगुनताई नामक दो पुत्र हुए। उन दोनों में प्रथम बुगुनताई से बुगुनताई नाम की जनजाति शाखा उत्पन्न हुई।

द्वितीयेन बेलगुनताशाखा प्रचलिता पुरा ।
दुवान्धस्य सुता जाताश्चत्वारो वंशवर्धनाः ॥२१६॥

२१६. द्वितीय बेलगुनताई से बेलगुनताई नाम की शाखा प्रचलित हुई। दुआ अन्ध के चार पुत्र वंश का विस्तार करने वाले हुए।

तेभ्य एव दुखेनाख्या जनजातिः समुद्गता ।
उरियनगकज्जनस्तत्सुतो वंशवर्धनः ॥२१७॥

२१७. उन्हीं से दुखेन नामक जनजाति पैदा हुई। उसका पुत्र उरियनगकज्जन (बोदोनचर) वंशवर्धनकारी हुआ।

वदन्ति केचिद् अलनं संज्ञयाऽलान्कुवाभिधम् ।
वोदोनचरं बुरुजखाननामान्तरधरं जनाः ॥२१८॥

२१८. कुछ लोग अलनका अलानकुवा तथा बोदोनचर का बुरुजखान नाम भी कहते हैं ।

बादोनचराज्जबुरदाई ततो जौरतजातयः ।
वादोनछरपुत्रस्तु खबीची नाम विश्रुतः ॥२१९॥

२१९. बादोनछर से जबुरदाई तथा जबुरदाई से जौरत जनजातियां हुई । वादोनछर का प्रसिद्ध पुत्र खबोची बअतुर (बहादुर) था ।

तत्सुतश्चाभवन्मेनेन् तस्मात्खाछी खुलुक् तथा ।
खैदूखानोऽभवत्तस्मात् वेंशिगकोरस्ततस्तथा ॥२२०॥

२२०. उसका पुत्र मेनेन (तुदुन) हुआ । उससे खाछी खुलुक हुआ । उससे खैदू (कैदू) खान तथा उससे वेंशिगकोर हुआ ।

तस्मात्सुतस्तुम्बिनाई तत्सुतः खाबुलोऽभवत् ।
तस्मादभूच्चबातुरो बरतनाख्यः पराक्रमी ॥२२१॥

२२१. उसका पुत्र तुम्बिनाई था । उसका पुत्र खाबुल हुआ । उससे पराक्रमी बरतन ब अतुर हुआ ।

कुनकू मुन्गर खतुलः खुलनः खडउ च खाडेनः ।
तोदौछिगिनश्चैते सप्ताऽऽसन् भ्रातरस्तस्य ॥२२२॥

२२२. उसके कुनकू, मुनग्गर, खतुल, खुलन, खडऊ, खाडेन तोदोछिगिन नामक सात भाई थे ।

ओकेनबरककसुतः कुत्कुतू यूरकी तथा ।
तत्पुत्रौ रुसचोबेकी तेचू नाम विभूषितौ ॥२२३॥

२२३. ओकेनबरकक का पुत्र कुत्कुतू यूरकी था । उसके दो पुत्र रुसचबेकी एवं तेचू नाम से विभूषित थे ।

तेभ्यः समुद्गता जातिर्जुरकिनाख्या महीतले ।
वरतन्-बहादुरस्यापि चत्वारः सूनवोऽभवन् ॥२२४॥

२२४. उनसे भूतलपर जुरकिन नाम की जनजाति की उत्पत्ति हुई । बरतन बहादुर के चार पुत्र हुये ।

मेनगेनकियन् नोकुन् तज्जीति ते त्रयस्तथा ।
येसूगी बातुरश्चैव ओञ्छिगिन् दरिताइ च ॥२२५॥

२२५. मेनगेन् कियन्, नीकुनतज्जी, येसूगी ब-अतुरो, दरिताई ओन् छिगिन उनके नाम थे ।

एतेषां वीरवर्य्याणां वंशक्रमोऽतिविस्तृतः ।
कुत्कुतू मुनगुरपुत्रोबुरीबाकीऽत्र विश्रुतः ॥२२६॥

२२६. इन वीरवरों की वंश परम्परा अतिविस्तृत है। इसमें कुत्कुतू मुनग्गुर का पुत्र बुरीबाक प्रसिद्ध हुआ ।

जोची-गिमाऊ-अलतन् नामानस्त्रय एव च ।
पुत्राः खुतुलाखानस्याभवन् नाम्ना महीतले ॥२२७॥

२२७ खतुलाखान के तीन पुत्र जोची, गिमाऊ एवं अलतन नाम से भूतल पर प्रख्यात हुए ।

यस्तु पुत्रोऽभवद्वीरवर्त्तनस्य च नीकुनः ।
तत्सुतो नाम खुचरः तुर्कवंशप्रतायनः ॥२२८॥

२२८. बरतन के पुत्र नीकुन का पुत्र खुचर था । जिसने तुर्क वंश का विस्तार किया ।

येसुगी होइलुनयोर्विवाहः समपद्यत् ।
ताभ्यां पुत्रास्त्रयोऽभूवन्नेका कन्या तथैव ॥२२९॥

२२९. येसुगी का विवाह होइलून से हुआ था । उन दोनों से तीन पुत्र एवं एक कन्या उत्पन्न हुई थी ।

चिङ्गेजखानः कसरखछीउन् तेमुगस्तथा ।
ओत्छिगिन्निति विख्याता तेमुलिन् कन्यकाऽभवत् ॥२३०॥

२३०. पुत्रों के नाम चिंगेजखान, कसरखाछीउन, तेमुगा एवं ओत्छिगिन था । कन्या का नाम तेमुलिन् था ।

चिङ्गेजखान :

खाबुलाख्यस्तु यः खानस्त्वासन्नमरणस्थितौ ।
अम्बाखायीति नामानं खानस्थानेऽभिषिक्तवान् ॥२३१॥

२३१. खाबुलाखान ने मृत्यु आसन्न होने के समय अम्बाखायी खान के स्थान पर अभिषिक्त कर दिया ।

खाबुलस्य तु ये पुत्राः सप्तासन् स्वल्पकायुषः ।
ते नाऽभ्यनन्दन् तत्कर्मविरुद्धाशयधारिणाः ॥२३२॥

२३२. खाबुल के सात बाल पुत्र उसके इस कार्य के विरुद्ध थे । उन्होंने इसका समर्थन नहीं किया ।

अम्बाखयी नयज्ञोऽसौ निजशक्तिविवृद्धये ।
राजसुनुं स तातारं कन्यार्थेकृतवान् हृदा ॥२३३॥

२३३. नीतिज्ञ अम्बाखायी ने अपनी शक्ति बढ़ाने की कामना से अपनी कन्या के लिये तातार नामक जनजाति के राजपुत्र को प्रसन्नतापूर्वक वरण कर लिया ।

तातारनदभूभागे जनजातिरुवास या ।
तस्या नाम तु तातारस्तत्सम्बन्धोऽभवत्पुरा ।।२३४।।

२३४. तातारनद के भूभाग पर जो जनजाति रहती थी, उसका नाम तातार था । पुराकाल में उसका सम्बन्ध—

तुर्केऽभ्योऽप्यधिकं सार्धं मङ्गोलकुलसम्भवैः ।
तातारेभ्यः प्रदानाय स्वां कन्यां नीतवान् यदा ।।२३५।।

२३५. तुर्कों की अपेक्षा मंगोल कुलोत्पन्न लोगों के साथ अधिक हुआ । तातारों को प्रदान करने के लिये जब वह अपनी कन्या ले गया—

अम्बाखायीं नीतवन्तस्तातारािश्चनभूपतेः ।
पार्श्वं तत्रैव स हतः काल दुर्भाग्यकारणम् ।।२३६।।

२३६. उसी समय तातार अम्बाखायी को बन्दो बनाकर, चिन भूपति के पास ले गये । वहीं पर काल दुर्भाग्यवश वह मार डाला गया ।

मृत्युपूर्वं स सन्देशं मंगोलेभ्यः प्रदत्तवान् ।
खानोऽस्म्यहं मंगोलानां प्रतिशोधो विधीयताम् ।।२३७।।

२३७. उसने मृत्यु के पूर्व मंगोलों को सन्देश दिया—"मैं मंगोलों का खान हूँ (तातारों से) बदला लेना ।"

सन्देशं प्राप्तवान् वीरः खुतुला खां मंगोलकः ।
आसीत् स पुत्रो वीरस्य खाबुलस्य च विश्रुतः ।।२३८।।

२३८. वह सन्देश वीर खाबुल खां के प्रसिद्ध पुत्र खुतुला (कुतुल) खान मंगोल को प्राप्त हुआ ।

ओनोन्-कोरीकोनाख्य-नद्योः सङ्गमसन्निधौ ।
कुतुलखां नायकपदे पर्यवस्थापितो जनैः ।।२३९।।

२३९. ओनोन एवं कोरीकोन नदियों के संगम के समीप लोगों ने कुतुल खान को नायक पद पर प्रतिष्ठित किया ।

ततः समभवद् युद्धं तातारणां मंगोलकैः ।
सर्वेष्वेवाहवेष्वासीत् कुतुलस्य पराजयः ।।२४०।।

२४०. उसी समय से तातारों एवं मंगोलों में युद्ध होता रहा । सभी युद्धों में कुतुल की पराजय हुई ।

अन्तिमः सोऽभवत् खानः येन युद्धं प्रचालितम् ।
युद्धे पराजिताः सर्वे मंगोलास्ते व्यनीनशन् ।।२४१।।

२४१. वह (कुतुल) अन्तिम खान था, जिसने युद्ध प्रारम्भ किया था । युद्ध में पराजित सभी मंगोल नष्ट हो गये ।

एतेषु चैव युद्धेषु शिष्टो वरतन्बहादुरः ।
योऽभवत्कुतुलाखान-भ्रातानिजकुलान्तिमः ॥२४२॥

२४२. इन युद्धों में केवल कुतुला (कुतुल) खान का भाई वरतन वहादुर शेष रह गया था, जो अपने कुल का अन्तिम व्यक्ति था ।

यदा वै कुतुलाखानो नेतुः पदमवाप्तवान् ।
येसूगी बातुरो वीरस्तस्य पार्श्वमुपागतः ॥२४३॥

२४३. जिस समय कुतुलखान ने नेता पद प्राप्त किया, उस समय येसूगी बहादुर उसके समीप उपस्थित था ।

एकदा स भ्रमन्नेकविंशतौ वयसि स्थितः ।
ओनोनतटमासाद्य शकटं दृष्टवांस्ततः ॥२४४॥

२४४. एक्कीस वर्ष की अवस्था में एक बार भ्रमण करते हुये, वह ओनोन नदी के तट पर पहुँचा और वहाँ उसने एक शकट (गाड़ी) देखा ।

अश्वारोहः सहैवासीद्रक्षकः शकटस्य यः ।
सोऽभून्मरकितो जात्या वेकालतटवासकृत् ॥२४५॥

२४५. उस शकट का रक्षक एक अश्वारोही साथ था । वह बेकाल तटवासी मरकित जन-जाति का था ।

सा जातिरपि मंगोलतुर्कयोर्मिश्रिताऽभवत् ।
स्थिता वसीनसेलंगास्थले वेकालपूर्वतः ॥२४६॥

२४६. वह जाति भी मंगोल तुर्क मिश्रित थी। वेकालसर के पूर्व सेलगा वसीन स्थल पर स्थित थी ।

स कुलीनो युवा वीरः सुन्दरः समदृश्यत ।
आवृतेशकटे तस्य भार्या परमसुन्दरी ॥२४७॥

२४७. वह युवक कुलीन, वीर एवं सुन्दर था। आवृत शकट में उसकी परम सुन्दरी भार्या थी ।

स्थानं तु निर्जनं वीक्ष्य सा निरावरणाऽभवत् ।
तां दृष्ट्वा येसुगी सद्यः परमो मोहितोऽभवत् ॥२४८॥

२४८. निर्जन स्थान देखकर, वह आवरण रहित हो गयी । उसे देखकर, येसुगी सद्यः परम मोहित हो गया ।

तामवाप्तुं मतिं कृत्वा बन्धुभ्यां सहसोबली ।
तरुणीं तां समाहर्तुं बलतः समचिन्तयत् ॥२४९॥

२४९. उस वीर ने अपने दो भइयों के साथ बलपूर्वक, उस स्त्री के अपहरण का विचार किया ।

चिलिदू तन्निषेधार्थमकरोत्करकम्पनम् ।
चिलीदूमथ सा प्राह होइलुन् वामलोचना ।।२५०।।

२५०. चिलिदू युवक ने उन्हें रोकने के लिये हाथ हिलाया। किन्तु वे रुके नहीं, उस समय सुनयनी होइलून ने चिलीदू से कहा—

रुदती सा प्रियं प्राह चिलीदुं स्वपतिं मुहुः ।
त्यज मां पाहि देहस्वं याहि त्वं सत्वरं वनात् ।।२५१।।

२५१. रोती हुई, वह पुनः अपने प्रियपति चिलीदु से बोली—'मुझे छोड़ो, अपने देह की रक्षा करो, वन से शीघ्र चले जाओ।

वह्व्यस्ते गजगामिन्यो रमण्यः सुलभाः प्रिय ।
कस्या अपि होइलून् नाम कृत्वा सुखीवस ।।२५२।।

२५२. 'हे प्रिय ! तुम्हें बहुत गजगामिनी रमणियां सुलभ हैं। किसी का भी होइलून नाम रखकर, सुखपूर्वक रहना।'

चिलीदू तां परित्यज्य शकटाश्वसमन्विताम् ।
वनात् पलायितः शीघ्रं स्वात्मनाशभयार्दितः ।।२५३।।

२५३. अपने विनाश के भय से पीड़ित, चिलीदू शकट एवं अश्व सहित, उसे त्यागकर, यथा शीघ्र वन से पलायित हो गया।

येसूगी परया प्रीत्या तां भार्यात्वेन्ययोजयत् ।
होईलूनस्यैव गर्भात् चिङ्गेजः समजायत ।।२५४।।

२५४. येसूगी ने अतिप्रसन्नता पूर्वक उसे भार्या बनाया। उसी होइलून के गर्भ से चिंगेज खां उत्पन्न हुआ।

हिन्दुरीत्येव मंगोलाः परगोत्रगतां स्त्रियम् ।
उद्वहन्ति स्म तेष्वाऽऽसीद् बहुपत्नोप्रथा पुरा ।।२५५।।

२५५. मंगोल हिन्दू रीति के समान, अन्य गोत्रोत्पन्न स्त्री से विवाह करते थे, उनमें पहले बहुपत्नी प्रथा थी।

ओल्कूनू ऊतगोत्रा सा हीइलूनाङ्गनावरा ।
श्वसुराज्ञानियोगेन समभूत्सहधर्मिणी ।।२५६।।

२५६. ओल्कूनू ऊत गोत्रोत्पन्ना, वह श्रेष्ठ स्त्री होइलून, येसुगी के पिता की अनुमति से उसकी सहधर्मिणी वन गई।

जन्मकालस्यघटनामवलम्ब्यैव कामपि ।
क्रियते नामकरणं मङ्गोलैरित्यभूत्क्रमः ।।२५७।।

२५७. मंगोल जन्मकाल की किसी घटना के आधार पर, नामकरण करते थे। यही उनका क्रम·था।

ते मुजिन् उगे बुकाखोरी नामानौ द्वावरीक्रमात् ।
वन्दीकृतौ च मंगोलैर्युद्धे तातारपक्षतः ॥२४८॥

२५८. मंगोलों ने युद्ध में तातार पक्ष के तेमुजिन तथा बुकाखोरी नामक दो शत्रुओं को बन्दी बना लिया था।

परावृत्य मुदा दृष्ट्वा सुखदं पुत्रजन्म तत् ।
येसूगी परया प्रीत्या तेमुजिन्संज्ञितंव्यधात् ॥२५९॥

२५९. लौटकर प्रसन्न येसुगी ने वह सुखद पुत्र जन्म देखकर, अतिप्रीति से उस शिशु का तेमुजिन नामकरण किया।

नवजातशिशोर्हस्ते मांसखण्डं विलोक्य तैः ।
वीरोऽयं भविता बालो दैवज्ञैरिति सूचितम् ॥२६०॥

२६०. नवजात शिशु के हाथ में मांस खण्ड देखकर—'यह भविष्य में वीर होगा' ऐसा दैवज्ञों ने सूचित किया।

नगषट्चन्द्रभूम्यब्दे जातश्चिङ्गेजसंज्ञकः ।
यत्प्रतापप्रभावेण धारणीदोलिताऽभवत् ॥२६१॥

२६१. ११६७ ई० वर्ष में चिङ्गेजखां उत्पन्न हुआ था, जिसके प्रताप प्रभाव से पृथ्वी दोलायमान हो उठी थी।

केचिद्वदन्ति जेघीसं चिंग्गिसं चेगिसं तथा ।
तुर्के तेंगीसशब्दस्तु पारावारस्य वाचकः ॥२६२॥

२६२. कतिपय लोग उसे जेघीस, चिंग्गिस तथा चेंगिस कहते हैं। तुर्क भाषा में तेंग्गिस शब्द का अर्थ पारावार (समुद्र) होता है।

वेकालनाम च सरो विख्यातं क्षितिमण्डले ।
तच्च मंगोलभाषायां तेंग्गिस इति चशब्द्यते ॥२६३॥

२६३. भूमण्डल पर वेकाल सर विख्यात है। उसे मंगोल भाषा में तेंग्गिस कहते हैं।

चंगेज का विवाह :

चिंगीजे नवमाब्दस्थे पिता तस्य विचारयन् ।
विवाहार्थं मतिं चक्रे ओलकूनतगोत्रके ॥२६४॥

२६४. चंगेज के पिता ने नववर्ष की अवस्था होने पर, उसका विवाह ओल्कूनत गोत्र में करने का विचार किया।

ओनागिरतशाखाया गोत्रमोल्कूनताभिधम् ।
पूर्वं मरुस्थलाद् गोव्या निवासो यस्य कीर्तितः ।।२६५।।

२६५. ओल्कूनत गोत्र ओनागिरत की एक शाखा थी, जिसका निवास गोवी मरुस्थल के पूर्व कहा गया है ।

येसूगी कतिचिद्वीरैः सर्वदा रक्ष्यते वृतः ।
तद्गोत्रे न तदा कोऽपि खानो निर्वाचितोऽभवत् ।।२६६।।

२६६. कुछ वीर सर्वदा येसूगी की रक्षा करते थे । उसके गोत्र में उस समय कोई खान नहीं निर्वाचित हुआ था ।

येसूगी सहपुत्रेण यात्रायां गतवांस्तदा ।
मध्ये मार्गं स्थितो दाई सेचेनस्य गृहे सुखम् ।।२६७।।

२६७. येसूगी पुत्र के साथ यात्रा पर निकला और मार्ग में (अपने सम्बन्धी) दाई सेचेंन के घर सुखपूर्वक ठहरा ।

सेचेन तु ओनगिरतां सामन्तोऽभून्महाबलः ।
यात्राकारणमाहासौ येसूगी तं विचक्षणम् ।।२६८।।

२६८. सेचेन ओनगिरत का बलशाली सामन्त (सरदार) था । उसने उस बुद्धिमान् से अपनी यात्रा का प्रयोजन कहा ।

तेमूजिनं विलोक्यासौ प्रहृष्टः सेचनोऽभवत् ।
तेजास्विनं सदुग्धास्थिचूषणप्रवणं पुरः ।।२६९।।

२६९. तेजस्वी, दुग्धयुक्त अस्थि चूसने में लगे, तेमुजिन की सामने देखकर, सेचेन प्रसन्न हो गया ।

स प्रोवाच मया स्वप्ने सूर्यचन्द्रलसत्करः ।
दृष्टः श्येनो निजे पाणौ सङ्केतः कोऽप्यसौशुभः ।।२७०।।

२७०. उसने कहा--'मैंने स्वप्न में सूर्य एवं चन्द्रमा को अपने एक-एक हाथ में लिये एक बाज को अपने हाथ पर स्थित देखा है । यह कोई शुभ संकेत है ।'

आत्मजा वरता तस्य शालीना सुन्दरी दशवार्षिकी ।
तया सह विवाहस्य निश्चयः समजायत ।।२७१।।

२७१. सेचेन की वरता नाम की एक सुन्दर दशवर्षीया कन्या थी । उसके साथ तेमुजिन के विवाह का निश्चय हो गया ।

परम्परा मंगोलेषु वरदानस्य शस्यते ।
यावदुद्वाहसंस्कारं वरः कन्या गृहे वसेत् ।।२७२।।

२७२. मंगोलों में यह प्रशस्त परम्परा थी कि वररक्षा (मंगनी) के पश्चात् विवाह पर्यन्त वर कन्या के घर निवास करे ।

त्यक्त्वा तेमुजिनं तत्र दाइसेचनसन्निधौ ।
अवधानाय चादिश्य येसूगी स्वगृहं ययौ ॥२७३॥

२७३. येसूगी वहाँ दाई सेचेन के पास तेमुजिन को छोड़कर तथा उस पर ध्यान देनेके लिये सावधान कर, अपने घर चला गया।

बाल्ये यः कुक्कुराद्भीतः स एव तदनन्तरम् ।
बिभेति स्म जनन्याः स्वभार्यायाः सबलोऽपि सन् ॥२७४॥

२७४. जो बाल्यावस्था में कुक्कुर से डरता था वही तेमुजिन बाद में अपनी माता होईलून एवं पत्नी वरता से आजीवन डरता रहा।

नाऽन्यस्मात्तस्य सञ्जातं भयं भूमण्डलेऽखिले ।
क्रूरश्चामिततेजस्वी चङ्गेजः क्षितिमण्डले ॥२७५॥

२७५. उसे सम्पूर्ण भूमण्डल में अन्य किसी से कभी भय नहीं हुआ। क्रूर एवं अतितेजस्वी चंगेज भूमण्डल में प्रख्यात हुआ।

रसाद्रिभूमिभूवर्षे येसूगी विलयंगतः ।
रुग्णताव्याजसंदेशवाहकः कश्चिदागतः ॥२७६॥

२७६. ११७६ ई० वर्ष में येसुगी दिवंगत हो गया। मृत्यु को छिपाकर, रुग्णता का संदेश लेकर कोई आया।

मृत्यूदन्तं प्रविज्ञाय श्वशुस्तं न मुञ्चति ।
अतो रोगस्य वृत्तान्तं प्रेषयामास नीतिवित् ॥२७७॥

२७७. मृत्यु का समाचार जानकर, श्वसुर उसे मुक्त नहीं करता, अतएव नीतिज्ञ व्यक्ति ने रोग का वृत्तान्त प्रेषित किया।

श्रुत्वा वार्त्तां तेमुजीनः मृत्युं संभाव्य तत्क्षणम् ।
प्राप्तवान् स्वपितुर्गेहं दुःखं चातिभयंकरम् ॥२७८॥

२७८. तेमुजिन समाचार सुन तथा मृत्यु की सम्भावना कर, तत्काल पिता के घर पहुंचा और अत्यन्त दुःखी हुआ।

भीमाकृतिर्विडालाक्षश्चिङ्गीजः शत्रुकम्पनः ।
मुखादेवाधिकारस्य भावनाऽस्याऽन्वमीयत ॥२७९॥

२७९. शत्रुओं को कम्पित करने वाले चिंगीज की आकृति भयंकर एवं आँखें बिडाल (बिल्ली) जैसी थी। इसके मुख से ही अधिकार की भावना का अनुमान होता था।

अद्रिशैलधराभूमिवर्षतः पञ्चवत्सरान् ।
निर्वासित इव स्वैरं बभ्राम चरभूमिषु ॥२८०॥

२८०. ११७७ ई० वर्ष से पांच वर्ष तक, निर्वासित तुल्य, वह स्वच्छन्दता पूर्वक, चरभूमि में भ्रमण करता रहा।

नेत्रवस्विन्दुचन्द्राब्दे वीरस्तेमूजिनो बली ।
बन्दीकृतस्तेजुइद्भिर्जनजाति-गणैस्तदा ॥२८१॥

२८१. सन् ११८२ ई० में वीर एवं बली तेमुजिन, तैजुइत जनजाति गणों द्वारा बन्दी बना, लिया गया।

वेदवस्विन्दुभूवर्षे मर्कितं सन्यपातयत् ।
शैलवस्विन्दुभूवर्षे खानोपाधिं च लब्धवान् ॥२८२॥

२८२. सन् ११८४ ई० में उसने मरकित पर आक्रमण कर विनष्ट किया। सन् ११८७ ई० में उसने खान उपाधि प्राप्त किया।

षडभ्रनेत्रचन्द्राब्दे काराकोरम् सभान्तरे ।
प्राप खानपदं नन्दगुणवर्षवयाः कृती ॥२८३॥

२८३. ३९ वर्षीय चतुर तेमुजिन ने सन् १२०६ ई० में काराकोरम की सभा में खान पद प्राप्त किया।

जेंगशब्दात् चेंगशब्दश्चीनभाषोद्भवो मतः ।
मंगोलवाक् सकारेण चिंगीस इति कथ्यते ॥२८४॥

२८४. जेंग शब्द से चेंग शब्द बना है। यह चीनी भाषा से निर्गत हुआ है। 'स' से युक्त होकर मंगोल भाषा का चिंगीस शब्द हुआ है।

चेंग-जेंग-चिगीसादिः जेमुजिस् तेग्गिजस् तथा ।
पर्यायवाचिनः शब्दाः प्रसिद्धि समवापिताः ॥२८५॥

२८५. चेंग, जेंग, चिगीसादि तथा जेमुजिस एवं तेग्गिस शब्द प्रसिद्ध पर्यायवाची हैं।

रसाभ्रनेत्रचन्द्राब्दे वीरोऽयं स्वपराक्रमात् ।
सम्राडभून्मोगलानां चिंगीजः खानसंज्ञया ॥२८६॥

२८६. १२०६ ई० वर्ष में इस वीर ने अपने पराक्रम से चिंगीज खान नाम से मुगलों का सम्राट हुआ।

चिग्गीज विजय :

भूमिभूनेत्रभूवर्षं यावत्स मुगलाधिपः ।
चीनप्राकारसन्नद्धां विजिग्ये चीत्तरां दिशम् ॥२८७॥

२८७. १२११ ई० वर्ष तक मुगलराज चिंगेज ने चीन की दीवार से सन्नद्ध उत्तर दिशा को जीत लिया।

नेत्रभूनेत्रभूवर्षे चिङ्गेजो बलिनां वरः ।
चीनराज्ये स्थितं राज्यं तुंगुतं जितवान् तदा ॥२८८॥

२८८. सबलों में श्रेष्ठ भूपति चंगेज ने सन् १२१२ ई० में चीन राज्यान्तर्गत तुंगुत राज्य को जीत लिया।

गुणेन्दुनेत्रभूवर्षे चीनभित्तिर्विलङ्घिता ।
चीनराज्यं समाक्रान्तं तेनैवग्रिमवत्सरे ॥२८९॥

२८९. उसी ने सन् १२१३ ई० में चीन की दीवाल पार किया तथा अगले वर्ष सन् १२१४ ई० में चीन राज्य पर आक्रमण किया।

तेजस्विनश्चिगीजस्य स्वामिसेवापरायणाः ।
विभिद्य भित्तिं पेकिङ्गं प्राविशन्नगरं भटाः ॥२९०॥

२९०. तेजस्वी चंगेज के स्वामी की सेवा के लिये तत्पर, भट (नगर की) दीवाल तोड़कर, पीकिंग नगर में प्रविष्ट हुये।

राज्यपालो भयाक्रान्तः स्वापमानाकुलीकृतः ।
स्वदेहं नाशयामास मानो वीरस्य जीवितम् ॥२९१॥

२९१. भयाक्रान्त एवं अपने अपमान से व्याकुल होकर, वहाँ के राज्यपाल ने आत्महत्या कर ली। सम्मान ही वीर का जीवन होता है।

भूतभूनेत्रभूवर्षे मंगोला युद्धदुर्मदाः ।
चीनस्य पेकिग् नगरं जितवन्तो महाबलाः ॥२९२॥

२९२. सन् १२१५ ई० में युद्धोन्मत, महाबली, मंगोलों ने चीन के पीकिङ् नगर को जीत लिया।

ग्रहभूयुग्मभूवर्षे चिङ्गेजः सप्तवार्षिकीम् ।
मंगोलैरावृतो वीरो जययात्रां प्रचक्रमे ॥२९३॥

२९३. सन् १२१९ ई० में मंगोलों के साथ वीर चंगेजखान ने अपनी सप्तवर्षीय विजय यात्रा प्रारम्भ की।

समरकन्दं बुखाराख्यं खुरासानं व्यजेष्ट सः ।
शून्याक्षिनेत्रचन्द्राब्दे मुगलानामधीश्वरः ॥२९४॥

२९४. सन् १२२० ई० में उस मुगलाधीश ने समरकन्द, बुखारा एवं खुरासान को जीत लिया।

भूनेत्रनेत्रभूवर्षे ते च वीरा महाबलाः ।
काश्यपीयं सरः प्राप्य युद्धयात्रां वितेनिरे ॥२९५॥

२९५. सन् १२२१ ई० में वे महाबली वीर काश्यपसर पर, पहुंच कर, युद्ध यात्रा का प्रसार किये।

हिन्दुकुशाद्रिशिखरमालामुल्लङ्घ्य वेगतः ।
जलालुद्दीननामानं तटे सिन्धोरमर्दयत् ॥२९६॥

२९६. इस प्रकार, उसने वेगपूर्वक हिन्दुकुश शिखर माला को पारकर, सिन्धु के तटपर जलालुद्दीन को पराजित किया।

यूरोपमेशियादेशं प्रविजित्य महाबलः ।
नत्वाबुद्धस्य धरणीं भारतीं स न्यवर्तत ॥२९७॥

२९७. वह वीर यूरोप एवं एशिया के देशों को जीतकर, तथा बुद्ध की जन्मभूमि भारत को प्रणाम कर वापस लौट गया ।

चंगेज की मृत्यु :

तुंगुतं चिग्गिसो वीरः समाचक्राम रंहसा ।
अश्वपृष्ठान्निपतितः पीडामन्वभवत्परम् ॥२९८॥

२९८. वीर चिग्गिस ने पुनः तुंगुत पर आक्रमण किया, वहीं घोड़े की पीठ से गिर कर, महान् पीड़ा प्राप्त किया ।

अद्रिनेत्राक्षिभूवर्षेऽगस्ते बाणाक्षिके तिथौ ।
द्वासप्ततिवया वीरः पञ्चत्वं समाप्तवान् ॥२९९॥

२९९. सन् १२२७ ई० में २५ अगस्त को ७२ वर्ष की अवस्था में उस वीर ने प्राण त्याग किया ।

समाधिर्वीरवर्य्यस्य कुत्रास्तीति न बुध्यते ।
महाबली स विजयी कथ्यते नात्र संशयः ॥३००॥

३००. उस श्रेष्ठ वीर की समाधि कहाँ है, यह अबतक ज्ञात नहीं है। वह महान् एवं विजयी था, इसमें कोई सन्देह नहीं ।

उर्दुस् प्रान्तस्य येनाख्यजिन्कराभिहिते स्थले ।
परिधानं धनुस्तस्य सन्ति वस्तूनि कानिचित् ॥३०१॥

३०१. उर्दुस प्रान्त के येन जिन्करो नामक स्थानपर उसके वस्त्र, धनुष एवं अन्य कुछ वस्तुएँ हैं ।

ऊर्णापटोपकर्याया मध्यभागे निवेशिता ।
मंजूषाकाऽपि पाषाणी रक्ष्यते वीरपूरुषैः ॥३०२॥

३०२. वहां पर ऊन के उपकारी (तम्बू) के मध्य भाग में रखी गयी, पाषाण निर्मित मंजूषा (सन्दूक) की वीर पुरुष रक्षा करते हैं ।

मंजूषायां किमस्तीति केनचिन्नाऽवगम्यते ।
मंगोला उत्सवं नृत्तं गीतवादित्रसङ्गतम् ॥३०३॥

३०३. उस मंजूषा में क्या है ? कोई नहीं जानता । मंगोल जन नृत्य, गीत एवं वाद्य के साथ उत्सव--

तृतीयमासे कुर्वन्ति चिंगेजस्मृतिहेतवे ।
उत्सवः क्रियते तत्र चन्द्रनेत्रदिनावधि ॥३०४॥

३०४. करते हैं । यह उत्सव तृतीय मास में चिंगेज की स्मृति में २१ दिन वहाँ मनाया जाता है ।

कुशलः सैन्यचतुरः कर्मठो विजयी श्रुतः ।
चंगेजसदृशो वीरो न भूतो न भविष्यति ॥३०५॥

३०५. कुशल, सैन्य चतुर, कर्मठ, विजयी, एवं प्रसिद्ध चंगेज के समान वीर न हुआ है न होगा।

सदैव स महावीरो जयलक्ष्मीनिषेवितः ।
उद्यद्भानुप्रभस्तस्य प्रतापो न निरुद्धचते ॥३०६॥

३०६. उस महान् को सदैव विजय श्री ने वरण किया। उसके उदित होते सूर्य के समान, कान्तिमान् प्रताप को कोई निवारित नहीं कर सका था।

भूमण्डलार्धभागस्य स्वामित्वं समवाप्तवान् ।
विजिगीषुर्यशोराशिमण्डितो रणपण्डितः ॥३०७॥

३०७. यशस्वी, रणनिपुण एवं विजयाकांक्षी चंगेज ने भूमण्डल के लगभग आधे भाग का स्वामित्व प्राप्त किया था।

इतिहासे न तत्तुल्यः कीर्त्यते साहसाधिकः ।
समरेष्वसमः सोऽयमुदभूद् धरणीतले ॥३०८॥

३०८. महान् साहसी, युद्ध में अप्रतिम वह भूतल पर ऐसा उत्पन्न हुआ, जैसा इतिहास में कोई नहीं था ।

सेनास्य गुणिता संख्यादशकेन चतुर्विधा ।
दशपंक्तिगता वीरा शतं यूथं ततः परम् ॥३०९॥

३०९. इसकी सेना दश की संख्या में चार प्रकार से विभक्त थी। दश सैनिक, एक सौ सैनिकों का यूथ, तदनन्तर—

सहस्रेण महायूथमयुतश्च ततः परम् ।
अतियूथमिति श्रेणी सेनासन्नाहगामिनी ॥३१०॥

३१०. एक हजार सैनिकों का महायूथ, तत्पश्चात् दश हजार सैनिकों का अतियूथ, इस प्रकार की श्रेणी से सुसज्जित सेना थी।

जातिधर्मव्यपेक्षः स धर्मकर्मष्वुदारधीः ।
स्वातन्त्र्यं सर्वधर्मेभ्यः प्रादाच्चनिजशासने ॥३११॥

३११. जाति-धर्म की भावना से रहित एवं धर्म कार्यों के प्रति उदार बुद्धि चंगेज ने अपने शासन में सब धर्मों को स्वतंत्रता दे रखी थी।

न धर्मविषये तेन करभारः प्रवर्तितः ।
पुरोहिता अप्यकराः तस्मिन् वीरे प्रशास्तरि ॥३१२॥

३१२. उस वीर के शासन काल में धर्म संबंधी कर नहीं लगाये गये थे। पुरोहितों के ऊपर भी कर नहीं लगा था।

विंशत्यधिकदेशानां सैनिकास्तस्य शासने ।
सुदृढावयवं तेन साम्राज्यं सुप्रतिष्ठितम् ॥३१३॥

३१३. बीस से अधिक देशों के सैनिक उसके शासन में थे। उसने सुदृढ विभागों से युक्त साम्राज्य स्थापित किया था।

गुप्तचर्या च चौर्य्यञ्च परदाराभिमर्शनम् ।
पलायनं च सेनायाः मृत्युदण्डार्हतां गतम् ॥३१४॥

३१४. गुप्तचरी, चोरी, परस्त्रीगमन एवं सेना से पलायन करने पर, मृत्युदण्ड का विधान था।

हठात्पशुबधस्तेन वर्जिता निजशासने ।
सत्यवाक् शत्रुरप्यासीत्तेन लोके समादृतः ॥३१५॥

३१५. उसने अपने शासन में हठात् पशुबध वर्जित कर दिया था। सत्यवादी शत्रु भी समाज में उसके समादर का पात्र होता था।

कृतघ्नो दण्डनीयोऽभूत् हीनधीरपि तादृशः ।
वीरः कृतज्ञस्तस्मादभिनन्द्यो विरोध्यपि ॥३१६॥

३१६. कृतघ्न एवं निष्ठा रहित जन दण्डनीय तथा वीर एवं कृतज्ञ विरोधी भी अभिनन्दनीय होता था।

सञ्चारसंस्था कुशला समभूत्तस्य शासने ।
दूरादपि यथावृत्तं ज्ञायते स्म क्षणादिव ॥३१७॥

३१७. उसके शासन में संचार संस्था कुशल थी, जिससे दूर का भी समाचार क्षण भर में ज्ञात हो जाता था।

आखेटव्याजतस्तेन व्यूहशिक्षा व्यतन्यत ।
प्रयोगश्चाग्निचूर्णानां तेन युद्धे प्रवर्तितः ॥३१८॥

३१८. उसने शिकार के बहाने सैनिकों को व्यूह रचना की शिक्षा दी तथा युद्ध में अग्नि-चूर्ण (बारूद) का प्रयोग किया।

सशस्त्राश्वारोहिसैन्यं कल्पितं तेन धीमता ।
पदात्यपेक्षया यस्य महत्वं समरान्तरे ॥३१९॥

३१९. उस बुद्धिमान ने सशस्त्र अश्वारोही सेना की कल्पना की, जिसको युद्ध में पदाति की अपेक्षा अधिक महत्व प्रदान किया।

चंगेजस्य तु चत्वारः पुत्रा आसन् निजाख्यया ।
ओगोदाई च जोची च चग्गताई तथा तुली ॥३२०॥

चिग्गीज वंशज :

३२०. चंगेज खान के ओगोदाई, जोची, चगताई एवं तुली नाम के चार पुत्र थे।

जीवत्येव च चङ्गेजे जोचीनामात्मजोऽस्य यः।
स मृत्युमुखमापेदे कालस्यैव वंशवदः ॥३२१॥

३२१. चंगेज के जीवन काल में ही इसका जोची नामक पुत्र काल का वशीभूत होकर, मृत्यु मुख में चला गया।

सूबेताई तथा वाटू जोची पुत्रौ महाबलौ।
हँगरीं प्रविजित्याशु क्रममाणौ पुनः पुनः ॥३२२॥

३२२. जोची के बलवान् पुत्र सूबेताई एवं वाटू शीघ्रतापूर्वक हंगरी को जीतकर, पुनः-पुनः आगे बढ़ते हुये—

आस्ट्रियां डालमेशियां क्रीमियाञ्च विलंघ्य वै।
क्रोशपञ्चदशासन्नां वियनामुपजग्मतुः ॥३२३॥

३२३. वेदोनो, आस्ट्रिया, डालमेशिया एवं क्रीमिया को पारकर, पन्द्रह कोश की दूरी पर स्थित, वियना पहुँच गये।

नगाग्नियुग्मभूवर्षे साम्राज्यं स्थापितं रूसे।
नाम्ना किपचकं तच्च गोल्डेनहोर्डेऽपिभाषते ॥३२४॥

३२४. १२३७ ई० वर्ष में उन्होंने रूस में किपचक नामक साम्राज्य स्थापित किया। उसे पाश्चात्य विद्वान् गोल्डेन होर्डे कहते हैं।

नभोवेदाक्षिभूवर्षे रूसे कीबां विजित्य तौ।
सुबेताई च बाटू च पोलैण्डं चोपजग्मतुः ॥३२५॥

३२५. १२४० ई० वर्ष में रूस के कीब (खीवा) जीतकर, सुबेताई एवं बाटू पोलैण्ड पहुँच गये।

भूवस्वाम्नायभूवर्षे साम्राज्यं शेषतां गतम्।
शहीरः क्रीमिया-खानस्तस्यान्त्यः शासकोऽभवत् ॥३२६॥

३२६. १४८१ ई० वर्ष में किपचक साम्राज्य समाप्त हो गया। क्रीमिया का खान शहीर उस वंश का अन्तिम शासक था।

राज्यं च्युतं स वंशोऽपि विलोपं समुपेयिवान्।
रूसशासनविस्ताराल्लीनत्वं समवाप्तवान् ॥
वन्हिवस्वद्रिभूवर्षे नामशेषत्वमाययौ ॥३२७॥

३२७. राज्य च्युत हुआ, वह वंश भी लुप्त हो गया। १७८३ ई० वर्ष में रूस के शासन विस्तार के कारण सब कुछ नष्ट होकर, केवल नाम शेष रह गया।

चिग्गीसस्य द्वितीयोऽभूच्चगताईति यः सुतः ।
कराखिताई मवउर्रनहर् राज्यमवाप्तवान् ॥३२८॥

चगताई खान :

३२८. चिग्गीस के द्वितीय पुत्र चगताई ने कराखिताई एवं मवउर्रनहर का राज्य प्राप्त किया ।

गोत्राणां जनजातीनां व्यवहारविनिर्णये ।
प्रमाणं चगताई स पितृवन्मानमाप्तवान् ॥३२९॥

३२९. गोत्रों एवं जनजातियों के व्यवहार निर्णय में चगताई पिता के समान प्रमाण (मान्य) था ।

ग्रहाक्षिनेत्रभूवर्षे कुरिल्ताईति संज्ञितम् ।
सभां मङ्गोलजातीयामध्यक्षत्वेनाऽन्ववर्तत् ॥३३०॥

३३०. १२२९ ई० वर्ष में कुरिलताई नामक मंगोल जाति की सभा में वह अध्यक्ष बना ।

पितुः खाने पदे ओगदाई तत्र प्रतिष्ठितः ।
मौगलानां विरोधी सः स्वधर्मपरिपालकः ॥३३१॥

३३१. वहां ओगदाई पिता के खान पद पर प्रतिष्ठित हुआ । चगताई मुगल धर्म विरोधी तथा स्वधर्म का पालक था ।

नहरे राज्यपालो यः महमूदयलाभिधः ।
विद्रोहे स बुखारायां च्यावितः स्वाधिकारतः ॥३३२॥
वह्निवेदाक्षिचन्द्राब्दे स पञ्चत्वमाप्तवान् ॥

३३२. मवउर्र नहर के राज्यपाल महमूद यल वाच् को बुखारा में विद्रोह होने पर अधिकार च्युत कर दिया । १२४३ ई० वर्ष में चगताई की मृत्यु हो गयी ।

उत्तरस्यां किपचकस्तथा वेलकशः सरः ।
दक्षिणोऽफगनस्थानं त्रिविष्टपमहीतथा ॥३३३॥

चगताई साम्राज्य :

३३३. उत्तर में किपचक तथा वेलकश सर, दक्षिण में अफगानिस्तान, तिब्बत भूमि—

पामीरस्याधित्यका च यावत्क्षेत्रं मँगोलिया ।
साम्राज्यं विस्तृतं तस्य शासने बलशालिनः ॥३३४॥

३३४. तथा पामीर का पठार था । उस बली के शासन में मंगोलिया साम्राज्य इस प्रकार से विस्तृत था ।

पूर्वतः तूरफानाख्यो वेशैवालिक् च पर्वताः ।
आमूदर्या स्थिताः पश्चात् इलखाराज्यमण्डलम् ॥३३५॥

३३५. पूर्व में तूरफान एवं वे शैवालिक पर्वत थे । पश्चिम में आमूदरया तथा इलखा का राज्यमण्डल था।

उत्तरस्यामथाल्ताइपर्वतश्रेणयः स्थिताः ।
एवमस्याऽभवद्राज्यसीमा विस्तारशालिनी ॥३३६॥

३३६. उत्तर की ओर अल्ताई पर्वतमालाएं थीं । इस प्रकार उसकी राज्य सीमा अत्यन्त विस्तृत थी ।

राज्यं च चगताईनां एशियामध्यमण्डले ।
कालान्तरे समभवत् विभक्तं बहुभागशः ॥३३७॥

३३७. कालान्तर में मध्येशिया में चगताई वंश का राज्य बहुत भागों में विभक्त हो गया ।

नभोरसाग्निभूवर्षे चगताई-कुलोद्भवाः ।
नीतास्ते नामशेषत्वं तैमूरस्याऽसिधारया ॥३३८॥

३३८. १३६० ई० वर्ष में तैमूर की तलवार की धार द्वारा चगताई वंश का नामशेष कर दिया गया ।

भारते चगताईनां वंशो यः समवर्तत ।
बहादुर्शाहकाले स समाप्ति सर्वथाऽभजत् ॥३३९॥

३३९. भारत वर्ष में बहादुरशाह के समय चगताई वंश सर्वथा समाप्त हो गया ।

अनिश्चिता राज्यसीमा तुर्कभाषाभिभाषिणाम् ।
अभूद् यायावराधिक्यं चगताईतनूभुवाम् ॥३४०॥

३४०. तुर्क भाषाभाषी, चगताई वंशजों की राज्य सीमा अनिश्चित थी। अधिकतर वे यायावर (घुमन्तू) थे ।

नगराणमभावाच्च संस्कृतिर्नो विकासिता ।
इली-उपत्यकावासाः पारम्पर्यानुयायिनः ॥३४१॥

३४१. वे परम्परा के अनुयायी थे । इली उपत्यक उनका निवास था । नगरों के अभाव में उन्होंने अपनी संस्कृति का विकास नहीं किया ।

पुरा बौद्धाश्च ते सर्वे पश्चान्मोहम्मदानुगाः ।
ईरानस्य प्रभावेण जाताः पारस्यभाषिणः ॥३४२॥

३४२. वे पहले बौद्ध थे । बाद में मुहम्मद धर्मानुयायी हो गये । तत्पश्चात् वे ईरान के प्रभाव से फारसी भाषा-भाषी हो गये ।

पश्चिमे किपचिग्राज्यं पूर्वे यूयानमण्डलम् ।
परस्परं तयोर्युद्धे जनसंख्याऽल्पतां गता ।।३४३।।

३४३. पश्चिम में किपचक राज्य एवं पूर्व में यूयान मण्डल था। अतः उन दोनों के युद्ध में उनकी जनसंख्या कम हो गयी।

पूर्वतश्चगताईनां राज्यं यदभवत्पुरा ।
तदेव मुगलिस्थानं नाम्ना ख्यातिमुपाययौ ।।३४४।।

मुगलिस्तान :

३४४. पहले पूर्व में जो चगताइयों का राज्य था, वह बाद में मुगलिस्तान नाम से प्रख्यात हुआ।

राजतीयाश्च दीनारास्तथादिरहमाभिधाः ।
प्राचलन्मोगलीयानां राज्ये मुद्राः क्रयादिषु ।।३४५।।

३४५. मुगलों के राज्य में क्रय-विक्रय के लिये रजतदीनार एवं दिरहम मुद्राएं प्रचलन में थी।

मोगलानां चगत्तानां परस्परमवर्धत ।
शत्रुत्वं किन्तु राज्यस्य नायकोमुगलोऽभवत् ।।३४६।।

३४६. मुगलों एवं चगताइयों में परस्पर बड़ी शत्रुता थी किन्तु राज्य का नायक मुगल होता था।

तैमूरस्य युगं यावत् प्राचलत्सा परम्परा ।
आध्यक्षं मोगलीयानां स्वीकृतं तैर्यथा तथा ।।३४७।।

३४७. तैमूर के युग तक वह परम्परा चली। वे लोग जिस किसी प्रकार से मुगलों की अध्यक्षता स्वीकार करते थे।

अबू सैयद सुल्तानो बभञ्जैनां परम्पराम् ।
शून्याग्निचन्द्रवर्षाणां शासने चगतायिनाम् ।।३४८।।
वभूवुः पुरुषास्त्रिशदाधिपत्यधुरन्धराः ।

३४८. अबूसैयद सुल्तान ने उस परम्परा को तोड़ दिया। चगताइयों के १३० वर्ष के शासन में आधिपत्य प्राप्त करने वाले तीस व्यक्ति हुए।

कमलुकस्तु वस्वद्रिरसचन्द्राङ्कहायने ।।३४९।।
लोके विविधयुद्धादिकारिणां शौर्यशालिनाम् ।
व्यनाशयदसौ राज्यं वीराणां चगताइनाम् ।।३५०।।

३४९-३५०. कमलुक ने १६७८ ई० वर्ष में संसार में विविध युद्ध कर्त्ता, शौर्यशाली, चगताई वीरों का विनाश कर दिया।

चिग्गीजे विलयं याते तृतीयस्तत्सुतो बली ।
ओगदाईखानपदः शशास वसुधातलम् ॥३५१॥

ओगदाई खान :

३५१. चिग्गीज के दिवंगत हो जाने पर, उसका तृतीय पुत्र बली ओगदाई खान, निर्वाचित हुआ और पृथ्वी का शासक बना ।

वस्वक्षिनेत्रभूवर्षाद् भूवेदद्वयभूमिकाम् ।
त्रयोदशाब्दकलितं शासनं कृतवानसौ ॥३५२॥

३५२. उसने १२२८ ई० वर्ष से १२४१ ई० वर्ष तक तेरह वर्ष शासन किया ।

वर्षद्वयं शाशासोर्वीं गयुक्खानस्तु तत्सुतः ।
षड्वेदनेत्रभूवर्षाद् वसुवेदाक्षिभूमितम् ॥३५३॥

३५३. उसके पुत्र गयुकखान ने १२४६ ई० से वर्ष १२४८ ई० वर्ष तक दो वर्ष शासन किया ।

भूबाणनेत्रभूवर्षे राजप्रासादविप्लवे ।
लुप्तश्चायमभूद्वंशः कालः सर्वस्य भक्षकः ॥३५४॥

३५४. १२५१ ई० वर्ष में राजप्रासाद के विप्लव में यह वंश लुप्त हो गया । काल सबका भक्षक होता है ।

चिग्गीजस्य तुरीयो यः पुत्रो नम्ना तुलीमतः ।
नेत्राग्निरामभूवर्षे कालधर्ममवाप्तवान् ॥३५५॥

३५५. चिग्गीज का चतुर्थ पुत्र तुली १३३२ ई० वर्ष में कालकवलित हो गया ।

पुत्रास्तस्याभवन् वीराश्चत्वारः प्रथिताभिधाः ।
अरिक् बोके हुलेगू च कुबलाई च मोगके ॥३५६॥

३५६. उसके चार वीर पुत्र अरिकबोके, हुलेगू, कुबलाई एवं मोगके नाम से प्रसिद्ध हुए ।

भूबाणानेत्रभूवर्षात् ग्रहभूताक्षिभूमिते ।
मोगके चाभवत् खानः कुबलाई ततोऽनुजः ॥३५७॥

३५७. मोगके १२५१ ई० वर्ष से १२५९ ई० वर्ष पर्यन्त खान रहा । तदनन्तर उसका छोटा भाई कुबलाई—

गृहीतबौद्धदीक्षोऽसौ वियद्रसयुगेन्दुभिः ।
मिताब्दात् खानतां यातो वेदग्रहयुगेन्दुके ॥३५८॥

३५८. १२६० ई० वर्ष से १२९४ ई० वर्ष पर्यन्त खान पद पर था । उसने बौद्ध धर्म स्वीकार कर लिया था ।

फारसे तस्य साम्राज्यं इलखानेति विश्रुतम् ।
हुलेगूस्थापितं दीर्घकालावधि विदिद्युते ।।
षड्बाणनेत्रभूवर्षाद् बाणाग्निगुणभूमितम् ।।३५९।।

हुलेगू साम्राज्य :

३५९. फारस में हुलेगू द्वारा स्थापित साम्राज्य इलखान नाम से प्रसिद्ध हुआ। वह १२५६ ई० वर्ष से १३३५ ई० वर्ष पर्यन्त स्थित रहा।

अफगानः खुरासानो गजनी किरमांस्तथा ।
रूमो भूमध्यकृष्णाख्यौ सागरौ सीम्नि संस्थिताः ।।३६०।।

३६०. हुलेगू की राज्य सीमा पर अफगान, खुरासान, गजनी, किरमान, रूम तथा भूमध्य सागर एवं कृष्णसागर स्थित थे।

हुलेगोस्तस्य राज्यस्य चरमः शासकोऽभवत् ।
अबू सईद नृपतिस्ततो राज्यमनीनशत् ।।३६१।।

३६१. अबूसईद उस राज्य का अन्तिम शासक हुआ। तदनन्तर वह राज्य विनष्ट हो गया।

पूर्वतो भारतं ख्यातं राज्यञ्च चगताइनाम् ।
प्रतीच्यां पारसीखाता भूमध्यसागरोऽरबः ।।३६२।।

३६२. इस राज्य के पूर्व भारतवर्ष एवं चगताइयों का राज्य था। पश्चिम में फारस की खाड़ी, भूमध्य सागर एवं अरब देश थे।

उत्तरे किपचिक् कृष्णसागरः काकेशश् तथा ।
काश्यपः सागरो नाम्ना सीमा तत्पालिताऽभवत् ।।३६३।।

३६३. उत्तर में किपचक्, कृष्णसागर, काकेशश तथा काश्यपसागर, उसकी राज्य सीमा पर थे।

तुलीखानस्य पुत्रोऽभूत् क्रमेण च द्वितीयकः ।
नाम्ना खानो कुबलाई शासनेचतुरस्तु सः ।।३६४।।

३६४. तुलीखान का द्वितीय पुत्र कुबलाई खान शासन में अत्यन्त चतुर था।

खरसाक्षिधरावर्षात् कुबलाई महाबलः ।
राजाऽभवच्चीनदेशे वेदग्रहयुगेन्दुषु ।।३६५।।

३६५. महाबली कुबलाई ने १२६० ई० से १२९४ ई० वर्ष तक चीन में राज्य किया।

तेन प्रवर्तितो वंशः यूयानो नाम विश्रुतः ।
तद्वंशस्यान्तिमो राजा तोगुन् तीमुरनामकः ।।३६६।।

३६६. उसने यूयान नामक प्रसिद्ध वंश प्रवर्तित किया था। उस वंश का अन्तिम राजा तो गुन तीमूर हुआ।

वरलासेति विख्याता जनजातिः पुरातनी ।
तीमूरश्चातिविख्यातस्तद्वंशस्य महोद्यमः ।।३६७।।

तीमूर वंशावली :

३६७. वरलास नामकी एक प्रसिद्ध एवं प्राचीन जनजाति थी । महान् उद्यमी तथा विख्यात तीमूर उसी वंश का था ।

तस्य पुत्रस्तु मीरानशाहनाम्नाऽभवद्बली ।
पुत्रा अष्टौ ततो जाता विश्रुता निजकर्मणा ।।३६८।।

३६८. उसका पुत्र मीरानशाह हुआ । उससे आठ पुत्र उत्पन्न हुये, जो अपने कार्य से प्रसिद्धि प्राप्त किये ।

अवाबक्रोऽल्लनगर उस्मान उमरस्तथा ।
खलीलो महमूदश्च मिर्जा ईजिल् तथैव च ।।३६९।।

३६९. अवाबक्र, अलनगर, उस्मान, उमर, खलोल, सुल्तान महमूदमिर्जा तृतीय, इजिल-मिरजा—

शियूरश्च घटामिश्च तत्पुत्रा बलशालिनः ।
मसूदमिर्जासुलतानो घटमीशाऽत्मजो बली ।।३७०।।

३७०. शियूर एवं घटामिश, उनके नाम थे। घटामीश का बलवान पुत्र मिर्जासुल्तान मसूद था ।

मोहम्मदतृतीयस्य द्वौ पुत्रौ गुणकीर्तितौ ।
अबूसैदश्चतुर्थश्च मिर्जामीनू छिहस्तथा ।।३७१।।

३७१. मिर्जामुहम्मद तृतीय के अबूसैद चतुर्थ एवं मिर्जामीनू छिहर नाम के दो गुणी पुत्र थे ।

अहमदो महमूदाख्य उमरशेखोऽथ शाहरूख् ।
मुराद-बलदोलूघ-खलीलावा-बकास्तथा ।।
अबूसैदसुताश्चैते नवकाः परिकीर्तिताः ।।३७२।।

३७२. अहमद, महमूद, उमरशेख, शाहरुख, मुराद, बलद्, उलुघवेग, खलील तथा अवाबक्र ये नव अबूसैद के पुत्र थे ।

महमूदस्य वंश्यानां काबुलेऽभूत्प्रशासनम् ।
तथैवोलूघवंशोया जाता बदखशाधिपाः ।।३७३।।

३७३. सुल्तान महमूद के कुल में उत्पन्न लोगों ने काबुल में शासन किया, उसी प्रकार उलुघ वेग के वंश में उत्पन्न लोग, बदखशा के राजा बने ।

बाबर्-नाशिर्-जहांगीरा उमरशेखसुतास्त्रयः ।
भारते शासनं कुर्युः शेखस्यैव वंशजाः ।।३७४।।

३७४. जहीरुद्दीन मुहम्मद बाबर, जहांगीर एवं नासिरमिर्जा, ये तीन उमरशेख के पुत्र थे। उमरशेख के वंशजों ने ही भारत में शासन किया था।

कन्या उमरशेखस्य पञ्चख्याताः स्वनामभिः ।
खानजादा मिहर्बानू शहरबानू तथैव च ।।३७५।।

३७५. उमरशेख की अपने नाम से प्रख्यात पाँच कन्यायें, खानजादा, मिहरबानू, शहरबानू—

सुलताना यादगाराख्या बेगमा चातिसुन्दरी ।
रुक्कैया सुलतानेति सौन्दर्यादिसमन्विता ।।३७६।।

३७६. यादगार सुल्तान वेगम एवं सौन्दर्यादि गुण भूषित रुक्कैया सुल्ताना थी।

भारते मौगलीयो यो वंशोऽतिख्यातिमाप्तवान् ।
तैमूरमूलकश्चैष दीर्घकालस्थिरोऽभवत् ।।३७७।।

३७७. भारत वर्ष में मुगलों का जो वंश अतिप्रख्यात हुआ और चिरकाल तक स्थिर रहा, वह तैमूर का वंश था।

तैमूराणां कुले जातः सङ्करो जातिमिश्रणात् ।
तुरुष्कै राजपुत्रैश्च पठानाद्यैश्चसङ्गतः ।।३७८।।

३७८. तुर्कों, राजपूतों एवं पठानादि जातियों के मिश्रण से तैमूर वंश वर्ण संकर हो गया।

चिङ्गेजस्य विचाराणामौदार्य्यं परिलक्ष्यते ।
धर्मस्वातन्त्र्यमस्याऽऽसीद्राज्ये कीर्तिविवर्धनम् ।।३७९।।

३७९. चंगेज के विचारों में उदारता परिलक्षित होती है। इसके राज्य में यशोवृद्धि करने वाली धार्मिक स्वतन्त्रता थी।

तैमूरस्य विधाने तु दृष्टिः सङ्कुचिता स्थिता ।
मोहम्मदातिरिक्तस्य मतस्याभूदनादरः ।।३८०।।

३८०. तैमूर की धर्म विधान के प्रति संकुचित दृष्टि थी। इसके राज्य में इस्लाम धर्म के अतिरिक्त किसी धर्म का आदर नहीं था।

तन्मते परधर्माणां तथा तदनुयायिनाम् ।
संहारो धर्मकर्तव्यमिस्लामस्य प्रसारणम् ।।३८१।।

३८१. उसके विचार से दूसरों के धर्मों एवं उनके अनुयायियों का संहार तथा इस्लाम धर्म का प्रचार ही धर्म कर्तव्य था।

नधर्मो न च जातिर्वा शिष्येतां भूमिमण्डले ।
इति तेन महत्पुण्यं स्वीकृतं निजया धिया ॥३८२॥

३८२. भूमण्डल में इस्लाम के अतिरिक्त, कोई धर्म तथा कोई जाति शेष न रहे, इसे ही उसने अपनी बुद्धि से महान् पुण्य मान लिया था ।

विधास्यन् सर्वलोकानां महम्मदमताङ्कताम् ।
गाजी-मुजाहिदोपाधिं प्राप्तुमेष प्रचक्रमे ॥३८३॥

३८३. उसने सब लोगों को मुहम्मदमत (इस्लामधर्म) में दीक्षित कर, गाजी एवं मुजाहिद की उपाधि प्राप्त करने का प्रयत्न किया ।

सौमनस्यं तदा नासीत्तैमूरहमदानयोः ।
अतः सततसंघर्षोऽजायत कुलयोर्द्वयोः ॥३८४॥

३८४. उस समय तैमूर एवं हमदानी में सौमनस्य नहीं था, अतएव उन दोनों के कुल में निरन्तर संघर्ष होता रहता था ।

हमदानी सईदः स सप्तशतानुयायिभिः ।
गुणग्रहाग्निभूवर्षे काश्मीरं प्राविशत् पुरा ॥३८५॥

३८५. सैय्यद हमदानी सात सौ अनुयायियों के साथ १३९३ ई० वर्ष में पहले काश्मीर में में प्रविष्ट हुआ ।

काश्मीरमण्डले तस्मिन् प्रकृत्या परिरक्षिते ।
तिमूराक्रमणाशंका तदा नासीद्भयावहा ॥३८६॥

३८६ प्रकृति से सुरक्षित, उस काश्मीर मण्डल में उस समय, उसे तिमूर के आक्रमण की आशंका नहीं थी ।

तिमूरो धर्मयुद्धेन मूर्तिपूजां समाप्य च ।
सर्वान् विधाय सेस्लामान्नैच्छद् धर्मप्रसारणम् ॥३८७॥

३८७. तिमूर धर्मयुद्ध (जिहाद) द्वारा, मूर्ति पूजा समाप्त कर एवं सब लोगों को इस्लाम धर्मानुयायी बनाकर, धर्म (इस्लाम) का प्रचार करना चाहता था ।

क्रूरः पंगुस्तिमूरः स इस्लामेपरिनिष्ठितः ।
धर्मयुद्धं समुद्घुष्य तुर्किस्तानाद् विनिर्गतः ॥३८८॥

३८८. क्रूर, पंगु, एवं इस्लाम धर्मानुयायी तिमूर, धर्मयुद्ध (जिहाद) की घोषणा कर, तुर्किस्तान से निकल पड़ा ।

भारतं विजिगीषुः सः महत्सैन्यसमावृतः ।
वस्वग्निबाणभूवर्षे कश्मीरान्तं समाययौ ॥३८९॥

३८९. भारत को जीतने के लिये इच्छुक, वह बहुत बड़ी सेना के साथ १५३८ ई० वर्ष में काश्मीर की सीमा पर आ गया ।

सिन्धोस्तटे विंशदिनेतिमूरः सितम्बरे तत्र तदा न्युवास ।
यत्रैव चंगेजजितो न्यवात्सीत् ख्वारज्मशाहो हतसर्वशवितः ॥३९०॥

तिमूर का भारत पर आक्रमण :

३९०. तिमूर ने सिन्धु नदी के तट पर, २० सितम्बर को उसी स्थान पर, अपना शिविर स्थापित किया, जहाँ चंगेज से पराजित होकर, ख्वारजमशाह ने शिविर निवेश किया था।

कश्मीरे तर्हि हिन्दूनामासन्नव दशांशकाः ।
सितम्बरेऽथ द्वाविंशे तस्मिन् सिन्धुतटंगते ॥३९१॥

३९१. उस समय कश्मीर में हिन्दू नब्बे प्रतिशत थे। बाइस सितम्बर को उसके (तिमूर) सिन्धु तट पर, पहुँचने पर—

तैमूरोद्द्येश्यमुत्प्रेक्ष्य परं भीतः सिकन्दरः ।
पुरस्कृत्य नुरुद्दीनं मौलानं दूतमैरयत् ॥३९२॥

३९२. तैमूर का लक्ष्य जानकर, सिकन्दर अत्यन्त भयग्रस्त हो गया। मौलाना नुरुद्दीन के नेतृत्व में तैमूर के पास दूत भेजा।

तद्धर्मनिष्ठां तद्दास्यं दूतद्वारा न्यवेदयत् ।
तदा काश्मीरसुल्तानात्त्रिशत्साहस्रघोटकान् ॥३९३॥

३९३ उसने दूत द्वारा उसके प्रति धर्मनिष्ठा तथा अपना दास भाव निवेदित किया। उस समय सुल्तान (सिकन्दर) से तीस सहस्र अश्व—

लक्षं च मुद्रा आदातुं तैमूरः स्वान् समाऽदिशत् ।
सार्द्ध द्विमिश्कलं भारो लक्षमुद्रासु तर्ह्यभूत् ॥३९४॥

३९४. तथा एक लक्ष मुद्रा प्राप्त करने के लिये, तैमूर अपने लोगों को आदेश दिया। ढाई मिशकल, उन एक लाख मुद्राओं की तौल थी।

तैमूरप्रेरितस्तर्हि कश्मीरेऽथ सिकन्दरः ।
बलान्मुस्लिममार्गस्थं सर्वलोकमचीकरत् ॥३९५॥

३९५. तैमूर से प्रेरित होकर, सिकन्दर ने कश्मीर में बलात् सबको मुस्लिम-धर्मानुगामी बनाया।

रुद्रसंख्यगृहेष्वासन् विप्राः काश्मीरवासिनः ।
भीताः पलायिताः शिष्टाः केचिन्निर्वासितास्तथा ॥३९६॥

३९६. काश्मीरी विप्र केवल ११ गृहों में शेष रह गये थे, अन्य लोग भीत, पलायित एवं शेष कुछ लोग निर्वासित कर दिये गये।

इभनन्दाग्निभूवर्षे शैलचन्द्रदिसम्बरे ।
विजित्य दिल्लीसुल्तानं मुहम्मद तुग्लकाभिधम् ॥३९७॥

३९७. ई० वर्ष १३९८ में १७ दिसम्बर को दिल्ली सुल्तान मुहम्मद तुगलक को विजित कर—

तैमूरः पञ्चदिवसान् धृष्टो दिल्लीं व्यलुण्ठयत् ।
नन्दनन्दाग्निभूवर्षाद्यमासे नवमेऽह्नि ॥३९८॥

३९८. धृष्ट तैमूर ने पाँच दिन तक दिल्ली को लूटा । १३९९ ई० वर्ष में ९ जनवरी को—

तैमूरो मेरठं धृष्ट्वा तदह्नः सप्तमे दिने ।
जिगाय कागडां गत्वा स्वदेशायाचलत्ततः ॥३९९॥

३९९. तैमूर ने मेरठ पर आक्रमण किया । तदनन्तर १६ जनवरी को जाकर, कांगड़ा पर विजय प्राप्त किया तत्पश्चात् वहाँ से अपने देश की ओर लौट पड़ा ।

निवर्तमानो दिल्लीतस्तैमूरः पौत्रमात्मनः ।
अमीरजादानामानं फौलादं रुस्तमं तथा ॥४००॥

४००. तैमूर ने दिल्ली से लौटते समय, अपने पौत्र अमीरजादा रुस्तम फौलाद को—

जैनुद्दीनं च कश्मीरे प्रजिघाय सिकन्दरम् ।
सभां स्वयमनायातं सम्प्रष्टुमवहेलनम् ॥४०१॥

४०१. तथा जैनुद्दीन को सभा में स्वयं न उपस्थित होने वाले सिकन्दर बुत्शिकन से अवहेलना का कारण पूछने के लिये काश्मीर प्रेषित किया ।

फर्वरी श्रुतिनेत्राह्नि स्थित्वा जम्मूसमीपतः ।
तथा कश्मीरसीमायां जिवहानाभिधस्थले ॥४०२॥

४०२. (तैमूर ने) २४ फरवरी को जम्मू के समीप तथा कश्मीर सीमा पर, जिवहान नामक स्थान पर—

मार्चसप्तमवारेऽथ द्वितीयेऽह्न्यचलत्ततः ।
तैमूरं स नुरुद्दीनो जिवहाने न्यवेदयत् ॥४०३॥

४०३. सात मार्च को शिविर लगाया । दूसरे दिन उसने वहाँ से प्रस्थान कर दिया । नुरुद्दीन ने जिवहान में तैमूर से—

सिकन्दरस्य सन्देशमनुपस्थितिकारणम् ।
अथादिदेश तैमूरः सप्तविंशदिनात्परम् ॥४०४॥

४०४. सिकन्दर का सन्देश एवं अनुपस्थिति का कारण निवेदित किया । तैमूर ने आदेश दिया कि २७ दिन पश्चात्—

सिकन्दरः समागत्य मिलत्वित्यथ संययौ ।
एकादशेऽह्नि मार्चस्य तीरं सिन्धुनदस्य सः ॥४०५॥

४०५. सिकन्दर आकर मिले । तदनन्तर वह ११ मार्च को सिन्धु नदी के तट पर पहुँचा ।

सिकन्दरः श्रीनगरात्प्रतस्थे द्रष्टुं तिमूरं पथि बार्हमूले ।
ज्ञात्वा समर्कन्दमभिप्रयातं निस्तीर्णसिन्धुं तमभून्निवृत्तः ॥४०६॥

४०६. सिकन्दर ने तैमूर को देखने के लिये श्रीनगर से बारहमूला की ओर प्रस्थान किया । वहाँ पर सिन्धु नदी पार कर, समर कन्द की ओर उसका प्रस्थान सुनकर, लौट आया ।

सिकन्दरो बुत्शिकनस्तिमूराद्ररक्ष कश्मीरभुवं तथाऽपि ।
रक्षा तु सा धर्मविमूलनेन बभूव विध्वंससमानवेषा ॥४०७॥

४०७. सिकन्दर बुतशिकन ने तैमूर से कश्मीर भूमि की रक्षा की, किन्तु वह रक्षा धर्म विनाश के कारण विध्वंस तुल्य हुई ।

संस्कृतिः सभ्यता धर्मः कर्म सर्वं विलोपितम् ।
ध्वस्तेषु देवस्थानेषु मस्जिदादेरभूत्स्थितिः ॥४०८॥

४०८. संस्कृति, सम्यता, कर्म सब लुप्त हो गये । ध्वस्त किये गये मन्दिरों पर मस्जिदों का निर्माण हुआ ।

कश्मीरो नः स नैवास्ति योऽस्ति नापि परस्य सः ।
परसंस्कारमादाय नासीत्तद्गिरणक्षमः ॥४०९॥

४०९. काश्मीर अपना प्राचीन काश्मीर नहीं रहा । जो था, वह पूर्ण पराया भी नहीं हुआ । दूसरों का संस्कार ग्रहण करके भी उसे पचा नहीं सका ।

आसीच्चिंगेजवंशीयपुंसां सप्तदशे क्रमे ।
तथा चगताइवंशेऽभूच्छाखा यैशान्बुघाऽभिधा ॥४१०॥

चगताई वंशज :

४१०. चंगेज वंश की १७ वीं, तथा चागताई वंश की इशान बुघा शाखा की—

क्रमे तत्रैकादशेऽभूद् युनुस्खानाभिधो नरः ।
पत्नी च तस्य अहसन् उद्दौला बेगमाभिधा ॥४११॥

४११. ग्यारहवीं पीढ़ी में युनुस खान हुआ । अहसन उद्दौला बेगम उसकी पत्नी थी ।

अबूसैदो युनुस्खानं समाहूय शिराजतः ।
चगताईवंशजातं द्वितीयेशान्बुघाऽभिधम् ॥४१२॥

४१२. अबूसैद ने युनुस खान को शिराज से बुलाकर, चगताई वंशीय ईशान बुघा द्वितीय को—

राज्यादपासितुं सम्प्रेषयामासाज्ञया सह ।
चगताईवंशजानां पृथग्राज्यं न मृष्यते ।।४१३।।

४१३. राज्य से हटाने के लिये, इस आदेश के साथ प्रेषित किया 'चगताई वंशजों का पृथक् राज्य नहीं रहेगा ।

मद्वंश "तबका' ख्यातो राज्यादेशः प्रचल्यताम् ।
इत्येवाज्ञामबूसैदो युनुसेनादिशत्स्वयम् ।।४१४।।

४१४. 'मेरे वंश "तबक" के नाम राज्यादेश प्रसारित होगा ।' यह आज्ञा अबूसैद ने स्वयं युनुस द्वारा प्रेषित की ।

चगताई वंशजानां राज्यपूर्वांशमाययौ ।
युनुसो मुगलिस्तानम् अलेचा खाँऽपराभिधः ।।४१५।।

४१५. युनुस अपर नाम अलेचा खाँ, चगताई वंशजों के पूर्वी राज्यांचल मुगलिस्तान आया ।

तत्राकसू तथा यूमिघुरिस्तानमबीभवत् ।
खेटषड्वेदचन्द्राब्देऽबूसैदस्तनुमत्यजत् ।।४१६।।

४१६. उसमें अकसू तथा यूमिघुरिस्तान थे । १४६९ ई० वर्ष में अबूसैद का देहान्त हो गया ।

तद्राज्यं तस्य पुत्रेषु यथाभागं विभाजितम् ।
ज्येष्ठपुत्रस्त्वहमदो मवउर्नहराधिपः ।।४१७।।

४१७. उसका राज्य, उसके पुत्रों में विभाजित हो गया । ज्येष्ठ पुत्र अहमद, मवउर्र नहर का अधिपति हुआ ।

राजधानी च तस्याऽऽसीत्समरकन्दाभिधे पुरे ।
मुहम्मदो द्वितीयस्तु बदखशाख्यहिसारयोः ।।४१८।।

४१८. उसकी राजधानी समरकन्द थी । द्वितीय पुत्र मुहम्मद, बदखशा तथा हिसार का स्वामी बना ।

तुर्यस्तूलुघवेगोऽभूद् गजनीकाबुलाधिपः ।
उलुघस्य सुतस्त्वासीदब्दुर्रज्जाकसंज्ञकः ।।४१९।।

४१९. चतुर्थ पुत्र उलुघ वेग ने गजनी एवं काबुल प्राप्त किया । उलुघ का पुत्र अब्दुर्रज्जाक था ।

मिर्जा उमरशेखोऽभूदबूसैदात्मजोऽन्तिमः ।
अन्दीजाने फर्गहानस्थिते राज्यं चकार सः ।।४२०।।

४२०. मिर्जाउमर शेख अबूसैद का अन्तिम पुत्र था । उसने फर्गहान[1] स्थित अन्दीजान में राज्य किया ।

---

१. फर्गहान की राजधानी अन्दीजान थी ।

युनुस्खानः खवह्न्यब्दान् कृत्वा भूरि परिश्रमम् ।
स चेशानबुघादेशेऽधिकारं प्राप्तवानभूत् ।।४२१।।

४२१. युनुस खान ने तीस वर्ष पर्यन्त कठिन परिश्रम करके, ईशानबुघा पर अधिकार प्राप्त कर लिया था ।

चक्रे सन्धिमबूसैदः पूर्वारिचगताईभिः ।
विजिग्ये सहबानी खाँ युद्धे युनुसखानकम् ।।४२२।।

४२२. अबूसैद ने पूर्वकाल के शत्रु चगताईयों के साथ सन्धि कर ली थी। सहबानी खाँ ने युद्ध में युनुस खान को पराजित किया था ।

स पराजयदुःखेन वर्षान्ते तनुमत्यजत् ।
श्रुतिशून्येषुचन्द्राब्दे पञ्चापत्यानि तस्य वै ।।४२३।।

४२३. पराजय के दुःख से उसने १५०३-१५०४ ई० वर्ष में देह त्याग किया। उसके पाँच सन्तानें थी ।

अहमद्महमूदौ द्वौ सुतौ तिस्रश्च कन्यकाः ।
मिहर् कुतलुघाख्या च खूब् निगार् खानिम् अन्तिमा ।।४२४।।

४२४. अहमद एवं महमूद नामक दो पुत्र तथा मिहर, कुतलुघ एवं खूब निगार खानिम नाम की तीन कन्यायें थी ।

सुल्तान अहमद् मिर्जा मिहराख्यामुद्ढवान् ।
उवाहोमरशेखश्च मिर्जा कुतलुघाभिधाम् ।।४२५।।

४२५. सुल्तान अहमद मिर्जा ने मिहर का तथा उमरशेख मिर्जा ने कुतलुघ का पाणि ग्रहण किया ।

मुहम्मदहुसेनश्च कुरकनः खूबसंज्ञकाम् ।
पुत्रः कुतलुघाख्याया बाबरो भारतेश्वरः ।।४२६।।

४२६. मुहम्मद हुसेन कुरकन ने खूबनिगार खानिम से विवाह किया। कुतलुघ का पुत्र भारत सम्राट बाबर—

खानजादा वेगमाख्या कन्यका च बभूव ह ।
खूबनिगार् खानिमापत्यं मिर्जा हैदर दुघ्लतः ।।४२७।।

४२७. तथा कन्या खानजादा बेगम थी। खूबनिगार खानिम का पुत्र मिर्जा हैदर दुघ्लत हुआ ।

कश्मीरजयिनामाद्यो मुगलानां बभूव सः ।
जहाँगीरो नसीरश्च मिर्जा बाबरसोदरौ ।।४२८।।

४२८. वह काश्मीर विजेता मुगलों में प्रथम था। जहाँगीर तथा नसीर मिर्जा बाबर के सहोदर भ्राता थे ।

पिता उमर शेखोऽभूदबूसैदात्मजस्त्वसौ ।
पिता तस्यापि सुल्तानो मुहम्मद् मिरजाऽभिधः ।।४२९।।

४२९. पिता उमरशेख था। वह अबूसैद का आत्मज था। उसका पिता सुल्तान मुहम्मद मिर्जा था।

पिता मीरानशाहोऽस्य तिमूर् लंगात्मजस्त्वयम् ।
बाबराम्बास्वस्रपत्यं मिर्जाहैदरदुघ्लतः ।।४३०।।

४३०. इसका पिता मीरानशाह था। मीरानशाह तिमूर लंग का पुत्र था। मिर्जा हैदर दुघलात्, बाबर का मौसेरा भ्राता था।

चगताईवंशजोऽसौ युनुसो वैशजातकः ।
पिता शीर अली ओघलनो वैशस्य कथ्यते ।।४३१।।

४३१. चगताई वंशीय युनुस वैश का पुत्र था। वैश का पिता शीर अली ओघलन था।

खिज्र ख्वाजा तत्पिता च तुघ्लक् तैमूरजस्त्वसौ ।
स ईशानबुघानाम तत्पिताऽऽसीदिति क्रमः ।।४३२।।

४३२. शीर का पिता खिज्र ख्वाजा, ख्वाजा का पिता तुघलक तैमूर तथा तैमूर का पिता ईशान बुघा था।

चगताई नरा आसन् बौद्धधर्मावलम्बिनः ।
तत्र तुघ्लकतैमूर इसलामं पुराऽविशत् ।।४३३।।

४३३. चगताई लोग मूलतः बौद्ध धर्मावलम्बी थे। उनमें तुघलक तैमूर ने पहले इस्लाम धर्म स्वीकार किया था।

मुगलास्तत्प्रभृत्येव मुसल्मानत्वमागताः ।
तत्प्रभृत्येवेसलामो राजधर्मत्वमाप्तवान् ।।४३४।।

४३४. उसी समय से मुगल मुसलमान हो गये। इस्लामधर्म राजधर्म हो गया।

यथा तुर्काफगानस्थाः पारसीकाश्च सत्वरम् ।
आत्मस्वावाहयामासुरिसलामपरम्पराम् ।।४३५।।

४३५. जिस प्रकार तुर्क, अफगान एवं फारस के लोगों ने सर्वस्व त्यागकर शीघ्र ही इस्लाम परम्परा को स्वीकार कर लिया—

तथा नैकशताब्दांस्ते मुगलाः प्राक्परम्पराम् ।
हित्वेसलाममर्यादां धर्तुं नापारयन् किल ।।४३६।।

४३६. उसी प्रकार, वे मुगल शताब्दियों तक अपनी पूर्व परम्परा त्याग कर, इस्लाम परम्परा स्वीकार करने में समर्थ नहीं हुए।

मवउर्नहरे राज्यं खुरासाने तथैव च ।
मकराने तथा सिन्धे अबूसैदश्चकार ह ॥४३७॥

४३७. अबूसैद ने मवउर्नहर, खुरासान, मकरान तथा सिन्ध पर्यन्त राज्य किया था ।

पुत्रेषु च मृते तस्मिंतस्य राज्यं विभाजितम् ।
वह्नीभवेदचन्द्राब्दे फर्वरीश्रुतिभूदिने ॥४३८॥

४३८. उसके दिवंगत हो जाने पर, राज्य पुत्रों में विभाजित हो गया । चौदह फरवरी १४८३ ई० वर्ष दिन—

शुक्रवारे फर्गहाने बाबरो लब्धवान् जनिम् ।
अधुना रूसदेशस्थे तुर्किस्ताने विलोक्यते ॥४३९॥

४३९. शुक्रवार को फर्गहान में बाबर का जन्म हुआ । फर्गहान इस समय रूसी तुर्किस्तान में स्थित है ।

ख्यातः किर्घिजियानाम्ना फर्गहानः पुरातनः ।
नेत्रेभश्रुतिचन्द्राब्दे द्वितीयेऽप्रीलवासरे ॥४४०॥

४४०. प्राचीन फर्गहान इस समय किरधिजिया नाम से प्रसिद्ध है । १४८२ ई० वर्ष में दो अप्रैल को—

मेवाड़ाधिपती राणा सांगा जन्माप्तवान् किल ।
बाल्ये मुण्डनसंस्कारो बाबरस्य व्यधीयत ॥४४१॥

४४१ मेवाड़ के राजा राणासांगा का जन्म हुआ था । बाल्यावस्थामें बाबर का मुण्डन संस्कार किया गया था ।

तदानीं चगताईनां सभ्यताऽऽसीत्किलाल्पिका ।
तस्यासीन्मुस्लिमं नाम जहीरुद्दीन मुहम्मदः ॥४४२॥

४४२. उस समय चगताई •अधिक सभ्य नहीं थे । बाबर का मुस्लिम नाम जहीरुद्दीन मुहम्मद था ।

पित्रा मुखसुखार्थन्तु बाबरेत्यभ्यधीयत ।
ऊनचत्वारिंशवर्षवयसिन्दुदिने पिता ॥४४३॥

४४३. उच्चारण की सुविधा के कारण पिता उसे बाबर कहता था, उन्तालीस वर्ष की अवस्था में दिन सोमवार को (चार रमजान) बाबर के पिता—

बाबरस्य मृतस्तर्हि द्वादशाब्दवयस्ययम् ।
श्रुत्यङ्कश्रुतिचन्द्राब्दे बाबरो द्वादशाब्दगः ॥४४४॥

४४४. का निधन हुआ । उस समय यह बारह वर्ष का था । १४९४ ई० वर्ष जून मास में १२ वर्ष की अवस्था में—

जूनमासे फर्गहाने राजसिंहासनं गतः ।
सुल्तानाहमदापत्यम् आयेशा नाम कन्यका ॥४४५॥

४४५. बाबर फर्गहान में सिंहासनारूढ हुआ । आयेशा सुल्तान अहमद की कन्या थी ।

पञ्चमे बाबरस्याब्दे पत्नीत्वेनाभवद्वृता ।
मिरजामहमूदस्य पुत्री जैनबसंज्ञका ॥४४६॥

४४६. वह बाबर की पाँच वर्ष की अवस्था में पत्नी के रूप में चुनी गयी थी । मिरजा महमूद की जैनब नाम की कन्या—

बाणखेष्विन्दुतुल्याब्दे बाबरेणभवद्वृता ।
सा विवाहात्तृतीयाब्दे निरपत्या मृतिं गता ॥४४७॥

४४७. को १५०५ ई० वर्ष में बाबर ने पत्नी बनाया । वह विवाह से तीसरे वर्ष निःसन्तान मर गयी ।

तृतीया बाबरस्य स्त्री ख्याता महमसंज्ञया ।
हुसेनमिर्जा सुल्तानो जामीशेखमुहम्मदः ॥४४८॥

४४८. बाबर की तृतीय पत्नी महम बेगम थी । वह हुसेन मिर्जासुल्तान एवं शेख मुहम्मद जामी—

एताभ्यां महिते वंशे खुरासानभवेऽभवत् ।
तस्याश्चतुरपत्येषु मिहर-ऐसानदौलतौ ॥४४९॥

४४९. के प्रशंसित खुराशानी वंश में उत्पन्न हुई थी । उसकी चार सन्तानों में मिहर, ऐसान दौलत—

फारूकश्च तथा सम्राट् हुमायूं नाम विश्रुताः ।
वर्जयित्वा हिमायूं तु शिष्टा बाल्ये दिवं गताः ॥४५०॥

४५०. फारूक तथा सम्राट् हुमायूं थे । हुमायूं के अतिरिक्त सब बाल्यावस्था में द्विवंगत हो गये ।

चतुर्थी मुसमा नाम सुल्तानाहमदात्मजा ।
शैलखेष्विन्दुतुल्याब्दे बाबरेण विवाहिता ॥४५१॥

४५१. बाबर ने १५०७ ई० वर्ष में सुल्तान अहमद की पुत्री मुसमा से विवाह किया । वह बाबर की चौथी पत्नी थी ।

पञ्चमी गुल्रुखाख्याऽऽसीद्यस्याः शाहरुखाह्मदौ ।
गुलिजरः कामरानश्च अस्करी चाभवन् सुताः ॥४५२॥

४५२. पांचवी पत्नी गुल्रुख बेगम थी, जिससे शाहरुख, अहमद, गुलिजर, कामरान तथा अस्करी नामक पांच पुत्र हुए ।

कामरानास्करीभिन्ना यौवने निधनं गताः ।
षष्ठी स्त्री दिलदाराख्या यस्याः पञ्चाभवन् सुताः ।।४५३।।

४५३. कामरान एवं अस्करी के अतिरिक्त अन्य पुत्र युवावस्था में दिवंगत हो गये। छठीं स्त्री दिलदार बेगम थी, जिसकी पांच सन्तानें हुयी।

गुलरङ्गो गुल्छिहरो हिन्दल्-गुल्वदनाल्वराः ।
अङ्केन्दुबाणचन्द्राब्दे बाबरेण विवाहिता ।।४५४।।

४५४. उनके नाम गुलरङ्ग, गुलछिहर, हिन्दल, गुलबदन एवं अलवर थे। १५१९ ई० वर्ष में बाबर ने

मुबारकाभिधा चान्त्या युसुफ्जाई कुलोद्भवा ।
उपाख्याताऽफगान् बीबी निरपत्या बभूव सा ।।४५५।।

४५५. युसुफजाई कुलोत्पन्न अफगान बोबी मुबारका से विवाह किया। यह उसकी अन्तिम (सातवीं) पत्नी थो। वह निःसन्तान थी।

द्वौ विश्वजयिनावास्तां चिङ्गेजश्च तिमूरकः ।
चिंग्गेजो धर्मसामान्य उदारो न्यायपालकः ।।४५६।।

४५६. चिंगेज एवं तिमूर विश्वविजेता थे। चिंगेज सामान्य धार्मिक (धर्मनिरपेक्ष), उदार एवं न्यायपालक था।

धर्माग्रही क्रूरमतिस्तिमूरश्च बभूव ह ।
मुगलानां भारतस्थे वंशोऽभूत्सङ्करो द्वयोः ।।४५७।!

४५७. तिमूर धर्म के प्रति विशेष आग्रही एवं क्रूरमति था। मुगलों के भारतीय वंश में दोनों का संकर (मिश्रण) था।

बाबरस्याभवन् पुत्रा नासिरुद्दीन् मुहम्मदः ।
हिमायूँ कामरानश्च अस्करी हिन्दलस्तथा ।।४५८।।

बाबर वंशज :

४५८. नासिरुद्दीन मुहम्मद, हिमायूं, कामरान, अस्करी एवं हिन्दल बाबर के पुत्र थे।

हुमायोंरभवत्पुत्रोऽकबरस्तत्सुताः पुनः ।
जहाँगीरो मुरादश्च दानयालस्तथैव च ।।४५९।।

४५९. हुमायूं का पुत्र अकबर था। अकबर के पुत्र जहांगीर, मुराद तथा दानयाल थे।

जहाँगीरस्य तनयाः खुश्खः परबेजकः ।
खुर्रमश्च शहर्यारः खुर्रमः शाह् जहाँऽऽदिमः ।।४६०।।

४६० खुशरव, परबेज़, खुर्रम (शाहजहां प्रथम), शहरयार जहांगीर के पुत्र थे।

दाराशिकोहः प्रथमः शाह् शुजौरङ्गजेबकौ ।
मुरादबक्सस्तुर्यश्च ख्याताः शाहजहाँसुताः ॥४६१॥

४६१. शाहजहां के चार पुत्र दाराशिकोह प्रथम, शाहशुजा, औरंगजेब तथा मुरादबख्श हुए।

पुत्रः खुशरवस्यासीत्ख्यातो दावर बख्शकः ।
पुत्र औरङ्गजेबस्य प्रथमोऽभून्मुअज्जमः ॥४६२॥

४६२. खुशरव का पुत्र दावरबख्श हुआ। औरंगजेब का प्रथम पुत्र मुअज्जम—

शाह आलम इत्युक्तः स एव गुणगौरवात् ।
द्वितीयस्त्वाजमः शाहोऽभूत् तृतीयोऽकबराभिधः ॥४६३॥

४६३. अपने गुण गौरव के कारण शाहआलम नाम से प्रख्यात था। उसका द्वितीय पुत्र आजमशाह, तृतीय अकबर—

चतुर्थः कामबख्शश्च शाहालमसुता अथ ।
जहाँदरोऽजीमुश्शानो रफीउश्शान एव च ॥४६४॥

४६४. तथा चतुर्थ कामबख्श था। शाहआलम के चार पुत्र जहांदर शाह, अजीमुश्शान, रफीउश्शान तथा—

जहानशाहश्चत्वार आजमस्य सुतस्त्वभूत् ।
विदारबख्श इत्युक्तोऽकबरस्य सुतस्त्वथ ॥४६५॥

४६५. जहांनशाह थे। आजमशाह का पुत्र विदार बख्श तथा अकबर का पुत्र—

निकूशियरसंज्ञोऽभूत् कामबख्शसुतस्त्वथ ।
मुहियुस्सुनतस्तस्य मुहीउद्दीन आत्मजः ॥४६६॥

४६६. निकूशियर था। कामबख्श का पुत्र मुहियुस्सुन्नत हुआ। उसका पुत्र मुही-उद्दीन था।

स एवोक्तः शाहजहाँ तृतीयस्त्वैतिहासिकैः ।
पुत्रो जहादर्शाहस्य द्वितीयालमगीरकः ॥४६७॥

४६७. मुहीउद्दीन को ही इतिहासकारों ने शाहजहां तृतीय कहा हैं। जहांदरशाह का पुत्र आलमगीर द्वितीय हुआ।

पुत्रस्त्वजीमुश्शानस्य फर्रूखशियराभिधः ।
पुत्रा रफी उश्शानस्य मुहम्मद इब्राहिमः ॥४६८॥

४६८. अजीमुश्शान का पुत्र फर्रूखशियर था। रफीउश्शान के पुत्र मुहम्मद इब्राहीम—

परो रफी उद्दौला स द्वितीयः शाह् जहाँ मतः ।
रफी उद्दरजातश्च तृतीयः किल कीर्तितः ।।४६९।।

४६९. रफीउद्दौला जो शाहजहां द्वितीय कहा गया है, एवं तृतीय रफीउद्दरजात थे ।

मुहम्मद्शाहो द्वितीयो जहान्शाहस्य चात्मजः ।
पुत्रो मुहम्मद्शाहस्याह् मदशाह-बहादुरः ।।४७०।।

४७०. मुहम्मदशाह द्वितीय जहांनशाह का पुत्र था । मुहम्मद शाह का पुत्र अहमदशाह बहादुर हुआ ।

विदारबख्शस्तत्पुत्रो द्वितीयः शाह आलमः ।
अलीगोहरसंज्ञः स द्वितीयालमगीरजः ।।४७१।।

४७१. उसका पुत्र विदारबख्श था । अलीगोहर (शाहआलम द्वितीय) आलमगीर द्वितीय का पुत्र था ।

द्वितीशाह् आलमस्य द्वितीयोऽकबरः सुतः ।
तस्य पुत्रोऽन्तिमो राजा मुगलेषु बभूव ह ।।४७२।।

४७२. शाहआलम द्वितीय का पुत्र अकबर द्वितीय हुआ । उसका पुत्र मुगलों का अन्तिम राजा था ।

नाम्ना बहादुर्शाहोऽसौ नेत्रषड्गजभूमिते ।
वर्षे स ब्रह्मदेशे तु मरणं प्राप्तवान् किल ।।४७३।।

४७३. उसका नाम बहादुरशाह था । वह १८६२ ई० वर्ष में वर्मा देश में दिवंगत हुआ ।

तत्र देशे मजारोऽस्य गतेनालोकितो मया ।
अथ क्रमो मौगलानां देहल्यां राज्यकारिणाम् ।।४७४।।

४७४. वहां जाकर मैंने उसका मजार देखा है । दिल्ली में राज्य करने वाले मुगलों का क्रम इस प्रकार है—

बाबरोऽथ हिमायूं चाकबरोऽथ जहाँगिरः ।
शाहजहौरङ्गजेबौ च मुअज्जमजहादरौ ।।४७५।।

४७५. बाबर, हुमायूं, अकबर, जहांगीर, शाहजहां, औरंगजेब, मुअज्जमशाह, जहांदरशाह—

फरुखशियरश्चैव रफी उद्दरजातकः ।
निकूशियार इत्याख्यो रफी उद्दौला तथैव च ।।४७६।।

४७६. फरूखशियर, रफीउद्दर जात, निकूशियार, रफीउद्दौला शाहजहां द्वितीय—

मुहम्मदश्चाहमदो द्वितीयालमगीरकः ।
अलीगोहरनामाचाकबरोऽन्त्यो बहादुरः ॥४७७॥

४७७. मुहम्मदशाह, अहमदशाह, आलमगीर द्वितीय, अलीगोहर (शाहआलम द्वितीय) अकबर द्वितीय एवं बहादुरशाह ।

शैलेष्विभेन्दुतुल्याब्दे निगृह्याङ्गला बहादुरम् ।
निर्वास्य ब्रह्मदेशे तं चक्रुर्विक्टोरियां नृपाम् ॥४७८॥

४७८. अंग्रेजों ने १८५७ ई० वर्ष में बहादुरशाह को बन्दी बना, तथा वर्मा देश में निर्वासित कर, विक्टोरिया को साम्राज्ञी घोषित किया ।

रसेभेष्विन्दुवर्षादि-बह्निबाणाद्रिभूमितम् ।
वर्षं यावन्मौगलानां कश्मीरे शासनं स्थितम् ॥४७९॥

४७९. ई० वर्ष १५८६ से १७५३ ई० वर्ष पर्यन्त काश्मीर में मुगलों का शासन था ।

अफगानास्ततः पश्चात्तत्राभूवन् प्रशासकाः ।
मुगलानां पञ्चत्रिंशत् कश्मीरे राज्यपालकाः ॥४८०॥

४८०. तत्पश्चात् वहां अफगान प्रशासक हुए। काश्मीर में पैंतीस मुगल राज्यपाल हुए थे ।

कश्मीरशास्ता मुगलः सम्राडकबरः पुरा ।
ततः परं जहाँगीरः ततः शाहजहाँ अभूत् ॥४८१॥

४८१. सर्व प्रथम मुगल, सम्राट् अकबर काश्मीर का शासक हुआ। तदनन्तर जहांगीर तत्पश्चात् शाहजहां शासक हुए ।

औरङ्गजेवस्तत्पश्चाद् राजाऽभूत् शाह आलमः ।
ततो जहादरः शाहः फरूखशियरस्ततः ॥४८२॥

४८२. उसके पश्चात् औरंगजेब, शाहआलम, जहादरशाह, फरुखशियर—

ततो मुहम्मदः शाहोऽहमदः शाह् बहादुरः ।
बभूव नवमोऽन्त्योऽयं मुगलस्तत्र शासकः ॥४८३॥

४८३. मुहम्मदशाह एवं अहमदशाह बहादुर क्रमशः काश्मीर के शासक हुए। अहमदशाह अन्तिम एवं नवम मुगल शासक था ।

शैलाङ्कश्रुतिचन्द्राब्दे पञ्चमे मासि बाबरः ।
प्रतस्थे जैत्रयात्रायां सप्तमासान्निरन्तरम् ॥४८४॥

बाबर का भारत पर आक्रमण :

४८४. बाबर ने १४९७ ई० वर्ष के मई मास में विजय यात्रा के लिये प्रस्थान किया। सात मास निरन्तर—

आवृत्य सेनया युद्ध्वा समर्कन्दं वशेऽकरोत् ।
तच्छासने तु देशोऽसौ तस्थौ दिनशतं किल ॥४८५॥

४८५. सेना से घेरा डालकर, युद्ध करके उसने समरकन्द को वश में कर लिया। उसके शासन में वह देश केवल सौ दिन स्थित रहा।

इभाङ्कश्रुतिचन्द्राब्दे जूनमासे स बाबरः ।
फर्गहानं वशे चक्रे चन्द्राभ्रेष्विन्दुवत्सरे ॥४८६॥

४८६. बाबर ने १४९८ ई० वर्ष के जून मास में फर्गहान को अपने अधिकार में कर लिया। १५०१ ई० वर्ष में—

मुकीम अघूरनो नाम काबुलं कृतवान् वशम् ।
तं काबुलं बाबरोऽयं वेदाभ्रेष्विन्दुवत्सरे ॥४८७॥

४८७. मुकीम अघूरन ने काबुल को अधिकृत कर लिया। उस काबुल को बाबर ने १५०४ ई० वर्ष में—

हिन्दूकुशगिरेः पारं गत्वाऽकार्षीद्वशं किल ।
बादामचश्मामतीत्य तथैव जगदालिकम् ॥४८८॥

४८८. हिन्दुकुश पर्वत पारकर वश में किया। बादाम चश्मा एवं जगदालिक लिया।

आदीनपुरमुत्तीर्य निगहारं ततः परम् ।
जमरूदं ततो मार्गं खैबराख्यं समाऽऽश्रयन् ॥४८९॥

४८९. तदनन्तर आदीनपुर, निगहार एवं जमरूद को पारकर, खैबर दर्रा मार्ग से होता हुआ—

इष्वभ्रेष्विन्दुवर्षे स गाजीखाँस्थानमागतः ।
भारताक्रमणं तस्येदमासीदादिमं किल ॥४९०॥

४९०. वह १५०५ ई० वर्ष में गाजीखां स्थान पर पहुँचा। उसका भारत पर यह प्रथम आक्रमण था।

नियुद्धय चतुरो मासान् मईमासे स काबुलम् ।
रसाभ्रेष्विन्दुतुल्याब्दे गत्वाऽयाद्गजनीं किल ॥४९१॥

४९१. चार मास पर्यन्त युद्ध अभियान के पश्चात् वह १५०६ ई० वर्ष के मई मास में काबुल जाकर गजनी चला गया।

शैवानी खाँ खुरासानमाक्रम्य स्ववशेऽकरोत् ।
हेरातं जूनमासे स शैलाभ्रेष्विन्दुवत्सरे ॥४९२॥

४९२. शैवानी खां ने १५०७ ई० वर्ष में जून मास में खुरासान पर आक्रमण कर हेरात ले लिया।

असावबुलखैरस्य पौत्र आसीद् अमुष्य वै ।
नामानि शाहीवेगेति शैवकः शाहबख्श् च ।।४९३।।

४९३. वह अबुलखैर का पौत्र था । उसके शाहीवेग, शैबक या शाहबख्श अपर नाम थे ।

शैवानी उजवेगानामग्रनेता बभूव सः ।
इन्द्वभ्रेष्विन्दुतुल्याब्दे बाबरः सरएपुले ।।४९४।।

४९४. वह शैवानी उजवेगों का नेता (सरदार) था । १५०१ ई० वर्ष में बाबर सूर-ए-पुल—

पराजितः समायातः समर्कन्दमिहाप्यसौ ।
शैवानीसेनया रुद्धो मुक्तये भगिनीं निजाम् ।।४९५।।

४९५. पर पराजित होकर, समरकन्द चला गया । वह, वहां पर भी शैवानी की सेना से अवरुद्ध हो गया । उसने मुक्ति के लिये अपनी बहन—

खानजादा बेगमाख्यां शैवानीगेहिनीं व्यधात् ।
तथापि ववृधे वैरं शैवानीबाबराख्ययोः ।।४९६।।

४९६. खानजादा बेगम को शैवानो की गृहिणी (पत्नी) बना दिया, तथापि शैवानी एवं बाबर का बैर बढ़ता गया ।

शैवानी खानजादां तु विसृज्यान्यनराश्रिताम् ।
कृतवान् पुरुषः सोऽपि युद्धे मर्वान्तिके हतः ।।४९७।।

४९७. शैवानी ने खानजादा को तलाक देकर अन्य पुरुष से विवाहित कर दिया । वह व्यक्ति भी मर्व के निकट युद्ध में मारा गया ।

शून्येन्दुबाणचन्द्राब्दे द्वितीयाह्नि दिसम्बरे ।
मर्वाद्बहिः स शैवानीखानोऽपि युधि मारितः ।।४९८।।

४९८. वह शैवानी खान भी १५१० ई० वर्ष में दो दिसम्बर को मर्व के बाहर युद्ध में मारा गया ।

शैलाभ्रेष्विन्दुतुल्याब्दे नवमे मासि बाबरः ।
आश्रित्य काबुलसरित्तीरं मन्दरवारकम् ।।४९९।।

४९९. ई० वर्ष १५०७ के सितम्बर मास में बाबर काबुल नदी तट पर पहुँचकर, वहां से मन्दरवार—

समागतोऽलीनगरे लघमानाभिधस्थले ।
द्वितीयमिदमाक्रान्तं बाबरेणेह भारते ।।५००।।

५००. आ गया । अलीनगर नदी पर लघमान स्थान है । बाबर का भारत पर यह द्वितीय आक्रमण था ।

रुद्रेष्विन्द्वब्दाद्यमासे कुन्दूजं बाबरो गतः ।
सफवीबादशाहस्य शाह इस्माइलस्य वै ॥५०१॥

५०१ ई० वर्ष १५११ में बाबर कुन्दूज पहुँचा। सफवी बादशाह शाहइस्माल का—

दूतस्तत्रामिलत्तेन बाबरोऽथोजवेगकान् ।
सेनयाऽभिययौ वर्षे नेत्रेन्द्विषुविन्दुसम्मिते ॥५०२॥

५०२. दूत वहां मिला। इसके बाद बाबर ने १५१२ ई० वर्ष में उजवेगों के विरुद्ध सैनिक अभियान किया।

कुल-ए-मलिक बुखाराख्यस्थाने तैस्त्वेषनिर्जितः ।
अङ्केन्दुबाणचन्द्राब्दाद्यमासेऽह्नि तृतीयके ॥५०३॥

५०३. कुल-ए-मलिक बुखारा नामक स्थान पर, वह उन लोगों द्वारा पराजित हुआ। तीन जनवरी १५१९ ई० वर्ष में—

तृतीयाक्रमणं चक्रे बाबरो भारते किल ।
नभोऽक्षिबाणचन्द्राब्दे हुमायूंमथ बाबरः ॥५०४॥

५०४. बाबर ने भारत पर तृतीय आक्रमण किया। १५२० ई० वर्ष में बाबर ने हुमायूं को—

न्ययुङ्क्त राज्यपालत्वे देशे बदखशाभिधे ।
काबुलञ्च बजौरां चातीत्य भेरामुपागतः ॥५०५॥

५०५. बदरखशा देश का राज्यपाल नियुक्त किया। तदनन्तर काबुल एवं बाजौर पारकर भेरा पहुँच गया।

ततो वितस्तामुत्तीर्य स्यालकोटमथाऽगमत् ।
बाणेन्दुशतकादूर्ध्वं विंशेवाऽप्येकविंशके ॥५०६॥

५०६. वहां से वितस्ता (झेलम) नदी पार कर, स्यालकोट आ गया। १५२०-१५२१ ई० वर्ष में—

वर्षे संवृत्य गन्धारं सेनयाऽब्दे किलाग्रिमे ।
षष्ठे सितम्बरदिने गन्धारं स्ववशेऽकरोत् ॥५०७॥

५०७. कन्धार पर असफल घेरा डाला। तदनन्तर अगले (वर्ष १५२२ ई०) वर्ष छः सितम्बर को कन्धार अपने वश में कर लिया।

तनयं कामरानं तु तत्र चक्रे प्रशासकम् ।
श्रुत्यक्षिबाणचन्द्राब्दे पाञ्चालो राज्यपालकः ॥५०८॥

बाबर का भारत विजय :

५०८. अपने पुत्र कामरान को वहां का प्रशासक नियुक्त किया। १५२४ ई० वर्ष में पंजाब के राज्यपाल—

लोदी दौलतखानाख्योऽद्रुह्यद् दिल्लीप्रशासिने ।
लोदी इब्राहिमाख्याय तदेब्राहिम् पितृव्यकः ॥५०९॥

५०९. दौलन खान लोदी ने दिल्ली के प्रशासक इब्राहीम लोदी से विद्रोह किया। इब्राहीम लोदी का पितृव्य (चाचा)—

अलाउद्दीन आदमः खाँ शक्त्यर्थं काबुलं गतः ।
प्रतिदित्सन् स पञ्चालं ययाचे बाबरं बलम् ॥५१०॥

५१०. अलाउद्दीन आदम खान शक्ति वृद्धि हेतु काबुल गया। पंजाब को प्रदान करने की इच्छा व्यक्तकर, बाबर से सैन्य (सहायता की) याचना की।

बाणाक्षिबाणचन्द्राब्दे शैलेन्द्वह्नि नवम्बरे ।
प्रातिष्ठत ससैन्योऽसौ जिघृक्षुर्भारतं भुवम् ॥५११॥

५११. सत्रह नवम्बर, १५२५ ई० वर्ष में सेना सहित बाबर ने भारतभूमि प्राप्त करने की अभिलाषा से प्रस्थान किया।

दिसम्बरे तृतीयेऽह्नि लाहौरं बाबरोऽजयत् ।
फर्वरी रसनेत्राह्नि रसाक्षीष्विन्दुवत्सरे ॥५१२॥

५१२. तीन दिसम्बर को बाबर ने लाहौर जीत लिया। २६ फरवरी १५२६ ई० वर्ष में—

हिसारफिरुजं नाम हुमायूं स्ववशेऽकरोत् ।
द्वादशेऽप्रीलदिवसे रसाक्षीष्विन्दुवत्सरे ॥५१३॥

५१३. हुमायूं ने हिसार फिरुज को वश में कर लिया। १२ अप्रैल १५२६ ई० वर्ष में—

सामुख्यं सेनयोरासीद्बाबरेब्राहिमाख्ययोः ।
विंश्यां निश्यप्रीलमासे आऽक्रामत्किल बाबरः ॥५१४॥

पानीपत का युद्ध :

५१४. बाबर एवं इब्राहीम लोदी की सेनाओं का सामना हुआ। २० अप्रैल को रात्रि में बाबर ने (लोदीपर) आक्रमण किया।

अप्रीलस्यैकविंशेऽह्नि युद्धयन् पानीपतस्थले ।
वैपरीत्येन नियतेरिब्राहीमः पराजितः ॥५१५॥

५१५. अप्रैल २१ को पानीपत में युद्ध करते हुए, इब्राहीम भाग्य की प्रतिकूलता के कारण पराजित हो गया।

अप्रीलसप्तविंशेऽह्नि देहल्यां बाबरोऽविशत् ।
अथैकविंशदिवसे तत्रैवाब्दे दिसम्बरे ॥५१६॥

५१६. अप्रैल २७ को बाबर दिल्ली में प्रविष्ट हुआ। उसी वर्ष २१ दिसम्बर को—

इब्राहीमस्य जननी विषद्वारा जिघांसया ।
बाबरस्य वृथायत्नं कृत्वा प्रैष्यत काबुलम् ।।५१७।।

५१७. इब्राहीम लोदी की माता ने विष द्वारा बाबर की हत्या करने का विफल प्रयत्न किया, और वह काबुल भेज दी गयी ।

षोडशे मार्चदिवसे शैलाक्षीष्विन्दुवत्सरे ।
राणासांगाबलं जिग्ये खानवायुधि बाबरः ।।५१८।।

खानवा युद्ध :

५१८. ई० वर्ष १५२७ में १६ मार्च को बाबर ने खानवा के युद्ध में राणासांगा की सेना को पराजित किया ।

मीराया हरिभक्ताया रत्नसिंहाभिधः पिता ।
नियुद्धचन्नत्रसंग्रामे लेभे वीरोचितां गतिम् ।।५१९।।

५१९. कृष्णभक्त, मीरा के पिता रत्न सिंह युद्ध करते हुये, इसी संग्राम में वीरगति प्राप्त किये ।

मेवातानां राजधानीं सप्तमेऽप्रीलवासरे ।
विवेशालवरं नाम बाबरो जयतत्परः ।।५२०।।

५२०. विजयोद्यत बाबर ने ७ अप्रैल को मेवातों की राजधानी अलवर में प्रवेश किया ।

षष्ठे मईदिनेऽङ्काक्षिबाणेन्दुमितवत्सरे ।
चन्देरीयुद्धमजयत् क्षत्रियाः स्वान् स्वयं जहुः ।।५२१।।

चंदेरी युद्ध :

५२१. उसने ६ मई १५२९ ई० वर्ष में चन्देरी युद्ध जीता और क्षत्रियों ने आत्माहुति दी अर्थात् जौहर किया ।

नागाक्षिबाणचन्द्राब्दे विंशे फरवरीदिने ।
सायोध्यं लक्ष्मणपुरं बाबरो जितवान् किल ।।५२२।।

५२२. बाबर ने २० फरवरी १५२८ ई० वर्ष में अयोध्या सहित लखनऊ नगर को जीता ।

अङ्काक्ष्यहन्यादिमे मासे गंगासरयुसंगमे ।
लोदी मुहम्मदाख्यस्य तथा बंगाफगानयोः ।।५२३।।

गंगा-सरयू संगम युद्ध :

५२३. जनवरी २९ को गंगा-सरयू (घाघरा) संगम पर मुहम्मद लोदी, बंगाल एवं अफगान की—

संहतां विपुलां सेनां बाबरो बलतोऽजयत् ।
तृतीयं सुमहद्युद्धं बाबरस्येदमद्भुतम् ।।५२४।।

५२४. सम्मिलित एवं विशाल सेना को बाबर ने बलपूर्वक जीत लिया । यह बाबर का तृतीय अद्भुत युद्ध था ।

अत्र नावां शतघ्नीनामप्यासोदवलम्बनम् ।
वंगाधिपेन नुसरत्खानेन कृतसन्धिकः ॥५२५॥

५२५. इस युद्ध में नौकाओं शतघ्नियों (तोपों) का प्रयोग किया गया था। बंगाल के अधिपति नुसरत से सन्धिकर—

विहारस्याभवत्स्वामी बाबरो नीतितत्परः ।
नागाक्षिबाणचन्द्राब्दे त्रिंशे जनवरीदिने ॥५२६॥

५ ६. नीतिज्ञ बाबर विहार का स्वामी बन गया। ३० जनवरी १५२८ ई० वर्ष में—

राणासांगा जहौ देहं शक्ति भारतभूरपि ।
आकाबुलं विहारान्तं तदाऽऽसीद्बाबरः प्रभुः ॥५२७॥

५२७. राणासांगा ने शरीर एवं भारत भूमि ने शक्ति त्याग दिया। उस समय बाबर काबुल से विहार तक का प्रभु हो गया था।

इब्राहीमस्य समये मार्गेश्अब्दालसंज्ञकः ।
समागत्यस्थितो दिल्ल्यां भीतः कांचनचक्रतः ॥५२८॥

बाबर और काश्मीर :

५२८. काश्मीर सुल्तान इब्राहीम के समय कांचन चक्र से भयभीत मार्गेश अब्दाल आकर दिल्ली रहने लगा।

बाबरं नोदयामास कश्मीरविजयम्प्रति ।
अलीबेगम्पुरस्कृत्य महमूदन्तथैव च ॥५२९॥

५२९. उसने बाबर को काश्मीर विजय के लिये प्रेरित किया। अलीवेग तथा महमूद के नेतृत्व में—

दत्वाऽब्दालं सैनिकानां सहस्रं नाजुकन्तथा ।
पुत्रम्फतहशाहस्य तदानीं देहलीस्थितम् ॥५३०॥

५३०. एक सहस्र सैनिक देकर अब्दाल तथा उस समय दिल्ली में स्थित फतहशाह के पुत्र नाजुकशाह को—

प्रेषयामास युद्धार्थं नैरपेक्ष्येण बाबरः ।
नाजुकाग्रचाऽथ सा सेना लङ्घयन्ती गिरिव्रजम् ॥५३१॥

५३१. युद्ध के लिये बाबर ने निरपेक्षभाव से प्रेषित किया, नाजुक को अग्रसर कर, वह सेना पर्वत समूह को लांघती—

यान्ती भांगिलमार्गेण काश्मीरम्प्रविवेश ह ।
युद्धम्बभूव काश्मीरैः प्रतापपुरधन्वने ॥५३२॥

५३२. भांगिलमार्ग से जाकर, काश्मीर में प्रविष्ट हुई। प्रतापपुर धन्वन में काश्मीरियों के साथ युद्ध हुआ।

काश्मीरा विजितास्तत्र नाजुको नृपतीकृतः ।

नाजुको मौगलीं सेनां ससम्मानं न्यवर्तयत् ।।५३३।।

५३३. उस युद्ध में काश्मीरी जीत लिये गये। वहां नाजुकशाह नृपति हुआ। नाजुकशाह ने सम्मान पूर्वक मुगल सेना को लौटा दिया।

नभोऽग्निभूतभूवर्षे षड्विंशेऽह्नि दिसम्बरे ।

नागाब्धिवर्षवयसि बाबरस्तनुमत्यजत् ।।५३४।।

बाबर का मूल्यांकन :

५३४. ई० वर्ष १५३० में २६ दिसम्बर को ४८ वर्ष की अवस्था में बाबर का देहान्त हो गया।

आगरानगरे पूर्वं तत्पश्चात्किल काबुले ।

चक्रे दफनसंस्कारस्तदिच्छातोऽनुजीविभिः ।।५३५।।

५३५. उसके अनुचरों ने पहले आगरा में तदनन्तर उसकी इच्छानुसार काबुल में उसका दफन संस्कार किया।

मयाऽपि काबुलेऽदर्शि तस्य रम्यः शवाजिरः ।

कब्रेऽस्ति नैव भवनम्प्रत्युतानावृतं नभः ।।५३६।।

५३६. मैंने काबुल में उसका सुरम्य शवप्राङ्गण देखा है। कब्र के ऊपर भवन नहीं है, अपितु खुला आकाश है।

काव्यं स्म कुरुते तुर्कगिरा सङ्गीतविच्च सः ।

तात्कालिकादलीशीराद्विश्वविख्यातसत्कवेः ।।५३७।।

५३७. वह संगीत वेत्ता था। तुर्क भाषा में काव्य रचना करता था। तत्कालीन विश्व-विख्यात कवि अलीशीर के—

परस्तात्कविचिन्तायां तन्नामैवावधार्यते ।

प्राञ्जलर्जुर्विशुद्धा गीस्तस्यासीत्काव्यकारिणः ।।५३८।।

५३८. बाद काव्य प्रणयन में उसी का नाम था। काव्य रचयिता बाबर की भाषा प्राञ्जल, सरल एवं विशुद्ध थी।

सुवेयानाभिधा काचिन्नूतना काव्यपद्धतिः ।

निर्ममे तेन तद्ग्रन्थाः स्वस्मृतिः विधिसंहिता ।।५३९।।

५३९. उसने सुवेयान नामक एक नवीन काव्य पद्धति का निर्माण किया था। उसने अपना संस्मरण (बाबर नामा), विधिसंहिता—

रिसालयेवालिदिया नाम सन्ति त्रयः किल ।

मुगलानां शासनेषु तदीया विधिसंहिता ।।५४०।।

५४०. एवं रिसालये वालिदिया, इन तीन ग्रन्थों की रचना की थी। मुगलों के शासन में उसकी विधि संहिता—

प्रमाणीक्रियतेस्मासौ स्वकाले सैन्यपोत्तमः ।
बभूव भारते वर्षे युद्धशैल्यपि नूतना ॥५४१॥

५४१. प्रमाण मानी जाती थी। वह अपने समय में उत्तम सेनापति था। उसने भारत वर्ष में नवीन युद्ध शैली का—

प्रवर्तिताऽनुवृत्ता सा परस्तादपि योद्धृभिः ।
हुमायूं मार्चषष्ठाह्नि गजाभ्रेष्विन्दुवत्सरे ॥५४२॥

५४२. प्रचलन किया था, जिसका अनुगमन बाद में भी योद्धाओं ने किया। १५०८ ई० वर्ष में ६ मार्च को हुमायूं—

काबुले लब्धजन्माऽभूद्द्वादशाब्दे प्रशासकः ।
कृतो बदखशादेशे दशाब्दांस्तत्पदे स्थितः ॥५४३॥

हुमायूं :

५४३. का जन्म काबुल में हुआ था। सन् १५२० ई० में वह १२ वर्ष की अवस्था में बदखशादेश में प्रशासक नियुक्त हुआ था। लगभग दश वर्ष तक उस पद पर स्थित रहा।

नभोवह्नीषुभूवर्षे नवाक्ष्यह्नि दिसम्बरे ।
द्वितीयो मुगलः सम्राट् हुमायूं भारते कृतः ॥५४४॥

५४४. हुमायूं उन्तीस दिसम्बर १५३० ई० वर्ष में भारत वर्ष का द्वितीय मुगल सम्राट हुआ।

काबुलं चैव गन्धारं पञ्चालं चानुजाय सः ।
कामरानाय सम्प्रादात् सौभ्रात्रात्स्वेच्छयैव हि ॥५४५॥

५४५. सद्भ्रातृत्व के कारण स्वेच्छा से उसने काबुल, गन्धार, एवं पंजाब को अनुज कामरान को प्रदान कर दिया।

बाबरस्याशुमरणात्कश्मीरे मुगलास्तदा ।
न कञ्चिन्निर्णयं चक्रुः कश्मीरात्सन्निवर्त्य च ॥५४६॥

५४६. उस समय बाबर के शीघ्र मर जाने के कारण मुगल काश्मीर के विषय में कोई निर्णय नहीं ले सके। काश्मीर से लौट कर—

मुहम्मदोऽलीवेगश्च महमूदस्तथैव च ।
संगताः कामरानेन मार्गेशोऽब्दाल एव च ॥५४७॥

कामरान और काश्मीर :

५४७. मुहम्मद, अलीवेग, महमूद, एवं अब्दाल कामरान से मिले।

ऐकमत्येन ते सर्वे काश्मीराक्रमणाय तम् ।
अनायासजयाश्वासपुरस्सरमचूचुदन् ॥५४८॥

५४८. एक मत से वे लोग काश्मीर पर आक्रमण करने के लिये, अनायास विजय प्राप्ति का आश्वासन देकर, उसे प्रोत्साहित किये।

कामरानोऽथ सम्मन्त्र्य हुमायोंः प्रैषयत्किल ।
अलीवेगादिनेतृत्वे त्रिसहस्राश्वसैनिकान् ॥५४९॥

५४९. उसके अनन्तर कामरान ने हुमायूं से मन्त्रणा कर, अलीवेग आदि के नेतृत्व में तीन सहस्र अश्वरोही सैनिकों को—

स्थानान्नौशहरानाम्नः कश्मीरं रणदुर्गतम् ।
भूवह्निबाणचन्द्राब्दे कार्तिकस्यामले दले ॥५५०॥

५५०. नौशहर नामक स्थान से रणदुर्गति में पडे काश्मीर को प्रेषित किया । १५३१ ई० वर्ष के कार्तिक शुक्ल पक्ष में—

सेना विवेश कश्मीरं काश्मीरा युयुधुर्न हि ।
जयवृत्तमवाप्यायाल्लाहौरं कामरानकः ॥५५१॥

५५१. सेना ने काश्मीर में प्रवेश किया । काश्मीरियों ने युद्ध नहीं किया । विजय का समाचार प्राप्तकर, कामरान लाहौर चला आया ।

व्यलुण्ठन्मुगलास्तावच्छ्रीमच्छ्रीनगरं परम् ।
काश्मीरैर्निश्चिता तेन मुगलानां बहिष्क्रिया ॥५५२॥

५५२. मुगलों ने परम समृद्ध श्रीनगर को पूर्ण रुपेण लूटा, अतएव काश्मीरी लोगों ने मुगलों के बहिष्कार का निश्चय किया ।

मुगला अथ काश्मीरैर्गोपाद्रिनिकटे जिताः ।
मुगलास्तैस्तु सन्धाय हित्वा कश्मीरमव्रजन् ॥५५३॥

५५३. काश्मीरियों ने गोपाद्रि के निकट मुगलों को पराजित कर दिया । मुगल उनके साथ सन्धि कर और काश्मीर त्याग कर चले गये ।

मिर्जा हैदर दुध्लतस्य वंश्यानां वर्ण्यते क्रमः ।
आसीदुरतुबू नाम तत्पौत्राः पञ्चसंख्यकाः ॥५५४॥

मिर्जा हैदर दुघलत :

५५४. अब मिर्जा हैदर दुघलत के वंशजों का क्रम वर्णित किया जाता है । उरतुबू के पौत्र—

तुलिको बुलजी चैव कमरुद्दीन एव च ।
तथैव शमशुद्दीन-शेखदौलत संज्ञकौ ॥५५५॥

५५५. तुलिक, बुलजी, कमरुद्दीन शमसुद्दीन एवं शेखदौलत थे ।

बुलजीतनयः ख्यातः खुदैदादेतिसंज्ञया ।
खुदैदादस्य तनयः ख्यातः शाह मुहम्मदः ॥५५६॥

५५६. बुलजी का पुत्र खुदैदाद नाम से प्राख्यात हुआ । खुदैदाद का पुत्र शाह मुहम्मद हुआ ।

अन्येऽपि तस्य तनयाः सैय्यिद् अहमदादयः ।
बुलजी वै दुघलतानां वंशे प्रथमो नरः ॥५५७॥

५५७. खुदैदाद के सैय्यिद अहमद आदि अन्य पुत्र भी थे । बुलजी दुघलत वंश का प्रथम व्यक्ति था—

येनेसलामधर्मस्य दीक्षा प्रथममादृता ।
चीने तुर्किस्तानदेशे आसन् दुघलतास्तदा ॥५५८॥

५५८. जिसने सर्व प्रथम इस्लाम धर्म की दीक्षा ली । उस समय दुघलत जन जाति चीनी तुर्कीस्तान प्रदेश में निवास करती थी ।

सैय्यिद् अहमदस्याऽऽसीत् सैय्यिदोऽलीतनूद्भवः ।
तत्पुत्राः सानिजो मिर्जा मुहम्मद्हैदरस्तथा ॥५५९॥

५५९. सैय्यिद् अहमद का पुत्र सैय्यिद अली था । उसके पुत्र सानिज मिर्जा, मुहम्मद हैदर–

तथा मिर्जा कुरकन् सानिजस्य सुता अथ ।
उमरोऽभूदबाबक्रस्तथा सैय्यिद् मुहम्मदः ॥५६०॥

५६०. तथा मिर्जा कुरकन थे । सानिज के पुत्र उमर, अबाबक्र एवं सैय्यिद मुहम्मद थे ।

मुहम्मद्हैदरापत्यं मुहम्मदहुसेनकः ।
जहाँगीरस्तूरान्गीरस्तथा बूस्तानगीरकः ॥५६१॥

५६१. मुहम्मद हैदर का पुत्र मुहम्मद हुसेन था । जहांगीर, तूरानगीर, बूस्तानगीर—

सुल्तान् मुहम्मदाद्याश्च अबाबक्रसुताः स्मृताः ।
हैदर् मिर्जा दुघ्लतोऽप्यब्दुल्ला मिरजा तथा ॥५६२॥

५६२. एवं सुल्तान मुहम्मद आदि अबाबक्र के पुत्र थे । मिर्जा हैदर दुघलत, अब्दुल्ला मिर्जा तथा—

मुहम्मद्शाहनामापि मुहम्मदहुसेनजाः ।
व्योमाभ्रबाणचन्द्राब्दे मिर्जा हैदरदुघ्लतः ॥५६३॥

मिर्जा हैदर दुघलात :

५६३. मुहम्मद शाह मुहम्मद हुसेन के पुत्र थे। मिर्जाहैदर दुघलत १५०० ई० वर्ष में—

ताशकन्दे जनिं लेभे तत्पिता राज्यपालकः ।
वह्निनन्दाब्धिचन्द्राब्दे तत्रासीदिति निश्चितम् ॥५६४॥

५६४. ताशकन्द नगर में उत्पन्न हुआ था । उसका पिता १४९३ ई० वर्ष में वहां का राज्यपाल था ।

मातृस्वासा बाबरस्य खूब्निगारखानिमाभिधा ।
आसीदेतस्य जननी ज्येष्ठा कुतुलसंज्ञिका ।।५६५।।

५६५. बाबर की मौसी खूबनिगार खानिम तथा माता कुतुल थी ।

नेत्राग्निबाणभूसंख्ये वर्षे कासगरेश्वरः ।
सईदखानो मूर्त्यर्चानिष्ठलोकाढ्यतिब्बतम् ।।५६६।।

तिब्बत विजय योजना :

५६६. कासगर के सुल्तान सईद खान ने १५३२ ई० वर्ष में मूर्ति पूजको से परिपूर्ण तिब्बत को—

आक्रम्य तस्य विध्वंसं चेतसा समकल्पयत् ।
अक्षिबह्निषुभूवर्षे सप्तमे मासि पूर्वतः ।।५६७।।

५६७. आक्रमण करके विध्वस्त करने का संकल्प किया । उसने १५३२ ई० वर्ष के जुलाई मास में सर्व प्रथम—

प्रैष्यद्धैदरं मिर्जा दुघ्लतं स जयन् गतः ।
दुर्गाननेकान् लद्दाखं सईदोऽपि तदा गतः ।।५६८।।

लद्दाख :

५६८. मिर्जा हैदर दुघलत को इस कार्य के लिये प्रेषित किया । वह अनेक दुर्गों को जीतते हुए, लद्दाख गया । उसी समय सईद भी वहां पहुँचा ।

बह्निवह्नीषुचन्द्राब्दे जनवर्यां स हैदरः ।
मिर्जा विवेश कश्मीरं जोजिलासंकटाध्वना ।।५६९।।

काश्मीर प्रवेश :

५६९. मिर्जा हैदर १५३३ ई० वर्ष के जनवरी मास में जोजिला मार्ग से काश्मीर में प्रविष्ट हुआ ।

तुमान्-बहादुर-काबूची-नेतृत्वे लारवर्त्मनि ।
प्रैषयत् स सुशिक्षायां सैनिकानां चतुःशतीम् ।।५७०।।

५७०. उसने तुमान् बहादुर काबूची के नेतृत्व में चार सौ सुशिक्षित सैनिकों को भेजा । वे लार मार्ग पर—

तस्थुः श्रीनगराद्गव्यूत्यन्तरे किल पश्चिमे ।
काश्मीरा हाञ्जिके दुर्गे रणाद्भीताः पलायिताः ।।५७१।।

५७१. पहुचे । उसी समय काश्मीरी युद्ध से भयभीत होकर, श्रीनगर से चार मील पश्चिम स्थित हाञ्जिक दुर्ग में पलायित हो गये ।

अधिचक्रुर्नौशहरास्थानं कासगरा नराः ।
न्युवास हैदरो मिर्जा जैनुल् आब्दीननिर्मिते ॥५७२॥

५७२. कासगरी लोगों ने नौशहर पर अधिकार कर लिया । मिर्जा हैदर ने जैनुल आब्दीन निर्मित—

राजसद्मनि वेदाग्निदिवसान् गतवांस्ततः ।
मराजाभिमुखं मार्गे काश्मीरास्तु यदा कदा ॥५७३॥

५७३. राजादान में चौतीस दिन निवास किया । तदनन्तर वहां से वह मराज की ओर अग्रसर हुआ । मार्ग में यदा कदा काश्मीरी—

आक्रम्य क्षोभायाञ्चकुर्यान्तीं मुगलवाहिनीम् ।
वह्निवह्नीषुचन्द्राब्देऽष्टाविंशे फर्वरीदिने ॥५७४॥

५७४. आक्रमण करके, जाती हुई मुगल सेना को क्षुब्ध करने लगे । १५३३ ई० वर्ष के २८ फरवरी को—

मार्तण्डस्थानमागत्य पक्षयुग्मं युयोध ह ।
मलिक अली चादुराऽऽख्यं काश्मीरपृतनापतिम् ॥५७५॥

५७५. मर्तण्ड स्थान पर आकर, दोनों पक्षों में युद्ध हुआ । काश्मीर के सेनापति मलिक अलीचादुरा को—

जिगाय शर्कमिर्जाऽऽख्यो युद्धे हैदरसैन्यपः ।
द्वितीयेऽह्नि पुनर्युद्धं काश्मीराणामजायत ॥५७६॥

५७६. हैदर के सेनापति बाबा शर्क मिर्जा ने युद्ध में पराजित किया । दूसरे दिन एक मार्च को पुनः काश्मीरियों का—

नाग्रामे कासगरिभिर्मुगलैः कौर्य्यमास्थितैः ।
विजितास्तत्र काश्मीरा मुगलैः सन्दधुस्ततः ॥५७७॥

५७७. नाग्राम स्थान पर, क्रूर कासगरी मुगलों के साथ युद्ध हुआ । उस युद्ध में मुगलों द्वारा विजित काश्मीरी लोगों ने सन्धि कर ली ।

निवृत्ता मइमासान्ते हैदरः कास्गरास्तथा ।
पथा तेनैव येनादौ समायाता युयुत्सवः ॥५७८॥

५७८. मई मास के अन्त में हैदर एवं कासगरी सैनिक, उसी मार्ग से लौट गये, जिस मार्ग से युद्ध की इच्छा से आये थे ।

सुल्तान् मुहम्मदः शाहः स्वकन्यामुदवाहयत् ।
नृपात्मजेस्कन्दरेण दृढसन्धानकाम्यया ।।५७९।।

सन्धि :

५७९. सुल्तान मुहम्मदशाह ने दृढ़ सन्धि की कामना से राजकुमार इस्कन्दर से अपनी पुत्री का विवाह कर दिया ।

कश्मीरे खुतबापाठो ववृते सइदस्य वै ।
मुद्रा च तत्र तस्यैव प्रवृत्ता राज्यभागिनः ।।५८०।।

५८०. काश्मीर में खुतवा पाठ सर्हद के नाम पढ़ा जाने लगा । वहां पर उसी के नाम की मुद्रा प्रचलित हो गयी ।

यावद्वहनसामर्थ्यं सम्पत्तिर्मुगलैर्हृता ।
निवर्तमाना काश्मीराद् हृष्टा मुगलवाहिनी ।।५८१।।

५८१. अपने वहन करने के सामर्थ्य के अनुसार मुगलों ने सम्पत्ति अपहृत की । काश्मीर से लौटती, प्रसन्न मुगल सेना—

सईदखानं लद्दाखे याताऽसौ कास्गरं गतः ।
मिरजा हैदरं चासावुरसंगमयापयत् ।।५८२।।

५८२. लद्दाख में सर्हद खान के पास पहुँची । वह सुल्तान सईद कासगर चला गया तथा हैदर को उरसंग (लासा) भेज दिया ।

जुलाईद्वाविंशदिने वह्निचग्नीष्विन्दुवत्सरे ।
स्थाने दामगिरे नाम सईदो निधनं गतः ।।५८३।।

५८३. वर्ष १५३३ ई० के २२ जुलाई को दामगिरि स्थान पर सुल्तान सर्हद खान की मृत्यु हो गई ।

वह्निचग्नीष्विन्दुवर्षेऽसौ मिर्जा हैदरदुघ्लतः ।
तिब्बते पुनराक्रान्तिं मूर्तिद्वेषी व्यचिन्तयत् ।।५८४।।

तिब्बत पर आक्रमण :

५८४. मूर्ति-विद्वेषी मिर्जाहैदर दुघलत ने १५३३ ई० वर्ष में तिब्बत पर पुनः आक्रमण का विचार किया ।

पादटिप्पणी :

गजेटियर में लिखा है कि सन् १५२७ ई० में दौलत-वेगुल्दी स्थान पर सुल्तान सैय्यिद खां की मृत्यु हुई थी । यह स्थान दियसंग मैदान के उत्तर-पश्चिम कोने पर है । वहां से कराकोरम पास ११ मिल पर काशगर तथा काश्मीर सीमान्त के समीप काश्मीर में है । दियसंग का मैदान लगभग १७–५०० फीट की ऊचाई पर है ।

पूर्वं केनाप्यनाक्रान्ते राजा मूर्तिविरोधकृत् ।
बौद्धमन्दिरविध्वंसैः सुकृतं लब्धुमैहत ॥५८५॥

५८५. जहाँ पहले किसी ने आक्रमण नहीं किया था, उस तिब्बत में मूर्ति विरोधी राजा हैदर ने बौद्ध मन्दिरों को ध्वंस कर, पुण्यार्जन करना चाहा ।

अष्टवर्कं गतो यस्माल्लासा गम्योऽष्टभिर्दिनैः ।
शीतातिशयसन्त्रस्तस्तिब्बतीयैः पराजितः ॥५८६॥

५८६. वह अष्ट वर्क पहुँचा, जहाँ से लासा आठ दिन का मार्ग था । अत्यधिक शीत से संत्रस्त वह, तिब्बतियों द्वारा पराजित कर दिया गया ।

वेदाग्नीष्विन्दुवर्षादौ लद्दाखं विन्यवर्तत ।
लद्दाखाधिपतिस्तस्मै कृपया शरणं ददौ ॥५८७॥

५८७. वह १५३४ ई० वर्ष के प्रारम्भ में लद्दाख लौट आया । लद्दाख के राजा ने कृपा कर उसे शरण प्रदान किया ।

इष्वग्नीष्विन्दुवर्षेऽपि स जयाय वृथैहत ।
सहिष्णूदारनृपतेर्लद्दाखाधिपतेरसौ ॥५८८॥

५८८. उसने १५३५ ई० वर्ष में तिब्बत विजय की विफल इच्छा की । सहिष्णु एवं उदार लद्दाख राजा का—

संश्रित्य शरणं नित्यं स जयेच्छां व्यसर्जयत् ।
रसाग्नीष्विन्दुवर्षान्ते नीत्वा बदखशाभुवि ॥५८९॥

लद्दाख में शरण :

५८९. शरण प्राप्तकर, उसने सर्वदा के लिये वहां की विजयेच्छा को त्याग दिया । १५३६ ई० वर्ष के अन्त में बदखशा भूमि—

शीततुं हैदरो यातो नागाग्नीष्विन्दुवत्सरे ।
काबुलं तत्परस्ताच्च लाहौरं भारतेऽगमत् ॥५९०॥

दुघलत भारत में :

५९०. में शीत ऋतु व्यतीतकर, मिर्जाहैदर १५३८ ई० वर्ष में काबुल तथा वहां से भारत में लाहौर आया ।

दत्त्वाऽऽश्रयं कामरानो हैदरं बाबरात्मजः ।
पंचाले राज्यपं कृत्वा सह तेनाऽऽगरां पुरम् ॥५९१॥

५९१. बाबर के पुत्र कामरान ने हैदर को आश्रय देकर, पंजाब का राज्यपाल नियुक्त कर दिया । तदनन्तर कामरान उसके साथ—

स्वानुजं हिन्दलं द्रोहतत्परं शमयन् गतः ।
शेरशाहस्य सूरस्य जन्म प्रायोऽवधार्यते ।।५९२।।

५९२. अपने अनुज हिन्दल का विद्रोह शान्त करने के लिये आगरा गया । शेरशार सूर का जन्म प्रायः—

रसेभाब्धीन्दुसंख्याब्दे मूलनाम फरीद खाँ ।
इब्राहीमः खानसूरः प्रथितस्तत्पितामहः ।।५९३।।

शेरशाह सूर :

५९३. ई० वर्ष १४८६ में निर्धारित किया जाता है ।उसका मूल नाम फरीद खां था । उसके पितामह इब्राहीम खान सूर—

सुलेमानाद्रिसंसर्गिशैलबाहुसमीपतः ।
रोहरीगुमलाख्यायाः सरितस्तटवर्त्यभूत् ।।५९४।।

५९४. सुलेमान पर्वत के शैलबाहु के समीपस्थ रोहरी गुमल नदी-तट के निवासी थे ।

आगत्य भारतं वर्षं सुतेन हसनेन सः ।
हुमायोर्लब्धराज्यस्य वहताल्हरयानयोः ।।५९५।।

५९५. वह पुत्र हसन के साथ भारत आकर, हुमायूं से बहताल एवं हरयाना की जागीर प्राप्त करने वाले—

खां महावतसूरस्य सेवातो भारतेऽवसत् ।
सिषेवे बाबरं चापि भविष्णुः शेरशाहकः ।।५९६।।

५९६. महावत खाँ की सेवा करते हुए, भारत में बस गया । शेरशाह ने बाबर की भी सेवा की थी ।

क्रमेणलब्धसामर्थ्यः खवह्नीष्विन्दुवत्सरे ।
चुनारदुर्गमजयत् किन्तु वर्षेऽग्रिमे पुनः ।।५९७।।

५९७. उसने क्रमशः सामर्थ्य अर्जित कर, १५३० ई० वर्ष में चुनार का दुर्ग जीत लिया था किन्तु अग्रिम वर्ष में ही पुनः—

हुमायुः स्ववशे चक्रे तं दुर्गं शेरशाहकः ।
श्रुत्यग्निबाणचन्द्राब्दे जितवान् वंगमेदिनीम् ।।५९८।।

५९८. हुमायूं ने उस दुर्ग को अपने अधिकार में कर लिया । शेरशाह ने १५३४ ई० वर्ष में वंगभूमि को जीता था ।

तदानीं भारते वर्षे पठाना मुगलान्प्रति ।
चुक्रुधुर्हृतराज्यत्वाद्धतमानार्थगौरवाः ।।५९९।।

५९९. उस समय भारतवर्ष में पठान मुगलों के प्रति क्रुद्ध हो गये थे, क्योंकि उन लोगों ने पठानों का राज्य अपहृत कर, उनके धन, मान एवं गौरव की हानि की थी ।

चतुःशताब्दान् देशेऽस्मिन् कृतराज्याः पाठनकाः ।
मुगलैर्भिन्नजातीयैर्भिन्नवाक्चरितैरपि ।।६००।।

६००. पठानों ने चार सौ वर्ष इस देश में राज्य किया था। पृथक् जाति, भाषा एवं चरितवाले मुगलों द्वारा—

हृतस्वा भारतात्तेषां बहिष्कारं व्यचिन्तयन् ।
तदानीं शेरशाहोऽसौ पठानग्रामणीरभूत् ।।६०१।।

६०१. उनका स्वत्व अपहृत कर लिया गया । अतएव उन लोगों ने मुगलों के बहिष्कार का निश्चय किया । उस समय शेरशाह पठानों का ग्रामणी (प्रधान) था ।

मुगलानां बहिष्कारं भारतात्समकल्पयत् ।
विजित्यवंगे महमूदं समृद्धः शेरशाहकः ।।६ २।।

६०२. बंगाल में महमूद को जीतकर, समृद्ध शेरशाह ने भारत से मुगलों का बहिष्कार करने का दृढ़ संकल्प कर लिया ।

मुगलानां विरोधेन पठानानां प्रियोऽभवत् ।
हसनः खाँ च गाजी खाँ तथाऽन्यस्तनयास्त्रयः ।।६०३।।

सूर वंश :

६०३. मुगलों के विरोध से पठानों का लाभ हुआ । हसन खां, गाजीखां तथा एक अन्य, ये तीन—

इब्राहीमस्य कथिताश्चत्वारो हसनात्मजाः ।
शेरशाहनिजामौ च सुलेमानोऽह्मदस्तथा ।।६०४।।

६०४. इब्राहीम के पुत्र थे । हसन के चार पुत्र शेरशाह प्रथम, निजाम खां, सुलेमान खां एवं अहमद खां थे ।

गाजीखांतनयस्तूक्तः शाहइब्राहिमाख्यया ।
आसीत् सिकन्दरः शाहो गाजीभ्रातृजताप्रथः ।।६०५।।

६०५. गाजी खां का पुत्र इब्राहीमशाह था । गाजी खां का भ्रातृ-पुत्र (भतीजा) सिकन्दर शाह था ।

शेरशाहात्मजः प्रोक्त इसलामापराभिधः ।
जलालखाँ आदिलश्च मुवारिजखाँ निजामजः ।।६०६।।

६०६. शेरशाह के पुत्र जलाल खां अपर नाम इसलाम खां एवं आदिल खां थे । निजाम खां का पुत्र मुवारिज खां था ।

मुहम्मद् आदिलः शाहः स एवोक्तोऽथ कन्यकाः ।
निजामस्याभवंस्तिस्रस्ताः क्रमेण विवाहिताः ।।६०७।।

६०७. उसी को मुहम्मद आदिलशाह भी कहा गया है । निजाम की तीन कन्यायें थी । वे क्रमशः—

इसलामेब्राहिमाभ्यां सिकन्दरशाहतस्तथा ।
नागाग्निबाणचन्द्राब्दादारभ्यैतत्कुलोद्भवाः ।।६०८।।

६०८. इसलामशाह, इब्राहीमशाह एवं सिकन्दर शाह के साथ विवाहित की गयी थो । १५३८ ई० में वर्ष से इस वंश में उत्पन्न लोग--

अष्टादशाब्दानभवन्दिल्लीसिंहासनेश्वराः ।
शेरशाहेसलामौ च मुहम्मद् आदिलस्तथा ।।६०९।।

६०९. अट्ठारह वर्ष पर्यन्त दिल्ली सिंहासन पर आरूढ रहे । शेरशाह सूर, इसलामशाह, मुहम्मद आदिलशाह—

शाहइब्राहिमस्तुर्यः पञ्चमोऽन्त्यः सिकन्दरः ।
शेरशाहः पितुः स्थाने राज्यपालोऽब्दपञ्चकम् ।।६१०।।

६१०. इब्राहीमशाह एवं अन्तिम पंचम सिकन्दरशाह सुल्तान हुए । शेरशाह अपने पिता के स्थान पर—

सहस्रामेऽभवन्नागचन्द्रेष्विन्दुमिताब्दतः ।
स नगाक्षोषुचन्द्राब्दे रणनीतिमधीतवान् ।।६११।।

६११. वर्ष १५१८ ई० से पांच वर्ष तक सहसराम (सासाराम) में राज्यपाल था । उसने १५२७ ई० वर्ष में—

प्रविश्यमुगलानां वै शिविरेऽन्तः सकौशलम् ।
नागाक्षिबाणचन्द्राब्दे बाबरानुग्रहेण सः ।।६१२।।

६१२. कौशल पूर्वक शिविर में प्रवेश कर, मुगलों की रणनीति का अध्ययन किया । १५२८ ई० वर्ष में बाबर के अनुग्रह से—

शौर्यचातुर्ययोगेन भूस्वाम्यमुपलब्धवान् ।
नागाग्निबाणचन्द्राब्दे हुयायूँ शेरशाहकः ।।६१३।।

६१३. तथा अपने शौर्य चातुर्य से वह भूस्वामी (जागीरदार) बना । १५३८ ई० वर्ष में शेर-शाह ने हिमायु ं को—

चुनारे जितवांस्तर्हि हुमायोः साह्यकाम्यया ।
कामरानस्तथा मिर्जा हैदरो दुघ्लतोऽव्रजत् ।।६१४।।

६१४. चुनार में जीत लिया । उसी समय हुमायू ं की सहायता करने के लिये कामरान तथा मिर्जाहैदर दुघलत गये ।

अङ्काग्निभूतचन्द्राब्दे चौसायुद्धे पराजितः ।
हुमायुः शेरशाहेन भीतोऽयादागरां पुरम् ॥६१५॥

६१५. ई० वर्ष १५३९ में शेरशाह द्वारा चौसा युद्ध में पराजित होकर, भयभीत हुमायू आगरा चला गया ।

स्वम्नाखुतवापाठं शेरशाहः समाऽऽदिशत् ।
स्वनामाङ्कितमुद्राश्च तदा राज्ये व्यवाहरत् ॥६१६॥

६१६. शेरशाह ने उस समय राज्य में अपने नाम से खुतवा पाठ का आदेश प्रसारित किया तथा स्वनामांकित मुद्रा प्रचलित की ।

चौसायुद्धे कामरानो हुमायोः संगमत्यजत् ।
हैदरः संकटे त्वस्मिस्तत्त्यागं नाभ्यनन्दयत् ॥६१७॥

६१७. चौसा युद्ध में कामरान ने हुमायूं का साथ छोड़ दिया । मिर्जा हैदर ने उस संकट में उसका परित्याग नहीं किया ।

खवेदभूतचन्द्राब्दे शेरशाहेन निर्जितः ।
हुमायुरागरामाऽगात् नभोवेदसहस्रकैः ।
सैन्यानां सहितोऽप्यासीन्नपुनर्योद्धुमैहत ॥६१८॥

६१८. ई० वर्ष १५४० में शेरशाह द्वारा (कन्नौज में) पराजित होकर, हुमायूं आगरा गया । चालीस सहस्र सैनिकों से युक्त होनेपर, भी वह पुनः युद्ध के लिये तैयार नहीं हुआ ।

आगरोद्यानमहीरुहेषु सन्त्यक्तसङ्घर्षधियं चरन्तम् ।
विपक्षयन्त्राद्गुलिकोपयाता कृत्येव सत्पुण्यजने प्रयुक्ता ।
तत्रासीद्धैदरो मिर्जा स चान्यः कोऽपि सेवकः ॥६१९॥

६१९. संघर्ष त्यागकर, आगरा के उद्यान में वृक्षों के नीचे विचरण करते, हुमायूं के ऊपर, सज्जन पर प्रयुक्त कृत्या सदृश, विपक्षी द्वारा गोली चलायी गयी । वहाँ पर मिर्जा हैदर तथा एक कोई अन्य सेवक थे ।

द्वावप्यधावतां शत्रुं हैदरो गुलिकाक्षतः ।
पठानवैरिकेन्द्रत्वं कश्मीरस्यैव भाव्यते ॥६२०॥

६२०. दोनों विरोधी के पीछे दौड़े । मिर्जा हैदर विपक्षी की गोली से आहत हो गया । 'कश्मीर पठानों के विरुद्ध केन्द्र हो सकता है ।

द्विमासाभ्यां सुखं जय्याऽधुना कश्मीरभूरियम् ।
मुगलेभ्य इमां मिर्जाहैदरो मन्त्रणामदात् ॥६२१॥

काश्मीर आक्रमण योजना :

६२१. इस समय दो महीनों में काश्मीर भूमि जीती जा सकती है, इस प्रकार मिर्जा हैदर ने मुगलों को परामर्श दिया ।

पुनर्मुगलसुस्थित्यै मुख्यान्मुगलनागरान् ।
हुमायुमपि कश्मीरे स्थित्यर्थं प्रैरयद्दृढम् ।।६२२।।

६२२. मुगल प्रमुखों एवं हुमायूं को मुगलों की स्थिति पुनः अच्छी करने तथा काश्मीर में स्थिति सुदृढ़ करने के लिये, विशेष रूप से प्रेरित किया ।

तथैवाब्दालमार्गेशो मुख्यः काश्मीरनागरः ।
रेगीचक्रश्च लाहौरे ख्वाजाहाजीमुखेन च ।।६२३।।

६२३. उसी प्रकार काश्मीर के अमीर अब्दाल मार्गेश एवं रेगीचक्र ने ख्वाजाहाजी द्वारा लाहौर में—

दृढं हुमायुं काश्मीरजयार्थं समचूचुदत् ।
शेरशाहात्तदा सूरात्पञ्चाले व्यासतीरगात् ।।६२४।।

६२४. हुमायूं को काश्मीर विजय के लिये उत्साहित किया, उस समय पंजाब में व्यास नदी के तट पर पहुँचे, शेरशाह सूर से—

मुगला अभवंस्त्रस्ता हुमायुं हैदरः पुनः ।
कश्मीरभूमिविजयावसरं प्राप्तमभ्यधात् ।।६२५।।

६२५ मुगल अत्यन्त आतंकित हो उठे । मिर्जा हैदर ने पुनः हुमायूं से काश्मीर विजय को अवसरानुरूप कहा ।

हुमायुर्हैदरायादादश्वारोहिचतुःशतीम् ।
कश्मीरावाप्तिविषये मिथोऽभून्मन्त्रणाद्वयोः ।।६२६।।

६२६. हुमायूं ने मिर्जा हैदर को चार सौ अश्वारोही सैनिक प्रदान किया । काश्मीर विजय के विषय में दोनों में परस्पर मन्त्रणा हुई—

हैदर त्वं करं मह्यं दद्याः कश्मीरशासकः ।
मिलेयुर्मुख्यकाश्मीराः ससैन्या हैदरेण चेत् ।।६२७।।

६२७. 'हैदर ! काश्मीर विजय कर लेने पर, तुम मुझे कर देना । यदि काश्मीर के अमीर सेना सहित तुम (हैदर) से मिल जांय—

तर्ह्यागन्ता शतघ्नीसञ्चालकोऽभूत् सिकन्दरः ।
ख्वाजावलदरस्थानं सम्प्राप्ते किल हैदरे ।।६२८।।

६२८. 'तो शतघ्नी (तोप) संचालक सिकन्दर वहाँ (सहायतार्थ) पहुँचेगा, मिर्जा हैदर के ख्वाजाबल दर्रा स्थान पर पहुँचने पर—

हुमायूच्चनृणां यानं ध्रुवं नौशहरास्थले ।
ततो हुमायुः कश्मीरं स्वयं गच्छेदिति स्थितम् ।।६२९।।

६२९. 'हुमायूं के उच्च अधिकारी नौशहर चले जांय । तदनन्तर हुमायूं स्वयं काश्मीर पहुँचे' ऐसा निश्चय हुआ ।

निरस्तेऽब्दालमार्गेशे मुख्यमन्त्रिपदेऽभवत् ।
काजीचक्रो मृतेराज्ञि शमशुद्दीनसंज्ञके ।।६३०।।

इस्माइल शाह (प्रथम बार) :

६३० अब्दाल मार्गेश के पतनोपरान्त काजीचक प्रधान मन्त्री बना। सुल्तान शमशुद्दीन (द्वितीय) के मरने पर—

तत्रेस्माइलशाहोऽभूत्सुल्तानो मासयुग्मकम् ।
काजोचक्रस्य जामाता बभूवेस्माइलस्त्वयम् ।।६३१।।

६३१. वहाँ इस्माइलशाह दो मास तक सुल्तान रहा। यह इस्माइल काजीचक का जामाता (दामाद) था—

तथामुहम्मद्शाहस्य तृतीयस्तनयोऽभवत् ।
शाहमीरान्वये चायं सुल्तानो षोडशोऽभवत् ।।६३२।।

६३२. तथा मुहम्मदशाह का तृतीय पुत्र था। शाहमीर वंश का यह सोलहवाँ सुल्तान हुआ।

काजीचक्रस्तदा देशं विबभाज त्रिषु स्वयम् ।
सैय्यिद् इब्राहिमे स्वस्मिंस्तथेब्राहिमशाहके ।।६३३।।

६३३. उस समय काजीचक ने देश को तीन भागों में विभाजित कर दिया। एक भाग सैय्यिद इब्राहीम को दिया। दूसरा स्वयं लिया तथा तीसरा इब्राहीमशाह को प्रदान किया।

रेगीचक्रस्तथाब्दालो मिर्जाहैदरसङ्गतौ ।
राजौर्यवधि सैन्येन मिर्जाहैदरमागतम् ।।६३४।।

६३४. रेगीचक एवं अब्दाल मिर्जा हैदर से मिल गये। मिर्जा हैदर को राजौरी तक आया हुआ—

काजीचक्रो निशम्याऽयाद्गव्यूतिद्वयपूर्वगम् ।
राजौरीतो बलोपेतो दरं कर्णवलोपगम् ।।६३५।।

६३५. सुनकर, काजीचक सेना सहित राजौरी से ८ या ९ मील पूर्व स्थित कर्णवल दर्रा (कपर तल या कन्दल पास) पर पहुँचा।

आऽयान्नौशहरां मिर्जाहैदरः किन्तु नागतः ।
ख्वाजाकलासहायत्वे शातघ्नश्च सिकन्दरः ।।६३६।।

६३६. मिर्जा हैदर नौ शहरा पहुच गया किन्तु ख्वाजा कला एवं तोपची सिकन्दर सहायतार्थ नहीं आये।

हुमायोरपि लाहौरे ताभ्यां साह्यं न वर्तितम् ।
ख्वाजाकला तु भेरायां कामरानेन संगतः ।।६३७।।

६३७. उन दोनों ने लाहौर में हुमायूं की भी सहायता नहीं की थी। ख्वाजा कला भेरा में कामरान से मिल गया।

शेरशाहभयाल्लुप्तः शातघ्नोऽसौ सिकन्दरः ।
सारङ्गपर्वतश्रेण्यामेकाकी हैदरोऽचलत् ।।६३८।।

३३८. शेरशाह के भय से तोपची सिकन्दर सारंग पर्वत की पहाड़ियों में पलायित हो गया। मिर्जा हैदर एकाकी (काश्मीर विजय हेतु) प्रस्थान किया।

व्योमाब्धिभूतेन्दुमिताब्दरुद्र-मासे खनेत्राह्निययौ जयार्थी ।
स हैदरश्चीरहराध्वनाऽथ काश्मीरदेशान्तरगं प्रदेशम् ।।६३९।।

काश्मीर विजय :

३३९. बीस नवम्बर १५४० ई० वर्ष में जयाभिलाषी, मिर्जा हैदर चीरहर मार्ग से काश्मीर के अन्दर प्रविष्ट हुआ।

साहाय्यार्थं शेरशाहात्स इस्माइल शाहकः ।
काजीचक्रेन प्रातिष्ठद्दिल्लीं हीरपुराध्वना ।।६४०।।

३४०. शेरशाह से सहायता प्राप्त करने के लिये, इस्माईल शाह काजीचक के साथ, हीरपुर मार्ग से दिल्ली आया।

निर्विरोधं तदा मिर्जा हैदरोऽधिचकार वै ।
कश्मीरभुवमब्दालजंगीचक्रानुमोदितः ।।६४१।।

६४१. उस समय मिर्जा हैदर ने अब्दालमार्गेश एवं जंगीचक की सहायता से निर्विरोध काश्मीर भूमि को अधिकृत कर लिया।

विवेश हैदरो मिर्जा द्वाविंशेऽह्नि नवम्बरे ।
कश्मीरैश्वर्यसम्प्रीतः सुखं श्रीनगरम्पुरम् ।।६४२।।

६४२. काश्मीर के ऐश्वर्य प्राप्ति से प्रसन्न मिर्जा हैदर ने २२ नवम्बर को सुखपूर्वक श्रीनगर में प्रवेश किया।

तत्राभून्नाजुकः शाहो नाममात्रनृपः किल ।
ईदीरैना दधे सत्तां मन्त्री सर्वाधिकारभाक् ।।६४३।।

नाजुकशाह (द्वितीय बार)

६४३. वहाँ नाजुकशाह नाममात्र के लिये नृपति था। सर्वाधिकार मंत्री ईदीरैना के हाथ में था। उसी ने सत्ता धारण की थी।

कठोरसुन्नी मिर्जाऽभूत् शियावर्गो व्यपद्यत ।
तस्मान्मन्त्री शियावर्गे किलौदार्यं व्यवाहरत् ॥६४४॥

६४४. मिर्जा हैदर कठोर सुन्नी था। उस समय शियावर्ग विपन्नावस्था में पड़ गया। अतएव मंत्री ने शियावर्ग के प्रति उदार व्यवहार किया।

पुनर्विभाजनं चक्रे कश्मीरस्य तदातनैः ।
दौलतस्तु चको लेभे भागं दिवसराभिधम् ॥६४५॥

६४५. उस समय लोगों ने पुनः काश्मीर का विभाजन किया। दौलत चक को दिवसर का भाग मिला।

बीहीं गाजीचकश्चैव युसुफः कमराजकम् ।
बहरामचकश्चैव प्रमेयमुपलब्धवान् ॥६४६॥

६४६. बीही विषय गाजीचक ने तथा कमराज विषय युसुफ एवं बहराम चक ने प्रमेय (जागीर) स्वरूप प्राप्त किया।

उपेत्य शेरशाहं स्वां भ्रातुष्पुत्रीं व्यवाहयत् ।
पौत्रीम्मुहम्मदशाहस्य काजी चक्रोऽर्थनिष्ठधीः ॥६४७॥

शेरशाह की सरायना :

६४७. स्वार्थबुद्धि काजीचक ने जाकर अपनी भ्रातृ-पुत्री का विवाह शेरशाह से कर दिया, जो कि मुहम्मदशाह की पौत्री थी।

प्रसन्नः शेरशाहस्तं खानखानानसंज्ञया ।
मानयित्वा हस्तियुग्मं खखखेष्वश्वयायिनः ॥६४८॥

६४८. प्रसन्न शेरशाह ने खानखानान उपाधि से सम्मानित कर, उसे दो हाथी, ५००० अश्वारोही—

पदातिनः सैनिकांश्च हुसेनं शेरवानिनम् ।
तथैवादिलखानं च नेतृत्वे युधि दत्तवान् ॥६४९॥

६४९. एवं पदाति सैनिक, आदिलखान तथा हुसेन खां शेरवानी के नेतृत्व में युद्ध हेतु दिया।

काजी विवेश कश्मीरं मधौ हीरपुराध्वना ।
शेरशाहाप्तसैन्येन गोऽब्धिबाणेन्दुवत्सरे ॥६५०॥

काश्मीर पर आक्रमण :

६५०. ई० वर्ष १५४१ के वसन्त ऋतु में शेरशाह से प्राप्त सेना के साथ काजीचक ने हीरपुरमार्ग से काश्मीर में प्रवेश किया।

मिर्जा कुटुम्बं रक्षार्थी अन्तःकोटे न्यवेशयत् ।
ईदीरैनां तथा रेगीचकमादाय युद्धधीः ॥६५१॥

६५१. युद्धार्थ तैयार मिर्जा ने रक्षा के लिये कुटुम्ब को अन्दर कोट में कर, ईदीरैना तथा रेगीचक्र तथा—

हुसेनबेगं ययौ वथनाराभिधस्थले ।
शाहाबादस्य विंगस्य चान्तराभूमिवर्तिनि ॥६५२॥

६५२. हुसेन बेग को लेकर शाहाबाद तथा ब्रिंग के मध्य स्थित, वतनार नामक स्थान पर पहुँचा ।

बभूव संगरो यत्र नैवासीज्जयनिर्णयः ।
मासं युद्ध्वा वर्षविघ्नाद्विरराम दलद्वयम् ॥६५३॥

६५३. जहाँ पर युद्ध हुआ किन्तु विजय का निर्णय नहीं हो सका । एक मास पर्यन्त युद्ध कर, वृष्टिविघ्न के कारण दोनों दल युद्ध विरत हो गये ।

वर्षेत्वतीते सन्नद्धं निर्जगाम दलद्वयम् ।
युद्धं त्रयोदशेऽगस्ते वहतोरेऽभवद्भृशम् ॥६५४॥

६५४. वर्षा बीतने पर सन्नद्ध होकर, दोनों दल निकल पड़े । १३ अगस्त को वह तोर में (श्रीनगर से ७ मील दक्षिण) महान् युद्ध हुआ ।

जयी मिर्जा हैदरोऽभूद्विपक्षश्च पराजितः ।
काजीचको दौलतश्च सैय्यिद् इब्राहिमस्तथा ॥६५५॥

हैदर की विजय :

६५५. उसमें मिर्जा हैदर विजयी तथा विपक्ष पराजित हुआ । काजीचक, दौलत, सैय्यिद इब्राहीम तथा—

पठानसेना सर्वाऽपि भारतेऽयात् पलायिता ।
मिर्जा तदानीं कश्मीरेऽभवत्सम्पूर्णशासनः ॥६५६॥

६५६. पराजित पठान सेना पालायित होकर, भारत चली आयी । उस समय मिर्जा हैदर का काश्मीर पर सम्पूर्ण शासन हो गया ।

हुमायुः सिन्धुमगमद्गोऽब्धिबाणेन्दुवत्सरे ।
हमीदाबानुकन्याऽऽसीत्तत्र वीक्ष्य विमोहितः ॥६५७॥

६५७. हुमायूं सिंध चला गया । वह १५४१ ई० वर्ष में वहाँ हमीदाबानू नामक एक कन्या को देखकर, उसपर मुग्ध हो गया ।

विवाहमैच्छत् तत्कार्ये हिन्दलोऽभूद्विरोधकः ।
अविरोधं हिन्दलाम्बा दिलदाराऽकरोत्तदा ।।६५८।।

६५८. उससे विवाह करना चाहा किन्तु हिन्दल ने उसका विरोध किया। हिन्दल की माता दिलदार ने उस समय हुमायु का समर्थन किया।

विवाहोऽभूत्पिता तस्या अली अकबरः स्मृतः ।
यं मीरबाबादोस्तेति प्रीत्या लोका व्यवाहरन् ।।६५९।।

६५९. विवाह हो गया। उस लड़की का पिता अली अकबर था, जिसे लोग प्रेमवश मीर बाबा दोस्त कहते थे।

नेत्राब्धिभूतचन्द्राब्दे जितवान्मालवाभुवम् ।
शेरशाहस्तदाशक्तिर्व्यापिनी भारतेऽभवत् ।।६६०।।

६६०. शेरशाह ने १५४२ ई० वर्ष में मालवा भूमि को जीत लिया। उस समय भारत में—

पठानानां संहतानां निःशक्ता मुगलास्तदा ।
विपन्नोऽथ हुमायुस्तु राजस्थानमरुस्थलम् ।।६६१।।

६६१. संगठित पठानों की शक्ति व्यापक हो गयी और मुगल शक्ति हीन हो गये। विपन्न हुमायूं राजस्थान का मरुस्थल—

निस्तीर्यागस्तनेत्राक्षिदिनेऽब्देऽत्रैव संययौ ।
स्थानममरकोटाख्यं राना तत्राश्रयं ददौ ।।६६२।।

६६२. पारकर, इसी वर्ष (१५४२ ई०) २२ अगस्त को अमरकोट स्थान पर चला गया। वहां पर राना ने उसे प्रश्रय दिया।

सम्राडकबरोऽत्रैव स्थाने जातोऽत्र वत्सरे ।
अक्टूबरेषुचन्द्राह्नि ख्यातो मुगलराजसु ।।६६३।।

६६३. १५ अक्टूबर १५४२ ई० वर्ष में इसी स्थान (अमर कोट) पर मुगल राजाओं में प्रख्यात, सम्राट अकबर का जन्म हुआ।

राना हुमायुसाहाय्यात्सिन्धुराज्याग्निदिग्भुवम् ।
जेतुं चकार सन्नाहमत्रैवाब्दे नवम्बरे ।।६६४।।

६६४. ई० वर्ष १५४२.के नवम्बर मास में राना ने हुमायूं की सहायता से दक्षिण-पूर्व दिशा की भूमि जीतने की तैयारी की।

युद्धोन्मुखन्तु विज्ञाय राजा शाहहुसेनकः ।
सिन्धोः ससेनः प्रययौमुगलानान्तु हिन्दवः ।।६६५।।

६६५. उसे युद्धोन्मुख जानकर, सिन्धु के राजा शाहहुसेन ने सेना सहित सामना करने के लिये प्रस्थान किया। मुगलों के—

सैनिकास्तत्यजुः सङ्गं विरूपव्यवहारतः ।
वह्न्यब्धिभूतचन्द्राब्देऽप्रीलवह्नीन्दुवासरे ॥६६६॥

६६६. अनुचित व्यवहार से अप्रसन्न हिन्दू सैनिकों ने उनका साथ त्याग दिया। १५४३ ई० वर्ष में १३ अप्रैल को—

बैरामखां समागत्य सङ्गतोऽभूद्हुमायुना ।
आसन्नेऽपि द्वयोर्युद्धे सन्धिरासीत्पुनर्द्वयोः ॥६६७॥

६६७. बैराम खां आकर हुमायूं से मिल गया। युद्ध आसन्न होने पर, पुनः दोनों में सन्धि—

गन्धारमार्गदानेन हुमायोर्गतवांश्च सः ।
वह्न्यब्धिभूतचन्द्राब्दे गन्धारं विजयेच्छया ॥६६८॥

६६८. हुमायूं को कन्धार जाने का मार्गदान द्वारा सम्पन्न हो गयी। हुमायुं ने १५४३ ई० वर्ष में कन्धार विजय के लिये प्रस्थान किया।

अथ काश्मीरलोकानां सङ्घर्षो हैदरेण वै ।
स्वतः शनैः समारेभे भूमिरेषा हि तादृशी ॥६६९॥

काश्मीरियों एवं मिर्जाहैदर से संघर्ष :

६६९. इसके अनन्तर काश्मीरियों का संघर्ष हैदर के साथ शनैः-शनैः प्रारम्भ हो गया। यह भूमि ही उस प्रकार थी।

उत्तरे सिन्धुभूभागे पठानः शेरशाहकः ।
वह्न्यब्धिभूतभूसंख्ये वर्षेऽभूदधिकारभाक् ॥६७०॥

६७०. ई० वर्ष १५४३ में पठान शेरशाह का उत्तरी सिन्धभूमि पर अधिकार हो गया।

रेगी चक्रोऽत्र वर्षेऽस्मिन् कश्मीरात्तु पलायितः ।
काजीचकेन मिलितो मिर्जाराज्यविरोधिधीः ॥६७१॥

६७१. इसी वर्ष मिर्जाहैदर के. राज्य का विरोधी रेगीचक काश्मीर से पलायित होकर, काजीचक से मिल गया।

मिर्जा तस्मिन्नपक्रान्ते तस्य वेश्म व्यनाशयत् ।
मुगलांस्तु बहिष्कर्तुं काजी रेगी च सङ्गतौ ॥६७२॥

६७२. उसके पलायित हो जाने पर, मिर्जा ने उसका गृह विनष्ट करा दिया। मुगलों का बहिष्कार करने के लिये काजीचक एवं रेगीचक परस्पर मिलकर—

दृढं कश्मीरमायातौ पञ्चालन्तु पलायितौ ।
वेदवेदेषुचन्द्राब्दे द्वादशेऽह्नि सितम्बरे ॥६७३॥

६७३. काश्मोर आये किन्तु परिस्थिति वश पंजाब पलायित हो गये। १५४४ ई० वर्ष में १२ सितम्बर को—

काजीचकस्तत्सुतश्च युगपज्ज्वरितौ मृतौ ।
हुमायुः फारसेशेन श्रुत्यब्धीष्विन्दुवत्सरे ।।६७४।।

६७४. काजीचक तथा उसका पुत्र मुहम्मद ज्वर से पीड़ित होकर मर गये। १५४४ ई० वर्ष में हुमायूं ने जाकर फारस के राजा—

तहमस्पेन सन्धाय साक्षात्सैन्यमवाप वै ।
त्वया जितस्तु गन्धारः पश्चान्मह्यम्प्रदीयताम् ।।६७५।।

६७५. तहमस्प के साथ साक्षात् सन्धि करके, उससे सेना प्राप्त की। 'जीतने के पश्चात् तुम मुझे गन्धार प्रदान कर देना'—

इत्येवं संविदं कृत्वा सैन्यं तस्मै स दत्तवान् ।
षोडशे मार्चदिवसे भूताब्धीष्विन्दुवत्सरे ।।६७६।।

६७६. इस प्रकार की मन्त्रणा कर, उसने हुमायूं को सैन्य दिया था। १५४५ ई० वर्ष में १६ मार्च को—

गत्वा हुमायुर्गन्धारमावृत्य जितवान् द्रुतम् ।
तत्र बैरामखानन्तु राज्यपालपदेऽकरोत् ।।६७७।।

६७७. हुमायूं ने जाकर, गन्धार पर घेरा डाला और उसे जीत लिया। वहाँ बैरम-खान को राज्यपाल पदपर नियुक्त किया।

कालिञ्जरं शेरशाहो मुमूर्षुः सेनयाऽऽवृणोत् ।
दुर्गे चकार विस्फोटान् तत्रैकेन स चाहतः ।।६७८।।

६७८. मुमूर्षु शेरशाह ने कलिंजर सेना से घेर रखा था। उसने दुर्ग पर अनेक विस्फोट किये, जिनमें एक से वह स्वयं आहत हो गया।

द्वाविंशेऽह्नि मई मासे भूताब्धीष्विन्दुवत्सरे ।
तत्रैव भूमौ निक्षिप्तः सासारामे ततः परम् ।।६७९।।

६७९. ई० वर्ष १५४५ में २२ मई को वह मर गया और वहीं पर दफन किया गया। तदनन्तर वहां से लाकर सहसराम में दफन किया गया।

स्वस्मात्परं जलालाख्यमिस्लामापरनामकम् ।
युवानं शेरशाहस्तु चकारोत्तरशासकम् ।।६८०।।

६८०. शेरशाह ने अपने पश्चात् जलाल अपर नाम इस्लाम को युवा शासक नियुक्त कर दिया था।

अब्धिभूतेषुचन्द्राब्दं यावत्स शासनं व्यधात् ।
तदानीं हैदरो मिर्जा कश्मीराय न्यमन्त्रयत् ।।६८१।।

६८१. उसने १५५४ ई० वर्ष तक शासन किया। उसी समय मिर्जाहैदर ने—

सम्राट्त्वेन हुमायुं वै स त्वायातोऽथ काबुलम् ।
नवम्बरेऽष्टादशेऽह्नि भूताब्धीष्विन्दुवत्सरे ।।६८२।।

६८२. सम्राट् के रूप में हुमायूं को काश्मीर आने के लिये निमन्त्रित किया। १५४५ ई० वर्ष में १८ नवम्बर को हुमायूं काबुल पहुँचा।

जितकाबुलगन्धारं काश्मीरेशं स मानयन् ।
तन्नाम्ना खुतवापाठं तन्मुद्राटङ्कणन्तथा ।।६८३।।

६८३. मिर्जाहैदर ने काबुल एवं गन्धार विजेता हुमायूं को सम्मान पूर्वक काश्मीर नरेश मानकर, उसके नाम से खुतवा पाठ एवं मुद्रा टंकणित करा दिया।

कृतवान् हैदरो मिर्जा नीतिज्ञो भक्तितत्परः ।
रेगीचककृतद्रोहादौदार्यं स्वं नियन्त्रयन् ।।६८४।।

६८४. मिर्जाहैदर नीतिमान् एवं भक्ति में निपुण था। रेगीचक के द्रोह के कारण उसने अपनी उदारता नियन्त्रित कर ली—

नूरवख्शपथे रोधं हैदरः प्रतिपादयन् ।
मजारं शामशुद्दीनं पूर्वोक्ताब्दे व्यनाशयत् ।।६८५।।

६८५. तथा नूरवख्शिया पन्थ पर प्रतिबन्ध लगा दिया। उसने १५४५ ई० वर्ष में शमसुद्दीन का मजार विनष्ट करा दिया।

दग्ध्वा तदस्थिनिचयं तत्र शौचालयं व्यधात् ।
तदा नघजवेगेनोर्णादिव्यापार ऊर्जितः ।।६८६।।

६८६. उसका अस्थि समूह जलवाकर वहां शौचालय निर्मित करा दिया। उसी समय काश्मीर में नघज वेग ने ऊन के (शाल) व्यापार को प्रोन्नति प्रदान की।

रसाब्धिभूतचन्द्राब्दे हुमायुर्मार्चमासके ।
जेतुं बदखशादेशं सज्जया सेनयाऽभ्ययात् ।।६८७।।

६८७. ई० वर्ष १५४६ के मार्च मास में हुमायूं सुसज्जित सेना के साथ बदखशा पर अभियान किया।

कामरानः पुनर्देशं काबुलं गजनीं तथा ।
अत्रैवाब्दे वशेऽकार्षीद् दृढोत्साहपराक्रमः ।।६८८।।

६८८. महान उत्साही एवं पराक्रमी कामरान ने काबुल एवं गजनी को इसी वर्ष पुनः अपने अधिकार में कर लिया।

जंगी चक्रस्तत्सुतश्च मिर्जाहैदरसैनिकान् ।
आक्रम्य वत्सरेऽत्रैव विजितौ निहतावुभौ ।।६८९।।

६८९. इसी वर्ष जंगीचक तथा उसके पुत्र मिर्जाहैदर के सैनिकों पर आक्रमण किये, पराजित हुए और मारे गये।

शैलाब्धिभूतचन्द्राब्दे मिर्जाहैदर दुघ्लतः ।
चायपानप्रथां लोके कश्मीरे समचालयत् ॥६९०॥

चाय का प्रवेश :

६९०. मिर्जा हैदर दुघलत ने १५४७ ई० वर्ष में चाय पीने की प्रथा काश्मीर में प्रचलित की ।

अत्रैवाब्देऽप्रीलमासे शैलाक्ष्यहनि काबुलम् ।
हुमायुः सेनयाऽऽवव्रे कामरानजयेच्छया ॥६९१॥

६९१. इसी वर्ष सत्ताईस अप्रैल को हुमायूं ने कामरान को जितने की इच्छा से काबुल को सेना से घेर लिया ।

आदायाकबरं बालं प्राचीरोपर्यधात्किल ।
कामरानस्त्रासहेतो हुमायोः सतु नात्रसत् ॥६९२॥

६९२. हुमायूं से भयभीत, कामरान ने बालक (हुमायूं पुत्र) अकबर को दुर्ग की दीवाल पर रख दिया । इससे हुमायूं त्रस्त नहीं हुआ ।

त्रस्तः स्वयं कामरानो भित्तिं भित्त्वा पलायितः ।
सप्तविंशदिनेऽगस्ते नागाब्धीष्विन्दुवत्सरे ॥६९३॥

६९३. स्वयं त्रस्त कामरान दीवाल तोड़कर पलायित हो गया । सत्ताईस अगस्त १५४८ ई० वर्ष में—

दुर्गं समर्पयामास स्वात्मार्पणपुरस्सरम् ।
युद्धं विरुद्धं सञ्जानन् कामरानो हुमायवे ॥६९४॥

६९४. कामरान ने युद्ध का परिणाम अपने विरुद्ध जानकर, आत्म-समर्पण पूर्वक दुर्ग हुमायूं को अर्पित कर दिया ।

हुमायुस्तु पुनर्देशं जेतुं वदखशां तदा ।
ससेनोऽभिययौ जूने नागाब्धीष्विन्दुवत्सरे ॥६९५॥

६९५. हुमायूँ ने १५४८ ई० वर्ष के जून मास में बदखशा को पुनः जीतने के लिये सेना सहित अभियान किया ।

यस्मात्प्राक् पदर-चम्पे याम्यायां भद्रवा तथा ।
प्रत्यक् कश्मीरसीमाश्च लद्दाखो धनदाध्वनि ॥६९६॥

किस्तवार पर आक्रमण :

६९६. जिसके पूर्व में पदर एवं चम्पा, दक्षिण में भद्रवा, पश्चिम में कश्मीर सीमाएं तथा उत्तर में लद्दाख हैं—

नगसूनं समारभ्यास्तीर्णं रामवनावधि ।
चन्द्रभागोपत्यकायां कश्मीरात्पूर्वदिग्गतम् ॥६९७॥

६९७. तथा जो काश्मीर के पूर्व चन्द्रभागा उपत्यका में नगसून से लेकर राम वन तक विस्तृत है—

काष्ठवाटाभिधं राज्यन्तदन्तर्गिरि विद्यते ।
कशेरखोलनामोपत्यकासिंहपुरावधि ॥६९८॥

६९८. वह काष्ठवाट नामक राज्य अन्तर्गिरि में स्थित है। कशेरखोल नामक उपत्यका में स्थित सिंहपुर पर्यन्त—

तन्त्रीवलेसाकुल्यान्तो भूखण्डो यस्तु विस्तृतः ।
चन्द्रभागोपत्यकेयं कश्मीरोपत्यकासमम् ॥६९९॥

६९९. तथा तन्त्री बलेसा नाला तक का विस्तृत भूखण्ड, चन्द्रभागा उपत्यका, जो काश्मीर उपत्यका सदृश—

विशालाऽपि समाऽप्यासीदित्यैतिह्यानुसारिणः ।
रोतराख्या गतायी च तत्र जाल्रिभूत्पुरा ॥७००॥

७००. विशाल तथा कुछ समतल थी, ऐसा इतिहासकार मानते हैं। पुराकाल में वहाँ रोतर तथा गतायी जातियां—

अधितस्थे जिओराख्यो ग्रामः प्राग् रोतरेण तु ।
रणपुत्रो रोतरश्च राठी चैव रणोतरः ॥७०१॥

७०१. रहती थी। रोतर जाति ने जिओर ग्राम आबाद किया था। रणपुत्र, रोतर, राठी एवं रणोतर—

समानार्था इमे शब्दा इति कैश्चिन्निगद्यते ।
गतायी काष्ठवाटाधित्यकाया मध्यवर्तिनी ॥७०२॥

७०२. समानार्थक शब्द हैं—ऐसा कतिपय लोग कहते हैं। गतायी जाति काष्ठवाट अधित्यका के मध्य रहती थी।

काऽपि क्षत्रियजातिश्च तदाऽऽसीदिति तद्विदः ।
कश्चित्सुकेतसामन्तः खानसेनाभिधः पुरा ॥७०३॥

७०३. उस समय वहां कोई क्षत्रिय जाति निवास करती थी। प्राचीन काल में सुकेत के सामन्त खानसेन ने—

काष्ठवाटाभिधं राज्यं कृतवानिति केचन ।
अन्ये तु गौडदेशीयः सेनवंश्यो नृपः पुरा ॥७०४॥

७०४. काष्ठवाट राज्य स्थापित किया था—ऐसा कुछ लोग मानते हैं। सेनवंशीय नृपति ने—

आगत्य स्थापयामासेत्याहुरैतिह्यचिन्तकाः ।
नागाब्धिभूतचन्द्राब्दे काष्टवाटनृपोपरि ॥७०५॥

७०५. आकर इसकी स्थापना की थी—ऐसा अन्य इतिहास वेत्ता कहते हैं। १५४८ ई० वर्ष में काष्ठवाट नृपति पर—

आचक्रमे लारक्षेत्रान्मिर्जाहैदर दुघ्लतः ।
तदा कोका बन्दगानो हतो मुगलसैन्यपः ॥७०६॥

७०६. मिर्जा हैदर दुघलत ने लारक्षेत्र से आक्रमण किया। उस समय मुगल सेनापति बन्दगान कोका मारा गया।

मिर्जा पराजितोऽतीव भूयांसो मुगला हताः ।
मुगल्मजाराख्या भूः सा भूयोमृत्युस्मृतिप्रदा ॥७०७॥

७०७. मिर्जा हैदर पराजित हुआ तथा अधिक संख्या में मुगल हत हुए। मुगल मजार (मैदान) नाम से प्रसिद्ध वह स्थान अधिक मुगलों के मृत्यु का स्मारक है।

राजौरी बालतिस्तानौ जित्वाऽब्देऽत्रैव हैदरः ।
कश्मीरे मेलयामास राज्यपौ कल्पितौ तयोः ॥७०८॥

७०८. इसी वर्ष मिर्जा हैदर ने राजौरी तथा बालतिस्तान को जीतकर, काश्मीर में मिला लिया। उन दोनों स्थानों पर, राज्यपाल के रूप में—

एकोमुल्ला कासिमोऽभून्मुल्ला बाकी तथाऽपरः ।
अङ्काब्धिभूतचन्द्राब्देऽयुद्धचल्लाहौरराज्यपः ॥७०९॥

नियाजी संघर्ष :

७०९. मुल्ला कासिम तथा मुल्ला बाकी की नियुक्ति हुई। १५४९ ई० वर्ष में लाहौर के राज्यपाल—

नियाजी हैबतः खानो लाहौरेशेन दुर्मतिः ।
इस्लामशाहसूरेण क्षीणो भीमवरं गतः ॥७१०॥

७१०. दुर्मति हैबत खान नियाजो, लाहौर के नृप इस्लामशाह सूर से पराजित होकर, भीमवर चला गया।

चचाल हैदरो मिर्जा हैबतन्त्वभिषेणयन् ।
मुगलैर्व्रियमाणस्तु स राजौरीम्पलायितः ॥७११॥

७११. हैबत नियाजी से युद्ध करने के लिये मिर्जा हैदर चला किन्तु नियाजी मुगलों से घिरकर, राजौरी पलायित हो गया।

गाजी चको दौलतश्च काश्मीराक्रान्तिमन्त्रणाम् ।
तत्रास्मै ददतुः किन्तु सन्धित्सुर्हैदरेण सः ॥७१२॥

७१२. वहां पर गाजीचक तथा दौलत उसे काश्मीर पर आक्रमण करने के लिये परामर्श दिये । हैदर के साथ सन्धि के लिये इच्छुक—

सन्धाय विप्रदौत्येन ततो जम्मूं जगाम ह ।
अङ्काब्धिभूतचन्द्राब्दे हुमायुः काबुलादयात् ॥७१३॥

७१३. नियाजी एक विप्रदूत द्वारा उसके साथ सन्धि सम्पन्न कर, वहां से जम्मू चला गया । हुमायूं १५४९ ई० वर्ष में काबुल से—

घोरबन्दमथाऽऽक्रामत्फर्वर्यां बलखं किल ।
व्योमेषुबाणचन्द्राब्दे कामरानोऽद्रुहत्पुनः ॥७१४॥

७१४. घोर बन्द आया तथा फरवरी में बलख पर आक्रमण किया । कामरान ने १५५० ई० वर्ष में पुनः विद्रोह किया—

काबुलञ्चाजयत्किन्तु नाशक्नोत्तत्र वर्तितुम् ।
अत्रैवाब्दे हैदरेणेस्लामशाहेन सन्दधे ॥७१५॥

७१५. और काबुल को जीत लिया किन्तु वहां स्थिर नहीं हो सका । इसी वर्ष उसने हैदरशाह के साथ सन्धि कर ली ।

रात्रौ युद्धचन् हिन्दलस्तु हुमायोरनुजो हतः ।
एककेनाफगानेनात्रैवाब्देऽभूदुपद्रवः ॥७१६॥

७१६. हुमायूँ का अनुज हिन्दल रात्रि में युद्ध करते हुए, एक अफगान द्वारा मारा गया । इसी वर्ष—

महान् कश्मीरसीमान्ते तच्छान्त्यै हैदरोऽहिनोत् ।
कराबहादुरं नाम पितृव्यतनयं किल ॥७१७॥

७१७. काश्मीर सीमा पर महान् उपद्रव हुआ । हैदर ने उसे शान्त करने के लिये करा बहादुर नामक पितृव्य पुत्र,—

ईदीरैनां तथा ख्वाजा हाजीसंज्ञं सहामुना ।
तथा हुसेनमार्गेशं काश्मीरैर्मुगलैरपि ॥७१८॥

७१८. ईदी रैना, ख्वाजाहाजी तथा हुसेन मार्गेश को प्रचुर काश्मीरी तथा मुगल—

सैनिकैर्बहुभिः सार्धं फलं क्रान्तिस्त्वजायत ।
मुगला मारिताः शिष्टा दुर्गं बारवलेऽविशन् ॥७१९॥

७१९. सैनिकों के साथ प्रेषित किया । दोनों (मुगल-काश्मीरी सैनिकों) में क्रान्ति हो गयी । मुगल मारे गये । शेष बारवल दुर्ग में प्रविष्ट हो गये ।

हैदरस्तु कुटुम्बं स्वमन्तःकोटे निधाय सः ।
ईदीरैनानिरोधार्थं प्रतस्थे सेनयाऽऽवृतः ॥७२०॥

७२०. अपना कुटुम्ब अन्दर कोट में रखकर, सेना सहित ईदीरैना के विरुद्ध मिर्जा हैदर ने प्रस्थान किया।

उरशायामभूद्युद्धं राज्यपालः पराजितः ।
अब्दुल्लाख्यः समर्कन्दी ईदी सैन्यं न्यवेशयत् ॥७२१॥

७२१. उरशा में युद्ध हुआ। राज्यपाल अब्दुल्ला समरकन्दी पराजित हो गया। ईदीरैना ने अपनी सेना—

दुर्गे खामपुरे मिर्जा स्वल्पसेनस्तदाऽभवत् ।
सैन्यमुख्यविरोधेऽपि निशाऽऽक्रमणयोजनाम् ॥७२२॥

७२२. खामपुर दुर्ग समीपस्थ मनार में निविष्ट कर दिया। उस समय मिर्जा हैदर के पास थोड़ी सेना थी, तथापि वह सेना प्रमुखों का विरोध होने पर भी, रात्रि कालीन आक्रमण की योजना बनाकर—

कृत्वाऽब्दुर्रहमानाख्यं स्वपदेऽग्रेसंसार वै ।
सादिनां सप्त वाऽष्टौ वा शतान्यादाय सत्वरः ॥७२३॥

७२३. अपने पद पर, उत्तराधिकारी अब्दुर्रहमान को नियुक्त कर तथा सात या आठ सौ अश्वारोहियों को साथ लेकर, अग्रसर हुआ।

दुर्गस्य पादमूलान्तात्रिंशत्सैनिकसंयुतः ।
ससार शिष्टाः सप्तैव तत्रान्ये किल मारिताः ॥७२४॥

७२४. दुर्ग के पादमूल से तीस सैनिकों के साथ आगे बढ़ा किन्तु सब मार डाले गये। केवल सात सैनिक शेष रहे।

तथाऽपि प्रविशन्दुर्गमिषुणा हैदरो हतः ।
परस्तान्मुगलाः सर्वेऽप्यन्तःकोटे पलायिताः ॥७२५॥

मिर्जाहैदर की मृत्यु :

७२५. तथापि दुर्ग में प्रवेश करते हुए हैदर आहत हो गया। तदनन्तर सभी मुगल अन्दर कोट पलायित हो गये।

चन्द्रषुबाणचन्द्राब्दे मिर्जा खामपुरे हतः ।
मजार-ए-सलातीने तच्छवो भूमिसात्कृतः ॥७२६॥

७२६. मिर्जाहैदर १५५१ ई० वर्ष अक्टूबर में खामपुर में मर गया। मजार-ए सलातीन में उसका शव दफनाया गया।

तच्छवाजिरनिर्माणमाङ्ग्लपर्यटकोव्यधात् ।
विलियम् मूरक्राफ्टोऽब्धिनेत्रवस्विन्दुवत्सरे ॥७२७॥

७२७. अंग्रेज पर्यटक विलियम् मूर क्राफ्ट ने १८२४ ई० वर्ष में उसके शवाजिर (कब्रगाह) का निर्माण कराया।

सैय्यिद् खां इज्जतुल्लाख्यसेवकेन कृतं च तत् ।
किञ्चित्कालं तस्य पत्नी कतिचिन्मुगलास्तथा ॥७२८॥

७२८. उसके सेवक सैय्यिद खां इज्जतुल्ला ने उसका निर्माण किया था । कुछ समय तक उसकी पत्नी तथा कतिपय मुगल—

अयुध्यन्नन्ततः सन्धिरभवत् पक्षयोर्द्वयोः ।
तत्कुटुम्बं समानीयारक्षि श्रीनगरे सुखम् ॥७२९॥

७२९. युद्ध किये अन्ततः दोनों पक्षों में सन्धि हो गयी । उसका कुटुम्ब लाकर, श्रीनगर में रखा गया ।

उरशां काबुलं तस्मादन्ते कासगरं गतम् ।
मिर्जा सुलेखको योद्धा कविर्नीतिविदप्यभूत् ॥७३०॥

७३०. तदनन्तर वह परिवार उरशा से काबुल होकर कासगर गया । मिर्जाहैदर अच्छा लेखक, योद्धा कवि एवं नीतिज्ञ था ।

लिलिखे तेन 'तारीखे रशीदी' नाम पुस्तकम् ।
कश्मीरे फारसी वाचा तथा बदखशास्थितः ॥७३१॥

७३१. उसने काश्मीर में रहकर 'तारीखे रशीदी' नामक पुस्तक फारसी भाषा में लिखा था । बदखशा के प्रवासकाल (सन् १५०८–१५०९)—

'जहांनामा' तुर्कगिरारचनां व्यतनोदसौ ।
अङ्काभ्रबाणचन्द्राब्दे तत्समाप्तिर्विनिश्चिता ॥७३२॥

७३२. में उसने 'जहांनामा' ग्रंथ तुर्क भाषा में लिखा था । उसके लिखने का समय १५०९ ई० वर्ष माना गया है ।

दशाब्दरूढं प्रथमं नष्टं मुगलशासनम् ।
तृतीयवारं राजत्वं कश्मीरे नाजुकोऽभजत् ॥७३३॥

७३३. प्रथम मुगल शासन दश वर्ष पश्चात् समाप्त हो गया । इब्राहीम नाजुकशाह तृतीय बार काश्मीर का सुल्तान हुआ ।

चन्द्रेषुभूतचन्द्राब्दीयैकविंशे नवम्बरे ।
मूढो हुमायुमाक्रम्य कामरानो व्यपद्यत ॥७३४॥

७३४. मूढ कामरान ने बीस नवम्बर १५५१ ई० वर्ष में हुमायूँ पर आक्रमण कर विपद्ग्रस्त हुआ ।

इस्लामशाहसूरस्य रक्षार्थी शरणं गतः ।
तत्रावमानयामासुर्नरा हिन्दीगिरा त्विमम् ॥७३५॥

७३५. तदनन्तर वह आत्म-रक्षार्थ इस्लामशाह सूर की शरण गया । वहां लोगों ने उसे हिन्दी भाषा के अपशब्दों से अपमानित किया ।

असोढ्वा कामरानोऽपि सुल्तानः पारसीगिरा ।
स्वकाव्यं श्रावयामास तेषामप्यवमाननम् ॥७३६॥

७३६. कामरान ने भी उसे न सहन कर, फारसी भाषा में उनका अपमान करने वाली अपनी फारसी कविता सुनायी ।

हन्त तेनापराधेन स कारायां निवेशितः ।
युक्त्या निर्गत्य शरणम् आदम् खां गक्खरं गतः ॥७३७॥

७३७. उस अपराध के कारण वह जेल में डाल दिया गया। वहां से युक्ति पूर्वक निकल कर, आदम खां गक्खर के शरण गया ।

निगृह्य निर्दयस्तं स हुमायुवशगं व्यधात् ।
अन्धीकृतः सपत्नीकः सिन्धुमार्गेण संययौ ॥७३८॥

७३८. उस निर्दय ने उसे निगृहीत कर, हुमायूं के अधीन कर दिया । कामरान अन्धा बना दिया गया। वह पत्नी सहित सिन्ध मार्ग से—

मक्कां तत्रागेषुबाणचन्द्राब्दे निधनं गतः ।
नियाजी हैबतः खानो गक्खराणां सहायताम् ॥७३९॥

नियाजी का आक्रमण :

७३९. मक्का चला गया। वहां १५५७ ई० वर्ष में उसका निधन हो गया। नियाजी हैबतखान गक्खरों की सहायता की—

उपेक्ष्याक्षीषुभूतेन्दुवर्षमध्ये प्रविष्टवान् ।
पठानसेनामादाय कश्मीरे युद्धतत्परः ॥७४०॥

७४०. उपेक्षाकर, युद्धार्थ तत्पर हो, १५५२ ई० वर्ष के मध्य पठान सेना लेकर, काश्मीर में प्रविष्ट हुआ ।

बाणशालाभिधस्थाने युद्धमासीद्भयानकम् ।
युद्धयन्ती राबिया बीबी हैबतस्त्री सविक्रमा ॥७४१॥

७४१. बाणशाला (बनिहाल) में भयानक युद्ध हुआ। हैबतखान की पत्नी बीबी राबिया युद्ध करती हुई—

तथैव शहवाजः खाँ द्वौ मुख्यावरिभिर्हतौ ।
पराजयमुपादाय पठानास्तु पलायिताः ॥७४२॥

७४२. तथा उसी प्रकार युद्ध करते, शाहवाजखां शत्रु द्वारा मार डाले गये। पराजित पठान पलायित हो गये ।

ईदीरैनादौलतयोर्ववृधे शत्रुता मिथः ।
कराबहादुरं बव्रे ईदीरैना सहायकम् ॥७४३॥

७४३. ईदीरैना एवं दौलत के मध्य परस्पर शत्रुता बढ़ गयी। ईदीरैना ने कराबहादुर को सहायक बनाया।

मुगलानपि तत्रत्यान् एवं भीषणदुःस्थितौ ।
बाबाखलीलमाध्यस्थ्यात्सन्धिरासीद्दलद्वये ॥७४४॥

७४४. वहां स्थित मुगलों की भी सहायता ली। इस भीषण दुःस्थिति में बाबाखलील की मध्यस्थतासे दोनों दलों में सन्धि हो गयी।

नेत्रेषुबाणेन्दुमिताब्दपूर्ता–
वीदी पुनर्दौलतधर्षणेऽभूत् ।
मुधा प्रवृत्तोऽपजितोऽपयातः
कालोऽन्तिकस्थोऽस्य सहैव यातः ॥७४५॥

७४५. ईदीरैना १५५२ ई० वर्ष के अन्त में पुनः दौलतचक को दलित करने के लिये व्यर्थ प्रवृत्त हुआ। उससे पराजित होकर, पलायित हो गया। उसका निकटस्थ काल भी उसके साथ गया।

रावलाख्यं पुरं गत्वा बद्धो द्राक्षालतास्वयम् ।
स्वयं ममार कालो हि नादत्तेऽदभ्रसाधनम् ॥७४६॥

७४६. रावलपुर जाकर, अंगूरलता में फंसकर, स्वयं मर गया। काल को अधिक साधन की आवश्यकता नहीं होती।

तदानीं दौलतश्चक्रो मुख्यमन्त्रिपदेऽभवत् ।
सोऽपास्य नाजुकं शाहमिब्राहीमं नृपं व्यधात् ॥७४७॥

७४७. उस समय दौलतचक मुख्य मन्त्री बन गया। उसने नाजुकशाह को अपदस्थकर, इब्राहीम को नृपति बना दिया—

सुतम्मुहम्मद्शाहस्य पञ्चालं नाजुको ययौ ।
दौलतस्तु शियासुन्नीमुख्यबन्धानपाकरोत् ॥७४८॥

७४८. जो मुहम्मदशाह का पुत्र था। नाजुकशाह पंजाब चला गया। दौलत ने सिया-सुन्नी के ऊपर लगे प्रतिबन्धों को हटा दिया।

निषिषेधैकवर्गार्थारोपणं परवर्गके ।
दानियालस्य शेखस्य शमशुद्दीनकस्य च ॥७४९॥

७४९. एक वर्ग द्वारा अन्य वर्ग पर अपना धर्म आरोपित करने पर रोक लगा दिया। शेख दानियाल, मीर शमशुद्दीन—

बाबा अली नज्जारस्य मजारो निर्ममे पुनः ।
गाजीचक्राम्बया दारैः प्रेतकाजीचकस्य च ॥७५०॥

७५०. तथा बाबा अलीनज्जार के मजार का उसने पुनर्निर्माण कराया। गाजीचक की माता तथा काजीचक की विधवा पत्नी से—

विवाहं दौलतश्चक्रे कुटुम्बकलहागमम् ।
कश्मीराक्रमणेच्छोऽपि हुमायुः काबुलं गतः ॥७५१॥

७५१. दौलतचक ने विवाह कर लिया, जिससे पारिवारिक कलह उत्पन्न हो गया। कश्मीर पर आक्रमण करने के लिये इच्छुक होनेपर भी हुमायूँ—

गुणेषुशरचन्द्राब्दे पेशावरपथानुगः ।
निवृत्तस्त्वग्रिमे वर्षे पञ्चविंशदिसम्बरे ॥७५२॥

७५२. पेशावर मार्ग से १५५३ ई० वर्ष में काबुल चला गया। पच्चीस दिसम्बर १५५४ ई० वर्ष में पुनः आया।

व्योमाग्निरसवारीशमितसप्तर्षिवत्सरे ।
अश्विने ख्रीस्तवर्षे तु श्रुतिभूतेषुगोमिते ॥७५३॥

भूकम्प :

७५३. सप्तर्षि वर्ष ४६३० तथा ई० वर्ष १५५४ के अश्विन मास में—

निशिद्वितीयप्रहरे भूकम्पो नैकधाऽभवत् ।
भूमिर्विदीर्णा बहुशो रन्ध्रेष्वस्ताः किलालयाः ॥७५४॥

७५४. रात्रि के द्वितीय प्रहर में अनेक बार भूकम्प हुआ। पृथ्वी विदीर्ण हो गयी। बहुत से गृह रन्ध्रों में समा गये।

आलयस्था जना रन्ध्रात्प्रातः केचिद्विनिर्गताः ।
आसीच्चा रन्ध्रबाहुल्यान्मार्गभ्रान्तिः पदेपदे ॥७५५॥

७५५. गृह में स्थित कुछ लोग उस रन्ध्र से प्रातः निकले। रन्ध्र बाहुल्य के कारण पद-पद पर मार्ग में भ्रान्ति हो जाती थी।

काष्ठालया वितस्तायामस्ताः प्रास्ताश्च धारया ।
बहुक्रोशान् तटे तस्या हुसेने हसने पुरे ॥७५६॥

७५६. काष्ठगृह वितस्ता में गिरे और धारा द्वारा कोशों दूर चले गये। उसके तटवर्ती हुसेनपुर तथा हसनपुरमें—

ध्वंसचिह्नानि दृष्टानि यावन्नेत्राग्निवत्सरान् ।
विजयेश्वरवाराहमार्ताण्डाद्युत्तमस्थले ॥७५७॥

७५७. ध्वंस के चिह्न ३२ वर्ष तक दृष्टिगोचर होते रहे। विजयेश्वर, वाराह एवं मार्ताण्ड आदि पुण्य स्थलों पर—

भूकम्पस्य प्रभावोऽभून्नाणुमात्रभयप्रदः ।
नैकदिनानि भूकम्पो भूयो भूयो बभूव ह ।।७५८।।

७५८, भूकम्प का अणुमात्र भी भयावह प्रभाव नहीं पड़ा । कई दिन तक बार-बार भूकम्प में आता रहा ।

बहुधादिवसेऽप्यासीद्भयं भूकम्पसम्भवम् ।
न्यवसन् बहवो लोकाः पटमण्डपवेश्मसु ।।७५९।।

७५९. प्रायः दिन में भी भूकम्प का भय बना रहता था । बहुत लोग पट मण्डप गृहों में निवास कर रहे थे ।

कम्पात्परं जना गेहानागता दौलतस्तदा ।
प्रशासनं दृढं चक्रे प्रजासौख्यविधित्सया ।।७६०।।

७६०. भूकम्प के उपरान्त लोग घरों में आ गये । उस समय दौलतचक ने प्रजा को सुख प्रदान करनेकी इच्छा से दृढ़तापूर्वक प्रशासन किया ।

वेतालाधिष्ठिते क्षेत्रे कृषिसेकाय कर्हिचित् ।
सलिलं स्तम्भयामास वेतालो निशि तद्गृहे ।।७६१।।

७६१. किसी समय, उसने वेताल अधिष्ठित क्षेत्र में खेती की सिंचाई के लिये, जल अवरुद्ध करा दिया । तदनन्तर वेताल ने रात्रि में उसके घर पर—

अश्मखण्डान् बह्ववर्षत्प्रातस्तेऽवेक्षिता जनैः ।
तूलमूलाभिधे ग्रामे सम्यग्ज्ञानपरायणः ।।७६२।।

७६२. पत्थरों की प्रचुर वर्षा की । प्रातः लोगों ने उन पत्थरों को देखा । तूलमूल नामक ग्राम में एक सम्यक् ज्ञानी—

बभूव तापसः साधुर्दौलतस्तमुपाव्रजत् ।
अप्राक्षीद्देशसन्त्राणं साधुस्तमुदतीतरत् ।।७६३।।

तपस्वी एवं दौलत :

७६३. तपस्वी साधु निवास करते थे । दौलत उसके पास गया और देश की आतंकादि से रक्षा का उपाय पूछा । साधु ने उत्तर दिया—

निवर्तयस्व विप्रेषु धारितं जजियाकरम् ।
दौलतस्त्वाह ते ग्राममिमं दद्यामिहाधुना ।।७६४।।

७६४. 'विप्रों पर लगाया गया जजिया कर हटा लो ।' दौलत ने कहा—'यह ग्राम इसी समय तुम्हें दे सकता हूँ—

यवनो न करं जह्यामिति श्रुत्वा शशाप सः ।
इस्लामशाहसूरस्तु हुमायुं सिन्धुपारगम् ।।७६५।।

७६५. 'किन्तु यवन होने के कारण 'कर' नहीं दूर कर सकता हूँ ।' यह सुनकर उस साधु ने शाप दिया । इसलामशाह सूर हुमायूं को सिन्ध-पार गया—

श्रुत्वा लाहौरमगमत् तत्रावैत् काबुलं गतम् ।
बहुदूराद् ग्वालियराल्लाहौरं स गतोऽभवत् ।।७६६।।

७६६. सुनकर लाहौर गया। वहां उसने यह सुना कि वह काबुल चला गया। वह सुदूर ग्वालियर से लाहौर पहुंचा था।

इस्लामशाहस्तत्रैव द्वाविंशेऽह्नि नवम्बरे ।
बार्धीषुभूतचन्द्राब्दे परलोकं जगाम सः ।।७६७।।

इसलाम शाह की मृत्यु :

७६७. इसलामशाह वहीं पर बाईस नवम्बर १५५४ ई० वर्ष में परलोक चला गया।

पेशावरं हुमायुस्तु बाणेन्द्वह्नि दिसम्बरे ।
उपेतोऽथेषुभुतेषुचन्द्राब्दे देहलीपुरि ।।७६८।।

७६८. हुमायूं पन्द्रह दिसम्बर को पेशावर पहुंच गया। ई० वर्ष १५५५ में दिल्ली—

इब्राहीमः खानसूरः सुल्तानपदमाप्तवान् ।
परन्त्वहमदः खानस्तत्पितृव्यसुतः स्वयम् ।।७६९।।

इब्राहीम सूर :

७६९. का सुल्तान पद इब्राहीम सूर ने प्राप्त किया किन्तु उसका चचेरा भ्राता अहमद खान—

तमपास्य पदं तस्याभजद् युद्धेन सत्वरम् ।
मार्चेभेन्द्वह्नि तत्राब्दे फराहाख्यस्थलेऽभवत् ।।७७०।।

अहमद खां सूर :

७७०. युद्ध द्वारा उसे हटाकर, स्वयं सुल्तान बन गया। उसी वर्ष अट्ठारह मार्च को फराह नामक स्थान पर—

आगरातः सार्धचतुर्गव्यूत्यन्तरपश्चिमे ।
युद्धन्तत्रेब्राहिमस्तु विजितः सम्भलं गतः ।।७७१।।

७७१. जो आगरा से १८ मील पश्चिम था, युद्ध करते हुये, इब्राहिम पराजित होकर सम्भल चला गया।

सिकन्दराभिधां नूत्नां तत्र नूत्ननृपास्पदे ।
बिभ्राणोऽहमदः खानः सिंहानमुपाविशत् ।।७७२।।

७७२. वहां अहमद खान नवीन नाम सिकन्दर ग्रहण कर, राजसिंहासन पर बैठा।

तदानीं सूरवंशीयाः सुल्ताना अभवंस्त्रयः ।
आगरा-मालवा-जौनपुरेष्वादिलशाहकः ।।७७३।।

७७३. उस समय सूर वंशीय तीन सुल्तान (उत्तर भारत में) राज्य कर रहे थे। आगरा, मालवा एवं जौनपुर मे आदिलशाह का—

दिल्ली-पञ्चालयोरासीदयमेव सिकन्दरः ।
हिमाद्रिपादमूलादि गुजराताख्यमण्डलम् ।।७७४।।

७७४. दिल्ली एवं पंजाब में सिकन्दर तथा का हिमालय पादमूल से—

पञ्चालस्थमभिव्याप्य बभूवेब्राहिमोऽन्तिमः ।
द्वाविंशे जूनदिवसे बाणेष्विष्विन्दुवत्सरे ।।७७५।।

७७५. पंजाब में गुजरात तक इब्राहीम का शासन था । बाईस जून १५५५ ई० वर्ष में—

सिकन्दरो हुमायुश्च युयुधाते सिकन्दरः ।
शैवालिकाद्रिमगमत् हुमायुर्विजयी तदा ।।७७६।।

सिकन्दर-हुमायूं युद्ध :

७७६. सिकन्दर तथा हुमायूं में युद्ध हुआ । पराजित सिकन्दर शैवालिक पर्वतीय (क्षेत्र में) पलायित हो गया । उस समय विजयी हुमायूं—

विवेश वह्निनेत्राह्नि जुलाईमासि देहलीम् ।
प्रच्याव्येब्राहिमं गाजीखान इस्माइलं नृपम् ।।७७७।।

७७७. तेईस जुलाई को दिल्ली में प्रविष्ट हुआ । गाजो खां ने इब्राहीम को राज्यच्युत कर, इस्माइलशाह को—

कश्मीरे कृतवान् वर्षे बाणेष्विष्विन्दुसम्मिते ।
कदाचिदुक्तवर्षान्ते नौरूढो दौलतो गतः ।।७७८।।

इस्माइल शाह :

७७८. ई० वर्ष १५५५ में कश्मीर का राजा बनाया। उक्त वर्ष के अन्त में किसी समय कालप्रेरित दौलतचक नौकारूढ़ होकर—

डललेकस्थले कर्तुमाखेटं कालयन्त्रितः ।
लब्धच्छिद्रस्तु तत्सेनां गाजी चक्रोऽभ्यधर्षयत् ।।७७९।।

७७९. डललेक में आखेट करने गया । अवसर पाकर गाजीचक ने—

युयुत्सू रूढवैरेण हुसेनाबादवर्तिनीम् ।
विद्रुतो दौलतः फागविषये पर्वतस्थले ।।७८०।।

७८०. महान् शत्रु दौलत के साथ युद्ध करने की इच्छा से हुसेनाबाद स्थित, उसकी सेना पर आक्रमण कर दिया । पलायित दौलतचक फागविषय के पर्वतीय भाग में—

गोचारकेणैककेन गृहीतो गाजयेऽर्पितः ।
निर्नेत्रं दौलतं चक्रं कृत्वा गाजीचकः स्वयम् ।।७८१।।

७८१. एक गो-चारक द्वारा पकड़ कर, गाजी को अर्पित कर दिया गया । गाजीचक ने दौलतचक को नेत्रहीन कर—

मुख्यामात्यपदे स्थित्वा कृत्स्नं वैरमपूरयत्।
रसाशुगेषुशुभ्रांशुसम्मिते किल वत्सरे ।।७८२।।

७८२. तथा स्वयं मुख्यमंत्री पद प्राप्तकर, सम्पूर्ण वैर चुका दिया। १५५६ ई० वर्ष में—

जन्म नौशहरी हाजी हबीबुल्ला किलाप्तवान्।
नुसरत् युसुफौ चक्रौ चक्रगाजीहुसेनयोः ।।७८३।।

७८३. गिनायी वंशीय ख्वाजा हबीबुल्ला का जन्म हुआ। इसी वर्ष नुसरत तथा युसुफचक ने गाजीचक एवं (उसके भ्राता) हुसेनचक की—

हत्योद्यमं वृथाऽकार्ष्टां गुप्तमत्रैव वत्सरे।
बभूव तेन संघर्षो रेगी च युसुफस्तथा ।।७८४।।

७८४. हत्या का विफल प्रयत्न किया। इसके कारण संघर्ष हुआ। रेगीचक तथा युसुफचक—

वन्दीकृतौ च कश्मीरं हित्वा याताः कुचक्रिणः।
साहाय्यार्थं तेऽभ्युपेता हुमायुं देहलीस्थितम् ।।७८५।।

७८५. बन्दी बनाये गये। षड्यन्त्रकारी कश्मीर त्यागकर, सहायतार्थ दिल्ली हुमेंमायूं के पास पहुँचे।

स दित्सुरपि कालेनाकृष्यमाणः शशाक नो।
श्रुत्यक्ष्यहन्यादिमे मासि रसेष्विष्विन्दुवत्सरे ।।७८६।।

७८६. काल का वशीभूत वह चाहकर भी सहायता नहीं दे सका। चौबीस जनवरी १५५६ ई० वर्ष में—

पुस्तकालयसोपानेऽवतरन् स ह्यजाध्वनिम्।
श्रुत्वा चचाल पतितस्तेनैव निधनं गतः ।।३८७।।

हुमायूं की मृत्यु :

७८७. वह पुस्तकालय के सोपान से उतरते समय अजा की आवाज सुनकर, गिर पड़ा और दिवंगत हो गया।

ईदी रैना च कश्मीरात्तद्दिने देहलीमयात्।
मृते इस्माइले शाहे नगेष्विष्विन्दुवत्सरे ।।७८८।।

७८८. उसी दिन ईदीरैना कश्मीर से दिल्ली पहुँचा था। इस्माइलशाह के मरने पर १५५७ ई० वर्ष में—

हबीबशाहं सुल्तानं स्वयं गाजी चकोऽकरोत्।
चन्द्रारिभूतचन्द्राब्दे तं तु शाहं पदच्युतम् ।।७८९।।

हबीब शाह :

७८९. स्वयं गाजीचक ने हबीबशाह को सुल्तान बनाया। १५६१ ई० वर्ष मे शाह को पदच्युत—

कृत्वा गाजी चको जातः सुल्तानस्तत्पदे स्वयम् ।
अङ्काग्नीष्विन्दुवर्षादि गोऽरीष्विन्द्वब्दसन्ततम् ।।७९०।।

गाजीचक सुल्तान बना :

७९०. करके गाजीचक उसके स्थानपर स्वयं सुल्तान बन गया । १५३९ ई० वर्ष से १५६१ ई० वर्ष पर्यन्त—

नेत्रनेत्राक्षिवर्षाणि शाहमीरान्वयोद्भवः ।
शैलेन्दुसंख्यसुल्तानाश्चक्रुः कश्मीरशासनम् ।।७९१।।

७९१. दो सौ बाईस वर्ष तक शाहमीरवंशीय १७ सुल्तानों ने कश्मीर में शासन किया ।

मुहम्मदः पञ्चवारं त्रिवारं फतहस्तथा ।
नाजुकेब्राहिमौ शाहौ द्विद्विवारं प्रशासकाः ।।७९२।।

७९२. उनमे मुहम्मदशाह ने पांच बार, फतहशाह ने तीन बार तथा नाजुकशाह एवं इब्राहीमशाह ने दो-दो बार शासन किया था ।

चक वंशः

शैलेषुबाणचन्द्राब्दे कश्मीरम् अबुलम् अली ।
आऽक्रामत्ख्वाजा शाहोऽसौ सैय्यिद् कासगरोद्भवः ।।७९३।।

अबुल 'म अली का आक्रमण :

७९३. अबुल-म-अली ने १५५७ ई० वर्ष में कश्मीर पर आक्रमण किया । वह ख्वाजाशाह कासगर मे उत्पन्न सैय्यिद वंशीय था ।

आगच्छतः पारसात्स हुमायोः साह्यदोऽभवत् ।
हत्वा शेर अलीमेषोऽकबरेण तु दण्डितः ।।७९४।।

७९४. उसने फारस से आते हुमायूं की सहायता की थी । शेर अली का बध करने के कारण, यह अकबर द्वारा दण्डित किया गया था ।

अरुह्य कञ्चित्काश्मीरं नरं युसुफसंज्ञकम् ।
बद्धो लाहौरकारातः सार्गलो निरगात् पुरा ।।७९५।।

७९५. वह युसुफ नामक किसी काश्मीर पुरुष के कन्धे पर सवार होकर बेड़ी, सहित लाहौर जेल से निकल गया था ।

गक्खरोद्ध-कमालेन खानेन कृतसन्धिकः ।
शम्सरैनाकृतोत्साहो मिर्जाहैदरसन्निभः ।।७९६।।

७९६. गक्खर सरदार कमाल खां के साथ संधिकर, शम्स रैना द्वारा उत्साहित—

अबूम् अली नाम कश्चित् कश्मीरविजयेच्छया ।
शैलेषुबाणचन्द्राब्दे मुगलानां शतत्रयम् ।।७९७।।

७९७. अबू 'म अली ने मिर्जाहैदर के समान कश्मीर विजय की इच्छा से १५५७ ई० वर्ष में तीन सौ मुगल—

अष्टौ शतानि काश्मीरान् समादायानुयायिनः ।
प्रस्थाय पूछमार्गेण बांरहमूलेन चाऽविशत् ।।७९८।।
कश्मीरं युद्धसन्नाहाऽऽरक्तकेसरसङ्कुलम् ।।

७९८. तथा आठ सौ काश्मीरी अनुयायियों के साथ पूछ मार्ग से प्रस्थान कर, बारहमूला होकर, युद्धार्थ सन्नद्ध वीरों के रक्त-केसर से व्याप्त, कश्मीर में प्रवेश किया।

गाजीचकस्तु सफलः सेनानीर्नीतिवित्तथा ।
बभूव साम्नि दाने च भेदे दण्डे च निष्ठितः ।।७९९।।

७९९. काजीचक सफल सेनानी, नीतिवेत्ता तथा साम, दाम, दण्ड एवं भेद नीति का प्रयोग करने में प्रवीण था।

अबूल्मालीं विनिर्जेतुं सैय्यिद् इब्राहिमेन सः ।
सन्धाय तद्भ्रातृजेन स्विकां कन्यां व्यावहयत् ।।८००।।

८००. उसने अबूल् म' आली को जीतने के लिये सैय्यिद इब्राहीम के साथ सन्धि कर, उसके भतीजे से अपनी कन्या का विवाह कर दिया।

इभेषुबाणचन्द्राब्दे पाटने विनिवेश्य सः ।
सैन्यस्य शिविरं यातो हाजिवारामदूरगम् ।।८०१।।

८०१. वह १५५८ ई० वर्ष में पाटन में सैन्य शिविर स्थापित कर—

नुरसत् चकमादाय सैय्यिद् इब्राहिमं तथा ।
पाटनान्नैर्ऋत्यकोणे क्रोशदूरभुविस्थितम् ।।८ २।।

८०२. नुसरतचक तथा सैय्यिद इब्राहीम को साथ लेकर, निकटस्थ हाजिवारा पहुँचा, जो पाटन से दक्षिण-पश्चिम दिशा में एक कोश की दूरी पर स्थित था।

तत्राभूद्दिवसं युद्धमबूल्माली विनिर्जितः ।
तदा तत्संरक्षणार्थं शम्सो द्वादशसैनिकान् ।।८०३।।

८०३. वहां सम्पूर्ण दिन युद्ध हुआ, अबूल् म आली पराजित हो गया। उस समय उसकी रक्षा के लिये शम्सचक ने १२ सैनिकों को—

सम्प्रैषयदबूमस्तु कश्मीरं त्यक्तवान् स्वयम् ।
त्यक्तवांश्च निजं देहं श्रुत्यङ्गेष्विन्दुवत्सरे ।।८०४।।

८०४. भेजा था। अबूल् म' आली ने स्वयं कश्मीर त्याग दिया। वह १५६४ ई० वर्ष में दिवंगत हो गया।

शम्सो वृथेहां कृतवानात्मघाते हतश्च सः ।
गाजी चकेन सम्बन्धसत्त्वेऽप्यधिकवैरतः ।।८०५।।

८०५. शम्सचक निरर्थक आतमघात करना चाहता था। सम्बन्धी होने पर भी, अधिक बैर भाव के कारण गाजीचक ने उसकी हत्या कर दी थी।

सम्राडकबरो व्योमरसबाणेन्दुवत्सरे ।
गाजीचकनिरासार्थं तद्दोषश्रुतिरुष्टधीः ।।८०६।।

मुगल आक्रमण :

८०६. गाजीचक का अपराध सुनकर, रुष्ट अकबर ने उसे निष्कासित (अपदस्थ) करने के लिये १५६० ई० वर्ष में—

कराबहादुरं नाम कश्मीरे दूतमैरयत् ।
ग्रीष्मर्तुशुक्लाष्टम्यां वै शैलाग्न्यङ्गाब्धिसम्मिते ।।८०७।।

८०७. कराबहादुर को दूत बनाकर, कश्मीर भेजा। सप्तर्षि वर्ष ४६३७ में ग्रीष्म-ऋतु शुक्ला अष्टमी को—

सप्तर्षिवर्षे कश्मीरं जेतुमायाद्बहादुरः ।
पाषण्डे तत्र राजौरीक्षेत्रे च मुगलाः स्थिताः ।।८०८।।

८०८. कराबहादुर कश्मीर जीतने के लिये आया। वहां मुगल पाषण्ड तथा राजौरी क्षेत्र में फैल गये।

कराबहादुरस्यासीन्मिर्जा हैदरदुघ्लतः ।
पितृव्यस्तत्पिता त्वासीन्मिर्जा महमूदसंज्ञकः ।।८०९।।

८०९. कराबहादुर का पिता मिर्जा महमूद तथा पितृव्य (चाचा) मिर्जाहैदर दुघलत था।

मुहम्मदहुसेनश्च बभूवास्य पितामहः ।
हुमायुमातृस्वस्रेयो बभूव स मुहम्मदः ।।८१०।।

८१०. इसका पितामह मुहम्मद हुसेन था। वह हुमायूं का मौसेरा भाई था।

न्युवास पूर्वं कश्मीरे पितृव्येण बहादुरः ।
कश्मीराभिज्ञ आसीत्प्राङ्माण्डूदेशे प्रशासकः ।।८११।।

८११. कराबहादुर पितृव्य के साथ पहले कश्मीर में रह चुका था, अतः कश्मीर से अभिज्ञ था। वह पूर्वकाल में माण्डूदेश का प्रशासक भी बना था।

तद्युयुत्सावर्धकोऽभूद्रेगी च युसुफश्चकः ।
प्रतीक्षमाणाः साहाय्यं स्थाने भीमवरे स्थिताः ।।८१२।।

८१२. रेगीचक तथा युसुफचक ने उसे युद्धार्थ प्रोत्साहित किया। भीमवर स्थान पर सहायता की प्रतीक्षा करती हुई—

सेना मासत्रयं यावन्मुगलानां युयुत्सया ।
कराबहादुरोऽगच्छद्राजौरीमातपाकुलम् ।।८१३।।

८१३. मुगलों की सेनाएं युद्ध की इच्छा से तीन मास स्थित रहीं। कराबहादुर गर्मी से परिपूर्ण राजौरी गया।

---

(१) पाषण्ड : कश्मीर में 'श' तथा 'ष' का उच्चारण एक समान होता है।

सामन्ताः संगतास्तेन तत्र गाजीविरोधिनः ।
बहादुरे स्थिते तत्र गाजी हीरपुराध्वना ॥८१४॥

८१४. वहां गाजी के विरोधी सामन्त, उससे मिल गये । कराबहादुर के वहां रहते, गाजी-चक हीरपुर मार्ग से—

जगाम लोहरं कोटं स्वयं साहाय्यलिप्सया ।
बहादुरेणार्थं साक्षात् योद्धुं गाजी समागतः ॥८१५॥

८१५. सहायता प्राप्त करने की इच्छा से स्वयं लोहरकोट गया । तदनन्तर वह करा-बहादुर से साक्षात् युद्ध करने के लिये आ गया ।

प्रतिमुण्डं पुरस्कारं स्वर्णमुद्रामघोषयत् ।
अदातां साह्यवचनं चक्रौ फतहलोहरौ ॥८१६॥

८१६. उसने प्रति मुण्ड (शिर) एक स्वर्ण मुद्रा देने की घोषणा कर दी । फतहचक तथा लौहर चक कराबहादुर को सहायता करने का वचन दिये थे,

कराबहादुरायाथ तौ गाजीचकसंगतौ ।
गाजीचकेनैवमेव सन्दधे नुसरत् चकः ॥८१७॥

८१७. किन्तु वे दोनों गाजी चक से मिल गये । उसी प्रकार नुसरत चक भी गाजी चक्र के साथ हो गया ।

बह्वहोव्याप्यभूद्युद्धं तत्र चास्मररन्ध्रकम् ।
नागरन्ध्रश्च काश्मीराः प्रायुञ्जन् जयिनोऽभवन् ॥८१८॥

८१८. कई दिनों तक युद्ध हुआ । उसमें काश्मीरियों ने अस्मररन्ध तथा नाग रन्ध्र का प्रयोग किया, वे विजयी भी हुए ।

मुगलाः सैनिकाः पञ्चशतानि युधि मारिताः ।
करा बहादुरस्तत्र निर्जितोऽयाद्दनौकरकम् ॥८१९॥

८१९. युद्ध में ५०० मुगल मारे गये । वहां करा बहादुर पराजित हुआ और दनौर चला गया ।

ततश्चाकबरं यातो गाजी चैव प्रसन्नधीः ।
पाषण्डं नाम भूभागं राजौरीराजसाद्व्यधात् ॥८२०॥

८२०. वहां से वह अकबर के पास गया । प्रसन्न गाजी चक ने पाषण्ड-भूभाग राजौरी के राजा को प्रदान कर दिया ।

अथ सम्राडकबरः क्रुधा बैरामखानकम् ।
सेवामुक्तं व्यधात्तेन विद्रोहं सोऽकरोच्चिरम् ॥८२१॥

८२१. क्रुद्ध सम्राट अकबर ने बैरामखान को सेवा मुक्त कर दिया । उसने विद्रोह किया ।

किन्त्वभ्राङ्गेषुचन्द्राब्देऽक्टूबरे स्वसमर्पणम् ।
सम्राजे कृतवान् गच्छन् मक्कामार्गेऽथ गुर्जरे ॥८२२॥

८२२. किन्तु अक्तूबर १५६० ई० वर्ष में उसने सम्राट को आत्म समर्पण कर दिया। मक्का जाते हुये गुजरात में—

निजघ्ने आफगानानां मुबारकमुखेन सः ।
समूहेनाथ तत्पत्नीं सलीमां समुदूढवान् ॥८२३॥

८२३. अफगानों के एक समूह द्वारा, जिसका नेता मुबारक खां था, वह मार डाला गया। उसकी पत्नी सलीमा से—

सम्राडकबरस्तस्य द्वितीया स्त्रीत्वभूदियम् ।
चन्द्राङ्गेष्विन्दुतुल्याब्दे चकौफतहलोहरौ ॥८२४॥

८२४. अकबर ने विवाह कर लिया। यह उसकी द्वितीय स्त्री थी। १५६१ ई० वर्ष में फतह चक तथा लोहर चक—

पुरो विधाय काश्मीराविमौ विद्रोहमाचरन् ।
हेमन्ते शैत्यबाहुल्याद् द्रोग्धारस्तु स्वयं हताः ॥८२५॥

८२५. को आगे करके काश्मीरियों ने विद्रोह किया। हेमन्त ऋतु में शैत्याधिक्य के कारण विद्रोही स्वयं मर गये—

केचिद्रक्षितुमात्मानं काष्ठवाटम्पलायिताः ।
एकदा राजसदने स्वासने मुकुटाश्रितः ॥८२६॥

५२६. तथा कुछ लोग अपनी रक्षा के लिये काष्ठवाट पलायित हो गये। एक बार राजसदन में मुकुट से अलंकृत—

अभूद् हबीबशाहोऽथ तत्र गाजीचकानुजः ।
उत्थाप्य राजमुकुटं भ्रातुर्मूर्धन्यरोपयत् ॥८२७॥

८२७. हबीबशाह अपने आसन पर स्थित था। वहां गाजी चक के अनुज ने राजमुकुट उठाकर अपने अग्रज के शिर पर रख दिया।

एवं गाजीचको राजा नसीरुद्दीपूर्विकाम् ।
गाजीशाहाभिधां बिभ्रत्प्रथमोऽभूच्चकान्वये ॥८२८॥

८२८. इस प्रकार गाजीचक नसीरुद्दीन गाजीशाह नाम से प्रथम चक वंशीय राजा हुआ।

तद्राजत्वविरोद्धारौ चक्रौ फतहलोहरौ ।
बभूवतुर्विरोधश्च सन्धिमात्रफलोऽभवत् ८२९॥

८२९. उसके राज्य में फतहचक तथा लोहर चक ने विद्रोह किया। विद्रोह के फलस्वरूप सन्धि हो गयी।

कमालगक्खरसुतां गाजीचक्र उदूह्यताम् ।
नीत्या कुशलसामन्तं सीमान्तस्थं वशेऽकरोत् ॥८३०॥

८३०. गाजीचक ने नीतिपूर्वक, कमालगक्खर की पुत्री से विवाह कर, सीमान्त स्थित, एक कुशल सामन्त को वश में कर लिया।

उरशामजयत्पूर्वं दरदिस्तानकं ततः ।
मूलस्थानं चकानां वै सेनयाऽभ्येत्य तद्गतम् ॥८३१॥

उरशा दर्दिस्तान विजय :

८३१. उसने पहले उरशा पर विजय किया, तदनन्तर चकों के मूल स्थान दरदिस्तान पर सैनिक अभियान द्वारा—

स्कर्दूं गिलगितं चैव स्वराज्येऽमेलयज्जयी ।
काष्ठवाटं पृथग्राज्यं जित्वैवं दृढपौरुषः ॥८३२॥

स्कर्दू, गिलगित, किश्तवार विजय :

८३२. स्कर्दू तथा गिलगित को जीतकर अपने राज्य में मिला लिया। इस प्रकार उस महापराक्रमी ने काष्ठवाट को भी जीतकर—

कश्मीराखण्डतां चक्रे परं नैकशताब्दतः ।
बह्वचङ्गेष्विन्दुतुल्याब्दे गाजी लहरकं गतः ॥८३३॥

८३३. अनेक शताब्दियों के पश्चात् कश्मीर की अखण्डता स्थापित की। १५६३ ई० वर्ष में गाजी लहर गया।

सुतं सोऽहमदं खानं तथा फतहखानकम् ।
लद्दाखविजयं कर्तुं प्रेषयामास सादरम् ॥८३४॥

लद्दाख विजय योजना :

८३४. उसने अपने पुत्र अहमदखान तथा फतहखान को लद्दाख विजय के लिये सादर प्रेषित किया।

नत्वेवाहमदोऽयुद्धचद्गत्वा पश्चान्न्यवर्तत ।
न वै फतहखानस्य सहयोगमपैक्षत ॥८३५॥

८३५. अहमदखान जाकर भी युद्ध नहीं किया, पीछे लौट गया। उसने फतहखान के सहयोग की भी अपेक्षा नहीं की।

गाजी तु कुपितः पुत्रं राज्यभागादवञ्चयत् ।
स्वयंन्तु गाजी लद्दाखं ययौ योद्धुं कृतत्वरः ॥८३६॥

८३६. कुपित गाजी ने पुत्र को राज्य के उत्तराधिकार से वञ्चित कर दिया। वह स्वयं शीघ्रतापूर्वक युद्ध करने के लिये लद्दाख गया।

तदा श्रीनगरेऽकुप्यन् भ्रातरोऽस्य कुटुम्बिनः ।
तदा स राज्यरक्षार्थी मध्येयुद्धान्न्यवर्तत ॥८३७॥

८३७. उसी समय श्रीनगर में भाई एवं कुटुम्बी जन उसके विरुद्ध हो गये। वह राज्य की रक्षा हेतु, बीच में ही युद्ध से विरत होकर, लौट पड़ा।

तदात्वहमदोऽयुद्धचद्भ्रातरीर्ष्यायुतः स्वयम् ।
पराजितो हतः सोऽथ गाजी कुष्ठी बभूव ह ॥८३८॥

८३८. भाइयों के प्रति ईर्ष्याभाव के कारण अहमद ने स्वयं युद्ध (हेतु आक्रमण) किया किन्तु वह पराजित हुआ और मारा गया। गाजी कुष्ठरोग ग्रस्त हो गया।

राज्यकार्यंभरं भ्रातुर्हुसेनस्य करेऽर्पयत् ।
बह्वचङ्गबाणचन्द्राब्दे वर्षं राज्यं विधाय वै ॥८३९॥

८३९. उसने राज्य का कार्य भार भाई हुसेन के हाथ में दे दिया। १५६३ ई० वर्ष में एक वर्ष राज्य करके—

प्रच्याव्य राज्याद्गाजीं तु स्वयं स्वाम्यं बभार सः ।
गाजी स्वयमुदारोऽभूद्दण्डे त्वासीन्महोत्कटः ॥८४०॥

८४०. वह गाजी को राज्यच्युत करके स्वयं सुल्तान बन गया। गाजी स्वयं उदार होकर भी दंड देने में अत्यन्त कठोर था।

अन्धत्वमङ्गभङ्गं चाकार्षीत्पूर्वं विरोधिनाम् ।
तस्मिञ्जीवति तत्पुत्रो हुसेनेनान्धदृक्कृतः ॥८४१॥

गाजी का मूल्यांकन :

८४१. उसी ने शत्रुओं का अङ्गभङ्ग तथा उन्हें अन्धा करने की प्रथा प्रारम्भ की। उसके जीवन काल में हुसेन ने उसके पुत्र को अन्धा कर दिया था।

स्वारब्धेनोग्रदण्डेन समक्षं स्वसुतो युतः ।
वीरो युद्धप्रियो गाजो सङ्घर्षमयजीवनः ॥८४२॥

८४२. अपने द्वारा प्रारम्भ उग्रदण्ड का भागी, उसके समक्ष उसका पुत्र बना। वीर, युद्ध-प्रिय गाजी का जीवन संघर्षमय था।

जित्वा लद्दाखमुरशां भांगिलां राज्यपैरपात् ।
स्कदूँ गिलगितं जित्वा वस्तुतो दरदस्थितम् ।।८४३।।

८४३. उसने लद्दाख, उरशा तथा भांगिलराज (वांगिल परगना) को जीतकर वहां राज्यपाल नियुक्त किया। दरदिस्तान के अंग स्कदूँ तथा गिलगित को—

मूलस्थानं चकानां वै कश्मीरेऽमेलयद्दृढम् ।
मुगलाक्रमणाद्रक्षां कश्मीरस्याकरोच्चिरम् ।।८४४।।

८४४. जो चकों के मूल स्थान थे, जीतकर कश्मीर में मिला लिया था। चिरकाल तक मुगलों के आक्रमण से कश्मीर की रक्षा की थी।

कविः पारसभाषायां परवीरप्रशंसकः ।
उदारः स्वामिभक्तेषु क्रूरो विश्वासघातिषु ।।८४५।।

८४५. वह फारसी भाषा का कवि तथा वीर शत्रुओं का भी प्रशंसक था। स्वामिभक्तों के प्रति उदार तथा विश्वासघातियों के प्रतिक्रूर था।

विद्रोहिष्वदयः सोऽभूत् सज्जातिगुणरक्षकः ।
स बभूव स्वयं शीया सुन्नीवर्गेऽप्युदारधीः ।।८४६।।

८४६. वह विद्रोहियों पर दया नहीं करता था। उत्तम जातिगुणों का रक्षक था। शीया होकर भी वह सुन्नी वर्ग के प्रति उदार था।

हिन्दुष्वविषमो नित्यं नीतौ धर्मानपेक्षधीः ।
कुटुम्बिनः सजातीयास्तद्राज्ये द्रोहिणोऽभवन् ।।८४७।।

८४७. नीति में धर्म निरपेक्ष, वह हिन्दुओं के प्रति समभाव रखता था। कुटुम्बी तथा सजातीय लोग ही, उसके राज्य में विद्रोही हुए थे।

जीवनेऽतः स सङ्घर्षान्नावकाशमवाप्नवान् ।
नियम्याग्रहिसामन्तान् दमनेनानुशासनम् ।।८४८।।

८४८. अतः जीवन में उसे संघर्ष से अवकाश नहीं मिला। दुराग्रही सामन्तों को नियन्त्रित कर, दमन द्वारा अनुशासन—

प्रशासनञ्च सुदृढं कृतवान् भव्यभावनः ।
काजीचकस्य नेतृत्वे पितृव्यस्य च सङ्गरे ।।८४९।।

८४९. तथा प्रशासन को उसने सुदृढ़ बनाया था। पिता काजीचक के नेतृत्व में अनेक युद्धों में—

नियुद्धचानेकरिपुभिर्बभूव कुशलो रणे ।
स्वीचक्रे पितरि प्रेते नेतासौ दौलताच्चकात् ।।८५०।।

८५०. शत्रुओं से युद्धकर, वह रणकुशल हो गया था। चाचा के दिवंगत हो जाने पर, वह दौलतचक के स्थानपर, नेता बनाया गया।

परस्तात्पितरि प्रेते शास्ता न्यायप्रियश्चकः ।
ज्येष्ठात्मजो हैदरोऽस्य कदाचित्तस्य सेवकः ।।८५१।।

न्याय प्रियता :

८५१. पिता के पश्चात् वह न्यायप्रिय चक शासक हुआ। इसका ज्येष्ठ पुत्र हैदर था। किसी समय उसका सेवक—

उद्यानादीदगाहेऽस्मै फलचौर्ये निवेदितः ।
फलचौर्ये करच्छेदं गाजीदण्डमकारयत् ।।८५२।।

८५२. उद्यान से फल की चोरी करते पकड़ा गया। ईदगाह में स्थित उसके समक्ष उप-स्थित किया गया। गाजी ने फल की चोरी में उसका हाथ काटने का दण्ड दिया।

चुकोप हैदरः पित्रे सेवकक्लेशदुःखितः ।
गाजी तन्मातुलन्तस्य भर्त्सनाय किलैरयत् ।।८५३।।

पुत्र को शूली :

८५३. सेवक के दुःख से दुःखी हैदर पिता पर क्रुद्ध हुआ। गाजी ने उसे भर्त्सित करने के लिये उसके मामा—

मलिक् मुहम्मदं नाम कुपितस्तन्तु हैदरः ।
प्राणैर्वियोजयामास गाजी तदपराधतः ।।८५४।।

८५४. मलिक मुहम्मद को प्रेषित किया। हैदर कुपित हो गया और उसे प्राण रहित कर दिया। गाजी ने उस अपराध के कारण—

ईदगाहपथे पुत्रं शूलाग्रे समरोपयत् ।
सप्ताहानि शवस्तस्य तत्रासीदवलम्बितः ।।८५५।।

८५५. पुत्र को ईदगाह मार्ग पर शूलारोपित करा दिया। सात दिन उसका शव शूली पर टँगा रहा।

न्यायप्रियत्वं तेस्यैवं बहुधा किल गीयते ।
एकश्चौरस्तु कस्यापि ग्रामे मत्स्यानचोरयत् ।।८५६।।

८५६. इस प्रकार उसकी न्याय प्रियता, बहुधा गायी जाती है। एक चोर ने किसी ग्राम में मछलियों की चोरी की।

गाजी तत्राकारोद्दण्डं स्वर्णमुद्राशतद्वयम् ।
अन्तेऽस्य गलितं कुष्ठं सर्वाङ्गव्याप्यजायत ।।८५७।।

८५७. गाजी ने उसपर दो सौ स्वर्ण मुद्रा दण्ड निर्धारित कर दिया। अन्त में उसे सर्वाङ्ग व्यापी गलित कुष्ठ हो गया था।

रक्तपूयावृतो देहस्तीव्रकण्डूमयोऽभवत् ।
वर्षद्वयं भीषणवेदनाभिर्निविष्टपापस्तनुमुत्ससर्ज ।
निष्पीतरक्तैरथमांसभक्षैर्देहस्थितैर्भीषणकष्टकीटैः ।।८५८।।

गाजी की मृत्यु :

८५८. रक्त-पूय से परिपूर्ण उसका शरीर अत्यन्त खुजलाहट युक्त हो गया। देह स्थित, भयंकर कष्टकारी कीटों के रक्त-मांस भक्षण से दो वर्ष महान् कष्ट भोगकर, उस पापी ने प्राण त्याग किया।

हुसेनेनानुजेनास्य गर्ते प्रणिहितः शवः ।
बभूव सहसा दग्धो धूमलेखासमाकुलः ।।८५९।।

कब्र से अग्नि ज्वाला :

८५९. उसके अनुज हुसेन ने गर्त (कब्र) में शव रखा। वह एकाएक जल उठा और धूम-व्याप्त हो गया।

चका दरदजातीयाः क्षत्रिया आर्यधर्मिणः ।
दरदिस्तानदेशीयाः लंकर-पाण्डु पूर्वजाः ।।८६०।।

चकवंश :

८६०. चाक दरदजातीय आर्यधर्मी क्षत्रिय थे। उनका देश दरद था। लंकर चाक तदनन्तर पांडुचाक उनके पूर्वज थे।

इतिहासे हुसेनस्तु प्रथमो मुस्लिमाभिधः ।
तत्सुता हसनः काजी ताजी चेति त्रयोऽभवन् ।।८६१।।

८६१. इतिहास में हुसेन चक का प्रथम मुस्लिम नाम मिलता है। हसनचक, काजीचक तथा ताजीचक, उसके तीन पुत्र थे।

हसनस्य सुतो गाजी सुतास्तस्य त्रयोऽभवन् ।
प्रथमो हैदरः ऐवा द्वितीयोऽहमदोऽन्तिमः ।।८६२।।

८६२. हसन का पुत्र गाजी था। उसके तीन पुत्र प्रथम हैदर, द्वितीय ऐवा तथा अन्तिम अहमदखान थे।

ऐवाखानसुतस्त्वासीन्नाम्ना शाहहुसेनकः ।
चत्वार्यहान्यसौराज्यं कृतवानिति शुश्रुम ।।८६३।।

८६३. ऐवाखान का पुत्र हुसेन शाह था। उसने चार दिन राज्य किया था, ऐसा सुना जाता है।

ताजीसुतो दौलतोऽभूत्तत्सुतौ शम्सलोहरौ ।
शम्सात्मजौ तु नुसरत् मुहम्मदचकौ स्मृतौ ।।८६४।।

८६४. ताजी का पुत्र दौलत था। उसके पुत्र शंसचक तथा लोहर चक थे। शंसचक के पुत्र नुसरत तथा मुहम्मदचक थे।

हसनस्यान्यया पत्न्या पञ्च पुत्रा अबीभवन् ।
मसूदः प्रथमः शाहहुसेनश्चापरः स्मृतः ।।८६५।।

८६५. हसन की दूसरी पत्नी से पांच पुत्र मसूद, हुसेनशाह,

अलीशाहस्तथाऽब्दालोऽन्तिमः शंकरचक्रकः ।
इब्राहीमश्च युसुफो हुसेनस्य सुतौ स्मृतौ ।।८६६।।

८६६. अलीशाह, अब्दाल तथा शंकर चक थे । हुसेन के पुत्र इब्राहीम तथा युसुफ थे ।

अलीशाहस्य युसुफस्तस्य पुत्रास्त्रयः स्मृताः ।
याकूब इब्राहिमश्च तृतीयो हैदरस्तथा ।।८६७।।

८६७. अलीशाह का पुत्र युसुफ था । उसके तीन पुत्र याकूब, इब्राहीम तथा हैदर थे ।

अब्दालस्य हबीबोऽभूद् ऐवा खानस्तथा सुतः ।
शंकरस्यात्मजावास्तां लोहरश्च मुहम्मदः ।।८६८।।

८६८. अब्दाल के पुत्र हबीब एवं ऐवाखान थे । शंकर के पुत्र लोहरशाह तथा मुहम्मद खां थे ।

गाजी हुसेनोऽली चैव युसुफो लोहरस्तथा ।
याकूबश्च हुसेनोऽन्त्य ऐवाखानतनूभवः ।।८६९।।

८६९. गाजी, हुसेन, अली, युसुफ लोहर, याकूब तथा ऐवाखान का पुत्र हुसेन—

सप्तामी क्रमशोऽभूवन् सुल्तानपद वर्तिनः ।
द्विर्द्विर्युसुफयाकूबौ सुल्तानपदमाप्नुताम् ।।८७०।।

८७०. ये सात क्रमशः सुल्तान पद प्राप्त किये । युसुफ तथा याकूब दो-दो बार सुल्तान पद सुशोभित किये ।

चन्द्राङ्गेष्विन्दुवर्षादि नागेभेष्विन्दुवत्सरम् ।
यावत्सप्ताश्विवर्षाणि सप्तामी शासनं व्यधुः ।।८७१।।

८७१ इन सात सुल्तानों ने १५६१ ई० वर्ष से १५८८ ई० वर्ष पर्यन्त २७ वर्ष शासन किया ।

यदा राजा सिंहदेवः कश्मीरे सम्बभूव ह ।
तदा प्रभृतितद्देशे चकजातेः स्थितिर्मता ।।८७२।।

चक आगमन :

८७२. जिस समय सिंहदेव कश्मीर में राजा थे, उसी समय से उस देश में चकजाति की स्थिति मानी जाती है ।

पूर्वमासीच्चक्रशब्दोऽपभ्रंशाच्चकतां गतः ।
कृष्णगंगोर्ध्वभागीयोपत्यकोत्तरदिग्गतः ॥८७३॥

८७३. पहले चक्र शब्द था। उसी का अपभ्रंश चक हो गया। कृष्णगंगा के उर्ध्वभागीय उपत्यका के उत्तर दिशा में—

देशोऽयं दरदो नाम तत्रासीद्दरदा पुरी ।
यद्यपि दरदक्षेत्रमितितद्भूमिरुच्यते ॥८७४॥

८७४. दरद देश है। वहां दरद पुरी एक नगरी थी। आज भी वह भूमि दरद क्षेत्र कही जाती है।

दरदों नामतद्भाषाऽप्यार्यभाषासु गण्यते ।
साहित्ये भारतीये ते हिमालयनिवासिनः ॥८७५॥

८७५. दरदों नामक उनकी भाषा आर्य भाषाओं में गिनी जाती है। भारतीय साहित्य में वे हिमालय निवासी कहे गये हैं।

दरदा जातकेषुक्ता यूनानोयैतिहासिकैः ।
दरदायीति च प्रोक्ताः स्वग्रन्थेषु बहुत्र ते ॥८७६॥

८७६. जातकों में दरदों का उल्लेख किया गया है। यूनानी इतिहासकारों ने उन्हें अपने ग्रंथों में दरदायी लिखा है।

कश्मीरराजा गोनन्दो जरासन्धस्य पक्षतः ।
युयोध दरदैर्युक्तः श्रीकृष्णेन पुरा युगे ॥८७७॥

८७७. प्राचीनकाल में काश्मीर के राजा गोनन्द ने दरदों को साथ लेकर, जरासन्ध के पक्ष से श्री कृष्ण के साथ युद्ध किया था।

इत्थमेते स्थिताः पूर्वं पञ्चसहस्रवर्षतः ।
स्कान्दे पुराणे देशोक्तौ दरदो दशमः स्थितः ॥८७८॥

८७८. इस प्रकार उनकी स्थिति पांच सहस्र वर्ष पूर्व थी। स्कन्दपुराण में देशों की गणना में दरद दशम देश तथा—

ग्रामाः सार्धत्रिलक्षाणि भारते तत्र वर्णिताः ।
आऽगच्छन् पाण्डवाः पूर्वं देशं दरदसंज्ञकम् ॥८७९॥

८७९. उसमें तीन लाख पचास हजार ग्राम वर्णित किये गये हैं। महाभारत में कहा गया है कि पांडव पूर्वकाल में दरद देश आये थे।

अयुद्धचन् भारते युद्धे ते वै कौरवपक्षतः ।
इतिहासात्क्षत्रियास्ते कश्मीरोत्तरदिग्भवाः ॥८८०॥

८८०. दरदों ने महाभारत युद्ध में कौरव पक्ष से युद्ध किया था। इतिहास में वे कश्मीर के उत्तर दिशा में उत्पन्न क्षत्रिय कहे गये हैं।

सिन्धोस्तटे वसन्ति स्म राज्यन्तेषान्तु विस्तृतम् ।
अधुना साल्टलेकाख्यभूपर्यन्तं पुराऽभवत् ॥८८१॥

८८१. वे सिन्धु के तट पर रहते थे। पुराकाल में उनका राज्य आज के साल्टलेक पर्यन्त विस्तृत था।

पुरा दिग्जयकाले तान् दरदानर्जुनोऽजयत् ।
उक्तो जनपदश्चाऽयं भारते शल्यपर्वणि ॥८८२॥

८८२. अर्जुन ने दिग्विजय में दरदों को जीता था। महाभारत के शल्य पर्व में दरद जनपद का उल्लेख है।

भारते च पुराणेषु दरदा बहु वर्णिताः ।
पाण्डुर्हलमतश्चैव शंषचक्रस्तथैव च ॥८८३॥

८८३. महाभारत तथा पुराणों में दरदों का प्रचुर वर्णन किया गया है। पांडु, हलमत तथा शंसचक्र—

दारदाद्गिलगित्स्थानाद् हुंजातश्चागताः पुरा ।
दरदानामभूद्राजा नाम्ना अचलमंगलः ॥८८४॥

८८४. पहले दरदिस्तान के गिलगित तथा हुँजा (हंसमार्ग) स्थान से कश्मीर आये थे। दरदों का राजा अचल मंगल था।

तमाचक्राम नृपतिर्हर्ष इत्याह कल्हणः ।
जगद्बलो मणिधरस्तथैव च यशोधरः ॥८८५॥

८८५. उस पर राजा हर्ष ने आक्रमण किया था—ऐसा कल्हण ने कहा है। जगद्बल, मणिधर तथा यशोधर—

नृपास्त्रयः कल्हणेन स्वग्रन्थेऽन्येऽपि वर्णिताः ।
तथावृहत्संहितायामप्युक्ता दरदाः किल ॥८८६॥

८८६. इन अन्य तीन नृपों का वर्णन कल्हण ने अपने ग्रन्थ में किया है। बृहत्संहिता में भी दरदों का उल्लेख किया गया है।

दरदा दीर्घतनवो दृढसंहननास्तथा ।
शूरा साहसिका आसन् श्रमिणश्च निसर्गतः ॥८८७॥

८८७. दरदों का शरीर दीर्घ एवं सुदृढ होता था। वे स्वभावतः शूर, साहसी तथा परिश्रमी थे।

कश्मीरेशः सिंहदेवो नागाश्वीन्द्विन्दुवर्षतः ।
खेषुचन्द्रेन्दुवर्षान्तं बभूवानेहसीह सः ॥८८८॥

८८८. कश्मीर नरेश सिंहदेव का समय ११२८ ई० वर्ष से ११५० ई० वर्ष पर्यन्त था। इसी समय—

चक्रा अमी अलङ्कारचक्रनेत्रा किलाविशन् ।
कश्मीरे दिश्युत्तरस्यां नैकराजसभाजिताः ।।८८९।।

८८९. ये चक नेता अलंकार चक के साथ कश्मीर के उत्तर दिशा में प्रविष्ट हुए और अनेक राजाओं का प्रश्रय प्राप्त किये ।

अलङ्कारचको हिन्दूराजभिर्दत्तसंश्रयः ।
सप्रभावः स्ववर्गीयान् कश्मीरे विन्यवेशयत् ।।८९०।।

८९०. हिन्दू राजाओं द्वारा आश्रय प्राप्त, प्रभावशाली अलंकार चक ने अपने सवर्गीय लोगों को कश्मीर में प्रविष्ट किया ।

त्रिगामिसरसस्तीरे मच्छीपुरविराजिते ।
प्रकृत्या रमणीये ते सन्निवेशमकल्पयन् ।।८९१।।

८९१. उन लोगों ने उत्तर मच्छीपुर विषय में स्थित त्रिगामी के पश्चिम स्थित रमणीय सरोवर तट पर निवास किया ।

तत्सरोमदनश्चक्रः प्राक्काले निरमापयत् ।
रेगीपुरान्तिके तत्र बहुप्राचीनकालिकम् ।।८९२।।

८९२. पुराकाल में मदनचक ने उस सरोवर का निर्माण कराया था । रेगीपुर के समीप अतिप्राचीन कालीन—

विकीर्णं चक्रनगरं ध्वस्तमद्यापि वीक्ष्यते ।
खुरशीपुरतो वायोः कोणे रामनकानगः ।।८९३।।

८९३. बिखरा हुआ, ध्वस्त चक नगर आज भी देखा जाता है। खुरशीपुर से पश्चिमोत्तर दिशा में रामनकान स्थान पर—

कश्चिदश्ममयो बाणो दृश्यते स च वर्ण्यते ।
क्षिप्त उत्पातिचक्रेषु बाणोऽयं दैवतैरिति ।।८९४।।

८९४. एक पाषाणमय बाण दिखाई पड़ता है। उसके विषय में जनश्रुति है—देवताओं ने उत्पाती चकों पर यह बाण छोड़ा था ।

पाण्डूचक्रस्य जननी काश्मीरमहिलाऽभवत् ।
पिता तु भीमकायोऽभूद्देवः कोऽपीत्यपि श्रुतिः ।।८९५।।

८९५. पांडुचक की माता काश्मीरी स्त्री थी। उसका पिता भीमकाय कोई देव था—ऐसी लोक प्रसिद्धि है ।

अलंकारचक्रं नाम दरदिस्तानपार्श्वगे ।
कर्णे वा करनों क्षेत्रे सामन्तम्प्राह कल्हणः ।।८९६।।

८९६. कल्हण ने अलंकार चक को दरदिस्तान समीपस्थ कर्ण अथवा करनों क्षेत्र का सामन्त कहा है ।

असौ बभूव सम्बन्धी ख्यातो दरदमन्त्रिणाम् ।
सिंहदेवस्य समये कश्मीरे राजनीतिषु ॥८९७॥

८९७. वह दरद मंत्रियों का प्रख्यात सम्बन्धी था। उसने सिंहदेव के समय कश्मीर की राजनीति में—

सङ्घर्षेषु च भूयस्सु सक्रियं भागमग्रहीत् ।
शिरःशिलादुर्गतोऽपि सम्बन्धस्तस्य भण्यते ॥८९८॥

८९८. तथा अनेक संघर्षों में सक्रिय भाग लिया था। उसका सम्बन्ध शिरःशिला दुर्ग से भी कहा जाता है।

कृष्णा गंगा मधुमती तथा मुक्तेश्वरी नदी ।
अमूषां स्रोतसां मध्ये शारदा तीर्थसन्निधौ ॥८९९॥

८९९. कृष्णागंगा, मधुमती एवं मुक्तेश्वरी नदियों के मध्य, शारदा तीर्थ के समीप—

असौ शिरःशिला दुर्गो बभूवेत्यैतिहासिकाः ।
एवं दरदवर्तित्वं चक्राणामैतिहासिकम् ॥९००॥

९००. शिरः शिला दुर्ग था—ऐसा ऐतिहासिक विद्वानों का मत है। इस प्रकार चकों का दरद निवासी होना इतिहास सिद्ध है।

पाण्डुकचक्रस्य नेतृत्वे लुण्ठनं ते स्म कुर्वते ।
स्थाने बारहमूलाख्ये तथा सोपोरसंज्ञके ॥९०१॥

९०१. वे पाण्डुकचक के नेतृत्व में बारहमूला तथा सोपोर स्थानों पर लूटपाट करते थे।

कोटाराज्ञी पितुर्नाम्ना रामचन्द्रस्य सैनिकाः ।
तथैव शाहमीरस्य बभुवुश्चक्रजातयः ॥९०२॥

९०२. कोटा रानी के पिता रामचन्द्र तथा शाहमीर के सैनिक चक जातीय थे।

पाण्डुचक्रोऽभवज्जैनुल् आबदीनीयकालिकः ।
अस्ति श्रीनगरादग्निकोणे ग्रामस्तदाख्यया ॥९०३॥

मुसलिम काल में चक :

९०३. पाण्डुचक जैनुल आबदीन का समकालीन था। उसके नाम से एक ग्राम श्रीनगर के अग्नि कोण पर स्थित है।

रुष्टो जैनुल् आबदीनश्चकोत्पातैः किलाऽकरोत् ।
चकानां दमनं भूयः स सङ्घर्षश्चिरादभूत् ॥९०४॥

९०४. चकों के उत्पात से रुष्ट, जैनुल आबदीन ने उनका दमन किया। वह संघर्ष अधिक दिन चला।

पाण्डुचक्रो विष्टिकर्मविरोधे श्रमिणां नृणाम् ।
कार्यावरोधं कृतवान् आबदीनेष्टबाधकम् ।।९०५।।

९०५. पाण्डुचक ने विष्टि कर्म (कोरबी) के विरोध में श्रमिकजनों से कार्य बन्द करवा दिया, जिससे जैनुल आबदीन की इच्छापूर्ति में बाधा पड़ी।

आबदीनोऽव्रजद्यर्हि कार्यार्थं कमराजकम् ।
नैकोऽपि श्रमिकस्तर्हि तत्कृत्येऽभूत्किलोद्यतः ।।९०६।।

९०६. जैनुल आबदीन कार्यवश कमराज गया। उस समय उसके कार्य के लिये एक भी श्रमिक तैयार नहीं हुआ।

कमराजान्निवृत्ते तु सुल्ताने आबदीनके ।
पाण्डुचक्रो राजकीयानालयानग्निसाद्व्यधात् ।।९०७।।

८०७. जैनुल आंबदीन के कमराज से लौटने पर, पाण्डुचक ने राजकीय भवनों में आग लगा दी।

पाण्डुचक्रः कुटुम्बं स्वं रक्षार्थं दार्वमैरयत् ।
त्रिगामपर्वतप्रान्ते स्वयं गुप्तो व्यतिष्ठत ।।५०८।।

९०८. पाण्डुचक ने रक्षा के लिये अपने कुटुम्ब को दार्व देश (वितस्ता एवं चन्द्रभगा के मध्य) भेज दिया। स्वयं त्रिगामी के पर्वत प्रान्त में छिप गया।

स्थानं वारहमूलात्तद्रविक्रोशान्तरे स्थितम् ।
वायुकोणेऽथ सुल्तानश्चकवेश्मान्यपातयत् ।।९०९।।

९०९. वह स्थान बारहमूला से लगभग २५ मील की दूरी पर वायुकोण में स्थित है। सुल्तान ने चकों का घर गिरवा दिया।

पाण्डुचक्रो द्रवन्देशं स्वकुटुम्बान्तिकेऽव्रजत् ।
सुल्तानो राजभवनं पुनश्च निरमापयत् ।।९१०।।

९१०. पाण्डुचक अपने कुटुम्ब के समीप द्रव देश चला गया। सुल्तान ने राजभवन का पुर्ननिर्माण करा दिया।

पाण्डुचक्रः पुनस्तत्र वह्निजालमदीपयत् ।
द्रवाभिजनसाहाय्यात्सुल्तानः पाण्डुमग्रहीत् ।।९११।।

९११. पाण्डुचक ने पुनः उसमें आग लगा दिया। द्रव निवासियों की सहायता से सुल्तान ने पाण्डु को—

सकुटुम्बं शस्त्रयोग्यान् घातयित्वाऽवशेषितान् ।
दयार्हान् वासयामास राज्ये मडवसंज्ञके ।।९१२।।

९१२. सकुटुम्ब निगृहीत कर लिया। शस्त्र धारण करने योग्य लोगों का बध करा दिया। दया योग्य शेष लोगों को मडव राज्य में बसा दिया।

तेषां निहतनेतॄणां सम्पदश्चात्मसाद्व्यधात् ।
पाण्डुचक्रे मृते तस्य हुसेनस्तनयोऽभवत् ।।९१३।।

९१३. उसने उनके नेताओं का बध करा दिया तथा उनकी सम्पत्ति ले ली । पाण्डुकचक के मर जाने पर उसे एक पुत्र हुआ । उसका नाम हुसेन था ।

हुसेनस्य त्वजायन्त तनया दशसंख्यकाः ।
सुल्ताने फतहे शाहे मुहम्मद्शाहके तथा ।।९१४।।

९१४. हुसेन के दश पुत्र थे । सुल्तान फतहशाह तथा मुहम्मद शाह के समय—

राजनीतौ चका भागं सक्रियं जगृहुः किल ।
कुपवारा त्रहग्रामी चेत्यभूद्वर्गयुग्मकम् ।।९१५।।

९१५. चकों ने राजनीतियों में सक्रिय भाग लिया । कालान्तर में कुपवारा तथा त्रहग्रामी उनके दो वर्ग हो गये ।

सर्व एते शियाः वीरा युद्धकर्षणजीवनाः ।
नृपतिः शमशुद्दीनो मुहम्मद्शाह एव च ।।९१६।।

९१६. वे सब शिया एवं वीर थे । युद्ध तथा कृषि उनकी जीविका थी । शमशुद्दीन तथा मुहम्मद शाह—

शाहमीरान्वयीयोऽभून्नामात्रप्रशासकः ।
तदाऽभूद्वस्तुतः शास्ता मलिक् काञ्चनचक्रकः ।।९१७।।

९१७. शाह मीर वंशीय थे तथा नाम मात्र के प्रशासक थे । उस समय वास्तविक शासक मलिक कांचन चक था ।

मार्गेशान् सोपुरे जित्वा लब्धख्यातिर्बभूव सः ।
इस्माइलशाहसमयेऽप्यसौ वास्तवशासकः ।।९१८।।

९१८. वह सोपुर में मार्गेशों को जीत कर, लब्धप्रतिष्ठ हो गया था । इस्माइलशाह के समय भी वह वास्तविक शासक था ।

अन्त्ये वयसि तस्याभूत्सुन्नी वर्गो दृढो रिपुः ।
खवेदेष्विन्दुवर्षे तैः खिन्नः कश्मीरमत्यजत् ।।९१९।।

९१९. जीवन के अन्तिम समय में सुन्नी वर्ग उसका महान् शत्रु हो गया था । उनसे खिन्न होकर उसने १५४० ई० वर्ष में कश्मीर छोड़ दिया ।

यदा मुहम्मदः शाहस्तथा फतहशाहकः ।
मिथो युद्धरतावास्तां तदा शंषचकोऽभवत् ।।९२०।।

९२०. जब मुहम्मद शाह तथा फतहशाह परस्पर युद्धरत थे, उस समय शंष चक—

नीत्युत्साहगुणोपेतोऽप्यासीदस्थिरमानसः ।
सैय्यिद् मुहम्मदं श्रित्वाऽप्यासीद्दोलायितोऽन्यतः ॥९२१॥

९२१. नीति, उत्साह गुणयुक्त होकर भी, चंचल मन था। वह सैय्यिद मुहम्मद का प्रश्रय प्राप्त कर भी, अन्यत्र चला गया।

अन्ते सैफुद्दीनदरं फतह् शाहोच्चसेवकम् ।
सेव्यत्वेन स्वीचकार तत्राप्यस्थिरधीरभूत् ॥९२२॥

९२२. अन्त में फतहशाह के उच्च अधिकारी सैफुद्दीनदर का सेवक बना किन्तु वहां भी स्थिर नहीं रह सका।

मूसासरहंगरैनाभ्यां स्वाम्यरिभ्यां किलामिलत् ।
सैय्यिद्मुहम्मदद्रोहोद्यतौ तौ सन्धितो व्यधात् ॥९२३॥

९२३. वह स्वामी के शत्रु मूसारैना तथा सरहंगरैना से मिल गया। उन्हें सैय्यिद मुहम्मद से द्रोह के लिए उद्यत कर दिया।

विवाहेनाभवच्छक्तो हुसेनचककन्यया ।
स्वपूर्वस्वामिनः सैफुद्दीनस्य ग्राममाऽक्रमत् ॥९२४॥

९२४. वह हुसेनचक की कन्या से विवाह कर सशक्त हो गया था। अपने पूर्व स्वामी सैफुद्दीन के ग्राम पर—

सरहंगेन संयुक्तः शंषचक्रस्तदाक्रमे ।
सरहंगप्रहारेण सैफुद्दीनो जहौ तनुम् ॥९२५॥

९२५. सरहंग के साथ शंषचक ने आक्रमण किया। उस आक्रमण में सरहंग के प्रहार से सैफुद्दीन ने शरीर त्याग दिया।

शंषं तु फतहः शाहः कृतवान् निजमन्त्रिणम् ।
ईदी रैनादले मार्गेशेब्राहीमेरिते तथा ॥९२६॥

९२६. फतहशाह ने शंषचक को अपना मंत्री नियुक्त कर लिया। मार्गेश इब्राहीम द्वारा समर्थित ईदीरैना तथा—

शंषचक्रदले युद्धमभूच्छ्रीनगरोपगे ।
बुलबुल् लंकरस्थाने शंषस्तत्र पराजितः ॥९२७॥

९२७. शंषचक के दल में श्रीनगर के निकट, बुलबुल लंकर स्थान पर, युद्ध हुआ। उसमें शंषचक पराजित हो गया।

पलायितोऽमिलद्गत्वा काजीचक्रेण चञ्चलः ।
तथा फतहशाहोऽपि शंषसंगावमानितः ॥९२८॥

९२८. वह पलायित होकर, गाजीचक से मिल गया। शंष की संगति के कारण अपमानित फतहशाह भी—

राज्यात्प्रच्यावितोऽतिष्ठत्स्थाने नौशहराभिधे ।
त्रयोदशदिनेऽगस्ते वह्निचब्धीष्विन्दुवत्सरे ।।९२९।।

९२९. राज्यच्युत होकर, नौशहरा स्थान जाकर रहने लगा। तेरह अगस्त १५४३ ई० वर्ष में—

मिर्जाहैदर्दुघ्लतेन युयुधुश्चकजातयः ।
प्रायः पञ्चसहस्राणि चकानामश्वसादिनः ।।९३०।।

९३०. चक जाति ने मिर्जा हैदर से युद्ध किया। पांच हजार अश्वारोही चक—

युयुधुर्नैकसाहस्रसंख्याश्चैव पदातिनः ।
हैदरस्याभवन्वीरास्त्रिसहस्रमितास्तदा ।।९३१।।

९३१. तथा कई हजार पदाति सैनिकों ने युद्ध किया। उसमें हैदर के तीन हजार वीर सैनिक थे।

काजीचक्रस्तत्र युद्धे विजितो दौलतान्वितः ।
जगाम भारतं किन्तु कश्मीरस्थाश्चकाः पुनः ।।९३२।।

९३२. उस युद्ध में पराजित, काजीचक दौलतचक के साथ, भारत चला गया। काश्मीर में स्थित चक पुनः—

योद्धुम्मिर्जाहैदरेण प्रवृत्ताः सैन्यसङ्ग्रहे ।
वेदाब्धीष्विन्दुवर्षीयवसन्ते ते चकाः पुनः ।।९३३।।

९३३. मिर्जा हैदर से युद्ध करने के लिये सैन्य संग्रह करने लगे। १५४४ ई० वर्ष के वसन्त ऋतु में वे चक पुनः—

आगत्यगौरीमार्गेण चक्रुः सैन्यव्यवस्थितिम् ।
हैदरः सहसा तत्राक्रामत्कश्मीरसैनिकैः ।।९३४।।

९३४. गौरी मार्ग (गुलमर्ग) से आकर, सैन्य व्यवस्था सम्पन्न किये। सहसा हैदर ने वहां कश्मीरी सैनिकों तथा—

मुगलैश्च युतस्तत्र काजीरेगी पराजितौ ।
अथ काजीचको भूताब्धीष्विन्द्वब्दसितम्बरे ।।९३५।।

९३५. मुगलों के साथ आक्रमण कर दिया। काजीचक तथा रेगीचक पराजित हुए। इसके अनन्तर काजीचक १५४५ ई० वर्ष में—

द्वादशेऽह्नि भृगोर्वारे थानास्थाने ज्वरान्मृतः ।
अङ्काब्धीष्विन्दुवर्षे तु पुनराक्रमणं व्यधात् ।।९३६।।

९३६. बारह सितम्बर को शुक्रवार के दिन, थाना नामक स्थान पर, ज्वर से मर गया। १५४६ ई० वर्ष में पुनः—

रेगीचकः स कश्मीरे निहतो रिपुसैनिकैः ।
तदीयं खण्डितं मुण्डं निहितं हैदरान्तिकम् ।।९३७।।

९३७. रेगीचक ने कश्मीर पर आक्रमण किया। वहां शत्रु के सैनिकों द्वारा मार डाला गया। उसका खण्डित शिर हैदर के समीप रखा गया।

हैदरोऽक्टूबरे चन्द्रेष्विष्विन्द्वब्दे हतोऽरिभिः ।
रात्रौ युद्धयंस्तच्छवस्य चका ऐच्छन् कदर्थनम् ।।९३८।।

९३८. अक्टूबर १५५१ ई० वर्ष में रात्रिकालीन युद्ध में हैदर शत्रुओं द्वारा मार डाला गया। चक उसके शव को अपमानित करना चाहते थे।

निवार्यवैहकी तांस्तु नाम्ना सैय्यिद्मुहम्मदः ।
तथा हुसेनमाग्रे तमपनीय यथाविधि ।।९३९।।

९३९. उन्हें निवारित कर, सैय्यिद मुहम्मद वैहकी तथा हुसेनमाग्रे, वह शव ले जाकर, विधिपूर्वक—

मजार-ए-सलातीनेऽकार्ष्टी भूमौ निवेशितम् ।
ददौ सफलयोद्धभ्यः कृतज्ञः शाहनाजुकः ।।९४०।।

९४०. 'मजार–ए–सलातीन' में भूमिसात् (दफन) किये। कृतज्ञ नाजुक शाह ने सफल योद्धाओं को—

मुदा कश्मीरभूभागान् गाजी दिवसराभिधम् ।
बहरामश्च युसुफः कमराजमवाप्तवान् ।।१४१।।

९४१. कश्मीर का भूभाग उपहार में प्रदान किया। गाजीचक ने दिवसर, बहराम एवं युसुफचक ने कमराज प्राप्त किया।

चकानां राजमान्यत्वमासीत्प्राथमिकन्त्विदम् ।
ततः कश्मीरसामन्तगृहयुद्धेष्विमे चकाः ।।९४२।।

९४२. यह चकों की प्रथम राजकीय मान्यता थी। तदनन्तर काश्मीरी सामन्तों के गृहयुद्धों में चक—

पक्षं कञ्चिदुपाश्रित्य युद्धयन्तो मान्यतां गताः ।
वृद्धया दौलतचक्रस्य चका उन्नतिभागिनः ।।९४३।।

९४३. किसी पक्ष को लेकर युद्ध करते थे। इस प्रकार वे सम्मान्य हो गये। दौलतचक की उन्नति से चक भी उन्नति-भागी बने।

अग्रे ते खाग्निवर्षाणि कश्मीरस्थितिहेतवः ।
चका आसन् ख्यातवीरा लुण्ठाकत्वञ्च तेष्वभूत् ।।९४४।।

९४४. आगे भी वे तीस वर्ष तक कश्मीर की स्थिति में सहायक बने रहे। चक प्रसिद्ध वीर थे। वे लुटेरे भी थे।

अतएव न तेऽभूवन् दृढविश्वासभाजनम् ।
चका रजतमुद्राणां सौवर्णीनां तथैव च ॥९४५॥

९४५. अतः वे दृढ़ विश्वास पात्र नहीं हो सके । चक रजत तथा सुवर्ण मुद्राओं का—

प्रयोगाधिकं चक्रुस्ताम्रस्य त्वल्पमेव हि ।
कृषिकार्येषु विद्यासु सङ्गीतेषु कलासु च ॥९४६॥

९४६. अधिक प्रयोग करते थे, ताम्र का कम । कृषि कार्य, विद्या, संगीत एवं कला में—

चका अभ्युन्नतिञ्चक्रुर्हुसेनोऽभून्नृपः कविः ।
युसुफ्खानस्य गृहिणी हब्बाखातूनसंज्ञिनी ॥९४७॥

९४७. चकों ने प्रोन्नति की थी । सुल्तान हुसेन स्वयं कवि था । युसुफ खान की पत्नी हब्बाखातून ने—

नूतनं रास्तकश्मीरी नाम रागमदाद्भुवे ।
चकानां शासनेऽतीतेऽतीतं सङ्गीतमादिमम् ॥९४८॥

९४८. संसार को "रास्त" नामक नवीन कश्मीरी राग दिया था । चकों का शासन समाप्त होने पर, प्राचीन संगीत समाप्त हो गया ।

परस्तान्मुगलानीतमधीतं तत्तदातनैः ।
युसुफात्पूर्वसुल्तानाः सुदृढा नीतितत्पराः ॥९४९॥

९४९. वहां लोग मुगल संगीत का अध्ययन करने लगे । युसुफ के पूर्ववर्ती सुल्तान सुदृढ़ एवं नीतिज्ञ थे ।

राजनीतौ विजातीयान् योग्यान्नाकलयन् क्वचित् ।
न्यक्कृता नूरबख्शीया मिर्जाहैदरशासने ॥९५०॥

९५०. उन्होंने राजनीति में, योग्य विजातीय को कहीं स्थान नहीं दिया था । मिर्जाहैदर के शासन में नूर बख्शियों का दमन हुआ था ।

ते राजसंश्रयम्प्रापुः सधर्मं चकशासने ।
पारसे सफवीवंश्यराज्यकाले शियामतम् ॥९५१॥

९५१. चक शासन में उन्हें तथा उनके धर्म को राजाश्रय प्राप्त हुआ था । फारस में सफवी वंशीय राज्यकाल में शिया सम्प्रदाय—

स्वीकृतं राजधर्मत्वं विपुलं तत्प्रचारितम् ।
तदानीमेव कश्मीरे राजधर्मत्ववाञ्छया ॥९५२॥

९५२. राजधर्म स्वीकृत हो गया था । उसका पर्याप्त प्रचार हुआ । उसी समय कश्मीर में अपना धर्म राजधर्म बनाने की इच्छा से—

स्वधर्मस्य शियायर्गः संघर्षं नैकधाऽकरोत् ।
गाजीचक्रात्परं खानहुसेनो राज्यमाप्तवान् ।।९५३।।

नासिरुद्दीन हुसेन शाह ई० वर्ष १५६३-१५७० ।

९५३. शियावर्ग ने अनेक बार संघर्ष किया । गाजीचक के पश्चात् हुसेनशाह ने राज्य प्राप्त किया ।

मुहम्मद् नासिरुद्दीनशाहगाजीपदाञ्चितः ।
बाणाङ्गबाणचन्द्राब्दे खानो जमनखाँऽभिधः ।।९५४।।

९५४. उसने मुहम्मद नासिरुद्दीन हुसेन शाह गाजी नाम धारण किया । ई० वर्ष १५६५ में जमन खाँ ने—

हुसेनेन कृतद्रोहः सपुत्रो युधि मारितः ।
नागाङ्गबाणचन्द्राब्दे शीयासुन्नीदलद्वये ।।९५५।।

९५५. हुसेन के साथ विद्रोह किया । युद्ध में पुत्र सहित मारा गया । ई० वर्ष १५६८ में कश्मीर के शीया एवं सुन्नी वर्ग में—

कश्मीरस्थेऽभवद्युद्धं बाह्यार्यागमकारणम् ।
दूतोऽकबरशाहस्य नाम्ना मिर्जामुकीमकः ।।९५६।।

९५६. युद्ध हुआ, जो बाहरी लोगों के आने का कारण बना । (मुगल सम्राट) अकबरशाह का दूत मिर्जामुकीम—

वर्गवैरम्पुरस्कृत्याविशत्कश्मीरशासने ।
खिन्नो हुसेनशाहस्तु महर्घानेकवस्तुभिः ।।९५७।।

९५७. वर्ग वैर के व्याज से कश्मीर प्रशासन में प्रविष्ट हुआ (हस्तक्षेप करने लगा) । दुःखी हुसेनशाह ने बहुमूल्य अनेक वस्तुओं के साथ—

मुकीमेन स्विकां कन्यां सम्राजोऽन्तिममैरयत् ।
मुकीमस्यानयं ज्ञात्वाऽकबरस्तं क्रुधाऽवधीत् ।।९५८।।

९५८. अपनी कन्या को मुकीम द्वारा सम्राट् अकबर के पास भेज दिया । मुकीम को कुनीति जानकर, क्रुद्ध अकबर ने उसका बध करा दिया—

अन्ते हुसेनशाहोऽभूदतीसाररुजाऽन्वितः ।
अलीशाहोऽनुजस्तस्य व्योमाश्वेष्विन्दुवत्सरे ।।९५९।।

९५९. अन्त में हुसेन शाह अतिसार ग्रस्त हो गया । १५७० ई० वर्ष में उसके अनुज अली-शाह ने—

राज्यसत्तां स्वयम्भ्रातुः कालानुग्रहतोऽग्रहीत् ।
अलीशाहो जहीरुद्दीन् मुहम्मद्बादशाहकैः ॥९६०॥

अलीशाह ई० वर्ष १५७०-१५७८-७९ :

९६०. काल के अनुग्रह से भ्राता की सत्ता स्वयं ग्रहण की । दयालु अलीशाह जहरुद्दीन मुहम्मद अली बादशाह—

पदैर्युक्तो दयोपेतो राज्यसिंहासनेऽविशत् ।
लब्धसत्तः प्रजां सर्वां जामामस्जिदसन्निधौ ॥९६१॥

९६१. उपाधि धारण कर, सिंहासनारूढ़ हुआ । सत्ता प्राप्तकर, जामा मस्जिद में प्रजा से उसने—

समुवाच मयाशास्तिर्न्यायपूर्वं करिष्यते ।
विरोधिनामङ्गभङ्गं शूलारोपणमेव च ॥९६२॥

९६२. कहा—'मैं न्याय पूर्वक शासन करूंगा ।' विरोधियों का अंग-भंग, शूली—

चक्षुर्निष्कासनं चैव स्वाज्ञया विन्यवारयत् ।
सैय्यिद् मुबारकं मन्त्रिपदेऽकार्षीत्स वैहकीम् ॥९६३॥

९६३. तथा नेत्रोत्पाटन अपने आदेश से निवारित करा दिया । उसने सैय्यिद मुबारक बैहकी को मंत्री पद पर नियुक्त किया ।

अबुल्मालीभृते तस्य पुत्रायादात्स्वकन्यकाम् ।
मुबारकस्य जनकः सैय्यिद् इब्राहिमोऽभवत् ॥९६४॥

९६४. उसके पुत्र अबुल्म' आली से अपनी कन्या का विवाह कर दिया । मुबारक वैहकी का पिता सैय्यिद इब्राहीम था ।

असौ जैनुल् आबदीनश्वसुरस्यास वंशजः ।
सिकन्दरो यदाऽत्रासीन्नृपो बुत्शिकनस्तदा ॥९६५॥

९६५. वह जैनुल आबदीन के श्वसुर का वंशज था । जब सिकन्दर बुत्शिकन राजा था—

ईरानाद्वैहकस्थानाद्वैहकीवंश आगतः ।
चन्द्रशैलेषुचन्द्राब्दे अलीखानचकात्मजः ॥९६६॥

९६६. उसी समय वैहकी वंश ईरान के वैहक स्थान से आया था । ई० वर्ष १५७१ में अलीखान चक के पुत्र--

गभीरनैकषड्यन्त्रैरलीशाहमपासितुम् ।
नौरुजो निश्चयं चक्रे नैकसामन्तसाह्यतः ॥९६७॥

९६७. नौरुज चक ने अनेक सामन्तों की सहायता से कई महान् षड्यन्त्रों द्वारा अलीशाह को अपदस्थ करने का निश्चय किया ।

रहस्यं कार्यतः पूर्वं भिन्नं षड्यन्त्रकारिणः ।
अभयार्थं कुलीखानं हुसेनमुपसंगताः ।।९६८।।

९६८. कार्य से पूर्व रहस्योद्घाटन हो गया । षड्यन्त्रकारी रक्षार्थं हुसेन कुलीखान के पास चले गये—

सम्राजोऽकबरस्येष्टं निजं पश्चालराज्यपम् ।
काष्ठवाटस्य नृपतिर्बहादुर्सिंहसंज्ञकः ।।९६९।।

९६९. जो सम्राट् अकबर का प्रिय तथा पंजाब का राज्यपाल था । काष्ठवाट के राजा बहादुर सिंह ने—

अलीशाहस्य प्रभुतां न मेने तेन कोपितः ।
नेत्रशैलेषुचन्द्राब्दे विजेतुं काष्ठवाटकम् ।।९७०।।

९७०. अलीशाह की प्रभुता नहीं स्वीकार की । उससे कुपित होकर, अलीशाह ने ई० वर्ष १५७२ में काष्ठवाट जीतने के लिये—

अलीशाहस्त्रिभागेषु सेनयाऽऽक्रामदुद्धतम् ।
स्वयं सिंहपुरेऽतिष्ठत्तत्र सन्धिस्तत्वजायत ।।९७१।।

९७१. तीन ओर से सेना द्वारा प्रचण्ड आक्रमण कर दिया । स्वयं सिंहपुर स्थित रहा । वही सन्धि हो गयी ।

नृपः स्वां भ्रातृजां कन्यां नाम्ना शंकरदेविकाम् ।
अलीशाहस्य पौत्रेण याकूबेन व्यवाहयत् ।।९७२।।

९७२. राजा ने अपनी भतीजी शंकर देवी का अलीशाह के पौत्र याकूब खां से विवाह कर दिया ।

बह्लचद्रिबाणचन्द्राब्दे युसुफोऽलीकुमारकः ।
ऐवा खानमहन् गाजीसुतं तेन सुताय सः ।।९७३।।

९७३. युसुफअली के पुत्र ने ई० वर्ष १५७३ में गाजी खां के पुत्र ऐवा खां की हत्या कर दी । इससे वह पुत्र पर—

चुकोपाऽथापि जनकायाद्रुह्यद्युसुफः परम् ।
पितापुत्रद्वये सन्धिर्बभूवानतियत्नतः ।।९७४।।

९७४. क्रुद्ध हो ग्रया । युसुफ भी पिता से विद्रोह कर दिया । पिता-पुत्र में बिना अधिक प्रयत्न के सन्धि हो गयी ।

श्रुत्यद्रिबाणचन्द्राब्देऽलीशाहः काष्ठवाटके ।
पुनराक्रमणं चक्रे सन्दधे स नृपः पुनः ।।९७५।।

९७५. अलीशाह ने ई० वर्ष १५७४ में काष्ठवाट पर पुनः आक्रमण किया, पुनः राजा ने सन्धि कर ली, तथा—

पुत्रं नारायणं नामालीसभायामयापयत् ।
शरणार्थी पूछभागे यदाऽऽसीत् शाहनाजुकः ॥९७६॥

९७६. पुत्र नारायण सिंह को अलीशाह की सभा में कर दिया । जब नाजुकशाह पूछ क्षेत्र में शरणार्थी जीवन बिता रहा था—

बाणशैलेषुचन्द्राब्दे तत्सुतौजयकाङ्क्षिणौ ।
हाजीहैदरखानश्च तथा खानसलीमकः ॥९७७॥

९७७. उसी समय ई० वर्ष १५७५ में उसके विजयाकांक्षी पुत्र हाजी हैदर तथा सलीम खां—

नोदितौ मुख्यकाश्मीरैराक्रान्तिं चक्रतुस्तदा ।
स्थाने नौशहरानाम्नि साफल्यं किन्तु नाऽऽपतुः ॥९७८॥

९७८. प्रमुख काश्मीरी अमीरों द्वारा प्रेरित होकर, नौशहर पर आक्रमण कर दिये किन्तु सफल नहीं हुए ।

राजौरीराज्यपालेन मुहम्मद्खानसंज्ञिना ।
मृषाविश्रम्भमुत्पाद्य सलीमः पथि मारितः ॥९७९॥
पश्चादायान् हैदरश्च तच्छ्रुत्वैव न्यवर्तत ।

९७९. राजौरी के राज्यपाल मुहम्मद खान ने मिथ्या विश्वास उत्पन्न कर, सलीम को मार्ग में मार डाला । पीछे आते हुए हैदर ने जब यह सुना, वह लौट गया ।

अङ्काद्रिबाणेन्दुमिताब्दमध्ये तुषारपातो भयकृद्बभूव ।
सर्वत्र खेऽभूत्प्रलयाग्नितुल्यो मेघो महीकोपकरालकायः ॥९८०॥

दुर्भिक्ष :

९८०. ई० वर्ष १५७६ में भयंकर तुषारपात हुआ । पृथ्वी के ऊपर क्रुद्ध, विकराल मेघ प्रलयाग्नितुल्य आकाश में सर्वत्र व्याप्त हो गये ।

निरन्तरं सप्तदिनानि वर्षैर्विष्वङ्महौत्पातिकचिह्नजातैः ।
भूमिश्चकम्पे मृतकीर्णदेहैर्नाभादनेहः पटहोपमैश्च ॥९८१॥

९८१. सात दिन निरन्तर वृष्टि होती रही । सर्वत्र महोत्पातिक चिह्न स्वरूप, पटह तुल्य मृतक शरीर विकीर्ण पड़े रहे । भूकम्प होता रहा । समय का ज्ञान नहीं होता था ।

महर्घरत्नं रजतं सुवर्णं प्रस्थान्नहेतोर्धनिनो व्युपैक्षन् ।
विस्मृत्य नार्यः स्वपतीन् सुतांश्च लब्धंरहोऽन्नं बुभुजुस्तदात्वे ॥९८२॥

९८२. उस समय धनी प्रस्थमात्र अन्न के लिये बहुमूल्य रत्न, रजत, सुवर्ण की उपेक्षा कर रहे थे । स्त्रियां पति-पुत्र को विस्मृत कर, प्राप्त अन्न एकान्त में खा लेती थी ।

राजद्वारे मृतो हस्ती क्षुधितास्तमभिद्रुताः ।
उपेत्य खण्डशः कृत्वा कृत्स्नमादाय ते गताः ॥९८३॥

९८३. एक समय राज द्वार पर एक हाथी मर गया। क्षुधित लोग उसपर दौड़ पड़े। खंड-खंड कर, उसे पूर्णरूपेण उठा ले गये।

कदाचिल्लौहकारेण हत्वा नापितपुत्रकम् ।
पक्त्वा विक्रीय तन्मासं विदधे स्वात्मरक्षणम् ॥९८४॥

९८४. किसी समय एक लोहार नापित पुत्र को मार डाला। उसका मांस पकाकर बेचा। इस प्रकार आत्मरक्षा की।

विदेशानगमन्केचिद्धित्वा दारसुतानपि ।
नैवातिरिच्यते स्नेहः स्वस्मादन्यत्र कर्हिचित् ॥९८५॥

९८५. कतिपय जन स्त्री-पुत्र त्यागकर, अन्य देश चले गये। स्नेह आत्मरक्षा से बढ़कर नहीं होता।

दुर्भिक्षजर्जरे देशे ववौ वातः प्रकम्पनः ।
मध्याह्नं धूलिपटलेनान्धयन्नुत्खनंस्तरून् ॥९८६॥

९८६. दुर्भिक्ष-जर्जर देश में तेज आंधी चलने लगी। मध्यान्ह में धूलि समूह से अन्धकार छा गया। वृक्ष धराशायी हो गये।

तदा सदाशिववनादनलोऽनिलसाह्यतः ।
पारेवितस्तं जज्वाल हा समुद्रमठावधि ॥९८७॥

९८७. सदाशिव[1] बन से वायु के साथ फैली आग वितस्ता पार समुद्र मठ तक प्रज्वलित हो उठी।

दग्धं समस्तं नगरं वर्षत्रयमवर्षणात् ।
कश्मीरस्यार्धजनता दुर्भिक्षे तत्यजेऽसुभिः ॥९८८॥

९८८. समस्त नगर दग्ध हो गया। तीन वर्ष अवर्षण (अकाल) के कारण दुर्भिक्ष में कश्मीर की आधी जनता मर गयी।

राज्यकोषेण कृत्स्नेन वर्षद्वयमपालयत् ।
प्रजां सर्वामलीखानस्तृतीयेऽब्दे व्यचिन्तयत् ॥९८९॥

९८९. अलीखान ने सम्पूर्ण राज्य कोष से दो वर्ष प्रजा का पालन किया। तीसरे वर्ष चिन्तान्वित हो गया।

---

१. सदाशिव : वितस्ता के वाम तट पर सुदमर (समुद्र मठ) मुहल्ला के ठीक दूसरी तरफ है।

दुर्भिक्षदूरीकरणं केनोपायेन सम्भवेत् ।
इति साधून् योगिनश्च पृच्छति स्म पुनः पुनः ।।९९०।।

९९०. "किस उपाय से दुर्भिक्ष दूर हो"—इस प्रकार साधुओं एवं योगियों से वह बार बार पूछता था ।

दुर्भिक्षदूरीकरणं नृपेण सहिता प्रजा ।
दीना प्रार्थयते भूयो भूयः स्म परमेश्वरम् ।।९९१।।

९९१. नृपति सहित प्रजा दीन होकर, परमेश्वर से दुर्भिक्ष दूर करने के लिये, प्रार्थना करती थी ।

जैतोचकाभिधः साधुर्यवनः प्राह पृच्छते ।
अलीशाहाय दुर्भिक्षं जीवितावधि ते भवेत् ।।९९२।।

९९२. एक बार जैतीचक[1] फकीर ने पूछने पर अलीशाह से कहा—"यह दुर्भिक्ष तुम्हारे जीवन काल तक रहेगा" ।

नागाश्वबाणचन्द्राब्दे सप्तमे मास्यनोदयत् ।
कलानौरादकबरो दूतौ कश्मीरमीक्षितुम् ।।९९३।।

अकबर का दूत :

९९३. तीन जुलाई १५७८ ई० वर्ष में अकबर ने कलानौर से काश्मीर में यह देखने के लिये दो दूत—

मुल्लाइश्कीं तथा काजीशदरुद्दीनसंज्ञकम् ।
आक्रान्तेरुचितः कालोऽस्त्ययं वा नेत्यवेक्षितुम् ।।९९४।।

९९४. मुल्ला इश्की तथा काजी सदरुद्दीन को भेजा—"आक्रमण के लिये यह समय उचित है अथवा नहीं" ?

ज्ञाततत्वस्त्वलीशांहो मुहम्मद् कासिमेन वै ।
स्वामात्येन भ्रातृजां स्वां कस्तूरीं केसरं तथा ।।९९५।।

९९५. यह जानकर, अलीशाह ने अपने मन्त्री मुहम्मद कासिम द्वारा कस्तूरी, केसर, अपनी भतीजी—

ऊर्णावस्त्रं च सम्प्रेष्य भक्तितोऽकबरान्तिकम् ।
खुतवापाठमुद्राभ्यां तत्साम्राज्यमसाधयत् ।।९९६।।

९९६. तथा ऊनी वस्त्र भक्ति पूर्वक अकबर के पास भेजकर, खुतवा पाठ एवं मुद्रा टंकणित कराकर, उसका साम्राज्य सिद्ध कर दिया ।

---

१. जैती = जैतू = जैत शाह । सन् १५७५ ई०, अनेक लेखक यह समय सन् १५७२–१५७३ देते हैं परन्तु यह गलत है ।

दुर्भिक्षान्ते त्वलीशाह ईदक्षेत्रं जगाम वै ।
कन्दुकक्रीडनार्थाय क्रीडताऽनेहसा हृतः ।।९९७।।

९९७. दुर्भिक्ष के उपरान्त अलीशाह अश्व कन्दुक क्रीडा (पोलो) हेतु ईद क्षेत्र गया। काल वश—

अश्वारूढः कन्दुकार्थं वेगाद्विवलितोऽभवत् ।
तेनोदरे विक्षतेऽश्वात्पतितस्त्यक्तवांस्तनुम् ।।९९८।।

अलीशाह की मृत्यु :

९९८. अश्वारूढ वह, कन्दुक के लिये वेग से विचलित (टेढ़ा) हो गया। जिसके कारण उदर (अतड़ी) फट गया और वह घोड़े से गिरकर, मर गया।

तत्पुत्रे युसुफे नाम प्रेतसंस्कारसंगते ।
अब्दालचक्रस्तद्भ्राता राज्यार्थं यत्नमाऽचरत् ।।९९९।।

९९९. जब उसका पुत्र युसुफ मृतक संस्कार में लगा था, उसी समय अलीशाह का भ्राता अब्दालचक राज्यप्राप्ति के लिये प्रयत्न शील हो गया।

कुलरीत्यात्वहम्भ्राता जातो राज्याधिकारभाक् ।
सुतस्त्वमनुमन्यस्व राज्येच्छा तव मैव भूत् ।।१०००।।

१०००. "कुल परम्परानुसार भ्राता मैं राज्य का अधिकारी हूँ। तुम पुत्र हो, इसका अनुमोदन करो तथा राज्य की इच्छा न करो"।

इति सन्देशमाकर्ण्य युसुफो रुष्टधीरभूत् ।
युद्धं श्रीनगरे नौहट्टासमीपेऽभवद्भृशम् ।।१००१।।

१००१. यह सन्देश सुनकर, युसुफ अतिक्रुद्ध हो गया। श्रीनगर में नौहट्टा के समीप घोर युद्ध हुआ।

हतः पराजितोऽब्दालः क्रुद्धया राजसेनया ।
कृतकृत्यस्तु युसुफो नासीरुद्दीन् मुहम्मदः ।।१००२।।

१००२. क्रुद्ध राजसेना द्वारा पराजित, अब्दाल मार डाला गया। कृतकृत्य युसुफ, नसीरुद्दीन, मुहम्मद—

शाहेत्युपाख्यात्रितयं बिभ्रद्राज्यमवाप्तवान् ।
मासद्वयात्परं शत्रुरपरोऽब्दालभट्टकः ।।१००३।।

युसुफशाह प्रथमबार : (१५७८-१५७९ ई०)

१००३. शाह उपनाम धारण कर, राज्य प्राप्त किया। दो मास के पश्चात् अन्य शत्रु अब्दालभट्ट—

बभूवामात्यपदवीं प्रेप्सुर्वाञ्छाविघाततः ।
ईदगाहेऽभवद्युद्धं जियालकदरे तथा ॥१००४॥

१००४. अमात्य पद का आकांक्षी हो गया। इच्छापूर्ति न होने के कारण ईदगाह तथा जियालकदर में युद्ध हुआ।

मासद्वयमितं चक्रे युसुफ्शाहेन शासनम् ।
अब्दालवट इत्याख्यो विद्रोहं कृतवांस्ततः ॥१००५॥

१००५. यूसुफशाह ने केवल दो मास शासन किया था। तत्पश्चात् अब्दाल भट्ट ने विद्रोह कर दिया।

युसुफ्शाहो निजं मन्त्रिपदं तस्मै न दत्तवान् ।
तत्पदे कृतवानन्यं भट्टपूर्वं मुहम्मदम् ॥१००६॥

१००६. युसुफशाह ने उसे मन्त्री पद नहीं दिया। उस स्थान पर मुहम्मद भट को नियुक्त किया।

नृत्यगानाङ्गनासक्तिप्रसक्तिं शाह आचरत् ।
तद्विरुद्धं स अब्दालः काश्मीरान् धनिकान् दधौ ॥१००७॥

१००७. युसुफशाह नृत्य, गान एवं स्त्री में आसक्त हो गया। अब्दाल भट्ट ने धनी काश्मीरियों को उसके विरुद्ध कर दिया।

चिन्तितं मनसा तेन राज्यात् तस्यापसारणम् ।
मुबारकमसौ तत्र कर्तुमैच्छन्नृपासने ॥१००८॥

१००८. उसने शाह को राज्यच्युत कर, नृपासन पर मुबारक को आसीन करने की इच्छा की।

विद्रोहोऽभवदुल्लङ्घ्य सेतुमेष मुहम्मदः ।
रिपूनुद्दिश्य विक्रान्तं चकाराक्रमणं ततः ॥१००९॥

१००९. विद्रोह हुआ। सेतु (नवलकदल) पार कर, मुहम्मद ने शत्रुओं पर आक्रमण किया।

उभयोः पक्षयोस्तत्र सैनिकानां शतत्रयम् ।
निहतं केऽपि विभ्रष्टाः केऽपि शाहेन सङ्गताः ॥१०१०॥

१०१०. वहां दोनों पक्षों के तीन सौ सैनिक मारे गये। कुछ पलायित हो गये और कुछ शाह से मिल गये।

ताजीमलिक इत्याख्यो शाहायैतन्न्यवेदयत् ।
कोषमुद्घाट्य तद्द्रव्यं दत्त्वा पक्षे जनं कुरु ॥१०११॥

१०११. ताजी मलिक ने शाह से निवेदन किया—"खजाना खोल कर, उसका धन देकर, लोगों को अपने पक्ष में कर लीजिये।"

यं मुहम्मदखाँशूरं युद्धायासौ न्ययोजयत् ।
सर्वथाऽनुभवक्षीणः स आसीद् युवको यतः ।।१०१२।।

१०१२. शाह ने जिस वीर मुहम्मद खां को युद्ध के लिये नियुक्त किया था, वह युवक था अतः सर्वथा अनुभवहीन भी था।

प्रैषयत् सैन्यसहितमीदगाहं मुहम्मदम् ।
तत्र विद्रोहिणः सर्वे चैकत्रस्थास्तदाऽभवन् ।।१०१३।।

१०१३. मुहम्मद को सैन्य सहित ईदगाह प्रेषित किया। उस समय वहां सब विद्रोही एकत्रित हो रहे थे।

प्रतस्थे च स्वयं राजा जियालकदरं प्रति ।
समुद्भूतं विरोधं तं शीघ्रं शमयितुं बलात् ।।१०१४।।

१०१४. समुत्पन्न, उस विरोध को बल पूर्वक शीघ्र शान्त करने के लिये, राजा ने स्वयं जियालकदर की ओर प्रस्थान किया।

विरोधं कर्त्तुमैच्छन्नो शाहस्यासौ मुबारकः ।
सन्धि कारयितुं तत्र खलीलाख्येन चेष्टितम् ।।१०१५।।

१०१५. पहले मुबारक खां ने शाह का विरोध करने की इच्छा नहीं की, अपितु बाबा खलील द्वारा दोनों में सन्धि कराने का प्रयास किया।

विद्रोहिभ्यः क्षमाकार्या मुबारकमतं यतः ।
न स्वीचक्रे ततस्तेन तेषां पक्षः प्रसाधितः ।।१०१६।।

१०१६. "विद्रोहियों को क्षमा कर दिया जाय" मुबारक का यह परामर्श उसने स्वीकार नहीं किया। अतएव मुबारक ने विरोधियों का पक्ष ग्रहण कर लिया।

हसनासवदम्मुल्लामलीशाहस्य शिक्षकम् ।
मुबारकान्तिकं शाहः प्रैषयत् सादरं ततः ।।१०१७।।

१०१७. शाह ने अलीशाह के शिक्षक मुल्लाहसन असवद को सादर मुबारक के पास प्रेषित किया।

मुबारकोऽप्यसौ शाहं क्षमां कुर्वन् व्यजिज्ञपत् ।
अविलम्बं स सन्त्यज्य काश्मीरं गच्छतादितः ।।१०१८।।

१०१८. "उस मुबारक ने भी शाह को क्षमा का परामर्श दिया और कहा 'वह अविलम्ब काश्मीर त्याग कर वह यहां से चला जाय।'

शान्तिसंस्थापनान्ते च तदाह्वानं पुनर्भवेत् ।
पराजयं चानुभवन् थानां शाहो ययौ ततः ।।१०१९।।

१०१९. "शान्ति स्थापित होने पर पुनः उसे बुलाया जायेगा।" पराजय का अनुभव करते हुये शाह वहां से थाना चला गया।

सार्धमासद्वयं तेन कृतं राज्यन्तु केवलम् ।
स्वेन दुष्कर्मणा तेन सर्वस्वमपहारितम् ।।१०२०।।

१०२०. उसने केवल ढाई मास शासन किया। वह अपने ही दुष्कर्म से सर्वस्व खो बैठा।

आसीद् मुबारकोशाहः वहक्यन्वयसैय्यदः ।
वेदवस्वब्धिचन्द्राब्दे तदा काश्मीरवासिभिः ।।१०२१।।

मुबारक शाह : १५७९ वर्ष ई०

१९२१. मुबारक शाह बैहकी वंशीय सैय्यद था। सन् १८८४ ई० वर्ष में काश्मीरियों द्वारा–

भूत्वा पराजितः क्षीणोऽभवत् स सैय्यदान्वयः ।
अलीशाहस्य मन्त्रित्वे महत्वं स पुनर्ययौ ।।१०२२।।

१०२२. पराजित होकर, सैय्यदवंश महत्वहीन हो गया था। मुबारकशाहके अलीशाह का मंत्री बनने पर पुनः महत्व प्राप्त कर लिया।

अब्दालशाहयोर्युद्धे शाहपक्षी बभूव सः ।
अब्दालमरणान्तेऽसौ शक्तिमान् समजायत ।।१०२३।।

१०२३. युसुफशाह एवं अब्दाल के युद्ध में उसने शाह का पक्ष ग्रहण किया था। अब्दाल के मृत्यु के पश्चात् वह शक्तिशाली हो गया।

किरीटच्छत्रयोः सर्वं रत्नजातं मुबारकः ।
विक्रीय तच्च साधुभ्यो निर्धनेभ्यश्च दत्तवान् ।।१०२४।।

१०२४. मुबारक ने किरीट (मुकुट) एवं छत्र के रत्नों को वेचकर, उसे गरीबों एवं फकीरों (साधुओं) को प्रदान कर दिया।

चिन्तयन्ति स्म काश्मीरसामन्तास्तं मुबारकम् ।
काष्ठपुत्रोपमं कर्त्तुं किन्तु नैतदजायत ।।१०२५।।

१०२५. काश्मीर के सामन्त मुबारक को कठपुतली बनाकर, रखना चाहते थे, किन्तु ऐसा नहीं हुआ।

न्यायसत्याश्रयात् पक्षपातहीनं च शासनम् ।
सम्यगालम्ब्य सन्नीतिं चकारासौ मुबारकः ।।१०२६।।

१०२६. मुबारक ने न्याय एवं सत्य का आश्रय लेकर तथा उत्तम नीति अपनाकर, पक्षपात विहीन शासन किया।

लोलुपा राजपदवीं प्रत्यासक्ताश्च दुर्जनाः ।
स्वीचक्रुस्तस्य नो नीतिं स्वार्थमात्राभिलाषिणः ।।१०२७।।

१०२७. राजपदवी के प्रति आसक्ति रखने वाले, केवल स्वार्थाभिलाषी, लोलुप दुर्जनों ने उसकी नीति को पसन्द नहीं किया।

उपेत्य युसुफो बारबलं प्रस्तावमेकलम् ।
सन्धेः सम्प्रेषयमास दाउदाख्येन सत्वरम् ॥१०२८॥

१०२८. बारबल[1] पहुंचकर यूसुफ ने दाऊद (मीर) द्वारा सन्धि का एक प्रस्ताव प्रेषित किया ।

तद्द्वारा तेन याकूबं चेब्राहीमं सुतद्वयम् ।
प्रेषितं तस्य सामीप्यं लोभात् सम्प्राप्तुमिच्छता ॥१०२९॥

१०२९. लोभ वश उसका सामीप्य प्राप्त करने की अभिलाषा कर, उसने याकूब तथा इब्राहीम दो पुत्रों को भी उसके साथ भेजा ।

वृत्तमेतत् समाकर्ण्य ह्यब्दालो युसुफं प्रति ।
गुप्तमेकं च सन्देशं सम्प्रेष्यैतदसूचयत् ॥१०३०॥

१०३०. यह समाचार सुनकर, अब्दाल ने युसुफ के पास एक गुप्त सन्देश भेज कर, यह सूचित किया कि—

मुबारकस्य विश्वासो विधेयो न कदाचन ।
चकाः काले समायाते करिष्यन्ति सहायताम् ॥१०३१॥

१०३१. "मुबारक का कभी विश्वास नहीं करना चाहिए । समय आने पर चक सहायता करेंगे ।"

अब्दालवटनिर्देशात् सन्धिवार्तां मुबारकः ।
त्रोटयामास तन्मध्ये किञ्चिदन्यदसाधयत् ॥१०३२॥

१०३२. मुबारक ने अब्दाल के निर्देशानुसार उन दोनों के मध्य सन्धि वार्ता भङ्ग कर, कुछ और ही कार्य साध लिया ।

अब्दालो राज्यतो भ्रष्टं कर्त्तुमैच्छन् मुबारकम् ।
भेदोऽपि कारितस्तेन कश्मीरस्य दलद्वये ॥१०३३॥

१०३३. अब्दाल मुबारक को राज्यच्युत करना चाहता था । उसने काश्मीर के दोनों दलों में भेद उत्पन्न करा दिया ।

मुबारकमसौ स्वेनच्छलेन पर्यवञ्चयत् ।
उवाचैतदलीखानपुत्रो नौरुजनामकः ॥१०३४॥

१०३४. उसने मुबारक को अपने छल का पात्र बना दिया । उससे इस प्रकार कहा—अलीखान के पुत्र नौरुज चक ने—

स एव युसुफं चात्र कश्मीरागमनाय च ।
आमन्त्रयदिति प्रायोवादगर्भं वचोऽभ्यधात् ॥१०३५॥

१०३५. युसुफ को काश्मीर मण्डल में आने का निमन्त्रण दिया है ।'

१. बारबल : तोष मैदान में एक नगर है ।

जीवनं रक्षितुं स्वीयमविलम्बं मुबारकः ।
तमेनं बन्धगं कुर्यात्तथा तेनापि निश्चितम् ॥१०३६॥

१०३६. मुबारक अपनी जीवन रक्षा के लिये उसे अविलम्ब बन्दी बना ले । उसने भी वैसा निश्चित कर लिया ।

अलीचक्रमदोषं तं बन्धगं सोऽप्यकारयत् ।
तद्विरुद्धं ततस्तेन चकवीराः प्रचोदिताः ॥१०३७॥

१०३७. मुबारक ने भी निर्दोष अली चक को वन्दी बना लिया । तदनन्तर उसने मुबारक के इस कार्य के विरुद्ध चक वीरों को उद्बुद्ध (उभाड़ दिया) कर दिया ।

चकाश्च युसुफं शाहं कश्मीरं शीघ्रमेव च ।
समायातुं च सन्देशं दर्दुर्विद्रोहकांक्षिणः ॥१०३८॥

१०३८ विद्रोहाकांक्षी चकों ने युसुफशाह को शीघ्र कश्मीर आने के लिये सन्देश प्रेषित किया ।

विरोद्धुमुद्यताः सर्वे रुग्ण आसीन्मुबारकः ।
एकस्मिन् दिवसे स्वैरमीदगाहं जगाम सः ॥१०३९॥

१०३९. सभी चक विद्रोह हेतु उद्यत हो गये । मुबारक बीमार था । एक दिन वह ईदगाह गया ।

द्वन्द्वयुद्धाय सोऽब्दालमाह्वयत् समराङ्गणे ।
दुर्बलत्वान्न सज्जोऽभूत् कूटनीतिं समाश्रयत् ॥१०४०॥

१०४०. उसने अब्दाल को द्वन्द्वयुद्ध के लिये चुनौती दी । दुर्बल होने के कारण वह तैयार नहीं हुआ और कपट नीति का आश्रय ग्रहण किया ।

खलीलमाध्यमेनैतद् अब्दालः सन्दिदेश तम् ।
अलीखाँ बन्धगस्तस्माच्चकास्ते कुपिताः किल ॥१०४१॥

१०४१. अब्दाल ने बाबा खलील द्वारा उसे संदेश दिया कि अलीखान के बन्दी बनाये जाने के कारण चक बहुत क्रुद्ध हैं ।

अन्यथा ते समे शाहसमर्थनपरायणाः ।
सन्धिमिच्छन्ति तेनैते त्यक्तवैरा विशेषतः ॥१०४२॥

१०४२. अन्यथा वे सब शाह के समर्थक हैं और बैर-भाव त्यागकर, सन्धि हेतु इच्छुक हैं ।

खानकाहं खलीलस्य समागच्छेन्मुबारकः ।
तत्रैव सन्धिवार्तार्थं चकाश्चापि समुद्यताः ॥१०४३॥

१०४३. मुबारक खलील के खानकाह पर आ जाय, वहीं पर चक भी सन्धिवार्ता के लिये उद्यत रहेंगे ।

विमोच्य तमलीखानं खानकाहं मुबारकः ।
ययौ सन्धि विधातुं च चकैः साकं स सत्वरम् ।।१०४४।।

१०४४. मुबारक भी उस अलीखान को मुक्तकर, चकों के साथ सन्धि करने के लिये खान-खाह पहुँचा ।

भूरिसंख्याश्चकास्तत्र पूर्वतः समुपस्थिताः ।
बलात् सिंहासनं त्यक्तुं मुबारकमचोदयन् ।।१०४५।।

१०४५. वहाँ पर पहले से ही अधिक संख्या में चक उपस्थित थे । उन लोगों ने मुबारक शाह को बलात् सिंहासन त्याग करने के लिये, बाध्य कर दिया ।

लोहर्चकस्य तनयं शङ्करञ्च नृपासने ।
मन्त्रिस्थाने तमब्दालभट्टमेते न्ययोजन् ।।१०४६।।

शंकर :

१०४६. उन लोगों ने लोहरचक के पुत्र शंकर को सिंहासन पर, तथा अब्दालभट्ट को मंत्रिपद पर नियुक्त कर दिया ।

सपादमासपर्यन्तं राज्यं कृत्वा मुबारकः ।
ततोराज्यच्युतोजातः नयज्ञैः परिवञ्चितः ।।१०४७।।

१०४७. नीतिज्ञों द्वारा प्रतारित, मुबारकशाह केवल सवा महीना[1] राज्य कर, राज्यच्युत हो गया ।

चन्द्राङ्कबाणचन्द्राब्दे वर्षे मुगलशासने ।
पञ्चाब्दमात्रे पञ्चत्वं कश्मीरे समवाप सः ।।१०४८।।

१०४८ मुगल शासन कश्मीर में पाँच वर्ष पूर्ण होने पर, ई० वर्ष १५९१ में वह दिवंगत हो गया ।

मन्त्रीभूत्वा स चाब्दालः स्थितिं स्वां बन्धुमिच्छया ।
बन्धगं कृतवान् शीघ्रं सपुत्रं तमलीचकं ।।१०४९।।

१०४९. मंत्री होने पर, अब्दाल ने अपनी स्थिति सुदृढ़ करने की इच्छा से शीघ्र ही पुत्र सहित अलीचक को बन्दी बना लिया ।

युसुफं शाहमुद्दिश्य सन्देशं प्रैषयत् ततः ।
न च चागच्छेत् स काश्मीरमित्येवं गूढभावतः ।।१०५०।।

१०५० उसने युसुफशाह के पास यह सन्देश प्रेषित किया-- 'वह कश्मीर न आये ।'

यदष्टादशवर्षाणां पश्चाद्धस्तगतं कृतम् ।
शासनं तदहो सुन्निसम्प्रदायावलम्बिनाम् ।।१०५१।।

१०५१. अट्ठारह वर्ष पश्चात् जो शासन सुन्नियों को हस्तगत हुआ, दुःख है !

---

१. एक मत से ढाई मास दूसरे मत से ६ मास १ दिन राज्य किया था ।

निष्क्रियत्वादभाग्याच्च तदेतच्छासनं पुनः ।
शियामार्गधियां पार्श्वे गतं तत्कूटपाटवात् ॥१०५२॥

१०५२. वह शासन उनके दुर्भाग्य एवं निष्क्रियता के कारण शियामार्गानुयायियों के पास चला गया । इसमें उनका कूटनीतिक चातुर्य हेतु बना ।

काश्मीरधनिकानां च कौटिल्यात् खिन्नमानसः ।
गन्तुमैच्छत् युसुफ्शाहः सम्राडकबरान्तिके ॥१०५३॥

१०५३. कश्मीरी अमीरों की कुटिलता से खिन्न, युसुफशाह ने सम्राट् अकबर के पास जाने का विचार किया ।

सुपियानसमीपस्थं ग्रामं काकपुरं गतः ।
युसुफः श्रुतवाँस्तत्र वृत्तमेतद् विगर्हितम् ॥१०५४॥

१०५४. सूपियान-समीपस्थ काकपुर (उत्पलपुर) ग्राम जाने पर, युसुफ ने यह निन्द्य वृत्तान्त सुना—

कश्मीरवासिनः सर्वे तस्य गूढविरोधिनः ।
लोहरं शासनारूढं कर्त्तुमिच्छन्ति तत्पदे ॥१०५५॥

१०५५. 'सब कश्मीर निवासी गुप्तरूप से उसके विरोधी हैं और उसके स्थान पर लोहर को शासनारूढ़ करना चाहते हैं' ।

ततोऽसौ जाहिलं प्राप्य समित्रो युसुफः पुनः ।
जम्मूमभिगतो युसुफ् लाहौरीपार्श्वमागतः ॥१०५६॥

१०५६. तदनन्तर युसुफ वहाँ से जाहिल (धेल) पहुँचा । पुनः मित्रों के साथ वह जम्मू होकर, युसुफ खां लाहौरी के पास पहुचा ।

युसुफो मानसिंहेन स फतेहपुरे समम् ।
साक्षाच्चकाराकबरं काश्मीरं प्रैषयत् सुतम् ॥१०५७॥

१०५७. युसुफशाह ने फतेहपुर (सींकरी) में मानसिंह के साथ अकबर का साक्षात्कार किया और अपने पुत्र याकूब को कश्मीर प्रेषित कर दिया ।

लोहरश्चकवंशीयशाहाब्दालस्य बन्धुजः ।
कृषेः समृद्धिरधिका बभूवास्य च शासने ॥१०५८॥

लोहरशाह ई० वर्ष १५७९-१५८० :

१०५८. लोहरचक चकवंशीय शाह अब्दाल चक का भ्रातृ-पुत्र (भतीजा) था । उसके शासन में कृषि की अधिक उन्नति हुई थी ।

सभयोपद्रवं चक्रुः सिंहा ग्रामेषु सर्वतः ।
ग्रामीणा नैकशः सिंहग्रासीभूतास्तदाऽभवन् ॥१०५९॥

१०५९. उस समय सर्वत्र गांवों में सिंहों का भयंकर उपद्रव हुआ । बहुत ग्रामीण उनके ग्रास बन गये ।

शाली च सुलभा जाता खरबारं च तादृशम् ।

बृहती रोटिका लभ्या कपर्दीमात्रमूल्यतः ॥१०६०॥

१०६०. शाली (धान) सुलभ हो गयी । खरबार[1] बराबर अन्न अल्पमूल्य में प्राप्त होने लगा । एक कौड़ी में बड़ी रोटी (पांच पाव की) प्राप्त होने लगी ।

रत्नाश्वबाणचन्द्राङ्के वत्सरे सैय्यिदो ह्यली ।

कश्मीरतारिखासंज्ञमैतिह्यं प्रणिनाय सः ॥१०६१॥

१०६१. ई० वर्ष १५७९ में सैय्यिद अली ने 'तारीखे कश्मीर' नामक इतिहास ग्रन्थ लिखा ।

व्योमवस्वेषुचन्द्राब्दे चोवंगश्च नमग्यलः ।

प्राचीनराजवंशीयः स चासीत् तिब्बतस्य च ॥१०६२॥

१०६२. ई० वर्ष १५८० में तिब्बत का प्राचीन राजवंशीय चोवंग नमग्यल—

निष्कासितोऽभवत् ल्हासास्थानात् लद्दाखमेत्य च ।

नीतिनैपुण्यतो नैजं राज्यं सोऽस्थापयत्ततः ॥१०६३॥

१०६३. ल्हासा से निष्कासित होकर, लद्दाख आया । उसने नीतिनिपुणता से अपना राज्य स्थापित कर लिया ।

चंगमरंगीपुरंगगुंजेलोयंगलुंगती ।

शिगारल्होजुमलंगमितं खनकरान्तगम् ॥१०६४॥

१०६४. चंगमरंगी, पुरंग, गुंजे, लोयंग, लुंगती, शिगार, ल्होजुमलंग एवं खनकर पर्यन्त—

स्वबुद्धिबलवैशद्यात् परिस्थितिवशादपि ।

कालान्तरे स राज्यस्य विस्तरं कृतवान् स्वतः ॥१०६५॥

१०६५. उसने अपने राज्य का विस्तार कर लिया । इसमें उसका बुद्धिबल तथा परिस्थिति सहायक हुई ।

पश्चादाक्रमणं कर्त्तुं यारकन्दे व्यचिन्तयत् ।

नुवरामार्गमाश्रित्य ततस्तत्सुलभं यतः ॥१०६६॥

१०६६. तदनन्तर उसने नुवरा[2] मार्ग से यारकन्द पर आक्रमण करने का विचार किया, क्योंकि वहां से वह सुलभ था ।

श्रुत्वैतन्नुवरादेशसामन्ताः स्वात्मनोऽर्पणम् ।

चोवंगपार्श्वमागत्य कृतवन्त इमे समे ॥१०६७॥

१०६७. यह सुनकर नुवरा के सब सामन्त चोवंग के पास आकर आत्मसमर्पण कर दिये ।

---

१. खरबार : १७७ पौण्ड तौल में होता है ।

२. नुबरा : लद्दाख का एक प्रदेश है । यह नुवरा नदी की उपत्यका में आबाद है । नुबरा नदी शयोक नदी में मिलती है ।

कुकीस्थभूमिपेष्वेकशतं तिल्यासमूल्यकम् ।
करं चारोप्य सन्दातुं यथाफलं समादिशत् ॥१०६८॥

१०६८. उसने कुकीवाला के जमीन्दारों पर एक सौ तिल्लासे कर लगाकर, उसे देने का आदेश दिया ।

सडीकभूस्वामिषु च सप्तोत्तरशतद्वयम् ।
तिल्लासमूल्यकं दातुं करं चारोप्य सोऽदिशत् ॥१०६९॥

१०६९. सडोक (सयोक ?) के भूस्वामियों पर दो सौ सात तिल्लास कर आरोपित किया ।

शून्याष्टबाणचन्द्राब्दे श्रुत्वा युसुफभाषितम् ।
सम्राडकबरो मानसिंहं रिज्वीसमान्वितम् ॥१०७०॥

१०७०. ई० वर्ष १५८० (२ जनवरी) में युसुफशाह की बात सुनकर, सम्राट अकबर ने मानसिंह[२] एवं—

युफखानं तथादिश्य कश्मीरस्य नृपासने ।
तमेनं पुनरारूढं कर्त्तुमित्यनुशासनात् ॥१०७१॥

१०७१ युसुफखान रिजवी को कश्मीर के सिंहासन पर उसे (युसुफशाह को) पुनः आरूढ करने के लिये आदेश दिया ।

लाहौरमागतं शाहम् युसुफं श्रुतवान् यदा ।
तदाऽऽगत्यामिलत्तेन स वै भट्टो मुहम्मदः ॥१०७२॥

१०७२. युसुफशाह को लाहौर आया सुनकर, मुहम्मदभट आकर, उससे मिला ।

चिन्तयामासतुश्चैवमुभौ तौ तत्र संगतौ ।
स्वयं चाकबरो राज्यं काश्मीरस्याप्तुमिच्छति ॥१०७३॥

१०७३. वहां दोनों मिलकर यह विचार किये—"अकबर स्वयं कश्मीर का राज्य प्राप्त करना चाहता है ।"

मुगलव्यवहारेण खिन्नोऽभूद् युसुफो भृशम् ।
तदानीं किन्नुकर्त्तव्यं स आसीत् चिन्तयाकुलः ॥१०७४॥

१०७४. मुगलों के व्यवहार से खिन्न युसुफशाह, उस समय इस चिन्ता में व्याकुल हो गया कि अब उसे क्या करना चाहिए ?

---

१. १ तिल्लास = ६ स्वर्णमुद्रा ।

२. मानसिंह = अकबर सम्राट का साला तथा जयपुर के राजा भगवानदास का पुत्र था । सन् १५८७ ई० में काबुल का राज्यपाल नियुक्त हुआ था । तत्पश्चात् बिहार का राज्यपाल नियुक्त किया गया ।

सैनिकाभिगमो भूयः काश्मीरे परितो भवेत् ।
नैवात्र मानसिंहस्तु स्वल्पां स्वीयां रुचिं दधौ ॥१०७५॥

१०७५. कश्मीर पर पुनः सैनिक अभियान हो—इस विषय में मानसिंह ने थोड़ी भी रुचि नहीं दिखाई ।

साहाय्यं कर्त्तुमेतस्य सामन्ताः पणमादधुः ।
मुगलानां च साहाय्यं विना शाहो यदि स्वयम् ॥१०७६॥

१०७६. कश्मीर के सामन्त इसकी सहायता करने के लिये शर्त रखे "यदि युसुफ शाह स्वयं विना मुगलों की सहायता प्राप्त किये—

काश्मीरं प्रविशेदत्र समन्तात् केवलात्मना ।
बादशाहस्वरूपेण मंस्यन्ते ते तदैव तम् ॥१०७७॥

१०७७. 'कश्मीर में प्रवेश करे तो वे उसे बादशाह मान लेंगे" ।

शाहो मुगलसैन्यानां साहाय्यं लब्धुमत्यजत् ।
लाहौरवाणिजां द्रव्यैः साहाय्यबलतो व्यधात् ॥
युसुफोऽष्टशतीं नूत्नां सैनिकानां स्वपक्षिणाम् ॥१०७८॥

१०७८. युसुफ शाह ने मुगल सैनिक सहायता प्राप्त करने का विचार त्याग दिया। उसने लाहौर के वणिकों के द्रव्य बल से अपने नये आठ सौ सैनिक तैयार कर लिये ।

कश्मीरस्थितिविज्ञानं कर्त्तुमित्थं छलादसौ ।
निष्क्रम्य शिविरादेषां मुगलानां च गूढतः ॥१०७९॥

१०७९. कश्मीर की स्थिति जानने के ब्याज से वह मुगलों के शिविर से निकल कर—

एकवर्षामितं लूलपुरे कश्मीरतो बहिः ।
निवासानन्तरं सोऽयं काश्मीरं पुनरागतः ॥१०८०॥

१०८०. एक वर्ष कश्मीर से बाहर रहने के पश्चात् पुनः कश्मीर में वहलूलपुर पहुँचा ।

सहस्रत्रयसंख्याकं सैन्यसंघटनं कृतम् ।
ससैन्यं च ततस्तेन गतं भीमवरं प्रति ॥१०८१॥

१०८१. उसने तीन हजार सैनिकों का संघटन किया । तदनन्तर सैनिकों सहित भीमवर की ओर प्रस्थान किया ।

युसुफश्च पराजित्य दरं नौशहरा स्थले ।
चचालाग्रे ततो वीरो हर्षनिर्भरमानसः ॥१०८२॥

१०८२. नौ शहरा में युसुफ दर को पराजित कर, प्रसन्न मन, वीर युसुफ वहां से अग्रसर हुआ ।

स्वीचकार तदाधीन्यं राजारायबहादुरः ।
स तं सेनापतिं कृत्वा थानां प्रत्याययौ ततः ॥१०८३॥

१०८३. (राजपुरी के) राजा रायबहादुर ने उसकी अधीनता स्वीकार कर ली। वह उसे सेनापति बना कर वहां से आगे बढ़ा।

युद्धार्थं लोहरो शाहो हुसेनाब्दालभट्टकौ ।
प्रेषयामास संरोद्धुं तमेनं समराङ्गणे ॥१०८४॥

१०८४. लोहर शाह ने हुसेन शाह तथा अब्दाल भट्ट को उससे (युसुफ शाह से) युद्ध करने तथा युद्ध भूमि में उसे वन्दी वनाने के लिये प्रेषित किया।

सिदाऊग्राममायातं नाजुकं भट्टमुन्मदम् ।
गृहीत्वा युसुफः खाँ तं युसुफाय समर्पयत् ॥१०८५॥

१०८५. युसुफ खां ने सिदाऊ ग्राम पहुँचने पर, नाजुक वट को पकड़ कर युसुफ शाह को समर्पित कर दिया।

स्वयं तत्सेवकः सोऽभूत् लोहरस्य चमूस्तदा ।
क्षीणत्वात् सर्वतः सर्वा ततो भूयः पलायिता ॥१०८६॥

१०८६. वह स्वयं उसका सेवक हो गया। उस समय लोहर की सम्पूर्ण सेना क्षीण बल होकर, पलायित हो गयी।

थानामेत्य मलिक-शंषौ युसुफेन च संगतौ ।
स्थितो हीरपुरे सोऽभूत् सेनया सह लोहरः ॥१०८७॥

१०८७. मलिकहसन तथा शंष (सम्स) दुनी थाना[२] जाकर, युसुफ से मिल गये। लोहर सेना सहित हीरपुर में स्थित हो गया।

तत्र संचिन्तयामास लोहरो मनसा स्वयम् ।
अनेनैव पथा शाहः प्रवेशं संविधास्यति ॥१०८८॥

१०८८. वहां लोहर ने मन में सोचा—'युसुफ शाह इसी मार्ग से प्रवेश करेगा।'

ससैन्यं युसुफः शाहः समन्तात् परिरक्षितः ।
तोषक्षेत्राध्वना सोऽयं काश्मीरं प्राविशत्ततः ॥१०८९॥

१०८९. पूर्ण सुरक्षित सेना सहित युसुफ शाह तोष मैदान के मार्ग से कश्मीर में सुरक्षित प्रविष्ट हो गया।

पुनश्चीरहरे चैवं सोपुरे युसुफोऽजयत् ।
सैन्यं तल्लोहरस्यायं विशालबलविक्रमः ॥१०९०॥

१०९०. बली युसुफ ने पुनः चीरहर[३] तथा सोपुर में लोहर की सेना को जीत लिया।

---

१. सिदाऊ : बुदिल या सिदाऊ दर्रा की चढ़ाई के पादमूल में है।

२. थाना : राजौरी से १४ मील दूर काश्मीर की तरफ तोही नदी के तट पर है। थाना से १ मील उत्तर सड़क पूछ की निकल जाती है।

३. चीरहर : पूछ दर्रा का मार्ग काश्मीर इतिहासज्ञो द्वारा वर्णित अबुल फजल के अनुसार है चीरहर है।

भङ्क्त्वा सेतुं ततश्चायं सोपुरस्य समीपतः ।
क्षेत्राण्याधिचकारासौ जयश्रीपरिवेष्टितः ॥१०९१॥

१०९१. तदनन्तर विजयी युसुफ ने सोपुर का सेतु भङ्ग कर, निकटवर्ती क्षेत्रों को अधिकृत कर लिया ।

अब्दालमन्त्रणातश्च लोहरोऽलीचकं ततः ।
कारातो मुक्तवान् भूयः किंचिदाकर्तुमिच्छुकः ॥१०९२॥

१०९२. लोहर ने अब्दाल के परामर्श से अली चक को कारागार से मुक्त कर दिया तथा पुनः कुछ करने की इच्छा से—

तथाश्रीनगरं हीरपुरात् हैदरमाह्वयत् ।
सर्वतः सैन्यमाचित्य सोपुरं प्रस्थितोऽभवत् ॥१०९३॥

१०९३. हैदर चक को हीरपुर से श्रीनगर बुला लिया । इस प्रकार उसने सब ओर से सैन्य संग्रह कर सोपुर[1] की ओर प्रस्थान किया ।

सेतुभङ्गान्नदीं तर्तुं नौकया स ह्यचिन्तयत् ।
प्रत्यूहव्यूहविभ्रान्तोऽप्यसौ नोत्साहमत्यजत् ॥१०९४॥

१०९४. सेतु भङ्ग होने के कारण उसने नौका द्वारा नदी पार करने का विचार किया । विघ्न समूह से घिरा होने पर भी, वह उत्साह रहित नहीं हुआ ।

सहस्रद्वयसंख्याकैः सैनिकैः सह हैदरम् ।
खुयहोमाध्वना शत्रुं समाक्रान्तुं व्यसर्जयत् ॥१०९५॥

१०९५. दो हजार सैनिकों के साथ हैदर को खुयहोम[2] मार्ग से शत्रु पर आक्रमण करने के लिये भेजा ।

लोहरस्तु खलीलेन युसुफं समदेशयत् ।
खोपुरस्य च तद्राज्यं प्रदातुं दक्षिणस्थितम् ॥१०९६॥

१०९६. लोहर ने खलील द्वारा युसुफ को सन्देश दिया—"दक्षिण खोपुर[3] का राज्य उसे दे दिया जायेगा ।"

मलिकप्रेरणातश्च युसुफः सन्धिबन्धनम् ।
तिरस्कृत्य ततश्चायं वितस्तापारमाययौ ॥१०९७॥

१०९७. मलिक की प्रेरणा से युसुफ सन्धि को अमान्य कर वहां से वितस्ता पार आ गया ।

---

१. सोपुर : प्राचीन सुयपुर ।

२. खुयहोम : प्राचीन खुयाश्रम ।

३. दक्षिण खोबुर : प्राचीन वामप्रस्थ परगना बारहमूला के अधोभाग में झेलम नदी की दोनों तटीय उपत्यका है ।

सहस्रद्वयसंख्याकैः सैनिकैः सह सोऽप्यली ।

रोद्धुमैच्छद् रिपुं किन्तु स्वयं चान्ते पराजितः ।।१०९८।।

१०९८. अली भट्ट दो हजार सैनिकों के साथ शत्रु को रोकना चाहा, किन्तु अन्त में पराजित हो गया ।

ततः शाहचमूर्भट्टं तमब्दालं समाक्रमत् ।

घोरं युद्धं विधायासौ अब्दालोऽन्ते हतो रणे ।।१०९९।।

१०९९. तत्पश्चात् युसुफ शाह की सेना ने अब्दाल भट्ट पर आक्रमण कर दिया । अब्दाल घोर युद्ध कर, युद्ध में मारा गया ।

लोहरश्च पुनः किञ्चिच्चकार रणरोधनम् ।

भर्थने किन्तु भग्नः सन् यातः श्रीनगरं प्रति ।।११००।।

११००. लोहर ने पुनः भरथैना में मोर्चा बन्दी किया किन्तु पराजित होकर, श्रीनगर चला गया ।

शत्रून् सर्वान् विजित्यायं युसुफो विजयान्वितः ।

प्रविवेश विना विघ्नं सैष श्रीनगरं ततः ।।११०१।।

११०१. शत्रुओं को जीत कर, विजयी युसुफ विना विघ्न कश्मीर में प्रविष्ट हुआ ।

श्रुत्वा पराजयं तस्य लोहरस्य च हैदरः ।

चीरहराध्वनाऽन्यत्र ससेनः स पलायितः ।।११०२।।

११०२. लोहर का पराजय सुनकर, हैदर सेना सहित चीरहर मार्ग से अन्यत्र पलायित हो गया ।

एकमासाधिकैकाब्दकालमात्रावधिस्थिरं ।

राज्यं स कृतवानासीत् तत्रासौ शाहलोहरः ।।११०३।।

११०३. लोहर शाह ने केवल एक वर्ष एक मास पर्यन्त कश्मीर में राज्य किया था ।

ततः पञ्चदशाशीतिख्रीष्टाब्दे सार्धवर्षकम् ।

पश्चात् स युसुफः शाहः पुनर्भूपत्वमाप्तवान् ।।११०४।।

युसुफ शाह द्वितीय बार वर्ष १५८०–१५८६ :

११०४. तदनन्तर ई० वर्ष १५८० में एक वर्ष छः मास पश्चात् युसुफ शाह पुनः भूपति बना ।

सर्वाधिकारसम्पन्नोऽभवद् भट्टो मुहम्मदः ।

तेन चान्वेषणं चक्रे लोहरस्यानुयायिनाम् ।।११०५।।

११०५. मुहम्मद भट्ट सर्वाधिकार सम्पन्न हुआ । उसने लोहर के अनुयायीयों का अन्वेषण प्रारम्भ किया ।

---

१. भरथना : बड़गाम तहसील में श्रीनगर से साढ़े तीन मील उत्तर-पश्चिम है ।

लोहरः सोपुरे काजीमूसागारे धृतः स्थितः ।
लब्धोबारहमूलायां तस्य बन्धुर्मुहम्मदः ॥११०६॥

११०६. लोहर सोपुर में काजी मूसा के घर तथा उसका भाई मुहम्मद खां बारहमूला में पकड़ा गया ।

तथा श्रीनगराद्दूर्ध्वं किञ्चिदुत्तरपश्चिमे ।
गौरीमार्गे हुसेनश्च निरुद्धोऽभूत् स सैनिकैः ॥११०७॥

११०७. श्रीनगर के आगे उत्तर-पश्चिम गौरी मार्ग[1] पर हुसेन चक सैनिकों द्वारा बन्दी बनाया गया ।

अन्धीकृतास्त्रयः क्षिप्रावालीयुसुफखानकौ ।
कारायां हैदरः शंषो लद्दाखं च पलायितौ ॥११०८॥

११०८. तीनों अन्धे कर दिये गये । अली खां चक तथा युसुफ खां कारागार में डाल दिये गये । शंष चक तथा हैदर लद्दाख पलायित हो गये ।

नाविकानां करं मीरबहरीं जजियाकरम् ।
दूरीकृत्याऽभवद् राजा भूयोजनैः समर्थितः ॥११०९॥

११०९. राजा ने नाविको पर लगा, मीरबहरी एवं जाजिया कर दूर कर, बहुत लोगों का समर्थन प्राप्त कर लिया ।

सैय्यिद्मुबारकगृहं राजा स गतवांस्ततः ।
तत्पुत्राय निजां कन्यां ददौ साहाय्यवाञ्छया ॥१११०॥

१११०. राजा सैय्यिद मुबारक के घर गया तथा उसकी सहायता प्राप्त करने की इच्छा से अपनी कन्या का उसके पुत्र से विवाह कर दिया ।

कमराजस्थले शंषश्चको विद्रोहमाचरत् ।
उरशा-निकटे दुर्गे स्वाधिकारं चकार सः ॥११११॥

११११. शंषचक ने कामराज में विद्रोह किया तथा उरशा के निकटवर्ती फीरोज दुर्ग को अधिकृत कर लिया ।

तस्य सन्दमनं कर्त्तुं युसुफो लोहरं पुनः ।
मलिकं सैन्यसहितं प्रैषयत् कोरचीं तदा ॥१११२॥

१११२. युसुफ ने उसका दमन करने के लिये लोहर मलिक कोरची को सेना सहित भेजा ।

१. गौरी मार्ग : गुलमर्ग—श्रीनगर मार्ग पर एक ग्राम श्रीनगर से ११ मील दूर उत्तर-पश्चिम है ।

ततः शंषचकश्चक्रे भिया चात्मसमर्पणम् ।
निधाय बन्धे कारायां पातितोऽन्धीकृतस्ततः ।।१११३।।

१११३. शंषचक ने भयवश आत्मसमर्पण कर दिया। वह कारागार में रखा गया। तत्पश्चात् अन्धा कर दिया गया।

युसुफ्चकस्य पुत्रोऽलीचकश्च प्रपलाय्य सः ।
हैदर्चकेन साकं स लाहौरे मिलितोऽभवत् ।।१११४।।

१११४. युसुफचक का पुत्र अलीचक पलायित होकर, लाहौर में हैदर चक से मिल गया।

कारामुक्तश्च युसुफो लारे विद्रोहमाचरत् ।
तदा लद्दाख-राजाऽऽसीत् जम्यंगलनमग्यलः ।।१११५।।

१११५. कारागार से मुक्त होकर, युसुफ ने लार (लहर) में विद्रोह किया। उस समय लद्दाख में जमयंग नमगल (सन् १५६०-१७९० ई०) राजा था।

चतुःसहस्रसंख्याकानश्वानादाय तन्मतान् ।
विद्रोहं कर्त्तुमुद्युक्ता बभूवुश्च बलान्विताः ।।१११६।।

१११६. बली विद्रोही उससे चार हजार अश्व लेकर, विद्रोह करने के लिये उद्यत हो गये।

प्रायः पञ्चदशाशीति ख्रीष्टाब्दे पुस्तकं निजम् ।
काश्मीरोदन्तकं मुल्लाहुसेनः प्रणिनाय तत् ।।१११७।।

१११७. सम्भवतः ई० वर्ष १५८० में मुल्लाहुसेन ने इतिहास ग्रन्थ 'तारीखे कश्मीर' लिखा।

चन्द्रवस्वेषुचन्द्राब्दे युसुफः प्रैषयत्पुनः ।
सेनामेकां च सन्नद्धां योद्धुं विद्रोहिभिः सह ।।१११८।।

१११८. युसुफ ने १५८१ ई० वर्ष में विद्रोहियों से युद्ध करने के लिये पुनः एक सुसज्जित सेना प्रेषित की।

ऐकमत्यं न तेष्वासीत् विस्फोटोऽजनि सर्वतः ।
पुनर्लद्दाखसेनाऽसौ प्रत्यावृत्ता ततोऽभवत् ।।१११९।।

१११९. विद्रोही एकमत नहीं थे। उनमें फूट हो गयी। लद्दाखी सेना वहां से लौट आयी।

ययौ श्रीनगरं भीत्या हबीबो गोपिताकृतिः ।
हैदरः किस्तवारं च जगाम निभृतात्मना ।।११२०।।

११२०. हबीबचक गुप्तरूप से श्री नगर तथा हैदर चक किस्तवार चले गये।

सीनावारस्थले ग्रामे हबीबो युसुफस्तथा ।
स्वानुजेन समं व्रिगविषये तौ निरोधितौ ॥११२१॥

११२१. हबीब सोनावार[1] ग्राम में तथा युसुफ अपने भाई के साथ व्रिग विषय में पकड़े गये ।

हबीबोऽन्धीकृतोऽक्षिभ्यां यूसुफोऽस्यानुजास्तथा ।
अङ्गभङ्गं तु सम्प्राप्य विकलाङ्गाश्च तेऽभवन् ॥११२२॥

११२२. हबीब अन्धा कर दिया गया । इसी प्रकार युसुफ खां तथा उसके भाइयों को अंग भंगकर, विकलांग कर दिया गया ।

कयाचिद् वार्तया क्रुद्धः शाहं प्रति मुहम्मदः ।
युसुफचकादिभिः साकं राजानं हन्तुमुद्यतः ॥११२३॥

११२३. किसी बात से युसुफशाह के प्रति क्रुद्ध मुह्म्मदभट्ट, युसुफचक आदि के साथ उसकी हत्या के लिये उद्यत हो गया ।

भेदोऽयं प्रकटीभूतस्ततस्तौ प्रपलायितौ ।
मुहम्मदो निबध्यान्ते कारागारे निपातितः ॥११२४॥

११२४. भेद प्रकट हो गया । तदनन्तर वे दोनों वहां से पलायित हो गये । मुह्म्मदभट्ट (प्रधान मंत्री) बन्दी बनाकर, कारागार में डाल दिया गया ।

तथा शंषचाकश्चैवं कारामुक्तः कथञ्चन ।
किस्तवारं समागत्य हैदरेण सहामिलत् ॥११२५॥

११२५. किसी प्रकार कारागार से मुक्त शंषचक आकर, किस्तवार में हैदर से मिल गया ।

एकाशीत्युत्तरेपञ्चदशाब्दे काबुलादथ ।
परावर्तनकालेऽसौ सम्राडकबरो महान् ॥११२६॥

११२६. ई० वर्ष १५८१ में काबुल से लौटते समय सम्राट अकबर ने—

जलालाबादतो मिर्जा ताहिरं आकिलं तथा ।
प्रेषयामास काश्मीरं स्वदूतौ तावुभावपि ॥११२७॥

११२७. जलालाबाद[2] से मिर्जा ताहिर तथा शालेह आकिल को दूत बनाकर कश्मीर भेजा ।

स शाहो युसुफो गत्वा बारहमूलां प्रति स्वयम् ।
सत्कृत्याऽऽनीतवान् भूयस्तदेतद्दूतमण्डलम् ॥११२८॥

११२८. युसुफशाह स्वयं बारहमूला जाकर, सत्कारपूर्वक दूत मंडल को श्रीनगर ले आया ।

---

१. सोनावार : शंकराचार्य पर्वत के समीप है । २. जलालाबाद = नग्रहार ।

तथा श्रीनगरे राजप्रासादे चातिसुन्दरे ।
वासं सन्दत्तवांस्ताभ्यां सम्यक् सम्मानपूर्वकम् ॥११२९॥

११२९. वहां सुन्दर राज प्रासाद में उन्हें ससम्मान आवास दिया ।

सर्वथा सत्कृतौ दूतौ सम्प्राप्यावसरं ततः ।
सम्राडादेशतश्चैनं युसुफं प्रोचतुश्च तौ ॥११३०॥

११३०. सर्वथा सत्कृत, वे दोनों अवसर पाकर, सम्राट का आदेश युसुफ से बोले—

सम्राट्राजसभामध्ये राजकार्यानुबन्धिनी ।
न काचित् सूचना लब्धा ततस्तत्र स्वयं व्रज ॥११३१॥

११३१. "मुगलराज दरबार में राजकार्य सम्बन्धी कोई सूचना नहीं प्राप्त हुई, अतः तुम वहां स्वयं जाओ ।"

प्रोचुस्तं मन्त्रिणः सर्वे नीतिज्ञोऽकबरो महान् ।
प्रातुमिच्छति कश्मीरं दोषं कञ्चित्प्रदर्श्य सः ॥११३२॥

११३२. मंत्रियों ने उससे कहा—"अकबर महान् नीतिज्ञ है। वह कोई दोष दिखाकर, कश्मीर लेना चाहता है ।"

ततो राजसभामध्ये न गन्तव्यं कदाचन ।
सेनया सह योद्धव्यं प्रतिकर्तुं रणाङ्गणे ॥११३३॥

११३३. "अतएव राजसभा में कथमपि नहीं जाना चाहिए । युद्धभूमि में उसकी सेना का सामना करना उचित है ।"

तन्मन्त्राणामुपेक्ष्यासौ शाहः स युसुफस्ततः ।
शेषयाकूब-सालेह-मिर्जा ताहिर संयुतम् ॥११३४॥

११३४. मंत्रियों के परामर्श की उपेक्षाकर, युसुफशाह ने शेष (सेख) याकूब सरफी, सालेह आकिल तथा मिर्जा ताहिर के साथ—

तृतीयं हैदरं पुत्रं प्रचुरोपायनैः सह ।
प्रैषयत् स हि सन्धातुं सम्राडकबरान्तिकम् ॥११३५॥

११३५. अपने ज्येष्ठ पुत्र हैदर को, प्रचुर उपहार देकर, सन्धि के लिये सम्राट अकबर के पास भेजा ।

वर्षेऽस्मिन् श्रीगुरुरामदासः स्वर्गं गतोऽभवत् ।
उत्तराधिकृतिं तस्य प्राप्तवान् गुरुरर्जुनः ॥११३६॥

११३६. इसी वर्ष श्री गुरुरामदास का स्वर्गवास हो गया । श्रीगुरु अर्जनदेव को उनका उत्तराधिकार प्राप्त हुआ ।

स एव रचयामास तमादिग्रन्थमुत्तमम् ।
सिखानां सम्प्रदाये यः सर्वतोऽभूत् समादृतः ॥११३७॥

११३७. उन्होंने उस उत्तम आदि ग्रंथ की रचना की, जो सिक्ख सम्प्रदाय में सर्वत्र समादृत हुआ।

सरफी स कविः शेख ईशवीये ततो निजम् ।
द्वाविंशत्युत्तरेपञ्चदशाब्दे जन्म लब्धवान् ॥११३८॥

११३८. सेखयाकूब सरफी कवि ई० वर्ष १५२२ में उत्पन्न हुआ था।

गत्वा समरकन्दं स युवावस्थां गतः पुनः ।
तत्र नानाविधां शिक्षां विशेषेण गृहीतवान् ॥११३९॥

११३९. उसने युवावस्था में समरकन्द जाकर, विविध शिक्षा प्राप्त की थी।

आसीत् शेखखुरासानहुसैनीशिष्य एष वै ।
अरबेरानदेशयोः कृतं पर्यटनं बृहत् ॥११४०॥

११४०. वह सेख हुसैनी खुरासान का शिष्य था। उसने अरब तथा ईरान का विशेष पर्यटन किया था।

भारतेऽपि च काश्मीरे ह्यासन् तस्यानुयायिनः ।
आसीत् स लेखकश्चैकां लिलेख खमसामपि ॥११४१॥

११४१. भारत एवं कश्मीर में उसके अनुयायी थे। वह लेखक था। उसने एक खमसा लिखा था।

द्वितीयः प्रथितो जामीत्युच्यते बहुभिर्जनैः ।
तथासीत् स शियावर्गे विरोधीत्यपि विश्रुतम् ॥११४२॥

११४२. जिसे बहुत लोग द्वितीय जामी कहते हैं। यह प्रसिद्धि है कि वह शिया मत-विरोधी था।

सम्राडकबरं सोऽयं काश्मीरविजयाय च ।
प्रैरयद् विजयस्यान्ते काश्मीरं स समाययौ ॥११४३॥

११४३. उसने सम्राट अकबर को कश्मीर विजय के लिये प्रेरित किया था। विजयोपरान्त वह कश्मीर आया था।

बाणाङ्कबाणचन्द्राब्दे जुलाई पंचविंशके ।
दिवंगतः कविः स तु प्रसिद्धः साधुलेखकः ॥११४४॥

११४४. वह २५ जुलाई १५९५ ई० वर्ष में दिवंगत हुआ। वह प्रसिद्ध कवि, साधु तथा लेखक था।

द्व्यशीत्युत्तरके पञ्चदशाब्दे हैदरं चकम् ।
प्रेषिताश्च वशीकर्तुमलीशेरादयः पुनः ॥११४५॥

११४५. ई० वर्ष १५८२ में हैदर चक को वश में करने के लिये अलीशेर आदि प्रेषित किये गये।

काष्ठवाटमुपेतास्ते तस्य सन्धर्षणेच्छया ।
पराजितः कृतस्तत्र याकूबेन स हैदरः ॥११४६॥

११४६. वे उसका दमन करने की इच्छा से काष्टवाट (किस्तवार) पहुँचे वहां याकूब ने हैदर को पराजित कर दिया।

प्रपलाय्य स लाहौरे मानसिंहान्तिकं गतः ।
लघुराज्यं ददौ सोऽस्मै द्वयोः पत्तनयोस्ततः ॥११४७॥

११४७. वह पलायित होकर, मानसिंह के पास लाहौर गया। इसे भोमवर तथा नौशहर का राज्य दिया गया।

सत्कृतो मानसिंहेन सर्वथा हैदरश्चकः ।
तस्य सर्वविधो जातः साधको राज्यकर्मसु ॥११४८॥

११४८. मानसिंह द्वारा सम्मान प्राप्त कर, हैदर चक उसके राज्य कार्य में सब प्रकार से सहायक हो गया।

कुपितो मानसिंहोऽभूत् काश्मीरे युसुफो यतः ।
मुगलस्य च सेनायाः प्रयोगं नाकरोदसौ ॥११४९॥

११४९. मानसिंह युसुफ पर कुपित हो गया था, क्योंकि उसने कश्मीर में मुगल सेना का उपयोग नहीं किया था।

एतदर्थं तदेतस्मै कृतकार्यमनुस्मरन् ।
दण्डं कमपि सन्दातुं मानसिंहो व्यचारयत् ॥११५०॥

११५०. उसके इस कार्य को ध्यान में रखकर, मानसिंह ने उसे कोई दण्ड देने का विचार किया।

द्व्यशीत्युत्तरके पञ्चदशाब्दे दूतमण्डलम् ।
कश्मीरादाययौ नाऽभूत् सन्तुष्टोऽकबरस्ततः ॥११५१॥

११५१. ई० वर्ष १५८२ में दूत मण्डल कश्मीर से लौट आया। उससे अकबर सन्तुष्ट नहीं हुआ।

आदेशं दत्तवांस्तस्मै युसुफाय यतो हि सः ।
एत्य राजसभामत्र भवेत् स्वयमुपस्थितः ॥११५२॥

११५२. उसने युसुफ को आदेश दिया। वह स्वयं आकर, राज सभा में उपस्थित हो।

फतेहपुरसीकर्यां तदाऽकबरसन्निधौ ।
शेखयाकूबसंयुक्तो हैदरोऽभूदुपस्थितः ॥११५३॥

११५३. फतेहतुर सीकरी में शेख याकूब सरफी के साथ, हैदर खां अकबर के समक्ष उपस्थित हुआ ।

वत्सरेऽस्मिन् ततः सम्राड् द्वितीये वारके पुनः ।
सन्देशं दत्तवानस्मै युसुफाय तदान्तिमम् ॥११५४॥

११५४. इसी वर्ष सम्राट अकबर ने पुनः दूसरी बार युसुफ को अन्तिम सन्देश दिया—

आदेशाद्युसुफः शाहः स्वयं राजसभास्थले ।
आगच्छेदन्यथा सेना काश्मीरानभियास्यति ॥११५५॥

११५५. "आदेशानुसार, युसुफ शाह स्वयं राज सभा में उपस्थित हो, अन्यथा मुगल सेना कश्मीर पर आक्रमण करेगी"

सलेह आकिलः स्पष्टं सम्राजं प्रत्यवेदयत् ।
काश्मीरे बलवान् शाहः स्वातन्त्र्यं लब्धुमिच्छति ॥११५६॥

११५६. सलेह आकिल ने सम्राट से स्पष्ट कह दिया—"बली युसुफ शाह कश्मीर में स्वतन्त्र रहना चाहता है" ।

त्र्यशीत्युत्तरकेपञ्चदशाब्दे युसुफस्य च ।
प्रिया पत्नी प्रसिद्धा सा काव्यसंगीतपण्डिता ॥११५७॥

११५७. ई० वर्ष १५८३ में युसुफ की काव्य संगीत में प्रवीण प्रिय पत्नी ने—

वितस्तानामसरितो ह्युपर्येकं मनोरमम् ।
निर्मापितवती रम्यं सेतुं पाण्डुचकं दृढम् ॥११५८॥

११५८. वितस्ता पर, पाण्डुचक[1] नामक, एक सुन्दर एवं दृढ़ सेतु का निर्माण कराया ।

हब्बाऽसौ कृषकस्यासीन्निर्धनस्य किलात्मजा ।
चन्द्रहाराभिधेग्रामे स्थिते पद्मपुरान्तिके ॥११५९॥

११५९. हब्बा (खातून) एक निर्धन कृषक कन्या थी । पद्मपुर[2] के निकट चन्द्रहार[3] नामक ग्राम में—

---

१. पाण्डु चक : पाण्डु या पण्डु चक वितस्ता अर्थात् झेलम नदी के दक्षिण तट पर एक ग्राम श्रीनगर के दक्षिण पूर्व है ।

२. पद्मपुर : पामपुर श्रीनगर मार्ग पर केसर की खेती के लिये प्रसिद्ध है ।

३. चन्द्रहार ; वी ही प्राचीन खड्वी परगना में एक ग्राम है । पामपुर (पांपोर) से डेढ़ मील पर है ।

जन्म तस्यास्तु सञ्जातं हब्बाख्याया अथापि च ।
जूनीति मूलनामाऽऽसीत् तस्याः शैशवतः श्रुतम् ॥११६०॥

११६०. उसका जन्म हुआ था। शैशवावस्था में उसका मूल नाम जूनी था।

तस्या वैवाहिकं नासीज्जीवनं सुखदं पुरा ।
एकया केसरक्षेत्रे गायन्ती चिन्वती सुमम् ॥११६१॥

११६१. उसका वैवाहिक जीवन सुखी नहीं था। वह अकेली केसर के खेत में गाती हुई पुष्पचयन कर रही थी।

तदा विंशतिवर्षीया सैषा चातीव सुन्दरी ।
गच्छता युवराजेन युसुफेनाऽवलोकिता ॥११६२॥

११६२. उस समय वह वीस वर्षीया सुन्दरी थी। वहां जाते हुए, युवराज युसुफ[1] ने उसे देखा।

कोमलाङ्गीं च तां वीक्ष्य कमनीयकलेवराम् ।
रक्तोऽभूद् युसुफश्चैनां चकमे रूपमोहितः ॥११६३॥

११६३ कमनीय कलेवर वाली कोमलाङ्गी हब्बा को देख कर, रूप मोहित युसुफ, उस पर अनुरक्त हो गया तथा प्राप्त करना चाहा।

तस्याः पत्युर्विवाहस्य विच्छेदं संविधाय च ।
विवाह्यैनां सुखं रेमे स चतुर्दशवत्सरान् ॥११६४॥

११६४. उसने उसके पूर्वपति का वैवाहिक सम्बन्ध विच्छेद कर, उससे विवाह किया तथा चौदह वर्ष सुख पूर्वक व्यतीत किया।

कथेयं यदियं हब्बा गुरेजोपत्यका स्थिता ।
कंचित्कालं व्यतीत्यासौ वितस्तासरितस्तटे ॥११६५॥

११६५. यह किंवन्ती है कि हब्बा ने कुछ समय गुरेज उपत्यका में व्यतीत किया था। तदनन्तर वितस्ता नदी के तट पर—

ततस्तत्रैव निर्माय कुटीमेकामुवास सा ।
मरणान्ते च तत्राभूत् तस्या निखननक्रिया ॥११६६॥

११६६. एक कुटी बनाकर निवास किया। मरणोपरान्त वहीं उसे दफन किया गया।

ऊनविंशतिपूर्वाङ्के द्विपञ्चाशत्तमे ततः ।
स्वतन्त्रभारते स्मृत्यैदिनं तस्याश्चमानितम् ॥११६७॥

११६७. ई० वर्ष १९५२ में स्वतन्त्र भारत वर्ष में उसका स्मृति दिवस मनाया गया था।

---

१. युसुफ : मुगल लोग युसुफ को युसुफ खान लिखते और कहते थे। उनकी दृष्टि में युसुफ जमीन्दार मात्र था। कश्मीरी युसुफ शाह लिखते और कहते थे। उसे स्वतन्त्र राजा या शाह मानते थे।

मेवाड़मण्डले राणाकर्णनाम्नो महीपतेः ।
एतस्मिन् वत्सरे जन्म ततश्च समजायत ॥११६८॥

११६८. इसी वर्ष मेवाड़ मण्डल में राजा राणा कर्ण का जन्म हुआ था ।

विंशत्युत्तरके पूर्वं षोडशे ख्रीष्टवत्सरे ।
जनवर्य्यां रसाक्ष्यह्नि तस्य मृत्युरभूदथ ॥११६९॥

१.६९. उसकी मृत्यु २६ जनवरी १६२० ई० वर्ष में हुई थी ।

चतुरशीत्युत्तराच्च पूर्वं पञ्चदशाब्दतः ।
पञ्चदशपूर्वमष्टनवत्यन्तं च वत्सरम् ॥११७०॥

११७०. ई० वर्ष १५८४ से १५८९ ई० पर्यन्त—

केन्द्रं मुगलराज्यस्यस्य जातं लाहौरमण्डलम् ।
प्रधान्यं मानसिंह तत्रासीन्मुगलान्वये ॥११७१॥

११७१. मुगल राज्य का केन्द्र लाहौर था । वहां मुगलों में मानसिंह की प्रधानता थी ।

मानस्तीमूरवेगञ्च राजदूतं नियुज्य तम् ।
काश्मीरं प्रैषयत्तेन सभीतो युसुफोऽभवत् ॥११७२॥

११७२. मानसिंह ने तीमूर बेग को राजदूत बनाकर, कश्मीर भेजा, जिससे युसुफ भयग्रस्त हो गया ।

परावर्तनकालेऽसौ राजदूतस्य युसुफः ।
ज्येष्ठं राजसुतं स्वीयं याकूबं तं समर्पयत् ॥११७३॥

११७३. राजदूत तीमूर के कश्मीर से लौटते समय, युसुफ ने अपने ज्येष्ठ पुत्र याकूब तथा–

किञ्च काश्मीरजं नैकं महार्घं वस्तुजातकम् ।
सम्राडकबरस्यान्ते सेवार्थं स न्यवेदयत् ॥११७४॥

११७४. कश्मीर को अनेक बहुमूल्य वस्तुएं सम्राट अकबर की सेवा प्रेषित किया ।

पञ्चाशीत्युत्तरे पञ्चदशाब्दे समुपस्थितः ।
कृतोऽभूदेष याकूबः सम्राजः सम्मुखं जनैः ॥११७५॥

११७५. नव फरवरी, १५८५ ई० वर्ष में लोगों ने याकूब को सम्राट अकबर के समक्ष उपस्थित किया ।

सम्राडकबरः स्वीयं साम्राज्याङ्गममन्यत ।
काश्मीरं तद् यतः पूर्वं हुमायूशासनस्थितौ ॥११७६॥

११७६. सम्राट अकबर कश्मीर को अपने राज्य का अङ्ग मानता था। क्योंकि हुमायूं के शासन काल में—

हैदरो दुघलातः स प्रेरितश्च हुमायुना ।
समाक्रम्य च कश्मीरं पुरा विजितवानसौ ॥११७७॥

११७७. उसकी प्रेरणा से हैदर दुघलात ने आक्रमण कर, कश्मीर विजय किया था।

स्वपित्रे स हि लाहौराद् याकूबः समसूचयत् ।
काश्मीरं निजसाम्राज्ये स सम्राट् कर्त्तुमिच्छति ॥११७८॥

११७८. याकूब ने लाहौर से पिता को सूचित किया—"सम्राट कश्मीर को अपने साम्राज्य में मिलाना चाहता है।"

पञ्चाशीत्युत्तरेपञ्चदशाब्देऽकबरस्ततः ।
प्रस्थाय सीकरीतोऽसौ कलानूरं समाययौ ॥११७९॥

अकबर का दूत चतुर्थ बार :

११७९. तत्पश्चात् १५८५ वर्ष ई० में फतेहपुर सीकरी से प्रस्थान कर, अकबर कलानूर पहुँचा।

हकीमालीजिलानीति बहाउद्दीननामकौ ।
जनौ काश्मीरमानेतुं युसुफं प्रैषयत्तदा ॥११८०॥

११८०. वहां से हकीम अली जिलानी तथा बहाउद्दीन को दूत बनाकर, युसुफ को लाने के के लिये कश्मीर भेजा।

युसुफो निजपुत्रेण याकूबेन निवेदिताम् ।
सम्राड्राज्यस्थितिं सर्वां गूढं विज्ञातवानसौ ॥११८१॥

११८१. युसुफ को अपने पुत्र याकूब द्वारा सम्राट की राज्य स्थिति का पूर्ण ज्ञान हो गया था।

काश्मीरवासिभिर्लब्धमन्त्रोऽपि स्वविचारतः ।
युद्धार्थं नोद्यतः सोऽभूदजेयोऽकबरो यतः ॥११८२॥

११८२. वह जानता था, अकबर अजेय है। अतएव काश्मीरियों के परामर्श देने पर भी, युद्धार्थ उद्यत नहीं हुआ।

त्रिशन्मुद्रात्मकं द्रव्यं याकूबेन च मासिकम् ।
लभ्यते स्म यतो नासीत् स तुष्टोऽकबरं प्रति ॥११८३॥

११८३. याकूब को तीस रुपये प्रति मास प्राप्त होते थे। वह अकबर के व्यवहार से असन्तुष्ट था।

सहैवाकबरेणासौ यात्रायै काबुलं गतः ।
मध्ये ख्वासपुराद् गूढं काश्मीरं प्राप्तवान् पुनः ॥११८४॥

११८४. उसने अकबर के साथ काबुल की यात्रा की। मार्ग के मध्य में ही ख्वासपुर से छिपकर, कश्मीर पहुँच गया।

श्रुत्वा मुगलदूतानां वृत्तमागमनस्य च ।
युसुफः शाह आगत्य तैश्च खामपुरेऽमिलत् ॥११८५॥

११८५. मुगल दूतों का आगमन सुनकर, युसुफशाह खामपुर[1] में आकर, उनसे मिला।

हाकिमालीबहोद्दीनौ मासद्वयमितं हितौ ।
निवासं दौत्यकार्यार्थं काश्मीरेऽकुरुतामुभौ ॥११८६॥

११८६. हाकीम अली तथा बहाउद्दीन दौत्य कार्य सम्पपन्न करने के लिये, दो मास काश्मीर में निवास किये।

न चैताभ्यां समं शाहं किन्तु काश्मीरवासिनः ।
नाऽन्वमन्यन्त ते सर्वे सम्राडकबरान्तिकम् ॥११८७॥

११८७. किन्तु कश्मीरवासियों ने शाह को उनके साथ अकबर के पास नहीं जाने दिया।

पश्चाशीत्युत्तरे पश्चदशाब्देऽनन्तनागके ।
साधुदाऊदखाँमृत्युः सञ्जातस्तदनन्तरम् ॥११८८॥

११८८. ई० वर्ष १५८५ में बाबा दाऊद खां की मृत्यु अनन्त नाग में हुई।

एकत्रिंशोत्तरेपञ्चदशाब्दे तस्य सम्भवः ।
सुप्रसिद्धे बभूवाथ गनाईनामके कुले ॥११८९॥

११८९. उसका जन्म १५३१ ई० वर्ष में सुप्रसिद्ध गनाई वंश में हुआ था।

तत्पिता नामतः शेखहुसेन इति विश्रुतः ।
जन्मकर्मद्वयं तस्य साधोरासीच्च निर्मलम् ॥११९०॥

११९०. उसके पिता का नाम शेख हुसेन गनी था। वह जन्म तथा कर्म से महान् था।

पश्चाशीत्युत्तरे पञ्चदशाब्दे दूतमण्डलम् ।
काश्मीराद् हसनाब्दाले सम्राट्पार्श्वं समागमत् ॥११९१॥

११९१. वह दूत मण्डल १५८५ में कश्मीर से हसन अब्दाल में सम्राट अकबर के पास आया।

---

१. खामपुर : श्रीनगर से लगभग १० मील दक्षिण पीर पंजाल सड़क पर है। गलती से खानपुर इसे भी लिखा गया है।

तत्रागत्य पुनश्चैतद् दूतवृन्दं समन्ततः ।
तदानोन्तकाश्मीरस्थितिं तस्मै न्यवेदयत् ॥११९२॥

११९२. वहां आकर, दूत मण्डल ने उस समय की कश्मीर-स्थिति, उससे (सम्राट) निवेदित किया ।

काश्मीरनीतिविक्षुब्धः सम्राडकबरः पुनः ।
अटकात् पञ्चसाहस्रवाजिसेनासमन्वितान् ॥११९३॥

११९३. कश्मीर की नीति से विक्षुब्ध, सम्राट अकबर ने अटक से पांच हजार अश्व सैनिक–

भगवान्दासकुलीखान्-मिर्जाशाहरुखाभिधान् ।
नियुज्यनायकानेतान् काश्मीरं प्रैषयत्ततः ॥११९४॥

११९४. भगवान दास, कुली खां मुहर्रम तथा मिर्जा शाहरुख के नेतृत्व में कश्मीर प्रेषित कर दिया ।

युसुफ्जामीतिविज्ञातजनजातिविरोधि तत् ।
जातं मुगलसैन्यस्याभियानं पूर्वनिश्चितम् ॥११९५॥

११९५. इसी समय युसुफ जाई जन जाति के विरुद्ध मुगल सैनिकों का अभियान हुआ ।

सुवास्तुनामके स्थाने तदस्याक्रमणं बृहत् ।
नेतृत्वं कृतवांस्तत्र जैनखानो नियोजितः ॥११९६॥

११९६. सुवास्तु (स्वात) नामक स्थान पर, वह महान् आक्रमण हुआ, जिसका नेतृत्व जैनखान ने किया ।

सम्राडकबरो जैनखानप्रार्थनया पुनः ।
विधातुं तस्य साहाय्यं कश्मीरस्थरणाजिरे ॥११९७॥

११९७. सम्राट अकबर ने जैनखान की प्रार्थना पर, उसकी सहायता के लिये कश्मीर की रणभूमि में—

हकीमाबुलफतहराजाबीरबलौ च यौ ।
तयोर्नेतृत्व एकां स्वामन्यां सेनां व्यसर्जयत् ॥११९८॥

११९८. हकीम अबुल फतह तथा राज बीरबल के नेतृत्व में एक अन्य सेना भेज दी ।

मालन्दराईद्रोणीषु युद्धे महति भीषणे ।
मृतो बीरबलस्तत्र जैनखानः पराजितः ॥११९९॥

११९९. मालन्द राई दर्रा के समीप हुए, उस महान युद्ध में बीरबल मारा गया तथा जैन खान पराजित हुआ ।

हैदरः शेखयाकूबः सेनाया मार्गदर्शकौ ।
झेलमोपत्यकामार्गाद् ययौ मुगलवाहिनी ॥१२००॥

१२००. हैदर एवं शेख याकूब सरफी सेना के मार्ग दर्शक थे । मुगल सेना झेलम उपत्यका मार्ग से प्रस्थान की ।

अवरोधं विना सेना काश्मीरं प्रविवेश सा ।
युद्धार्थं नोद्यतो जातो युसुफः प्रेरितोऽपि सः ॥१२०१॥

१२०१. वह सेना निर्विरोध कश्मीर में प्रविष्ट हुई । प्रेरित किये जाने पर भी, युसुफ युद्धार्थ उद्यत नहीं हुआ ।

कश्मीरवासिनां युद्धमन्त्रणां समुपेक्ष्य सः ।
ततः कोट्टकुमारादिमस्तस्थानं तदागमत् ॥१२०२॥

१२०२. वह कश्मीर वासियों के युद्ध परामर्श की उपेक्षा कर, वहां से कुमरमस्त[1] स्थान चला गया ।

गता मुगलसेनाऽसौ बोलयस्कास्थलं ततः ।
हिमपाताद् विरोधाच्च गन्तुमग्रे न चाशकत् ॥१२०३॥

१२०३. वह मुगल सेना बोलयस्का स्थान पर पहुँची । तुषारपात तथा कश्मीरियों के विरोध के कारण वहां से आगे नहीं जा सकी ।

भगवान्दासस्ततो दूतौ प्रैषयत् युसुफान्तिकम् ।
दूताभ्यां युसुफस्ताभ्यां रात्रिं यावद् व्यचारयत् ॥१२०४॥

१२०४. भगवान दास ने युसुफ शाह के पास दो दूत प्रेषित किये । युसुफ ने उन दूतों के साथ रात्रि-पर्यन्त विचार किया ।

प्रातःकाले स युसुफः सेनासन्दर्शनच्छलात् ।
कुमरमस्तमागच्छत् ततो वरजलां गतः ॥१२०५॥

१२०५. युसुफ शाह प्रातः काल सेना देखने के ब्याज से कुमर मस्त पहुचा तथा वहां से वरजला चला गया ।

दशपञ्चसहस्राङ्कान् तुरगारोहिणस्तथा ।
पञ्चविंशसहस्राङ्कान् पदातींश्च समुद्यतान् ॥१२०६॥

१२०६. वहां पन्द्रह हजार अश्वारोही, पच्चीस हजार पदाति तथा—

---

१. कुमर मस्त : इसे वारामूला दर्रा या पास भी कहते हैं । श्रीनगर पहुचने वाली सड़क पर अन्तिम दर्रा है ।

२. बोलयस्का : बुलिपास पेलियस फौल बस बारहमूला के अधोभाग में यारगुल्न स्थान है । बारहमूला है ५० मिल पर झेलम के दाहिने तट पर हैं । मुगल छावनी यही पर थी ।

तत्र सप्तसहस्राङ्कान् भुशुण्डीपरिवारितान् ।
सैनिकान् दृष्टवानेष युसुफो योद्धुं समुत्सुकान् ॥१२०७॥

१२०७. सात हजार बन्दूकधारी सैनिकों को युसुफ ने युद्धार्थ उद्यत देखा ।

स प्राप्यावसरं कैश्चित् सैनिकैः सह संययौ ।
षडशीत्युत्तरेपञ्चदशाब्दे मुगलान्तिकम् ॥१२०८॥

१२०८. अवसर पाकर, वह कुछ सैनिकों के साथ १५८६ ई० वर्ष में (१४ फरवरी को) मुगल-शिविर में पहुँच गया ।

कश्मीरवासिनः सम्यग् विचार्यैतत्तदा च ते ।
याकूबशाहं तत्स्थाने राजेति समघोषयन् ॥१२०९॥

याकूब शाह :

१२०९. कश्मीर वासियों ने विचार कर, याकूब शाह को उसके स्थान पर राजा घोषित किया ।

सैषा मुगलसेना तु हिमशीतप्रवर्षणैः ।
अभावाद् भोज्यवस्तूनां संत्रस्ताऽभूत् समन्ततः ॥१२१०॥

१२१०. मुगल सेना हिमपात्, शीत, वर्षा एवं भोज्य वस्तुओं के अभाव से संत्रस्त्र हो गयी ।

जैनखानस्य नेतृत्वे यान्ती सीमान्तकेऽञ्चले ।
मध्ये मुगलसेनाऽसौ बभूवान्ते पराजिता ॥१२११॥

१२११. जैनखान के नेतृत्व में सीमाञ्चल में अग्रसर होती, मुगल सेना बीच में ही पराजित हो गयी ।

भगवान्दासश्च याकूबपार्श्वे सन्धातुमिच्छया ।
मिर्जा अकबरं दूतं विधाय प्रैषयत्ततः ॥१२१२॥

१२१२. भगवान दास ने सन्धि करने की इच्छा से मिर्जा अकबर को दूत बना कर, याकूब के समीप प्रेषित किया ।

याकूबस्तु विरामस्य सन्धिमेनममन्यत् ।
अन्तिमं सन्धिमाधातुं युसुफेनाऽप्यचिन्तयत् ॥१२१३॥

१२१३. याकूब ने विराम सन्धि मान ली तथा अन्तिम सन्धि युसुफ के साथ करने का निश्चय किया ।

सन्धौ च निश्चयो जातः शासको युसुफो भवेत् ।
सम्राड्नाम्नास्तुतेः पाठस्तथा मुद्राभिटङ्कणम् ॥१२१४॥

१२१४. सन्धि में यह निश्चय हुआ "शासक युसुफ रहेगा । सम्राट के नाम खुतवा पाठ तथा मुद्रा टंकाणित होगी ।

मुद्राशालकृतोलाभः कुङ्कुमस्य च विक्रयः ।
खालसा-ए-शरीफेति विज्ञातव्यं भविष्यति ।।१२१५।।

१२१५. "मुद्रा, शाल एवं केसर विक्रय की आय 'खालसा-ए-शरीफा' जाना जायेगा ।"

एतदाग्रहणार्थं च तत्र नैकेऽधिकारिणः ।
नियुक्ताः समभूवँस्ते सन्धिपत्रानुसारतः ।।१२१६।।

१२१६. इस प्रकार सन्धि के अनुसार, इनके संग्रह के लिये वहां अनेक अधिकारी नियुक्त किये गये ।

मुबारकशाहपुत्र्याश्च विवाहो नियतोऽभवत् ।
समं याकूबशाहेन सन्धिपत्रे विशेषतः ।।१२१७।।

१२१७. सन्धि पत्र में मुबारक शाह गक्खर की पुत्री का विवाह याकूब शाह से निश्चित किया गया ।

मृगया-सूक्ष्मचित्रोर्णवस्त्रव्यापारगः क्रमः ।
सम्राडकबराधीनोऽभवत् सन्ध्यनुसारतः ।।१२१८।।

१२१८. सन्धि के अनुसार "शिकार, ऊनी वस्त्र आदि विषय सम्राट अकबर के अधीन रखे गये ।

स्वयं च युसुफः शाहो याकूबं समये सुतम् ।
सम्राड्राजसभामध्ये तमुपस्थापयिष्यति ।।१२१९।।

१२१९. "युसुफ शाह स्वयं अपने पुत्र याकूब को समय पर सम्राट की सभा में उपस्थित करेगा ।"

षडशीत्युत्तरे पञ्चदशाब्दे ख्रीष्टवत्सरे ।
मार्चमासे तथैतस्मिन्नेकादशदिनाङ्किते ।।१२२०।।

१२२०. ई० वर्ष १५८६ में ११ मार्च को—

उज्बेकशासकाब्दुल्लाखाँनाम्ना विदितात्मनः ।
दूतो मीरकुरेश्याख्यः सम्राड्राजसभां ययौ ।।१२२१।।

१२२१. उजबेक शासक अब्दुल्ला खां का दूत मीर कुरेशी अकबर की सभा में आया ।

षडशीत्युत्तरेपञ्चदशाब्दे ख्रीष्टवत्सरे ।
ततो मुगलसेना सा काश्मीरात्प्रत्यवर्तत ।।१२२२।।

१२२२. ई० वर्ष १५८६ में (मार्च २८ को) मुगल सेना कश्मीर से लौटी ।

सम्राडकबरस्याथ पुरो राजसभास्थले ।
स एष युसुफः शाहःकृतोऽभूत् समुपस्थितः ।।१२२३।।

१२२३. युसुफ शाह सम्राट अकबर के समक्ष राज सभा से उपस्थित किया गया ।

न चाङ्गीकृतवानानेष सम्राट् सन्धिकृतं पणम् ।
भगवान्दासादिसम्मानं क्रुद्धो भूत्वा निरुद्धवान् ।।१२२४।।

१२२४. सम्राट् ने सन्धि शर्त स्वीकार नहीं किया, तथा क्रोध वश भगवान दास आदि का सम्मान स्वीकार करना बन्द कर दिया।

बन्धगं युसुफं कृत्वा रामदास-नियन्त्रणे ।
स्थापितं चाकरोदेवं शाहर्दैन्यं समापतत् ।।१२२५।।

१२२५. रामदास कछवाहा के नियन्त्रण में बन्दी बना कर, युसुफ शाह को रख दिया। शाह की स्थिति दयनीय हो गयी।

सम्राजा सन्धिभङ्गात् च भगवान्दासोऽतिदुःखितः ।
आत्मघातार्थमुद्युक्तः कथञ्चिद् विनिवारितः ।।१२२६।।

१२२६. सम्राट द्वारा सन्धि भङ्ग किये जाने के कारण, अत्यन्त दुःखी, भगवान दास ने आत्म हत्या का प्रयास किया तथा किसी प्रकार रोका गया।

राज्ञः टोडरमलस्य संरक्षण-नियन्त्रणे ।
लाहौरे युसुफः शाहः स्थापितोऽभवदुन्मनाः ।।१२२७।।

१२२७. दुःखी युसुफ शाह राजा टोडरमल के संरक्षण-नियन्त्रण में लाहौर में रखा गया।

काबुलादागते मानसिंहे स युसुफस्तदा ।
कारामुक्तोऽभवत् सार्धद्विवर्षानन्तरं ततः ।।१२२८।।

१२२८. मानसिंह के काबुल से लौटने पर, दो वर्ष छःमास बाद युसुफ शाह कारागार से मुक्त किया गया।

दत्त्वा वृत्तिं द्विसाहस्रीं सैनिकानां पञ्चशतीम् ।
मानसिंहेन साकं स विहारं प्रेषितोऽभवत् ।।१२२९।।

१२२९. पाच सौ सैनिकों का मन्सब तथा दो हजार की वृत्ति[1] देकर, उसे मानसिंह के साथ बिहार प्रेषित कर दिया गया।

संगीतज्ञः सुपठितः स आसीद् युसुफस्तथा ।
काश्मीरीफारसीहिन्दीभाषात्रयकविश्च सः ।।१२३०।।

१२३०. युसुफ शाह सुपठित एवं संगीतज्ञ था। वह कश्मीरी, फरसी तथा हिन्दी में कविता करता था।

सम्राड्राजसभामध्ये तानसेनयुतो गुणी ।
तत्र संगीतगोष्ठीषु भागमेष गृहीतवान् ।।१२३१।।

१२३१. गुणवान् युसुफ तानसेन के साथ सम्राट की सभा में भाग लेता था।

---

१. वृत्ति : एक मत है कि उसे १०० प्रति दिन की वृत्ति खर्च के लिये दी गयी थी।

हिन्दूनां च पशूनां चोद्यानानां शिल्पिनामपि ।
निरस्तश्च कृतस्तेन धारितो जजियाकरः ॥१२३२॥

१२३२. उसने हिन्दुओं पर लगा जजिया तथा पशुओं, उद्योगों एवं शिल्पियों पर लगा कर हटा दिया था ।

कर्तुं सोऽचिन्तयद् गौरीपथं पर्यटनस्थलम् ।
प्रकृतेः प्रेम्णि तस्यासीदनुरक्तं मनः सदा ॥१२३३॥

१२३३. वह गौरी मार्ग (गुलमर्ग) को पर्यटन स्थल बनाना चाहता था । वह सहज प्रकृति-प्रेमी था ।

ऊष्माधिक्याद् विहारे च तत्स्वास्थ्यं क्षीणतां गतम् ।
द्विनवत्युत्तरेपञ्चदशाब्दे पञ्चतां ययौ ॥१२३४॥

१२३४. विहार में प्रचण्डगर्मी के कारण उसका स्वास्थ्य क्षीण हो गया । वह १५९२ ई० वर्ष में (२२ सितम्बर को) दिवंगत हो गया ।

असौ विसवकस्थाने पाटलीपुत्रपत्तने ।
मृतिमामत् तथात्रैव बभूवान्ते निखानितः ॥१२३५॥

१२३५. पाटलिपुत्र में विसवक[1] नामक स्थान पर उसे दफन किया गया ।

कश्मीरे भूमिसाद् भूता हब्बाखातूननामिका ।
आश्चर्यं चैतदेवास्ति जन्ममृत्योः पृथक् स्थलम् ॥१२३६॥

१२३६. हब्बा खातून कश्मीर में दफन की गयी थी । आश्चर्य यह है कि—

मुगलस्य तथा चैवं काश्मीरस्याऽपि भूपतेः ।
स्वदेशाद् बहिरेवैते मृतास्तत्रैव खानिताः ॥१२३७॥

१२३७. मुगल तथा कश्मीर (युसुफ शाह) के अन्तिम राजा उत्पन्न हुए अन्यत्र तथा दिवंगत हुए अन्यत्र । वे अपने देश से बाहर मरे और दफनाये गये ।

नासिरुद्दीनयाकूबशाहः सिंहासने स्थितः ।
कालान्तरे स इस्माइल्शाहनाम गृहीतवान् ॥१२३८॥

याकूबशाह ई० वर्ष १५५६–१५८८:

१२३८. नासिरुद्दीन याकूब शाह नाम से सिंहासनारूढ होने के पश्चात्, उसने इस्माइल शाह नाम ग्रहण किया ।

---

१. विसवक : बिहार प्रदेश की राजधानी पटना के इसलामपुर ग्राम से लगभग ३ मील उत्तर-पूर्व है। ग्राम के समीप एक टीला है, जिसे गढ़ कहते हैं। यहां दो कब्रें युसुफशाह और याकूब की हैं। यह कब्रें टीले के समीप हैं । विसवक से कुछ फासले पर काश्मीरी चक ग्राम था । इस समय यह ध्वन्सावशेष है । कथा है कि वहाँ के निवासियों का मूल स्थान कश्मीर था । याकूब की कब्र उसके पिता युसुफ के समीप ही है । युसुफ तथा याकूब को अकबर ने जागीर देकर वहीं रखा था ।

राजा सुन्नी विरोध्यासीत् शियापक्षधरोऽभवत् ।
अतस्तं बहवो राज्यच्युतं कर्त्तुं व्यचिन्तयन् ॥१२३९॥

१२३९. राजा सुन्नी विरोधी तथा शिया-पक्षपाती था । अतएव बहुत लोग उसे राज्यच्युत करने का विचार करने लगे ।

राजाऽलीबलि-अल्लाह् नाम योक्तुं विचारयत् ।
नमाज़े तेन चाकुप्यन् ते सुन्नी साम्प्रदायिकाः ॥१२४०॥

१२४०. राजा नमाज में 'अली बली अल्लाह्' जोड़ना चाहता था । उससे सुन्नी लोग कुपित हो गये ।

नमाज़कर्मणि स्वीये पवित्रे विश्वविश्रुते ।
काजीमूसा न वै चाली नाम तत्र न्ययोजयत् ॥१२४१॥

१२४१. काजो मूसा ने पवित्र एवं प्रसिद्ध नमाज में अली नाम योजित नहीं किया ।

राजऽसौ कुपितो काजीमूसाबधमकारयत् ।
तद्गृहं चापि स क्रूरो लुण्ठयामास सर्वतः ॥१२४२॥

१२४२. क्रूर राजा ने क्रोध वश काजी मूसा का बध करा दिया तथा उसका घर लुटवा लिया ।

अनायासं बभूवासौ सम्राजोऽपि विरोधभाक् ।
तिरस्कृत्य स्वसामन्तान् विश्वासं तेषु नाऽकरोत् ॥१२४३॥

१२४३. वह अनायास सम्राट का भी विरोधी बन गया । सामन्तों का तिरस्कार करता था । उन पर उसका विश्वास नहीं था ।

नैकसुन्नीबुधाः खिन्नाः काश्मीरं तत्यजुस्तदा ।
सरफ्यादिकसामन्ताः सम्राड्राजसभां ययुः ॥१२४४॥

१२४४. अनेक सुन्नी विद्वान् खिन्न होकर, कश्मीर त्याग दिये । सरफी आदि सामन्त सम्राट् की सभा में जाकर—

गत्वा ते प्रार्थयामासुः सम्राडकबरं ततः ।
नूनं मुगलसाम्राज्ये काश्मीरं प्रतिगृह्यताम् ॥१२४५॥

१२४५. सम्राट अकबर से प्रार्थना किये 'कश्मीर मुगल साम्राज्य में मिला लीजिए ।'

काश्मीरवासिभिः साकं सन्धिस्तत्र दृढीकृतः ।
प्रथमोऽयं पणो जातो मुक्तिः स्यात् साम्प्रदायिकी ॥१२४६॥

१२४६. कश्मीर निवासियों के साथ सन्धि हुई । उसमें सर्व प्रथम यह निश्चय हुआ कि सबको धार्मिक स्वतन्त्रता दी जायेगी ।

अन्नादिव्यवसायेषु प्रतिबन्धो न वै भवेत् ।
द्वितीयोऽयं पणस्तत्र स्वीकृतः सन्धिपत्रके ॥१२४७॥

१२४७. सन्धि पत्र में दूसरी यह शर्त निश्चय की गयी कि अन्न आदि के व्यापार पर कोई प्रतिबन्ध नहीं होगा ।

समाप्ता स्याद्विना मूल्यं श्रमग्रहणपद्धतिः ।
काश्मीरवासिनो नैव पीडिताः स्युः कथञ्चन ॥१२४८॥

१२४८. बेगार प्रथा समाप्त की जायेगी। काश्मीरी किसी प्रकार पीड़ित नहीं किये जायेंगे ।

सामन्ता ये खलूत्पातहेतवः सन्ति सर्वथा ।
न प्रशासनकार्येषु तेषां भागो भविष्यति ॥१२४९॥

१२४९. उपद्रव के मूल कारण सामन्त प्रशासन के कार्यों में भाग नहीं लेंगे ।

विद्रोहोऽभूत्ततस्तत्र गत्वा हीरपुरं स वै ।
हसनो निर्दिदेशैतद् गन्तव्यं नैव भारतम् ॥१२५०॥

१२५०. तदनन्तर वहां विद्रोह हुआ। हीरपुर[1] जाकर, हसन ने निर्देश दिया कि भारत न जाकर—

प्राप्य श्रीनगरं तत्राधिकर्त्तव्यं नृपासनम् ।
याकूबः साम्प्रतं फागग्रामेऽसौ गतवान् यतः ॥१२५१॥

१२५१. श्रीनगर चल कर सिंहासन पर अधिकार करना चाहिए। क्योंकि इस समय याकूब फाग[2] ग्राम गया है ।

ज्ञात्वा षड्यन्त्रमेतत्तु स याकूबः स्वयं ततः ।
विद्रोहिगमनात् पूर्वं गतः श्रीनगरं प्रति ॥१२५२॥

१२५२. याकूब शाह यह षड्यन्त्र जानकर, विद्रोहियों के पहुंचने से पहले, स्वयं श्रीनगर पहुँच गया।

तत्र स्वयं सैन्यशिविरमीदगाहस्थलेऽकरोत् ।
जियालडकरे ह्यासन् तदा विद्रोहिणः समे ॥१२५३॥

१२५३. उसने ईदगाह स्थल पर अपना सैन्य शिविर स्थापित किया। उस समय सभी विद्रोही जियालडकर में थे ।

---

१. हीरपुर : शूरपुर=हीरपुर । मूलतः इस नगर को शूर ने स्थापित किया था। सुपिसान के समीप है।
२. फाग : कश्मीर का एक परगना है ।

विद्रोहिभ्यश्च राज्यस्य न्यूनभागं प्रदत्तवान् ।
ते च सर्वेऽपि संजग्मुः स्वकेन्द्रं सोपुरं ततः ॥१२५४॥

१२५४. राज्य का थोड़ा भाग (कमराज) विद्रोहियों को दिया गया। वे सब अपने केन्द्र सोपुर चले गये।

संत्रोद्य सोपुरे सेतुं युद्धायकृतनिश्चयः ।
शम्सचक उद्यतो भूत्वा सैन्यसंघटनं व्यधात् ॥१२५५॥

१२५५. सोपुर में सेतु भंग कर, युद्धार्थ उद्यत, शंस चक तत्परता से सैन्य संग्रह करने लगा।

संग्रामे स बलाढ्येन याकूबेन पराजितः ।
बद्धोऽभवदसौ तस्य याकूबस्य च सैनिकैः ॥१२५६॥

१२५६. वह युद्ध में पर्याप्त सैनिकों से युक्त, याकूब द्वारा पराजित हुआ। उसे याकूब के सैनिकों ने बन्दी बना लिया।

षडशीत्युत्तरे पञ्चदशाब्दे ख्रीष्टवत्सरे ।
मुहम्मदकासिमस्य नेतृत्वे परिरक्षिता ॥१२५७॥

१२५७. ई० वर्ष १५८६ में मुहम्मद कासिम के नेतृत्व में सुरक्षित—

मुगलानां च सेना सा तृतीये वारके पुनः ।
जगाम शस्त्रसन्नद्धा काश्मीरं जेतुमिच्छया ॥१२५८॥

१२५८. शस्त्र सन्नद्ध मुगल सेना, तृतीय बार पुनः कश्मीर विजय की इच्छा से चली।

सेनया सह फतहः फौजदारोऽथ गूजरः ।
अकबरो मिर्जाशाही शेख इत्यादयोऽभवन् ॥१२५९॥

१२५९. सेना के साथ फतह खां फौजदार, गूजर खां, मिर्जा अली अकबर शाही एवं शेख आदि थे।

राजौरीमभ्युपेतायां सेनायां तदनन्तरम् ।
बह्रामनायकः शंकीचादुरा द्वाररक्षकाः ॥१२६०॥

१२६०. सेना के राजौरी पहुंचने पर, बहराम नायक तथा शंक चादुरा आदि जो—

काश्मीरे योजिता आसन् त एवान्तर्विरोधिनः ।
मुगलैः सार्धमागत्य सङ्गताश्चाभवन् तदा ॥१२६१॥

१२६१. अन्तर्विरोधी थे और कश्मीर में द्वार रक्षक नियुक्त किये गये थे, आकर मुगलों से मिल गये।

कासिमो मीरबहरः स आसीच्चतुरः पुमान् ।
सत्यवादी मृदुश्चैवं क्षमश्च निजकर्मणि ॥१२६२॥

१२६२. कासिमखां मीर बहर, सत्यवादी, कर्मठ एवं उत्तम स्वभाव का व्यक्ति था ।

सप्तकोटीश्च मुद्राः स व्ययीकृत्यागरास्थले ।
सुदृढस्य च दुर्गस्य निर्माणं द्रागकारयत् ॥१२६३॥

१२६३. उसने सात करोड़ मुद्रा तनका (३५ लाख रुपया) व्यय कर, आगरा में सुदृढ़ दुर्ग का निर्माण कराया था ।

दुर्गमूलं तदासीच्च नीरान्तं सुदृढीकृतम् ।
त्रिंविशवयसि प्राभूदागराराज्यपालकः ॥१२६४॥

१२६४. दुर्ग की नींव नीचे जल तक दृढ़ की गयी थी । वह तीस वर्ष की आयु में आगरा में राज्यपाल नियुक्त किया गया था ।

चतुर्नवत्युत्तरके ख्रीष्टे पञ्चदशाब्दके ।
बभूव मरणं तस्य सत्यशीलस्य देहिनः ॥१२६५॥

१२६५. उस सत्य निष्ठ की मृत्यु १५९४ ई० वर्ष में हुई थी ।

कासिमस्य च शौर्यस्य हुमांय्वासीत् प्रशंसकः ।
कामरानो निरुद्धोऽभूत् स दुर्गे काबुलस्य च ॥१२६६॥

१२६६. (सम्राट) हुमायूं कासिम के शौर्य का प्रशंसक था । जब कामरान काबुल के दुर्ग में घिर गया—

अकावैनगिरौ दुर्गंप्राप्त्यर्थं स तदा भृशम् ।
शतघ्नीर्महतीस्तत्र प्रायोजयदनेकशः ॥१२६७॥

१२६७. उस समय उसने दुर्ग की प्राप्ति के लिये, अकावैन पर्वत पर अनेक तोपें लगवा दी ।

स ख्वाजगीमुहम्मदनाम्ना स्वेन च बन्धुना ।
दुर्गादुत्प्लुत्य सन्निधिं हुमायोः प्राप सत्वरम् ॥१२६८॥

१२६८. वह अपने भाई ख्वाजा मुहम्मद के साथ दुर्ग से कूदकर, हुमायूं के पास पहुँच गया ।

काबुलस्य नियुक्तोऽभूद राज्यपालोऽपि कासिमः ।
स्वगुणैः पदमासाद्य जनैः सम्मानितोऽभवत् ॥१२६९॥

१२६९. कासिम काबुल का राज्यपाल नियुक्त किया गया तथा अपने गुणों के कारण पद प्राप्त कर, लोगों द्वारा सम्मानित हुआ ।

याकूबः परितोऽपश्यद् दलानां परिवर्तनम् ।
बहादुरखाननौरङ्गनेतृत्वे प्रैषयच्चमूम् ॥१२७०॥

१२७०. याकूब ने सब ओर दल का परिवर्तन देखा। उसने बहादुर खां तथा नौरङ्ग (चक) के नेतृत्व में सेना प्रेषित की।

बहादुरस्तु नौरङ्गं पाशबद्धं चकार सः ।
स्वयं च करनबले मुगलैः सङ्गतोऽभवत् ॥१२७१॥

१२७१. बहादुर ने नौरङ्ग को बन्दी बना लिया तथा स्वयं करनबल (कपरतल पास) में मुगलों से मिल गया।

मुगलानां बलं रोद्धुमसमर्थाश्च सर्वथा ।
युसुफः सैय्यदश्चैवा याकूबेन सहामिलन् ॥१२७२॥

१२७२. मुगलों की सेना रोकने में असमर्थ युसुफ, सैय्यिद मुबारक एवं ऐवा खां आकर हीरपुर में याकूब से मिल गये।

काश्मीरवासिनां वैरं कारितं मुगलैर्मिथः ।
तेषु केऽपि च सामन्ता याकूबं प्रति कोपिताः ॥१२७३॥

१२७३. मुगलों और कश्मीरियों में वैर उत्पन्न करा दिया। उनमें कुछ सामन्त जो याकूब से रुष्ट थे—

मुहम्मदकासिमेन साकं ते चामिलँस्तदा ।
केऽपि श्रीनगरं गत्वा विद्रोहं चक्रुरुन्मदाः ॥१२७४॥

१२७४. वे इस समय मुहम्मद कासिम से मिल गये तथा कुछ लोग श्रीनगर जाकर विद्रोह कर दिये।

प्रतिकूलां स्थितिं वीक्ष्य याकूबश्चिन्तयाकुलः ।
काष्ठवाटं स संयातुं निश्चयं कृतवान् स्वतः ॥१२७५॥

१२७५. याकूब प्रतिकूल परिस्थिति देखकर, चिन्तित हो गया। उसने स्वयं काष्ठवाट (किस्तवार) जाने का निश्चय कर लिया।

यदाऽसौ व्रिगविषयं सम्प्राप्तो दैवपीडितः ।
तदाऽल्पा एव तस्याऽऽसन् सहायाः सैनिकादयः ॥१२७६॥

१२७६. भाग्य पीड़ित, जब वह व्रिग विषय पहुँचा, उस समय उसके सहायक सैनिक आदि बहुत थोड़े रह गये थे।

यं च शंषचकं बन्धे याकूबः कृतवानथ ।
कारामुक्तस्तदा भूत्वा कमराजं प्रयातवान् ॥१२७७॥

१२७७. याकूब ने जिस शंषचक को बन्दी कर लिया था, वह उस समय मुक्त होकर, कमराज चला गया।

चादुरास्थलमागत्य सर्वथापि सुरक्षितः ।
ततो मलिकहसनपुरस्तात् स समागमत् ॥१२७८॥

१२७८. चादुरा स्थान पर, सुरक्षित पहुँचकर, वह मलिक हसन के समक्ष उपस्थित हुआ।

मुगलैः सह संयोद्धुं मतं स्वीयं न्यवेदयत् ।
हुसेनेन समं शंषोऽप्यथो हीरपुरं गतः ॥१२७९॥

१२७९. उसने मुगलों के साथ युद्ध करने का परामर्श किया। हुसेन के साथ शंष भी हीरपुर गया ।

पराजिता बभूवान्ते सैषा मुगलवाहिनी ।
याकूबो जैतवाची च बद्धौ काश्मीरवासिभिः ॥१२८०॥

१२८०. मुगल सेना पराजित हो गयी। कश्मीर निवासियों ने याकूब तथा जैतवाची को वन्दी बना लिया।

विजित्य मुगलानेते समे काश्मीरवासिनः ।
ययुर्हीरपुरं पश्चादैवाखाँतनयं च तम् ॥१२८१॥

हुसेनशाह चक ई० वर्ष १५८६ :

१२८१. मुगलों को जीतकर, काश्मीरी हीरपुर चले गये। तदनन्तर ऐवाखान के पुत्र—

हुसेनखाँचक्रं कर्तुं शासकं सर्वसम्मतम् ।
स्थाने याकूबशाहस्य वार्तां चक्रुः परस्परम् ॥१२८२॥

१२८२. हुसेन खाँ चक को याकूब शाह के स्थान पर, सर्वसम्मति से शासक नियुक्त करने की बात परस्पर करने लगे।

तत्र काश्मीरिणश्चैवं सामन्ता धनिका अपि ।
काश्मीरराजरूपेण हुसेनं निराधारयन् ॥१२८३॥

१२८३. वहाँ काश्मीरी सामन्तों तथा धनिकों ने हुसेन को कश्मीर का राजा बना दिया।

चतुर्दिवसपर्यन्तं दुर्भाग्यात्तेन केवलम् ।
राज्यं तत्र हुसेनेन कृतं काश्मीरमण्डले ॥१२८४॥

१२८४. दुर्भाग्यवश हुसेन ने केवल चार दिन काश्मीर मण्डल में शासन किया।

मुगलैः सह युद्धार्थं ययौ काश्मीरवाहिनी ।
हस्तिवेजे च मुगला विरोधिभिर्निरोधिताः ॥१२८५॥

१२८५. मुगलों के साथ युद्ध के लिये काश्मीरी सेना अग्रसर हुई। हस्तिवंज[1] पर, मुगल विरोधियों द्वारा रोक दिये गये।

---

१. हस्तिवंज : पीर पन्तसल या पीर पंजाल मार्ग पर अलिया बाद सराय से आधा मिल अधोभाग में है। आइने अकबरी में इसे हस्तिवत लिखा हैं।

तत्र युद्धे विजेतारो जाताः काश्मीरवासिनः ।
पराजिताश्च मुगलाः प्रत्यावर्तन्त ते ततः ॥१२८६॥

१२८६. इस युद्ध में काश्मीरी विजेता हुए । मुगल पराजित होकर, वहाँ से लौट गये ।

षडशीत्युत्तरेपञ्चदशाब्दे कासिमः स्वयम् ।
युद्धार्थमुद्यतो भूत्वा जगामग्रे विरोधिनाम् ॥१२८७॥

१२८७. ई० वर्ष[1] १५८६ में कासिम स्वयं युद्धार्थ उद्यत होकर, विरोधियों के सामने गया ।

वीरतापूर्वकं युद्धं चक्रुः कश्मीरसैनिकाः ।
किन्तु ते विजिता जाताः मुगलैः समुपद्रुताः ॥१२८८॥

१२८८. काश्मीरी सैनिक वीरतापूर्वक युद्ध किये किन्तु वे पराजित हो गये तथा मुगलों द्वारा पलायित कर दिये गये ।

षडशीत्युत्तरेपञ्चदशाब्दे मुगलैः सह ।
यादगारहुसेनाख्यः सेनापतिरसौ ततः ॥१२८९॥

१२८९. ई० वर्ष १५८६ में (१६ अक्टूबर को[1]) सेनापति यादगार हुसेन मुगलों के साथ—

विनैव प्रतिरोधेन प्राविशत् सैन्यसंवृतः ।
तत्र श्रीनगरं भूयो विजयश्रीविशेषितः ॥१२९०॥

१२९०. बिना प्रतिरोध श्रीनगर में प्रविष्ट हुआ । सैन्य समन्वित वह विजयश्री से सुशोभित था ।

सम्राडकबरो जातस्तत्र चैवं प्रशासकः ।
तन्नाम्नास्तुतिपाठश्चाऽभवत् स्वाधीनता गता ॥१२९१॥

१२९१ इस प्रकार सम्राट अकबर वहाँ प्रशासक हुआ । उसके नाम खुतवा पढ़ा गया । कश्मीर की स्वाधीनता समाप्त हो गयी ।

ततो याकूबशाहस्तु काष्ठवाटं पलायितः ।
राज्ञा बहादुरेणास्य कातर्यमिति निन्दितम् ॥१२९२॥

याकूब-मुगल संघर्ष :

१२९२. याकूबशाह काष्ठवाट पलायित हो गया । राजा बहादुर ने उसकी कायरता की निन्दा की ।

काश्मीरान्मुगलानां च पुनर्निष्क्रासनाय सः ।
साहाय्यवचनं तेभ्यो ददौ राजाबहादुरः ॥१२९३॥

१२९३. राजा बहादुर ने कश्मीर से मुगलों को निकालने के लिये, उन्हें सहायता देने का वचन दिया ।

---

१. १५ अक्टूबर १५८६ ई० ।

कैश्चिन्मित्रैः समं शाहः काश्मीरं पुनरागतः ।
काश्मीरस्थितिरन्यासीन्मुगलानां प्रशासने ॥१२९४॥

१२९४. याकूबशाह कुछ मित्रों के साथ पुनः कश्मीर चला आया। मुगलों के शासन में कश्मीर की स्थिति कुछ अन्य (विकृत) हो गयी थी।

राज्यपालस्य तस्यासीत्कासिमस्य प्रशासनम् ।
नोदारं सर्वथा क्रूरं प्रजास्तेन प्रपीडिताः ॥१२९५॥

१२९५. राज्यपाल कासिम का शासन उदार न होकर, क्रूर था। उससे प्रजा पीड़ित हुई।

तत्र याकूबसेनायां शीघ्रमेव समागताः ।
अष्टौ सहस्रसंख्याकाः सैनिकाः शस्त्रसज्जिताः ॥१२९६॥

१२९६. वहां याकूब की सेना में आठ हजार शस्त्र सज्जित सैनिक शीघ्र संघटित हो गये।

चन्द्रकोटाभिधे ग्रामे निवासं कृतवान् निजम् ।
अत्रैव मुगलैः साकं युद्धसंघोषणा कृता ॥१२९७॥

१२९७. उसने चन्द्र कोट[1] नामक ग्राम में निवास किया। यहीं पर मुगलों के साथ युद्ध की घोषणा की।

इब्राहीमशम्सचकयुसुफादय इत्यमी ।
काश्मीरवासिनामासन् नेतारो द्रोहिणामपि ॥१२९८॥

१२९८. इब्राहीम, शम्स चक, युसुफ आदि काश्मीरियों तथा अन्य विद्रोहियों के नेता थे।

आसीत् शंषचकस्तत्र सोपुरे तस्य चान्तिके ।
सहस्रत्रयसंख्याकास्तुरगारोहिणस्तथा ॥१२९९॥

१२९९. शंष चक सोपुर (सुय्यपुर) में था। उसके पास तीन हजार अश्वारोही तथा—

अपि सप्तसहस्राङ्काः तस्यासन् च पदातयः ।
अबुल्मालीहुसेनश्च तस्यास्तां च समर्थकौ ॥१३००॥

१३००. सात हजार पैदल सैनिक थे। अबुल् म'आली एवं हुसेन चक उसके समर्थक थे।

विहाय युद्धं प्रत्यक्षं ते च काश्मीरवासिनः ।
कूटप्रयोगां संग्रामनीतिमेते समाश्रयन् ॥१३०१॥

१३०१. कश्मीरवासियों ने प्रत्यक्ष युद्ध त्यागकर, कूटनीतिक युद्ध का आश्रय लिया।

१. चन्द्रकोट : भीमवर से १५ मिल पर है।

तेन चात्यर्थमुद्विग्ना हताशा मुगलाः समे ।
नैव श्रीनगरादेते बहिर्गन्तुं तदाशकन् ॥१३०२॥

१३०२. उससे अत्यन्त उद्विग्न मुगल, श्रीनगर से बाहर निकलने में असमर्थ हो गये ।

रात्रौ श्रीनगरस्याथ भागे तस्मिश्च पश्चिमे ।
याकूबः सैनिकैः साकं चकाराक्रमणं किल ॥१३०३॥

१३०३. याकूब ने सैनिकों के साथ, रात्रि में श्रीनगर के पश्चिम ओर, आक्रमण[1] किया ।

कासिमो युसुफस्यैव प्रासादे न्यवसत्तदा ।
सोऽज्ज्वलज्जनता जाता मुगलानां विरोधिनो ॥१३०४॥

१३०४. कासिम खां उस समय युसुफ के प्रासाद में रहता था । वह प्रासाद जल गया । सब जनता मुगल विरोधी हो गयी थी ।

अब्दुलरज्जाकपार्श्वे राज्यकोषश्च योऽभवत् ।
सङ्गत्य सैय्यिदेनासौ नाशितोऽभूदशेषतः ॥१३०५॥

१३०५. राज्य कोष अब्दुल रज्जाक मामूरीके पास था । सैय्यिद अबू मौला से मिलकर, वह सम्पूर्ण कोष नष्ट कर दिया गया ।

याकूबश्च हुसेनं तं तस्य ये सहयोगिनः ।
ये चास्मै राजपदवीं ददुस्तान् हतवानसौ ॥१३०६॥

१३०६. याकूब ने हुसेन शाह तथा उसे (हुसेन को) राज पद देने वाले सहयोगियों को मार डाला ।

कालेऽस्मिन् मुगलानां च युद्धसाहाय्यकारिणः ।
बहिर्भागात् समायाताः सैनिका बहुशस्तदा ॥१२०७॥

१३०७. इसी समय मुगलों को युद्ध में सहायता करने वाले बहुत सैनिक बाहर से आ गये ।

वितस्तापारमागत्य मुगलाः सैनिकैः सह ।
याकूबशाहसेनाया उपर्यंते समाक्रमन् ॥१३०८॥

१३०८. मुगल सैनिकों के साथ वितस्ता पार आकर, याकूब शाह की सेना पर आक्रमण किये ।

पराजितः स याकूबो मुगला विजयोन्मदाः ।
अन्विष्याऽन्विष्य शत्रून् स्वान् हतवन्तश्च सर्वतः ॥१३०९॥

१३०९. याकूब पराजित हो गया । विजयोन्मत्त मुगल़ सब ओर अपने शत्रुओं को खोज-ख़ोज कर मार डाले ।

हुसेन-शंष-शमसुद्दीनप्रमुखास्तत्र ये स्थिताः ।
सोपुरं चाधिकृत्यासन् तत्रापि मुगला गताः ॥१३१०॥

१३१०. हुसेन खां, शंष चक तथा शमसुद्दीन आदि प्रमुख लोग, जो सोपुर अधिकृत कर लिये थे, वहां भी मुगल सैनिक गये ।

निशायां मुगलेष्वेतैः कृतं चाक्रमणं खलु ।
तथापि क्षीणसैन्यास्ते मुगलैः तैः पराजिताः ॥१३११॥

१३११. उन लोगों ने रात्रि में मुगलों पर आक्रमण किया, तथापि उनका बल क्षीण हो गया । वे मुगलों से पराजित हो गये ।

याकूबश्च तथा चान्ये सामन्ता गिरिमाश्रिताः ।
षडशीत्युत्तरेपञ्चदशाब्दे ख्रीष्टवत्सरे ॥१३१२॥

१३१२. याकूब शाह तथा अन्य सामन्त पर्वत का आश्रय ग्रहण कर लिये । ९ दिसम्बर, १५८६ ई० वर्ष में—

युसुफश्च हुसेनश्च तथा चासौ मुहम्मदः ।
मुगलानां पुरोऽकुर्वन् समे स्वात्मसमर्पणम् ॥१३१३॥

१३१३. युसुफखां, हुसेन खां तथा मुहम्मद भट्ट ने मुगलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया ।

सप्ताशीत्युत्तरेपञ्चदशाब्दे ख्रीष्टके च ते ।
लाहौरेऽकबरस्याग्रे सैनिकैः सन्निधापिताः ॥१३१४॥

१३१४. सैनिकों ने उन्हें २ मार्च, १५८७ ई० वर्ष में लाहौर में अकबर के समक्ष उपस्थित किया ।

मासद्वयमितं नाऽभूत् संघर्षः शीतकालतः ।
वसन्ते काष्टवाटं च याकूबः पुनरागतः ॥१३१५॥

याकूब का पुनः आक्रमण :

१३१५. शीतकाल के कारण दो मास संघर्ष नहीं हुआ । वसन्त ऋतु में याकूब काष्टवाट पुनः आ गया ।

उलराख्ये च विषये डगवनपर्वतस्य च ।
पादमूले निजं स्थाम निगूढं कृतवानसौ ॥१३१६॥

१३१६. उसने उलर विषय में डगवन पर्वत के पादमूल में अपना स्थाम बनाया ।

करनावात् परावृत्य सोपुरं शंष आगतः ।
संघर्षः खण्डशोजातः काश्मीरि-मुगलेष्वथ ।।१३१७।।

१३१७. शंष चक करनाव[1] से सोपुर आ गया। काश्मीरियों एवं मुगलों में आंशिक संघर्ष होता रहा।

पुलवानान्तिकस्थे च गुसुस्थाने पुनः खलु ।
याकूबेन समं जातः संग्रामो भृशदारुणः ।।१३१८।।

१३१८. पुलवाना के गुसु[2] स्थान पर याकूब के साथ भयंकर युद्ध हुआ।

मुगला विजिता जाता भूत्वा चोत्साहितः ततः ।
गोपाद्रिपादमूलेऽसौ याकूबः स्थाम चाश्रयत् ।।१३१९।।

१३१९. मुगल पराजित हो गये। उससे उत्साहित होकर, याकूब गोपाद्रि पादमूल में स्थाम लगाया।

शंषः श्रीनगराद् क्रोशद्वयान्ते पश्चिमे स्थिते ।
हांजिनिके नाम दुर्गे स्वाधिकारमथाकरोत् ।।१३२०।।

१३२०. शंष ने श्रीनगर से दो कोश पर स्थित, हंजिक[3] दुर्ग पर अधिकार कर लिया।

पञ्चवारेषु युद्धेषु मुगलाः कुशला इमे ।
काश्मीरवासिनश्चैतान् पश्चात्कृत्य न्यवारयन् ।।१३२१।।

१३२१. युद्ध कुशल मुगलों ने युद्ध में पांच बार काश्मीरी सैनिकों को पीछे हटाया किन्तु—

वारषट्के तु दुर्दैवात् मुगलास्ते पराजिताः ।
ससैन्यः कासिमश्चासौ पुनः श्रीनगरं गतः ।।१३२२।।

१३२२. छठीं बार दुर्भाग्य से मुगल पराजित हो गये। कासिम सेना सहित पुनः श्रीनगर चला गया।

हंजिनिकस्यान्तिके च शंषयाकूबयोर्द्वयोः ।
संयुक्तसेनया साकं मुगलानां रणोऽभवत् ।।१३२३।।

१३२३. हंजिक के निकट शंष चक तथा याकूब की संयुक्त सेना के साथ मुगलों का युद्ध हुआ।

---

१. करनाव : काश्मीर के उत्तर-पश्चिम में करनाव अंचल है। यहां के निवासी खस हैं। यह क्षेत्र कृष्णगंगा और काजीनाग पर्वत के मध्य में है। प्राचीन करनाह जिला है।

२. गुसु : गुस : पुलवाना तहसील (अनन्त नाग) में एक गांव है।

३. हंजिक या हाजनिक : श्रीनर से ४ मील पश्चिम एक किला था।

मुगलाः विजितास्तत्र संग्रामे परितोऽभवन् ।
खखबाणेन्दुसंख्याकास्तदीयाः सैनिका हताः ॥१३२४॥

१३२४. वहां युद्ध में मुगल सब ओर पराजित हो गये। उनके १,५०० सैनिक मारे गये।

मुगलाधिकृतं ह्यासीत्तदा श्रीनगरं किल ।
भागद्वयवतीं सेनां कासिमस्तु चकार ताम् ॥१३२५॥

१३२५. उस समय मुगलों के अधिकार में केवल श्रीनगर रह गया था। कासिम ने अपनी सेना को दो भागों में विभक्त कर दिया।

पुराधिष्ठानतश्चैकां गोपाद्रेः पादमूलतः ।
द्वितीयां स्थापयामास याकूबं रोद्धुमिच्छया ॥१३२६॥

१३२६. एक को पुराधिष्ठान में तथा दूसरी को गोपाद्रि (शंकराचार्य पर्वत) पादमूल में याकूब को रोकने के लिये नियुक्त कर दिया।

मुगला न बहिर्गन्तुं शेकुर्मासद्वयं खलु ।
शारिकापर्वते स्थाम चक्रुः काश्मीरवासिनः ॥१३२७॥

१३२७. मुगल दो मास बाहर नहीं निकल सके। कश्मीरवासियों ने शारिका पर्वत[1] पर अपना स्थाम लगाया।

यूथबद्धाः समाक्रम्य भृशं काश्मीरसैनिकाः ।
पर्यलुण्ठन्नमी चैतान् मुगलान् नगरे स्थितान् ॥१३२८॥

१३२८. काश्मीरी सैनिक यूथबद्ध आक्रमण कर, नगर में स्थित मुगलों को लूट लेते थे।

काश्मीरिणामथो नैकदुष्कार्यैः खिन्नमानसः ।
कासिमो दत्तवान् स्वीयं त्यागपत्रं निजात् पदात् ॥१३२९॥

१३२९. काश्मीरियों के अनेक दुष्कार्यों से खिन्न होकर, कासिम ने अपने पद से त्याग-पत्र दे दिया।

राज्यं पालयतस्तस्य कासिमस्य प्रशासनम् ।
आसीत् काश्मीरके चैकादशमाससमितं च तत् ॥१३३०॥

१३३०. कश्मीर में राज्यपाल के रूप में उसका प्रशासन ११ मास पर्यन्त रहा।

अथ सम्राडकबरो मीराहमदसम्भवम् ।
द्वात्रिंशदब्ददेशीयं युसुफ्खाँरिजवीं पुनः ॥१३३१॥

युसुफ खां रिजवी ई० वर्ष १५८७-१५९० :

१३३१. सम्राट अकबर ने मीर अहमद के बत्तीस वर्षीय पुत्र युसुफ खां रिजवी को—

---

१. शारिका पर्वत : कोहमारान या हरी पर्वत।

न्ययुङ्क्त कासिमस्थाने द्वितीयं राज्यपालकम् ।
सार्द्धद्विवर्षपर्यन्तं शासनं कृतवानसौ ।।१३३२।।

१३३२. कासिम के स्थान पर (काश्मीर में) द्वितीय राज्यपाल नियुक्त किया। उसने दो वर्ष छः मास शासन किया।

मसूदखाँ सैय्यिदोऽभूत् कुशलो युद्धमर्मवित् ।
प्रियोऽकबरसम्राजो बाणेभाश्वेन्दुवत्सरे ।।१३३३।।

१३३३. युद्ध मर्मज्ञ एवं चतुर मसूद खां सैय्यिद सम्राट अकबर का प्रियपात्र था। वह ई० १७८५ में—

विहारे स्वायुषश्चन्द्रवह्निसम्मितवत्सरे ।
खखबाणाक्षिसंख्याश्वसेनानायकतामगात् ।।१३३४।।

१३३४. इकतीस वर्ष की अवस्था में बिहार में २,५०० अश्व सैनिकों का नायक बना।

स एव नन्दाग्निवया नियुक्तो
जातः शतघ्नीभवनप्रधानः ।
षडङ्कबाणेन्दुमिते तु वर्षे
प्रधीर्गतो भारतयाम्यभागम् ।।
सहायकोऽबुल्फजलस्य भूत्वा
कृतानि कृत्यानि महत्त्वन्ति ।।१३३५।।

१३३५. उन्तालीस वर्ष की अवस्था में वह शतघ्नी प्रधान (तोपखान का दरोगा) नियुक्त हुआ। १५९६ ई० वर्ष में दक्षिण भारत गया। अबुल फजल के सहायक रूप में उसने महत्वपूर्ण कार्य किये।

शूलेनोदरनिष्ठेन स नीतो जालनापुरात् ।
चतुरो नीतिविच्छास्ता यमराजा निजालयम् ।।१३३६।।

१३३६. चतुर एवं नीतिज्ञ वह जालना में उदरशूल से दिवंगत हो गया।

शवो मसहदे भूमौ निक्षिप्तस्तत्सुतास्त्रयः ।
द्वितीयो गद्यकुशलो मिर्जा चैवजसंज्ञकः ।।१३३७।।
"चमनं" नाम तद्ग्रन्थं विजानन्त्यैतिहासिकाः ।।

१३३७. उसका शव मसहद में भूमिसात् किया गया। उसके तीन पुत्र थे। द्वितीय मिर्जा एवज लेखन में कुशल था। उसके इतिहास ग्रन्थ को ऐतिहासिक 'चमन' नाम से जानते हैं।

हुमायूंनामाख्यं गुलवदन नाम्नी व्यरचयत्
हुमायोंरैतिह्यं सुपदभरितं बाबरसुता ।
नगेभेष्विन्द्वब्दे तदिदमभिपश्यन्ति सुधियः
स्फुरन्नानावृत्तावलिकलितभूपालचरितम् ।।१३३८।।

१३३८. बाबर की कन्या गुलबदन ने ई० वर्ष १५८७ में सुललित पदों में हुमायूं का इतिहास "हुमायूं नामा" लिखा। इसमें सुन्दर पदों में हुमायूं का चरित लिखा है।

नागेभबाणेन्दुमिताब्दमध्ये
काश्मीरमुल्लाऽऽस किलेस्फहानी ।
स तालिबाख्योऽथ खलीलबाबा
तृतीयको भट्टमुहम्मदोऽभूत् ।।१३३९।।

१३३९. ई० वर्ष १५८८ के मध्य कश्मीर के मुल्ला तालिब इस्फहानी, बाबा खलील एवं मुहम्मद भट्ट—

त्रीनप्येतान् सहादाय युसुफो रिजवी ययौ ।
कश्मीरदेशं लाहौरात् परभेदविधित्सया ।।१३४०।।

१३४०. इन तीनों को साथ लेकर, शत्रु भेदन की इच्छा से, युसुफ रिजवो लाहौर से, कश्मीर गया।

बाबा खलीलः कश्मीरे इस्फहानादुपागतः ।
कविर्नियमनिष्ठोऽसौ युसुफेन प्रतिष्ठितः ।।१३४१।।

१३४१. बाबा खलील इस्फहान से (चकों के समय) कश्मीर आया था। उस नियमनिष्ठ कवि को युसुफ ने प्रतिष्ठित किया था।

बालतिस्तानराजानमलीरायाभिधम्प्रति ।
दूतं विधायाकबरः प्रेषयामास तं बुधम् ।।१३४२।।

१३४२. अकबर ने उस विद्वान को दूत बना कर, बालतिस्तान के राजा अली राय के पास भेजा था।

शतायुस्तिब्बतैतिह्यं लिखित्वाऽसौ जहौ तनुम् ।
तदा तु काबुले राज्यपालोऽभूज्जैनखानकः ।।१३४३।।

१३४३. उसने तिब्बत का इतिहास लिखा था। सौ वर्ष की अवस्था में वह दिवंगत हुआ। उस समय काबुल में जैन खां राज्यपाल था।

तदोरसा भीमवरो विजोरे कन्दहारकः ।
स्वात-काबुल-काश्मीरा आसन्नेकत्र शासने ।।१३४४।।

१३४४. उस समय उरसा (पखली) भीमवर, विजोर, कन्दहार, स्वात, काबुल एवं काश्मीर एक शासन के अन्तर्गत थे।

काश्मीरद्वाररक्षित्वं नायकेषु तदाऽभवत् ।
स्वपक्षगांस्तु तान् कर्त्तुं युसुफः प्राहिणोत्त्रयम् ।।१३४५।।

१३४५. उस समय कश्मीर-द्वार रक्षा का भार नायकों पर रहता था । युसुफ ने उन्हें अपने पक्ष में करने के लिये—

भट्टम्मुहम्मदं बाबाखलीलं चेस्फहानिनम् ।
तदेहं तर्हि कश्मीरे नेतारो धर्मवादिनः ।।१३४६।।

१३४६. मुहम्मदभट्ट, बाबा खलील तथा बाबा तदेह (गस्तेव) इस्फहानो को प्रेषित किया । उस समय वे तीनों कश्मीर में धर्मवादी नेता थे ।

आसंस्त्रयोऽप्यतस्तेषां मत्वा वचनगौरवम् ।
नायका मौगलीं सेनां विशन्तीं न न्यवारयन् ।।१३४७।।
रक्षाव्यवस्था विफला काश्मीराणामजायत ।

१३४७. अतएव उनके वचन के प्रति समादर भाव के कारण, नायकों ने कश्मीर में प्रवेश करतो मुगल सेना को निवारित नहीं किया । कश्मीरियों की रक्षा व्यवस्था विफल हो गयी ।

काश्मीरमेत्य युसुफः खानोऽवन्तीपुरान्तिकम् ।
सेनामास्थाप्य काश्मीरैर्युयुधे मधुवासरे ।।१३४८।।

१३४८. कश्मीर आकर युसुफ खान ने अवन्तीपुर के निकट सेना स्थापित की । वसन्त ऋतु में कश्मीरियों से उसने युद्ध आरम्भ कर दिया ।

विजित्य शम्सःसोपोरमेत्य श्रीनगरान्तिकम् ।
प्रत्यवस्थे हाजिके तस्मान्निजसेनाऽयनं व्यधात् ।।१३४९।।

१३४९. शम्स चक सोपोर जीतकर, श्रीनगर के निकट पहुंचा । वहाँ से हाजिक जाकर, अपनी सेना का केन्द्र बनाया ।

तदानीं समभूत् संघो जलालुद्दीननिर्मितः ।
यस्मिन्नोरकजाई स ह्यफरीदी च संगतौ ।।१३५०।।

१३५०. उन समय जलालुद्दीन ने एक संघ बनाया था, जिसमें ओरकजाई एवं अफरीदी (कबीले) सम्मिलित हुए थे ।

उपद्रवं समारेभे स्वातबाजौरदेशयोः ।
जिगीषया जैनखानो नागेभेष्विन्दुवत्सरे ।।१३५१।।

१३५१. ई० वर्ष १५८८ में विजय की अभिलाषा से जैनखान ने स्वात तथा बाजौर में उपद्रव प्रारम्भ किया ।

युसुफो दमनोपेक्षी स्वौदार्यमनुवर्तयन् ।
चक्रे प्रजा निरातङ्का देशे शान्तिमनीनयत् ॥१३५२॥

१३५२. युसुफशाह ने दमन की उपेक्षा कर, उदारता दिखायी। प्रजा का आतंक दूर कर, देश में शान्ति स्थापित की।

विजित्य सर्वथा शम्सचकमात्मसमर्पणम् ।
कारयित्वा प्रैषयत्तं सभामकबरप्रभोः ॥१३५३॥

१३५३. उसने शम्सचक को जीत कर, उससे आत्मसमर्पण कराया। तत्पश्चात् उसे अकबर की सभा में भेज दिया।

तत्सुताऽकबरस्यान्तःपुरे स्थानमवाप च ।
नन्देभशरचन्द्राब्दे वर्षे पर्यत्यजंस्तनूः ॥१३५४॥

१३५४. उसकी पुत्री ने अकबर के अन्तःपुर में स्थान प्राप्त किया। ई० वर्ष १५८९ में—

शिराजीमीरफतहउल्ला टोडर्मलो नृपः ।
राजा च भगवान्दासो गायकस्तानसेनकः ॥१३५५॥

१३५५. मीरफतहउल्ला शिराजी, राजा टोडरमल, राजा भगवानदास एवं गायक तानसेन का देहान्त हो गया।

फतहस्य मजारोऽभूत् शंकराचार्यपर्वते ।
खवेददिवसान्ते तु टोडराद् भगवानगात् ॥१३५६॥

१३५६. मीरफतह उल्ला की मजार शंकराचार्य पर्वत पर बनायी गयी। टोडरमल के मृत्यु के चालीस दिन पश्चात् राजा भगवानदास की मृत्यु हुई थी।

नन्देभबाणेन्दुमिताब्दमासे तुर्य्ये नगाक्ष्यह्नि चकार पूर्वम् ।
कश्मीरमत्याऽकबरः स सम्राड् यात्रां पथा भीमवरोपगेन ॥१३५७॥

अकबर की प्रथम बार काश्मीर-यात्रा :

१३५७. सम्राट अकबर ने २७ अप्रैल १५८९ ई० वर्ष में भीमवर मार्ग से कश्मीर की यात्रा की।

मार्गं विधातुं त्रिसहस्रसंख्याः
सुशिल्पिनः प्रस्तरखण्डनार्थम् ।
सहस्रयुग्मं किल वेल्लनार्थं
तस्य प्रयाणे प्रहितं पुरस्तात् ॥१३५८॥

१३५८. उसकी यात्रा के पूर्व, मार्ग निर्माण के लिये, तीन हजार पत्थर काटने वाले शिल्पी तथा दो हजार वेलदार (मजदूर) भेजे गये।

अथ द्वितीये दिवसे नृपोऽसौ
निस्तीर्य रावीं नवचन्द्रघस्रे ।
मासेऽग्रिमे भीमवरं जगाम
यात्रा ततोऽश्वैरथपादचारैः ॥१३५९॥

१३५९. अप्रैल २८ को सम्राट् अकबर राबी नदी पार कर, १९ मई को भीमवर पहुँचा। तदनन्तर वहां से अश्वों द्वारा तथा पैदल उसकी यात्रा प्रारम्भ हुई।

मईमासस्य पञ्चाक्षिदिने प्राक्रंस्त सैनिकाः ।
हिमाश्लिष्टे समारोढुं पीरपञ्जालपर्वते ॥१३६०॥

१३६०. मई २५ को सैनिकों ने हिमपूर्ण पीरपञ्जाल पर्वत पर चढ़ाई प्रारम्भ की।

सार्द्धक्रोशद्वयं मार्गे हिमानी मिलिता ततः ।
द्वितीयदिवसे सम्राडगाद्धीरपुरं सुखम् ॥१३६१॥

१३६१. मार्ग में दो कोश पर्यन्त हिमानी (बर्फ) मिली। तत्पश्चात् सम्राट् वहां से दूसरे दिन हीरपुर पहुँचा।

पञ्चमे जूनदिवसे गत्वा श्रीनगरान्तरम् ।
सम्प्रादाद्विप्रबालेभ्यः सुवर्णं शाहसत्तमः ॥१३६२॥

१३६२. सम्राट् ने ५ जून को श्रीनगर में प्रवेश किया। वहां उसने विप्र बालकों को सुवर्ण दान दिया।

सार्द्धाष्टवादने प्रातः प्रासादम्प्राविशन्नृपः ।
मिर्जायुसुफखानस्य तदा तस्मै ददुर्द्विजाः ॥
काव्येतिहासरुचिराकारां "राजतरङ्गिणीम्" ॥१३६३॥

१३६३. लगभग साढ़े आठ बजे प्रातः उसने मिर्जा युसुफ के प्रासाद में प्रवेश किया। उस समय ब्राह्मणों ने उसे उत्तम काव्य-इतिहास ग्रन्थ 'राजतरंगिणी' प्रदान किया।

पारसीकगिरा तत्तु विवर्तयितुमादिशत् ।
शाहमुहम्मदं शाहाबादिनं सा न लभ्यते ॥१३६४॥

१३६४. सम्राट् ने फारसी भाषा में उसका अनुवाद करने के लिये शाह मुहम्मद शाहाबादी को आदेश दिया। वह कृति (अनुवाद) इस समय अप्राप्त है।

मार्ताण्डमगमत्पश्चात्तत्र मुक्ताविभूषिताः ।
विप्रेभ्यो गा ददौ सेनानिवासं दूरतोऽकरोत् ॥
शहाबुद्दीनसंज्ञे तु पुरे नेच्छन् प्रजाभयम् ॥१३६५॥

१३६५. तत्पश्चात् वह मार्तण्ड गया। उसने वहां मुक्ताविभूषित गायें विप्रों को दान किया। प्रजा को कष्ट न हो, एतदर्थ उसने दूर स्थित शाहाबुद्दीन पुर में सेना का शिविर लगाया।

स्थानं श्रीनगरादेतद्गव्यूतिद्वितयात्परम् ।
अस्ति वायव्यकोणस्थं यत्रत्वकबरोऽवसत् ।।१३६६।।

१३६६. यह स्थान श्रीनगर से ८-९ मील दूर, वायव्यकोण में स्थित है, जहां अकबर ने निवास किया।

हसन्शाहचकाराम नाम तत्स्थानमीक्ष्यते ।
ख्वाजाबाजारनौहट्टासंज्ञे श्रीनगरान्तरे ।।१३६७।।

१३६७. वह स्थान ''हसन शाह चक बाग'' नाम से जाना जाता है, वह श्रीनगर के अन्तर्गत ख्वाजा बाजार नौहट्टा में है।

तस्थौ जुलाईमासान्तं यावदत्र महीपतिः ।
अत्र नौकोत्सवं चक्रे वितस्ताविततामबुनि ।।१३६८।।

१३६८. सम्राट् अकबर ने यहां जुलाई पर्यन्त निवास किया। उसने वितस्ता के विस्तृत जल में नौका उत्सव आयोजित किया।

उत्सवे संगता नावस्त्रिशत्साहस्रसंख्यकाः ।
तस्थौ यत्र नृपो नौःसा तख्त-ए-रावनाभिधा ।।१३६९।।

१३६९. उस उत्सव में तीस हजार नौकाएँ सम्मिलित हुई थी। नृपति स्वयं 'तख्त-ए-रावन' पर सवार था।

शारिकापर्वते दुर्गं विनष्टं चकशासने ।
काबुलीयहुसेनेन स शाहो निरमापयत् ।।१३७०।।

१३७०. शारिका पर्वत पर स्थित दुर्ग, चक शासन में विनष्ट हो गया था। सम्राट् ने ख्वाजाहुसेन काबुली द्वारा उसका निर्माण कराया।

ततः पद्मपुरेऽनन्तनागनन्दवले तथा ।
कृत्वा यात्रामक्षबले तथैव विजयेश्वरे ।।१३७१।।

१३७१. तदनन्तर सम्राट् अकबर ने पद्मपुर[1], अनन्तनाग, नन्दवल, अक्षबल[2] तथा विजयेश्वर[3] की यात्रा की।

सुरेश्वरीसरोवारि दृष्ट्वोद्यानं परिप्लवत् ।
निममज्ज चिरं शाहो हर्षविस्मयसागरे ।।१३७२।।

१३७२ अकबर सुरेश्वरी[4] सरोवर के जल में तैरते उद्यान[5] को देखकर, हर्ष-विस्मय-सागर में डूबता रहा।

---

१. पद्मपुर=पामपुर। २. अक्षवल=अचबल। ३. विजयेश्वर = विजवेहरा :
४. सुरेश्वरीसर = डल लेक। ५. तैरते उद्यान = फ्लोटिंग गार्डन।

नृपागमे दीपमाला वितस्तायास्तटद्वये ।
बभूवोल्लासिजनतावक्त्रमालाऽनुषंगिनी ॥
तद्दिने शम्सचक्कन्याऽकबरान्तःपुरं ययौ ॥१३७३॥

१३७३. नृपति के आगमन के अवसर पर वितस्ता के दोनों तटों पर, अलंकृत दीप मालिकाएं उल्लसित जनता की मुखमालाओं से संयुक्त हो रही थी। उसी दिन शम्स चक की कन्या ने अकबर के अन्तःपुर में प्रवेश प्राप्त किया था।

कृष्यायकरयोर्नेतुं सामरस्यमसौ नृपः ॥
विस्तृताख्यां रचयितुं द्वौ प्रवीणौ समाऽदिशत् ।
काजी नुरुल्लानामानं तोतारामं तथैव च ॥१३७४॥

१३७४. नृपति ने कृषि-आय एवं कर में समरूपता लाने के लिये काजी नुरुल्ला तथा तोता राम को विस्तृत आख्या प्रस्तुत करने का आदेश दिया।

आख्यायामुपलब्धायां द्वौ प्रधानावयापयत् ।
कश्मीरं हसनं वेगम् उमरं शेखमेव च ॥१३७५॥

१३३७५. आख्या प्राप्त होने पर, सम्राट् ने दो प्रमुख व्यक्तियों हसनवेग तथा उमर शेख को कश्मीर भेजा।

तदा मुगलवीराणां दत्ता वृत्तिस्तु मासिकी ।
वस्त्वन्नादिमयी जाता ततःप्रभृति रौप्यकी ॥१३७६॥

१३७६. उस समय मुगल सैनिकों को वस्तु-अन्नादि के रूप में दी जाने वाली मासिक वृत्ति रुपयों में कर दी गयी।

ययौ जुलाईमासेऽसौ सूफीवाहिदमन्दिरम् ।
युसुफो मदिरामत्तः सौधान्नारीमधोऽक्षिपत् ॥
सौधोद्देशं विलोक्येदं तदित्यकबरोऽदिशत् ॥१३७७॥

१३७७. अकबर जुलाई में वाहिद सूफी के घर गया था। मदिरामत्त युसुफ ने प्रासाद से एक स्त्री को नीचे गिरा दिया था। अकबर ने सौध स्थान देखकर—बतला दिया, "वह स्थान यह है।"

प्रभाते कश्चिदज्ञातो गायतिस्मैष तद्वयः ।
कण्ठस्वरेण निर्णेतुमादिशत् स्वान्तिकस्थितान् ॥१३७८॥

१३७८. एक बार प्रातःकाल कोई अज्ञात व्यक्ति गा रहा था, अकबर ने समीपस्थ लोगों को कण्ठस्वर से उसकी आयु ज्ञात करने का आदेश दिया।

खवेदाब्दाः खबाणाब्दा वा स्युरित्येव तेऽब्रुवन् ।
विंशतिन्त्वब्रवीच्छाहः पृष्ट्वाऽवैत्पश्चविंशतिम् ॥१३७९॥

१३७९ उन लोगों ने उसकी आयु ४० वर्ष या ५० वर्ष कही। शाह ने बीस वर्ष कही। पूछने पर उसकी आयु बीस वर्ष ज्ञात हुई।

सप्ताहषट्के कश्मीरे गते सम्राण् निवर्तने ।
बुलियासपथं क्लिष्टं दृष्ट्वाऽयादुरशाऽध्वना ॥१३८०॥

१३८०. छः सप्ताह कश्मीर में व्यतीत करने के पश्चात् लौटते समय बुलियासमार्ग कष्ट कर जान कर, सम्राट् ने उरशामार्ग से प्रस्थान किया।

लाहौरं प्रस्थितं शाहं युसुफः खाँऽन्वयात्स्वयम् ।
स्निग्धः सीमान्तपर्यन्तम् अथासौ प्रथमं दिनम् ॥१३८१॥

१३८१. जब अकबर ने लाहौर प्रस्थान किया, उस समय युसुफ ने सीमान्त पर्यन्त स्वयं अनुगमन किया। सम्राट् ने प्रथम दिन—

नीत्वाऽथान्दरकोटाख्ये द्वितीयदिवसे गतः ।
जैनलंकोल्लोलसरोऽध्वना बारहमूलकम् ॥१३८२॥

१३८२. अन्दर कोट में व्यतीत किया। दूसरे दिन वह जैन लंका उल्लोल सर मार्ग से बारहमूला पहुंचा।

अमीरफतहोल्लाख्यः शिराजी निधनं गतः ।
स्थानेऽलीहमदान्याख्ये गोपाद्रौ निहितं वपुः ॥१३८३॥

१३८३. अमीर फतह उल्ला शिराजी का देहान्त खानखाह अली हमदानी में हुआ। गोपाद्रि पर्वत पर उसे दफन किया गया।

मौलानाऽलीत्यहमदो हुसेननकशीसुतः ।
कविस्तदानीं कश्मीरे यात्रां दिल्लीपदोऽकरोत् ॥१३८४॥

१३८४.उस समय मौलाना हुसेन नक्शी के पुत्र मौलाना अली अहमद कवि दिल्ली ने कश्मीर की यात्रा की।

कश्चिन्मिर्जालश्करस्य युसुफ्खानतनूभुवः ।
सैनिको नागरं कञ्चिद् वृथा चिरमपीडयत् ॥१३८५॥

१३८५. युसुफ खान के पुत्र मिर्जा लश्कर के एक सैनिक ने किसी नागरिक को वृथा पीड़ित किया।

तं ग्रहीतुमभूदाज्ञा स भयेन पलायितः ।
तथापि लोके भीत्यर्थं क्वचिन्नावीन्धनोच्चयम् ॥१३८६॥

१३८६. उसे निगृहीत करने का आदेश हुआ। वह भयवश पलायित हो गया तथापि लोगों में भय उत्पन्न करने के लिये नाव में काष्ठ समूह—

सुरेश्वरीसरोमध्ये धृत्वा वह्निः प्रदीपितः ।
दोषिणो दण्डनं ख्यातं तेन कृत्येन सर्वतः ।।१३८७।।

१३८७. रखकर, सुरेश्वरी सरोवर के मध्य, उसमें आग लगा दी गयी। उस कार्य से सर्वत्र दोषी को दण्डित करना प्रख्यात हो गया।

तदानीं गृहनौकानां पुपोष रचनाकलाम् ।
राङ्कवाणाञ्चवस्त्राणां शाहः सौन्दर्यसेवकः ।।१३८८।।

१३८८. उम समय शाह ने नौका गृहों एवं ऊनी वस्त्रों की रचना कला को प्रोत्साहित किया।

शारिकाशैलपादान्ते नागरं नगरं नृपः ।
मुहम्मदहुसेनेन रुचिरं निरमापयत् ।।१३८९।।

१३८९. अकबर ने शारिक पर्वत के पादान्त में (ढाल पर) मुहम्मद हुसेन द्वारा सुन्दर नगर नागर निर्मित कराया।

दशलक्षाग्रया कोट्या मुद्राणां नगरं कृतम् ।
तत्रैव नगरे सैन्यं मौगलं विनिवेशितम् ।।
यथा नागरिकास्तेषामौद्धत्यात्स्युर्न पीडिताः ।।१३९०।।

१३९०. एक करोड़ दश लाख मुद्राओं से नगर निर्मित किया गया। उसी नगर में मुगल सेना ने निवास किया, जिससे नागरिक उनके औद्धत्य से पीड़ित न हों।

रिजवीराज्यपालत्वे याकूबः काष्ठवाटके ।
वसन् बिभेति स्म सदा ततोऽकबरतस्तथा ।।१३९१।।

१३९१. रिजवी के राज्यकाल में याकूब काष्ठवाट में रहते हुए, अकबर से सदा भयभीत रहता था।

कृत्वा वर्षत्रयं यावत्संघर्षं मनसा स्वयम् ।
मत्वा पराजयं स्वीयमात्मानं विन्यवेदयत् ।।१३९२।।

१३९२. तीन वर्ष संघर्ष करके, उसने मन में अपना पराजय स्वीकार कर लिया तथा—

नन्देभबाणेन्दुमिते वर्षेऽगस्तागवासरे ।
बभूव तु सैय्यिदाबूमालीब्राहीमखां तथा ।।१३९३।।

१३९३. १५८९ ई० वर्ष में सात अगस्त को आत्मसमर्पण कर दिया। सैय्विद अबुलम' आली एवं इब्राहीम खां—

याकूबसंगिनौ तत्रेब्राहिमो निजसोदरम् ।
क्षमाप्रार्थनमालिख्याकबरान्तिकमैरयत् ।।१३९४।।

१३९४. याकूब के साथी थे। वहां से इब्राहीम खां ने भ्राता को क्षमापत्र के साथ अकबर के पास भेजा।

अगस्तस्यैव रुद्राह्वीब्राहिमोऽकबरान्तिकम् ।
अभिनीतस्तन्तु शाहश्चक्षमेनष्टदौर्हृदम् ।।१३९५।।

१३९५. ग्यारह अगस्त को इब्राहीम अकबर के समीप उपस्थित किया गया। दुर्भावना शान्त हो जाने के कारण शाह ने उसे क्षमा कर दिया।

युसुफो रिजवी यातो नीत्वा याकूबशाहकम् ।
लाहौरं बादशाहस्तं मानसिंह समर्पिपत् ।।१३९६।।

१३९६. युसुफ रिजवी याकूब शाह को लेकर, लाहौर गया। बादशाह याकूब को मानसिंह को अर्पित करा दिया।

तदानीं राज्यपालोऽभूद्विहारे मानसिंहकः ।
शाहाज्ञया स याकूबो न्यवात्सीज्जनकान्वितः ।।
मानाधीनो रोहतासे मानयन् शाहशासनम् ।।१३९७।।

१३९७. मानसिंह उस समय बिहार में राज्यपाल था। शाह की आज्ञा से याकूब पिता के साथ मानसिंह के संरक्षण में रोहतास में रहने लगा।

स्वस्मात्परं तु युसुफः कश्मीरे राज्यपालकम् ।
चक्रे मिर्जा यादगारं भ्रातृजं तीक्ष्णचेतसम् ।।१३९८।।

१३९८. युसुफ ने अपने पश्चात् अपने भ्राता के पुत्र मिर्जा यादगार को राज्यपाल नियुक्त कर दिया।

रिजवी युसुफः खानो लाहौराद्देहलीमगात् ।
ततो बभूव कश्मीरे शासनं दुरवस्थितम् ।।१३९९।।

१३९९. युसुफ रिजवी खां लाहौर से दिल्ली चला गया। तदनन्तर कश्मीर में शासन अव्यवस्थित हो गया।

सुस्थतायैत्वकबरः काजीद्वयमयापयत् ।
नसरुल्लाहनामानमलीसंज्ञं तथैव च ।।१४००।।

१४००. अकबर ने वहाँ की स्थिति ठीक करने के लिये, काजी नसरुल्लाह तथा अली को कश्मीर भेजा।

निवृत्तो नसरुल्लाहो वृत्तं सर्वमबोधयत् ।
अलीसहायतार्थन्तु प्रहितः शेख ऊमरः ।।१४०१।।
तथा हुसेनवेगश्च सम्राजा कार्यदर्शिनौ ।

१४०१. कश्मीर से लौटकर, नसरुल्लाह ने सब वृत्तान्त ज्ञात कराया। अलीशाह की सहायता के लिये सम्राट ने शेख उमर तथा हुसेन वेग को कार्य दर्शक बनाकर भेजा।

तदानीं यादगारोऽसौ मिर्जा विद्रोहमाचरत् ।
बहिश्चकार काश्मीराद्धतो युसुफात्मजान् ॥१४०२॥

यादगार का विद्रोह :

१४०२. उस समय मिर्जा यादगार ने विद्रोह कर दिया। उस उद्धत ने युसुफ के पुत्रों को कश्मीर से बाहर निकाल दिया।

स्वराज्यं घोषयामास मुद्रां प्रावर्तयन्निजाम् ।
स्वनाम्ना खुतवापाठं कारयामास निर्भयम् ॥१४०३॥

१४०३. उसने निर्भय होकर, अपना राज्य घोषित कर दिया। अपने नाम की मुद्रा प्रचलित करा दी तथा अपने नाम से खुतवा पाठ कराया।

यथाप्रथं पङ्क्तियुग्मे निष्कोशासिधरा नराः ।
सिंहासनारोहदिने तस्थुर्मिर्जा तु तत्क्षणे ॥१४०४॥

१४०४. प्रथानुसार सिंहासनारोहण के दिन नग्न तलवार लिये पुरुष दो पंक्ति में खड़े रहते थे। उस समय मिर्जा—

मूर्छितो न्यपतद् भूमौ प्रथमाशकुनं तु तत् ।
दृष्ट्वैव विदितं लोकैः शुभं नैव भविष्यति ॥१४०५॥

१४०५. मूर्च्छित होकर भूतल पर गिर गया, उस प्रथम अपशकुन को देखकर, लोगोंने जान लिया—"शुभ नहीं होगा"।

तस्मिन्नेवाह्न्यसावैक्षत् स्वाङ्गुलीयकमुद्रिकाम् ।
तदक्षरेष्वसन्तुष्टः स्वान्तिके तन्निकृन्तनम् ॥१४०६॥

१४०६. उसी दिन उसने अपनी अंगूठी देखी। उसके अक्षर से असन्तुष्ट होकर, अपने समक्ष उसे खोदने का—

आदिश्य तद्वीक्षमाणस्तत्कणेनोत्थितेन सः ।
अक्षिगेनाभवत्खिन्नश्चुक्रोशाप्यतिपीडया ॥१४०७॥

१४०७. आदेश देकर, देख रहा था। अंगूठी से निकला कण उसकी आंख में चला गया, जिससे वह अत्यन्त दुःखी हुआ और पीड़ा से चीत्कार करने लगा।

तद्दुःशकुनमेतत्तु द्वितीयं समुपस्थितम् ।
नेदं राज्यं चिरं तिष्ठेदिति तज्ज्ञैर्विनिश्चितम् ॥१४०८॥

१४०८. यह दूसरा अपशकुन देखकर, विज्ञ लोगोंने निश्चय किया—"यह राज्य अधिक समय स्थायी नहीं होगा।"

पदातिसैनिका आसन् सहस्त्रत्रिचतुर्मिताः ।
युसुफानुचरास्तेषाम् कस्याप्येकस्य गेहिनीम् ॥१४०९॥

१४०९. युसुफ के तीन या चार सहस्त्रपदाति सैनिक थे। उनमें किसी एक की स्त्री का—

जहतुर्वेगहसनः शेखऊमरसेवकः ।
द्वावेतौ तेन काण्डेन करालं रूपमास्थितम् ॥१४१०॥

१४१०. हसन वेग तथा शेख ऊमर के एक सेवक ने अपहरण कर लिया। उस काण्डने भयंकर रूप ग्रहण किया।

अथ काजी अलीवेगो हसनश्चाप्युभाविमौ ।
हित्वा श्रीनगरं यातौ रक्षार्थं रावलं पुरम् ॥१४०११॥

१४११. तदनन्तर काजी अली तथा हसन वेग अपनी रक्षा के लिये श्रीनगर त्याग कर, रावलपुर चले गये।

तेषां त्वनवधानेन विद्रोहः परितोऽभवत् ।
तत्राप्यागच्छतो वीक्ष्य कुपितान्प्रतिकारिणः ॥१४१२॥

१४१२. उनकी असावधानी से विद्रोह चारो ओर फैल गया। वे वहाँ भी क्रुद्ध विद्रोहियों को आते देखकर—

पलायनपरावास्तां कश्मीराद् बदखशाजनैः ।
कैश्चित्संरक्षितो वेगहसनोऽली तु मारितः ॥१४१३॥

१४१३. कश्मीर से भी पलायित हो गये। वदखशा के कुछ लोगोंने हसन वेग की रक्षा कर ली किन्तु काजी अली विद्रोहियों द्वारा मार डाला गया।

आदाय महतीं सेनां सम्राडकबरः स्वयम् ।
राजौरीमार्गमालम्ब्य लाहौरात्प्राचलद्द्रुतम् ॥१४१४॥

१४१४. सम्राट अकबर स्वयं लाहौर से एक बड़ी सेना लेकर, राजौरी मार्ग से, कश्मीर चल पड़ा।

अथ मिर्जा यादगारो दरवेशअलीमुखाम् ।
सेनामयापयद् योद्धुं पीरपंजालवर्त्मनि ॥१४१५॥

१४१५. मिर्जा यादगार ने दरवेश अली के नेतृत्व में पीर पंजाल मार्ग पर, युद्ध के किये सेना प्रेषित की।

युयोध दरवेशस्तु दृढं मुगलसैनिकैः ।
दिनद्वयं भूरिसंख्यैस्तैर्जितस्तु पलायितः ॥१४१६॥

१४१६. दरवेश ने दो दिन प्रचुर संख्यक मुगल सैनिकों से युद्ध किया। अन्त में उनसे पराजित होकर, पलायित हो गया।

ससेनो यादगारस्तु स्वयं हीरपुरेऽवसत् ।
सहवाजेब्राहिमाभ्यां यारबेगोज्वकादिभिः ।।
युसुफानुचरैश्चान्यैराक्रम्यासौ हतो रणे ।।१४१७।।

१४१७. मिर्जा यत्दगार सेना सहित स्वयं हीरपुर स्थित रहा। सहवाजखां एवं इब्राहीमखां ने यारवेग उजबक तथा युसुफ के अनुचरों के साथ आक्रमण कर, उसे युद्ध में मार डाला।

तत्रागतस्य सम्राजो घोटकानां पदान्तिकम् ।
यादगारस्य निक्षिप्तं शिरो रक्तरजोयुतम् ।।१४१८।।

१४१८. वहां आये, सम्राट के अश्वों के पैरों के नीचे रक्त-धूलियुक्त यादगार का शिर डाल दिया गया।

अथ तृतीयः किल राज्यपालः
कुलीचखानो युसुफात्परस्तात् ।
लब्धस्थितिर्मौगलराज्यरक्षां
चकार रुद्रोपमिताब्दकालम् ।।१४१९।।

मुहम्मद कुलिच खां (ई० वर्ष १५९०-१६०१) :

१४१९. युसुफ के पश्चात् तृतीय राज्यपाल कुलिच खान ने मुगल राज्य को रक्षा का उत्तरदायित्व ११ वर्ष पर्यन्त सम्हाला।

खग्रहेष्विन्दुवर्षाद्यमासे पञ्चमवासरे ।
हुसेनो मौलवी राजदूतोऽब्दुल्लामहीपतेः ।।१४२०।।

१४२०. ई० वर्ष १५९० में पांच जनवरी को अब्दुल्ला खां बलखी का राजदूत मौलवा हुसेन—

बलखस्य समाऽयासीन्नृपाकबरसन्निधिम् ।
प्रसिद्धोऽसौ तु मलिसुस्सलातीनस्य लेखकः ।।१४२१।।

१४२१. अकबर के पास आया। वह 'मलिसुस्सलातीन' का प्रसिद्ध लेखक था।

बदायूनी सुप्रसिद्धो लेखकोऽब्दुलकादिरः ।
व्याधादकबरादेशाद् ऋजु "राजतरंगिणीम्" ।।१४२२।।

१४२२. सुप्रसिद्ध लेखक अब्दुल कादिर बदायूनी ने अकबर के आदेश से राजतरंगिणी का सरल—

अनूदितां 'मन्तखोत्तवारीखा'भिधया युतम् ।
बाणनन्देषुगोसंख्ये ख्रीस्ताब्दे तनुमत्यजत् ।।१४२३।।

१४२३, अनुवाद "मन्तख उत्तवारीख" नाम से किया। वह ई० वर्ष १५९५ में दिवंगत हुआ।

नुरुल्लाशुस्तरी काजीह्यली च बगदादगः ।
हुसेनवेगश्च तथा वदख्शी शेख ऊमरी ॥१४२४॥

१४२४. अकबर ने नुरुल्ला शुस्तरी, काजी अली बगदादी, हुसेनवेग तथा शेख उमरी बदखशी को—

अन्वीक्षणायाकबरः काश्मीरं प्राहिणोदिमान् ।
जुलाईबाणनेत्राह्नि चन्द्रनन्देषुगोऽब्दगे ॥१४२५॥

१४२५. पच्चीस जुलाई १५९१ ई० वर्ष में अन्वेषण (जांच) के लिये कश्मीर भेजा ।

तेषामन्वीक्षणे विघ्नं चक्रुर्युसुफसेवकाः ।
कश्मीरं विभजामास भूनेत्रविषयैरली ॥१४२६॥

१४२६. उनके अन्वेषण कार्य में युसुफ के सेवकों ने विघ्न उत्पन्न किया । काजी अली ने कश्मीर का २१ विषयों में विभाजन किया ।

प्रत्येकविषयायश्च मुद्रान्नाभ्यां निरूपितः ।
शम्सात्मजो हुसेनाख्यश्चको जफरखानकः ॥१४२७॥

१४२७. प्रत्येक विषय की आय मुद्रा तथा अन्न दोनों में निश्चित की गयी । शम्स पुत्र हुसेन चक तथा जफर खान—

आगत्यभारतादेतौ कमराजमराजयोः ।
विप्रतीपधिया लोकांश्चक्रतुः शासनातिगान् ॥१४२८॥

१४२८. भारत से आकर, कमराज तथा मराज में विपरीत बुद्धि के कारण लोगों को शासन के विरुद्ध करने लगे ।

लद्दाखनृपसाहाय्याद्विद्रोहं लहराभिधे ।
प्रवर्त्य विषये प्रायश्चक्रतुर्बहुलुण्ठनम् ॥
तामनीतिं नृपो वीक्ष्य साहाय्यमपनीतवान् ॥१४२९॥

१४२९. वे लोग लद्दाख नृपति की सहायता से लहर में विद्रोह किये तथा लूटपाट अधिक करने लगे । उनकी अनीति देखकर, राजा ने सहायता समाप्त कर दी ।

कोयहामगते शीराख्यकोटे केन्द्रमभूत्तयोः ।
निःसाहाय्यं तु केन्द्रं तद्राजसेना व्यनाशयत् ॥१४३०॥

१४३०. कोयहामा में शीर कोट उनका केन्द्र था । सहायता रहित, उस केन्द्र को राजसेना ने विनष्ट कर दिया ।

मुण्डैश्च तेषां मीनारो रचितो नृपसैनिकैः ।
एवमेव चका जग्मुः क्रमेणदुरवस्थितिम् ।।
भूस्वामिनां गृहे सेवावृत्तिं चक्रुरतःपरम् ।।१४३१।।

१४३१. नृप सैनिकों ने उनकी मुण्डों से मीनार बनाया । इस प्रकार चकों की दुःखद स्थिति हो गयी । इसके अनन्तर चक भूस्वामियों के घर सेवा वृत्ति करने लगे ।

प्रत्येकविषये संख्या सैनिकानां विनिश्चिता ।
मुद्रारूपेण तेषाञ्च वेतनं निरधार्यत ।।१४३२।।

१४३२. प्रत्येक विषय में सैनिकों की संख्या निश्चित कर दी गयी । उनका वेतन मुद्रा में निर्धारित कर दिया गया ।

अभ्रेष्वभ्रत्रिषट्शून्यत्रिसंख्यखरवारकैः ।
एकादशत्रकैरायः काश्मीरस्य विनिश्चितः ।।१४३३।।

१४३३. कश्मीर की आय ३०६३०५० खरबार तथा ग्यारह त्रक निश्चित की गयी ।

द्वितीयाब्बासशाहस्य चरोऽकबरसन्निधिम् ।
ययौ भूनन्दबाणेन्दुवर्षे मइपञ्चमे दिने ।।१४३४।।

१४३४. पांच मई, १५९१ ई० वर्ष में शाह अब्बास द्वितीय का दूत अकबर के पास आया ।

भूतेन्द्वह्न्यादिमासेऽब्दे नेत्रव्योमेषुभूमिते ।
लब्धवान् जन्म लाहौरे सम्राट् शाहजहाँऽभिधः ।।१४३५।।

१४३५. पन्द्रह जनवरी १५०२ ई० वर्ष में सम्राट शाहजहाँ का जन्म लाहौर में हुआ ।

नेत्रनन्देषुचन्द्राब्दप्रारम्भेऽभूदुपद्रवः ।
सीमान्तेऽयात्तु राजौरीं वेगःकाजी च मारितः ।।१४३६।।

१४३६. ई० वर्ष १५९२ के प्रारम्भ में सीमान्त पर उपद्रव हुआ । हुसेन वेग राजौरी पहुंचा और काजी मारा गया ।

नेत्राङ्कबाणेन्दुमिताब्दमध्ये
जुलाइमासस्य दिने तृतीये ।
निश्चित्य कश्मीरभुवम्प्रयातुं
शाहो दिने पञ्चदशे प्रतस्थे ।।१४३७।।

अकबर की द्वितीय कश्मीर यात्रा :

१४३७. अकबर शाह ने १५९२ ई० वर्ष में तीन जुलाई को कश्मीर की यात्रा निश्चित की तथा १५ जुलाई को प्रस्थान किया ।

द्वितीयवारं यात्रेयं लाहौरात्समजायत ।
शाहाकबरसम्राजः प्राजारञ्जनकाम्यया ॥१४३८॥

१४३८. प्रजानुरञ्जन की इच्छा से सम्राट अकबर की यह दूसरी यात्रा लाहौर से प्रारम्भ हुई थी ।

ख्वाजा निजामउद्दीनोऽहमदोऽभूद्विलेखकः ।
तवक्काते चाकबर्य्यास्तद्यात्रायां सहायकः ॥
तवक्कातिवर्णनन्तु प्रमाणञ्चैतिहासिकम् ॥१४३९॥

१४३९. इस यात्रा में ख्वाजा निजाम उद्दीन अहमद लेखक 'तवक्काति अकबरी' सहायक था । तवक्कति का वर्णन प्रामाणिक तथा ऐतिहासिक है ।

सितम्बरैकादशेऽह्नि नेत्रनन्देषुभूमिते ।
वर्षे युसुफखानस्य मृत्युःपत्न्या वियोगतः ॥१४४०॥

१४४०. ई० वर्ष १५९२ में ११ सितम्बर को युसुफ की मृत्यु, पत्नी—

हव्वाखातूनसंज्ञाया देहस्तस्य निखानितः ।
विसवकाभिधस्थाने विहारप्रान्तर्वतिनि ॥१४४१॥

१४४१ हब्बा खातून के वियोग से हो गयी । उसका शरीर बिहार में विसवक नामक स्थान पर दफनाया गया ।

विद्रोहो यादगारस्य मिर्जाखानस्य नाशितः ।
कश्मीरोपगमात्पूर्वं शाहाकबरभूपतेः ॥१४४२॥

१४४२. शाह अकबर के कश्मीर पहुँचने से पूर्व मिर्जा यादगार खान का विद्रोह नष्ट कर दिया गया था ।

सप्तमेऽक्टूबरदिने नेत्रनन्देषुभूमिते ।
वर्षे विवेश कश्मीरं पीरपंजालमार्गतः॥१४४३॥

१४४३. शाह ने १५९२ ई० वर्ष में सात अक्टूबर को पीरपंजाल मार्ग से कश्मीर में प्रवेश किया ।

चतुर्दशे दिनाङ्के तु मध्ये श्रीनगरं गतः ।
ददर्श कैसरं पुष्पं शाहः पद्मपुरे तदा ॥१४४४॥

१४४४. वह १४ अक्टूबर को श्रीनगर में प्रविष्ट हुआ । उस समय शाह ने केसर का पुष्प पद्मपुर में देखा ।

प्रायोऽशीतिसहस्राणि काश्मीरान् समभोजयत् ।
शनौ विविधपक्वान्नानीदगाहमहीतले ॥१४४५॥

१४४५. उसने शनीवार के दिन ईदगाह भूमि पर, प्रायः अस्सी हजार कश्मीर वासियों को विविध व्यञ्जनों का भोजन कराया ।

न्यवेशयद्दीपमालां वितस्तायास्तटद्वये ।
भवनेषु च शाहोऽसौ कार्तिकामानिशि स्वयम् ॥१४४६॥

१४४६. शाह ने कार्तिक अमावस्या को वितस्ता के दोनों तटों तथा भवनों को दीप-मालाओं से अलंकृत कराया ।

स्वकीयः सेवकः कश्चिन्नाम्ना हाफिजकासिमः ।
सत्यङ्गनाशीलभङ्गापराधे वर्जितोऽसुभिः ॥१४४७॥

१४४७. शाह ने हाफिज कासिम नामक अपने एक सेवक का किसी सती स्त्री के शील भंग के अपराध में बध करा दिया ।

विरोधिभ्यः क्षमां कृत्वोढ्वा च शम्सचकात्मजाम् ।
जहाँगीरेण सम्राजा भाविना चोदवाहयत् ॥
कन्यां मुबारकस्याथ हुसेनस्य चकस्य च ॥१४४८॥

१४४८. अकबर ने विरोधियों को क्षमा कर दिया तथा शम्स चक की पुत्री से विवाह किया। उसने भावी सम्राट जहांगीर से मुबारक खां तथा हुसेन चक की कन्याओं का विवाह सम्पन्न कराया।

शाहो मुगलकाश्मीरविवाहान् समवर्धयत् ।
अन्तःकाबुलराज्यस्य कश्मीरस्थितिरराययौ ॥१४४९॥

१४४९. अकबर ने मुगल एवं कश्मीरियों में विवाह सम्बन्ध को प्रोत्साहित किया। कश्मीर की स्थिति काबुल राज्य के अन्दर मानी गयी ।

मुगलाधिपतेः स्वाम्यं स्वीकुरुष्वेति संविदम् ।
दूतेन प्रेषयामास सम्राडकबरः पुरा ॥१४५०॥

१४५०. "मुगल राज का स्वामित्व स्वीकार करो" यह सन्देश अकबर ने दूत द्वारा—

लद्दाखाधिपतेः पार्श्वम् बालतिस्तानपस्त्वथ ।
दूतात्पूर्वमलीरायो मेलयित्वाऽस्य मन्त्रिणम् ॥१४५१॥

१४५१. लद्दाख राजा के पास प्रेषित किया। दूत के वहां पहुंचने से पूर्व बालतिस्तान के राजा अलीराय ने उसके मन्त्री—

अज्जूरायं शीघ्रमेव लद्दाखं स्ववशेऽकरोत् ।
कूटनीतेः फलं तेन लब्धं तत्र न शंसयः ॥१४५२॥

१४५२. अज्जू राय को मिलाकर, लद्दाख को अपने अधिकार में कर लिया। उसने वहां निःसन्देह कूटनीति का फल प्राप्तकर लिया ।

तदाऽऽकर्ण्य त्वकबरः क्रुद्धो लाहौरतस्त्रयम् ।
अश्वारोहिसहस्राणां भुशुण्डिधारिणां तथा ।।
शतानि पञ्च सम्प्रेष्य चकाराक्रमणं द्वयोः ।।१४५३।।

१४५३. वह समाचार सुनकर, अकबर क्रुद्ध हो गया। उसने लाहौर से तीन सहस्र अश्वारोहियों, पांच सौ बन्दूक धारियों को भेजकर, दोनों पर आक्रमण किया।

तदाक्रमणमालक्ष्य त्वलीरायः पलायितः ।
बालतिस्तानलद्दाखौ सकृदेव तदा जितौ ।।१४५४।।

१४५४. वह आक्रमण देखकर, अलीराय पलायित हो गया। उस समय बालतिस्तान एवं लद्दाख सभी जीत लिये गये।

अक्टूबरान्ते कश्मीरात्प्रस्थायाकबरोऽगमत् ।
उरशाममार्गमालम्ब्य लाहौरं नवमे दिने ।।
सुखं जनवरीमासे त्र्यङ्कपञ्चेन्दुवत्सरे ।।१४५५।।

१४५५. अकबर अक्टूबर के अन्त में कश्मीर से प्रस्थान कर, उरशा मार्ग से ई० वर्ष १५९३ में नव जनवरी को लाहौर पहुँच गया।

त्र्यङ्कपञ्चेन्दुवर्षीयेऽक्टूबरे मासि पञ्चताम् ।
गतो याकूबशाहोऽस्य शवो विसवकाभिधे ।।१४५६।।

१४५६. याकूबशाह १५९३ ई० वर्ष के अक्टूबर में दिवंगत हुआ। उसका शव विसवक नामक—

स्थाने युसुफशाहस्य पितुः पार्श्वे निवेशितः ।
अयन्तन्मृत्युवृत्तान्तो वर्ण्यते क्वापि वासरे ।।१४५७।।

१४५७. स्थान पर पिता युसुफ शाह के समीप दफन किया गया। उसके मृत्यु के विषय में कहा जाता है, किसी दिन—

मिलितुं कासिमं खानं युसुफात्मजताप्रथम् ।
प्रीत्या जगाम याकूबो निवृत्तिसमयेऽमुना ।।१४५८।।

१४५८. याकूबशाह प्रेमपूर्वक युसुफ के पुत्र कासिमखान से मिलने के लिये गया। उसने लौटते समय इसे—

दत्तं सविषताम्बूलं भुक्त्वैव विजहौ तनुम् ।
यौवराज्येऽथ राज्ये च नियुक्तः प्रागभूदसौ ।।१४५९।।

१४५९. विषयुक्त ताम्बूल प्रदान किया, जिसे खाकर, याकूब ने शरीर त्याग दिया। वह युवराज तथा राजा दोनों था।

अनन्तरं सिन्धुदेशे राज्यपालोऽपि कल्पितः ।
द्वितीयेऽह्न्यन्तिमे मासि त्र्यङ्कपञ्चेन्दुवसरे ॥१४६०॥

१४६०. इसके अनन्तर सिन्धु में मुगल राज्यपाल नियुक्त किया गया। दो दिसम्बर १५९३ ई० वर्ष में—

अम्राडकबरः शाहो दूतमण्डलमात्मनः ।
ईरानान्तर्गताब्बासभूमिपं प्रत्यनोदयत् ॥१४६१॥

१४६१. सम्राट अकबर ने ईरान के शाह अब्बास के पास अपना दूत मण्डल भेजा।

खाफी अबू नासिरोऽथ जियाउल् मुल्क एव च ।
काजवीनी तथाऽन्ये च तत्राभूवन् सदस्यकाः ॥१४६२॥

१४६२. उस दूत मण्डल में अबूनासिर खांफी, जियाउल मुल्क, काजवीनी तथा अन्य सदस्य थे।

महाराणा प्रतापाख्यो मेवाड़धरणीपतिः ।
प्राङ्मासेऽङ्काक्षिदिवसे श्रुत्यङ्केष्विन्दुवत्सरे ॥१४६३॥

१४६३ उन्तीस जनवरी १५९४ ई० वर्ष में मेवाड़ भूपति महाराणा प्रताप सिंह—

वह्निभूतषडिन्द्वब्दे वैक्रमे त्रीषुवत्सरः ।
एकादश्यां माघशुक्लदलेऽयासीत्त्रिविष्टपम् ॥१४६४॥

१४६४. का देहावसान ५३ वर्ष की अवस्था में १६५३ विक्रम वर्ष माघ सुदी एकादशी तिथि को हुआ।

चारखण्डतः क्रोशमध्ये बडोलीग्रामसन्निधौ ।
क्वचित्कुल्यातटे तस्य देहदाहो व्यधीयत ॥१४६५॥

१४६५. उनका दाह संस्कार चाखण्ड से डेढ़ मील की दूरी पर, बड़ोली ग्राम के निकट एक नाले के तट पर हुआ था।

अत्रैवावसरे ख्वाजा निजामुद्दीन अह् मदः ।
तवक्काते अकबरी संज्ञं ग्रन्थं प्रणीतवान् ॥१४६६॥

१४६६. इसी समय ख्वाजा निजामुद्दीन अहमद ने 'तवक्काते अक्बरी' का प्रणयन किया था।

श्रुतिखेटेषुचन्द्राब्देऽकबरो हरिपर्वते ।
सुरेश्वरीसरःस्पर्शि चकारोद्यानमेककम् ॥१४६७॥

१४६७. अकबर ने १५९४ ई० वर्ष में हरि पर्वत पर, सुरेश्वरीसर पर्यन्त, एक उद्यान आरोपित कराया।

दर्शनीयाभिधं तत्र प्रासादमपि मञ्जुलम् ।
अत्रैववास्थितो दत्ते जनानां निजदर्शनम् ॥१४६८॥

१४६८. उसका नाम "दर्शनी बाग" था। वहां एक सुन्दर प्रासाद भी निर्मित कराया, जहां से वह प्रजा को दर्शन देता था ।

तदानीं खलु कश्मीरे द्व्यङ्केभश्रुतिसम्मिताः ।
बभूवुः सादिनः खाब्ध्यक्ष्यगसंख्याः पदातिनः ॥१४६९॥

१३६९. उस समय कश्मीर में ४८९२ अश्वारोही तथा ७२४० पदाति सैनिक थे।

मुद्रालक्षद्वयं तेषां व्येति संरक्षणे तदा ।
मार्चपञ्चदशे घस्त्रे श्रुत्यङ्केष्विन्दुवत्सरे ॥१४७०॥

१४७०. उनके संरक्षण में उस समय दो लाख मुद्रा व्यय होती थी । १५९४ ई० वर्ष में १५ मार्च को—

शाह जी भोषले जातः शिवाजी यत्तनूभवः ।
अत्रैवाब्दे बदायूनी दिदेशाब्दुलकादिरम् ॥१४७१॥

१४७१. शाहजी भोसले का जन्म हुआ, जिनके पुत्र शिवाजी थे। इसी वर्ष अब्दुल कादिर वदायूनी को—

बादशाहोऽनुवदितुमृजु राजतरङ्गिणीम् ।
श्रुत्यङ्केष्विन्दु वर्षादि यावत्पञ्चमवत्सरम् ॥१४७२॥

१४७२. बादशाह अकबर ने राजतरंगिणी का सरल अनुवाद (बहरुल असमर) करने के लिये आदेश दिया । ई० वर्ष १५९४ से १५९८ ई० वर्ष पर्यन्त—

दुर्भिक्षं सन्ततं जातं पञ्चालभुवि भीषणम् ।
श्रुत्यङ्केष्विन्दुतुल्याब्दे तुर्यमास्यष्टभूदिने ॥१४७३॥

१४७३. पंजाब में भीषण दुर्भिक्ष (अकाल) पड़ा । १५९४ ई० वर्ष में १८ अप्रैल को—

शाहो विजिग्ये गन्धारं ह्युजबेगैःप्रपीडितम् ।
सफवीराजतनयो मुजफ्फरहुसेनकः ॥१४७४॥

१४७४. शाह अकबर ने कन्धार विजय किया, जो उजबेकों के उपद्रव से प्रपीडित था। सफवी राजकुमार मुजफ्फर हुसेन—

कन्धार विजय :

पारसाधीशकरदोऽभवद्गन्धारनायकः ।
उजबेगजनोद्विग्नो गन्धारं स ददौ स्वयम् ॥१४७५॥

१४७५. फारस के नृपति का करद होकर, कन्धार का अधिकारी था। उजबेग लोगों से खिन्न होकर, उसने स्वयं कन्धार को—

तद्दूतवेगखानस्य करे तत्प्रीणनोन्मुखः ।
सप्तविंशदिनेऽगस्ते राजसूनुर्मुजफ्फरः ॥१४७६॥

१४७६. अकबर के दूत वेग खान के हाथ में समर्पित कर दिया। उसे प्रसन्न करने लिये तत्पर, राजकुमार मुजफ्फर २७ अगस्त को—

लाहौरे राजसदसि गन्धारात्समुपागतः ।
तदा तत्सङ्गिनोऽभूवन् द्विसहस्रमिता जनाः ॥१४७७॥

१४७७. कन्धार से लाहौर राजदरबार में उपस्थित हुआ। उस समय उसके साथ दो हजार किजिलवाश थे।

स चक्रे सम्भलाधीशः सम्प्रीताकबरेण वै ।
बाणनन्देषुभूवर्षे कविः फैजी जहौ तनुम् ॥१४७८॥

१४७८. प्रसन्न होकर, अकबर ने उसे सम्भल का नृपति बना दिया। १५९५ ई० वर्ष में फैजी ने प्राण त्याग किया।

बलूचिस्तानमिहैवाब्दे जित्वा मीरमसूमकः ।
चक्रेऽकबरसाम्राज्यवर्तिनं स्वपराक्रमैः ॥१४७९॥

बलूचिस्तान विजय :

१४७९. इसी वर्ष मीर मसूम ने अपने पराक्रम से बलूचिस्तान जीत कर, अकबर के साम्राज्य में मिला दिया।

रसाङ्केष्विन्दुतुल्याब्दे सीमान्ते पश्चिमोत्तरे ।
पञ्चमे मासि विद्रोहश्चक्रे रोशनियाजनैः ॥१४८०॥

१४८०. ई० वर्ष १५९६ के मई महीने में सीमान्त के पश्मिमोत्तर में रोशनिया लोगों ने विद्रोह किया।

तत्रत्यैः शमितो द्रोहो हतो नेता जलालकः ।
हजरासंज्ञके स्थाने कबीलावीरतल्लजैः ॥१४८१॥

१४८१. द्रोह शान्त कर दिया गया। वहां कबीला के वीरों के नेता जलाल को, हजारा नामक स्थान पर मार डाला।

विज्ञानवित्कुलीचोऽभूद्विद्वानद्भुतवाग्बलः ।
अनेकपंक्तिपठने सकृदेव क्षमोऽप्यभूत् ॥१४८२॥

कुलीचखां-मूल्यांकन :

१४८२. कुलीचखां विज्ञानवेत्ता, विद्वान् तथा अद्‌भुत वाक्शक्ति वाला था। वह अनेक पंक्तियों को एक साथ पढ़ने मैं समर्थ था।

साहित्ये पुष्पनिचये पाटलारामनिर्मितौ ।
प्रीत्या वित्तेन वपुषा करणैर्निरतोऽभवत् ॥१४८३॥

१४८३. वह प्रेमपूर्वक साहित्य, पुष्प-समूह तथा गुलाब बाग के निर्माण में तन, मन एवं धन से लगा रहता था।

बहुस्त्रीवल्लभोऽप्यासीद्रुग्णावस्थः कदाप्यभूत् ।
तदा नारीशतं त्यक्तं शेषतुष्टेन धीमता ॥१४८४॥

१४८४. उसके प्रासाद में अनेक स्त्रियां थी। किसी समय वह रुग्ण हो गया, उस समय उसने सौ स्त्रियों का परित्याग कर दिया, शेष से सन्तुष्ट रहा।

नगाङ्केष्विन्दुतुल्याब्दे तुर्यमास्यष्टमे दिने ।
तृतीयवारं कश्मीरं शाहो लाहौरतोऽव्रजत् ॥१४८५॥

अकबर की तृतीय काश्मीर यात्रा :

१४८५. अकबर शाह ने ई० वर्ष १५९७ में आठ अप्रैल को तीसरी बार लाहौर से काश्मीर के लिये प्रस्थान किया।

षष्ठे मासि दिने षष्ठे प्राप्तः श्रीनगरं सुखम् ।
तदात्वेऽकबरस्तस्थौ मुहम्मदकुलीगृहे ॥१४८६॥

१४८६. छः जून को सुखपूर्वक श्रीनगर पहुँचा। उस समय अकबर ने मुहम्मद अली के प्रासाद में निवास किया।

सुरेश्वरीसरस्तीरवर्त्युद्यानशुभास्पदे ।
नागरं नगरं चक्रेऽकबरो हरिपर्वते ॥१४८७॥

१४८७. वह प्रासाद सुरेश्वरी सर (डल) के तट पर स्थित, सुन्दर उद्यान में था। अकबर ने हरिपर्वत पर, नगर नागर का निर्माण कराया।

इदमेवास्य कश्मीरे स्मारकं किल विद्यते ।
तन्निर्माणे स्त्रीजनानां भृतिरासीत्षडाणकाः ॥१४८८॥

१४८८. यही कश्मीर में उसका स्मारक है। उसके निर्माण में स्त्रियों को छः आने तथा—

प्रत्यहं कन्यकानाञ्च चतुराणकमात्रकम् ।
शाहो भृतिं विना सेवाप्रथां समुदमूलयत् ॥१४८९॥

१४८९. कन्याओं को चार आने पैसे प्रतिदिन पारिश्रमिक दिये जाते थे। शाह ने विना पारिश्रम सेवा लेने की प्रथा समाप्त कर दी थी।

शिल्पिनो बहवोऽभूवंस्तत्र द्विशतसंख्यकाः ।
काश्मीरभिन्नदेशीया दुर्गनिर्माणकर्मणि ॥१४९०॥

१४९०. उस दुर्ग के निर्माण में बहुत शिल्पी लगे थे। दो सौ शिल्पी गैर कश्मीरी थे।

नागनन्देषुचन्द्राब्दे महाराष्ट्रीयसुप्रथः ।
जन्म लेभे तुकारामो भगवद्भक्तिभासुरः ॥१४९१॥

१४९१. ई० वर्ष १५९८ में प्रसिद्ध महाराष्ट्रीय भगवद्भक्त सन्त तुकाराम का जन्म हुआ।

नागनन्देषुचन्द्राब्दात् ख्वाजा वर्षत्रयवाधि ।
पश्चालराज्यपालोऽभूत् शमशुद्दीनसंज्ञकः ॥१४९२॥

१४९२. ई० वर्ष १५९८ से तीन वर्ष पर्यन्त ख्वाजा शमशुद्दीन पंजाब का राज्यपाल था।

नागनन्देषुचन्द्राब्दे राजदूतः समागतः ।
पारसाब्बासशाहस्य सभामकबरस्य वै ॥१४९३॥

१४९३. ई० वर्ष १५९८ में फारस के शाह अब्बास का राजदूत—

वेगो मिन्नू चिह्ननामा नैकसामन्तसेविताम् ।
शैवानी अबदुल्लाख्यः शक्तो बदखशाजयी ॥१४९४॥

शाह अब्बास का दूत :

१४९४. मिन्नू चिह्न वेग, अकबर के अनेक सामन्तों से सुशोभित, सभा में पहुँचा। वदखशा विजेता अब्दुल्ला शैवानी शक्तिशाली हो गया था।

विजिगीषुः काबुलस्याकबरातङ्ककारणम् ।
बभूव स जहौ देहं नागाङ्केष्विन्दुवत्सरे ॥१४९५॥

१४९५. वह काबुल जीतना चाहता था। वह अकबर के भय का कारण बन गया था। उसने १५९८ ई० वर्ष में—

द्वितीयमासि तुर्येऽह्नि परवर्त्त्यधिपस्त्वभूत् ।
अब्दुलो मोमिनो नाम बभूव श्लथशासनः ॥१४९६॥

१४९६. चार फरवरी को देहत्याग किया। इसके पश्चात् अब्दुल मोमिन शासक दुर्बल हुआ।

इङ्गलैण्डे विहिता किलात्र समये इष्ट्इण्डिया कम्पनी ।
नन्दाङ्केषुसितांशुवर्षगमईमासे मुरादो मृतः ॥
अत्राब्दे किल मार्चमास्युपययावब्बासशाहेषितः ।
दूतो राजसभां पुनर्नरपतिश्रेष्ठाकबर्भूपतेः ॥१४९७॥

ईस्ट इण्डिया कम्पनी :

१४९७. इसी समय इंगलैण्ड में ईस्टइण्डिया कम्पनी की स्थापना हुई। १५९९ ई० वर्ष के मई मास में राजकुमार मुराद की मृत्यु हुई। इसी वर्ष पुनः शाह अब्बास का दूत अकबर की राजसभा में आया।

रसेन्द्वह्न्यादिमे मासे खखारोन्दुमिताब्दगे ।
मेवाड़गमहाराणाप्रतापस्य महीभुजः ॥१४९८॥

भामाशाह की मृत्यु :

१४९८. ई० वर्ष १६०० में १६ जनवरी को मेवाड़ के महाराणाप्रताप सिंह के—

ख्यातो देशप्रियो मन्त्री भामाशाहो जहौ तनुम् ।
चन्द्राभ्ररसचन्द्राब्दे जहाँगीरः प्रयागके ॥१४९९॥

१४९९. देशभक्त एवं प्रख्यात मन्त्री भामाशाह का देहान्त हुआ। १६०१ ई० वर्ष में जहाँगीर ने प्रयाग में—

पितुर्विरुद्धं विद्रोहं चक्रे द्रोहस्तु नाशितः ।
अली अकबरो राज्यपालो बदखशोद्भवः ॥१५००॥

मिर्जा अली अकबर (ई० वर्ष १६०१-१६०६) :

१५००. पिता के विरुद्ध विद्रोह किया। विद्रोह शान्त कर दिया गया। बदखशा में उत्पन्न राज्यपाल अली अकबर ने—

प्राप्याकबरशाहीति पदवीं भारतागमे ।
शैलाङ्केष्विन्दुतुल्येतद्द्वितीयेऽपि च वत्सरे ॥१५०१॥

१५०१. भारत आकर, अकबरशाही की पदवी प्राप्त किया था। वह ई० वर्ष १५९७-१५९८ में—

विजेतुं दक्षिणामाशां जगामाकबरेषितः ।
रसेन्दुरसचन्द्राब्दे तनुं तत्याज पार्थिवम् ॥१५०२॥

१५०२. अकबर द्वारा दक्षिण विजय के लिये प्रेषित किया गया था। उसने १६१६ ई० वर्ष में पार्थिव शरीर का त्याग किया।

असौ मुगलराज्यस्य पञ्चमो राज्यपालकः ।
चक्रे कश्मीरभूभागे पञ्चाले राज्यपालकः ॥१५०३॥

१५०३. वह कश्मीर में पांचवां राज्यपाल नियुक्त किया गया था। इस समय पंजाब में राज्यपाल के रूप में—

मिर्जा कुलीच्च खानोऽभूत् चन्द्राभ्ररसभूमितात् ।
वर्षादारभ्य बाणाभ्ररसभूमितवत्सरम् ॥१५०४॥

१५०४. मिर्जा कुलीच खां ई० वर्ष १६०१ से १६०५ तक स्थित रहा।

नन्दखारीन्दुवर्षान्तं कश्मीरे राज्यपस्ततः ।
नेत्राभ्ररसभूवर्षे मईमासे जहाँगिरः ॥१५०५॥

१५०५. तदनन्तर वह १६०६ से १६०९ ई० वर्ष पर्यन्त कश्मीर में राज्यपाल था। १६०२ ई० वर्ष के मई मास में जहाँगीर ने—

इलाहाबादनगरे विद्रोहं कृतवान् पितुः ।
शाहाकबरसम्राजः प्रैषयत्पितुरन्तिकम् ॥१५०६॥

जहांगीर का विद्रोह :

१५०६. इलाहाबाद नगर में पिता से विद्रोह किया तथा पिता शाह अकबर के पास—

स्वातन्त्र्यं स्वं घोषयित्वा सन्धिप्रस्ताविदूतकम् ।
अङ्केन्दुदिवसेऽगस्ते वह्न्यभ्ररसगोऽब्दके ॥१५०७॥

१५०७. अपनी स्वतन्त्रता की घोषणा कर, सन्धि प्रस्ताव के साथ, एक दूत प्रेषित किया। १६०३ ई० वर्ष में १९ अगस्त को—

बुन्देलवीरसिंहेन जघ्नेऽबुल्फजलाभिधः ।
अन्तरा अन्तरी वर्कीसरायस्थानयोरथ ॥१५०८॥

१५०८. वीरसिंह बुन्देला ने अन्तरी एवं वर्की सराय के मध्य अबुल फजल की हत्या कर दी।

प्रेषयामास तन्मुण्डं जहाँगीरस्य सन्निधौ ।
नेत्राभ्ररसभूवर्षे द्रोहो रोशनिया पुनः ॥१५०९॥

रोशनिया विद्रोह :

१५०९. उसका शिर[1] जहांगीर के समीप भेज दिया। १६०२ ई० वर्ष में पुनः रोशनिया विद्रोह—

अहदादस्य नेतृत्वे जलालभ्रातुरुद्बभौ ।
नेत्राभ्ररसभूवर्षे तदनन्तरिते तथा ॥१५१०॥

१५१०. जलाल के भाई अहदाद के नेतृत्व में हुआ। ई० वर्ष १६०२-१६०३ में—

कश्मीरसीमाप्रान्तेषु बालतिस्तानभूपतिः ।
आचक्रमे त्वलीरायो राज्यविस्तारवाञ्छया ॥१५११॥

अलीराय का आक्रमण :

१५११. अपने राज्य का विस्तार करने की इच्छा से, बालतिस्तान के राजा अलीराय ने आक्रमण किया।

मुहम्मद-कुलीखान-प्रतीकारान्न्यवर्तत ।
रसेन्द्वह्न्यप्रीलमासे त्रिखषट्चन्द्रहायने— ॥१५१२॥

१५१२. मुहम्मद कुलीखान के प्रतीकार करने पर, वापस चला गया। १६०३ ई० वर्ष में १६ अप्रैल को—

जहाँगीरश्चाकबरं सलीमा सममेलयत् ।
अक्टूबरे जहाँगीरो योद्धुं पित्रेरितो ययौ ॥१५१३॥

१५१३. सलीमा बेगम ने अकबर एवं जहांगीर में मेल करा दिया। अक्टूबर में अकबर की प्रेरणा से जहांगीर युद्ध के लिये—

मेवाड़ं विजहौ धैर्यं फतह्पुर्सीकरीं गतः ।
सैन्यं धनं च पूर्वस्मादधिकं पितुराऽर्थयत् ॥१५१४॥

मेवाड़ पर आक्रमण :

१५१४. मेवाड़ गया। फतहपुर सीकरी पहुंचकर उसने धैर्य छोड़ दिया। पिता से पहले की अपेक्षा अधिक सैन्य एवं धन की याचना की।

---

१. शिर : अबुल फजल का शेष शरीर अन्तरी में दफन किया गया।

पिता त्विलाहाबादं तं प्रेषयित्वा न्यवारयत् ।
वह्नयभ्ररसभूवर्षे भक्ता मीरा जहौ तनुम् ॥१५१५॥

१५१५. पिता अकबर ने उसे इलाहाबाद भेजकर, युद्ध करने से रोक दिया। १६०३ ई० वर्ष में भक्त मीराबाई का देहावसान हुआ।

वह्नयभ्ररसभूवर्षे चासामयिकवर्षया ।
कृषिनाशेन कश्मीरे दुर्भिक्षं समजायत ॥१५१६॥

अकाल :

१५१६. १६०३ ई० वर्ष में असामयिक वृष्टि से, कश्मीर में कृषि नष्ट हो गयी, अकाल पड़ गया।

पञ्चालादिप्रदेशेभ्योऽकबरोऽन्नमयापयत् ।
तेन तस्य प्रबन्धेन स्थितिर्नासीद्भयावहा ॥१५१७॥

१५१७. अकबर ने पंजाब आदि प्रदेशों से, वहाँ अन्न पहुँचाया। उसके इस प्रबन्ध से स्थिति भयावह नहीं हुई।

जहाँगिरो हन्त ! खलः प्रयागके नवम्बरे त्र्यभ्ररसेन्दुहायने ।
स्वातन्त्र्यमात्मीयमघोषयत्पुनर्द्वितीयवर्षे गतवान् स आगराम्॥१५१८

जहांगीर का विद्रोह :

१५१८. ई० वर्ष १६०३ के नवम्बर मास में जहांगीर ने प्रयाग में पुनः अपनी स्वतन्त्रता घोषित कर दी। दूसरे वर्ष वह आगरा गया।

तत्र चक्रे निरुद्धोऽसौ दृग्बन्धोऽकबराज्ञया ।
अनेकत्र पितृ-द्रोहस्य फलं पुत्रः स लब्धवान् ॥१५१९॥

१५१९. वहां अकबर की आज्ञा से नजर बन्द कर दिया गया। अनेक स्थानों पर पितृ-द्रोह का फल पुत्र को मिल गया।

श्रुत्यभ्ररसभूवर्षे कश्मीरे समजायत ।
विसूचिका विसृमरी नभोवेददिनावधि ॥१५२०॥

काश्मीर में हैजा :

१५२०. ई० वर्ष १६०४ में कश्मीर में विसूचिका (हैजा) फैली। चालीस दिन उसका प्रकोप रहा।

श्रुत्यभ्ररसभूवर्षेऽष्टाविंशेऽप्रीलवासरे ।
राजात्मजो दानियलो जहौ देहं मदात्ययात् ॥१५२१॥

१५२१. ई० वर्ष १६०४ में २८ अप्रैल को राजकुमार दानियाल की अति मदिरापान के कारण मृत्यु—

बुरहानपुरेऽथात्र हायने गुणमानिता ।
मानबाई जहाँगीरगृहिणी च जहौ तनुम् ॥१५२२॥

१५२२. बुरहानपुर में हो गयी। इसी वर्ष जहांगीर की पत्नी मानबाई का देहान्त हुआ।

श्रुत्यभ्रषट्चन्द्रमिताब्दतोऽथ
बाणाभ्रषट्चन्द्रमिताब्दमध्ये ।
राजाधिराजोऽकबरः सभायां
पूर्वं तमालं कृतवान् प्रविष्टम् ॥१५२३॥

तम्बाकू का प्रवेश :

१५२३. ई० वर्ष १६०४ से १६०५ के मध्य सम्राट अकबर ने प्रथम बार सभा में तम्बाकू का प्रवेश किया।

बाणाभ्ररसचन्द्राब्देऽक्टूबरे वह्निवासरे ।
बभूवाकबरो रुग्णो निर्वाग्दशदिनैरभूत् ॥१५२४॥

अकबर की मृत्यु :

१५२४. १६०५ ई० वर्ष तीन अक्टूबर को अकबर अस्वस्थ हुआ। दशवें दिन उसकी बोली बन्द हो गयी।

जहाँगिराय पंचविंश्यां रात्रौ ज्ञात्वा निजान्तकम् ।
हुमायोर्मुकुटं खड्गं स्वयं दत्वा जहौ तनुम् ॥१५२५॥

१५२५. तदनन्तर २५ अक्टूबर को रात्रि में मृत्यु निकट जान कर, स्वयं हुमायूं का मुकुट एवं खड्ग जहांगीर को देकर, प्राण त्याग दिया।

अष्टाहानन्तरं वारे गुरोर्मासि नवम्बरे ।
तृतीयेऽह्न्यभिषिक्तोऽसौ नेत्रवह्निमिताब्दगः ॥१५२६॥

जहाँगीर का राज्याभिषेक :

१५२६. आठ दिन पश्चात् तीन नवम्बर वृहस्पतिवार को ३२ वर्ष की अवस्था में जहांगीर का राज्याभिषेक हुआ।

अक्टूबरे सप्तदशेदिनाङ्के पञ्चाभ्रषट्चन्द्रमिते किलाब्दे ।
काव्यप्रणेत्री युसुफस्य हब्बाखातून पत्नी निधनं जगाम ॥१५२७॥

हब्बा खातून की मृत्यु :

१५२७. ई० वर्ष १६०५ में १७ अक्टूबर को युसुफशाह की पत्नी कवियित्री हब्बा खातून का निधन हो गया।

आसीत्सा पाण्डुकचके यत्र स्थाने निवेशिता ।
तत्रैव भूमौ सा भूमिरद्यत्वेऽस्ति परिष्कृता ॥१५२८॥

१५२८. वह पाण्डुचक स्थान पर रहती थी। वहीं उसे दफन किया गया। वह स्थान अब सुन्दर बना दिया गया है।

लब्धाराज्यो जहाँगीरः परवेजं समाऽदिशत् ।
मेवाड़मभ्याक्रमितुं महत्या सेनयैकया ॥१५२९॥

१५२९. राज्य प्राप्त करने के पश्चात्, जहांगीर ने एक बड़ी सेना से, मेवाड़ पर आक्रमण करने के लिये परवेज को आदेश दिया ।

काश्मीरपारसीकाख्यभाषामयवपुर्धरः ।
य 'इन्तखाबेतारीख' नामको ग्रन्थ उत्तमः ॥१५३०॥

१५३०. कश्मीरी एवं फारसी में लिखा गया, 'इन्तखाबे तारीख" नामक उत्तम ग्रन्थ,

कृतानां जोनराजेन शुकश्रीवरकल्हणैः ।
योऽस्ति राजतरङ्गिण्या वृन्दानमनुवादकः ॥१५३१॥

१५३१. जो कल्हण, जोनराज, श्रीवर एवं शुकक्रुत राजतरंगिणयों का अनुवाद है,—

पञ्चनाकरसक्षोणी-सप्तनाकरसेलयोः ।
मध्येऽब्दयोः कृतस्तस्य कर्ता ज्ञातो न विद्यते ॥१५३२॥

१५३२. उसको रचना ई० वर्ष १६०५ से १६०७ के मध्य हुई । उसके लेखक का नाम अज्ञात है ।

सलीमस्याभवत् सिंहासनारोहणमङ्गलम् ।
आगरानामनगरे जहाँगीराभिधानतः ॥१५३३॥

१५३३. सलीम का राज्याभिषेक जहांगीर नाम से आगरा में—

संवत्सरे पञ्चनाकरसभूमिसुसम्मिते ।
वेदयुग्माङ्कदिवसे मासे च दशसंख्यके ॥१५३४॥

१५३४. ई० वर्ष १६०५ में २४ अक्टूबर को हुआ ।

काश्मीरयात्रामकरोज्जहाँगीरोऽष्टवारकम् ।
द्विवारं तातसंयुक्तः षड्वारं निजशासने ॥१५३५॥

१५३५. जहांगीर ने आठबार कश्मीर की यात्रा की थी । दोबार पिता के साथ तथा छः बार अपने शासन काल में ।

तस्य शासनकालेऽस्मिन् राज्ये काश्मीरनामके ।
सप्तसंख्याः शासनार्थं राज्यपालाः प्रतिष्ठिताः ॥१५३६॥

१५३६. उसके शासन काल में कश्मीर में सात राज्यपालों की नियुक्तियां हुई थी ।

खुशरोतनये शङ्कां जहाँगीरो विधाय तम् ।
अकरोद् दृष्टिनिर्बन्धे कारागारे निगूहितम् ॥१५३७॥

मुहम्मद कुलीजखां (ई० वर्ष १६०६–१६०९) :

१५३७. जहांगीर ने खुशरो के पुत्र पर शंका कर, उसे कारागार में नजरबन्द कर दिया।

किन्तु वर्षे रसाकाशरसब्रह्मसुसम्मिते ।
अप्रैलमासे दिवसे षष्ठे व्याजपरायणः ॥१५३८॥

१५३८. किन्तु ई० वर्ष १६०६ में छः अप्रेल को वह—

समाधिदर्शनं कर्तुमकब्बरमहीपतेः ।
निर्गतः सत्वरं दूरं पलायनमसौ व्यधात् ॥१५३९॥

१५३९. सम्राट अकबर की समाधि का दर्शन करने के व्याज से, बाहर निकला और पलायित हो गया।

एधिता तन्मित्रसंख्या ततः स शरणं गतः ।
गुरुमर्जुनदेवाख्यं स्थाने तरणतारणे ॥१५४०॥

१५४०. उसके मित्रों की संख्या बढ़ गयी। उसने तरण तारण में श्रीगुरु अर्जुन देव जी की शरण ली।

श्रीगुरुर्विदधाति स्म विपत्तौ तत्सहायताम् ।
तस्य सेना तदा जाता सहस्रद्वादशाधिका ॥१५४१॥

१५४१. श्रीगुरु अर्जुन देव जी ने विपत्ति में उसकी सहायता की। उस समय उसकी सेना १२ हजार से अधिक हो गयी।

दिवसेऽप्रैलमासस्य षोडशे विजयोद्यतः ।
स लाहौराख्यनगरं सेनया पर्यवेष्टयत् ॥१५४२॥

१५४२. विजयार्थ उद्यत होकर, उसने १६ अप्रैल को लाहौर को सेना से घेर लिया।

समागच्छत् तदा तत्र जहाँगीरस्य वाहिनी ।
अयोधनं जायते स्म भैरवाख्ये सरोवरे ॥१५४३॥

१५४३. वहां जहांगीर की सेना आ गयी। भैरव (बाल) सरोवर पर युद्ध हुआ।

पराजितः सन् खुशरो सोधराख्ये स्थले धृतः ।
रविवारेऽप्रैलमासे दिनाङ्के सप्तविंशतौ ॥१५४४॥

१५४४. पराजित खुशरो सोधरा नामक स्थान पर, २७ अप्रैल रविवार को पकड़ा गया।

षडभ्रषड्ब्रह्मवर्षे मईत्रिंशन्मिते दिने ।
आनीयते स्म स ततो लाहौरनगरं प्रति ॥१५४५॥

१५४५. ई० वर्ष १६०६ में ३० मई को वह, वहां से लाहौर लाया गया।

जहाँगीरस्य हत्यायाः कूटयन्त्रं पुनर्हठात् ।
खुशरो विदधाति स्म तरुणैः कैश्चिदन्वितः ॥१५४६॥

१५४६. कुछ युवकों के साथ, खुशरो ने जहांगीर की हत्या का षड्यन्त्र किया।

तदीय कूटयन्त्रस्य भेदः प्रकटितोऽभवत् ।
ततः स प्रग्रहीतोऽभूत् कृतश्चाक्षिविवर्जितः ॥१५४७॥

१५४७. इस षड्यन्त्र का भेद खुल गया। वह बन्दी बना कर, अन्धा कर दिया गया।

संवत्सरे द्विद्विरसब्रह्मसंख्यासमन्विते ।
बुरहानपुरे नीतो मृत्योर्द्वारमपावृतम् ॥१५४८॥

१५४८. ई० वर्ष १६२२ में वह, बुरहानपुर में दिवंगत हो गया।

अम्बाखानो नरव्याघ्रश्चकोपाधिविभूषितः ।
विद्रोहं कृतवान् किन्तु किश्तवारे पलायितः ॥१५४९॥

१५४९. ऐबा (अम्बा) खान चक ने विद्रोह किया, किन्तु असफल होकर, किस्तवार पलायित हो गया।

बालतिस्तानलद्दाखप्रान्तीयबलसङ्ग्रहात् ।
संघीभूतः पुनर्दोहं कृतवान् विजिगीषया ॥१५५०॥

१५५०. बालतिस्तान तथा लद्दाख प्रान्त से बल संग्रह कर, संघटित होकर, उसने विजय की इच्छा से पुनः विद्रोह किया।

तथापि राज्यपालेनाकब्बरेण स्वकौशलात् ।
भेदनीतिप्रयोगेण चकास्ते विनिपातिताः ॥१५५१॥

१५५१. किन्तु राज्यपाल मिर्जा अली अकबर ने कौशल पूर्वक, भेद नीति का प्रयोग किया। चक मारे गये।

जहाँगीरो महावीर्यो मूर्तिभङ्गमकारयत् ।
यवनीनां समाजे याऽनुमरण परम्परा ॥१५५२॥

१५५२. जहांगीर ने मूर्ति भंग कराया। मुगल स्त्रियों—

हिन्दूनामपि नारीणां कृते प्रचलिता पुरा ।
प्रथेयं बादशाहेन रोधिता निजयाऽऽज्ञया ॥१५५३॥

१५५३. तथा हिन्दू स्त्रियों में प्रचलित सती प्रथा को बादशाह ने अपने आदेश से बन्द करा दिया।

श्रूयते राजपुत्राणां कुले कन्यावधप्रथा ।
परन्तु बादशाहेन सा प्रतिरुद्धा निजाज्ञया ॥१५५४॥

१५५४. राजपूतों में प्रचलित, कन्यावध की परम्परा को भी, बादशाह ने अपनी आज्ञा से निवारित कर दिया ।

भीमराजौरभागस्था नार्योऽस्यैव तु शासने ।
चतुःसहस्रप्रमिता विविशुर्वह्निमण्डलम् ॥१५५५॥

१५५५. इसी के शासन काल में, भीमवर तथा राजौरी में, चार हजार नारियों ने अग्नि प्रवेश किया था ।

हिंदूमुस्लिमजातीनां सम्बन्धोऽपि पुराभवत् ।
हिन्दूभ्यो यावनीकन्यादानं तेन निवारितम् ॥१५५६॥

१५५६. पहले हिन्दू-मुस्लिम जातियों में विवाह सम्बन्ध होने लगा था । उसने मुसलमानों को हिन्दुओं को कन्या देने से रोक दिया ।

गुरुणा हरिगोविन्दवीरेण गतवान् सह ।
काश्मीरं स जहाँगीरः सिक्खवीरगणैर्वृतः ॥१५५७॥

१५५७. जहांगीर ने गुरु हरि गोविन्द तथा सिक्ख वीरों के साथ कश्मीर की यात्रा की थी।

अमृताख्यसरोमध्ये मन्दिरस्य विनिर्मितौ ।
सहायं कर्त्तुकामोऽपि गुरुणा स निवारितः ॥१५५८॥

१५५८. अमृतसर में मन्दिर निर्माण के लिये, उसकी सहायता को, श्री गुरुजी ने अस्वीकार कर दिया था ।

जनताधनसंघातैर्निर्मितं मन्दिरं यतः ।
शिष्यं धरियनामानं सिक्खधर्मविवृद्धये ॥
काश्मीरं प्रेषयामास स गुरुः शुभकार्यकृत् ॥१५५९॥

१५५९. उस मन्दिर का निर्माण जनता के धन से किया गया । शुभ कार्यशील श्री गुरु देव ने धरिया नामक शिष्य को सिक्ख धर्म के प्रचार हेतु कश्मीर भेजा ।

श्रीमानर्जुनदेवाख्यो गुरुः सिक्खसभाग्रणीः ।
नगरे तारणे रम्यं बबन्ध हरमन्दिरम् ॥१५६०॥

१५६०. सिक्ख समाज में श्रेष्ठ श्री गुरु अर्जन देव ने तरण-तारण नगर में हर मन्दिर का निर्माण कराया था ।

शुद्धस्फटिकसंकाशवारिराशिसमन्वितं ।
सरोवरं निर्मितवानर्जुनो नगरेऽमृते ॥१५६१॥

१५६१. श्री अर्जुन देव ने अमृतसर नगर में समुज्वल स्फटिक सदृश वारि राशि से सुशोभित सरोवर का निर्माण कराया था ।

जहाँगीरेण सिक्खानां गुरुरर्जुनदेवकः ।
लाहौरनगरे श्रीमान् आहूतो दण्डहेतवे ।।१५६२।।

१५६२. जहाँगीर ने सिक्खों के गुरु श्री अर्जुनदेव जी को, दण्डित करने के लिये लाहौर बुलाया ।

मुगलेन तदा देवो दण्डितोऽभूदकारणम् ।
लक्षमुद्राद्वयं देयं शोध्यः स्याद् ग्रन्थसाहिबः ।।१५६३।।

१५६३. मुगल राज ने श्री गुरु को अकारण दण्डित किया । दो लाख मुद्रा देने के लिये तथा ग्रन्थ साहिब में संशोधन करने के लिये उनसे कहा ।

अस्वीकृते तदादेशे गुरोस्तस्य सहायकाः ।
सिक्खाः स च वशीकृत्य कारागारे निपातिताः ।।१५६४।।

१५६४. उसका आदेश स्वीकार न करने पर, श्री गुरु तथा उनके सहायक सिक्ख, बन्दी बनाकर, कारागार में डाल दिये गये ।

अपहृत्यधनं तेन वधादेशः प्रसारितः ।
तथापि गुरुवर्योऽयं धर्मत्यागाय नोद्यतः ।।१५६५।।

१५६५. उनका धन अपहृत कर, जहांगीर ने उनके वध का आदेश प्रसारित कर दिया तथापि श्री गुरुदेव धर्म त्याग के लिये उद्यत नहीं हुए ।

ग्रीष्मर्तौ सिकताभूमौ विनिपात्य तदङ्गके ।
तप्तोदकं बालुकाश्च क्षिप्ताः सन्त्रासवर्धनाः ।।१५६६।।

१५६६. ग्रीष्म ऋतु में बालू पर, गिराकर, उनके शरीर पर, सन्त्रास के लिये, गरम जल तथा बालू डाले गये ।

षडभ्रषट्शशाङ्काब्दे मईमासे नदीजले ।
जपन् सुखमणीन् नाम गुरोरपि मुहुः स्मरन् ।।१५६७।।

१५६७. छः मई १६०६ ई० वर्ष में नदी जल में सुखमनी साहब का जप तथा श्री गुरु नाम का स्मरण करते हुए—

द्विचत्वारिंशदब्दः श्रीगुरुर्धाम परं ययौ ।
अभूदेषा स्थितिर्निंद्या जहाँगीरस्य शासने ।।१५६८।।

१५६८. बयालीस वर्ष की अवस्था में श्री गुरुदेव दिवंगत हो गये । जहांगीर के शासन की यह स्थिति अति निन्दनीय थी ।

ततः षडभ्रषट्चन्द्रवर्षे प्रापगुरोः पदम् ।
एकादशाब्दो गोविन्दो हरिपूर्वः प्रतापवान् ।।१५६९।।

१५६९. तदनन्तर प्रतापी श्री हरिगोविन्द जी ने ई० वर्ष १६०६ में, ग्यारह वर्ष की आयु में, गुरुपद प्राप्त किया ।

अर्जुनस्य गुरोर्वाक्यादयं शस्त्रधरोऽभवत् ।
"पीरी" "मीरी" खड्गौ द्वौ विधृतौ येन पार्श्वयोः ।।१५७०।।

१५७०. श्री गुरु अर्जुन देव के आदेश से वे शस्त्रधारी हुए थे । उन्होंने अपने दोनों ओर 'पीरी' एवं 'मीरी' नामक दो तलवारें लटकवा दी थी ।

सर्वाधिकारसम्पन्नः सिंहासने स्थितोऽभवत् ।
वेदवेदरसेन्द्वब्दं यावदयं गुरुर्महान् ।।१५७१।।

१५७१. सर्वाधिकार सम्पन्न, महान् गुरु श्री हरिगोविन्द जी ई० वर्ष १६४४ तक सिंहासन पर स्थित रहे ।

क्षात्रतेजोबलधराः सिक्खाः संघटिताः क्षितौ ।
राजनीतिसमावेशं कृतवान् सिक्खमण्डले ।।१५७२।।

१५७२. उन्होंने पृथ्वी पर क्षात्र-तेज-बलधारी सिक्खों का संघटन तथा सिक्खों में राजनीति का समावेश किया था ।

धर्मस्य रक्षणं कर्त्तुं राजनीतिरनुत्तमा ।
गुरुणाहरिगोविन्दवीरेण समनुष्ठिता ।।१५७३।।

१५७३. श्री गुरु हरिगोविन्द जी ने धर्म की रक्षा के लिये, उत्तम राजनीति का आश्रय लिया ।

बाणाभ्ररसचन्द्राब्दाद् पंक्तिषड्भूमिताब्दकम् ।
पञ्चाम्बुजराज्यपालस्य पदे योऽभूद्दिलावरः ।।१५७४।।

१५७४. दिलावर खां ई० वर्ष १६०५ से १६१० तक, पंजाब में राज्यपाल था ।

स एव विनियुक्तोऽभूद्राज्यपालपदान्तरे ।
काश्मीरे दशवर्षाणि जहाँगीरस्य शासने ।।१५७५।।

१५७५. दिलावर खां जहांगीर के शासन में कश्मीर में दश वर्ष राज्यपाल पद पर स्थित रहा ।

षडभ्रषड्ब्रह्मवर्षे शीया काश्मीरसम्भवः ।
पारसीको मजहरी कविर्दिवमवाप्तवान् ।।१५७६।।

१५७६. ई० वर्ष १६०६ में शोया धर्मानुयायी, फारसी के काश्मीरी कवि मजहरी का देहान्त हो गया ।

तद्विरुद्धमतिस्तस्य पिता सुन्नीमते स्थितः ।
स्वकीयकविताग्रन्थे पिताऽनेन कटाक्षितः ।।१५७७।।

१५७७. उसका पिता सुन्नी था । अपने कविता ग्रन्थ में उसने पिता पर, व्यंग्य किया है ।

बादशाहस्य महिषी नाम्ना नूरजहाँऽभवत् ।
तस्याःपतिस्तु प्रथमः शेरोऽफगनसंज्ञकः ॥१५७८॥

१५७८. बादशाह जहांगीर की प्रधान रानी नूरजहां थी । उसका प्रथम पति शेर अफगन था ।

यस्य हत्या समभवत् जहाँगीरस्य शासने ।
चतुरा वरयामास बादशाहं सदिच्छया ॥१५७९॥

१५७९. जहांगीर के शासन में उसकी हत्या हो गयी थी । चतुर नूरजहां ने सद्भावना पूर्वक बादशाह को पति अंगीकार कर लिया ।

पञ्चपञ्चाशदधिकपञ्चचन्द्राब्दसम्भवः ।
कविः केशवदासोऽभूदोडछानगरागतः ॥१५८०॥

१५८०. ओड़छा के कवि केशवदास का जन्म ई० वर्ष १५५५ में हुआ था ।

नगाभ्ररसचन्द्राब्दे कविना तेन गुम्फिता ।
जहाँगीरयशोराशिचन्द्रिका कवितामयी ॥१५८१॥

१५८१. उन्होंने ई० वर्ष १६०७ में "जहांगीर यश चन्द्रिका" की रचना कविता में की ।

जातस्त्रिपञ्चचन्द्राब्दे कविरेष जनादृतः ।
सप्तेन्दुषट्धरावर्षे तत्याज वसुधातलम् ॥१५८२॥

१५८२. ई० वर्ष १५५५ में उत्पन्न लोकप्रिय इस कवि का ई० वर्ष १६१७ में देहावसान हो गया ।

वसुखरसचन्द्राब्दे अष्टाविंशत्तमे तिथौ ।
जुलाईमासके सेना जहाँगीरनृपाज्ञया ॥१५८३॥

१४८३. ई० वर्ष १६०८ में २८ जुलाई को जहांगीर की आज्ञा से, शस्त्रास्त्र सुसज्जित सेना ने—

मेवाड़ं धर्षयाञ्चक्रे ससन्नाहं जिगीषया ।
महावताख्यः सेनायाः पतिरासीत्पराजितः ॥
प्रत्याहूतस्ततः सद्यः जहाँगीरेण सत्वरम् ॥१५८४॥

१५८४. विजयेच्छा से मेवाड़ पर, आक्रमण किया । सेनापति महावत खां पराजित हो गया । उसे जहांगीर ने तुरन्त वापस बुला लिया ।

वस्वभ्ररसचन्द्राब्दे लाहौरनगरेऽभवत् ।
मृतिः कवेः कमालस्य काश्मीरप्रान्तवासिनः ॥१५८५॥

१५८५. ई० वर्ष १६०८ में कश्मीरवासी कवि मुल्ला कमाल की मृत्यु लाहौर में हुई ।

राज्यपालस्य दौरात्म्यात्पीडिता बहुधा यदा ।
तदा ते हिन्दवो गत्वा बादशाहं न्यवेदयन् ।।१५८६।।

१५८६. राज्यपाल के दुर्व्यहार से पीडित होकर, हिन्दुओं ने बादशाह से न्याय के लिये निवेदन किया।

जहाँगीरस्तदा वाचा राज्यपालं समादिशत् ।
बहवो निन्दकाः सन्ति न कोऽपि त्वत्प्रशंसकः ।।१५८७।।

१५८७. जहांगीर ने राज्यपाल को आदेश दिया "तुम्हारे निन्दक बहुत हैं प्रशंसक कोई नहीं—

पिपासितेभ्यः पानीयं दातुं शक्यं न चेत्त्वया ।
शासनं स्वं परित्यज्य गन्तव्यमिति निर्णयः ।।१५८८।।

१५८८. "यदि तुम प्यासे को पानी देने में असमर्थ हो, तो शासक पद त्यागकर, चले जाओ।"

वस्वभ्ररसचन्द्राब्दे महाराष्ट्रेष्वजयत ।
समर्थो रामदासो यः शिवभूपालवन्दितः ।।१५८९।।

१५८९. ई० वर्ष १६०८ में समर्थ गुरु रामदास का जन्म महाराष्ट्र में हुआ, जो कालान्तर में शिवाजी द्वारा पूजित हुए।

नेत्राष्टरसचन्द्राब्दे स महात्मा व्यलीयत ।
परेब्रह्मणि सम्पाद्य हिन्दूनां प्रतिबोधनम् ।।१५९०।।

१५९०. वे महात्मा हिन्दुओं को प्रतिबोधित कर, ई० वर्ष १६८२ में परब्रह्म में लीन हो गये।

नवाभ्ररसभूम्यब्दे जूनमासे चमूपतिम् ।
अब्दुल्लाभिधं सम्राट् सेनया निजया सह ।।
मेवाड़ाक्रमणोद्योगं विधातुं स व्यसर्जयत् ।।१५९१।।

१५९१. ई० वर्ष १६०९ के जून में सम्राट् ने अपनी सेना के साथ सेनापति अब्दुल्ला खां को मेवाड़ पर, आक्रमण करने के लिये भेजा।

कुलीजखानः सम्राजो नाऽन्वमन्यत शासनम् ।
अतएव जहाँगीरश्च्यावयामास तं पदात् ।।१५९२।।

१५९२. कुलीज खां ने सम्राट् जहांगीर के आदेश का पालन नहीं किया अतएव उसने उसे पदच्युत कर दिया।

हशिमापरपर्य्यायो हसनो नाम विश्रुतः ।
पिता तस्याभवन्नाम्ना कासिमः खानमोगलः ।।
रसाङ्कशरभूम्यब्दे काबुले कासिमो मृतः ।।१५९३।।

हसन खां, ई० वर्ष १६०९-१६१२ :

१५९३. हसन खाँ अपर नाम हाशिम खां, कासिम खां (मीर बहर) का पुत्र था। ई० वर्ष १५९६ में कासिम खां का काबुल में देहान्त हो गया।

पञ्चाम्बुपोवसू नाम यो जहाँगीर वल्लभः ।
विद्रोहेषु कृतं तेन साहाय्यं तस्य साधनैः ।।१५९४।।

राजा वासू :

१५९४. एक पंजाबी (उत्तरी पर्वतों के) राजा वसू (वासू) जहांगीर का प्रिय था। उसने अनेक विद्रोहों में उसकी सहायता की थी।

वासुं नृपं धर्षयितुं हुसेनः प्रेषितोऽभवत् ।
असीरगढ़दुर्गं च नासिकं जितवानसौ ।।१५९५।।

१५९५. वासू राजा को वश में करने के लिये हुसेन खां प्रेषित किया गया। उसने असीर गढ़ तथा नासिक दुर्ग पर भी विजय प्राप्त किया।

तस्य वीर्येण सन्तुष्टो जहाँगीरः प्रतापवान् ।
तमुत्कलप्रदेशस्य राज्यपालमकल्पयत् ।।१५९६।।

१५९६. उसके पराक्रम से प्रसन्न होकर, जहांगीर ने उसे उड़ीसा का राज्यपाल बना दिया।

स विजेतुश्च मेवाड़ं जहाँगीरेण धीमता ।
वासू राजा प्रेषितः सन् सीमान्ते निधनं गतः ।।१५९७।।

१५९७. बुद्धिमान जहांगीर ने वासू राजा को मेवाड़ विजय करने के लिये भेजा। मेवाड़ सीमा पर उसकी मृत्यु हो गयी।

जहाँगीरस्य राज्यस्य पञ्चमाब्दे च राज्यपः ।
काश्मीरे हसनो जातः पितृव्यस्तु पुरा गतः ।।१५९८।।

१५९८. जहांगीर के राज्य प्राप्ति के पांचवें वर्ष हसन काश्मीर का राज्यपाल बनाया गया। उसके पूर्व उसका पितृव्य ख्वाजगी मुहम्मद हुसेन काश्मीर भेजा गया था।

तत्रैवायं हुसेनाख्यो यवनः प्रेषितोऽभवत् ।
जहाँगीरस्तत्र देशे राज्यपालं तमन्वशात् ।।१५९९।।

१५९९. जहांगीर ने हुसेन को कश्मीर भेजा और उसे वहां राज्यपाल बना दिया।

अस्य पुत्रोऽभवत् खानो मीर आतिशनामभाक् ।
शाह पूर्वं जहानीति मुहम्मद् कासिमोऽभिधः ।।१६००।।

१६००. इसका पुत्र आतिश मुहम्मद कासिम खां शाहजहानी था।

एकादशषडेन्द्वब्दे शाहाब्बासस्य दूतकः ।
योऽभूदली यादगारः स सम्राट्सविधे गतः ॥१६०१॥

१६०१. ई० वर्ष १६११ में शाह अब्बास का दूत यादगार अली सम्राट जहांगीर के पास आया ।

अभ्रभूरसभूम्यब्दे शेखः पञ्चाम्बु मण्डले ।
फरीदो मुर्त्तजा नाम राज्यपालोऽभवत्तदा ॥१६०२॥

१६०२. ई० वर्ष १६१० में शेख फरीद मुर्तजा खां पंजाब का राज्यपाल नियुक्त हुआ ।

अक्षिभूरसभूम्यब्दं यावद्वर्षत्रयान्तरे ।
स शशास प्रातिनिध्यं बिभ्रन् मोगलभूपतेः ॥१६०३॥

१६०३. ई० वर्ष १६१२ पर्यन्त, तीन वर्ष उसने मुगल भूपति के प्रतिनिधि के रूप में वहां शासन किया ।

व्योमभूरसभूम्यब्दे नाम्नाहमदमीरकः ।
लद्दाखस्य केरिसाख्यं शशास धरणीतलम् ॥१६०४॥

१६०४. अहमदमीर ई० वर्ष १६१० में (सन् १६१०–१६४५) लद्दाख के केरिस राज्य का शासक वना ।

भूभूषडेन्दुवर्षे च अबदुल्लख्यनायकः ।
आक्रम्य जितवान् सेनां मेवाड़धरणीपतेः ॥१६०५॥

१६०५. अब्दुल्ला खां ने ई० वर्ष १६११ में मेवाड़ राजा की सेना पर आक्रमण कर, पराजित कर दिया ।

तत्पराक्रमसन्तुष्टो जहाँगीरः प्रशस्य तम् ।
सेनापतिं समाहूय राज्यपालमथाकरोत् ॥
अब्दुल्लाखांभिधं वीरं गुर्जरावनिमण्डले ॥१६०६॥

१६०६. अब्दुल्ला खां के पराक्रम से सन्तुष्ट होकर, जहांगीर ने उसे गुजरात में सूबेदार (राज्यपाल) नियुक्त किया ।

भूमिभूरसभूम्यब्दे मईमासे समागते ।
विधवाफगनखानस्य ख्याता नूरजहेंति या ॥१६०७॥

नूरजहां का विवाह :

१६०७. ई० वर्ष १६११ के मई मास में शेर अफगनखान की विधवा पत्नी नूरजहां से—

चतुस्त्रिशद्वर्षमिता कुशला सर्वकर्मसु ।
जहाँगीरेण सम्राजा परिणीताऽनुरागतः ॥१६०८॥

१६०८. जिसकी आयु ३४ वर्ष थी और जो कार्य कुशल थी, जहांगीर ने विवाह किया ।

अस्मिन्वर्षे हुसेनाख्यो मुहम्मद इतिश्रुतः ।
लेखकोऽकबरस्याऽऽसीत्स कथाशेषतां गतः ॥१६०९॥

१६०९. इसी वर्ष अकबर के सुलेखक मुहम्मद हुसेन (काश्मीरी) की मृत्यु हो गयी।

भूचन्द्ररसभूम्यब्दे फिरिश्ताख्यः सुबुद्धिमान् ।
इतिहासं 'गुलिस्ताने इब्राहीमीं' व्यरीरचत् ॥१६१०॥

१६१०. ई० वर्ष १६११ में बुद्धिमान फिरिस्ता खां ने 'गुलिस्ताने इब्राहीमी' इतिहास लिखा।

तस्मिन्वर्षे 'मिडिल्टेनः' राज्यपालेन सम्मतः ।
कृतवान् सूरते नूनमुद्यमालयमादिमम् ॥१६११॥

१६११. उसी वर्ष मिडिल्टेन ने सूबेदार की सम्मति से सूरत में प्रथम उद्यम गृह (कारखाना) खोला।

नेत्रभूरसभूवर्षे कश्मीरं गतवान्नृपः ।
नीलकुण्डे वितस्ताया उद्गमे सुमनोहरे ॥१६१२॥

जहांगीर की काश्मीर यात्रा :

१६१२. जहांगीर ने ई० वर्ष १६१२ में कश्मीर की यात्रा की। उसी समय उसने वितस्ता के उद्गम स्थान नीलकुण्ड—

बेरीनागे जहाँगीरः शिलालेखमकारयत् ।
शिलालेखमिषेणैवमितिहासं लिलेख सः ॥१६१३॥

१६१३. बेरी नाग पर शिलालेख के व्याज से इतिहास लिखवाया।

दुर्गे ग्वालियरस्यासीत्कारायां निवसन् गुरुः ।
हरिगोविन्दनामा यः सम्राजा सोऽपि मोचितः ॥१३१४॥

१६१४. ग्वालियर दुर्ग में बन्दी श्रीगुरु हरि गोविन्द को जहांगीर ने मुक्त किया।

गुरौ स्थिते तदा दुर्गे तच्छिष्याः श्रद्धयान्विताः ।
प्राचीरमात्रसंस्पर्शप्रणामादीन् वितेनिरे ॥१६१५॥

१६१५. जब गुरु दुर्ग में थे, उस समय उनके शिष्य दुर्ग की दीवाल को ही श्रद्धापूर्वक प्रणामादि अर्पित करते थे।

नेत्रभूरसभूम्यब्दे सूरते नगरे पुनः ।
यन्त्रालयो द्वितीयोऽपि गौरङ्गैः परिनिर्मितः ॥१६१६॥

१६१६. अंग्रेजों ने ई० वर्ष १६१२ में पुनः सूरत में द्वितीय कारखाना निर्मित किया।

खुर्रमो मुमताजाख्यां निस्तुलां सुन्दरीगणे ।
विवाहयामास मुदा समयेऽस्मिन् नृपात्मजः ॥१६१७॥

मुमताज महल :

१६१७. इसी समय राजपुत्र खुर्रम ने अनुपम सुन्दरी मुमताज से विवाह किया ।

नेत्रभूरसभूवर्षे मोगला युद्धदुर्मदाः ।
रुरुधुर्बालतिस्थानं न ते विजयिनोऽभवन् ॥१६१८॥

सफदर खां ई० वर्ष १६१२-१६१५ :

१६१८. युद्धोन्मत्त मुगलों ने ई० वर्ष १६१२ में बालतिस्तान पर आक्रमण किया किन्तु विजयी नहीं हुए ।

रामभूरसभूवर्षे सप्तमेऽह्नि सितम्बरे ।
मेवाड़ाय जहाँगीरः प्रस्थानमकरोत्पुरा ॥१६१९॥

मेवाड़ पर आक्रमण :

१६१९. ई० वर्ष १६१३ में ७ सितम्बर को विजयेच्छुक जहांगीर ने मेवाड़ प्रस्थान किया ।

अजमेराख्यनगरात्तस्य पुत्रस्तु खुर्रमः ।
मासे दिसम्बरे घस्रे शैलभूमिमिते ययौ ॥
पराक्रमेण मेवाड़ं विजेतुं रणकोविदः ॥१६२०॥

१६२०. उसके पुत्र खुर्रम (शाहजहां) ने अजमेर से १७ दिसम्बर को पराक्रम से मेवाड़ विजय के लिये प्रस्थान किया ।

राजस्थाने प्रतापेन प्रतिज्ञा या कृता पुरा ।
तामद्याप्यनुतिष्ठन्ति राजपुत्राः महाव्रताः ॥१६२१॥

१६२१. राजस्थान में राणा प्रताप ने जो प्रतिज्ञा की थी, उसका पालन महाव्रती राजपूत आज भी करते हैं ।

नगवेदमितं कालं समरः समवर्तत ।
यवनानां राजपुत्रैः सह सर्वत्र सर्वदा ॥१६२२॥

१६२२. सैंतालीस वर्ष पर्यन्त मुगलों का राजपूतों के साथ सर्वत्र संघर्ष होता रहा ।

युद्धजर्जरितं दृष्ट्वा मेवाड़ममरो नृपः ।
सन्धि सम्पादयामास मोगलैर्हितकाम्यया ॥१६२३॥

१६२३. राणा अमर सिंह ने मेवाड़ को युद्ध-जर्जर देखकर, हित कामना से मुगलों से सन्धि कर ली ।

बाणभूरसभूवर्षे मासे फरवरीमिते ।
दिवसे पञ्चमे जातः सन्धिः शान्तिप्रदस्तयोः ॥१६२४॥

मेवाड़ से सन्धि :

१६२४. ई० वर्ष १६१५ में ५ फरवरी को उन दोनों में सन्धि हुई ।

इत्थं प्रशान्तो युद्धाग्निर्मेवाड़ेऽप्यभवत्पुरा ।
साम्राज्यस्य च विस्तारो यवनानां व्यवर्धत ॥१६२५॥

१६२५. इस प्रकार मेवाड़ में युद्धाग्नि शान्त हुई । मुगलों के साम्राज्य में वृद्धि हुई ।

वेदभूरसभूवर्षे हमदानीति संज्ञितः ।
'कलीमात्-उस्-सादकीन्' संज्ञं सादिक् मुहम्मदः ॥१६२६॥

१६२६. ई० बर्ष १६१४ में मुहम्मद सादिक हमदानो ने 'कलीमात-उस-सादकीन' नामक—

ग्रन्थं विरचयामास गिरा विपुलविस्तरम् ।
राजपुत्राश्च यवनाः सहकारमुपाययुः ॥१६२७॥

१६२७. ग्रन्थ का प्रणयन किया । राजपूत एवं मुगल परस्पर मिल गये ।

बाणभूरसभूवर्षेऽमरसिंहसुतो युवा ।
मुगलास्थानमायातः कर्णसिंह इति श्रुतः ॥१६२८॥

१६२८. ई० वर्ष १६१५ में अमर सिंह का युवा पुत्र कर्ण सिंह मुगल सभा में आया ।

मेवाड़देशः सुमहान् स्वातन्त्र्याय सदोद्यतः ।
तथापि सन्धिरभवन्निरुपायतया विधेः ॥१६२९॥

१६२९. महान् मेवाड़[1] स्वतंत्रता के लिये सदा उद्यत रहा, तथापि विधाता के विधानवश सन्धि हुई ।

क्षत्रियाः समयुध्यन्त यवनैः सह संगरे ।
सर्वस्वमर्पयामासुर्यावद् वर्षचतुःशतीम् ॥१६३०॥

१६३०. क्षत्रियों ने ४०० वर्ष तक मुसलमानों के साथ युद्ध तथा अपना सर्वस्व त्याग किया ।

बाणभूरसभूवर्षे बादशाहः प्रतापवान् ।
काँगड़ां धर्षयामास जहाँगीरः ससैनिकः ॥१६३१॥

कांगड़ा पर आक्रमण :

१६३१. प्रतापी बादशाह जहांगीर ने १६१५ ई० वर्ष में कागड़ा पर सैनिक अभियान किया ।

---

१. मेवाड़ : गुहिला वंश ने १०५० वर्षों के पश्चात् स्वतन्त्रता खोयी । जैत्र सिंह से अमर सिंह तक ४०० वर्षों तक अपने स्वतन्त्रता की रक्षा की ।

वर्षेऽस्मिन्नेव गौराङ्गो दिसम्बरगते दिने ।
सर् थामस्रो इति ख्यातस्तत्सभां समुपाययौ ।।१६३२।।

सर थामसरो :

१६३२. इसी बर्ष दिसम्बर में प्रख्यात अंग्रेज सर थामसरो जहागीर की सभा में उपस्थित हुआ।

तैमूरलंग सेनायां गयासुद्दीननामकः ।
चकत्तावंशवर्त्ती यस्तत्कुलाज्जनिमाप्तवान् ।।१६३३।।

अहमद वेग ई० बर्ष १६१५-१६१८ :

१६३३. तैमूरलंग की सेना में चगताई वंशीय गयासुद्दीन नामक एक सैनिक था। उसी के वंश में—

संज्ञयाऽह्मदखानोऽसौ काबुलीवेगनामभाक् ।
सिषेवे काबुलप्रान्ते हकीमं स मुहम्मदम् ।।१६३४।।

१६३४. अहमद वेग काबुली का जन्म हुआ था। वह काबुल में मुहम्मद हकीम की सेवा में अधिक दिन रहा।

मुहम्मदहकीमोऽयं यदा तु विलयं गतः ।
तदैवाकबरस्यायं राजधानीमुपागमत् ।।१६३५।।

१६३५. जब मुहम्मद हकीम की मृत्यु हो गयी, उसी समय वह सम्राट अकबर की राजसभा में आया।

भगिनीं जाफरस्यासफखानस्य परिणीय सः ।
सम्बन्धेन विशेषेण प्रसिद्धिमपि लब्धवान् ।।१६३६।।

१६३६. उसने मुहम्मद जाफर आसफ की भगिनी से विवाह कर, प्रसिद्धि प्राप्त की।

राज्यपालोऽभवद्वीरः सप्तशत्याऽश्वसेनया ।
सेवितोऽभूत् तत्सुताश्च बभूवुः शौर्यशालिनः ।।१६३७।।

१६३७. वह वीर राज्यपाल हुआ था। उसके पास सात सौ अश्वारोही सैनिक थे। उसके पुत्र पराक्रमी थे।

बाणभूरसभूवर्षादद्रिभूरसभूमितम् ।
शशास काश्मीरभुवं जहाँगीरस्य शासने ।।
कुशलः शासनविधौ साम्राज्यपरिवर्धने ।।१६३८।।

१६३८. उसने जहांगीर के शासन काल में ई० वर्ष १६१५ से १६१७ ई० तक कश्मीर में शासन किया। वह शासन तथा साम्राज्य परिवर्धन में चतुर था।

शरक्षितिरसेन्द्वब्दे मुल्लोपाह्वो मुहासिनः ।
फानीनाम्नातिविख्यातो जनितो जनविश्रुतः ॥१५३९॥

१६३९. ई० वर्ष १६१५ में फानी नाम से प्रसिद्ध मुल्ला मुहसिन का जन्म हुआ।

अखुन्दाख्यो रहनुमा एशियामध्यमार्गतः ।
प्रस्थितो हजयात्रार्थं वर्षेऽस्मिन् पुनरागतः ॥१६४०॥

ऊनी कला :

१६४०. इसी वर्ष अखून्द रहनुमा मध्येशिया मार्ग से हज यात्रा करने गया।

फारसान्दीजनस्थानमौर्णव्यापारिकं स्थलम् ।
तन्निर्माणकलां सम्यक् विज्ञाय मतिमानयम् ॥१६४१॥

१६४१. वह ऊनी वस्त्रों (कालीनों) के प्रसिद्ध स्थान, फारस में अन्दीजन गया। वहां उसकी निर्माण कला में प्रशिक्षित होकर, बुद्धिमान् एवं—

काश्मीरं प्रापयामास सर्वसाधनतत्त्ववित् ।
अखूंदः स्वप्रयत्नेन कलामानीतवानिह ॥१६४२॥

१६४२. सर्व साधन सम्पन्न अखून्द अपने यत्न से, ऊर्णा सम्बन्धी कला कश्मीर लाया।

शरक्षितिरसेन्द्वब्दादेकवर्षावधि व्यधात् ।
'तवारीखे काशमीरी' त्यैतिह्यस्यविनिर्मितिम् ॥१६४३॥

१६४३. ई० वर्ष १६१५ से १६१६ ई० वर्ष के मध्य "तवारीखे कश्मीरी" इतिहास की रचना—

हसन् बिनाभिधः कश्चित्काश्मीरधरणीभवः ।
इतिहासो येन तत्र विनिबद्धः प्रयत्नतः ॥१६४४॥

१६४४. हसनबिन अली नामक किसी काश्मीरी ने की थी। उसने प्रयत्न पूर्वक इतिहास लिपिबद्ध किया।

अस्मिन्वर्षे जनिं लेभे नाम्ना दाराशिकोहकः ।
पुत्रः शाहजहानस्य सुन्दरो गुणवानपि ॥१६४५॥

१६४५. इसी वर्ष शाहजहां के पुत्र दाराशिकोह ने जन्म लिया। वह गुणी एवं सुन्दर था।

निहतो नवबाणारिचन्द्राब्देऽथ सितम्बरे ।
नवमे दिवसे सोऽयमवरङ्गस्य शासनात् ॥१६४६॥

दाराशिकोह का वध :

१६४६. औरंगजेब के आदेश से ई० वर्ष १६५९ में ९ सितम्बर को उसका वध कर दिया गया।

हुमायूंशाहसान्निध्ये देहल्यां समपद्यत ।
मृत्तिकापूरणं दाराशिकोहस्य तदाज्ञया ।।
तत्पूरणस्थानमपि प्रत्यक्षीकृतवानहम् ।।१६४७।।

१६४७. उसी की आज्ञा से दिल्ली में हुमायूँ के मकबरा में दाराशिकोह भूमिसात् किया गया। मैंने उस स्थान को देखा है।

फारसाधीश्वराब्बासदूतः कश्चिदुपाययौ ।
जहाँगीरसभास्थानं मुस्तफाबेगनामकः ।।१६४८।।

१६४८. इसी वर्ष फारस के राजा अब्बास का दूत, मुस्तफा बेग जहांगीर की सभा में आया।

रसभूरसभूवर्षे मासे जनवरीमिते ।
दिवसे दशमे ईस्टइण्डियाकम्पनीजनः ।।१६४९।।

ईस्ट इण्डिया कम्पनी :

१६४९. ई० वर्ष १६१६ में १० जनवरी को ईस्ट इण्डिया कम्पनी तथा—

जेम्सप्रथमभूपस्य दूतो वाणिज्यहेतवे ।
जहांगीरस्य सम्प्राप्तः सभास्थानं सुनीतिवित् ।।१६५०।।

१६५०. राजा जेम्स प्रथम का नीतिज्ञ दूत वाणिज्य कार्य के लिये जहाँगीर की सभा में उपस्थित हुआ।

तेन व्यापारपत्रे द्वे सम्प्राप्ते नृपसम्मते ।
वर्षत्रयमुषित्वाऽत्र स्वदेशं प्रययौ ततः ।।१६५१।।

१६५१. उसने व्यापार के लिये दो राजसम्मत पत्र प्राप्त किये। दो वर्ष यहां रहकर, स्वदेश चला गया।

नवेन्दुरसभूम्यब्दे शैलचन्द्रमिते दिने ।
मासे फरवरीसंज्ञे प्रस्थानं कृतवानयम् ।।१६५२।।

१६५२. ई० वर्ष १६१९ में १७ फरवरी को उसने यहां से प्रस्थान किया था।

भूमिव्योमोर्मिभूवर्षेऽकबरोऽदृष्टवांस्तु यम् ।
उज्जयिन्यां महात्मानं चिद्रूपमिति विश्रुतम् ।।१६५३।।

चिद्रूप :

१६५३. अकबर ने ई० वर्ष १६०१ में जिसका दर्शन किया था, उसी प्रसिद्ध महात्मा चिद्रूप को उज्जैन में—

तमेव च जहाँगीरः दृष्टवान् भाग्यकर्षितः ।
रसाभ्ररसचन्द्राब्दे आगरा मार्गसम्मुखः ।।१६५४।।

१६५४. भाग्यवश जहांगीर ने भी ई० वर्ष १६१६ में आगरा आते समय मार्ग में देखा।

रसभूरसभूवर्षे काश्मीरवनिमण्डले ।
धूमकेतुः समुद्गतो व्यचरन् मूषका भृशम् ॥१६५५॥

धूमकेतु :

१६५५. ई० वर्ष १६१६ में कश्मीर में धूमकेतु दिखाई पड़ा । तदनन्तर पर्याप्त चूहे विचरने लगे ।

संख्यातिगैस्तैः सर्वत्र विचरद्भिर्धरातले ।
नष्टानि पक्वशालीनि क्षेत्राणि सकलान्यपि ॥१६५६॥

१६५६. भूतल पर विचरणशील, असंख्य चूहों ने सर्वत्र पके धान के खेतों को नष्ट कर दिया ।

महामारीप्रकोपेण व्याकुलाः सर्वतो जनाः ।
नाऽऽसीद्गणयितुं संख्या मृतानां प्राणिनामपि ॥१६५७॥

महामारी :

१६५७. महामारी के प्रकोप से सब ओर लोग व्याकुल हो उठे । मृत प्राणियों की गणना असम्भव हो गयी ।

अभावः शववस्त्राणामपि लोकैर्विलोकितः ।
मत्स्या अपि न खादन्ति मानवामिषमम्बुनि ॥१६५८॥

१६५८. शववस्त्रों (कफन) का सर्वथा अभाव हो गया । जल में मछलियां भी मानवमांस नहीं खाती थी ।

वितस्ता परिपूर्णाऽभून्मानवानां शवोच्चयैः ।
स्वाम्यभावे च पशवः काननानि जगाहिरे ॥१६५९॥

१६५९. मानव शवों से वितस्ता पट गई । स्वामी के अभाव में पशु वनों में घूमने लगे ।

मध्येशियासमुत्पन्ना महामारी विनाशिनी ।
काश्मीरमभ्युपेतेयं वितेने मृत्युताण्डवम् ॥१६६०॥

१६६०. मध्येशिया में उत्पन्न, इस विनाशक महामारी ने कश्मीर में मृत्युताण्डव किया ।

दिनैस्तु चत्वारिंशद्भिरित्थं काश्मीरमण्डलम् ।
महामारीप्रभावेण सर्वतो जर्जरीकृतम् ॥१६६१॥

१६६१. चालीस दिन में सम्पूर्ण कश्मीर-मण्डल महामारी के प्रभाव से जर्जर हो गया ।

जहाँगीरानुसारेण पञ्चाबुं प्रथमं ततः ।
लाहुरं समतिक्रम्य सरहिन्दादिषु क्रमात् ॥१६६२॥

१६६२. जहांगीर के आत्म कथानुसार, सर्व प्रथम पंजाब, तदनन्तर लाहौर तथा सरहिन्द आदि में फैलकर—

महामारी चचाराशु भक्षयन्ती नरान्बहून् ।
काश्मीरमाक्रान्तवती दिल्लीपर्यन्तमाययौ ।।१६६३।।

१६६३. वह महामारी बहुत मनुष्यों का भक्षण करती हुई, कश्मीर में व्याप्त हो गई और दिल्ली तक पहुंच गई ।

प्रथमं तु शिरःशूलो ज्वरश्च तदनन्तरम् ।
नासातो रक्तविश्रावो मृयते च परेऽहनि ।।१६६४।।

१६६४. उसके अनुसार इस व्याधि में सर्व प्रथम शिरःशूल, ज्वर, नासिका से रुधिर प्रवाह होता था, दूसरे दिन रोगी मर जाता था ।

स्पर्शमात्रेण रोगस्य शङ्कयैव कुटुम्बिनः ।
त्यजन्ति स्म जनं रुग्णं गृहं क्षेत्रं भयातुराः ।।१६६५।।

१६६५. रोग के स्पर्श मात्र की शंका से, परिवार के लोग, रोगी एवं घर का त्यागकर, बाहर चले जाते थे ।

अत्रानुवर्ण्यते लोके महामारी ह्युपद्रवः ।
भूमौ तृणलताकीर्णे दूर्वाभिर्हरिते वने ।।१६६६।।

१६६६. कश्मीर मण्डल के महामारी उपद्रव का वर्णन इस प्रकार है—'तृणलता-दूर्वा से परिपूर्ण—

मृतमानवदेहस्य वायुसंसर्गदूषिते ।
अकस्मादागता काचिद्गौरतीव बुभुक्षिता ।।१६६७।।

१६६७. तथा मृत मानव देह के वायु संसर्ग से दूषित, भूमि में कोई भूखी गाय आयी ।

दुर्वोच्चयं यथेच्छं सा चरन्ती मरणं गता ।
तद्गोमांसाशिनः केचित्कुक्कुरा मृत्युमागताः ।।१६६८।।

१६६८. वहाँ स्वेच्छा पूर्वक, घास चरकर, गाय मर गयी । उसका मांस खाकर, कुछ कुत्ते भी मर गये ।

महामारी समाक्रान्तं पुत्रं तत्याज जन्मदः ।
पुत्रा अपि न पश्यन्ति पितरं रोगभीरवः ।।१६६९।।

१६६९. पिता महामारी-ग्रस्त पुत्र को त्याग देता था । पुत्र भी रोग के भय से रुग्ण पिता को नहीं देखते थे ।

गृह-द्वादशसाहस्त्री जामाक्षेत्रे च संस्थिता ।
कालचक्रप्रभावेण वह्निना भस्मसात्कृता ।।१६७०।।

अग्निदाह :

१६७०. इसी वर्ष जामा क्षेत्र में स्थित बारह हजार[1] गृह काल के प्रभाव वश, अग्नि से जलकर, राख हो गये ।

---

१. पीरहसन के मत से बारह हजार गृह । अन्य मत से तीन हजार ।

अस्मिन्नेव तथा वर्षे कृत्वा युद्धं सुदुष्करम् ।
व्यजेष्ट किश्तवाराख्यं जहाँगीरो धरातलम् ॥१६७१॥

१६७१. इसी वर्ष दुष्कर युद्ध कर, जहांगीर ने किश्तवार पर विजय प्राप्त किया ।

रसभूरसभूवर्षे हबीबुल्लाकविर्मृतः ।
धूमकेतुरवालोकि काश्मीराकाशमण्डले ॥१६७२॥

१६७२. ई० वर्ष १६१६ में ख्वाजा हबीबुल्ला कवि का देहान्त हुआ । इसी वर्ष कश्मीर के आकाश मण्डल में धूमकेतु दिखाई पड़ा ।

पञ्चवर्षेष्वतीतेषु जहाँगीरः प्रतापवान् ।
सीकरीमण्डलं प्राप वसन्तर्तुविनोदितः ॥१६७३॥

१६७३. पांच वर्ष पश्चात् प्रतापी जहांगीर फतहपुर सीकरी पहुँचा । वसन्त ऋतु से प्रसन्न—

कोकिलावलिवाचाले काले कुसुमलालिते ।
मनोविनोदयामास धरणीरमणीश्वरः ॥१६७४॥

१६७४. धरणी-रमणीश्वर ने कोकिल कूजित, कुसुमसमन्वित वसन्त में वहाँ मनोदविनोद किया ।

नाम्ना दिलावरो मित्रं युसुफस्य विचक्षणः ।
राज्यपालोऽभवद्वीरो लाहुरस्य महाबली ॥१६७५॥

१. दिलावर खां (सन् १६१८-१६२०) :

१६७५. युसुफ का मित्र बली दिलावर खां लाहौर में राज्यपाल नियुक्त हुआ था।

इब्राहीमापराख्योऽसौ निपुणो वैश्यकर्मणि ।
शशास पञ्चवर्षाणि जहाँगीरनृपाज्ञया ॥
बाणाभ्ररसचन्द्राब्दादभ्रेन्दुरसभूमितम् ॥१६७६॥

१६७६. उसका दूसरा नाम इब्राहीम था । वह व्यापार में निपुण था । जहांगीर की आज्ञा से उसने ई० वर्ष १६०५ से १६१० पर्यन्त (दसवां राज्यपाल) पांच वर्ष शासन किया था ।

खुशरोद्रोहशमने किश्तवारजये तथा ।
दिलावरोऽभूत्सफलो जहाँगीरप्रियस्ततः ॥१६७७॥

१६७७. जहांगीर का प्रियपात्र दिलावर खां खुशरो का द्रोह शान्त करने तथा किश्तवार विजय में सफल हुआ था ।

वह्निभूरसभूवर्षे मेवाड़े युद्धसङ्गरे ।
दिलावरो महावीरोऽदर्शयद् युद्धकौशलम् ॥१६७८॥

१६७८. ई० वर्ष १६१३ में मेवाड़ के युद्ध में उसने अपना युद्धकौशल दिखाया था ।

दिलावरस्य नाम्नैकमुद्यानं तत्र वर्तते ।
चतुर्थसेतौ काश्मीरे चिनारद्रुश्चारोपितः ।।१६७९।।

१६७९. कश्मीर में चतुर्थ पुल अलाउद्दीन पुर में (व्रार-ई-निम्बल) पर दिलावार खां के नाम से एक बाग है। उसके समय का चिनार वृक्ष भी है।

असमाप्ते महामारीविप्लवे सहसोदितः ।
वह्निदाहो महांस्तत्र काश्मीरनगरान्तरे ।।१६८०।।

१६८०. महामारी का उपद्रव पूर्ण शान्त नहीं हुआ था कि, सहसा कश्मीर के श्रीनगर में आग लग गयी।

जहाँगीरनुसारेण महदाश्चर्यमस्ति यत् ।
महामारीस्थलादेव प्रादुर्भूतो हुताशनः ।।१६८१।।

१६८१. जहांगीर के वर्णनानुसार यह महान् आश्चर्य है कि महामारी प्रभावित क्षेत्र में ही अग्नि उत्पन्न हुई थी।

त्रिसहस्राधिकान्यासन् भवनानि महानले ।
दग्धानि जामामस्जिद् च महद्भयमुपस्थितम् ।।१६८२।।

१६८२. तीन हजार से अधिक गृह तथा जामामस्जिद, उस महाग्नि में जल गये। महासंकट उपस्थित हो गया।

हैदरमलिक् चादुराख्यो वृत्तमेतदसूचयत् ।
सुन्नीमतस्था यवना आशङ्कन्ते यत् पुरा ।।१६८३।।

१६८३. हैदर मलिक चादुरा ने लिखा है, सुन्नी मतानुयायी मुगलों को यह सन्देह था कि—

तेन तज्जनकेनाऽपि जामामस्जिद् विनाशितम् ।
वदन्ति यत्पुराकाले दुघलातस्य शासने ।।१६८४।।

१६८४. उसने तथा उसके पिता ने जामा मस्जिद विनष्ट किया, क्योंकि दुघलात के शासन में—

खान काह् शमशुद्दीनः सुन्निभिर्निहितो यतः ।
प्रार्थितस्तैर्जहाँगीरो निजाज्ञामुदघोषयत् ।।१६८५।।

१६८५. "सुन्नियों ने खानकाह शमशुद्दीन विनष्ट कर दिया था।" सुन्नियों की प्रार्थना पर जहांगीर ने आदेश दिया—

मल्लिकमुहम्मदस्ताजी तत्पुत्रश्च निजव्ययात् ।
जामामसजिदस्थानं नवीकुर्वन्तु पूर्ववत् ।।१६८६।।

१६८६. "मल्लिक मुहम्मद ताजी तथा उसके पुत्र अपने व्यय से जामा-मस्जिद का पूर्ववत् नवनिर्माण करें।"

स्थानाद्दक्षिणतो लग्नः शिलालेखो विराजते ।
तत्रैवोल्लिखितं वृत्तं सर्वमेतद् यथाक्रमम् ।।१६८७।।

१६८७. मस्जिद के दक्षिण (द्वार) पर एक शिलालेख है, उसी में यह सब वृत्तान्त यथाक्रम लिखा है ।

जामामसजिद्निर्माणं कृतवान् स सिकन्दरः ।
नाम्ना बुतशिकन् ख्यातः पुनस्तद्दग्धमग्निना ।।१६८८।।

१६८८. शिलालेख के अनुसार जामामस्जिद का निर्माण सिकन्दर बुत् शिकन ने कराया था। तदनन्तर वह पुनः दग्ध हो गयी थी ।

बादशाहो हसन् नामा पुनरेतद् विनिर्ममे ।
तत्रावशिष्टं निर्माणं स्तम्भादीनां तदुत्तरम् ।।
इब्राहिमाभिधो मन्त्री पूरयामास शोभनम् ।।१६८९।।

१६८९. सुल्तान हसन ने पुनः उसका निर्माण कराया । उसमें अवशिष्ट स्तम्भ आदि का निर्माण कार्य मंत्री इब्राहीम ने पूरा कराया ।

नवाधिकनवशते हिजरीनामवत्सरे ।
मुहम्मदशाहकाले स्तम्भ आसीद् गुरूर्दृढः ।।१६९०।।

१६९०. हिजरी वर्ष ९०९ में मुहम्मद शाह के समय वह सुदृढ एवं गौरवशाली मीनार थी ।

ऊनविंशोत्तरे पूर्वं षोडशाब्दे च हायने ।
ईदपर्वदिने सोऽयं स्तम्भः प्रज्वलितोऽभवत् ।।१६९१।।

१६९१. ई० वर्ष १६१९ में ईद पर्व के दिन वह मीनार जल गयी ।

ततो मलिकहैदरचाडुराख्येन यत्नतः ।
जहाँगीरस्य समये स स्तम्भो निर्मितोऽभवत् ।।१६९२।।

१६९२. जहांगीर के समय मलिक हैदर चादुरा ने प्रयत्न पूर्वक उस मीनार का पुनर्निर्माण कराया ।

मुगलशासनस्यैव फलं काश्मीरमृद्धिमत् ।
मस्जिदादिकनिर्माणे सामन्तश्च क्षमोऽभवत् ।।१६९३।।

१६९३. मुगल प्रशासन के फलस्वरूप कश्मीर समृद्ध हुआ । एक सामन्त भी मसजिद आदि के निर्माण में सक्षम हो गया था ।

काश्मीरस्य करेणैव राज्यस्यायो व्यवर्धत ।
सप्तकोट्याधिको द्रव्यराशिरेष तदाऽभवत् ।।१६९४।।

१६९४. काश्मीर के कर से राज्य के आय[1] में वृद्धि हुई । वह आय उस समय सात करोड़ से भी अधिक थी ।

अष्टादशोत्तरे पूर्वं षोडशेऽब्दे स शारदे ।
सम्राट्जहाँगीरपार्श्वे सर्टामसरो समागतम् ॥१६९५॥

सर टामसरो :

१६९५. ई० वर्ष १६१८ के शरत्काल में सरटामसरो सम्राट जहांगीर के पास आया ।

सन्धिपत्रं विधायासौ सम्राजा सह वार्तया ।
पूर्वतोऽप्यधिकं प्राप्तं सौविध्यं तेन राज्यतः ॥१६९६॥

१६९६. उसने सम्राट के साथ वार्त्तालाप द्वारा सन्धि पत्र तैयार कर, पूर्वापेक्षा राज्य से अधिक सुविधा प्राप्त की ।

अष्टादशोत्तरे पूर्वं षोडशाब्दे च वत्सरे ।
औरंगजेबनाम्नोऽभूज्जन्मराजसुतस्य च ॥१६९७॥

औरंगजेब का जन्म :

१६९७. ई० वर्ष १६१८ में राजकुमार औरंगजेब का जन्म हुआ ।

अष्टादशोत्तरात्पूर्वं षोडशाब्दादनन्तरम् ।
त्रिंशदुत्तरतश्चैवं षोडशाब्दस्य चान्तरे ॥१६९८॥

१६९८. ई० वर्ष १६१८ से १६३० ई० वर्ष के मध्य—

अथो हैदरमलिकचादुराख्येन धीमता ।
काश्मीरतारिकायाश्च सम्यक् प्रणयनं कृतम् ॥१६९९॥

१६९९. बुद्धिमान् हैदर मलिक चादुरा ने "तारीख-इ-कश्मीर" का प्रणयन किया ।

स एष चकसुल्तानराज्ञां राज्यप्रशासनम् ।
प्रत्यक्षं दृष्टवानासीत् तत्कालस्यापि दर्शकः ॥१७००॥

१७००. उसने चक-सुल्तानों का प्रशासन प्रत्यक्ष देखा था । वह उस समय का साक्षात् द्रष्टा था ।

अष्टादशोत्तरात्पूर्वं षोडशात् खीष्टवत्सरात् ।
ऊनत्रिंशोत्तरपूर्वं षोडशाब्दान्तमेव च ॥१७०१॥

१७०१. ई० वर्ष १६१८ से १६२९ ई० वर्ष पर्यन्त—

काष्ठवाटप्रदेशस्य शासनं परिचालयन् ।
गुर्रसिंहः स राजाऽऽसीत् प्रजापालनतत्परः ॥१७०२॥

किश्तवार :

१७०२. काष्ठवाट प्रदेश का शासक गुरसिंह था । वह प्रजापालक राजा था ।

---

१. आय : सम्पूर्ण आय प्रतिवर्ष ७,४६,७०,००० दाम थी ।

प्लेगनाममहारोगः प्रासरद् भारतोत्तरे ।
कालेऽस्मिन्नागरां यावत् प्रसारः तस्य चाभवत् ।।१७०३।।

प्लेग :

१७०३. इस समय भारत के उत्तर में प्लेग फैला । उसका प्रसार आगरा तक हो गया ।

ऊनविंशोत्तरे पूर्वं षोडशाब्दे तदादितः ।
एकैकदिवसे जाता मृताश्च शतशो जनाः ।।१७०४।।

१७०४. ई० वर्ष १६१९ के प्रारम्भ में प्रतिदिन सौ व्यक्तियों की मृत्यु हो रही थी ।

ऊनविंशोत्तरे पूर्वं षोडशाब्देऽन्तिमे पदे ।
आगरातो जहाँगीरः पर्वतीयस्थलं ययौ ।।१७०५।।

जहांगीर की यात्रा :

१७०५. ई० वर्ष १६१९ के अन्त में जहांगीर ने आगरा से पर्वतीय क्षेत्र की ओर प्रस्थान किया ।

वसन् परिजनैः साकम् स तस्मिन् पर्वतस्थले ।
यापयामास तत्रैव ग्रीष्मर्तुं घर्मघस्मरम् ।।१७०६।।

१७०६. उसी पर्वतीय स्थल पर परिजनों सहित उसने ग्रीष्म-ऋतु व्यतीत किया ।

विंशतिश्च गजास्तत्र यात्राकाले मृताः किल ।
चक्रे श्रीनगरे तस्य स्वागतं राज्यपेन च ।।१७०७।।

१७०७. उस यात्रा के समय बीस हाथी मर गये थे । श्री नगर में राज्यपाल ने उसका स्वागत किया था ।

ऊनविंशोत्तरे पूर्वं षोडशे खीष्टवत्सरे ।
शालीमाराख्यमुद्यानं तदानीं परिकल्पितम् ।।१७०८।।

शालीमार वाग :

१७०८. ई० वर्ष १६१९ में शालीमार उद्यान की कल्पना की गयी ।

राजा प्रवरसेनश्च द्वितीयोऽसौ पुरा किल ।
डललेकोत्तरात्प्राक्तः कुल्यामेकामकारयत् ।।१७०९।।

१७०९. प्राचीन काल में राजा प्रवरसेन द्वितीय ने डललेक (सुरेश्वरीसर) के उत्तर-पूर्व से एक नहर निकाली थी ।

ग्रामप्रासादयोस्तत्र निर्माणं तेन कारितम् ।
शालीमारेति शब्दस्तु संस्कृतश्चेति विश्रुतम् ।।१७१०।।

१७१०. उसने वहां ग्राम तथा प्रासाद का निर्माण कराया । शालीमार शब्द संस्कृत है ।

प्रेमस्थानमिति ख्यातः तदर्थः स प्रतिष्ठितः ।
मुगलानां यशश्चेति तदर्थस्तु भ्रमात्मकः ।।१७११।।

१७११. उसका अर्थ प्रेमस्थान है । मुगलों का यश अर्थ भ्रमात्मक है ।

सार्धमौरङ्गजेबेन यात्रायां बरनीपरः ।
काश्मीरेऽसौ तदा ह्यासीत् स्वयं चैतल्लिलेख सः ॥१७१२॥

१७१२. बरनीयर औरंगजेब के साथ कश्मीर-यात्रा में था । उसने स्वयं लिखा है—

यतः शाहजहाँकाले मन्दिरादौ विनाशिते ।
शालिमारस्य निर्माणे तत्प्रयोगः कृतोऽभवत् ॥१७१३॥

१७१३. "शाहजहां काल में मन्दिर आदि विनष्ट कर दिये जाते थे, शालीमार के निर्माण में उनका प्रयोग किया गया था ।"

स्थानं प्रवरसेनेन यच्च निर्मापितं पुरा ।
जहाँगीरेण तद्रूपं नवीनं कृतमन्यथा ॥१७१४॥

१६१४. पुराकाल में प्रवरसेन ने जिस स्थान (शालीमार) का निर्माण कराया था, जहाँगीर ने उसका सर्वथा नवीनीकरण कर दिया ।

ऊर्नविंशोत्तरे पूर्वं षोडशाब्दे स हायने ।
नाम्नाफरहबख्शेति तत्रोद्यानमकारयत् ॥१७१५॥

फरहबख्श वाग :

१७१५. उसने १६१९ ई० वर्ष में वहां पर "फरहबख्श" नामक उद्यान निर्मित कराया ।

राज्यपालो जाफर्खानो महोद्यानं विधाय तत् ।
फैजबख्शेति नामान्यत् त्वकारासौ निजेच्छया ॥१७१६॥

१७१६. राज्यपाल जफरखान ने उस उद्यान का विस्तार कर, स्वेच्छा से उसका दूसरा नाम "फैजबख्श" रख दिया ।

ऊर्नविंशोत्तरात्पूर्वं षोडशाब्दात्तथैव च ।
षट्चत्वारिंशदन्तांकं षोडशाब्देऽवधौ खलु ॥१७१७॥

१७१७. ई० वर्ष १६१९ से १६४६ ई० वर्ष पर्यन्त

औदुम्बरप्रदेशस्य शासनं विदधत्तदा ।
श्रीमान् जगतसिंहोऽसौ राजाऽऽसीत् सम्प्रतिष्ठितः ॥१७१८॥

१७१८. श्रीमान् जगत सिंह औदुम्बर प्रदेश का प्रतिष्ठित शासक था ।

विंशतिश्चोत्तरे पूर्वं षोडशाब्दे जहांगिरः ।
समाक्रमितुमादेश काष्ठवाटे प्रदत्तवान् ॥१७१९॥

किश्तवार पर आक्रमण :

१७१९. जहांगीर ने १६२० ई० वर्ष में काष्ठवाट पर आक्रमण करने का आदेश दिया—

यतो राजा करं नैव ददाति स्मेति सोऽग्रहीत् ।
प्रतिवेश्म चतुर्मुद्राः प्रतिवर्षं करं स्वतः ॥१७२०॥

१७२०. क्योंकि राजा कर नहीं देता था । वह प्रतिगृह चार रुपये प्रति वर्ष कर स्वयं लेता था ।

राज्ञश्च प्रमुखो ह्यायश्चार्थदण्डादजायत।
एकलक्षमितश्चायः काष्ठवाटस्य वार्षिकः ॥१७२१॥

१७२१. राजा की प्रमुख आय अर्थ दण्ड से होती थी। काष्ठवाट की वार्षिक आय एक लाख रुपये थी।

लघुकाश्मीरनाम्नाऽयं किश्तवारोऽत्र कथ्यते।
केसरा अपि जायन्ते काश्मीराद्उत्तमा इह ॥१७२२॥

१७२२. (काष्ठवाट) किस्तवार को लोग लघु कश्मीर कहते हैं। यहां कश्मीर से उत्तम केसर उत्पन्न होती है।

नाधिकायतया तत्र तद्राज्यक्षेत्ररक्षकाः।
न चाश्वारोहिणश्चासन् सैनिका नृपसन्निधौ ॥१७२३॥

१७२३. अधिक आय न होने कारण, उस राज्य क्षेत्र की रक्षा के लिये, राजा के पास अश्वारोही सैनिक नहीं थे।

तस्य सप्तशतं ह्यासन् भुशुण्डीधारका अपि।
केसरोत्पादनं तेभ्यो दीयते स्म च वेतनम् ॥१७२४॥

१७२४. उसके पास सात सौ बन्दूकधारी सैनिक थे। केसर की उपज उन्हें वेतन में दी जाती थी।

युद्धस्य समये सप्तसहस्रं सैनिकानसौ।
राजा घटयितुं नूनं प्राभवत् शत्रुसम्मुखम् ॥१७२५॥

१७२५. वह राजा युद्धकाल में शत्रु के समक्ष सात हजार सैनिक संघटित कर सकता था।

ततो दशसहस्राङ्कसैनिकैश्च पदातिभिः।
तथाऽश्वारोहिणामेवं सेनया सह सज्जितः ॥१७२६॥

१७२६ तदनन्तर दश हजार पदाति तथा अश्वारोही सैनिकों से सुसज्जित होकर—

काष्ठवाटे दिलावरखाँऽभिधानः समाक्रमत्।
ऊनविंशोत्तरे पूर्वं षोडशाब्दे च वत्सरे ॥१७२७॥

१७२७. दिलावर खां ने ई० वर्ष १६१९ में काष्ठवाट पर आक्रमण किया।

दुर्गमत्वात् पथो ह्यश्वाः काश्मीरं परिवर्तिताः।
पर्वतीयाध्वना जग्मुः सैनिकास्ते पदातयः ॥१७२८॥

१७२८. दुर्गम मार्ग होने के कारण, अश्व कश्मीर लौटा दिये गये। पदाति सैनिक पर्वतीय मार्ग से आगे बढ़े।

मारूनद्यास्तटे वामे सेनाऽसौ संगताऽभवत् ।
ततः प्रववृते युद्धं रिपूणां सेनया सह ॥१७२९॥

१७२९. वह सेना मारु नदी के तट पर एकत्रित हुई । तत्पश्चात् शत्रुओं की सेना के साथ युद्ध हुआ ।

असीत्तस्य प्रदेशस्य शासकोऽम्बचकस्तदा ।
स्वत्वं सन्दर्श्य काश्मीरे किश्तवारे स चावसत् ॥१७३०॥

१७३०. उस प्रदेश का शासक अम्बाचक (ऐवाचक) कश्मीर पर अपना स्वत्व दिखाकर, किश्तवार में शरण प्राप्त किया था ।

ततः पलायितो भूत्वा नदीं तीर्त्वा भयद्रुतः ।
भद्रकोटं स आगत्य तत्रैव स्थितवानपि ॥१७३१॥

१७३१. भयभीत वह, वहां से पलायित हो गया । नदी पार कर, भद्रकोट आकर स्थित हुआ ।

दिलावरस्य सेनाऽसौ सेतुमुल्लंघ्य यत्नतः ।
भद्रवास्थानमागन्तुं समैच्छद् योद्धुमिच्छया ॥१७३२॥

१७३२. दिलावर की सेना प्रयत्नपूर्वक सेतु पारकर, युद्धार्थ भद्रवा स्थान पर, आना चाहती थी ।

राज्ञः सैन्यविरोधेन नाग्रे गन्तुं शशाक सा ।
सन्धिप्रस्तावना राज्ञा न्यस्ताऽप्यस्वीकृताऽभवत् ॥१७३३॥

१७३३. वह राजसैनिकों के विरोध के कारण आगे नहीं बढ़ सकी । राजा ने सन्धि प्रस्ताव रखा । वह अस्वीकृत कर दिया गया ।

दिलावरस्य तनुजो जमालश्चैकदा किल ।
विशालां च नदीं तीर्त्वा राज्ञस्तैः सैनिकैः सह ॥१७३४॥

१७३४. एक दिन दिलावर खां का पुत्र जमाल खां बड़ी नदी पार कर, राजा के सैनिकों को—

योद्धुमारभत क्रुद्धः सद्यस्तान् जेतुमिच्छया ।
राज्ञस्तु सैनिकाः सर्वे सेतुं भङ्क्त्वा पलायिताः ॥१६३५॥

१७३५. जीतने की इच्छा से उनके साथ युद्ध करने लगा । राजा के सैनिक सेतुभङ्ग कर, पलायित हो गये ।

सेतुं निर्माय सेनां स्वां भद्रकोटे दिलावरः ।
प्रापयच्चन्द्रभागाया नद्याः सन्तरणं परम् ॥१७३६॥

१७३६. दिलावर खां ने सेतु निर्माण कर अपनी सेना भद्रकोट[1] पहुँचा दी । चन्द्रभागा[2] नदी पार करना—

---

१. भद्रकोट : भद्रवा । २. चन्द्रभागा : चिनाब नदी ।

अतीवदुष्करमभूद् रज्जुसेतुविनिर्मितौ ।
चातुर्मासाधिकः कालो व्यतीतोऽभून्निरर्थकः ॥१७३७॥

१७३७. अत्यन्त कठिन था। रस्सी का सेतु निर्मित करने में चार मास से अधिक समय निरर्थक बीत गया।

दिलावरस्य तनयो जमालश्चैकदाऽहनि ।
तदञ्चलीयभूस्वामिमार्गनिर्देशने सति ॥१७३८॥

१७३८. दिलावर का पुत्र जमाल खां एक दिन उसी अंचल के जमीनदार द्वारा मार्ग निर्देश प्राप्तकर,

राज्ञः पार्श्वे समायातः संघर्षः समजायत ।
राजा पराजितो भूत्वा पाशबद्धः कृतोऽभवत् ॥१७३९॥

१७३९. राजा के पास पहुँच गया। संघर्ष हुआ। पराजित राजा बन्दी बना लिया गया।

किश्तवारप्रदेशस्य राजधान्यस्ति मंदिलम् ।
दिलावरोऽगमत्तत्र विजयश्रीविशेषितः ॥१७४०॥

१७४०. विजेता दिलावर खां किस्तवार की राजधानी मंदिल पहुंच गया।

विंशत्युत्तरके पूर्वं षोडशाब्दे दिलावरः ।
राज्ञा साकं जगामासौ जहाँगीरस्य चान्तिके ॥१७४१॥

१७४१. दिलावर खां ई० वर्ष १६२० में (२१ मार्च को) राजा के साथ जहांगीर के पास गया।

दिलावराय मुदितो भूत्वा सम्राट् पुरस्कृतौ ।
एकवर्षार्जितं चाऽऽयं काष्ठवाटस्य सन्ददौ ॥१७४२॥

१७४२. प्रसन्न होकर, सम्राट ने काष्ठवाट की एक वर्ष की आय दिलावर को पुरस्कार स्वरूप प्रदान कर दिया।

लद्दाखनृपतेर्ज्येष्ठः पुत्रः सिंगेनमग्यलः ।
बालतीराजपुत्र्याश्च यस्य जन्माभवत् किल ॥१७४३॥

१७४३ लद्दाख नृपति का ज्येष्ठ पुत्र सिंगे नमग्यल जो बालती राजपुत्री से उत्पन्न हुआ था—

विंशोत्तरे षोडशाब्दे पितुर्मृत्यौ नृपोऽभवत् ।
सप्तत्यन्तं षोडशाब्दं यावद् राज्यं चकार सः ॥१७४४॥

१७४४. पिता की मृत्यु के पश्चात् १६२० ई० वर्ष में नृपति हुआ। उसने १६७० ई० वर्ष पर्यन्त शासन किया।

आसीत् किल स ईराकी सावावंशीयसैय्यदः ।
भारतागमनान्तेऽसौ चासफेन पुरस्कृतः ।।१७४५।।

ई० वर्ष १६२०-१६२२ इरादत खां :

१७४५. वह ईराकी सावा वंशीय सैय्यिद था। भारत आने पर आसफ खां ने उसे पुरस्कृत किया था।

तेन पञ्चाम्बुराज्यस्य सम्यक् संरक्षणाय सः ।
तत्र सेनाधिकारित्वे नियुक्तः कृतोऽभवत् ।।१७४६।।

१७४६. आसफ ने उसे पंजाब राज्य की रक्षा के लिये सेनाधिकारी नियुक्त किया था।

सम्राट्सुकृपया पात्रीकृतः सोऽयं विशेषतः ।
वत्सरे पञ्चदशके तद्राज्यस्य प्रशासने ।।१७४७।।

१७४७. सम्राट का विशेष कृपापात्र वह, उसके (सम्राट के) राज्य के पन्द्रहवें वर्ष—

विंशोत्तरे षोडशाब्दे ख्रीष्टे योग्यतया हि सः ।
काश्मीरस्य नियुक्तोऽभूद् राज्यपालस्तदाज्ञया ।।१७४८।।

१७४८. ई० वर्ष १६२० में अपनी योग्यता के कारण, कश्मीर का राज्यपाल नियुक्त हुआ।

ततो जौनपुरे स्वीयशासनारम्भ एव सः ।
गोमत्याश्च तटे चैकमुद्यानं निरमापयत् ।।१७४९।।

१७४९. उसने अपने प्रशासन के प्रारम्भ में जौनपुर में गोमती नदी के तट पर, एक उद्यान लगवाया था।

एकोनपञ्चाशत्तमे षोडशाब्दे च तत्र सः ।
पञ्चसप्ततिवर्षीयवयस्येष मृतोऽभवत् ।।१७५०।।

१७५०. वहीं पर १६४९ ई० वर्ष में पचहत्तर वर्ष की अवस्था में उसका देहान्त हुआ।

विंशोत्तरे षोडशाब्देऽष्टौ मासान् यावदुत्तमे ।
काश्मीरे स जहाँगीरो विश्रान्ति लब्धुमिच्छया ।।१७५१।।

जहाँगीर काश्मीर में :

१७५१. ई० वर्ष १६२० में जहांगीर काश्मीर में विश्राम करने के लिये आठ मास—

समुवास मुदा तत्र तेन निर्मापितं ततः ।
अष्टकोणात्मकं रम्यं नीलकुण्डमनुत्तमम् ।।१७५२।।

१७५२. प्रसन्नतापूर्वक निवास किया। उसने वहां नीलकुण्ड (बेरीनाग) को अठपहला एवं रमणीय बनवाया।

इरादत् खानमुद्यानं काश्मीरे तेन निर्मितम् ।
रमणीयं नवीद्यानं नौपुरापूर्वदिक्स्थितम् ॥१७५३॥

बाग इरादत खां :

१७५३. उसने अपने नाम से कश्मीर में बाग "इरादत खां" का निर्माण कराया। वह रमणीय नवीन उद्यान नौपुरा के पूर्व स्थित था।

जहाँगीरेण चोद्यानम् 'ऐशाबादेति' निर्मितम् ।
जुकुरग्रामात्तत्र कुल्यामेकां च समानयत् ॥१७५४॥

ऐशाबाद बाग :

१७५४. जहांगीर ने एक उद्यान 'ऐशाबाद' लगवाया। जुकुर ग्राम से वहां एक कुल्या (नहर) लायी गयी थी।

जोडशाहीति तन्नाम साम्प्रतं परिकथ्यते ।
सिन्ध-नद्याश्च साऽऽनीता जलयन्त्रप्रवर्तने ॥१७५५॥

१७५५. उसका नाम 'जोडशाही' कहा जाता है। जलयन्त्र (फुहारा) चलाने के लिये वह सिन्ध नदी से लायी गयी।

विंशोत्तरे षोडशाब्दे विन-दोस्त-मुहम्मदः ।
अपीकबालनाम-इ-जहांगीरे ति सोऽलिखत् ॥१७५६॥

इकबाल नामा :

१७५६. मुहम्मद शरीफ बिन दोस्त ने ई० वर्ष १६२० में 'इकबाल नाम-इ-जहांगीर' का प्रणयन किया।

आरभ्याकबरादत्र जहांगीरान्तमुत्तमम् ।
वर्णनं चेतिहासस्य सम्यक् तत्रोपलभ्यते ॥१७५७॥

१७५७. इसमें अकबर से लेकर जहांगीर तक का इतिहास वर्णित है।

विंशोत्तरात्षोडशाब्दात् पञ्चत्रिंशान्तषोडशे ।
लद्दाख-खपलोरस्यारजोना शासकोऽभवत् ॥१७५८॥

लद्दाख :

१७५८. ई० वर्ष १६२०–१६३५ में लद्दाख के खपोलोर का शासक अरजोना तथा

शिगारस्य प्रदेशस्य शासनं विदधत् किल ।
अम्बरोटश्च राजाऽऽसीत् तदानीं स प्रतापवान् ॥१७५९॥

शिगार :

१७५९. शिगार का शासक प्रतापी राजा अम्बरोट था।

विंशोत्तरात्षोडशाब्दात् पञ्चाशत्प्रान्तषोडशे ।
वत्सरे बलतीराजाऽभवत् सोऽहमदस्तदा ॥१७६०॥

बालतिस्तान :

१७६०. ई० वर्ष १६२०-१६५० में बालतिस्तान का राजा अहमद था।

एकविंशोत्तरे पूर्वं षोडशाब्दे जहांगिरः ।
कश्मीरेऽमोचयत् सर्वान् रसूमकरभारतः ।।१७६१।।

१७६१. ई० वर्ष १६२१ में जहांगीर ने काश्मीर में 'रसूम' फौजदारी कर से सबको मुक्त कर दिया ।

राजौरी-यवनस्त्रीणां पत्या सह मृतिप्रथाम् ।
मारणं नवजातानां कन्यकानां न्यषेधयत् ।।१७६२।।

मुसलिमों पर प्रतिबन्ध :

१७६२. उसने राजौरी में मुसलिम स्त्रियों का पति के साथ मरने, तथा नवजात कन्याओं को गला दबाकर, मारने की प्रथा निषिद्ध कर दी ।

द्वाविंशत्युत्तरे पूर्वं षोडशे ख्रीष्टवत्सरे ।
पाषाणमस्जिदं नूरजहां सा निरमापयत् ।।१७६३।।

पत्थर मसजिद :

१७६३. ई० वर्ष १६२२ में नूरजहां ने (श्री नगर में) पत्थर मस्जिद निर्मित कराया ।

मुहम्मदचादुराऽसौ प्रसिद्धश्चेतिहासकृत् ।
आसीत् श्रीनगरे तस्य निर्माणस्य निरीक्षकः ।।१७६४।।

१७६४. प्रसिद्ध इतिहासकार मलिक मुहम्मद चादुरा श्रीनगर में उसके निर्माण का निरीक्षक था ।

विंशोत्तरे षोडशाब्दे पञ्चाशोत्तरषोडशे ।
लद्दाखस्य परकुटानृपश्चाहमदोऽभवत् ।।१७६५।।

परकुटा राज्य :

१७६५. ई० वर्ष १६२०-१६५० में लद्दाख के परकुटा का राजा अहमद था ।

रोण्डस्याहमदः शाहो राजाऽऽसीदेक एव सः ।
श्यामसेनः सुकेतस्य बभूव नृपतिस्तदा ।।१७६६।।

सुकेत :

१७६६. रोण्ड का अहमदशाह तथा सुकेत का राजा श्यामसेन था ।

स्पीतीराज्यस्य राजाऽऽसीत् तदा सेंगेनमग्यलः ।
सुलतानचन्द्र आसीद् विलासपुरभूपतिः ।।१७६७।।

१७६७. उस समय स्पीती राज्य का नृपति देचेरग नमग्यल तथा विलास पुर का भूपति सुल्तानचन्द्र था ।

विंशोत्तरे षोडशाब्दे मस्‌जिदं निरमापयत्।
यच्च नूरजहाँ तन्नो प्रियं श्रीनगरेऽभवत् ॥१७६८॥

१७६८. नूरजहां ने ई० वर्ष १६२० में जिस मस्जिद का निर्माण कराया था वह श्रीनगर में लोकप्रिय नहीं हुई।

मस्‌जिदस्य विनिर्माणे धनस्य विषये यदा।
पृष्टा नूरजहाँ लोकैः सगर्वं सा तदाऽब्रवीत् ॥१७६९॥

१७६९. उस मस्जिद के निर्माण में व्यय हुए धन के विषय में पूछने पर, वह गर्व पूर्वक—

चरणत्राणिकां स्वीयां रत्नाढ्यां दर्शयन्त्यथ।
एतदीयं च यन्मूल्यं तदेवात्र व्ययीकृतम् ॥१७७०॥

१७७०. रत्नों से परिपूर्ण चरण त्राणिका (जूती) दिखाती हुई, कहती थी, इसका जितना मूल्य है, वही इसमें व्यय हुआ है।

द्वाविंशत्युत्तरे पूर्वं षोडशाब्दे च हायने।
ज्येष्ठो राजकुमारो यः खुशरूनामकोऽभवत् ॥१७७१॥

खुशरू की मृत्यु

१७७१. ई० वर्ष १६२२ में ज्येष्ठ राजकुमार खुशरू—

सिंहासनाधिकारी स चतुस्त्रिंशद्वयाः खलु।
मध्ये शाहजहाँकूटपाटवान्मारितोऽभवत् ॥१७७२॥

१७७२. जो सिंहासन का अधिकारी था, चौतीस वर्ष की अवस्था में शाहजहां की कूटनीतिक चतुराई से मार डाला गया।

सप्ताशीत्युत्तरे पञ्चदशाब्दे ख्रीष्टवत्सरे।
श्रावणे मासि तस्याभूज्जन्म तत्रैवपत्तने ॥१७७३॥

१७७३. उसका जन्म ई० वर्ष १५८७ के श्रावण मास में (४ अगस्त) उसी नगर में हुआ था।

स एव खुशरूद्याने खुलदाबादसंस्थिते।
प्रयागे जननीकब्रसमीपे भूमिसात्कृतः ॥१७७४॥

१७७४. उसे प्रयाग में खुलदाबाद स्थित खुशरूबाग में उसकी माता की कब्र के समीप दफनाया गया।

अतीव सुन्दरं चैतत् समुद्यानं समन्ततः।
कतिवारं मयादृष्टं प्रयागनगरस्थितम् ॥१७७५॥

१७७५. प्रयाग में स्थित यह उद्यान अत्यन्त सुन्दर है। इसे मैंने अनेक बार देखा है।

विंशोत्तरे षोडशाब्दे जहांगीरेण यत्नतः ।
चतुर्दशमितैर्मासैः कांगड़ा-विजयः कृतः ॥१७७६॥

कागड़ा विजय :

१७७६. ई० वर्ष १६२० में १६ नवम्बर को जहांगीर ने प्रयत्न पूर्वक १४ मास में कांगड़ा विजय किया ।

राजा पराजितो भूत्वा चन्द्रभानः पलायितः ।
सर्वप्रथममेवात्र स्थापितो मुगलध्वजः ॥१७७७॥

१७७७. राजा चन्द्रभान पराजित होकर, पलायित हो गया । यहां सर्व प्रथम मुगल ध्वज स्थापित हुआ ।

इतिहासवित् फिरिश्ता कासिमान्तमुहम्मदः ।
गुलशने- इब्राहीमीत्यैतिह्यं स मुदाऽलिखत् ॥१७७८॥

फिरिस्ता :

१७७८. इतिहास वेत्ता फिरिस्ता मुहम्मद कासिम हिन्दूशाह अस्तरबादी ने 'गुलशने-इबराहीमी' नामक इतिहास ग्रंथ लिखा ।

स इतकादखांमिर्जाशापूरः पूर्णनामभाक् ।
पिता चैतमादुद्दौला ह्यासीदासफखांऽनुजः ॥१७७९॥

इतकाद खां पर १६२२-१६३३ :

१७७९. इसका पूरा नाम इतकाद खां मिर्जा शापूर था । इसका पिता एतमादुद्दौला तथा भाई आसफ खां था ।

रसिकः खान-पानादौ काश्मीरे तत्कृते तदा ।
अनीयन्ते स्म ताम्बूल-तण्डुला बुरहानतः ॥१७८०॥

१७८०. वह खानपान में रसिक था । उस समय काश्मीर में उसके लिये ताम्बूल तथा पान बुरहान पुर से लाये जाते थे ।

जहांगीरशासनस्य वर्षे सप्तदशीयके ।
काश्मीरस्य बभूवासौ नियुक्तो राज्यपालकः ॥१७८१॥

१७८१. वह जहांगीर के शासन के दसवें वर्ष कश्मीर का राज्यपाल नियुक्त किया गया था ।

आगरानगरस्थेषु प्रासादेषु त्रिषूत्तमः ।
अद्वितीयश्च तस्यासीत् प्रासादस्तत्र निर्मितः ॥१७८२॥

१७८२. आगरा के तीन प्रासादों में उसका प्रासाद अद्वितीय निर्मित हुआ था ।

चतुःपञ्चाशदन्ताङ्के षोडशाब्दे च हायने ।
उपेत्य लक्ष्मणपुरं तत्रासौ मृत्युमाप्तवान् ॥१७८३॥

१७८३. ई० वर्ष १६५४ में लखनऊ पहुँचने पर, वहां उसकी मृत्यु हो गयी ।

सैदखाँऽऽसफखाँ किञ्च खाँ नजीरः क्रमेण च ।
तस्य काले बभूवुस्ते पञ्चाम्बुप्रान्तपालकाः ॥१७८४॥

१७८४. उसके समय में सैदखां, आसफखां, तथा नजीर खां क्रमशः पंजाब में सूबेदार नियुक्त किये गये थे ।

आसीत्तच्छासनं क्रूरं तत्काले कर्मचारिणाम् ।
निर्मूल्यमशनं पानं लब्धमासीत्तदाज्ञया ॥१७८५॥

१७८५. उसका शासन क्रूर था । उसके शासन काल में राजकीय कर्मचारियों को बिना मूल्य दिये खान-पान उपलब्ध होता था ।

विना द्रव्यप्रदानेन ग्रामीणैः कर्मचारिणाम् ।
वस्तुजातादिकं सर्वम् उह्यते स्म बलादपि ॥१७८६॥

१७८६. राजकीय कर्मचारियों का सामान बिना पारिश्रमिक के ग्रामीणों से ढुलवाया जाता था ।

कृषौ तेन करो नीतः केसरोत्पादने तथा ।
राज्यस्यैकाधिकारोऽभूत् तस्य प्रबलशासनात् ॥१७८७॥

१७८७. उसने कृषि पर कर लगाया था । उसके प्रबल शासन के कारण, केसर के उत्पादन में राज्य का एकाधिकार स्थापित हो गया था ।

ये शियासम्प्रदायस्य तदा ह्यासन् विरोधिनः ।
तेषामुद्यानधान्यादि बलादेवापहारितम् ॥१७८८॥

१७८८. उस समय जो लोग शिया सम्प्रदाय के विरोधी थे, उनके उद्यान-धान्यादि बलात् कुर्करा ले लिये गये थे ।

द्वाविंशत्युत्तरे पूर्वं षोडशे ख्रीष्टवत्सरे ।
मुगलाधिकृतः पञ्चचत्वारिंशद्दिनान्तरे ॥१७८९॥

कन्धार :

१७८९. ई० वर्ष १६२२ में (जून में) ४५ दिन घेरे के पश्चात् मुगलों के अधिकार से—

कन्धारश्च पृथग्भूतः पूर्वं हस्तगतोऽप्यथ ।
तत्र शाहजहाँ गन्तुं कन्धारे नोद्यतोऽभवत् ॥१७९०॥

१७९०. कन्धार निकल गया, जो पहले उनके हाथ में था । शाहजहां कन्धार जाने के लिये उद्यत नहीं हुआ ।

त्रिविंशत्युत्तरे पूर्वं षोडशाब्दे सुरेश्वरी-।
सरसः पश्चिमे तीरे "बह्‌अरा"भिधानकम् ॥१७९१॥

१७९१. ई० वर्ष १६२३ में नूरजहां ने सुरेश्वरी सरोवर के पश्चिम तट पर 'बहरआरा' नामक—

राज्ञी नूरजहाँ चैकम् उद्यानं निरमापयत् ।
इलाहीबागतस्तत्र कुल्याऽऽनीताऽभिषिञ्चितुम् ॥१७९२॥

१७९२. एक उद्यान का निर्माण कराया था। वहां सिंचाई के लिये इलाही बाग से एक कुल्या (नहर) लायी गयी थी।

रामायणप्रणेताऽस्मिन् काश्यामस्सीस्थले किल ।
गोस्वामितुलसीदासः वत्सरे स्वर्गतोऽभवत् ॥१७९३॥

तुलसीदास का स्वर्गवास :

१७९३. इसी वर्ष रामायण (रामचरित मानस) के प्रणेता गोस्वामी तुलसी दास का देहावसान काशी में अस्सी घाट पर हो गया।

चतुर्विंशोत्तरे पूर्वं षोडशे ख्रीष्टवत्सरे ।
देवीरूपभवान्याश्च जननं समजायत ॥१७९४॥

रूप भवानी :

१७९४. ई० वर्ष १६२४ या १६२५ में देवी रूप भवानी का जन्म हुआ।

भक्तस्य शारिकादेव्याः कन्या माधोधरस्य सा ।
तेन निजसुतानाम रूपेति परिकल्पितम् ॥१७९५॥

१७९५. वह शारिका देवी के भक्त माधोधर की कन्या थी। उन्होंने अपनी पुत्री का रूप (रोपू) नाम रखा।

फकीररहबाबस्य मित्रमासीदसौ ननु ।
यस्य श्रीनगरे गंजखुदे कब्रं निशम्यते ॥१७९६॥

१७९६. वह फकीर रहबाब का मित्र था, जिसकी कब्र श्री नगर में गंजखुद में स्थित है।

तदुद्वाहोऽभवत् सप्रूवंशीययुवकेन च ।
दशवर्षायुषि ह्यासीत् तद्दाम्पत्यं न सौख्यदम् ॥१७९७॥

१७९७. दश वर्ष की अवस्था में उस कन्या का विवाह सप्रूवंशीय युवक से हो गया। उसका दाम्पत्य जीवन सुखी नहीं था।

रूपापि स्वपितुर्योगं वेदान्तं च पपाठ सा ।
अकस्मात् शाहसादिकसूफीसङ्गस्तया कृतः ॥१७९८॥

१७९८. रूप ने अपने पिता से योग एवं वेदान्त का अध्ययन किया। अकस्मात् उसकी भेंट शाहसादिक कलन्दर सूफी से हो गयी।

सा च काश्मोरभाषतोऽतिरिक्तं संस्कृतं तथा ।
प्रवक्तुं फारसीभाषां समर्थाऽऽसीद् विशेषतः ॥१७९९॥

१७९९. वह काश्मीरी भाषा के अतिरिक्त, संस्कृत एवं फारसी बोलने में विशेष समर्थ थी।

कानिचित् तत्पदान्येवं लभ्यन्ते संस्कृतेऽधुना ।
लोकोन्नयननिष्ठा सा नऽऽसीद्दर्शनमात्रवित् ॥१८००॥

१८००. उसके कतिपय संस्कृत पद इस समय भी प्राप्त होते हैं। वह केवल दार्शनिक नहीं थी, अपितु समाज के उन्नयन में विश्वास रखती थी।

ततो वसुकुरस्थाने निवासं कृतवत्यसौ ।
शैवदर्शनतश्चैषा विशेषेण प्रभाविता ॥१८०१॥

१८०१. वह शैव दर्शन से विशेष प्रभावित थी। उसने वसुकुर नामक स्थान पर निवास किया।

एकविंशोत्तरे सप्तदशे ख्रीष्टे च वत्सरे ।
षण्णवत्यायुषि प्रायस्तस्या मृत्युरभूदथ ॥१८०२॥

१८०२. ई० वर्ष १७२१ में ९६ वर्ष की आयु में वह दिवंगत हुई।

चतुर्विंशोत्तरे पूर्वं षोडशे ख्रीष्टवत्सरे ।
काश्मीरस्य जहाँगीरः सम्राड् यात्रां चकार सः ॥१८०३॥

जहाँगीर की काश्मीर यात्रा :

१८०३. ई० वर्ष १६२४ में सम्राट जहांगीर ने काश्मीर की पुनः यात्रा की।

स चतुर्मासपर्यन्तं तत्र तत्र निरन्तरम् ।
नागोद्यानसरोमध्ये पर्यटन् समवर्तत ॥१८०४॥

१८०४. वह चार मास निरन्तर नागों उद्यानों एवं सरोवरों में पर्यटन (विहार) करता रहा।

पञ्चविंशोत्तरे पूर्वं षोडशे कोऽपि चालिखत् ।
'बहारिस्तानशाहीति' काश्मीरस्येतिवृत्तकम् ॥१८०५॥

बहारिस्तानशाही :

१८०५. ई० वर्ष १६२५ में किसी अज्ञात लेखक ने 'बहारिस्तानशाही' नामक काश्मीर का इतिहास ग्रन्थ लिखा।

चतुर्दशोत्तरस्यात्र षोडशाब्दस्य लभ्यते ।
काश्मीरस्येतिहासोऽसौ विनिबद्धो यथार्थतः ॥१८०६॥

१८०६ इसमें ई० वर्ष १६१४ तक का काश्मीर के इतिहास का यथार्थ वर्णन है।

पञ्चविंशोत्तरे पूर्वं षोडशाब्दे जहाँगिरः ।
विजयेशमनन्तादिनागं पामपुरं तथा ॥१८०७॥

१८०७. ई० वर्ष १६२५ में जहांगीर विजयेश, अनन्त नाग आदि तथा पामपुर,

अक्षबलं नीलकुण्डं तथाऽहरपुरादिकम् ।
पश्यन् हीरपुरादेत्य लाहौरं समवाप्नवान् ॥१८०८॥

१८०८. अक्षबल, नीलकुण्ड, अहरबल आदि को देखते हुये, हीर पुर मार्ग से लाहौर पहुँच गया।

षड्विंशत्युत्तरे पूर्वं षोडशाब्दे जहाँगिरः ।
प्रतस्थे काबुलं देशं वितस्तासरितस्तटे ॥१८०९॥

जहाँगीर की काबुल यात्रा :

१८०९. जहांगीर ने ई० वर्ष १६२६ में काबुल प्रस्थान किया। वितस्ता के तट पर—

तत्रासौ सैन्यशिविरं सन्निवेशितवानथ ।
महाबतखां ततस्तं च बन्दिनं तत्र चाकरोत् ॥१८१०॥

१९१०. उसने अपना सैन्य शिविर स्थापित किया। वहां महाबत खां ने उसे बन्दी बना लिया था।

वैशाखे काबुलं प्राप्तः सम्राट् सैन्यसमन्वितः ।
कार्तिके काबुलाद् भूयः स ऐच्छत् परिवर्तितुम् ॥१८११॥

१८११. वैशाख मास में सम्राट सेना सहित काबुल पहुंचा। कार्तिक में वह पुनः लौटा।

महाबतखांऽन्तरे काले शक्तिक्षीणो बभूव सः ।
चतुस्त्रिंशोत्तरे पूर्वं षोडशाब्दे मृतो रुजा ॥१८१२॥

१८१२. इस बीच महाबत खां की शक्ति क्षीण हो गयी। ई० वर्ष १६३४ में रोग से उसका देहान्त हो गया।

षड्विंशत्युत्तरे पूर्वं षोडशे ख्रीष्टवत्सरे ।
जहांगीरः स काश्मीरं पुनरेष समाययौ ॥१८१३॥

जहाँगीर की पुनः काश्मीर यात्रा :

१८१३ ई० वर्ष १६२६ में जहांगीर पुनः काश्मीर आया।

स्वकीयराज्यकालस्य वर्षे विंशतिके हि सः ।
चक्रे यात्रामिमां भीमवरे चाखेटमाचरत् ॥१८१४॥

१८१४. उसने अपने राज्यप्राप्ति के बीसवें वर्ष यह यात्रा की और भीमवर में आखेट किया।

जोगीहट्टास्थले चायं नौरोजस्य समुत्सवम् ।
सममन्यत सामोदं समेतैः स्वजनैः सह ॥१८१५॥

१८१५. प्रसन्न होकर, इसने अपने मित्रों के साथ जोगी हट्टा में नौरोज का उत्सव मनाया।

हिमपातोऽभवद् भूयः पीरपंजालपर्वते ।
अत ऐतिह्यकृद् हैदर् मलिकचादुरानुजः ॥१८१६॥

१८१६. पीरपंजाल पर्वत पर प्रचुर हिमपात हुआ था। इतिहासकार हैदर मलिक चादुरा के भाई—

अली स मलिकः पूछमार्गं स्वच्छमकारयत् ।
वर्षणाद् हिमपाताच्च पन्था रुद्धस्तदाऽभवत् ॥१८१७॥

१८१७. अली मलिक ने पूछमार्ग स्वच्छ कराया किन्तु वर्षा एवं हिमपात से मार्ग अवरुद्ध हो गया।

सम्राट् स पखलीमार्गाद् गौरीमार्गमुपागमत् ।
तत्र द्वाविंशजातीयपुष्पगुम्फोऽर्पितो जनैः ॥१८१८॥

१८१८. सम्राट पखली मार्ग से गौरी मार्ग पर पहुँच गया। वहाँ लोगों ने उसे बाईस प्रकार के पुष्पों का गुच्छा (गुलदस्ता) अर्पित किया।

श्रूयते पंचविंशान्ते षोडशे ख्रीष्टवत्सरे ।
जहाँगीरस्य साहाय्याद् राजा मीरः स बालतेः ॥१८१९॥

१८१९. सुना जाता है कि ई० वर्ष १६२५ में बालती के राजा मीर ने जहांगीर की सहायता से—

लद्दाखे चाक्रमत् किन्तु राजा सिंगेनमग्यलः ।
तमेनं खरबूपार्श्वे सम्यगेव पराजयत् ॥१८२०॥

लद्दाख पर आक्रमण :

१८२०. लद्दाख पर आक्रमण किया किन्तु वहाँ के राजा सिंग्गे नमग्यल ने उसे खरबू[1] के पास पराजित कर दिया।

कालान्तरे पुरंगे च गुंजे जंसकरे तथा ।
स्पीती-पुरिक-शाक्यादिस्थानेष्वधिचकार सः ॥१८२१॥

१८२१. कालान्तर में उसने पुरंग, गुंज, जंसकर, स्पीती, पुरिग, शाक्यमाचो स्थानों पर अधिकार कर लिया।

सप्तविंशोत्तरे पूर्वं षोडशे ख्रीष्टवत्सरे ।
जूनमासे रसे चाह्नि महाराष्ट्रस्य नायकः ॥१८२२॥

शिवाजी का जन्म :

१८२२. ई० वर्ष १६२७ में ६ जून को महाराष्ट्र के महान् नायक—

१. खरबू : लद्दाख में खरबू नामक दो स्थान हैं। प्रथम कंजी तथा दूसरा दरस नदी पर है। वह युद्ध सम्भवतः कंजी नदी तटीय खरबू पर हुआ था।

शिवाजी शिवनेराख्ये दुर्गे जन्माग्रहीदसौ ।
शाहूजी तत् पितुर्नाम जीजाबाई जनन्यभूत् ॥१८२३॥

१८२३. शिवाजी महाराज का जन्म शिवनेर दुर्ग में हुआ। उनके पिता का नाम शाहूजी तथा माता का जीजाबाई था।

षण्मासपञ्चदिवसान् काश्मीरे स जहांगिरः ।
निवासं संविधायान्ते लाहौरं प्रत्यगादथ ॥१८२४॥

१८२४. जहाँगीर छः मास पांच दिन काश्मीर में निवास करने के पश्चात् लाहौर लौट आया।

नौरोजस्योत्सवं कृत्वा लाहौरे स जहांगिरः ।
सप्तविंशोत्तरे पूर्वं षोडशे ख्रीष्टवत्सरे ॥१८२५॥

१८२५. जहांगीर ने लाहौर में नौरोज का उत्सव मनाकर, ई० वर्ष १६२७ के—

फाल्गुने मासि काश्मीरं प्रतस्थे गन्तुमिच्छया ।
पथा हीरपुरस्यायं काश्मीरं प्राविशत्ततः ॥१८२६॥

जहाँगीर की काश्मीर यात्रा :

१८२६. फाल्गुन (मार्च) मास में काश्मीर के लिये प्रस्थान किया। तदनन्तर हीर पुर मार्ग से वह काश्मीर में प्रविष्ट हुआ।

आसन्नूरजहां तस्या बन्धुरासफखां तथा ।
दावरबख्शाभिधानश्च सार्धं तेन धराभुजा ॥१८२७॥

१८२७. उस समय राजा के साथ नूरजहां तथा उसका भाई आसफ खां एवं दावरबख्श (शहरयार) थे।

अश्वारोहणयोग्यं च नासीत्तत्स्वास्थ्यमुत्तमम् ।
अतः काश्मीरदृश्यानि शिविकास्थो ददर्श सः ॥१८२८॥

१८२८. सम्राट का स्वास्थ्य अश्वारोहण योग्य नहीं था, अतः पालकी पर चढ़कर, उसने काश्मीर के दृश्यों का अवलोकन किया।

लाहौरं प्रस्थितः सम्राट् स्वजनैः परिवारितः ।
बहरामगल्लामभ्येत्य मृगयार्थं व्यचेष्टत ॥१८२९॥

१८२९. सम्राट ने स्वजनों के साथ लाहौर प्रस्थान किया। बहराम गल्ला पर पहुँचने पर, उसने शिकार खेलने की इच्छा की।

भित्तिमाश्रित्य चागृह्य भुशुण्डीं स उपाविशत् ।
बभूवाहरणं तेन मृगस्तस्य पुरोऽभवत् ॥१८३०॥

१८३०. वह बन्दूक के साथ दीवाल का आश्रय लेकर स्थित हो गया। हकवा हुआ। (बारहसिंघा) मृग उसके सामने आ गया।

सम्राड् गोलीप्रहारेण हरिणश्चैकः सैनिकः ।
युगपद् विद्धगात्रौ तौ तत्समक्षमुपागतौ ॥१८३१॥

जहांगीर की मृत्यु :

१८३१. सम्राट की गोली से वह हरिण तथा (हरिण का) अनुगत एक सैनिक आहत होकर, उसके सामने आ गये।

सैनिको निपपातासौ शिलाधा निम्नभूतले ।
व्याकुलो रुधिरार्द्रः स सचीत्कारं मृतोऽभवत् ॥१८३२॥

१८३२. वह सैनिक (फिसलकर) शिला (चट्टान) के नीचे भूमि पर गिर पड़ा। रुधिर से भींगा, अत्यन्त व्याकुल, वह चीत्कार करता मर गया।

दृश्यमेतज्जहांगीरो दृष्ट्वाऽभूत् परिकम्पितः ।
तथा चान्वभवत् कञ्चिद् यमदूतमिवान्तिके ॥१८३३॥

१८३३. यह दृश्य देखकर, जहांगीर कांप उठा। उसने अनुभव किया, उसके समीप यमदूत ही उपस्थित हो गया है।

मर्माहतः स सञ्जातः सम्राड् घटनयाऽनया ।
ततश्चागत्य राजौरीमसौ चिंगसमागमत् ॥१८३४॥

१८३४. इस घटना से मर्माहत, सम्राट वहां से राजौरी होकर, चिंगस चला गया।

द्विविंशतिवर्षसप्तमासैकादशवासरान् ।
कार्तिकेऽसावुषःकाले राज्यं कृत्वा दिवंगतः ॥१८३५॥

१८३५. बीस वर्ष, सात मास ग्यारह दिन राज्य करके वह (जहांगीर) कार्तिक में (७ नवम्बर) को प्रातःकाल दिवंगत हो गया।

मृत्युशय्यां गतःपृष्टः किञ्चिदिच्छति वा भवान् ।
काश्मीरेति वचः सम्राट् केवलं मन्दमूचिवान् ॥१८३६॥

१८३६. मृत्युशय्यागत सम्राट से जब पूछा गया, 'आप कुछ चाहते हैं' ? उसने धीरे से केवल 'काश्मीर' कहा।

राजनीतिकहेतोश्च तस्य मृत्युर्निगूहितः ।
चिंगसे सम्मुखं वेद्यां तदन्त्रं च निखानितम् ॥१८३७॥

१८३७. राजनीतिक कारणों से उसकी मृत्यु गुप्त रखी गयी। चिंगस में भवन के सामने वेदी (फर्श) पर उसकी अतड़ी गाड़ दी गयी।

शवञ्च शिबिकामध्ये निक्षिप्यास्य प्रयत्नतः ।
लाहौरपत्तने गुप्तं प्रापितं चाभवत्ततः ॥१८३८॥

१८३८. उसका शव वहां से पालकी में रखकर, गुप्तरूप से लाहौर लाया गया।

जहांगीरस्यचेच्छासीत् नीलकुण्डस्थले खलु ।
दफनेति क्रिया तस्य सम्पन्ना स्यादन्तिमा ॥१८३९॥

१८३९. जहांगीर की इच्छा थी, उसकी अन्तिम (दफन) क्रिया नीलकुण्ड (वेरीनाग) पर की जाय ।

चिंगसात् किन्तु काश्मीरं तच्छवानयने भवेत् ।
भूयान् कालः स्थितिश्चाऽऽसीद्राजनीतिविसङ्कटा ॥१८४०॥

१८४०. उसका शव चिंगस से काश्मीर लाने में अधिक समय लगता । राजनीतिक संकट-मय परिस्थिति भयावह थी ।

लाहौरं प्राप्यतन्मृत्योर्घोषणा च कृताऽभवत् ।
रावीतटे शहादरास्थलेऽसौ भूमिसात्कृतः ॥१८४१॥

१८४१. लाहौर पहुँचकर, उसके मृत्यु की घोषणा की गयी । रावी तट, शाहदरा में उसे दफन किया गया ।

मृत्क्रियानन्तरं तस्य रम्यं मकबराभिधम् ।
स्मारकं निर्मितं चास्ति तत्रैव दृढ़भित्तिकम् ॥१८४२॥

१८४२. दफन करने के पश्चात् वहां उसका स्मारक, सुन्दर एवं सुदृढ़ मकबरा निर्मित किया गया ।

तत्र नूरजहां राज्ञ्यः पुरो मकबरा स्थिता ।
तया वैधव्यकाले स्वे सम्राड्मकबरा कृता ॥१८४३॥

१८४३. सम्राट का मकबरा नूरजहां ने अपने वैधव्यकाल में बनवाया था । तदनन्तर वहीं पर सामने नूरजहां का भी मकबरा बना ।

चिंगसे चापि लाहौरे तयोश्चात्र द्वयोरपि ।
मया काश्मीरयात्रायां दृष्टं मकबराद्वयम् ॥१८४४॥

१८४४. मैंने कश्मीर यात्रा के समय उन दोनों मकबरों को चिंगस एवं लाहौर में देखा था ।

शहरयारोऽथ सम्राट् लाहौरे घोषितोऽभवत् ।
राजकोषेण सेनैका तेन संघटिता ततः ॥१८४५॥

१८४५. लाहौर में शहरयार (दावरबख्श) सम्राट घोषित किया गया । उसने राजकोष से एक सेना संघटित कर ली ।

किन्तु शाहजहांपक्षे वर्तमानैश्च सैनिकैः ।
सेनाशहरयारस्य शीघ्रमेव पराजिता ॥१८४६॥

१८४६. किन्तु शाहजहां के पक्ष में स्थित सैनिकों ने शहरयार की सेना को शीघ्र पराजित कर दिया ।

पराजयमसौ श्रुत्वा निलीनोऽन्तःपुरान्तरे ।
तेन शाहजहां सम्राट् स्वीकृतो बद्धपाणिना ।।१८४७।।

१८४७. अपना पराजय सुनकर, वह अन्तःपुर में छिप गया। करबद्ध होकर, उसने शाह-जहां को सम्राट मान लिया।

चक्षुर्विरहितो भूत्वा कारागारे स पातितः ।
अष्टविंशोत्तरे पूर्वं षोडशाब्दे च मारितः ।।१८४८।।

१८४८. वह अन्ध बनाकर, कारागार में रख दिया गया। ई० वर्ष १६२८ में वह मार डाला गया।

अष्टविंशोत्तरे पूर्वं षोडशे ख्रीष्टहायने ।
मुहम्मदशरीफान्नजाफी कविः प्रणीतवान् ।।१८४९।।

१८४९. ई० वर्ष १६२८ में मुहम्मद शरीफ अन्नजाफी कवि ने—

मजलिस्-उस्-सलातीनेत्यत्र तेन च वर्णिता ।
सुरत्राणारिंचनेन मुस्लिम्धर्मानुगामिता ।।१८५०।।

१८५०. 'मजलिस-उस-सलातीन' का प्रणयन किया। इसमें उसने सुरत्राण (सुलतान) रिंचन के मुसलिम धर्म स्वीकार करने का वर्णन किया है।

यात्रां चतुर्धा काश्मीरे शाहजहाँ विनिर्ममे ।
तदीयशासने तत्र नवासन् राज्यपालकाः ।।१८५१।।

१८५१. शाहजहां ने चार बार कश्मीर की यात्रा की थी। उसके शासन काल में वहाँ (कश्मीर में) नव राज्यपाल नियुक्त हुए थे।

अष्टविंशोत्तरे पूर्वं षोडशाब्दे च वत्सरे ।
जातो शाहजहाँ राज्याभिषिक्तः शक्तिमानसौ ।।१८५२।।

१८५२. ई० वर्ष १६२८ में (२४ फरवरी को) शक्तिशाली शाहजहां का राज्याभिषेक हुआ।

वर्षेऽस्मिन् शासनारूढस्तथोदयपुरेऽभवत् ।
ततो राणा जगत्सिंहो जातो राज्याभिषेकभाक् ।।१८५३।।

१८५३. इसी वर्ष (मार्च में) राणा जगत सिंह उदयपुर में सिंहासनारूढ़ हुए। तदनन्तर (२८ अप्रैल को) उनका राज्याभिषेक हुआ।

अष्टविंशोत्तरे पूर्वं षोडशे ख्रीष्टहायने ।
स राणा राजसिंहस्तु जन्म लेभे निजं तदा ।।१८५४।।

१८५४. ई० वर्ष १६२८ में (२४ सितम्बर को) राणा राज सिंह का जन्म हुआ।

मृतौ शाहजहाँख्यस्य ज्येष्ठौ द्वावपि सोदरौ ।
अतो राज्याधिकार्यासीदसौ मुस्लिम्विधानतः ॥१८५५॥

१८५५. शाहजहाँ के दो ज्येष्ठ भ्राता दिवंगत हो गये थे, अतः मुसलिम विधान के अनुसार, वही राज्य का उत्तराधिकारी था।

खुशरवस्य पुत्रोऽभूद् दावरबख्शेति नामकः ।
तदीयं चापरं नाम बुलाकीत्यपि कथ्यते ॥१८५६॥

१८५६. खुशरव का पुत्र दावर बख्श था। उसका अपर नाम बुलाकी भी था।

तमेनं चासफः खानः शहर्यारविरोधने ।
राजसिंहासनारूढं स्वबुद्ध्या समकारयत् ॥१८५७॥

१८५७. आसफ खान ने अपनी बुद्धि से शहरयार के विरोध में उसे सिंहासनारूढ़ कर दिया।

महावतस्य किञ्चैवमासफस्य समर्थनम् ।
प्राप्य शाहजहाँ तत्र सन्देशं प्रैषयत् किल ॥१८५८॥

१८५८. महावत खां एवं आसफ खां का समर्थन प्राप्त कर, शाहजहां ने आसफ को सन्देश भेजा—

तन्मार्गकण्टकीभूताः स्युर्ये राज्याधिकारिणः ।
निहन्तव्याश्च ते सर्वे विरोधं कर्त्तुमिच्छुकाः ॥१८५९॥

१८५९. उसके मार्ग में कण्टकस्वरूप, राज्य के उत्तराधिकारी समस्त विरोधी मार डाले जांय।

दावरबख्शो हतस्तत्र कृतो राज्यच्युतो हि सः ।
मतेनैकेन केषाञ्चिल्लेखकानां मतं पृथक् ॥१८६०॥

१८६०. एक मत से दावर बख्श राज्यच्युत कर मार डाला गया। कतिपय लेखकोंका अन्य मत है।

त्रिविंशदुत्तरे पूर्वं षोडशाब्दे च फारसे ।
दृष्टोऽभूद् जीवनं स्वीयं यापयन् दैन्यकर्षितम् ॥१८६१॥

१८६१. जिसके अनुसार वह ई० वर्ष १६२३ में फारस में दयनीय जीवन यापन करते हुए, देखा गया था।

लाहौरे तत्सुतौ चोभौ सम्राट् शाहजहांज्ञया ।
तद्वासद्वारकुड्यान्तः कीलितौ तत्र तौ मृतौ ॥१८६२॥

१८६२. उसके दो पुत्र भी लाहौर में सम्राट शाहजहां के आदेश से अपने घर की दीवाल में चुन दिये गये और मर गये।

ऊनत्रिंशोत्तरे पूर्वं षोडशाब्दे च वत्सरे ।
काष्ठवाटस्य राजाऽऽसीज्जीतसिंहः प्रशासकः ॥१८६३॥

१८६३. ई० वर्ष १६२९ में काष्टवाट का राजा जीतसिंह (ई० वर्ष १६२९-१६४२) शासक था ।

व्योमाग्निरसचन्द्राब्दाद् बाणाब्धिरसभूमितम् ।
विलासपुरभूपोऽभूत् सिंहः कल्याणनामकः ॥१८६४॥

१८६४. ई० वर्ष १६३० से १६४५ में विलासपुर का राजा कल्याण सिंह था ।

त्रिंशोत्तरे षोडशाब्दे मार्ताण्डे चासफो जहां ।
जहांगीराज्ञया चैकमुद्यानं निरमापयत् ॥१८६५॥

१८६५. ई० वर्ष १६३० में आसफ जहां ने जहांगीर के आदेश से मार्ताण्ड (मटन) में एक (चिनार) का उद्यान लगवाया ।

मया चास्मिन् समुद्याने गतं तत्र स्थितं किल ।
व्याख्यानं चापि सन्दत्तं स्वयात्रायाः प्रसङ्गतः ॥१८६६॥

१८६६. मैं अपनी यात्रा के अवसर पर, उद्यान में गया और व्याख्यान दिया था ।

त्रिंशोत्तरे षोडशाब्दे चैकत्रिंशान्तषोडशे ।
नसीबुद्दीनगाजीति नूरनामेति नामकम् ॥१८६७॥

१८६७. ई० वर्ष १६३०-१६३१ में बाबा नसीबुद्दीन गाजी ने 'नूरनामा' नामक—

चरित्रचित्रणग्रन्थं प्रणिनाय प्रमात्मकम् ।
नुरुद्दीनऋषेरत्र जीवनं परिचर्चितम् ॥१८६८॥

१८६८. चरित्रवर्णनात्मक ग्रन्थ का प्रणयन किया । उसमें नुरुद्दीन ऋषि का जीवन चरित्र वर्णित है ।

त्रिंशोत्तरे षोडशाब्दे भूत्रिंशोत्तरषोडशे ।
दक्षिणे भारते जातं दुर्भिक्षमतिभीषणम् ॥१८६९॥

१८६९. ई० वर्ष १६३०-१६३१ ई० में दक्षिण भारत में अति भयंकर दुर्भिक्ष (अकाल) हुआ ।

एकत्रिंशोत्तरे पूर्वं षोडशे ख्रीष्टवत्सरे ।
चश्मशाहीसमुद्यानं निर्मितं चाभवत्तथा ॥१८७०॥

१८७०. ई० वर्ष १६३१ में 'चश्माशाही बाग' का निर्माण किया गया ।

द्वित्रिंशदुत्तरे पूर्वं षोडशाब्दे च हायने ।
निशातोद्याननिर्माणं कारितं तदभूदिह ॥१८७१॥

१८७१. ई० वर्ष १६३२ में "निशात बाग" निर्मित किया गया ।

अबुलहनतुर्वंती नामा काश्मीरे राज्यपालकः ।
नियुक्तोभूदसौ किन्तु वृद्ध आसीद् विशेषतः ॥१८७२॥

१८७२. अबुल हसन तुर्वंती काश्मीर में राज्यपाल नियुक्त किया गया था, किन्तु वह विशेष वृद्ध था ।

द्वित्रिंशदुत्तरे पूर्वं षोडशाब्दे च सप्तति- ।
वर्षीये वयसि ह्येष स्वर्गतोऽभूत्तथान्ततः ॥१८७३॥

१८७३. ई० वर्ष १६३२ में सत्तर वर्ष की आयु में वह दिवंगत हो गया ।

अत एव तस्य पुत्रो जफर्खांनामको हि सः ।
काश्मीरे राज्यकार्यस्य भारमेवसमूढवान् ॥१८७४॥

१८७४. उसका पुत्र जाफर खां था । अतएव उसने काश्मीर में राज्य का कार्यभार वहन किया ।

एतत्पूर्वं यदा तस्य पिताऽसौ राज्यपालकः ।
काबुलस्य नियुक्तोऽभूत् त्रिविंशोत्तरषोडशे ॥१८७५॥

१८७५. उसके पूर्व जब उसका पिता ई० वर्ष १६२३ में काबुल का राज्यपाल नियुक्त हुआ—

तदा प्रतिनिधिर्भूत्वा स्वपितुः राज्यशासने ।
कार्यजातं च तत्रायं सम्यगेव न्यभालयत् ॥१८७६॥

१८७६. उस समय वह राज्य शासन में अपने पिता के प्रतिनिधि रूप में राज्य का कार्य पूर्ण रूप से देख भाल करता था ।

तत्पिताऽऽसीत् खुरासाने मशदस्य च दक्षिणे ।
तुर्वत्-इ-हैदरी नाम्नो निवासी नगरस्य च ॥१८७७॥

१८७७. उसका पिता खुरासान में मशद के दक्षिण स्थित तुर्वत-इ-हैदरी नगर का निवासी था ।

सम्राडकबरस्यायं समये तत्प्रशासने ।
स ख्वाजा दानियालस्य सेवायां विनियोजितः ॥१८७८॥

१८७८. सम्राट अकबर के समय वह ख्वाजा दानियाल की सेवा में नियुक्त किया गया था ।

स तस्य सचिवश्चासीद् राज्यकार्यप्रचालने ।
दक्षिणस्य प्रदेशस्य राज्यपालोऽप्यभूदसौ ॥१८७९॥

१८७९. वह राज्य कार्य के संचालन में उसका सचिव था। उसे दक्षिण प्रदेश का राज्यपाल नियुक्त किया गया था।

जहाँगीरस्य राजत्वे मीरबख्शी बभूव सः ।
तथा शाहजहाँकालेऽप्यस्यासीदुन्नतिर्भृशम् ॥१८८०॥

१८८०. जहांगीर के राजा होने पर, वह मीर बख्शी हो गया। शाहजहां के समय भी उसकी अधिक उन्नति हुई।

स्वपितुर्योग्यपुत्रोऽसावासीद् जफरखाँऽभिधः ।
शियाऽऽसीदेष ईरानवासिभ्यश्च धनं ददौ ॥१८८१॥

१८८१. जफर खां अपने पिता का योग्य पुत्र था। वह शिया था। उसने ईरान वासियों को पर्याप्त धन प्रदान किया।

कवीनामादरं भूयश्चकारायं विशेषतः ।
स्वयं चासीदयं दक्षः काव्यनिर्माणकर्मणि ॥१८८२॥

१८८२. यह कवियों का विशेष आदर करता था। स्वयं भी काव्य निर्माण में पटु था।

या च शाहजहाँपत्नी मुमताजमहलाग्रजा ।
मुल्काबानाभिधा चासीत् सैफखाँ-वनिताऽपि या॥१८८३॥

१८८३. शाहजहां की पत्नी मुमताज महल की बड़ी बहन मल्काबानू सैफ खां की स्त्री थी।

बुर्जर्गखानमेत्याख्या तस्याश्चासीत् सुकम्यका ।
तया साकं तदा तस्य विवाहः समपद्यत ॥१८८४॥

१८८४. उसकी कन्या बुर्जर्ग खानम के साथ उसका (जफरखां) विवाह हुआ था।

द्विषष्ट्यन्ते षोडशाब्दे लाहौरे स मृतोऽभवत् ।
पितुः पार्श्वे मुगलपुरे मृद्दानं तत्कृते ह्यभूत् ॥१८८५॥

१८८५. ई० वर्ष १६६२ में लाहौर में उसका देहावसान हुआ। मुगलपुर में पिता के समीप उसे मिट्टी दी गयी।

अष्टविंशान्तषोडशात् सप्तत्रिंशान्तषोडशे ।
ख्रीष्टे वजीरखाँ चासीत् पंजाबे राज्यपालकः ॥१८८६॥

१८८६. वजीर खां ई० वर्ष १६२८ से १६३७ पर्यन्त पंजाब में राज्यपाल था।

चतुश्चत्वारिंशदन्ते षोडशाब्दे ततः खलु ।
अलीमर्दानखाँ नामा तत्राभूद् राज्यपालकः ॥१८८७॥

१८८७. तदनन्तर ई० वर्ष १६४४ तक अली मर्दान खां वहां का राज्यपाल था।

ततः शाहजहांऽऽदेशाद् द्वित्रिंशोत्तरषोडशे ।
निर्मितानि नवीनानि देशेऽस्मिन् मन्दिराण्यपि ॥१८८८॥

मंदिर भ्रंश :

१८८८. ई० वर्ष १६३२ में शाहजहां के आदेश से इस देश में नवनिर्मित मन्दिर—

काश्यां षट्सप्ततिस्तावन्मन्दिराणि विशेषतः ।
प्रध्वस्तानि कृतान्यत्र सञ्जातानि बलादिव ॥१८८९॥

१८८९. विशेषकर काशी में ७६ मन्दिर बलात् ध्वस्त कर दिये गये।

नवमें दशमें मासि नवमन्दिरनिर्मितिः ।
जीर्णोद्धारोऽपि तेषाञ्च शासनात् प्रत्यरुद्ध्यत ॥१८९०॥

१८९०. सितम्बर-अक्टूबर में नये मन्दिरों का निर्माण तथा प्राचीन मन्दिरों का जीर्णोद्धार शासन द्वारा रोक दिया गया।

हिन्दूनां यवनप्रायवस्त्राणां धारणं तथा ।
सुरापानं च सर्वेषां व्यक्तिशो वा निषेधितम् ॥१८९१॥

हिन्दू विरोधी नीति :

१८९१. हिन्दुओं का मुसलमानों के समान वस्त्र धारण करना तथा सार्वजनिक अथवा व्यक्तिगत रूपसे सुरापान निवारित कर दिया गया।

मृतकान्तिमसंस्कारः स्त्रीणां सतीप्रथापि च ।
कब्रिस्तानस्य कस्यापि समीपे विनिवारिता ॥१८९२॥

१८९२. किसी कब्रिस्तान के समीप मृतक संस्कार तथा स्त्री का सती होना वर्जित कर दिया गया।

चतुस्त्रिंशोत्तरे पूर्वं षोडशे खीष्टवत्सरे ।
हिन्दूनां निकटे याश्च ह्यासन् यवनकन्यकाः ॥१८९३॥

१८९३. ई० वर्ष १६३४ में हिन्दुओं के पास जो यवन कन्यायें थीं—

गृहीतास्ता बलादेव यावनो धर्म आस्थितः ।
यैस्तेषामन्तिकेऽतिष्ठन् मुक्तास्ता यवनस्त्रियः ॥१८९४॥

१८९४. वे बलात् ग्रहण कर ली गयीं तथा जो इस्लाम धर्म स्वीकार कर लिये, उनके पास वे रहने दी गयी।

स्वोकृते यावने धर्मे पदं भूमिः पुरस्कृतिः ।
राजसैनिकवृत्तिश्च दीयन्ते स्मादरोऽप्यथ ॥१८९५॥

१८९५. इस्लाम धर्म स्वीकार करने पर, पद, भूमि, पुरस्कार राजसेना में वृत्ति एवं आदर प्रदान किया जाता था ।

स्वधर्मपरिवृत्त्यर्थं नृणां प्रोत्साहनं कृतम् ।
युद्धे वन्दीकृता दासाः क्रेतव्या नैव हिन्दुभिः ॥१८९६॥

१८९६. अपना धर्म परिवर्तन करने के लिये, लोगों को प्रोत्साहन दिया जाता था । युद्ध में बन्दी बनाये गये, दासों को खरीदने का अधिकार हिन्दुओं को नहीं था ।

सुनियोजितरूपेण हिन्दवो यवनीकृताः ।
लोभात् संवरणात् साम्यात् तद्धर्मे ते च दीक्षिताः॥१८९७॥

१८९७. सुनियोजित रूप से हिन्दू मुसलमान बनाये गये । लोभ देकर, अपना कर, समझा कर, उन्हें इस्लाम धर्म में दीक्षित किया गया ।

शाहमीरश्च लाहौरी महबूबाली तथैव च ।
हिन्दूनां यावने धर्मे दीक्षणार्थं नियोजितौ ॥१८९८॥

१८९८. शाहमीर लाहौरी तथा महबूब अली सिन्धी हिन्दुओं को इस्लाम धर्म में दीक्षित करने के लिये नियुक्त किये गये ।

ये नवा यवनास्तावत् सम्राट्सन्मुखमागताः ।
पदं चापि धनं चैवं दत्त्वा ते सम्प्रबोधिताः ॥१८९९॥

१८९९. जो नवीन मुसलमान सम्राट के समक्ष आते थे, उन्हें धन एवं पद प्रदान कर, वह समझाता था—

ये च सम्बन्धिनो ये वा बन्धवो ननु तानिमान् ।
दीक्षितान् यावने धर्मे कृत्वा चैश्वर्यमाप्यताम् ॥१९००॥

१९००. 'जो लोग सम्बन्धी एवं बन्धु हों, उन्हें इस्लाम धर्म में दीक्षित कर ऐश्वर्य (धन-मान) प्राप्त करो ।'

धार्मिकाधारमालम्ब्य राज्ये ते कर्मचारिणः ।
नियोज्यन्ते स्म हिन्दूनां कृते यात्राकरः कृतः ॥१९०१॥

१९०१. धर्म के आधार पर राज्य में राजकीय कर्मचारी नियुक्त किये जाते थे । हिन्दुओं पर यात्रा कर लगाया गया था ।

केसराश्रितपुष्पाणाम् आहर्तृणां कृते तदा ।
लवणं दीयते स्मैवं बलाच्चैते कदर्थिताः ॥१९०२॥

केसर-कार्यरत श्रमिक :

१९०२. उस समय केसर पुष्पचुनने वालों को नमक दिया जाता था । इस प्रकार वे बलात् पीडित किये जाते थे ।

आदेशं दत्तवान् सम्राट् राजकीयासु भूमिषु ।
केसरोच्चयनार्थं च दातव्यं मूल्यमुत्तमम् ॥१९०३॥

१९०३. सम्राट ने राजकीय भूमि में केसर चुनने का उत्तम पारिश्रमिक प्रदान करने का आदेश दिया ।

राज्यक्षेत्रेषु यच्चैवं केसरोत्पादनं भवेत् ।
तत्किंचिद् भूमिपालाय देयमित्यादिदेश सः ॥१९०४॥

केसर नीति :

१९०४. उसने आदेश दिया 'जागीर के क्षेत्र में जो केसरोत्पत्ति हो, उसका कुछ भाग जागीरदार को दिया जाय' ।

चतुर्दामिति शालीनाम् इन्धनानां द्विदामकम् ।
करो देयश्च यो ह्यासीदसौ दूरीकृतोऽमुना ॥१९०५॥

१९०५. शाली पर चार दाम तथा इन्धन पर दो दाम कर लगा, उसने दूर कर दिया ।

ग्रामेषु कररूपेण द्वौ मेषौ प्रतिवत्सरम् ।
देयौ खाँ इत्तिकारस्य कालेऽप्यासीदियं प्रथा ॥१९०६॥

१९०६. गाँवों को प्रतिवर्ष दो भेड़ कर (रसूम) देना पड़ता था । इत्तिखार के समय भी यह प्रथा थी ।

षट्षष्टिदाममूल्यानि नीतानि प्रतिमेषकम् ।
एषोऽपि करभारस्तु तत्र तेनापवारितः ॥१९०७॥

१९०७. उसके समय प्रति भेड़ ६६ दाम मूल्य लिया जाता था । वह करभार भी उसने बन्दकर दिया ।

मुसलिमीकरण नीति :

हिन्दुनामाङ्कितं स्थानं काश्मीरे परिवर्तितम् ।
तन्नाम यावनं जातं देवस्थानं विनाशितम् ॥१९०८॥

१९०८. कश्मीर में हिन्दू नाम के स्थानों को मुसलिम नाम में परिवर्तित कर दिया गया । देवस्थान विनष्ट कर दिये गये ।

पञ्चसप्ततिदामान्ते षष्टिदाम करोऽभवत् ।
वृद्धेषु द्वादशेत्येवं षट्त्रिंशद् बालकेषु सः ॥१९०९॥

१९०९. युवकों पर ७५ दाम के स्थान पर ६० दाम, वृद्धों पर १२ दाम एवं बालकों पर ३६ दाम कर नियत किया गया ।

फलानां समये चैते राज्यपालनियोजिताः ।
उद्याने राजपुरुषा भुक्तवन्तः फलान्यपि ॥१९१०॥

१९१०. फलों के समय उद्यान में राज्यपाल द्वारा नियुक्त राजपुरुष, फलों का उपभोग करते थे ।

न तन्मूल्यं किमप्यापुः स्वामिनः फलरक्षकाः ।
प्रथा चेयं निजादेशात् तेन शीघ्रं निवारिता ॥१९११॥

१९११. फल रक्षक स्वामी उसका कुछ मूल्य नहीं प्राप्त करते थे। उसने आदेश प्रसारित कर, यह प्रथा समाप्त कर दी।

सम्राडादिष्टवान् यैश्च हिन्दुभिर्यवनस्त्रियः ।
ऊढास्तैर्यवनैर्भाव्यं त्यक्तव्या वा च ताःकिल ॥१९१२॥

१९१२. सम्राट ने आदेश दिया—'जिन हिन्दुओं ने मुसलिम स्त्रियों से विवाह किया है वे मुसलमान हो जांय अथवा उन्हें त्याग दें।'

चतुस्त्रिंशोत्तरे पूर्णे षोडशाब्दे च हायने ।
सम्राट् शाहजहां नाम ययौ भीमवरं प्रति ॥१९१३॥

१९१३. ई० वर्ष १६३४ में सम्राट शाहजहां भीमवर गया।

तत्र विज्ञापितश्चायं यवना निजकन्यकाः ।
हिन्दुभिश्च समं चैते कृतवन्तो विवाहिताः ॥१९१४॥

१९१४. वहां उसे बतलाया गया कि मुसलमान अपनी लड़कियों का विवाह हिन्दुओं के साथ करते हैं।

द्वयोर्जात्योर्मिथश्चेयमासीत् प्रचलिता प्रथा ।
यवनोद्वाहिता हिन्दुस्त्री स्म चारोप्यते भुवि ॥१९१५॥

१९१५. दोनों जातियों में यह प्रथा प्रचलित थी। मुसलमान के साथ विवाहित हिन्दू-स्त्री मरने पर, दफनायी जाती थी तथा—

यवनस्त्री तथा हिन्दुजनेनोद्वाहिता खलु ।
दाह्यते स्म चितावह्नौ सन्धिरेतादृशस्तदा ॥१९१६॥

१९१६. हिन्दू के साथ विवाहित मुसलमान स्त्री चिताग्नि में जलायी जाती थी। उस समय उनमें इस प्रकार की सन्धि थी।

एको भूमिधरो जग्गूनामा चादेशतस्ततः ।
यावनं धर्ममाश्रित्य दौलत् मन्दो नृपोऽभवत् ॥१९१७॥

१९१७. जग्गू नामक भूस्वामी ने इस आदेश के अनुसार इस्लाम धर्म स्वीकार कर, अपना नाम राजा दौलत मन्द रख लिया।

सम्राड् भीमवरं चैत्य राज्यपालेन सत्कृतः ।
तमेनं बालतिस्तानं जेतुमादिष्टवानसौ ॥१९१८॥

बालतिस्तान विजय योजना :

१९१८. भीमवर आकर राज्यपाल ने सम्राट का सत्कार किया। उसने राज्यपाल को बालतिस्तान जीतने का आदेश दिया।

काश्मीराद् बालतिस्तानं यावन्मार्गद्वयम् गतम् ।
एकस्य नाम कर्जेति बलारेत्यपरस्य च ॥१९१९॥

१९१९. काश्मीर से बालतिस्तान के दो मार्ग थे। एक का नाम कर्ज तथा दूसरे का बलार था।

तयोश्च प्रथमो मार्गो द्वितीयापेक्षयाऽधिकः ।
अन्यस्तु हिमपातेन तदासीद् दुर्गमः किल ॥१९२०॥

१९२०, इनमें एक मार्ग दूसरे की अपेक्षा लम्बा तथा दूसरा इस समय हिमपात के कारण दुर्गम था।

कौशलान्नृपमब्दालं बन्दीकृत्य बलादसौ ।
द्वितीयेनाध्वना भूयः परावृत्य समाययौ ॥१९२१॥

१९२१. वह कौशल पूर्वक राजा अब्दाल को बलात् बन्दी बनाकर, दूसरे मार्ग से पुनः लौट आया।

प्रदेशे बालतिस्ताने विषयाश्चैकविंशतिः ।
सप्तत्रिंशत्तथा दुर्गाः तत्रासन् सुव्यवस्थिताः ॥१९२२॥

१९२२. उस समय बालतिस्तान में २१ विषय तथा ३७ सुव्यवस्थित दुर्ग थे।

पर्वतानां तथाधिक्यान्न्यूनाः प्रतलभूमयः ।
तत्रान्नोत्पादनं न्यूनं गोधूमोत्पादनं तथा ॥१९२३॥

१९२३. पर्वतों की अधिकता के कारण समतल भूमि कम थी। वहां गेहूँ एवं अन्य अन्न की पैदावार कम थी।

राजकीयश्च तत्रायो वार्षिकः करसञ्चितः ।
एकलक्षमितश्चासीद् रुप्यकेषु न चाधिकः ॥१९२४॥

१९२४. कर से प्राप्त राजकीय वार्षिक आय एक लाख रूपये से अधिक नहीं थी।

सैकतादेकनद्याश्च तत्र स्वर्णमलभ्यत ।
नोत्तमत्वात् सुलभ्यं तत्तोलकं सप्तरुप्यकैः ॥१९२५॥

१९२५. वहाँ एक नदी के बालू से सोना प्राप्त होता था। सोना उत्तम न होने के कारण प्रति तोला ७ रूपया मूल्य में सुलभ था।

निष्कासयितुमादेशस्तत्रासीत् प्रतिवत्सरम् ।
द्विसहस्रमितं स्वर्णं तोलकेषु प्रमापितम् ॥१९२६॥

१९२६. वहाँ से प्रति वर्ष २००० तोला सोना निकालने का आदेश था।

अत्र द्राक्षाफलं मिष्टम् आलुका रक्तपिङ्गलाः ।
सेवनामफलं चान्तर्बहिश्चारक्तवर्णकम् ।।१९२७।।

१९२७. यहाँ अंगूर मीठा, आलू (सप्तालू) लाल पीले रंग का तथा सेव अन्दर-बाहर लाल रंग होता है ।

प्रदेशं बालतिस्तानं हाशियाखाँसुतो ननु ।
कासिमो मीरबहरश्चाधिकर्त्तुमचेष्टत ।।१९२८।।

१९२८. हासिम खां का पुत्र कासिम मीरबह्र बालतिस्तान प्रदेश अधिकृत करना चाहता था ।

किन्त्वसौ सफलो नाऽभूत् प्रयत्नेऽनुष्ठितेऽपि च ।
तथा शाहजहाँकाले यश्चाब्दालसुतोऽभवत् ।।१९२९।।

१९२९. किन्तु प्रयत्न करने पर भी वह सफल नहीं हुआ । शाहजहां के समय अब्दाल के पुत्र—

राजाऽलीरायनामासौ चकानहमदादिकान् ।
अनुजग्राह तेभ्यश्च दत्त्वा शरणमन्तिके ।।१९३०।।

१९३०. राजा अलीराय ने अहमद आदि चकों को शरण देकर, अनुगृहीत किया था ।

सम्राट् शाहजहाँऽऽधीन्यं स्वीक्रियाज्जफरो ननु ।
तन्नामस्तुतिपाठाय मुगलागमनाय च ।।१९३१।।

१९३१. जफरखान ने उसे सम्राट शाहजहां की अधीनता स्वीकार करने, उसके नाम खुतवा पढ़ने तथा मुगलों को प्रवेश करने के लिये—

आदिशत्तु परं तेन स्वाभिमानैकरक्षिणा ।
एतदप्युभयं नैव स्वीकृतं तत् कथञ्चन ।।१९३२।।

१९३२. आदेश दिया, किन्तु स्वाभिमानी उसने किसी प्रकार ये दोनों बातें स्वीकार नहीं की ।

द्विसहस्रमितैश्चाश्वरोहिभिः सैनिकैः सह ।
तथा दशसहस्राङ्कैः सैनिकैश्च पदातिभिः ।।१९३३।।

१९३३. जफर खां दो हजार अश्वारोही तथा दश हजार पदाति सैनिकों के साथ—

जफरखाँ प्रस्थितो भूत्वा यात्रायाश्चैकमासतः ।
पश्चात् स्कर्दू मितिस्थानं प्राप्तवान् सेनयान्वितः।।१९३४।।

१९३४. प्रस्थान कर, एक मास यात्रा करने के पश्चात् सेना सहित स्कर्दू पहुँचा ।

मार्गे दुर्गद्वयं प्राप्तं जूने श्रीनगरं नृपः ।
अब्ध्यग्निरसचन्द्राब्दे प्रविष्टो बाणवासरे ।।१९३५।।

१९३५. मार्ग में दो दुर्ग मिले । शाहजहां ई० वर्ष १६३४ में पांच जून को श्रीनगर में प्रविष्ट हुआ ।

शिगार विजय :

राज्यपालस्तथाब्दालदले स्फोटमकारयत् ।
जेतुं दुर्गं शिगाराख्यं सेनां च प्रैषयत्तदा ।।१९३६।।

१९३६. राज्यपाल ने अब्दाल के दल में फूट डाल दिया तथा शिगार दुर्ग जीतने के लिये सेना प्रेषित की ।

विस्तीर्णा बालतिस्ताने शिगारोपत्यका भृशम् ।
सार्धैकक्रोशगा तस्या आयामः सूर्यक्रोशगः ।।१९३७।।

१९३७. शिगार उपत्यका बालतिस्तान में डेढ़ कोस (तीन मील) चौड़ी और बारह कोश लम्बी हैं ।

उत्पादबहुलं तच्च शिगारं नामकं स्थलम् ।
सन्ति स्थानानि रम्याणि तन्नद्या वामतस्तटे ।।१९३८।।

१९३८. शिगार उपजाऊ है । शिगार नदी के वाम तट पर रमणीय स्थल हैं ।

अब्दालतनयः पञ्चदशवर्षीय एव सः ।
दौलताख्यः समायातः युद्धार्थं कृतनिश्चयः ।।१९३९।।

१९३९. अब्दाल का पन्द्रह वर्षीय पुत्र दौलत युद्धार्थ आया ।

मीरफखरुद्दीनश्च जितो मुगलसेनया ।
दौलतः स्वपितू रत्नागारमादाय विद्रुतः ।।१९४०।।

१९४०. मीरफखरुद्दीन सेनापति मुगल सेना से पराजित हो गया । दौलत अपने पिता का रत्नभंडार लेकर पलायित हो गया ।

अब्दालपरिवारस्तु मुगलैः स्ववशीकृतः ।
एवमेव हबीबस्याहमदस्यापि च द्वयोः ।।१९४१।।

१९४१. अब्दाल का परिवार मुगलों के अधिकार में आ गया । इसी प्रकार हबीब एवं अहमद के—

कुटुम्बप्राणिनो ये वा तत्रासन् शरणार्थिनः ।
ते च बन्दीकृताः सर्वे बालस्त्रीस्थविरादयः ।।१९४२।।

१९४२. कुटुम्ब जो वहां शरणार्थी थे, वे सब बालक, स्त्री, वृद्धादि बन्दी कर लिये गये ।

अब्दालमुगलानां च मध्ये सन्धिरजायत ।
सम्राट्शाहजहाँ नाम्ना स्तुतिपाठविनिश्चयात् ॥१९४३॥

१९४३. अब्दाल तथा मुगलों के मध्य सन्धि हो गयी। सम्राट शाहजहां के नाम खुतवा पाठ करने का निश्चय किया गया।

जफरोऽब्दालरायश्च हबीबोऽहमदस्तथा ।
सकुटुम्बमिमे सर्वे नीताः श्रीनगरं प्रति ॥१९४४॥

१९४४. जफरखान, अब्दालराय, हबीबचक, तथा अहमदचक सकुटुम्ब श्री नगर लाये गये।

यश्चाब्दालस्य वाक्कीलो मुरादान्तमुहम्मदः ।
मुक्तोऽसौ बालतिस्ताने कर्त्तुमत्र प्रशासनम् ॥१९४५॥

१९४५. अब्दाल का वकील मुहम्मद मुराद बालतिस्तान में प्रशासन के लिये छोड़ दिया गया।

सम्राट् श्रीनगरं प्राप चतुस्त्रिंशान्तषोडशे ।
तस्य सम्मुखमानीता अब्दालश्च चकादयः ॥१९४६॥

१९४६. सम्राट शाहजहां ई० वर्ष १६३४ में श्रीनगर में प्रविष्ट हुआ। उसके समक्ष अब्दाल एवं अन्य चक लाये गये।

सम्राट् शाहजहाँ तत्र काश्मीरे स्वागमस्मृतौ ।
निर्मापयितुमैच्छच्च रम्यमुद्यानमण्डलम् ॥१९४७॥

१९४७. सम्राट शाहजहां कश्मीर में अपने आगमन की स्मृति के लिये, एक सुन्दर उद्यान निर्मित कराना चाहता था।

अभूत्तन्निश्चिते स्थाने खननारम्भणं ततः ।
सम्यगुद्यानकार्यस्य निर्माणं कर्त्तुमिच्छया ॥१९४८॥

मन्दिर एवं ज्योति :

१९४८. तदनन्तर निश्चित स्थान पर, उद्यान का निर्माण करने की इच्छा से खुदाई प्रारम्भ की गयी।

खननानन्तरं किञ्चिन् मन्दिरस्यैकमुन्नतम् ।
शिखरं लब्धमासीच्च तदन्तर्दीपकोज्वलन् ॥१९४९॥

१९४९. कुछ खुदाई करने के पश्चात् मन्दिर का एक ऊंचा शिखर प्राप्त हुआ। उसके अन्दर एक दीपक जल रहा था।

सम्राट शाहजहाँ प्राप्तवृत्तान्तः समदेशयत् ।
शिखरं मन्दिरस्यैतत् छादनीयं मृदादिभिः ॥१९५०॥

१९५०. यह वृत्तान्त सुनकर सम्राट शाहजहां ने आदेश दिया—'मन्दिर का शिखर मिट्टी आदि से आच्छादित कर दिया जाय।'

मुकर्रब्खाँहकीमेन सम्राट सम्प्रार्थितस्ततः ।
दीपकं द्रष्टुमिच्छापि तेन तत्र प्रदर्शिता ॥१९५१॥

१९५१. मुकर्रब खां हकीम ने सम्राट से प्रार्थना पूर्वक दीपक देखने की अपनी इच्छा निवेदित की ।

यदि वा दर्शनात्तस्य दीपकः संविनश्यति ।
तदा तत्सदृशश्चान्यो दीपो निर्मास्यते स्वयम् ॥१९५२॥

१९५२. यदि देखने से दीपक नष्ट हो जाय, तो वह स्वयं उसी प्रकार दूसरा निर्मित कर देगा ।

समाडनिच्छयाप्यस्य प्रार्थनां स्वीचकार सः ।
हकीमो मन्दिरं प्रागान्नेतुमैच्छच्च दीपकम् ॥१९५३॥

१९५३. सम्राट ने अनिच्छा पूर्वक प्रार्थना स्वीकार कर ली । हकीम मन्दिर में गया और दीपक उठाना चाहा ।

यदैव दीपकस्पर्शः कृतस्तेन तदैव सः ।
निपत्य सहसा भूमौ स लुप्तो दीपकोऽभवत् ॥१९५४॥

१९५४. जैसे ही उसने दीपक का स्पर्श किया, वह दीपक सहसा भूतल पर गिर कर, लुप्त हो गया ।

ततोऽन्यत्र स्थले किञ्च प्रासादोऽभूद् विनिर्मितः ।
पूर्ववद् दीपनिर्माणे हकीमः प्रभावन्न च ॥१९५५॥

१९५५. हकीम पूर्ववत् दीप निर्माण करने में असमर्थ रहा । तदनन्तर अन्यत्र प्रासाद निर्मित किया गया ।

मुकर्रब्नामकः स्वस्मिन्काले ह्यासीत्प्रतिष्ठितः ।
गुर्जरस्य प्रदेशस्य स आसीद् राज्यशासकः ॥१९५६॥

१९५६. मुकर्रब अपने समय का एक प्रतिष्ठित व्यक्ति था । वह गुजरात का शासक (सूबेदार) था ।

रसाब्धिरिपुचन्द्राब्दे वसुचन्द्रदिसम्बरे ।
नवत्यब्दवयस्यस्य मृत्युरत्राभवत् ततः ॥१९५७॥

१९५७. ई० वर्ष १६४६ में १८ दिसम्बर को ९० वर्ष की आयु में उसकी मृत्यु हो गयी ।

चतुस्त्रिंशोत्तरे किञ्च षोडशे खीष्टवत्सरे ।
सम्राट् शाहजहाँ-सेना चकाराक्रमणं ननु ॥१९५८॥

१९५८. ई० वर्ष १६३४ में शाहजहां की सेना ने—

श्रीगुरौ हरिगोविन्दे जातं तु विफलं हि तत् ।
वर्षेऽस्मिन् मृत्युमापेदे स महाबतखाँऽभिधः ॥१९५९॥

गुरु श्रीहरिगोविन्दजी पर आक्रमण :

१९५९. श्री गुरु हरिगोविन्दजी के ऊपर आक्रमण किया। वह विफल हो गया। उसी वर्ष महाबत खां का देहावसान हो गया।

चतुस्त्रिंशोत्तरे पूर्वं षोडशाब्दे च सैय्यदः ।
मुहम्मदस्य यश्चासीत् समाधेः परिरक्षकः ॥१९६०॥

मूये मुबारक :

१९६०. ई० वर्ष १६३४ में सैय्यिद अब्दुल्ला जो (मदीना में) पैगम्बर मुहम्मद साहब की समाधि का रक्षक था—

सकुटुम्बं समायातः षट्त्रिंशोत्तरषोडशे ।
तत्र बीजापुरे लब्ध्वा लघुराज्यमुवास सः ॥१९६१॥

१९६१. अपने कुटुम्ब के साथ ई० वर्ष १६३६ में बीजापुर आया और वहाँ छोटा राज्य (जागीर) प्राप्तकर, रहने लगा।

सहैव तेन चानीतो बालः पैगरम्बरस्य सः ।
कथ्यते मुस्लिमैर्यः सर्वत्र मूयमुबारकः ॥१९६२॥

१९६२. वह अपने साथ पैगम्बर साहब का बाल लाया था, जिसे मुसलमान लोग मूये मुबारक कहते हैं।

स मृत्युसमये पूतं बालं तं स्वसुताय च ।
हामिदाय ददौ तस्य रक्षणाय निगूढतः ॥१९६३॥

१९६३. उसने मृत्यु के समय वह पवित्र बाल अपने पुत्र हामिद को उसकी रक्षा के लिये गुप्तरूपसे प्रदान किया।

औरङ्गजेबविहितं यावद् बीजापुरे जयम् ।
द्विनवत्युत्तरं पूर्वं षोडशाब्दमुवास सः ॥१९६४॥

१९६४. उसने औरंगजेब के बीजापुर विजय, ई० वर्ष १६९२ तक निवास किया।

तदा ख्वाजानुरुद्दीन-नेशाबरी-वणिजा सह ।
कश्मीरवासिना तेन जहानाबादपत्तने ॥१९६५॥

१९६५. उस समय जहानाबाद में काश्मीरी व्यापारी ख्वाजानुरुद्दीन इशाबरी के साथ–

सङ्गतिश्च बभूवास्य हामिदस्य ततो हि सः ।
पवित्रं क्रीतवान् बालं तत्समीपे सुरक्षितम् ॥१९६६॥

१९६६. हामिद की भेट हुई। उसने हामिद के पास सुरक्षित वह बाल खरीद लिया।

बालेन सह काश्मीरं स चायाति स्म किन्त्वसौ ।
रुद्धो ह्यौरङ्गजेबेनाजमेरे बालं रक्षितुम् ॥१९६७॥

१९६७. वह बाल लेकर काश्मीर आ रहा था, किन्तु औरंगजेब ने अजमेर में बाल रखने के लिये, उसे अवरुद्ध कर लिया ।

ख्वाजा तेनाति संक्षुब्धो मेदनीशं स आदिशत् ।
पवित्रं बालमानेतुं काश्मीरे रक्षितुं च तम् ॥१९६८॥

१९६८. उससे ख्वाजा बहुत दुःखी हुआ । उसने ख्वाजा मेदनीश को वह पवित्र बाल लाकर, काश्मीर रखने के लिये आदेश दिया ।

एवमौरङ्गजेबोऽपि बालस्य नयनाय च ।
काश्मीरे स्थापनायापि निजादेशं प्रदत्तवान् ॥१९६९॥

१९६९. तदनन्तर औरंगजेब ने भी वह बाल काश्मीर ले जाने तथा वहां रखने के लिये आदेश प्रदान कर दिया ।

काश्मीरे रक्षितो बालः खानकाहे च पूर्वतः ।
ततः शाहजहाँद्वारानिर्मिते हज्रतबले ॥१९७०॥

१९७०. वह बाल पहले खानकाह (नक्सबन्द) तदनन्तर शाहजहाँ द्वारा निर्मित हजरत बल में रखा गया ।

पञ्चत्रिंशोत्तरे पूर्वं षोडशे ख्रीष्टहायने ।
साहबकौलकश्मीरिकवेर्जन्माभवत् किल ॥१९७१॥

१९७१. ई० वर्ष १६३५ में काश्मीरी कवि साहब कौल का जन्म हुआ ।

काश्मीरे वत्सरेऽस्मिश्च शियासुन्नीदलद्वये ।
मिथो विद्वेषभावेन सङ्घर्षोऽभूद् भयंकरः ॥१९७२॥

१९७२. इसी वर्ष कश्मीर में परस्पर द्वेषभाव के कारण शिया एवं सुन्नी दोनों सम्प्रदायों में भयंकर संघर्ष हुआ ।

जनाः श्रीनगरस्यैते शहतूतफलेच्छया ।
मायसूमासमुद्याने गता आसन् समूहतः ॥१९७३॥

शिया-सुन्नी संघर्ष :

१९७३. श्री नगर के लोग शहतूत फल के लिये सामूहिक रूप में मायसूमा बाग गये थे ।

संघर्षस्तत्र सञ्जातः शियासुन्नीदलद्वये ।
ख्वाजा खाविन्दमहमूद आसीदुत्पातनायकः ॥१९७४॥

१९७४. वहां शिया सुन्नी दोनों दलों में संघर्ष हुआ । उपद्रव का नायक ख्वाजा खाविन्द महमूद था ।

स बुखारानिवास्यासीत् पूर्वस्मिन् जीवने निजे ।
मुहम्मदेशहाकस्य शिष्यः सोऽयमजायत ॥१९७५॥

१९७५. वह बुखारा निवासी था। अपने प्रारम्भिक जीवन में मुहम्मद इशहाक का शिष्य हो गया था।

लुण्ठितानि गृहाण्यासन् शियामार्गानुयायिनाम् ।
अग्निसात्कृत्य चैतानि नाशितानि समन्ततः ॥१९७६॥

१९७६. शिया सम्प्रदाय वालों के घर लूट लिये गये, आग लगाकर, उन्हें नष्ट कर दिया गया।

जफरखाँ नो शियालोकविरुद्धं किञ्चिदाचरत् ।
काश्मीरान्निर्गतः ख्वाजा शान्तिश्च स्थापिताऽभवत् ॥१९७७॥

१९७७. जफर खां ने शिया लोगों के विरुद्ध कुछ नहीं किया। ख्वाजा काश्मीर से निकल गया। शान्ति स्थापित हो गयी।

हिन्दुधर्ममुरीकृत्य गङ्गेति यवनात्मजा ।
सीरहिन्दस्य दलपत्सिंहेनासौ विवाहिता ॥१९७८॥

हिन्दूबनने पर प्राण दण्ड :

१९७८. एक मुसलमान लड़की ने हिन्दू-धर्म स्वीकार कर, गंगा नाम रख लिया। उसका विवाह सरहिन्द के दलपत सिंह के साथ हुआ था।

पतिः पत्नी तथा पुत्रद्वयं षट्कन्यका अपि ।
निगृहीताः कृताः सर्वे प्राणिनश्च सहैव ते ॥१९७९॥

१९७९. पति, पत्नी, दो पुत्र एवं छः कन्यायें सब एक साथ पकड़ लिये गये।

न स्वीचकार दलपत्सिंहो धर्मं च यावनम् ।
अतएव वधस्तस्य कृतोऽभूदनुशासनात् ॥१९८०॥

१९८०. दलपत सिंह ने इस्लाम धर्म नहीं स्वीकार किया, अतः शासनादेश से उसका बध कर दिया गया।

पञ्चत्रिंशोत्तरे पूर्णे षोडशे ख्रीष्टवत्सरे ।
कृतः पामपुरे सेतुर्वितस्ता सरितस्तटे ॥१९८१॥

१९८१. ई० वर्ष १६३५ में पामपुर में वितस्ता नदी पर सेतु-निर्माण किया गया।

षट्त्रिंशदुत्तरे पूर्णे षोडशे दक्षिणस्य च ।
अभूदौरङ्गजेबोऽसौ राज्यपालो नियोजितः ॥१९८२॥

१९८२. ई० वर्ष १६३६ में औरंगजेब दक्षिण का राज्यपाल नियुक्त किया गया।

लद्दाखे खपोलोरशास्तासुल्तानटीकमः ।
गाजीमीरः शिगारस्य पञ्चत्रिंशान्तषोडशे ॥१९८३॥

लद्दाख के शासक :

१९८३. ई० वर्ष १६३५ में लद्दाख के खपोलोर का शासक सुल्तान टीकम तथा शिगार का गाजीमीर (सन् १६३५–१६५० ई०) था।

कुलूराजा च कल्याणसिंह आसीत्तदा खलु ।
तदाऽजमतदेवेति जम्मूराज्यनृपोऽभवत् ॥१९८४॥

कुलू एवं जम्मू के राजा :

१९८४. उस समय कुलू का राजा कल्याण सिंह (सन् १६३५–१६३७) तथा जम्मू का राजा अजमत देव (सन् १६३५–१६६० ई०) था।[1]

वसौलीतिप्रदेशस्य शासको नृपतिस्तदा ।
संग्रामपालनामासीत् इमे ते समकालिकाः ॥१९८५॥

वसौहली का राजा :

१९८५. उस समय बसौहली प्रदेश का नृपति संग्राम पाल (सन् १६३५–१६७३ ई०) था। उक्त नृपति समकालीन थे।

षट्त्रिंशदुत्तरे पूर्वं षोडशे ख्रीष्टवत्सरे ।
मुल्ला मुहम्मदो नवक्कति-ए-शहजहान्यथ ॥१९८६॥

तवक्कत-ई-शह जहानी :

१९८६. ई० वर्ष १६३६ में काश्मीरी कवि मुल्ला मुहम्मद ने 'तवक्कात–इ–शहजहानी'—

प्रणिनाय प्रयत्नेन तस्य जन्म बभूव च ।
नवत्येकोत्तरे पञ्चदशे ख्रीष्टे च हायने ॥१९८७॥

१९८७. का प्रणयन किया। उसका जन्म ई० वर्ष १५९१ में हुआ था।

षट्त्रिंशदुत्तरात्पूर्वं षोडशात् दशवत्सरान् ।
यावच्छ्रीमान् शिवाजीति न्यवसत् पुण्यपत्तने ॥१७८८॥

शिवाजी :

१९८८. श्रीमान् शिवाजी ने ई० वर्ष १६३६-१६४७ दश वर्षपर्यन्त पूना में निवास किया था।

बाबा नसीरुद्दीनश्च काश्मीरस्य कविः स हि ।
देहान्तस्तस्य सञ्जातः सप्तत्रिंशान्तषोडशे ॥१९८९॥

बाबानसीरुद्दीन :

१९८९. बाला नसीरुददीन काश्मीरी कवि था। उसका देहान्त ई० वर्ष १६३७ में हुआ।

१. जम्मू की वंशावली में लेखकों में मतैक्य नहीं है।

एतस्मिन् वत्सरे तस्य मुनेः पीरस्य जन्म च ।
सनातनस्य चैकस्य ब्राह्मणस्य गृहेऽभवत् ।।१९९०।।

ऋषि पीर :

१९९०. इसी वर्ष ऋषि पीर का जन्म एक सनातन धर्मी ब्राह्मण के घर हुआ था ।

गुरुस्तस्य प्रसिद्धोऽभूत् साधुकृष्णकराभिधः ।
स च सप्तनवत्यन्ते षोडशे मृत्युमाप्तवान् ।।१९९१।।

१९९१. उनके गुरु प्रसिद्ध साधु कृष्णकर थे । ई० वर्ष १६९७ में (साठ वर्ष की आयु में) उनकी मृत्यु हुई ।

कुलूराजा जगत्सिंहः सप्तत्रिंशान्तषोडशे ।
तथा सूरजसेनोऽसौ आसीन्मण्डीनृपस्तदा ।।१९९२।।

कुलू-मण्डी के राजा :

१९९२. ई० वर्ष १६३७ में कुलू का राजा जगत सिंह (सन् १६३७-१६७२ ई०) तथा मण्डी का नृपति सूरजसेन (सन् १६३७–१६६४) था ।

द्विसप्तत्युत्तरे पूर्णे षोडशे ख्रीष्टवत्सरे ।
श्यामसेनोऽन्तिके मण्डीनगरस्य नगोपरि ।।१९९३।।

१९९३. श्यामसेन (सन् १६६४–१६७९ ई०) ने ई० वर्ष १६७२ में मण्डी नगर के समीप पहाड़ी के ऊपर—

स निर्मापितवानेकं श्यामकाल्याश्च मन्दिरम् ।
असीत् परमभक्तोऽसौ तस्या देव्याश्च विश्रुतः ।।१९९४।।

१९९४. श्याम-काली का मन्दिर निर्मित कराया । वह उस देवी का परमभक्त था ।

सिद्धसेनेन मण्डीतश्चैकक्रोशान्तरे स्थितम् ।
रम्यं निर्मापितं सिद्धगणेशस्यात्र मन्दिरम् ।।१९९५।।

१९९५. सिद्धसेन (सन् १६८४–१७२७ ई०) ने मण्डी से एक कोश की दूरी पर सिद्ध गणेश का सुन्दर मन्दिर बनवाया ।

अष्टत्रिंशोत्तरे पूर्वे षोडशाब्दे च सर्वतः ।
नष्टाः श्रीनगरस्यान्तर्भागास्तत्रातिवर्षणात् ।।१९९६।।

अकाल :

१९९६. ई० वर्ष १६३८ में श्रीनगर का अधिकांश भाग अतिवृष्टि से विनष्ट हो गया ।

अकालश्चापतत्तत्र ततः शाहजहाँ नृपः ।
अन्नादि प्रेषयामास पंजाबाख्यप्रदेशतः ।।१९९७।।

१९९७. वहां अकाल पड़ गया । शाहजहां ने पंजाब प्रदेश से अन्नादि प्रेषित किया ।

वत्सरेऽस्मिस्तथाऽहोमराज्ञश्च मुगलैः सह ।
सन्धिर्जातोऽधिकारश्च कन्धारे मुगलैः कृतः ॥१९९८॥

१९९८. इसी वर्ष अहोम राजा की मुगलों के साथ सन्धि हुई। कन्धार पर मुगलों ने अधिकार कर लिया।

ऊनत्रिंशोत्तरे पूर्वं षोडशे ख्रीष्टवत्सरे ।
वलखे विहिता तैश्च निजाक्रमणयोजना ॥१९९९॥

वलख आक्रमण योजना :

१९९९. ई० वर्ष १६३९ में उन लोगों (मुगलों) ने वलख पर आक्रमण की योजना बनायी।

आराद् वछपुरग्रामस्योपान्ते वर्तते ननु ।
चिनारोद्यानमेकं तत् प्राचीनं फलपुष्पवत् ॥२०००॥

२०००. बछपुर ग्राम के समीप पुष्प-फल वाला, एक प्राचीन चिनार का उद्यान है।

जहाँगीरस्य सम्राजः पूर्वादेशेकृते सति ।
उद्यानन्तु कृतं तत्र ह्यूनत्रिंशान्तषोडशे ॥२००१॥

२००१. सम्राट जहांगीर के पूर्व आदेश के अनुसार वह बाग ई० वर्ष १६३९ में लगाया गया था।

दिल्यां शाहजहानाबादेत्याख्यं पत्तनं नवम् ।
निर्मातुं मूलमेतस्य तत्र चारोपितं दृढम् ॥२००२॥

शाहजहानाबाद :

२००२. दिल्ली में शाहजहानाबाद नवीन नगर निर्मित करने के लिये नींव डाली गयी।

चत्वारिंशोत्तरे पूर्वं षोडशे चाँग्लशिल्पिभिः ।
फोर्टजेम्सेति दुर्गस्य मद्रासे मूलमुच्चितम् ॥२००३॥

फोर्ट-जेम्स मद्रास :

२००३. ई० वर्ष १६४० में अंग्रेज कारीगरों द्वारा मद्रास में फोर्टजेम्स दुर्ग की नींव डाली गयी।

उद्यानानि तु चत्वारि निर्मितानि स्वशासने ।
राज्यपेनैकमहला परियावारीस्थले तथा ॥२००४॥

२००४. राज्यपाल ने अपने शासन में चार बागों का निर्माण कराया। एक महल्ला परियाबारी में—

जफराबाद नाम्ना च प्रसिद्धं तत्र विद्यते ।
रम्यञ्च तत् समुद्यानं विस्तीर्णं च समन्ततः ॥२००५॥

२००५. जफराबाद नाम से प्रसिद्ध हैं। वह बाग सुन्दर तथा बड़ा है।

बूटाकरलक्षेत्रे चापरं गुलशनाभिधम् ।
उद्यानं तत्तृतीयं च सैय्यदेति मुहम्मद— ॥२००६॥

गुलशन बाग :

२००६. दूसरा उद्यान 'गुलशन बाग' बूटाकदल क्षेत्र में तथा तीसरा सैय्यिद मुहम्मद—

मदनीत्यभिधानस्य तज्जियारतपार्श्वतः ।
इनायताख्यमुद्यानं सुस्थितं चातिसुन्दरम् ॥२००७॥

इनायत बाग :

२००७. मदनी के जियारत के समीप सुन्दर 'इनायत बाग' स्थित हैं।

चतुर्थं हसनाबादे हसनेत्यभिधानकम् ।
विद्यते तत् समुद्यानं निर्मितं च मनोरमम् ॥२००८॥

हसन बाग :

२००८. हसनाबाद में चौथा उद्यान 'हसनबाग' है जो (डलतप्पर) अत्यन्त मनोरम है।

आसीत् शाहजहांपुत्रो मुरादः सर्वतो लघुः ।
तज्जन्मरोहतासेऽभूच्चतुर्विंशान्तषोडशे ॥२००९॥

मुरादबख्श ई० वर्ष १६४०-१६४१

२००९ मुराद[1] शाहजहां का कनिष्ट पुत्र था। उसका जन्म रोहतास में ई० वर्ष १६२४ में हुआ था।

एक चत्वारिंशदन्ते षोडशे ख्रीष्टवत्सरे ।
जगत्सिंहं वशीकर्त्तुं मुरादः काँगड़ां गतः ॥२०१०॥

२०१०. ई० वर्ष १६४१ में मुराद जगतसिंह (कुल राज) को वश में करने के लिये (शरद ऋतु में) कांगड़ा गया।

तत्र नूरपुरं चैवं दुर्गं तारागढाभिधम् ।
विजित्य मुगलास्तस्य प्राकारं पर्यपातयन् ॥२०११॥

२०११. मुगलों ने वहां नूरपुर तथा तारागढ़ दुर्ग जीतकर, उसका प्राकार (चहार दीवारी) गिरा दिया।

द्विचत्वारिंशदन्ते च षोडशे ख्रीष्टहायने ।
सम्राडधीनतां मेने कांगड़ानृपतिश्च सः ॥२०१२॥

२०१२. ई० वर्ष १६४२ में कागड़ा नृपति ने सम्राट की अधीनता स्वीकार कर ली।

ततः शाहजहां ह्यूनत्रिंशदुत्तरषोडशे ।
मवउर्रनहरं च वलखं जेतुमिच्छया ॥२०१३॥

मवउर्र नहर एवं वलख :

२०१३. शाहजहां ई० वर्ष १६३९ में मवउर्रनहर तथा वलख जीतने की इच्छा से—

१. मुरादः शाहजहांकालीन द्वितीय तथा मुगल कालीन १४वां राज्यपाल था।

काबुलं गतवांस्तत् षट्चत्वारिंशान्तषोडशे ।
काले समुचिते सैन्याभियानं चाकरोदसौ ।।२०१४।।

२०१४. काबुल गया । उचित समय जानकर उसने ई० वर्ष १६४६ में सैनिक अभियान प्रारम्भ किया ।

कहमर्दस्य दुर्गोऽपि जितो हस्तात्स निर्गतः ।
शीतर्तुकारणान्मध्येऽभियानं तन्निरोधितम् ।।२०१५।।

२०१५. कहमर्द का जीता गया दुर्ग भी हाथ से निकल गया । शीत ऋतु के कारण वह अभियान रोक दिया गया ।

मुरादेन जितं तत् षट्चत्वारिंशान्तषोडशे ।
बुखारानगरं तेन सेनया सह सत्वरम् ।।२०१६।।

बुखारा विजय :

२०१६. ई० वर्ष १६४६ (जुलाई) में मुराद ने सेना द्वारा बुखारा नगर जीत लिया ।

सम्राट्शाहजहांनाम्ना तत्र मुद्राभिटङ्किता ।
जलवायुप्रतीपत्वात्ततो भारतमागतम् ।।२०१७।।

२०१७. वहां सम्राट शाहजहां के नाम मुद्रा टंकणित की गयी । जलवायु प्रतीकूल होने के कारण मुराद भारत लौट आया ।

वत्सरे षोडशेख्रीष्टे सप्तपञ्चाशदुत्तरे ।
भाद्रमासे स रुग्णोऽभूत् सम्राट् शाहजहां ततः ।।२०१८।।

२०१८. ई० वर्ष १६५७ में भाद्रपद (सितम्बर) मास में शाहजहां रुग्ण हो गया ।

तदासीद् गुर्जरस्यासौ मुरादो राज्यपालकः ।
तेन व्यापादितः स्वीयो मंत्रीकोपादलीनकी ।।२०१९।।

२०१९. उस समय मुराद गुजरात में राज्यपाल था । वह क्रोधवश अपने मंत्री अली नकी को मार डाला ।

स्वयं सम्राडसौ चेति तेन संघोषणा कृता ।
स्वप्रभावं च सर्वत्र प्रदर्श्य प्रसभाज्ञया ।।२०२०।।

२०२०. सर्वत्र अपना प्रभाव दिखाकर, कठोर आदेश द्वारा, उसने स्वयं को सम्राट घोषित कर दिया ।

ततश्चाहमदाबादे खम्बाते सूरते तथा ।
स्वनाम्ना टंकिता मुद्रा कारिता च प्रचालिता ।।२०२१।।

२०२१. तदनन्तर उसने अहमदाबाद, खम्बात एवं सूरत में अपने नाम की टंकणित मुद्रा प्रचलित करा दी ।

मुरादं च शुजाख्यं च तथा ह्यौरङ्गजेबकम् ।
जित्वा दाराशिकोहोऽसावैच्छत् सम्राट्-पदं स्वयम् ।।२०२२।।

२०२२. दाराशिकोह स्वयं मुराद शुजा, एवं औरंगजेब को जीतकर, सम्राट होना चाहता था।

भ्रातृणां च मिथो जाते सङ्घर्षेऽस्मिन् निजेच्छया ।
पक्षमौरङ्गजेबस्य मुरादोऽसौ गृहीतवान् ।।२०२३।।

२०२३. भाइयों के उस पारस्परिक संघर्ष में मुराद ने स्वेच्छा से औरंगजेब का पक्ष लिया।

कृत्वा चौरङ्गजेबस्तं मुरादं वन्दिनं ततः ।
दिल्यां दुर्गान्तरे चैनं सविशेषं निरुद्धवान् ।।२०२४।।

२०२४. तदनन्तर औरङ्गजेब ने मुराद को बन्दी बनाकर दिल्ली दुर्ग में रख दिया।

पश्चादौरङ्गजेबस्यादेशात्तस्यां स्थितौ हि सः ।
हतोऽभूद् ग्वालियर्दुर्गे चैकषष्ट्यन्तषोडशे ।।२०२५।।

२०२५. तत्पाश्चात् ई० वर्ष १६६१ में औरङ्गजेब के आदेश से वह ग्वालियर दुर्ग में (१४ दिसम्बर को) मार डाला गया।

काश्मीरवासिनः शाहाबदस्य मलिकस्य च ।
कन्यया साकमुद्वाहो मुरादस्याभवद् किल ।।२ २६।।

२०२६. मुराद का विवाह कश्मीर निवासी शाहाबद के मलिक की कन्या के साथ हुआ था।

राज्यपाले नियुक्तेऽस्मिन् तस्य सम्बन्धिनस्ततः ।
तत्प्रभावादनुचितं लाभमापुस्तथा हि ते ।।२०२७।।

२०२७. मुराद के कश्मीर में राज्यपाल नियुक्त होने पर, उसके सम्बन्धी उसके प्रभाव से अनुचित लाभ प्राप्त करने लगे।

शासनाद् विरतो भोगे मुरादो निरतो भृशम् ।
रात्रिन्दिवमसौ कालं यापयन् समवर्तत ।।२०२८।।

२०२८. शासन कार्य से विरत, मुराद रात-दिन भोग में निरत रहकर, समय बिताने लगा।

तदा शाहजहाँ यात्रां काश्मीरस्याकरोदसौ ।
चत्वारिंशोत्तरे पूर्वं षोडशे ख्रीष्टवत्सरे ।।२०२९।।

शाहजहां की कश्मीर यात्रा।

२०२९. ई० वर्ष १६४० में शाहजहां ने काश्मीर की यात्रा की।

ततश्चाक्षवले शाहजहोंद्यानं जलोत्करम् ।
निर्मातुं योजनामेकां मनसा पर्यचिन्तयत् ।।२०३०।।

२०३०. शाहजहां ने अक्षबल में एक उद्यान (बाग) एवं फुहारा बनाने की योजना बनायी ।

तदानीश्च जहांनारा सम्राजो ज्येष्ठकन्यका ।
उद्यानं योजयामासेलाहीमार्तण्डपार्श्वतः ।।२०३१।।

२०३१. उसी समय सम्राट की ज्येष्ठ कन्या जहांनारा ने इलाही मार्तण्ड के पास एक उद्यान लगवाया ।

एक चत्वारिंशदन्ते षोडशे ख्रीष्टहायने ।
डलस्यैके कच्छक्षेत्रे मुरादेन प्ररोपितैः ।।२०३२।।

२०३२. ई० वर्ष १६४१ में डलके एक कच्छ (टापू) क्षेत्र में मुराद द्वारा लगाये गये—

चतुर्भिश्चचिनारैस्तैरद्यापि प्रांशुशाखिभिः ।
जागर्त्यद्यापि तस्यात्र स्मृतिर्नूनं पुरातनी ।।२०३३।।

चार चिनार :

२०३३. प्रोन्नत शाखाओं वाले 'चार चिनार' वृक्षों से आज भी उसकी पुरानी स्मृति बनी है ।

इमे डलसरश्चैकचतुष्कोणात्मके स्थले ।
दक्षिणस्यां च राजन्ते यशोवर्धनवाञ्छया ।।२०३४।।

२०३४. वे वृक्ष डलसर के एक चौकोर भूमि पर दक्षिण दिशा में उसका यशोवर्धन करने के लिये विराजमान हैं ।

स्थानमेतत्तटादेव सुन्दरं तत् प्रतीयते ।
मया तत्र गतं चापि स्वयात्रायाः प्रसङ्गतः ।।२०३५।।

२०३५. यह स्थान तट से सुन्दर लगता है । मैं यात्रा प्रसंग में वहां गया था ।

व्योमाब्धिरसचन्द्राब्दे प्रथमे मासि स बुधः ।
दाराशिकोहो व्यलिखत् सफीनातुलऔलियाम् ।।२०३६।।

२०३६. ई० वर्ष १६४० के जनवरी मास में विद्वान् दाराशिकोह ने 'सफीना-तुल-औलिया' लिखकर समाप्त किया ।

विवाहश्चाभवन्नाम साईबाईस्त्रिया सह ।
छत्रपस्य शिवस्यात्र चत्वारिंशान्तषोडशे ।।२०३७।।

२०३७. ई० वर्ष १६४० में छत्रपति शिवाजी का विवाह साईबाई के साथ हुआ ।

अलीमरदानखांतातो गंजालीखांऽभिधानकः ।
कुर्दिस्ताननिवास्यासीत् जिगाख्यजनजातिकः ॥२०३८॥

अलीमरदानखां–ई० वर्ष १६४१-१६४२

२०३८. अली मरदान खां का पिता गंज अली खां कुर्दिस्तान निवासी तथा जिग-जनजाति का था।

शाहअब्बासविश्वासपात्रमासीदभूदसौ ।
त्रिंशवत्सरपर्यन्तं किरमानस्य शासकः ॥२०३९॥

२०३९ वह शाह अब्बास का विश्वासपात्र था। तीस वर्ष पर्यन्त किरमान का शासक था।

मेरिया-डी-टेड्सनाम्न्या स्त्रिया चानीतया सह ।
अलीमरदानखांनाम्नो विवाहः समपद्यत ॥२०४०॥

२०४०. अली मरदान खां का विवाह अन्यत्र से लायी गयी मेरिया डी टेड्स के साथ हुआ था।

बंगाद् गृहीता सा शाहजहांसौधे च रक्षिता ।
विजातीया तथाप्यासीत् सौन्दर्यप्रतिमेव सा ॥२०४१॥

२०४१. वह बंगाल से लाकर शाहजहां के प्रासाद में रखी गयी थी। विजातीय होनेपर भी सौन्दर्य-प्रतिमूर्ति थी।

सप्तपञ्चाशदन्ते प्राक्षोडशे ख्रीष्टवत्सरे ।
तस्या मृत्युरभूत्सा च लाहौरे भूमिसात्कृता ॥२०४२॥

२०४२. ई० वर्ष १६५७ में उसकी मृत्यु हुई। लाहौर में उसे दफनाया गया।

कन्धारविजये जातेऽलीमरदान खां ततः ।
नियुक्तः शासकस्तत्र निशायामेकदा हि सः ॥२०४३॥

२०४३. कन्धार विजय किये जाने पर, अली मरदान खां वहां शासक नियुक्त किया गया।

स्वपनन्नासीत् निशायां स ततः कन्धारदुर्गतः ।
पपाताधो मृतः प्रातः संदृष्टः सेवकैर्निजैः ॥२०४४॥

२०४४. वह (कन्धार दुर्ग के बरामदे में) सो रहा था। कन्धार दुर्ग से नीचे गिर पड़ा। प्रातः उसके सेवकों ने उसे मरा देखा।

पितुश्च मरणस्यान्ते ह्यलीमर्दानखां ततः ।
शाहेनासौ नियुक्तोऽभूत् कन्धारस्य प्रशासकः ॥२०४५॥

२०४५. अलीमरदान खां के पिता के मरने के पश्चात् शाह ने उसे कन्धार का प्रशासक नियुक्त किया।

शाहस्य मरणे जाते पौत्रः शाहसफी नृपः ।
तस्य शङ्का बभूवास्मिन्नलीमर्दानशासके ॥२०४६॥

२०४६. शाह के मरने पर शाह का पौत्र शाह सफी नृपति हुआ। अलीमरदान के ऊपर उसे आशङ्का हुई।

अलीमर्दानखां जातो भयत्रस्तस्तथाहि सः ।
सम्राट् शाहजहांसङ्गदपश्यद् हितमात्मनः ॥२०४७॥

२०४७, अली मरदान खां भयग्रस्त हो गया। उसे सम्राट शाहजहां की संगति में अपना हित दिखाई पड़ा।

सुदृढं चाकरोद्दुर्गप्राकारं हर्म्यमुच्चकैः ।
एकोऽन्यो निर्मितोदुर्गस्तेन कोहलकेऽचिरम् ॥२०४८॥

२०४८. उसने दुर्ग का प्राकार एवं बुर्जों को सुदृढ़ किया। उसने शीघ्र एक अन्य दुर्ग कोहलक में निर्मित कराया।

सन्दिहानेन शाहेन चाहूतस्तस्य पुत्रकः ।
येषु शाहस्य सन्देहस्ते सर्वे तेन मारिताः ॥२०४९॥

२०४९. शंकालु शाह ने उसके पुत्र को (दरबार में) बुलाया। शाह को जिनपर सन्देह होता था, उन्हें वह मार डालता था।

अलीमर्दानखां तस्माद् विद्रोही समभूदसौ ।
जेतुं तं प्रैषयत्शाहः सियावशकुल्लराभिधम् ॥२०५०॥

२०५०. अतः अली मरदान खां विद्रोही हो गया। शाह ने शियाबस कुललार को उसे जीतने के लिये भेजा।

पत्रं शाहजहांपार्श्वे ह्यलीमर्दानखांऽलिखत् ।
यतः कन्धारदुर्गं स तस्मै सन्दातुमुत्सुकः ॥२०५१॥

कन्धार विजय:

२०५१. अली मरदान खां ने शाहजहां को पत्र लिखा 'वह कन्धार दुर्ग उसे देना चाहता है।

कश्चित् सेनापतिं प्रेष्य सैनिकैः सह साम्प्रतम् ।
शीघ्रमेव च दुर्गोऽयं स्वाधिकारे निगृह्यताम् ॥२०५२॥

२०५२. 'सेना के साथ कोई सेनापति भेजकर, शीघ्र दुर्ग अपने अधिकार में कर लिया जाय।'

सप्तत्रिंशान्तषोडशादष्टत्रिंशान्तषोडशे ।
सईदखां काबुलस्यासौ राज्यपालः कुलीजखां ॥२०५३॥

२०५३. ई० वर्ष १६३७ से १६३८ के मध्य काबुल का राज्यपाल सईद खां, लाहौर का राज्यपाल कुलीज खां,—

लाहौरराज्यपो नाम गजनीभक्करस्य च ।
शिविस्तानस्य शास्तारः कन्धारं मिलिता ययुः ॥२०५४॥

२०५४. गजनी भक्कर एवं शिविस्तान के शासक मिलकर कन्धार गये ।

सियावशं समाक्रम्य तं व्यजेष्ट सईदखां ।
कन्धारराज्यपालश्च नियुक्तोऽभूत् कुलीजखां ॥२०५५॥

१०५५. सईद खां ने आक्रमण कर, शियावश को जीत लिया । कुलीज खां कन्धार का राज्यपाल नियुक्त हुआ ।

उपस्थितोऽभूल्लाहौरे सम्राट् शाहजहांपुरः ।
अलीमर्दानखां नामा निजत्राणेच्छया ततः ॥२०५६॥

२०५६. अली मरदान खां अपनी रक्षा के लिये लाहौर में सम्राट शाहजहां के समक्ष उपस्थित हुआ ।

फारसाम्बवनिलाभ्यस्तो ह्यलीमर्दानखां यतः ।
भारतस्य ततो घर्माधिक्यं सोढुं न चाशकत् ॥२०५७॥

२०५७. फारस के जलवायु का अभ्यस्त अलीमरदान खां भारत की गरमी न सह सका ।

पंजाबराज्यपालोऽभूद् यावद् वर्षत्रयं हि सः ।
लाहौरे शालीमारस्य निर्माणं चाप्यकारयत् ॥२०५८॥

२०५८. वह तीन वर्ष पंजाब में राज्यपाल था । उसने लाहौर में "शालीमार बाग" का निर्माण कराया ।

तथा तेन च लाहौरे रावीनामनदीतटात् ।
कुल्याप्येका प्रणीताऽऽसीत् कृषकाणां हितेच्छया ॥२०५९॥

२०५९. किसानों के हित के लिये वह लाहौर में रावी नदी से एक नहर भी लाया ।

सप्तत्रिंशान्तषोडशात् चतुष्षष्ट्यन्तषोडशे ।
मण्डीराजा बभूवासौ सूर्यसेन इतिश्रुतः ॥२०६०॥

मण्डी-राजा :

२०६०. ई० वर्ष १६३७ से १६६४ पर्यन्त सूर्यसेन (सूरज सेन) मण्डी का राजा था ।

एकचत्वारिंशदन्ते षोडशाब्दे स काबुले ।
स्थाने सईदखांनाम्नो राज्यपालो नियोजितः ॥२०६१॥

२०६१. ई० वर्ष १६४१ में वह (अली मरदान खां) काबुल में सईद खां के स्थान पर राज्यपाल नियुक्त हुआ था ।

लाहौरस्यातिरिक्तं च काश्मीरस्यापि शासनात् ।
राज्यपालपदे प्रौच्चैर्नियुक्तः स कृतोऽभवत् ॥२०६२॥

२०६२, वह लाहौर के अतिरिक्त काश्मीर का भी राज्यपाल नियुक्त किया गया था।

षट्चत्वारिंशदन्ते षोडशाब्दे ततश्च सः ।
बदख्शाबलखस्थानं विजेतुं विनियोजितः ॥२०६३॥

२०६३. ई० वर्ष १६४६ में वह बदखशा एवं वलख विजय के लिये नियुक्त किया गया।

अच्छीवाड़ाख्यविश्रान्तिस्थलेऽप्रैलषोडशे ।
सप्तपञ्चाशदन्ते स षोडशाब्दे दिवं गतः ॥२०६४॥

अलीमरदानखां की मृत्यु :

२०६४. ई० वर्ष १६५७ में १६ अप्रैल को अच्छी बाड़ा पड़ाव पर वह दिवंगत हो गया।

शवं तस्य समानीय लाहौरनगरे पुनः ।
तन्मातुर्मकबरान्ते खनित्वा भूमिसात्कृतम् ॥२०६५॥

२०६५. उसका शव लाहौर लाकर उसकी माता के मकबरा में दफनाया गया।

अलीमर्दानखां चासीदत्यन्तं धनवानसौ ।
एकदाऽऽमन्त्रितस्तेन सम्राट् शाहजहां स्वतः ॥२०६६॥

२०६६. अली मरदान खां अत्यन्त धनवान था। एकबार उसने सम्राट शाहजहां को भोज में आमन्त्रित किया।

तत्रैकशतसंख्यानि स्वर्णपात्राणि तत्तथा ।
त्रिशतं राजतान्येष प्रायुङ्क्तामन्त्रणे तदा ॥२०६७॥

२०६७. उस समय एक सौ सुवर्ण पात्र तथा तीन सौ रजत पात्र प्रयुक्त किये गये थे।

एतस्य धनसम्बन्धे कथैका श्रूयते किल ।
कन्दहारप्रदेशस्य पर्वताधित्यकास्वथ ॥२०६८॥

२०६८. इसके धन के सम्बन्ध में यह किंवदन्ती है—कन्दहार प्रदेश की अधित्यका में—

मेषान् चारयितुं याति स्म चैको मेषपालकः ।
तत्रैकोऽजगरस्तस्य कांश्चिन् मेषानभक्षयत् ॥२०६९॥

२०६९. एक मेषपाल मेष (भेड़) चराने जाता था। वहां एक अजगर था, जो कुछ भेड़ों को खा जाता था।

अलीमर्दानखां श्रुत्वा तद्वृत्तं मृतमेषकान् ।
सुधाभिर्भरितान् त्वक्षु कृत्वा तत्र न्यधापयत् ॥२०७०॥

२०७०. वह वृत्तान्त सुनकर, अली मरदान खां ने मृत भेड़ों की खाल में चूना भर कर, उन्हें वहां रखवा दिया।

ततश्चाजगरो ह्येतान् मेषान् भुक्त्वा जलं पपौ ।
सुधाविस्फोटनादन्तर्मृतश्चाजगरोऽभवत् ॥२०७१॥

२०७१. तदनन्तर अजगर उन भेड़ों को खाकर (वहीं रखा) पानी पी लिया। अन्दर चूना फूटने से वह मर गया।

प्रसिद्धं वृत्तमस्तीदं यतश्चाजगरो ननु ।
अन्तर्निष्ठधने स्थित्वा प्रहरीव प्रतीक्षते ॥२०७२॥

२०७२. यह प्रसिद्धि है कि नीचे स्थित (गड़े) धन पर रहकर, अजगर प्रहरी की तरह उसकी रक्षा करता है।

अली चाखानयत्तत्र ततश्च विपुलं धनम् ।
स्पर्शाख्यं स मणिं चैकं समासादितवांस्ततः ॥२०७३॥

२०७३. अली मरदान खां ने वहां खुदाई करायी। तत्पश्चात् उसे वहां से प्रचुर धन तथा एक पारस पत्थर प्राप्त हुआ।

फकीरमौलवीमुल्लाऽऽदयो लाहौरवासिनः ।
तेन निर्वासिताश्चैते समे काबुलराज्यतः ॥२०७४॥

२०७४. उसने लाहौर वासी फकीर-मौलवी-मुल्ला आदि को काबुल से निर्वासित कर दिया था।

यतो रोजानमाजादिकर्त्तव्यविमुखा इमे ।
धर्मं सन्त्यज्य सञ्जाता जीवनेषु विलासिनः ॥२०७५॥

२०७५. क्योंकि रोजा-नमाज आदि से विमुख ये लोग धर्म त्याग कर, जीवन में विलासी हो गये थे।

एकचत्वारिंशदन्ते षोडशे तस्य शासने ।
दुर्भिक्षमूलकोऽकालः काश्मीरे परितोऽपतत् ॥२०७६॥

दुर्भिक्ष :

२०७६. ई० वर्ष १६४१ में उसके शासन के समय काश्मीर में सर्वत्र दुर्भिक्ष मूलक अकाल पड़ा।

पंजाबादन्यतः स्थानादौदार्येण स चाधिकम् ।
जनानामन्नमानाय्य क्षुधाशान्तिमकारयत् ॥२०७७॥

२०७७. उसने उदारता पूर्वक पंजाब तथा अन्यत्र से अन्न लाकर लोगों की क्षुधा शान्त की।

अलीमर्दानखां स्वीयद्रव्येण भारतादथ ।
कश्मीरान्तं च विस्तीर्णे पीरपंजालवर्त्मनि ॥२०७८॥

२०७८. अली मरदान खां ने अपने धन द्वारा भारत से काश्मीर तक विस्तृत पीर पंजाल मार्ग पर—

द्वयोर्काश्मीरलाहौरस्थानयोर्मध्यभूमिषु ।
अनेकावाससंयोग्याः शालाश्च निरमापयत् ॥२०७९॥

२०७९. लाहौर-काश्मीर के मध्य अनेक निवास शालाओं (सरायों) का निर्माण कराया ।

तेन हूरपुरे राजपथो निर्मापितो नवः ।
पीरपंजालमार्गे च सुरक्षार्थं विशेषतः ॥२०८०॥

२०८०. उसने हूरपुर में राजमार्ग का नवीनीकरण कराया । पीर पंजाल मार्ग पर सुरक्षा के लिये—

सम्राट् शाहजहांऽऽदेशाल्लोकानां च हितेच्छया ।
प्रस्तरस्यैककुड्यं च दृढं निर्मापितं बृहत् ॥२०८१॥

२०८१. उसने सम्राट शाहजहां के आदेश से लोगों का कल्याण ध्यान में रखकर, एक पत्थर की विशाल दीवाल निर्मित करायी थी ।

तथा शाहजहाँऽऽदेशाद् द्विचत्वारिंशषोडशे ।
अलीमर्दानखाँ चश्माशाहीति निरमापयत् ॥२०८२॥

चश्माशाही :

२०८२. अली मर्दान खां ने शाहजहां के आदेश से ई० वर्ष १६४२ में चश्मा शाही बाग (११३ गज लम्बा तथा ४२ गज चौड़ा) का निर्माण कराया था ।

तदुद्यानं सुरक्षार्थं विशालेनाथ प्रांशुना ।
प्राकारमण्डलेमायं परितः पर्यवारयत् ॥२०८३॥

२०८३. चश्मा शाही बाग की रक्षा के लिये उसे सब ओर से ऊँचे एवं विशाल प्रकार से परिवेष्ठित कराया था ।

चश्माशाहीसमुद्यानं जेवनपर्वते स्थितम् ।
निशातोद्यान तुल्यं हि सर्वथा सुमनोहरम् ॥२०८४॥

२०८४. चश्माशाही बाग जेवन पर्वत के ढाल पर स्थित है । वह निशात बाग के सदृश हर प्रकार से मनोहारी है ।

सुरेश्वरीसरोवारि कमलैः परिशोभितम् ।
अत्रस्थित्वा च पश्यन्ति नगोद्यानविहारिणः ॥२०८५॥

२०८५. पर्वतीय उद्यान के विहार करने वाले पर्यटक उस बाग में बैठकर प्रफुल्लि कमलों से शोभायमान सुरेश्वरी सर (प्रल्लेख) का अवलोकन करते हैं ।

चतुश्चत्वारिंशदन्तात् षोडशादपि वत्सरात् ।
सप्तचत्वारिंशदन्तं षोडशाब्दान्तमेव च ॥२०८६॥

जफर खां (द्वितीय बार) ई० वर्ष १६४२-१६४६

२०८६. ई० वर्ष १६४४ से १६४७ पर्यन्त—

जफरखां समये जातः चतुर्वर्षाणि सन्ततम् ।
पंजाबराज्यपालश्च ह्यासीदेष कुलीजखां ॥२०८७॥

२०८७. चार वर्ष जफर खां के समय कुलीज खां पंजाब का राज्यपाल था ।

बुद्धस्य परिनिर्माणे द्विचत्वारिंशषोडशे ।
षडशीत्युत्तरे पूर्वमेकविंशतिवत्सरे ॥२०८८॥

दलाई लामा :

२०८८. ई० वर्ष १६४२ में बुद्ध निर्वाण के २१८६ वें वर्ष के—

चतुर्मासान्तपञ्चाङ्के दिवसे तिब्बतस्य च ।
दलाइलामा मान्योऽभूद् राज्यसिंहासनाधिपः ॥२०८९॥

२०८९. चौथे मास के पाचवें दिन दलाईलामा तिब्बत के सिंहासनाधिकारी मान्य हुए ।

राजकीयोऽथ धर्मीयो नायकः सर्वसम्मतः ।
अभिषिक्तोऽभवत्तत्र सर्वप्रथममेव च ॥२०९०॥

२०९०. सर्व प्रथम वहां सर्व सम्मत राजकीय एवं धर्मीय नायक अभिषिक्त हुए ।

वर्षेऽस्मिन्नवमे मासे दिने विंशतिके तथा ।
लद्दाखशासकश्चैकं सन्धिपत्रं विलिख्य च ॥२०९१॥

२०९१. इसी वर्ष नवें मास के बीसवें दिन लद्दाख शासक ने एक सन्धि पत्र लिखकर—

कलीनसुरखंगस्य माध्यमेन च तिब्बते ।
प्रैषयत्तद्धिदालाईलामा-सन्निकटे ननु ॥२०९२॥

२०९२. कलोन सुरखंग के माध्यम से तिब्बत में दलाईलामा के पास भेजा ।

मुल्लामुहसिनः फानी कविः काश्मीरमागमत् ।
मशद्ईरानतश्चैकचत्वारिंशान्तषोडशे ॥२०९३॥

२०९३. ई० वर्ष १६४१ में मुल्ला मुहसिन फानी कवि मशद ईरान से काश्मीर आया ।

एकसप्ततिवर्षान्ते षोडशाब्दे मृतोऽभवत् ।
खानकाहे च दारायाः स्थितं तत्कब्रमुच्यते ॥२०९४॥

२०९४. ई० वर्ष १६७१ में वह मर गया और (जैनकदल के समीप) खानकाह दारा शिकोह (गुरगुरी मुहल्ला) में उसकी कब्र कही जाती है ।

द्विचत्वारिंशदन्ताच्च षोडशाब्दादनन्तरम् ।
एकषष्ट्युत्तरे पूर्वं षोडशे ख्रीष्टवत्सरे ॥२०९५॥

किस्तवार :

२०९५. ई० वर्ष १६४२ से १६६१ पर्यन्त—

काष्ठवाटप्रदेशस्य भगवान् सिंहो नामकः ।
राजाऽऽसीद् विश्रुतश्चासौ प्रजापालनतत्परः ॥२०९६॥

२०९६. काष्ठवाट (किस्तवार) का राजा भगवान् सिंह था। वह प्रसिद्ध एवं प्रजापालक था।

खुशालरायसुकवेरनाथपुरवासिनः ।
त्रिचत्वारिंशदन्ते षोडशे जन्म चाभवत् ॥२०९७॥

२०९७. ई० वर्ष १६४३ में हिन्दी के कवि खुशालराय अनाथपुरी का जन्म हुआ।

चतुर्नवत्युत्तरे प्राक्षोडशे ख्रीष्टवत्सरे ।
मृत्युकालश्च तस्यास्ति प्रमाणपरिकल्पितः ॥२०९८॥

२०९८. ई० वर्ष १६९४ में उसकी मृत्यु हुई।

त्रिचात्वारिंशदुत्तरे षोड़शे ख्रीष्टवत्सरे ।
अब्दुलहमीदलाहौरीनामा थट्टानिवासकृत् ॥२०९९॥

२०९९. ई० वर्ष १६४३ में थट्टा निवासी अब्दुल हमीद लहौरी को—

सम्राट्शाहजहांऽऽदेशादितिहासप्रलेखने ।
नियुक्तोऽसौ कृतोऽभूच्चा राज्यसाहाय्यदानतः ॥२१००॥

२१००. शाहजहां ने राजकीय सहायता प्रदान कर, इतिहास लिखने के लिये नियुक्त किया।

भूचात्वारिंशदुत्तरात् षोडशात् ख्रीष्टवत्सरात् ।
अब्धिरसारिचन्द्राब्दं यावत् सिंहासनस्थितः ॥२१०१॥

चम्बा :

२१०१. ई० वर्ष १६४१ से १६६४ पर्यन्त चम्बा राज्य के सिंहासन पर—

चम्बाराज्यस्य राजाऽऽसीत् पृथ्वीसिंह इतिश्रुतः ।
राजश्रीवेष्टितः सम्यक् प्रजानां परिपालकः ॥२१०२॥

२१०२. राजा पृथ्वी सिंह स्थित था। राजश्री युक्त वह प्रजापालन में पूर्ण तत्पर रहता था।

अब्धिरसारिचन्द्राब्दाद् व्योमाङ्करसभूमितम् ।
छत्रसिंहस्तु तत्पुत्रस्तत्राभवत्प्रशासकः ।।२१०३।।

२१०३. तत्पश्चात् उसका पुत्र छत्र सिंह ई० वर्ष १६६४ से १६९० तक वहां राजा हुआ ।

पश्चाद्विंशोत्तरं सप्तदशाब्दान्तं च तत्पदे ।
उदयसिंहाभिधानोऽकरोद् राज्यं च तत्सुतः ।।२१०४।।

२१०४. तत्पश्चात् उसका पुत्र उदयसिंह ई० वर्ष १६९० से १७२० तक सिंहासनारूढ़ रहा और राज्य किया ।

चतुश्चत्वारिंशदन्ते षोडशेख्रीष्टवत्सरे ।
श्रीगुरुर्हरिगोविन्दः काश्मीरस्य बहिर्गिरेः ।।२१०५।।

श्रीगुरु हरिगोविन्द जी :

२१०५. ई० वर्ष १६४४ में श्री गुरु हरिगोविन्दजी[1] कश्मीर के वहिर्गिरि (कीर्तिपुर) में—

स्वर्गतोऽभूत् ततस्तस्य केऽपि शिष्या अपि स्वतः ।
तच्चितायां प्रविश्यैते निजान् प्राणांश्च तत्यजुः ।।२१०६।।

२१०६. दिवंगत[2] हुए । तदनन्तर उनके कुछ शिष्य भी चिताप्रवेश कर, प्राणत्याग दिये ।

चतुश्चत्वारिंशदन्तात् षोडशाब्दादनन्तरम् ।
एकषष्ट्युत्तरं पूर्वं षोडशाब्दान्तमेव च ।।२१०७।।

२१०७. तदनन्तर ई० वर्ष १६४४ से १६६१ पर्यन्त—

---

१. श्री गुरु हरिगोविन्दजी : छठे गुरु थे । उनका जन्म सम्बत् १६५२ विक्रमी रविवार आषाढ़ मिती २१ ग्राम गुरु की वडाली जो अमृतसर से तीन या चार मिल दूर हुआ था ।

२. परलोकगमनः चैत्र मिति १५ संवत् १७०१, ४८ वर्ष ९ मास ४ दिन आयु में परलोक गमन कीर्तिपुर नगर में हुआ । उनके पिता का नाम श्री गुरु अर्जुनदेव जी पांचवे गुरु तथा माता देवी गंगादेवी जी थी । उनके नाम का उच्चारण हर भी किया जाता है ।

कश्मीर की यात्रा श्री हरगोविन्द जी ने किया था । वे श्रीनगर से बारह मूला गये थे । श्री नगर तथा बारह मूला दोनों स्थानों पर गुरुद्वारा है ।

चिता में उनके भक्ति से अभिभूत श्री राजाराम प्रताप चिता में प्रवेश कर प्राण विसर्जन कर, स्वयं स्वर्ग गमन किये । जहां दाह संस्कार हुआ था, उस स्थान का नाम पातालपुरी है । आनन्दपुर से तीन या चार मील दूर सतलज नदी के तटपर है ।

तदुत्तराधिकारित्वे हरिरायोऽभवद्गुरुः ।
मुगलाश्रयणाद् राम-रायोऽभूद्वञ्चितः पदात् ॥२१०८॥

श्री गुरु हरिरायजी :[1]

२१०८. गुरु हरिरायजी उनके उत्तराधिकारी हुए। मुगल पक्ष ग्रहण करने के कारण रामराय गुरु-पद से वंचित कर दिये गये थे।

गुरोश्चहरिरायस्य वंशजा ज्ञातयश्च ये ।
करतारपुरे जालन्धरे ते न्यवसन् किल ॥२१०९॥

२१०९. गुरु हरिरायजी के वंशज जालन्धर में करतार पुर में निवास करते थे।

शीतलाद्युपसर्गेण मृतिस्तस्याऽभवत्किल ।
स्वकीये कार्यकाले स लोकसेवा परोऽभवत् ॥२११०॥

२११०. शीतला के प्रकोप से उनका स्वर्गवास हुआ। अपने कार्य काल में वे लोकसेवा में तत्पर थे।

पञ्चचत्वारिंशदन्तात् षोडशात्ख्रीष्टवत्सरात् ।
पञ्चाशदुत्तरं पूर्वं षोडशाब्दान्तमित्यथ ॥२१११॥

विलासपुर :

२१११. ई० वर्ष १६४५ से १६५० पर्यन्त—

राज्यसञ्चालने दक्षः शत्रुक्षयकरस्तथा ।
प्रजानां पालकः सम्यक् खलानां च प्रशासकः ॥२११२॥

२११२. राज्य संचालन में निपुण, शत्रु विनाशकर्ता, प्रजापालक एवं दुष्टों का शासक—

विलासपुर राज्यस्य सिंहासनमधिष्ठितः ।
ताराचन्द्रोऽपरश्चन्द्रो यथा राजा बभूव सः ॥२११३॥

२११३. दूसरे चन्द्रमा के समान ताराचन्द्र विलासपुर सिंहासन को अलंकृत किया।

चतुश्चत्वारिंशोत्तरे षोडशे ख्रीष्टवत्सरे ।
सम्राट् शाहजहांनाम कुतश्चित्कारणादपि ॥२११४॥

२११४. ई० वर्ष १६४४ में शाहजहां ने कतिपय कारणों से—

१. श्री गुरु हरिरायजी उनके नाम का उच्चारण श्री गुरु हररायजी भी करते हैं। उनका जन्म माघ शुक्ल २ संवत् १६८६ विक्रमी में रविवार (आदित्य वार) सवा प्रहर रात्रि व्यतीत होने के समय करतारपुर जिला जालन्धर में हुआ था। पिता का नाम बाबा गुरुदत्तजी माता का देवी निहाल कुवर था। उनका स्वर्गवास ३१ वर्ष की आयु में १७ वर्ष ५ मास ८ दिन तक गुरु गद्दी पर विराजमान होकर सम्वत् १७१९ विक्रमी में कार्तिक शुक्ल ९ आदित्य वार षट घटिका दिन शेष रहने पर हुआ था।

दक्षिणस्य प्रदेशस्य राज्यपालपदादसौ ।
एनमौरङ्गजेबं च पृथक्कृत्यापसारयत् ॥ २११५॥

२११५. औरंगजेब को दक्षिण प्रदेश के राज्यपाल पद से हटा दिया ।

चतुश्चत्वारिंशदन्ते षोडशे ख्रीष्टहायने ।
दिल्लीस्थरक्तदुर्गस्य सम्मुखीनस्थले किल ॥२११६॥

जामामसजिद दिल्ली का निर्माण :

२११६. ई० वर्ष १६४४ में दिल्ली में लाल किला के सामने—

जामामस्जिदनिर्माणमारभ्य तदनन्तरम् ।
अष्टपञ्चाशदन्ते तत् षोडशाब्दे समापितम् ॥२११७॥

२११७. जामा मस्जिद का निर्माण आरम्भ हुआ तथा उसका समापन सन् १६५८ ई० में हुआ ।

पञ्चचत्वारिंशदन्ते षोडशाब्दे नृपो महान् ।
शिवाजी भारते राज्यं भारतीयं समैहत ॥२११८॥

शिवाजी :

२११८. ई० वर्ष १६४५ में छत्रपति शिवाजी ने भारत में भारतीय राज्य स्थापित करने की कल्पना की ।

मुगलस्थानमुच्छेत्तुं तत्र स्थापयितुं च तत् ।
मरणानन्तरं तस्य शेरशाहस्य शूरिणः ॥२११९॥

२११९. मुगलों का उच्छेद कर, उसके स्थान पर राज्य स्थापित करना, उनका लक्ष्य था । शेरशाह सूरी के मरने के पश्चात्—

सप्तोत्तरशतं वर्षाण्यतीत्य प्रसभं पुनः ।
तत्साम्राज्यं समूलं च विनष्टं कर्त्तुमुद्यतः ॥२१२०॥

२१२०. एक सौ सात वर्ष व्यतीत हो जाने पर, शिवाजी मुगलों का समूल राज्य विनष्ट करने के लिये, उद्यत हुए ।

पञ्चचत्वारिंशदन्ते षोडशे ख्रीष्टवत्सरे ।
दाराशिकोहनामाऽऽसीत् प्रयागस्य प्रशासकः ॥२१२१॥

२१२१. ई० वर्ष १६४५ में दारा शिकोह प्रयाग का प्रशासक था ।

सप्तचात्वारिंशदन्ते षोडशाब्दे स एव च ।
लाहौरनगरस्यासीत् शासकत्वे प्रतिष्ठितः ॥२१२२॥

२१२२. ई० वर्ष १६४७ में वह लाहौर का प्रशासक नियुक्त हुआ था ।

ऊनपञ्चाशदन्ते हि षोडशे गुर्जरस्य च ।
स एवायं राजपुत्रः शासको विनियोजितः ॥२१२३॥

२१२३. ई० वर्ष १६४९ में वह राजकुमार गुजरात का प्रशासक बनाया गया।

पञ्चचत्वारिंशदन्ते षोडशे ख्रीष्टवत्सरे ।
सम्राट् शाहजहां यात्रां काश्मीरस्य चकार सः ॥२१२४॥

शाहजहां की काश्मीर यात्रा :

२१२४. ई० वर्ष १६४५ में सम्राट शाहजहां ने कश्मीर की यात्रा की ।

एकादशदिनान्यत्र षण्मासान् संव्यतीत्य च ।
हफ्तमंजिलमार्गेण लाहौरं प्रत्यगादसौ ॥२१२५॥

२१२५. वह छः मास, ग्यारह दिन कश्मीर में व्यतीत कर, हफ्त मंजिल मार्ग से लाहौर लौट गया ।

जफर्खांराज्यपालेन स्थानेऽहरबले ततः ।
हफ्तमंजिलनाम्नीयं स्वकीया रचना च या ॥२१२६॥

२१२६. राज्यपाल जफर खां ने अहरबल में 'हफ्त मंजिल' नामक अपनी रचना—

काश्मीरभूवनोद्यानप्रशंसापरिगर्भिता ।
उपायनीकृता सेयं सम्राट् शाहजहाँ करे ॥२१२७॥

२१२७. जो कश्मीर के भवनों एवं उद्यानों की प्रशंसा में लिखी गयी थी, सम्राट के हाथ में समर्पित की ।

वर्षेऽस्मिन् बदरग्रामे करालविषये किल ।
विशालतम एकश्च हिमखण्डोऽपतद्दिवः ॥२१२८॥

हिमशिला पात :

२१२८. इसी वर्ष बदर ग्राम कराल विषय (परगना अद्विन) में आकाश से एक विशाल हिमखण्ड[1] गिरा ।

पञ्चचत्वारिंशदन्ते षोडशाब्दे प्रणीतवान् ।
मुल्लामुहसिनः फानी दबिस्तानमजाहिबम् ॥२१२९॥

२१२९. ई० वर्ष १६४५ में मुल्ला मुहसिन फानी ने "दबिस्तान माजाहिब"[2] का प्रणयन किया ।

सम्राजस्त्रिंशवर्षीयराज्यकालस्य वर्णनम् ।
चक्रे जफरखां बादशाहनामाख्यपुस्तके ॥२१३०॥

२१३०. जफर खां ने सम्राट शाहजहां के तीस वर्षीय शासन का वर्णन, 'बादशाहनामा' पुस्तक में किया है ।

---

१. हिमखण्ड : यह हिमखण्ड ७० गज लम्बा ३० गज चौड़ा तथा ७॥ गज मोटा था ।

२. दबिस्तान : कुतबुद्दीनपुर वर्तमान गुरगरी मुहल्ला श्रीनगर में उसकी रचना की थी ।

असौ साहित्यमर्मज्ञः कविः कुशललेखकः ।
तथा नैकमसनवीदीवानेत्यादि चालिखत् ॥२१३१॥

२१३१. वह साहित्य मर्मज्ञ, कवि तथा कुशल लेखक था। उसने अनेक मसनवी (प्रबन्ध काव्य) एवं दीवान लिखे।

पञ्चचत्वारिंशदन्तात् षोडशात् ख्रीष्टवत्सरात् ।
तथाशीत्युत्तरं पूर्वं षोडशाब्दान्तमेव च ॥२१३२॥

२१३२. ई० वर्ष १६४५ से १६८० पर्यन्त—

प्रदेशे नाम लद्दाखे कोरिसाख्यस्य नीकृतः ।
अमीरो नाम राजाऽऽसीत् तत्र राज्यप्रशासकः ॥२१३३॥

२१३३. लद्दाख में केरिस का प्रशासक राजा अमीर था।

तरबीयतखां बख्शी जहांगीरप्रशासने ।
तूरानदेशतश्चायं भारते समुपागमत् ॥२१३४॥

तरबीयत खां, ई० वर्ष १६४६-१६४८

२१३४. तदरबीयत खां बख्शी जहांगीर के शासन काल में तूरान से भारत आया था।

शहरयारकृते युद्धे सम्राट् शाहजहांभिधम् ।
सेवयामास येनाभूद् यथेष्टं तत्समुन्नतिः ॥२१३५॥

२१३५. उसने शहरयार के साथ, युद्ध के समय सम्राट शाहजहां की सहायता की थी। जिससे उसकी यथेष्ट उन्नति हुई।

ततस्तूरानदेशस्य चतुस्त्रिशान्तषोडशे ।
निजं शाहजहां चैनं राजदूतं विधाय च ॥२१३६॥

तूरान में दूत :

२१३६. ई० वर्ष १६३४ में शाहजहां ने उसे अपना दूत बना कर, तूरान देश के—

तद्देशशास्तृनजरमुहम्मद्नामधारिणः ।
भारतस्थितदूतेन रज्जाकेन समं तदा ॥२१३७॥

२१३७. शासक, नजर मुहम्मद के भारतीय राजदूत रज्जाक हाजी के साथ

सहस्रशतमुद्राणामुपहरीयवस्तुना ।
साकं सम्प्रेषयामास समीपे तस्य भूपतेः ॥२१३८॥

२१३८. एक लाख रुपये की सौगात देकर, उसके (राजा के) समीप भेजा।

षट्त्रिंशदुत्तरे पूर्वं षोडशाब्दे चरो हि सः ।
राजदौत्यं च सम्पाद्य सम्यक् चातुर्यपूर्वकम् ॥२१३९॥

२१३९. वह ई० वर्ष १६३६ में राजदूत का कार्य चतुराई पूर्वक सम्पन्न कर—

पञ्चचत्वारिंशदश्वानुष्ट्रींस्तथेतरद् ।
महार्घं वस्तु चादाय तूरानादेषं आगतः ॥२१४०॥

२१४०. पैंतालिस अश्व, ४५ ऊंट, ४५ ऊंटनियां तथा अन्य बहुमूल्य सामग्री लेकर, तूरान से वापस आया ।

उपहारेषु तत्रासीत् कुरानस्यैकपुस्तकम् ।
तत्तिमूरकरापुत्रजहांगीरस्य तस्य च ॥२१४१॥

२१४१. उन उपहारों में एक पुस्तक कुरान शरीफ भी थी । वह तिमूर साहिब करा के पुत्र जहांगीर मिर्जा तथा—

मुहम्मदस्य पुत्रस्य पुत्र्या मलिकखानम– ।
शाहाख्यायाः करद्वारा तदाऽऽसीोल्लिखितं श्रमात् ॥२१४२॥

२१४२. उसके पुत्र सुल्तान मुहम्मद मिर्जा की पुत्री शाह मलिका खानम के हाथों लिखी गयी थी ।

आसीद् रैहानलिप्यां च सुन्दरं लिखितं हि तत् ।
पुष्पिकायां कुलं नाम रिफाऊलिपिटंकितम् ॥२१४३॥

११४३. वह पुस्तक रैहान लिपि में सुन्दर लिखी गयी थी । पुष्पिका में कुल एवं नाम (रिफाऊ लिपि में) लिखा गया था ।

तथा तर्बियतश्चैतद् बलखे समवाप्तवान् ।
सम्राड् मुमोद तत्प्राप्य पूर्वजानां हि पुस्तकम् ॥२१४४॥

२१४४. तरबियत ने इसे वलख में प्राप्त किया था । सम्राट अपने पूर्वजों की पुस्तक प्राप्त कर बहुत प्रसन्न हुआ ।

वदख्शां बलखं सम्राडधिकर्त्तुमचेष्टत ।
तत्र तर्बियतोऽमत्या रुष्टः शाहजहांऽभवत् ॥२१४५॥

२१४५. सम्राट शाहजहां ने बलख तथा वदख्शा पर अधिकार करने का विचार किया, उसमें तरबियत की असहमति से वह रुष्ट हो गया ।

कार्येऽस्मिन्नेकदा पृष्टो मुल्लाफाजिलकाबुली ।
सोऽब्रवीद् यवनास्तत्र तेषु नाक्रमणं वरम् ॥२१४६॥

२१४६. एक बार सम्राट ने उस विषय में मुल्ला फाजिल काबुली की सहमति पूंछी । उसने कहा–'वहां मुसलमान रहते हैं, अतः आक्रमण करना उचित नहीं है' ।

यावनीयविधेश्चापि नैतदौचित्यमर्हति ।
तेन शाहजहाँ रुष्टो मक्कां तं प्रैषयत्ततः ॥२१४७॥

२१४७. 'इस्लाम नियम के अनुसार भी ठीक नहीं है ।' उसके इस कथन से रुष्ट होकर, शाहजहां ने उसे मक्का भेज दिया ।

स्वपूर्वजानां देशेऽसौ स्वाधिकारममन्यत ।
तत्र ये शासकास्तेषां स्वत्वं नासीच्च तन्मतम् ।।२१४८।।

२१४८. शाहजहाँ अपने पूर्वजों के देश पर अपना अधिकार मानता था। उसका मत था, वहां जो शासक थे, उनका उस देश पर अधिकार नहीं था।

पञ्चचत्वारिंशदन्ते षोडशे चैकवत्सरे ।
पञ्चाम्बुदेशे सञ्जातं दुर्भिक्षं वर्षणं विना ।।२१४९।।

अकाल :[1]

२१४९. ई० वर्ष १६४५ में वर्षा के अभाव के कारण पंजाब में अकाल पड़ा।

कृषेरपरिपक्वत्वात् काश्मीरेऽपि तथा स्थितिः ।
राज्यपालस्ततो लोकरक्षार्थं नो व्यचेष्टत ।।२१५०।।

२१५०. कश्मीर में कृषि नहीं पकी अतः वहां भी वही स्थिति हो गयी। राज्यपाल ने लोगों की रक्षा के लिये प्रयास नहीं किया।

काश्मीरान्निर्गता नैके सम्राट् खिन्नोऽभवत्तदा ।
आह्वयद् राज्यपालं तं संविधाय पदच्युतम् ।।२१५१।।

२१५१. बहुत लोग काश्मीर से बाहर चले गये। उससे खिन्न होकर, सम्राट ने राज्यपाल को पदच्युत कर, वापस बुला लिया।

पञ्चचत्वारिंशदन्ते षोडशे खीवपत्तने ।
नजरस्य पुत्रोऽजीजः स्वं राजानमघोषयत् ।।२१५२।।

२१५२. ई० वर्ष १६४५ में अब्दुल अजीज पुत्र नजर मुहम्मद ने खीव में स्वयं को राजा घोषित कर दिया।

उत्तरे काबुले देशे स्थिता मुगलवाहिनी ।
जग्राह करमर्दस्य दुर्गं जित्वा बलादसौ ।।२१५३।।

करमर्द विजय :

२१५३. उत्तर काबुल में स्थित मुगल सेना ने करमर्द दुर्ग जीतकर, अपने अधिकार में कर लिया।

शीतर्तोः कारणात् सैन्याभियानं तन्निरोधितम् ।
शुचौ जितञ्च कुन्दूजं षट्चत्वारिंशान्तषोडशे ।।२१५४।।

कुन्दूज विजय :

२१५४. शीत ऋतु के कारण सैनिक अभियान रोक दिया गया। ई० वर्ष १६४६ के ग्रीष्म ऋतु में (मुगलों ने) कुन्दूज जीत लिया।

मुरादस्य नेतृत्वे षट्चत्वारिंशान्तषोडशे ।
मुगलानां च बलखेऽधिकारः समजायत ।।२१५५।।

बलख विजय :

२१५५. ई० वर्ष १६४६ में मुरादबख्श के नेतृत्व में बलख पर मुगलों का अधिकार हो गया।

---

१. अकाल : सन् १६४५–१६४६ ई० में पड़ा था।

मुहम्मदस्ततो भीत्या पश्चिमान्तं पलायितः ।
तत्रत्यः संचितः कोषो मुगलैः स्ववशीकृतः ॥२१५६॥

२१५६. भयभीत नजर मुहम्मद पश्चिम पलायित हो गया । मुगलों ने वहां का संचित कोश अपने अधिकार में कर लिया ।

अधिकारस्तिरमिजेऽप्यभूत्तेषां मुहम्मदः ।
पराजितः शिवर्धाने फारसं प्रपलायितः ॥२१५७॥

तिरमिज विजय :

२१५७. तिरमिज पर भी उनका अधिकार हो गया । नजर मुहम्मद शिवरघान में पराजित होकर, फारस भाग गया ।

सम्राट्शाहजहाँनाम्ना मुद्राणामभिटङ्कणम् ।
सञ्जातं बलखे तस्य सर्वत्रापि प्रशासनम् ॥२१५८॥

२१५८. बलख में सम्राट शाहजहां के नाम मुद्रा टंकणित की गयी । सर्वत्र उसका शासन हो गया ।

शिववीरश्छत्रपतिः षट्चत्वारिंशान्तषोडशे ।
तोरणेऽधिकृतिं चक्रे तत्र कोषमवाप्तवान् ॥२१५९॥

२१५९. ई० वर्ष १६४६ में छत्रपति शिवाजी ने तोरण पर अधिकार कर, वहां गड़ा कोष प्राप्त किया ।

राजरूपस्तथाऽऽसीत् षट्चत्वारिंशान्तषोडशात् ।
राजानूरपुरस्यासौ एकषष्ट्यन्तषोडशे ॥२१६०॥

औदुम्बर :

२१६०. ई० वर्ष १६४६ से १६६१ पर्यन्त नूरपुर (औदम्बर) का राजा राजरूप था ।

अष्टचत्वारिंशदन्तं षोड़शाब्दं ततः खलु ।
हयातुल्लाऽभवत्खानो राजौरीराज्यभूपतिः ॥२१६१॥

राजौरी :

२१६१. ई० वर्ष १६४६ से १६४८ तक हयातुल्ला खां राजौरी का भूपति था ।

दुर्गं रायगढ़स्योच्चैः शिवाजी निरमापयत् ।
तत्र विंशतिवर्षाणि यावद् वासं चकार सः ॥२१६२॥

रायगढ़ :

२१६२. शिवाजी ने रायगढ़ का दुर्ग निर्मित कराकर, वहां २० वर्ष (ई० वर्ष १६४७ से १६६७) निवास किया ।

सप्तचत्वारिंशदन्ते षोड़शाब्दे शिवो महान् ।
कांधानादुर्गमासाद्य चक्रे सिंहगढ़ाभिधम् ॥२१६३॥

सिंहगढ़ :

२१६३. ई० वर्ष १६४७ में शिवाजी ने कांधाना दुर्ग पर अधिकार कर, उसका सिंहगढ़—

ततः संवत्सराद् यावद् द्विषष्ट्युत्तरषोडशम् ।
पञ्चभिः कविभिस्तत्र प्रणीता पञ्चमस्नवी ॥२१६४॥

२१६४. ई० वर्ष १६४७ से १६६२ के मध्य पांच कवियों ने मिलकर "पंच मसनवी"[1] का प्रणयन किया ।

सप्तचत्वारिंशदन्ते षोडशे बलखस्य च ।
अभूदौरंगजेबोऽसौ शासको विनियोजितः ॥२१६५॥

बलख का औरंगजेब शासक :

२१६५. ई० वर्ष १६४७ में औरंगजेब बलख का शासक नियुक्त हुआ ।

नजर्मुहम्मदश्चाप्य फारसस्य प्रशासकात् ।
शाहाभिधानात् साहाय्यं शक्तिशाली बभूव सः ॥२१६६॥

२१६६. नजर मुहम्मद फारस के शाह से सहायता प्राप्त कर शक्तिशाली हो गया था ।

शाहाब्बासद्वितीयश्च कन्धारं जेतुमुद्ययौ ।
भारतीया च सेना सा वर्षेऽस्मिन् बलखाद् गता ॥२१६७॥

२१६७. शाह अब्बास द्वितीय ने कन्धार जीतने का प्रयत्न किया। इसी वर्ष (१६४७ ई० में) भारतीय सेना बलख से लौट आयी ।

अष्टचत्वारिंशदन्ते षोडशाब्दे शिवस्य च ।
पिता शाहजी शाहेन बद्धो बीजापुरेऽभवत् ॥२१६८॥

शिवाजी के पिता बन्दी :

२१६८. ई० वर्ष १६४८ में शिवाजी के पिता शाहजी भोसले को सुल्तान मुहम्मद आदिल शाह ने बीजापुर में बन्दी बना लिया ।

फारसस्य च शाहोऽष्टौचत्वारिंशान्तषोडशे ।
कन्धारे चापतत्तत्र पञ्चाशत्सप्तवासरान् ॥२१६९॥

हसनवेग ई० वर्ष १६४८-१६५०[2] :

२१६९. ई० वर्ष १६४८ में फारस के शाह ने कन्धार पर आक्रमण किया । वहां ५७ दिन–

यावद् युद्धं प्रकुर्वन्तोऽतिष्ठन् मुगलसैनिकाः ।
भारतान्नागतं किञ्चिच्छाहाय्यं क्षीणतां गताः ॥२१७०॥

कन्धार पर आक्रमण :

२१७०. मुगल सैनिक युद्ध करते हुए स्थित रहे । भारत से कोई सहायता नहीं आयी ।

---

१. यह फारसी की पाँच कवियों की कविताओं (प्रबन्ध काव्य) का संग्रह है । इसके लेखक सलीम, कलीम, खुशाली, मीर इलाही और अहसन हैं ।

२. पीर हसन शाहजहां का काश्मीर आगमन हिजरी सन् १०६० अर्थात् सन् १६४८-१६४९ ई० देता है । बादशाह पांच या छः मास कश्मीर में था-इसका भी उल्लेख करता है ।

अङ्काब्धिरसचन्द्राब्दे फरवरीरुद्रवासरे ।
हताशाः सर्वतो भूत्वा चक्रुरात्मसमर्पणम् ॥२१७१॥

२१७१. वे सब ओर से हताश होकर ई० वर्ष १६४९ में ११ फरवरी को आत्म समर्पण कर दिये ।

काश्मीरस्याखिलश्चासीदायो राज्यस्य रुप्यकैः ।
समयेऽस्मिन् सार्धसप्तत्रिंशल्लक्षाङ्कसंख्यया ॥२१७२॥

काश्मीर की आय :

२१७२. इस समय कश्मीर राज्य की सम्पूर्ण आय सैंतीस लाख पचास हजार रुपये थी ।

जहानाबादनिर्माणं दिल्ल्यां तेन च कारितम् ।
ऊनपञ्चादन्ते च षोडशे खीष्टहायने ॥२१७३॥

शाहजहानाबाद :

२१७३. ई० वर्ष १६४९ में स्व निर्मित दिल्ली नगर के शाह जहानाबाद में—

सम्राट् शाहजहाँ तत्र प्राविशन्नगरस्य च ।
सम्यगुद्घाटनं चापि तेन तस्य कृतं तदा ॥२१७४॥

२१७४. शाहजहां ने प्रवेश कर, नगर का विधिवत् उद्घाटन किया ।

अष्टचत्वारिंशदन्तात् षोडशात्खीष्टवत्सरात् ।
षष्टयुत्तरं षोडशाब्दं यावद्राज्यप्रतिष्ठितः ॥२१७५॥

राजपुरी :

२१७५. ई० वर्ष १६४८ से १६६० पर्यन्त—

इनायतुल्लाखां नाम शासनं परिचालयन् ।
आसीद्राजपुरी-राजा प्रजानां परिरक्षकः ॥२१७६॥

२१७६. हनायतुल्ला खां राजपुरी का प्रजापालक राजा था ।

अथाश्वारोहिणः षष्टिसहस्रं सैनिकाँस्तथा ।
अयुतञ्च पदातीनां सम्राट् शाहजहाँ ततः ॥२१७७॥

२१७७. शाहजहां ने साठ हजार अश्वारोही तथा दश हजार पदाति सैनिकों को—

औरङ्गजेबसादुल्लाखाँनेतृत्वे व्यसर्जयत् ।
कर्तुमाक्रमणं तत्र कन्धारे नाम पत्तने ॥२१७८॥

कन्धार पर आक्रमण :

२१७८. औरंगजेब एवं सादुल्ला खां के नेतृत्व में कन्धार पर आक्रमण करने के लिये भेजा ।

प्रत्यश्वारोहिणे तावद्रुप्यकाणां शतं तदा ।
त्रिमासावधिकं नूनं वर्तनं चाग्रिमं ददौ ॥२१७९॥

२१७९. उस समय प्रति अश्वारोही को सौ रुपये तथा तीन मास का अग्रिम वेतन दिया गया ।

औरङ्गजेबः सादुल्ला लाहौरात् काबुलं गतौ ।
ततश्च गजनी मार्गात् कन्धारं जग्मतुः पुरः ॥२१८०॥

२१८०. औरंगजेब (मुल्तान से) एवं सादुल्ला खां लाहौर से काबुल गये। वहां से वे गजनी मार्ग से कन्धार की ओर अग्रसर हुए।

चन्द्रभागानदीपारं स्वयं सम्राट् चकार च।
ऊनपञ्चाशदन्ते च षोडशे ख्रीष्टवत्सरे ॥२१८१॥

२१८१. ई० वर्ष १६४९ के मार्च अप्रैल में सम्राट ने स्वयं चन्द्र भागा नदी पार किया।

उषित्वा काबुले पक्षं सेना कन्धारमागता।
सार्धत्रैमासिकं कृत्वा संरोधं विफलाऽऽययौ ॥२१८२॥

२१८२. सेना १५ दिन काबुल में रहकर, कन्धार आ गयी। तीन मास २० दिन घेरा डालकर विफल लौट आयी।

कन्धारात् प्रतिगच्छन्तस्तदानीं मुगलाः किल।
अर्गन्धावनदीतीरे संग्रामे फारसादथ ॥२१८३॥

२१८३. उस समय कन्धार से लौटते हुए, मुगलों ने अरगन्धाव नदी तट पर युद्ध में फारस से—

विस्तस्थानस्थितं दुर्गं जितवन्तो बलादमी।
विस्तकन्धारयोर्यात्रा द्वयोरेव मया कृता ॥२१८४॥

२१८४. विस्त का दुर्ग जीत लिया। मैंने विस्त एवं कन्धार की यात्रा की है।

ऊनपञ्चाशदन्ते च षोडशे ख्रीष्टहायने।
अखूनमुल्लानाम्ने शिक्षकाय किलात्मनः ॥२१८५॥

दाराशिकोह :

२१८५. ई० वर्ष १६४९ में अखून मुल्ला नामक अपने शिक्षक के लिये (श्रीनगर में)—

दाराशिकोहनामाऽसौ स्नानागारस्य शोभनम्।
मस्जिदस्य च निर्माणं सादरं समकारयत् ॥२१८६॥

२१८६. दारा शिकोह ने मनोरम स्नानागार एवं मस्जिद का निर्माण कराया।

जहाँनारासमुद्यानं भट्टहट्टान्तिके स्थितम्।
डल्सरःप्रोन्नते द्वीपे दाराऽसौ निरमापयत् ॥२१८७॥

२१८७. दाराशिकोह ने भट्ट बाजार के समीप, डल सरोवर के एक ऊंचे द्वीप पर, जहांनारा बाग का निर्माण कराया।

अफगानस्थितौ लालशाहः कश्चन संयमी ।
न्यवसत्तत्र तन्नाम्ना स्थानमेतत् प्रकीर्त्यते ॥२१८८॥

२१८८. अफगान काल में वहां लाल शाह नामक कोई साधु निवास करता था। अतः उसके नाम से यह स्थान "तकिया लाल शाह" प्रख्यात हो गया।

जहाँनारासमुद्यानस्यान्यतो दक्षिणे स्थले ।
उल्सरोनिकटे मौनीफालनामेति विद्यते ॥२१८९॥

२१८९. जहांनारा उद्यान के दूसरी ओर दक्षिण में डल सरोवर के निकट शाहाबाद या मौनी फोल है।

अस्यापि किल निर्माणं सौन्दर्यस्यानुरागिणा ।
तेन दाराशिकोहेन कारितं सुमनोहरम् ॥२१९०॥

२१९० इसका भी सुन्दर निर्माण सौन्दर्य-प्रेमी दारा शिकोह ने कराया था।

पञ्चाशदुत्तरात्पूर्वं षोडशाब्दान्नृपोऽभवत् ।
रामसेनो सुकेतस्य त्रिषष्ट्युत्तरषोडशे ॥२१९१॥

सुकेत :

२१९१. ई० वर्ष १६५० से १६६३ पर्यन्त राम सेन सुकेत का राजा था।

तस्मात् कालात् समारभ्य सप्तषष्ट्यन्तषोडशे ।
विलासपुरराज्यस्य दीपचन्दोऽभवन्नृपः ॥२१९२॥

विलासपुर :

२१९२. ई० वर्ष १६५० से १६६७ पर्यन्त दीपचन्द विलासपुर का नृपति था।

पञ्चाशदुत्तरात्पूर्वं षोडशात् ख्रीष्टवत्सरात् ।
रोण्डस्य नृपतिश्चासीदशीत्युत्तरषोडशे ॥२१९३॥

रोगद् :

२१९३. ई० वर्ष १६५० से१६८० तक रोण्ड (रोनद्) का नृपति—

अलीशाहस्तथा चैवमेतस्मिन्नेव वत्सरे ।
अलीमीरः शिगारस्य राजासीद्राज्यशासकः ॥२१९४॥

शिगार :

२१९४. अली शाह तथा उसी काल में शिगार का राजा अली मीर था।

कालेऽस्मिन् बालतिस्तानप्रदेशस्य प्रशासकः ।
राजा शाहमुरादाख्यस्तत्रासीत् सम्प्रतिष्ठितः ॥२१९५॥

वालतिस्तान :

२१९५. इसी समय १६५० से १६८० तक वालतिस्तान का शासक शाह मुहम्मद था।

पञ्चाशदुत्तरे पूर्वं षोडशे ख्रीष्टवत्सरे ।
अधिकारःपदर्राज्ये चम्बानृपतिना कृतः ॥२१९६॥

चम्पा-पदर :

२१९६. ई० वर्ष १६५० में चम्बा (चम्पा) नृपति छत्रसिंह ने पदर राज्य पर अधिकार कर लिया।

पंगीराज्यं च्चाधिकृत्य पूर्वं द्विशतसैनिकैः ।
छत्रसिंहः स तैः साकं पश्चात् पदरमाययौ ॥२१९७॥

२१९७. छत्र सिंह ने सर्व प्रथम पंगीराज्य अधिकृत कर, दो सौ सैनिकों के साथ पदर पहुँच कर आक्रमण किया।

ततश्छत्रगढं दुर्गं जयान्ते निरमापयत् ।
तत्रैव पत्तनं चैकं सुन्दरं समवासयत् ॥२१९८॥

२१९८. विजयोपरान्त उसने छत्र गढ़ दुर्ग का निर्माण कराया। वहां एक सुन्दर नगर भी बसाया।

तेषां ध्वंशावशेषास्तु विद्यन्तेऽद्यापि तस्य च ।
वंशे पदरराज्यं तत् सुचिरं समवर्तत ॥२१९९॥

२१९९. उनके ध्वंसावशेष आज भी हैं। उसके वंश के अधिकार में पदर राज्य अधिक समय (५-६ पीढ़ी) तक था।

एकपञ्चाशदन्ते प्राक् षोडशे चेष्ट-इण्डिया— ।
कम्पनी हुगलीस्थाने कारखानेत्यचालयत् ॥२२००॥

अली मरदान खां द्वितीय बार, ई० वर्ष १६५० से १६५९ :

२२००. ई० वर्ष १६५१ में ईष्ट इण्डिया कम्पनी ने हुगली में कारखाना[1] खोला।

पञ्चाशदुत्तरात्पूर्वं षोडशात्ख्रीष्टवत्सरात् ।
पञ्चषष्ट्युत्तरं यावत् षोडशाब्दं च विक्रमः ॥२२०१॥

खपलोर :

२२०१. ई० वर्ष १६५० से १६६५ तक विक्रम—

राज्यं सञ्चालयन्नासीत् खपोलोरप्रशासकः ।
ततोऽशीत्युत्तरं पूर्वं षोडशाब्दान्तमेव च ॥२२०२॥

२२०२. खपोलोर का शासक था। ई० वर्ष १६५० से १६८० तक—

परगुत्ताप्रदेशस्य शेरशाहो नृपोऽभवत् ।
लद्दाखनृपतिश्चासीद् ब-दे-रनम-रग्यलः ॥२२०३॥

परगुता :

२२०३. परगुता प्रदेश का नृप शेरशाह तथा लद्दाख का ब-दे-इदन-रनम-नमग्यल था।

१. कारखाना : कलकत्ता से ४० मील दूर।

अलीमर्दानखानेन चतुरैःशिल्पिभिस्तदा ।
कारितः सरलस्तत्र मार्गो हीरपुरस्य च ।।२२०४।।

२२०४. अली मरदान खां ने शेर पुर का मार्ग चतुर शिल्पियों द्वारा मरम्मत करवा कर सरल कर दिया ।

एकपञ्चशादन्ते प्राक् षोडशाब्दे द्विमासिकीम् ।
काश्मीरस्यान्तिमां यात्रां कृत्वा शाहजहाँऽऽगतः ।।२२०५।।

शाहजहां का काश्मीर आगमन :

१७०५. ई० वर्ष १६५१ में शाहजहां ने काश्मीर की दो मास की अन्तिम यात्रा कर वापस आया ।

वर्षेऽस्मिन्नेव मुगला बालतिस्ताननामकम् ।
प्रदेशं संविजित्यैनं साम्राज्ये समयोजयन् ।।२२०६।।

बालतिस्तान विजय :

२२०६. इसी वर्ष (अगस्त में) मुगलों ने बालतिस्तान विजकर, उसे मुगल साम्राज्य में मिला लिया ।

सुरेश्वरीतडागस्य तटीये पर्वते तथा ।
चश्माशाहीसमीपस्थो वामतो दिशि संस्थितः ।।२२०७।।

परीमहल :

२२०७. सुरेश्वरी सर के तटीय पर्वत पर, चश्माशाही के समीप वाम भाग में—

तेन दाराशिकोहेन परीमहलनामकः ।
सौधो निर्मापितः सम्प्रत्यदः स्थानं विखंडितम् ।।२२०८।।

२२०८. दारा शिकोह ने "परीमहल" का निर्माण कराया । इस समय यह स्थान निर्जन (उजाड़) है ।

तडागस्योत्तरे तस्य तथा तेलवलान्तिके ।
उद्यानं सुन्दरं चैकम् आलियाबादनामकम् ।।२२०९।।

अलियाबाद बाग :

२२०९. सुरेश्वरी सरोवर के उत्तर तेलवल के समीप 'अलियाबाद' उद्यान का तथा—

किञ्च नौशहरस्थाने हैदराबादनामभाक् ।
द्वयं चैतत् समुद्यानं निर्मितं समभूत्तदा ।।२२१०।।

हैदराबाद बाग :

२२१०. नौशहर में "हैदराबाद" उद्यान का उस समय निर्माण किया गया ।

कालेऽस्मिन् किल काश्मीरे राजकीयधनव्ययात् ।
सप्तशालाविनिर्माणं नैकस्थानेषु कारितम् ॥२२११॥

सात सरायों का निर्माण :

२२११. उसी समय काश्मीर में राजकीय धन व्यय करके अनेक स्थानों पर सात शालाओं (सरायों) का निर्माण किया गया।

तेषु खामपुरे शाजामर्गे हीरपुरे तथा ।
सोख्ताथना-पोसियाना-वहरामगल्लादिषु ॥२२१२॥

२२१२. वे स्थान खामपुर, शाजामरग, हीरपुर, सोख्ता, थना, पोशियाना एवं वहराम गल्ला थे।

एकपञ्चाशदधिके षोडशाब्दे भयङ्करम् ।
दुर्भिक्षं प्रापतत्तत्राभवच्चान्नादि दुर्लभम् ॥२२१३॥

अकाल :

२२१३. ई० वर्ष १६५१ में वहां भयंकर अकाल पड़ा। अन्नादि दुर्लभ हो गया।

ततः शाहजहाँ मुल्लासैय्यदं कष्टकीलिताम् ।
जनतां रक्षितुं शीघ्रं काश्मीरं प्रैषयत् किल ॥२२१४॥

२२१४. तदनन्तर शाहजहां ने दुःखी जनता की रक्षा के लिये मुल्ला सैय्यिद को काश्मीर भेजा।

महार्घं समभूदन्नं तदानीमतिदुर्लभम् ।
दोषभागत्र दुष्कार्येऽभून्महादेवपण्डितः ॥२२१५॥

२११५. उस समय अन्न मंहगा हो गया। इस दुष्कर्म का दोष भागी महादेव पण्डित पेशकार हुआ।

कोपाज्जनतया तस्य गृहं प्रज्वालितं तथा ।
वस्तुजातं च तत्रत्यं सर्वमेव विलुण्ठितम् ॥२२१६॥

२२१६. क्रुद्ध जनता ने उसका घर जला दिया तथा वहां की सब वस्तुएं लूट लीं।

कन्धारस्यावरोधो द्रागारब्धो मुगलैस्तदा ।
द्विपञ्चाशोत्तरे पूर्वं षोडशे खीष्टवत्सरे ॥२२१७॥

कन्धार का घेरा :

२१७. ई० वर्ष १६५२ में (२ मई को) मुगलों ने कन्धार पर घेरा आरम्भ किया।

फारसस्य चमूपार्श्वे ह्यासन्नानाशतघ्निकाः ।
सबला सुदृढा चासीत् तेनासौ शक्तिशालिनी ॥२२१८॥

२२१८. फारस की सेना के पास अनेक तोपें थी, जिससे वह सेना सबल एवं सुदृढ़ थी।

रूपसिहश्च कन्धारप्राकारोपरि सानुगः ।
आरुरुक्षुः स्वसेनाभिर्न साफल्यमवाप सः ॥२२१९॥

२२१९. अनुचरों सहित रूप सिंह कन्धार दुर्ग के प्राकार पर चढ़ने का प्रयास किया किन्तु विफल रहा ।

मुगलानाञ्च तोपाख्यशस्त्रागारस्य पूर्णतः ।
निष्फलत्वाद् गती रुद्धा समाहूतास्ततश्च ते ॥२२२०॥

२२२०. मुगलों का तोपखाना पूर्ण रूपेण बेकार होने के कारण गति रुक गयी । वे वापस बुला लिये गये ।

उजवेग-राजपूत-तुर्कीसेनाश्च फारसे ।
दुर्गाध्यक्षस्य चातुर्यात् न साफल्यं गता रणे ॥२२२१॥

१८२१. उजबेक, राजपूत एवं तुर्की सेना फारसी दुर्गाध्यक्ष की चतुराई के कारण युद्ध में सफल नहीं हुई ।

द्विपञ्चाशोत्तरे पूर्वं षोडशाब्दे च कार्तिके ।
मृतो राणा जगत्सिहश्चतुर्थ्यामसिते दले ॥२२२२॥

राणा जगत सिंह की मृत्यु :

२२२२. ई० वर्ष १६५२ में कार्तिक वदी चतुर्थी तिथि को राणा जगत सिंह की मृत्यु हुई ।

त्रिपञ्चाशोत्तरे पूर्वं षोडशाब्दे ततः खलु ।
राजसिहस्य सञ्जातं तत्र राज्याभिषेचनम् ॥२२२३॥

राणा राज सिंह :

२२२३. ई० वर्ष १६५३ में (चार फरवरी को) राज सिंह का राज्याभिषेक हुआ ।

द्विपञ्चाशोत्तरे पूर्वं षोडशाब्दे शुजाभिधः ।
वाणिज्यं कर्तुमांग्लेभ्यो वंगे स्वानुमतिं ददौ ॥२२२४॥

बंगाल में अंग्रेजों की अनुमति :

२२२४. ई० वर्ष १६५२ में राज कुमार शुजा ने अंग्रेजों को बंगाल में व्यापार करने की अनुमति दे दी ।

त्रिपञ्चाशोत्तरे पूर्वं षोडशाब्दे च दाउदो—।
मिश्कीनामाऽसरारुल् अवरारेतिनामकम् ॥२२२५॥

२२२५. ई० वर्ष १६५३ में दाऊद मिश्की ने 'असरारुल अवरार' का—

प्रणिनायपरेषान्तु मतेनैतत् प्रणीतवान् ।
पञ्चपञ्चाशदधिके षोडशे ख्रीष्टवत्सरे ॥२२२६॥

२२२६. प्रणयन किया, किन्तु कतिपय लोगों के मत से उसका प्रणयन ई० वर्ष १६५५ में किया गया था ।

त्रिपञ्चाशोत्तरे पूर्णं षोडशे ख्रीष्टवत्सरे।
कन्धारं स्ववशे कर्तुं दारा यत्नं समाचरत् ॥२२२७॥

कन्धार पर आक्रमण :

२२२७. ई० वर्ष १६५३ में राजकुमार दारा ने कन्धार अपने अधिकार में करने का प्रयत्न किया।

तत्सेनायां सहस्राणि सप्ततिश्चाश्वरोहिणः।
किञ्च पञ्चसहस्रं तु तत्रासन् ते पदातयः ॥२२२८॥

२२२८. उसकी सेना में ७० हजार अश्वारोही, पांच हजार पदाति, (तीन सहस्रअहदी)—

त्रिंशत्सहस्राण्यासन् शतघ्नीस्थाश्च सैनिकाः।
षट्सहस्रमिता मार्गप्रणेतारस्तथेतरे ॥२२२९॥

२२२९. तीस हजार तोप खाने के सैनिक, छः हजार मार्ग-निर्माण कर्ता तथा—

षष्टिः शतघ्न्यः पञ्चाशत् सहस्रं चाऽग्निगोलकाः।
गुलिकास्तत्र निर्मातुं साधनानि बहून्यपि ॥२२३०॥

२२३०. साठ तोपें, पचास हजार गोले एवं गोला बनाने के लिये प्रचुर साधन[1]—

तथा मुगलसेनायाः पार्श्वेकोटिमिताः किल।
रूप्यकाश्च व्ययीकर्त्तुं प्रदत्ताः समराध्वनि ॥२२३१॥

२२३१. तथा मुगल सेना को युद्ध-मार्ग में व्यय के लिये एक करोड़ रुपये प्रदान किये गये।

कन्धारदुर्गमालक्ष्याभितो वारचतुष्टयम्।
मुधैवाऽऽक्रमणं तत्र कृतं मुगलसेनया ॥२२३२॥

२२३२. मुगल सेना ने कन्धार दुर्ग को लक्ष्य कर, चार बार विफल आक्रमण किया।

पुनश्च पञ्चमे वारे तथैवाक्रमणं कृतम्।
सप्तमासमितस्तत्रावरोधो विहितस्तया ॥२२३३॥

२२३३. सेना ने पुनः पंचम बार असफल आक्रमण किया। सात मास पर्यन्त सेना घेरा डालकर पड़ी रही।

कन्धारस्य त्रिरोधेषु कोषाद् द्वादशसंख्यकाः।
कोटिमुद्राव्ययीभूता रोधोऽप्यन्ते समाहृतः ॥२२३४॥

२२३४. कन्धार पर तीन बार घेरा डालने में राजकीय कोष का १२ करोड़ मुद्रा व्यय हो गया तथा घेरा भी उठा लिया गया।

---

१. साधन : ५ हजार मन बारूद एवं २५०० मन शीशा था।

फारसस्य भयादेवं साम्राज्यं मुगलस्य च ।
त्रस्तं चाऽभवदत्यन्तं परिणामोऽयमन्यथा ॥२२३५॥

२२३५. इसका प्रतिकूल परिणाम हुआ। फारस के भय से मुगल साम्राज्य त्रस्त रहने लगा।

वत्सरेऽस्मिन् शिवः श्रीमान् स्वराज्यस्थापनस्य च ।
योजनायाः पूर्वपादं कौशलेन समापयत् ॥२२३६॥

शिवाजी की योजना :

२२३६. इसी वर्ष छत्रपति शिवाजी ने अपने राज्य स्थापना की योजना का प्रथम चरण कुशलता पूर्वक पूर्ण किया।

दक्षिणस्य प्रदेशस्य राज्यपालो नियोजितः ।
अभूदौरङ्गजेबोऽसौ सम्राडादेशतस्तदा ॥२२३७॥

२२३७. सम्राट के आदेश से औरंगजेब दक्षिण प्रदेश का राज्यपाल नियुक्त किया गया।

चतुःपञ्चाशदधिके षोडशे ख्रीष्टवत्सरे ।
रक्तदुर्गान्तरे मोतीमस्जिदेति विनिर्मितम् ॥२२३८॥

मोती मस्जिद :

२२३८. ई० वर्ष १६५४ में लाल किला में मोती मस्जिद का निर्माण हुआ।

गढ़वालप्रदेशस्य राज्ञश्चोपरि सैनिकैः—।
राक्रमणं मुगलाश्चक्रुस्तद्राज्यं लब्धुमिच्छया ॥२२३९॥

गढ़वाल पर आक्रमण :

२२३९. राज्य अधिकृत करने की इच्छा से मुगलों ने गढ़वाल के राजा के ऊपर सैनिक अभियान किया।

अभियानद्वयं तत्र बभूवासफलं परम् ।
तृतीयं सफलं जातं षट्पञ्चाशान्तषोडशे ॥२२४०॥

२२४०. उनके दो अभियान विफल हो गये किन्तु ई० वर्ष १६५६ में उनका तृतीय अभियान सफल हो गया।

गढ़वालनृपस्तस्य सम्राजश्च प्रधानताम् ।
स्वीचकार तदाधीन्यं समालम्ब्य बलादसौ ॥२२४१॥

२२४१. गढ़वाल के नृपति ने सम्राट की प्रभुसत्ता एवं उसकी अधीनता स्वीकार कर ली।

पञ्चपञ्चाशदुत्तरे षोडशे जिहनी सुधीः ।
तज्करा-ए-शोहरा-ए-कश्मीराख्यं लिलेख सः ॥२२४२॥

२२४२. ई० वर्ष १६५५ मुल्ला जिहनी ने 'तजकरा-ई-शोहरा-ई-कश्मीर' की रचना की।

सार्धाष्टविंशतिर्लक्षमितश्चायस्तदोदितः ।
काश्मीरस्याभवत् शाहीरुप्यकेषु समर्जितः ।।२२४३।।

काश्मीर की आय :

२२४३. उस समय काश्मीर की आय[1] लगभग साढ़े अट्ठाईस लाख अकबर शाही रुपये थी ।

शिवाजी जावलीक्षेत्रं षट्पञ्चाशान्तषोडशे ।
स्वाधिकारेऽकरोत् सप्तपञ्चाशद्युक्तषोडशे ।।२२४४।।

२२४४. ई० वर्ष १६५६ में शिवाजी ने जावली पर अधिकार किया । ई० वर्ष १६५७ में—

अभूत् शाहजहां रुग्णो मुरादश्च शुजा तथा ।
विद्रोहं चक्रतुस्तावत् साम्राज्यं लब्धुमिच्छया ।।२२४५।।

शाहजहां की बीमारी

२२४५. शाहजहां बीमार हुआ । साम्राज्य पाने की इच्छा से मुराद तथा शुजा ने विद्रोह कर दिया ।

सप्तपञ्चाशदधिके षोडशे ख्रीष्टवत्सरे ।
औरंगजेबवनिता दिलरस्बानू दिवंगता ।।२२४६।।

२२४६. ई० वर्ष १६५७ में औरंगजेब की स्त्री दिलरस बानू का देहावसान हुआ ।

लश्करखानः स्वनाम्ना तदुद्यानं सुरेश्वरी ।
तडागस्योत्तरे भट्टपुरेऽसौ निरमापयत् ।।२२४७।।

लश्कर खां ई० वर्ष १६५७–१६५९ :

२२४७. लश्कर खां ने सुरेश्वरी सर (डललेक) के उत्तर भट्टपुर में अपने नाम से 'बाग लश्कर खां' का निर्माण कराया ।

अरकुलस्य बृहत्कुल्यामध्यादेकां लघीयसीम् ।
कुल्यां चानीतवांस्तत्र सिञ्चनाय समन्ततः ।।२२४८।।

२२४८. अरकुल की बड़ी नहर से एक छोटी नहर सिंचाई के लिये वहां लायी गयी ।

एतस्य समये नासीत् क्वचित् काचिन्महार्घता ।
एकेन ताम्रचूडेन शाल्यौघः सुलभोऽभवत् ।।२२४९।।

सस्ती :

२२४९. इसके समय वहां मंहगाई नहीं थी । एक मुर्गा से धान की ढेर (१ खरबार) सुलभ हो गयी थी ।

सुरेश्वरीतडागस्य ह्युत्तरे फाखुवाञ्चले ।
प्रोत्तुंगभवनं रम्यमुद्यानं निरमापयत् ।।२२५०।।

२२५०. उसने सुरेश्वरी सर (डललेक) के उत्तर फाखुवा विषय में प्रोन्नत प्रासाद युक्त रमणीय उद्यान का निर्माण कराया ।

---

१. आय २८,५९,७५० शाही रुपया ।

वर्षेऽस्मिन् शैत्यमधिकं प्रापतत्तेन सा नदी ।
झेलमाख्या हिमीभूता तत्र चेलुस्तुरङ्गमाः ॥२२५१॥

झेलम जम गयी :

२२५१. इस वर्ष शैत्याधिक्य के कारण झेलम नदी हिममयी हो (जम) गयी, उस पर घोड़े चलने लगे थे ।

सुलेमानशिकोहोऽष्टपञ्चाशोत्तरषोडशे ।
स्वपितृव्यं शुजां जित्वा काशीतश्चागरां ययौ ॥२२५२॥

शुजा की पराजय :

२२५२. ई० वर्ष १६५८ में (१६ फरवरी को) सुलेमान शिकोह अपने चाचा शुजा को जीत कर, काशी (वाराणसी) से आगरा गया ।

उज्जयिन्याः समीपस्थे वैशाखे धर्मतस्थले ।
औरंगजेबसैन्येन दारा-सैन्यं पराजितम् ॥२२५३॥

दारा की पराजय :

२२५३. वैशाख (१५ अप्रैल को) में उज्जयिनी के समीप (१५ मिल दक्षिण-पश्चिम) धर-मत स्थान पर औरंगजेब की सेना से दारा की सेना पराजित हो गयी ।

जसवन्तसिंहो दारा-पक्षतो युद्धमाचरत् ।
किन्त्वसावपि संग्रामे पराभवमवाप्नवान् ॥२२५४॥

२२५४. दारा के पक्ष से जसवन्त सिंह ने युद्ध किया किन्तु युद्ध में पराजित हो गया ।

औरंगजेबो दारा च पुनर्युद्धं प्रचक्रतुः ।
आगरानिकटे चाष्टपञ्चाशोत्तरषोडशे ॥२२५५॥

२२५५. ई० वर्ष १६५८ में (८ जून को) औरङ्गजेब एवं दारा शिकोह पुनः आगरा के निकट युद्ध किये ।

समोगरास्थले सोऽयं संग्रामो चाति दारुणः ।
तत्र दारा पराभूतो ह्यागरां प्रपलायितः ॥२२५६॥

२२५६. यह भयंकर युद्ध समोगरा नामक स्थान पर हुआ । उसमें हारकर, दारा आगरा पलायित हो गया ।

वत्सरेऽस्मिन् स औरंगजेबः शाहजहां नृपम् ।
बन्दीकृत्य स्वयं सम्राट् स्वात्मानं समघोषयत् ॥२२५७॥

औरङ्गजेब ई० वर्ष १६५८-१७०७

२२५७. इसी वर्ष (२५ जून को) औरङ्गजेब शाहजहां को बन्दी बनाकर, स्वयं को सम्राट घोषित कर दिया ।

बुरहानस्थलादेष उत्तराधिकृतेः कृते ।
अमुष्मिन्नेव वर्षेऽसौ प्रतस्थे योद्धुमिच्छया ॥२२५८॥

२२५८. इसी वर्ष (३० मार्च को) उसने बुरहानपुर से उत्तराधिकार के लिये युद्ध करने की इच्छा से प्रस्थान किया था।

त्रिमासाभ्यन्तरे सोऽयं भारतस्य नृपोऽभवत् ।
सप्तोत्तरे सप्तदशे मृतोऽहमदपत्तने ॥२२५९॥

२२५९. तीन मास के अन्दर वह भारत का नृपति हो गया। ई० वर्ष १७०७ में अहमद नगर में उसका देहावसान हो गया।

खुलदाबादनगरे खनित्वाभूमिसात्कृतः ।
जीवनं चान्ततस्तस्य दुःखपूर्णमभूदथ ॥२२६०॥

२२६०. खुल्दाबाद में उसे दफन किया गया। उसका अन्तिम जीवन दुःखपूर्ण था।

अभूदौरंगजेबस्य दिल्ल्यां राज्याभिषेचनम् ।
वसुबाणारिचन्द्राब्दे सप्तमे मासि त्रिंशति ॥२२६१॥

२२६१. ई० वर्ष १६५८ में ३० जुलाई को दिल्ली में उसका राज्याभिषेक हुआ था।

ततो दाराशिकोहश्च भीतभीतः पलायितः ।
लाहौरमागतश्चासावष्टमे मासि सत्वरम् ॥२२६२॥

२२६२, तदनन्तर अत्यन्त भयभीत, दाराशिकोह (अठारह) अगस्त मास में लाहौर पलायित हो गया।

औरङ्गजेबसमये राज्यपालाश्चतुर्दश ।
नियुक्ताश्चाभवंस्तत्र काश्मीरे तत्प्रशासकाः ॥२२६३॥

२२६३. औरङ्गजेब के समय काश्मीर में चौदह राज्यपाल प्रशासक नियुक्त हुए थे।

वारत्रयं स इब्राहिम्खाँ तथा सेफखाँऽभिधः ।
वारद्वयमथो तत्र राज्यपालौ बभूवतुः ॥२२६४॥

२२६४. इब्राहीम खां तीन बार तथा सैफ खां दो बार, वहां राज्यपाल नियुक्त किये गये थे।

शुजा मोचयितुं स्वीयं पितरं पाटलीपुरात् ।
पञ्चविंशतिसहस्त्रतुरगारोहिसैनिकैः ॥२२६५॥

२२६५. अपने पिता को मुक्त करने के लिये पाटलीपुत्र (पटना) से २५ हजार अश्वारोही सैनिकों के साथ शुजा ने—

समं प्रस्थितवान् योद्धुं फतेहपुरमण्डले ।
शीततौं माघमासान्ते प्राप्तवानुत्तराञ्चले ॥२२६६॥

२२६६. युद्ध के लिये प्रस्थान किया, वह शीत ऋतु में माघ मास के अन्त में (९ जनवरी को) उत्तर प्रदेश के खाजुवा, फतेहपुर जिला में पहुँचा।

गतश्चौरङ्गजेबो द्रागूनषष्ट्यन्तषोडशे ।
शुजा पार्श्वे ह्यभूद्युद्धं शुजा तत्र पराजितः ॥२२६७॥

२२६७. ई० वर्ष १६५९ में (१२ जनवरी को) औरङ्गजेब शुजा के समीप पहुँचा। युद्ध हुआ। उसमें शुजा पराजित हो गया।

ततः षष्ट्युत्तरे पूर्वं षोऽशाब्दे शुजा हि सः ।
सन्त्यज्य भारतं भीत्या वरमां प्रपलायितः ॥२२६८॥

२२६८. तदनन्तर ई० वर्ष १६६० में (२० मई को) वह भारत छोड़कर वर्मा पलायित हो गया।

अराकाने शुजा लब्ध्वा यवनानां सहायताम् ।
वर्माधिपतिमाघस्य राज्यं चाधिजगाम सः ॥२२६९॥

२२६९. शुजा ने अराकान में मुसलमानों की सहायता प्राप्त कर, वर्मा के राजा माघ का राज्य अधिकृत कर लिया।

एनं शरणदातारं कूटबुद्धया प्रतार्य च ।
वंगे ह्याक्रमणं कर्तुं कूटयन्त्रं चकार सः ॥२२७०॥

२२७०. उसने शरण प्रदान कर्ता को धोखा देकर, बंगाल पर आक्रमण करने का षडयन्त्र किया।

कूटयन्त्रं सुविदितं शुजाऽरण्ये पलायितः ।
वने व्यापादितश्चासौ ह्येकषष्ट्यन्तषोडशे ॥२२७१॥

२२७१. षड्यन्त्र का भेद खुल गया। शुजा वन में भाग गया। वह वन में ही ई० वर्ष १६६१ जनवरी में मारा गया।

अजमेरान्तिके देवराई-स्थाने निवेशनम् ।
सैन्यस्य कृतवान् दाराशिकोहो योद्धुमिच्छया ॥२२७२॥

२२७२. दारा शिकोह ने युद्ध की इच्छा से अजमेर के निकट देवराई नामक स्थान पर सैन्य शिविर लगाया।

अभूदौरङ्गजेबेन समं युद्धं तथान्तिमम् ।
ऊनषष्ट्युत्तरे पूर्वं षोडशे मासि फाल्गुने ॥२२७३॥

२२७३. ई० वर्ष १६५९ में फाल्गुन मास में (२४ मार्च को) औरङ्गजेब के साथ उसका अन्तिम युद्ध हुआ।

राजरूपो नृपः पृष्ठात् गोकलापर्वतोपरि ।
आरुह्याक्रमणं चक्रे तेन दारा पराजितः ॥२२७४॥

२२७४. राजा राजरूप (औदुम्बर नूरपुर) ने पीछे से गोकल पर्वत पर चढ़कर, आक्रमण कर दिया। उससे दाराशिकोह पराजित हो गया।

मलिको दादरस्यैको दारार्थं शरणं ददौ ।
पश्चाद् विश्वासघातेन शत्रवे तं समार्पयत् ॥२२७५॥

२२७५. दादर[1] के मलिक ने दारा को शरण प्रदान किया किन्तु बाद में विश्वासघात कर, उसे शत्रु को समर्पित कर दिया।

दिल्लीराजपथे दारा सुतः शिपिहरस्तथा ।
सापमानमुभौ तत्र पद्भ्यामेव प्रचालितौ ॥२२७६॥

२२७६. दारा शिकोह तथा उसका पुत्र शपहर शिकोह दिल्ली के राजमार्ग पर अपमान पूर्वक पैदल घुमाये गये।

ततो मुल्लाजनास्तस्मै मृत्युदण्डं ददुः किल ।
मारितो पूरितश्चाभूद् हुमायूंस्थलसन्निधौ ॥२२७७॥

२२७७. तदनन्तर मुल्लाओं ने उसे (९ सितम्बर को) मृत्यु दण्ड दिया। वह १० सितम्बर को मार डाला गया। उसे हुमांयू के मकबरा में दफन किया गया।

तेन चौरङ्गजेबेन ह्यूनषष्ट्यन्तषोडशे ।
कुरानाधारतो मुस्लिम् विधिर्देशे प्रचालितः ॥२२७८॥

मुसलिम राज्य :

२२७८. ई० वर्ष १६५९ में औरंगजेब ने कुरान पर आधारित मुसलिम विधि देश में प्रचलित कर दिया।

भारतं यावनं राज्यं स चैतत् समघोषयत् ।
नोरोजस्योत्सवस्तेन निजादेशान्निषेधितः ॥२२७९॥

२२७९. उसने भारत को मुस्लिम राज्य घोषित किया। अपने आदेश से नौरोज का उत्सव बन्द कर दिया।

विजयायाः कृषिः राज्ये समस्तेऽपि निरोधिता ।
सर्वत्र विनियुक्तास्ते विशिष्टाश्चाधिकारिणः ॥२२८०॥

२२८०. विजया (भांग) की कृषि समस्त राज्य में वर्जित कर दी गयी। सर्वत्र ऐसे विशिष्ट अधिकारी नियुक्त किये गये—

१. दादर बोलन दर्रा से ९ मिल दूर है।

यैश्च संचालितः सोऽभूत् समन्तात् यावनो विधिः ।
तद् विरोधं च ये चक्रुर्दण्डितास्ते तदाऽभवन् ॥२२८१॥

२२८१. जो मुसलिम विधान संचालित करते थे। उसके विरोधी, उस समय दण्डित होने लगे।

रोजानमाजयोर्ये नो व्रतं सम्यङ् न्यभालयन् ।
दण्डितास्ते भवन्त्वेषा घोषणा विहिता तदा ॥२२८२॥

२२८२. यह घोषणा की गयी—'जो लोग रोजा-नमाज व्रत का पालन नहीं करते वे दण्डित किये जांय'।

शम्भाजीजननी साईबाईनाम्नी दिवंगता ।
ऊनषष्ट्युत्तरे पूर्वं षोडशे ख्रीष्टहायने ॥२२८३॥

२२८३. ई० वर्ष १६५९ में शम्भा जी की माता साई बाई दिवंगत हो गयी।

वत्सरेऽस्मिन् शिवाजी तम् अफजलं निपात्य च ।
दक्षिणे कोंकणे कोल्हापुरे प्रान्ते प्रविष्टवान् ॥२२८४॥

२२८४. इसी वर्ष (२० नवम्बर को) शिवाजी ने अफजल खान को मारकर, दक्षिण के कोंकण तथा कोल्हापुर अंचल में प्रवेश किया।

तस्येत्तमादखां नाम्नोऽशरफ्खांमीरपूर्वकम् ।
मुहम्मदाशरफ्नामापरं चासीत् बृहत्तरम् ॥२२८५॥

इत्तमाद खां ई० वर्ष १६५९-१६६२ :

२२८५. इत्तमाद खां का विस्तृत अपर नाम अशरफ खां मीर मुहम्मद अशरफ था।

मशहदीस्लामनाम्नो ज्येष्ठपुत्रः स चाऽभवत् ।
धर्मन्यायप्रियो विद्वान् स आसील्लोकरंजकः ॥२२८६॥

२२८६. वह इस्लाम मशहदी का जेष्ठ पुत्र था। वह धार्मिक, न्याय प्रिय, विद्वान एवं लोकप्रिय था।

शासनं चाकरोद् वर्षत्रयं यावत् स पाटवात् ।
काश्मीरपूर्वतश्चैकमुद्यानं निरमापयत् ॥२२८७॥

२२८७. उसने काश्मीर के पूर्व एक उद्यान का निर्माण कराया तथा तीन वर्ष चतुराई पूर्वक शासन किया।

अनुधावन्त्यसौ दाराशिकोहं धर्तुमिच्छया ।
औरङ्गजेबसेना सा शतद्रोः पारमाययौ ॥२२८८॥

२२८८. दारा शिकोह् को पकड़ने के लिये पीछा करती, औरंगजेब की सेना शतद्रु पार पहुँच गयी।

काश्मीरे राज्यपालोऽसौ नियुक्तोऽभूत्तदा खलु ।
मरणं सम्बभूवास्य षडशीत्यन्तषोडशे ॥२२८९॥

२२८९. उस समय वह काश्मीर में राज्यपाल नियुक्त किया गया था। ई० वर्ष १६८६ में उसकी मृत्यु हुई।

शाइस्ताखां गतो जेतुं दक्षिणे क्षत्रपं शिवम् ।
खीष्टे षष्ट्युत्तरे पूर्वं षोडशाब्दे तथैव च ॥२२९०॥

शिवाजी और शाइस्ता खां :

२२९०. ई० वर्ष १६६० में शाइस्ता खां छत्रपति शिवाजी को जीतने के लिये दक्षिण गया।

कांगडानृपतिश्चन्द्रभानो मुगलसैनिकैः ।
वर्षेऽस्मिन् निगृहीतोऽभूत् तैस्ततोऽसौ निपातितः ॥२२९१॥

कगांड़ा :

२२९१. इसी वर्ष कांगड़ा का राजा चन्द्रभान (चन्द्र) मुगलों द्वारा बन्दी बनाया गया और मार डाला गया।

जम्मूराज्ञश्च भूपस्य राज्यकालोऽयमेव च ।
वत्सरोऽस्त्यपरं तस्य शासनबाहुकः ॥२२९२॥

जम्मू :

२२९२. जम्मू के राजा भूप देव का राज्य का ई० वर्ष १६२६-१६५२ था। उसका अपर नाम शासन बाहु था।

ततश्चारभ्य ह्यन्यन्तं पूर्वं सप्तदशाब्दकम् ।
यावदस्य पदे राजा गजाईदेव इत्यभूत् ॥२२९३॥

२२९३. उसी समय से वहां ई० वर्ष १७०३ तक उसके स्थान पर गजाई देव (गजै देव) राजा था।

षष्टयुत्तरषोडशाब्दात् सप्ताशीत्यन्तषोडशम् ।
आसीद् विजयरामोऽसौ चन्द्रान्तः कागड़ा-नृपः ॥२२९४॥

कांगड़ा :

२२९४. ई० वर्ष १६६० से १६८७ पयन्त कांगड़ा का राजा विजयराम चन्द्र था।

एतस्माद् वत्सरादेव त्र्यशीत्युत्तरषोडशम् ।
हिदायतुल्लाखाँ राजा राजपुर्याः बभूव सः ॥२२९५॥

राजौरी :

२२९५. ई० वर्ष १६६० से १६८३ तक राजपुरी का नृपति हिदायतुल्ला खां था।

औरङ्गजेबो वर्षेऽस्मिन् वोढुमैच्छद् विशेषतः ।
किशन्गढ़नृपतेर्मानसिंहस्य भामिनीं शुभाम् ॥२२९६॥

चारुमती-औरंगजेब :

२२९६. इसी वर्ष औरंगजेब किशनगढ़ के नृपति मानसिंह की बहिन चारुमती से विवाह करना चाहा—

नाम्ना चारुमतीं किन्तु चारुमत्या निवेदनात् ।
राजसिंहः स मेवाड़नृपस्तामूढवान् स्वयम् ॥२२९७॥

२२९७ किन्तु उसके निवेदन पर मेवाड़ के राजा राजसिंह ने इससे विवाह कर लिया ।

वर्षेऽस्मिन् भृशमुत्पातो भूकम्पात् समजायत ।
काश्मीरभूतलं येन सर्वतः परिकम्पितम् ॥२२९८॥

भूकम्प :

२२९८. इसी वर्ष भूकम्प से महान् उत्पात हुआ । काश्मीर भूमि सब ओर के कांप उठी ।

एकषष्ट्युत्तरे पूर्वं षोडशाब्दे गुरोरथ ।
हरिरायस्य सञ्जातः स्वर्गवासस्तदुत्तरे ॥२२९९॥

श्री गुरु हरिराय :

२२९९. ई० वर्ष १६६१ में श्री गुरु हरि राय जी का स्वर्गवास हो गया ।

हरिकृष्णो गुरुस्तस्य पदेऽभूत्सप्रतिष्ठितः ।
स आसीद् हरिरायस्य गुरोर्भ्राता सहोदरः ॥२३००॥

श्री गुरु हरिकृष्ण :

२३००. तदनन्तर श्री गुरु हरि कृष्ण जी उनके स्थान पर प्रतिष्ठित हुए । वे श्री गुरु हरि-राय के सहोदर भ्राता थे ।

गुरुत्वकालस्तस्यासीद् एकषष्ट्यन्तषोडशात् ।
वर्षत्रयमितस्तस्याभून्मृत्युर्मातृरोगतः ॥२३०१॥

२३०१. वे ई० वर्ष १६६१ से १६६४ तक गुरु पद पर स्थित थे। उनकी मृत्यु माता (चेचक) से हुई थी ।

इंग्लैण्डनृपतिश्चार्ल्सद्वितीयश्चेष्ट-इण्डिया- ।
कम्पनीनामसंस्थायै राज्यशासनपत्रकम् ॥२३०२॥

ईष्ट इण्डिया कम्पनी :

२३०२. इंग्लैण्ड के राजा चार्ल्स द्वितीय ने ईष्ट इण्डिया कम्पनी को राज्य शासन पत्र—

एतस्मिन्नेव वर्षेऽसौ सविशेषं च तत्कृते ।
मुम्बयीनगरीं दत्त्वाऽभवत् तच्छासनोदयः ॥२३०३॥

२३०३. इसी वर्ष प्रदान किया । उसे बम्बई नगर दिया गया । इस प्रकार उसके शासन का उदय हुआ ।

शाहाब्बासद्वितीयस्य सफ्वीसुल्तानकस्य च ।
दूत औरङ्गजेबस्य सभायां स समागमत् ॥२३०४॥

२३०४. शाह् अब्बास द्वितीय सफवी सुल्तान् का दूत औरंगजेब की सभा में आया ।

राजा नूरपुरस्याथ रूपसिंहो मृतोऽभवत् ।
एकषष्ट्युत्तरे पूर्वं षोडशाब्दे ततोऽस्य च ॥२३०५॥

नूरपुर राज्य :

२३०५. ई० वर्ष १६६१ में नूरपुर के राजा रूप सिंह की मृत्यु हुई ।

मान्धाता तनयस्तस्य तत्पदे सम्प्रतिष्ठितः ।
खखनगेन्दुवर्षान्तं यावद् राज्यं चकार सः ॥२३०६॥

२३०६. तदनन्तर उसका पुत्र मान्धाता सिंहासनारूढ़ हुआ । उसने ई० वर्ष १७०० तक राज्य किया ।

स राजा रूपचन्द्रश्च गुलेरराज्यमत्यजत् ।
स्वपुत्रस्यकृते ख्रीष्टे चैकषष्ट्यन्तषोडशे ॥२३०७॥

गुलेर राज्य :

२३०७, राजा रूप चन्द्र ने ई० वर्ष १६६१ में अपने पुत्र विक्रम सिंह (चन्द्र) के लिये गुलेर-राज्य त्याग दिया ।

विक्रमसिंहनामाऽसौ ततश्चारभ्य वत्सरात् ।
पञ्चसप्तत्यब्दकालं षोडशान्तं नृपोऽभवत् ॥२३०८॥

२३०८. विक्रम सिंह (चन्द्र) ने ई० वर्ष १६६१ से १६७५ तक राज्य किया ।

तत्पश्चात् तत्सुतो राजसिंहो राज्यं चकार च ।
पञ्चनवत्युत्तराङ्कं षोडशाब्दान्तमित्यथ ॥२३०९॥

२३०९. तदनन्तर उसके पुत्र राज सिंह ने ई० वर्ष १६९५ तक राज्य किया ।

तत्पुत्रश्च दिलीपः स राज्यसूत्रमचालयत् ।
त्रिंशोत्तरं सप्तदशख्रीष्टाब्दं यावदुत्तमम् ॥२३१०॥

२३१०. तत्पश्चात् उसके पुत्र दिलीप ने ई० वर्ष १७३० तक राज्य किया ।

एकषष्ट्युत्तरे पूर्वं षोडशे ख्रीष्टवत्सरे ।
स्वाधिकारः कृतः कूचविहारे मुगलैः किल ॥२३११॥

कूचविहार राज्य :

२३११. ई० वर्ष १६६१ में (२३ दिसम्बर को) कूच बिहार पर मुगलों का अधिकार हो गया ।

तस्य राजा समं मित्रैररण्यं प्रपलायितः ।
वसोहलीनृपोऽभूच्च महासिंहततः खलु ॥२३१२॥

बसोहली राज्य :

२३१२. वहां का राजा मित्रों के साथ वन में पलायित हो गया । वसोहली का राजा महासिंह हुआ (ई० वर्ष १६६१-१६७४) ।

काश्मीरराज्यपालस्य भूतपूर्वस्य चाभवत् ।
अलीमर्दानखां नस्य पुत्र इब्राहिमस्तु सः ॥२३१३॥

इब्राहीम खां ई० वर्ष १६६२-१६६३ :

२३१३. इब्राहीम खां काश्मीर के भूतपूर्व राज्यपाल अली मर्दान खां का पुत्र था ।

लाहौरस्य विहारस्य वंगस्यापि क्रमेण सः ।
राज्यपालो बभूवास्य सार्धवर्षं तु शासनम् ॥२३१४॥

२३१४. वह (काश्मीर के पश्चात्) क्रमशः लाहौर, विहार एवं बंगाल का राज्यपाल नियुक्त हुआ था । उसका शासन केवल एक वर्ष छः मास था ।

सुलेमानशिकोहस्याऽहिफेनेन च मारणम् ।
कृतं ग्वालियरक्षेत्रे द्विषष्ट्युत्तरषोडशे ॥२३१५॥

२३१५. ई० वर्ष १६६२ में (३० अगस्त को) ग्वालियर में सुलेमान शिकोह की अफीम खिलाकर हत्या कर दी गयी ।

अस्यकाले शियामार्गानुगैरारोटनामके ।
क्षेत्रे सैय्यद्जमालुद्दीनमस्जिदेऽथ जियारते ॥२३१६॥

शिया-सुन्नी विवाद :

२३१६. इसके समय में शियामार्गानुयायियों ने आरोट मुहल्ला में सैय्यिद जमालुद्दीन के मस्जिद, जियारत—

हम्मामे स्वाधिकारश्च कृतः संघर्षशान्तये ।
तत्र चौरङ्गजेबोऽसौ प्रैषयत् काजिकासिमम् ॥२३१७॥

२३१७. एवं हम्माम पर अधिकार कर लिया । संघर्ष शान्त करने के लिये, औरंगजेब ने काजी अबुल कासिम को भेजा ।

निर्णयं दत्तवान् काजी सुन्नीपक्षे विचार्य च ।
इब्राहिम्खांऽभिधं सम्राट् तेन चक्रे पदच्युतम् ॥२३१८॥

२३१८. काजी ने विचार कर, सुन्नी लोगों के पक्ष में निर्णय दिया, पत्पश्चात् सम्राट ने इब्राहीन खां को पदच्युत कर दिया ।

प्राप्तप्रेरणयाऽनेन सुन्नीधर्मानुयायिनः ।
मक्बरामस्जिदस्थाने स्वाधिकारं प्रचक्रिरे ॥२३१९॥

२३१९. इससे प्रेरित होकर, सुन्नी लोगों ने मकबरा एवं मस्जिद पर अधिकार कर लिया ।

लद्दाखे कलमुकाश्चाथ[1] चक्रुराक्रमणं ततः ।
ब-दे-दन्-रग्यलो राजा ययाचे स्वसहायताम् ।।२३२०।।

कलमुकों का लद्दाख पर आक्रमण :

२३२०. कलमुकों ने लद्दाख पर आक्रमण किया। राजा ब-दे-इदन-रन्म-रग्यल ने सहायता की याचना की।

इब्राहिम्खाँ फिदाईखाँनामानं प्रैषयत्तदा ।
साहाय्यं कर्तुमायाते तस्मिंस्ते प्रपलायिताः ।।२३२१।।

२३२१. उस समय इब्राहीम ने गिदाई खां को वहां सहायतार्थ प्रेषित किया। उसके वहां पहुँचने पर, विद्रोही पलायित हो गये।

राज्यपालस्य नामासीत् मीरेस्लामसमन्वितम् ।
जिया-उद्दीनबख्शीति हुसेनीसहितं बृहत् ।।२३२२।।

इस्लाम खां ई० वर्ष १६६३-१६६४ :

२३२२. इस राज्यपाल का विस्तृत पूरा नाम इसलाम खां मीर जियाउद्दीन हुसेनी बख्शी था।

१. कलमुक : नाम एवं जाति वाचक दोनों शब्द हैं। कमलुक का उल्लेख कल्हण में तरंग ५ श्लोक २३३ में किया है। वहाँ पर तोरमाण का अपर नाम कमलुक कहा गया है। यह तोरमाण कल्हण वर्णित रा० त० ३:१०२ से सर्वथा भिन्न हैं। अलवेरुनी हिन्दूशाही बंश की तालिका का तृतीय व्यक्ति है। (अल्वेरुनी २:१३) जयसुख हिकायत के अनुसार कमलू या कमलुक या कमलुक हिन्दुस्तान का राय (राजा) था। हिन्दूशाही वंश का राज्य काबुल तथा गान्धार के मुहम्मद गजनी के पूर्व था। इस वंश का राज्य ६० पीढ़ियों तक अलवेरूनी के अनुसार था। शाही लोग क्षत्रिय थे। काबुल में जब मुसलमानों से भय हुआ तो जयपाल ने अपनी राजधानी उदभाण्ड पुर में बनाया था। गान्धारों शाही राज्य को की एक संज्ञा उद्भाण्ड है। शाही लोग अफगानिस्तान तथा गान्धार से उद्वासित होने पर काश्मीर में आवाद हो गये थे। उन्हें राजसेना तथा प्रशासन दोनों में स्थान मिला था। कमलू राय को अरब लेखकों ने हिन्दुस्तान का राय लिखा है। शाही वंश के लोग काश्मीर के राजा भी हुए हैं। कल्हण अन्तिम शाही राजा त्रिलोचन पाल का वर्णन करता है जिसने महमूद गजनी से युद्ध किया था कमलुक प्रतीत होता है। इसी वंश के थे जो कालान्तर में मुसलमान हो गये लद्दाख पर आक्रमण करने वाले कलमुक इसी वंश या गोत्र के सम्भवतः थे।

शाही वंश भारतीय तथा तुर्की दोनों था। अल्वेरूनी के अनुसार तुर्की शाही वंश का हिन्दू राज्य ६० पीढ़ियों तक काबुल में कायम था। शाही वंश का अन्तिम राजा लोग तूरमारण था उसके ब्राह्मण मन्त्री ने उसे हटाकर हिन्दू शाही वंश की स्थापना किया था। एक उल्लेख मिलता है कि कमलुक ने सन् १६७८ ई० में चगताई वीरों का विनाश किया था। कमलुक तुर्की का हिन्दू शाही वंशीय हो सकता है। काश्मीर तथा तुर्किस्नान के हिन्दू या शाही अथवा क्षत्रिय मुसलमान हो गये थे। अन्य जातियों के समान वे भी काश्मीर में आवाद थे। वे ही कमलुक या कमलुक नाम धारी व्यक्ति या जाति थे। इसकी विशेष जानकारी के लिये तुर्किस्तान तथा काश्मीर के सीमान्त सम्बन्धी अध्ययन की आवश्यकता है। निश्चय पूर्वक कुछ नहीं कहा जा सकता। द्र० श्लोक : १४५, ३४९।

आसीदौरङ्गजेबस्य सेवको बहुकालतः ।
मृत्युरस्य बभूवात्र त्रिषष्ट्युत्तरषोडशे ॥२३२३॥

२३२३. यह औरङ्गजेब का पुराना सेवक था । इसकी मृत्यु ई० वर्ष १६६३ में हुई ।

सुष्ठुप्रशासकश्चासीत् कविश्चायं परिश्रमी ।
निष्ठावानेव यवनस्तद्धर्मस्य प्रसारणे ॥२३२४॥

इस्लामीकरण नीति :

२३२४. यह उत्तम प्रशासक, कवि, परिश्रमी, कट्टर मुसलमान था । इस्लाम धर्म के प्रसार में—

विश्वासं कृतवान् किञ्च तदर्थं सर्वथोद्यतः ।
काश्मीरे सुभृशं कार्यं तत्प्रचाराय चाकरोत् ॥२३२५॥

२३२५. विश्वास रखता था । उसके लिये सर्वथा उद्यत रहता था । उसने काश्मीर में इस्लाम धर्म के प्रचार के लिये प्रचुर कार्य किया ।

शाहमीरकुलस्याथ सुल्तानः सप्तमो हि यः ।
अलीशाहो ह्यलीमस्जिद् विनिर्माणमकारयत् ॥२३२६॥

२३२६. शाहमीर वंश के सप्तम सुल्तान अली शाह ने अली मस्जिद का निर्माण कराया था ।

भवनं च भग्नमासोदकस्मान्मस्जिदाभिधम् ।
इस्लामखांऽभिधेनास्य जीर्णोद्धारश्च कारितः ॥२३२७॥

२३२७. वह मस्जिद गिर गयी थी । इसलाम खां ने उसका जीर्णोद्धार कराया ।

आसन् शहतूतवृक्षा ये मस्जिदप्राङ्गणान्तरे ।
चिनारतरवस्तांश्च विनिपात्य प्ररोपिताः ॥२३२८॥

२३२८. मस्जिद के प्राङ्गण में जो शहतूत के वृक्ष थे, उन्हें कटाकर उसने चिनार वृक्ष लगवाये थे ।

काश्मीरस्य स्त्रियो ह्यासन् निरावरणसञ्चराः ।
तेनतत्सं प्रयोगाय समादिष्टं विशेषतः ॥२३२९॥

२३२९. काश्मीर की स्त्रियां बिना पर्दा विचरण करती थी । उसने पर्दा (बुर्का) लगाने का आदेश दिया ।

अहिफेनकृषिस्तेन निरुद्धा चोत्पले पुरे ।
नटानां नाटकं हृत्वा वस्तुजातं निषेधितम् ॥२३३०॥

२३३०. उसने उत्पलपुर (काकपुर) में अफीम की कृषि बन्द करा दी । भाड़ों का नाटक निषिद्ध कर, उनका सामान अपहृत करा लिया ।

ईदगाहस्थले चैकः स्तम्भश्चारोपितोऽमुना ।
स्वमनो रञ्जनायात्र चक्रुः क्रीडादिकं जनाः ॥२३३१॥

२३३१. ईदगाह में उसने एक स्तम्भ गड़वाया। वहां लोग मनोरञ्जन के लिये क्रीडा करते थे।

आसामेऽहोमराज्ञश्च द्विषष्ट्युत्तरषोडशे ।
नवां शक्तिं विनाश्यासौ मुगलानां चमूपतिः ॥२३३२॥

२३३२. ई० वर्ष १६६२ में आसाम के राजा अहोम की नवीन शक्ति विनष्ट कर, मुगल सेनापति—

प्राविशन्मीरजुमला राजधान्यां स सैनिकैः ।
समित्रैश्च नृपो दूरं वनान्ते प्रपलायितः ॥२३३३॥

२३३३. मीर जुमला ने (१७ मार्च को) सैनिकों एवं मित्रों के साथ राजधानी (गढ़गाव) में प्रवेश किया। नृपति वन में भाग गया।

ततोऽसौ मीरजुमला त्रिषष्ट्युत्तरषोडशे ।
रुग्णः प्रत्यागतो ढाकां तत्रैवान्ते मृतोऽभवत् ॥२३३४॥

२३३४. ई० वर्ष १६६३ में मीर जुमला रुग्ण होकर, ढाका लौट पड़ा और ढाका के पास उसका देहान्त हो गया।

शिवाजी चार्धरात्रेऽसौ साइस्ताखाँऽभिधस्य च ।
प्रविश्याक्रान्तवान् सौधं त्रिषष्ट्युत्तरषोडशे ॥२३३५॥

२३३५. ई० वर्ष १६६३ में (१५ अप्रैल को) शिवाजी ने साइस्ता खां के प्रासाद में प्रवेश कर आक्रमण किया।

विधायाक्रमणं तत्र प्रबलैः सैनिकैः सह ।
प्रभुत्वं स्थापयामास समन्तात् पुण्यपत्तने ॥२३३६॥

२३३६. वीर सैनिकों के साथ आक्रमण कर, उन्होंने पूना पर पूर्ण अधिकार कर लिया।

समं चाहोमराज्ञाऽभूत् सन्धिस्तेन पणीकृतम् ।
मुगलेभ्यश्च सन्दातुं हस्तिस्वर्णादिकं बहु ॥२३३७॥

२३३७. अहोम राजा के साथ सन्धि हुई। उसने मुगलों को हाथी, स्वर्णादि प्रचुर धन देने का वचन दिया।

प्रथमा चान्तिमा यात्रा त्रिषष्ट्युत्तरषोडशे ।
कृता चौरङ्गजेबेन काश्मीरस्य विशेषतः ॥२३३८॥

२३३८. ई० वर्ष १६६३[1] में औरंगजेब ने प्रथम तथा अन्तिन काश्मीर यात्रा की।

---

१. कुछ लेखकों ने यह काल १६६२, १६६४ तथा १६६५ ई० दिया है परन्तु वह त्रुटि पूर्ण है।

रौशनारा तदीया च भगिन्यन्तःपुरस्त्रियः ।
आसन्ताः शिविकारूढ़ास्तेन साकं तदा खलु ॥२३३९॥

२३३९. उसके साथ उसकी बहिन रौशन आरा एवं रनिवास की स्त्रियां थीं। वे पालकी पर आरुढ़ थी।

औरङ्गजेबो दिल्लीतः शीततौं प्रस्थितोऽभवत् ।
पञ्चत्रिंशत्सहस्राणि तुरगारोहिणस्तथा ॥२३४०॥

२३४०. औरंगजेब ने शीतकाल में (६ दिसम्बर को) प्रस्थान किया। उसके साथ पैंतीस सहस्त्र अश्वारोही—

आसन् दशसहस्राणि तेन साकं पदातयः ।
सप्ततिस्तोपशस्त्राणि तान्याक्रष्टुं नियोजिताः ॥२३४१॥

२३४१. दश सहस्त्र पदाति, सत्तर तोपें थीं। उन तोपों को मार्ग में खींचने के लिये—

विंशतिर्वृषभास्तत्र प्रतितोपास्त्रमध्वनि ।
विशालतरसेनायाः समूहोऽयं तदाऽचलत् ॥२३४२॥

२३४२. प्रति तोप पर बीस बैल लगाये जाते थे। उस समय, यह विशाल सेना, समूह यात्रा के लिये चली।

सम्राड् लाहौरतो यात्रां ग्रीष्मे प्रारभ्य चागमत् ।
स्थाने भीमवरे तत्र स्थित्वाऽसौ दिवसद्वयम् ॥२३४३॥

२३४३. सम्राट ग्रीष्म ऋतु में लाहौर से यात्रा प्रारम्भ कर, भीमवर पहुँचा। वहां दो दिन रहा।

राजौरीनामके क्षेत्रेऽतिष्ठद् दिनचतुष्टयम् ।
फजल्खाँरौशनाराभ्यामन्यैः परिजनैः सह ॥२३४४॥

२३४४. तदनन्तर राजौरी में चार दिन व्यतीत किया। फजल खां, रौशन आरा एवं अन्य परिजनों के साथ—

प्रतस्थे सततश्चासौ काश्मीरगमनाय चते ।
मार्गः पञ्चदिनैर्प्राप्यो विप्रकृष्टतया स्थितः ॥२३४५॥

२३४५. उसने प्रस्थान किया। वहां से काश्मीर पांच दिन का मार्ग था।

तत्र केचिच्चराजानः सेनया सह रोधिताः ।
त्रिचतुर्मासपर्यन्तं येन कश्चिद् बहिः स्थितः ॥२३४६॥

२३४६. कतिपय राजा सेना के साथ चार मास के लिये वहां रोक दिये गये, जिससे कोई बाहरी आक्रामक व्यक्ति—

सम्राट्प्रवाससमये चाक्रान्ताऽऽक्रमणेच्छया ।
काश्मीरं प्रविशेन्नैव तदानीं छद्मना क्वचित् ॥२३४७॥

२३४७. सम्राट के प्रवास के समय आक्रमण की इच्छा से प्रवेश न कर सके ।

इत्थं प्रत्येकसीमायामधिकारी नियोजितः ।
शासनाद् यस्य कर्त्तव्यं दिनिर्दिष्टमभूदिदम् ॥२३४८॥

२३४८. इस प्रकार प्रत्येक सीमा पर एक अधिकारी की नियुक्ति की गयी, जिसका यह कर्त्तव्य निर्दिष्ट किया गया—

प्रविशन्ति स्म काश्मीरं बहिर्यान्ति स्म ये ततः ।
तेषां संवीक्षणं सम्यग् विधातुं गूढ़भावतः ॥२३४९॥

२३४९. 'जो काश्मीर में प्रविष्ट हों अथवा वहां से बाहर जांय, उनकी वह गुप्तरूप से निरीक्षण करे' ।

बाणपंक्तिसहस्राणि श्रमिकाश्च नियोजिताः ।
वोढुं भीमवरात् सम्राट् यात्रावस्तूनि सर्वतः ॥२३५०॥

२३५०. पन्द्रह हजार श्रमिक भीमवर से सम्राट की यात्रा सामग्री ढोने के लिये, लगाये गये ।

तदानीं खलु कश्मीरशब्दो मुख्यतया हि सः ।
प्रयुज्यते स्म देशस्य कृते श्रीनगरस्य च ॥२३५१॥

२३५१. उस समय काश्मीर शब्द मुख्यरूप से देश तथा श्रीनगर दोनों के लिये प्रयुक्त होता था ।

तदा श्रीनगरे सेतुद्वयं ह्यासीच्च केवलम् ।
साम्प्रतं सेतवः सप्त चासन् दारुगृहाण्यथ ॥२३५२॥

२३५२. उस समय श्रीनगर में केवल दो सेतु थे । इस समय सात सेतु हैं । उस समय गृह प्रायः लकड़ियों से बने थे ।

हस्तिवेजनगादेको हस्ती गर्ते तदाऽपतत् ।
तेन पञ्चदशाऽन्येऽपि गजास्तत्रापतंस्ततः ॥२३५३॥

२३५३. उस यात्रा काल में एक हाथी हस्तिवंज पर्वत से नीचे गर्त में गिर पड़ा । इससे पन्द्रह अन्य हाथी भी गिर गये ।

चीत्कुर्वन्तो मृतास्सर्वे पतित्वा तत्र गह्वरे ।
साकमेतैश्च सुन्दर्यस्तथाऽन्येऽप्यभवन्मृताः ॥२३५४॥

२३५४. वे सब गर्त में गिरकर, चीत्कार करते हुए, मर गये । उनके साथ स्त्रियां तथा अन्य लोग भी मर गये ।

पीरपञ्जालभृंगे च साधुरेकस्तदाऽमिलत् ।
दीर्घश्मश्रुर्जहांगीरयात्राकालेऽप्यभूदसौ ॥२३५५॥

२३५५. उस समय पीर पंजाल शिखर पर, एक साधु मिला । उसकी दाढ़ी लम्बी थी । वह जहांगीर के यात्रा के समय भी था ।

पाययामास पानीयं सर्वेभ्योऽसौ न्यषेधयत् ।
शब्दमुच्चैर्विधातुं च शनैर्गन्तुं समाऽऽदिशत् ॥२३५६॥

२३५६. वह सबको पानी पिलाता था । तेज आवाज करने से रोकता था । धीरे से जाने के लिये कहता था ।

एकदाऽसौ जहांगीरो नो तदाज्ञाममन्यत ।
विपद्ग्रस्तो बभूवान्ते तदादेशविलङ्घनात् ॥२३५७॥

२३५७. एक बार जहांगीर ने उसकी आज्ञा का पालन नहीं किया, जिससे वह विपत्ति में पड़ गया था ।

काश्मीरे पुण्यतीर्थेषु नगानां शिखरेष्वपि ।
हिमपातोऽभवद् यत्र तत्र काश्मीरपण्डिताः ॥२३५८॥

२३५८. काश्मीर में पुण्य तीर्थों एवं पर्वत के शिखरों पर, जहां हिमपात होता था, वहां काश्मीरी पण्डित—

न मन्त्रोच्चारणं प्रोच्चैः सस्वरं चक्रुरुन्मुखाः ।
मौनमेवाचरन्कृत्यं शान्तास्सन्तो विशेषतः ॥२३५९॥

२३५९ ऊँचे स्वर से मन्त्रोच्चारण नहीं करते थे, अपितु शान्त एवं मौन रहते थे ।

राज्यपालः समागत्य स्थाने नौशहरे पुनः ।
सम्राजः स्वागतं चक्रे त्रीन् मासान् तत्र सोऽवसत् ॥२३६०॥

२३६०. नौशहर में आकर राज्यपाल ने सम्राट का स्वागत किया । सम्राट वहां तीन मास स्थित रहा ।

प्रापदौरङ्गजेबश्च तत्र श्रीनगरं ततः ।
सुरेश्वरीसरः प्रान्ते स्थितश्च हरिपर्वते ॥२३६१॥

२३६१. औरंगजेब श्रीनगर पहुंचा । वहां से जाकर, उसने सुरेश्वरी सर के समीप—हरि पर्वत पर निवास किया ।

उद्यानं फैजबख्शेति सज्जितं कृतमेकदा ।
सज्जिता दीपमालाऽऽसीदकस्मादुत्सवादथ ॥२३६२॥

२३६२. एक बार फैजबख्श उद्यान सजाया गया । दीप मलिका लगाई गयी । सहसा उत्सव से—

सम्राट् समुत्थितोऽभूच्च कुतश्चित्कारणादसौ ।
काश्मीराद् गन्तुमादेशं दत्तवान् किञ्चिदुन्मनाः ।।२३६३।।

२३६३. सम्राट औरंगजेब कुछ कारणवश उठ गया। खिन्नमन होकर, काश्मीर से लौटने का आदेश दे दिया।

काश्मीरे राजकीयाश्च विभागा घटितास्समे ।
ततः सम्राट् समग्रेऽपि देशे शासनमाचरत् ।।२३६४।।

२३६४. काश्मीर में समस्त राजकीय विभाग उपस्थित थे। वहां से सम्राट सम्पूर्ण देश पर शासन चलाता था।

साम्राज्याखिलं वृत्तं तत्रैव समवाप्यत ।
राज्यादेशं गृहीत्वाऽश्वारोहिणः स्म प्रयान्त्यलम् ।।२३६५।।

२३६५. साम्राज्य का सब वृत्तान्त उसे वहीं प्राप्त होता था। राज्यादेश लेकर अश्वारोही प्रयाण करते थे।

औरङ्गजेबनिकटे लद्दाखस्यैकमण्डलम् ।
बौद्धानां चागतं तत्र रक्तोष्णिकपरिवेष्टितम् ।।२३६६।।

२३६६. वहां औरंगजेब के पास लद्दाख का एक लाल उष्णीषधारी, बौद्ध मण्डल आया।

लद्दाखस्य महार्घाणि वस्तून्यादौ च भिक्षुकैः ।
उपहृत्यान्तिके तस्य सन्धिप्रस्तावना कृता ।।२३६७।।

२३६७. वे बौद्ध भिक्षुक लद्दाख की बहुमूल्य वस्तुएं, उसे उपहार स्वरूप प्रदान कर, सन्धि प्रस्ताव रखे।

निश्चयोऽयमभूत् सन्धौ यदेकस्य विनिर्मितिः ।
मस्जिदस्य भवेल्लेहस्थाने मुद्राभिटङ्कणम् ।।२३६८।।

२३६८. सन्धि में निश्चय किया गया—'लेह में एक मस्जिद का निर्माण किया जायगा'।

सम्राड् नाम्नाऽपि कर्त्तव्यं तथा च प्रतिवत्सरम् ।
लद्दाखराज्यतः प्राप्यम् उपहारादिकं भवेत् ।।२३६९।।

२३६९. 'सम्राट के नाम से मी मुद्रा टंकणित होगी। लद्दाख प्रति वर्ष उपहारादि प्रदान करेगा'।

आसीत्तैर्भिक्षुकैः साकं वैद्योऽप्येकः समागतः ।
कथामश्रावयच्चैकां स सम्राट्सम्मुखं तदा ।।२३७०।।

२३७०. उन भिक्षुओं के साथ एक वैद्य भी आया था। उसने सम्राट को एक कहानी सुनायी—

यदा बौद्धगुरुर्भिक्षुर्म्रियमाणो बभूव सः ।
तदैका पुरतस्तस्य सभा चायोजिताऽभवत् ॥२३७१॥

२३७१. जब बौद्ध गुरु मरणासन्न हुए, उस समय उनके समक्ष एक सभा आयोजित की गयी ।

तत्र संसूचितं चेदं यदात्मा भिक्षुकस्य च ।
शिशोरेकस्य देहेऽसौ मृत्योः पश्चात् प्रवेक्ष्यति ॥२३७२॥

२३७२. उसमें यह सूचित किया गया—'मृत्यु के पश्चात् भिक्षुक की आत्मा एक शिशु में प्रवेश करेगी' ।

मरणानन्तरं तस्य निर्दिष्टस्य शिशोरथ ।
पालनं पोषणं सम्यक् सावधाननयाऽभवत् ॥२३७३॥

२३७३. उसके मरणोपरान्त निर्दिष्ट शिशु का पालन पोषण सावधानी पूर्वक किया गया ।

इदं ज्ञातुं यदेतस्मिन् शिशौ पूर्वं मृतस्य च ।
वस्तुतो भिक्षुकस्यात्मा वर्तते वा न वा किल ॥२३७४॥

२३७४. इस शिशु में मृत भिक्षु की आत्मा है या नहीं—इसे जानने के लिये—

भिक्षुवस्तूनि चान्यानि तत्पुरः स्थापितान्यथ ।
आनेतुं भिक्षुवस्तूनि विशेषज्ञैर्निवेदितः ॥२३७५॥

२३७५. भिक्षु से सम्बन्धित तथा अन्य वस्तुएं उसके सामने रखी गयीं । विशेषज्ञ लोगों ने मृत भिक्षु की वस्तुएं लाने के लिये उस बालक से कहा ।

एकैकं वस्तु तेनैतत् परिचीय पृथक् कृतम् ।
आत्मवान् भिक्षुकस्यायं साश्चर्यं मेनिरे समे ॥२३७६॥

२३७६. उस बालक ने पहचान कर, भिक्षु की एक-एक वस्तु अलग कर दिया । सब लोगों ने आश्चर्य पूर्वक उसे भिक्षु की आत्मा से युक्त मान लिया।

ससेनश्च फिदाईखां तस्थौ भीमवरे यतः ।
सति कार्ये च काश्मीरे साहाय्यं प्रापयेदसौ ॥२३७७॥

२३७७. फिदाई खां सेना सहित भीमवर में स्थित था, जिससे आवश्यकता होने पर वह कश्मीर सहायता पहुंचाये—

बहिः स्थानाच्चकाश्मीरं गन्तारो ये तथेतरे ।
तेषां संवीक्षणं कृत्वा तांश्च सम्यङ् नियन्त्रयेत् ॥२३७८॥

२३७८. तथा बाहर से काश्मीर जाने वालों तथा अन्य लोगों का निरीक्षण कर, उन पर पूर्ण नियन्त्रण रखे ।

त्रिषष्ट्युत्तरषोडशादेकविंशतिकोत्तरम् ।
सप्तदशं सुकेतस्य जीतसेनो नृपोऽभवत् ॥२३७९॥

२३७९. ई० वर्ष १६६३ से १७२१ तक सुकेत का नृप जीतसेन था।

सम्राट्शाहजहाँ-बख्शीतरबीयतखाँ-सुतः ।
सैफखाँऽऽसीदमुष्यैव सन्निरुद्धो नियन्त्रणे ॥२३८०॥

सैफ खां ई० वर्ष १६६४-१६६७ :

२३८०. सैफ खां शाहजहां के बख्शी तरबीयत खां का पुत्र था। उसी के नियन्त्रण में बन्दी

दाराशिकोहतनयः सिपहाख्यश्च मारितः ।
स्थले ग्वालियरे सोऽभूदूनषष्ट्यन्तषोडषे ॥२३८१॥

२३८१. दारा शिकोह का पुत्र सिपह शिकोह ग्वालियर में ई० वर्ष १६५९ में मारा गया था।

यत्र ग्वालियरे चासीन्मुरादः निगडे स्थितः ।
तत्र दुर्गे च तत्स्थानं मया गत्वा विलोकितम् ॥२३८२॥

२३८२. ग्वालियर दुर्ग में जहां मुराद बख्श बन्दी था, मैंने जाकर वह स्थान देखा है।

राज्यपालोऽभवद्पश्चादागरानगरस्य सः ।
निवृत्तः स हि चैकान्ते सरहिन्दे ततोऽवसत् ॥२३८३॥

२३८३. तदनन्तर वह (सैफ खां) आगरा का राज्यपाल बना। सेवा निवृत्त होने पर सरहिन्द नगर में उसने एकान्त वास किया।

तस्मात् स्थानात् तमाहूय सम्राड् भूयश्च सादरम् ।
राज्यपालपदे चैनं काश्मीरस्य न्ययोजयत् ॥२३८४॥

२३८४. सम्राट ने उसे पुनः बुलाकर, काश्मीर का राज्यपाल नियुक्त किया।

सम्राट्शाहजहांऽऽख्यस्य सम्बन्धी सैफखांऽभवत् ।
तयोर्पत्न्यौ मिथश्चास्तां भगिन्यौ ते कुटुम्बतः ॥२३८५॥

२३८५. सैफ खां सम्राट शाहजहां का सम्बन्धी था। उन दोनों की पत्नियां परस्पर बहनें थीं।

मुल्ताननाजिमः पश्चात् राज्यपालोऽभवत् पुनः ।
स काश्मीरस्य भूयो द्रागेकान्ते वासमाचरत् ॥२३८६॥

२३८६. मुलतान का नाजिम पुनः काश्मीर का राज्यपाल बनाया गया। उसने पुनः एकान्त वास किया।

आहूतो राजसेवायां भूयो-भूयोऽपि चादरात् ।
एकान्तवासमेवान्ते स्वीचकार स सर्वथा ॥२३८७॥

२३८७. उसे पुनः सादर राजकीय सेवा में बुलाया गया। अन्त में उसने सर्वथा एकान्तवास स्वीकार कर लिया।

विहारस्य प्रयागस्य राज्यपालः क्रमादभूत् ।
स आसीत् काव्यमर्मज्ञो योग्यो निश्चिन्त आत्मवान् ॥२३८८॥

२३८८. वह विहार एवं प्रयाग का कमशः राज्यपाल नियुक्त हुआ था। वह काव्यमर्मज्ञ, योग्य एवं स्वतन्त्र प्रवृति व्यक्ति था।

आसीत् संगीतवेत्ताऽसौ रागगानादिपण्डितः ।
रागवर्णनसम्बन्धि पुस्तकं चापि सोऽलिखत् ॥२३८९॥

२३८९. सैफ खां संगीतज्ञ, राग-गान आदि में पारंगत था। उसने राग सम्बन्धी कोई पुस्तक भी लिखी थी।

सरहिन्दसमीपेऽसौ सैफाबादमवासयत् ।
स भूमिसात्कृतो मृत्यौ तत्रास्ते तस्य मक्बरा ॥२३९०॥

२३९०. उसने सरहिन्द के समीप सैफाबाद नगर बसाया। मरणोपरान्त उसे वहां दफन किया गया। उसका मकबरा वहां पर है।

चतुषष्ट्युत्तरे पूर्वं षोडशाब्दे शनौ दिने ।
नाम्नाशिवाजीजनकः शाहजी स्वर्गतोऽभवत् ॥२३९१॥

२३९१. ई० वर्ष १६६४ में (२३ जनवरी को) शनिवार के दिन शिवाजी के पिता शाहजी का स्वर्गवास—

वासवे पत्तने पश्चाच्छत्रपः स शिवो महान् ।
नृपस्य पदवीं राज्ये धारयामास स स्वयम् ॥२३९२॥

२३९२. वासव पत्तन में हुआ। क्षत्रपति शिवाजी ने राज पदवी धारण की।

चतुष्षष्ट्युत्तरात्पूर्वं षोडशाब्दादनन्तरम् ।
षोडशे स नवत्यूर्ध्वे वर्षे स च नृपोऽभवत् ॥२३९३॥

२३९३. ई० वर्ष १६६४ से १६९० पर्यन्त—

चम्पायाश्छत्रसिंहाख्यश्चतुष्षष्ट्यन्तषोडशात् ।
ऊनाशीत्युत्तरं यावत् षोडशाब्दान्तमेव च ॥२३९४॥

२३९४. छत्र सिंह (सन् १६६४–१६९०) चम्पा (चम्बा) का तथा ई० वर्ष १६६४ से १६६९ तक—

मण्डीत्याख्यप्रदेशस्य श्यामसेनाभिधानकः ।
राजाऽऽसीत् सर्वथा राज्ये प्रजानां परिपालकः ।।२३९५।।

२३९५. मण्डी का प्रजापालक राजा श्याम सेन था ।

प्राचीनमन्दिराणां च जीर्णोद्धारश्च निर्मितिम् ।
औरंगजेबो विज्ञाप्य निषेधाज्ञां न्यरोधयत् ।।२३९६।।

२३९६. औरंगजेब ने मन्दिरों का जीर्णोद्धार एवं निर्माण निषिद्ध घोषित कर दिया ।

गुरोस्तेगबहादूरनाम्नः कालस्तदाऽभवत् ।
चतुष्षष्ट्युत्तरात्पूर्वं षोड़शात् ख्रीष्टवत्सरात् ।।२३९७।।

२३९७. श्री गुरु तेग बहादुर जी का गुरुत्व काल ई० वर्ष १६६४ से—

पञ्चसप्तत्यन्वितं चासीत् षोडशाब्दान्तमित्यथ ।
जन्मकालस्य चैतस्य लभ्यतेऽत्रतिथिद्वयी ।।२३९८।।

२३९८. ई० वर्ष १६७५ तक था । इनके जन्म काल की दो तिथियां प्राप्त होती है ।

द्वादशोत्तरतः पूर्वं षोडशाब्देति केचन ।
एकविंशोत्तरं पूर्वं षोडशं मन्वतेऽपरे ।।२३९९।।

२३९९. कतिपय लोगों के मत से ई० वर्ष १६१२ तथा अन्य लोगों के मत से ई० वर्ष १६२१ है ।

जीवनारम्भकालेऽसौ वंगं प्रत्यगमत्किल ।
सत्यसम्राद् स कथितो सत्यत्यागादिसद्गुणैः ।।२४००।।

२४००. वे अपने जीवन के प्रारम्भिक काल में बंगाल गये थे । सत्य, त्याग आदि गुणों के कारण वे सच्चा बादशाह कहे जाते थे ।

अत्याचारः कृतो घोरस्तस्य शिष्येषु शासकैः ।
मतीदासस्य तद्बन्धोः क्रकचच्छेदनं कृतम् ।।२४०१।।

२४०१. शासकों ने उनके शिष्यों पर घोर अत्याचार किया । उनके शिष्य भाई मतीदास आरा से (दिल्ली में) चीरे गये ।

संतप्ते पयसि क्षिप्तो दयालस्तस्य चानुजः ।
मनीसिंहस्य तद्भ्रातुश्चाङ्गभङ्गः कृतस्तदा ।।२४०२।।

२४०२. भाई दयाल खौलते पानी में डाले गये । भाई मनीसिंह का अंगभंग किया गया ।

चूर्णीकृतमभूदेवं तारासिहस्य मस्तकम् ।
वोटासवेगशाहवाजसिहानां च वधः कृतः ॥२४०३॥

२४०३. इसी प्रकार भाई तारा सिंह का मस्तक चूर्ण कर दिया गया। वोटा (मोटा) सिंह, सवेग सिंह तथा शाहबाज सिंह भाईयों का वध कर दिया गया।

लद्दाखनृपतिं कृत्वा यवनं सैफखाँ बलात् ।
दिल्लीं प्रेषितवाँस्तत्र यावनो धर्म आविशत् ॥२४०४॥

२४०४. सैफ खां ने लद्दाख राजा को बलात् मुसलमान बनाकर दिल्ली भेज दिया। वहां इस्लाम धर्म का प्रवेश किया।

जामामस्जिदविनिर्माणं खुतवा-पाठनं तथा ।
औरंगजेबनाम्नाऽभून् मुद्राणामभिटङ्कणम् ॥२४०५॥

२४०५. जामा मस्जिद का निर्माण किया गया। औरंगजेब के नाम खुतवा-पाठ तथा मुद्राएं टंकणित की गई।

लद्दाखे यावनो धर्मः सैफखाँ समचालयत् ।
राजाज्ञाऽभूत् समे कुर्युर्यदल्लाहस्य पूजनम् ॥२४०६॥

२४०६. सैफ खां ने लद्दाख में इस्लाम धर्म चलाया। राजाज्ञा प्रसारित की गयी, सब लोग अल्लाह का पूजन करें।

शेखाऽब्दुलरशीदाख्यः सुन्नीनेता स्म गच्छति ।
चरारशरिफं मार्गे च त्सोदुरे हसनात्मजः ॥२४०७॥

२४०७. शेख अब्दुल रसीद (चिकन) सुन्नी नेता चरार शरीफ जा रहा था। मार्ग में त्सोदुर स्थान पर—

शिया-नेता स हसनमलिको नाम तस्य च ।
चकारानादरं येन बभूवासौ विमानितः ॥२४०८॥

२४०८. शिया नेता हसन मलिक ने उसका अपमान किया।

हसनो मलिकोऽपाठीत् तवर्रां तम्प्रति ततः ।
शेखाब्दुलरशीदश्च सैफखांपार्श्वमागतः ॥२४०९॥

२४०९. हसन मलिक ने उसके प्रति तवर्रा पढ़ा। शेख अब्दुल रशीद, सैफ खां के पास गया।

तत्र चायमुपस्थाय तदारोपं चकार सः ।
तेनाऽसौ हसनो नामाऽपराधीत्यनुघोषितः ॥२४१०॥

२४१०. उसने वहां उसके प्रति आरोप लगाया। सैफ ने हसन को अपराधी घोषित किया।

औरंगजेबनिकटे तौ वादि-प्रतिवादिनौ ।
द्वावपि प्रेषितौ तत्र शियाधर्मानुयायिनः ॥२४११॥

२४११. दोनों वादी-प्रतिवादी औरंगजेब की सभा में भेजे गये। वहां शिया धर्मानुयायियों ने—

साहाय्यं कर्तुमैच्छँस्ते हसनस्य तथाप्यसौ ।
स्वापराधान्निबद्धोऽभूद् बधस्तस्य कृतोऽभवत् ॥२४१२॥

२४१२. हसन की सहायता करना चाहा किन्तु अपने अपराध के कारण वह बन्दी हुआ और उसका बध कर दिया गया।

सुरेश्वरीसरोभागादुत्तरे राज्यपालकः ।
एकोद्यानस्य निर्माणं विशिष्टं सदकारयत् ॥२४१३॥

२४१३. राज्यपाल ने सुरेश्वरी सरोवर के उत्तरी तट पर, एक विशिष्ट उद्यान का निर्माण कराया।

सन्दलारनदीमध्यात् कुल्यां तत्र समानयत् ।
कालान्तरे जलाभावात् कुल्याऽसौशुष्कतां गता ॥२४१४॥

२४१४. वहां सन्दलार नदी से एक नहर लायी गयी थी। कालान्तर में जलाभाव के कारण वह सूख गयी।

आसीदौरंगजेबोऽसौ कठोरो धार्मिको यतः ।
राज्यपालाय चादेशस्तेन दत्तस्तदा निजः ॥२४१५॥

२४१५. औरंगजेब कट्टर धार्मिक था। उसने राज्यपाल को आदेश दिया—

मुल्लाताहिरगनीविप्रः ॠषिपीरश्च पण्डितः ।
तावुभौ स्वसभामध्ये समाहूतौ धराभुजा ॥२४१६॥

२४१६. राजा ने मुल्ला ताहिर गनी तथा ब्राह्मण ऋषि पीर पण्डित (बादशाह) को अपनी सभा में बुलाया।

मुल्लागनीताहिरश्च शिष्य आसीद् विशेषतः ।
सुकवेर्मोहसिन्फानीत्याख्यस्य गुणविश्रुतः ॥२४१७॥

२४१७. गुणी, मुल्लागनी ताहिर महान् कवि मोहसिन फानी का शिष्य था।

फारसीकविरूपेण प्रसिद्धिस्तस्य भारते ।
देशादस्माद् बहिश्चापि समन्तात् प्रसृताऽभवत् ॥२४१८॥

२४१८. उसकी प्रसिद्धि भारत तथा बाहर विदेश में फारसी कवि के रूप में फैली थी।

तस्य काव्यस्य लालित्यात् फारसात् फारसीकविः ।
सैबः श्रीनगरे चैनं साक्षात्कर्त्तुं समाऽगमत् ।।२४१९।।

२४१९. उसके काव्य के लालित्य से प्रभावित होकर, उसका दर्शन करने के लिये फारसी कवि सैब, फारस से श्रीनगर आया था ।

नैकव्याजैश्च नैवासौ गन्तुं राज्यसभास्थले ।
स्वीचकार दृढ़प्रज्ञो गनीनामा महाकविः ।।२४२०।।

२४२०. बुद्धिमान् कवि गनी ने अनेक बहाना कर, राज्यसभा में जाना स्वीकार नहीं किया ।

यदा केनाऽप्युपायेन नैव मुक्तिरजायत ।
स्ववस्त्रादिकमुन्मोच्य तदोन्मत्तो बभूव सः ।।२४२१।।

२४२१. जब किसी उपाय से मुक्ति नहीं मिली, उस समय वह वस्त्रादि त्यागकर उन्मत्त सा हो गया ।

किञ्चित्समयपश्चात् स शरीरं त्यक्तवान् निजम् ।
स धर्मनिरपेक्षोऽभून्न चासीद् धर्मनिष्ठुरः ।।२४२२।।

२४२२. कुछ समय पश्चात् उसका देहावसान हो गया । वह धर्म निरपेक्ष था, कट्टर धर्मी नहीं ।

ऋषिर्पीरो बुधो योगी चासीत् काश्मीरवासिनः ।
स्वामि-पण्डित-सम्राडित्याह्वयन्ति स्म तं खलु ।।२४२३।।

२४२३. ऋषि, पीर, पण्डित विद्वान एवं योगी थे । काश्मीर वासी प्रेमवश उसे पीर-पण्डित बादशाह (सम्राट) कहकर पुकारते थे ।

औरंगजेबनामाऽसौ सम्राट् ब्राह्मणपण्डितान् ।
पीडितान् कर्त्तुमैच्छत्तान् स्वधर्मे निरतानपि ।।२४२४।।

२४२४. सम्राट औरंगजेब ब्राह्मण पण्डितों को पीड़ित तथा अपने धर्म में दीक्षित करना चाहता था ।

ऋषिश्चाकाशमार्गेण निशायामेकदा हि सः ।
दिल्लीं सम्प्राप्तवानासीत् सुप्तःसम्राट् तदा खलु ।।२४२५।।

२४२५. एक दिन ऋषि रात्रि में आकाश मार्ग से दिल्ली पहुँच गये । उस समय सम्राट शयन कर रहा था ।

ततस्तस्य पुरश्चासौ सिंहारूढ़ो भयंकरः ।
ऋषिः प्रादुरभूदेवमकस्माद् दिव्यदेहधृक् ।।२४२६।।

२४२६. ऋषि उसके समक्ष सहसा दिव्य शरीर धारणकर, सिंहारूढ होकर प्रकट हुए ।

सम्राडभूच्च संत्रस्तो बादशाहेति तत्पदम् ।
रक्षितुं चानुमत्यासौ निजादेशं निरस्तवान् ॥२४२७॥

२४२७. सम्राट संत्रस्त हो गया। उसने उसे (पण्डित को) बादशाह पदवी रखने की अनुमति प्रदान कर, राजाज्ञा निरस्त कर दी।

पञ्चषष्ट्युत्तरे पूर्वं षोडशे ख्रीष्टवत्सरे ।
चकारौरंगजेबोऽसौ हिन्दूनां जजियाकरम् ॥२४२८॥

२४२८. ई० वर्ष १६६५ में औरंगजेब ने हिन्दुओं पर, जजिया कर लगाया।

एतस्मिन् वत्सरे चासौ शिवाजी मुगलैः सह ।
सन्धिं समकरोदन्ते जूनमासे पुरन्दरे ॥२४२९॥

२४२९. इसी वर्ष शिवाजी ने जून मास में (२२ जून को) पुरन्दर में मुगलों के साथ सन्धि कर ली।

एतस्माद्वत्सराद् यावदशीत्युत्तरषोडशम् ।
लद्दाख-खपलोरस्य कुर्कोरः शासकोऽभवत् ॥२४३०॥

२४३०. ई० वर्ष १६६५ से १६८० तक लद्दाख में खपोलोर का शासक कुरकोर तथा—

तथा च समये ह्यस्मिन् राज्यशासनमुद्वहन् ।
आसीदमातचन्दे च शिगारस्यावनीपतिः ॥२४३१॥

२४३१. इसी समय शिगार का राजा अमाचन्दे था।

सम्राद्शाहजहाँनाम्नः षट्षष्ट्युत्तरषोडशे ।
चतुःसप्ततिवर्षीयावस्थायामभून्मृतिः ॥२४३२॥

२४३२. ई० वर्ष १६६६ (जनवरी २२) में सम्राट शाहजहां की चौहत्तर वर्ष की अवस्था में मृत्यु हुई।

मुम्ताजमहलाख्यायास्तस्यपत्न्याश्च दक्षिणे ।
स ताजमहलप्रख्ये प्रासादे भूमिसात्कृतः ॥२४३३॥

२४३३. उसे उसकी पत्नी मुमताजमहल के दक्षिण, ताजमहल में दफन किया गया।

शिवाजी छत्रपोनाम षट्षष्ट्युत्तरषोडशे ।
ख्रीष्टे चौरंगजेबस्य सभायामागरां गतः ॥२४३४॥

२४३४. ई० वर्ष १६६६ में (१२ मई को) छत्रपति शिवाजी आगरा में औरंगजेब की सभा में गये।

शम्भाजीतिसुतेनाऽसौ समं बन्दीकृतोऽभवत् ।
स्वनीतिपाटवात् किन्तु ततो निर्गतवानसौ ॥२४३५॥

२४३५. पुत्र शम्भाजी के साथ उन्हें बन्दी बना लिया गया किन्तु अपनी नीति चातुरी से वे (२९ अगस्त को) निकल गये ।

शिवाजी मथुरां काशीं प्रयागञ्च गया-स्थलम् ।
तथा रायगढं तैलङ्गानादि नगरे भ्रमन् ॥२४३६॥

२४३६. शिवाजी मथुरा, प्रयाग, काशी, गया, तैलङ्गाना एवं रायगढ़ आदि नगरों में भ्रमण करते हुए—

महाराष्ट्रे ततश्चासौ षट्षष्ट्युत्तरषोडशे ।
निवासस्थलमायातो व्योमवह्निनवम्बरे ॥२४३७॥

२४३७. ई० वर्ष ११६६ में ३० नवम्बर को महाराष्ट्र में अपने घर आगये ।

सेतोर्नवकदल्नाम्नो विनिर्माणमभूदथ ।
तथा जामामस्जिदस्य षट्षष्ट्युत्तरषोडशे ॥२४३८॥

२४३८. ई० वर्ष १६६६ में नवकदल सेतु का तथा लद्दाख में जामामस्जिद का निर्माण किया गया ।

पञ्चत्रिंशल्लक्षमितः काश्मीरस्य तदाऽभवत् ।
आयो राजस्वरूपेण रूप्यकेषु प्रमापितः ॥२४३९॥

२४३९. उस समय काश्मीर की राजस्व आय पैंतीस लाख रुपये थी ।

श्रीमद्गोविन्दसिंहस्य षट्षट्युत्तरषोडशात् ।
नवोत्तरं सप्तदशं यावत्कालो गुरोरभूत् ॥२४४०॥

२४४०. श्रीगुरु गोविन्दसिंह जी ई० वर्ष १६६६ से १७०९ तक गुरुपद पर थे ।

खानो मुवारिजो मीरकुलः शाहजहांपुरः ।
एकपञ्चाशदधिके षोडशाब्दे समागमत ॥२४४१॥

मुवारिजखां ई० वर्ष १६६७-१६६८ :

२४४१. मुवारिजखां मीरकुल शाहजहां के पास ई० वर्ष १६५१ में आया ।

योग्य आसीत् स कार्येषु बदख्शासैय्यदान्वयः ।
स्वबुद्धया तेन तद्राज्ये सन्ततं प्रोन्नतिः कृता ॥२४४२॥

२४४२. बदखशा के सैय्यद वंश में उत्पन्न, वह कार्य कुशल व्यक्ति था। उसने उसके राज्य में निरन्तर उन्नति की ।

मुल्तानराज्यपालोऽभूद् मथुरासैन्यपोऽभवत् ।
एकवर्षं च भूमासं काश्मीरे तस्य शासनम् ॥२४४३॥

२४४३. वह मुलतान का राज्यपाल तथा मथुरा का फौजदार नियुक्त हुआ था। काश्मीर में उसका शासन एक वर्ष एक मास था।

आसीन्मुहम्मदोऽमीरस्तदा पञ्जाबशासकः ।
उज्बकाः सैनिका आसन् लुण्ठकास्तस्यचानुगाः ॥२४४४॥

२४४४. उस समय पंजाब का राज्यपाल मुहम्मद अमीरखां था। उसके अनुचर उजबक जातीय थे। वे लूटपाट करते थे।

निरूपानत्कपादोऽसौ नमाज-पठनेच्छया ।
जामामस्जिद्स्थलं काले प्रयाति स्म स दुर्बलः ॥२४४५॥

२४४५. नंगे पैर नमाज पढ़ने जामा मस्जिद जाता था। वह दुर्बल शासक था।

सप्तषष्ट्युत्तरे पूर्वं षोडशे ख्रीष्टवत्सरे ।
स्वातवाजौरमार्गस्थाः युसुफ्जाईति जातिकाः ॥२४४६॥

२४४६. ई० वर्ष १६६७ में स्वात एवं वाजौर (उत्तरी पेशावर) के निवासी युसुफ जन-जाति के—

पेशावरस्य वास्तव्याः मागूनेत्रा प्रचोदिताः ।
तन्नेतृत्वे च ते चक्रुर्विद्रोहं शासनं प्रति ॥२४४७॥

२४४७. लोग नेता मागू से प्रेरित होकर, उसके नेतृत्व में शासन के प्रति विद्रोह किये।

मुहम्मदशाहनामेति धृत्वा मागू स्वतन्त्रताम् ।
समुद्घोष्याक्रमत्तत्र हजाराटकमण्डले ॥२४४८॥

२४४८. अपना मुहम्मद नाम धारणकर, मागू ने स्वतन्त्रता घोषित कर दी तथा हजारा एवं अटक मण्डल पर आक्रमण कर दिया।

परे युसुफजायीति लुण्ठकाः शस्त्रपाणयः ।
पेशावरस्थले किश्वाटके लुण्ठनमाचरन् ॥२४४९॥

२४४९. अन्य युसुफजायी शस्त्रधारी लुटेरों ने पेशावर तथा अटक में लूटपाट किया।

सिन्धोर्महानदस्यैते दक्षिणे भागमण्डले ।
हारूननिकटे भूयः समभ्येत्य स्थिता इमे ॥२४५०॥

२४५०. वे सिन्धु नद के दक्षिणी भाग में हारुन के निकट आकर स्थित हो (वस) गये।

कामिलखाँ किन्तु तान्सर्वान् सप्तषष्ट्यन्लषोडशे ।
ख्रीष्टाब्देऽसौ समाक्रम्य विधत्ते स्म पराजितान् ।।२४५१।।

२४५१. ई० वर्ष १६६७ में कामिल खां ने आक्रमण कर उन्हें पराजित कर दिया ।

अहोम-राजावर्षेऽस्मिन् आसामं स्ववशेऽकरोत् ।
काशगर्शासको नाम्ना अब्दुल्लाखाँ तदा खलु ।।२४५२।।

२४५२. इसी वर्ष अहोमराजा ने आसाम अपने अधिकार में कर लिया । उसी समय काशगर का शासक अब्दुल्लाखां—

नवाजिशखांऽभिधेनात्मसुतेनपरिपीडितः ।
खिन्नो भूत्वाभृशं तस्मात् काश्मीरं समुपागमत् ।।२४५३।।

२४५३. अपने पुत्र नवाजिशखां से पीडित होकर, वहां से काश्मीर आया ।

ख्वाजामुहम्मदः सादिक्वदख्शी मन्त्रिणोऽपि च ।
तस्य च स्वागतं चक्रू राजसम्मानपूर्वकम् ।।२४५४।।

२४५४. ख्वाजामुहम्मद सादिक वदख्शी तथा मन्त्रियों ने राजसम्मान पूर्वक उसका स्वागत किया ।

स्वागते तस्य पञ्चाशत् सहस्रं रुप्यकाण्यथ ।
व्ययीभूतान्यसौ सम्राड्दर्शनार्थं ततोऽगमत् ।।२४५५।।

२४५५. उसके स्वागत में ५० हजार रुपये व्यय हुए थे । वहाँ से उसने सम्राट के दर्शनार्थ प्रस्थान किया ।

औरङ्गजेब आयात-निर्यातकरभारतः ।
निर्मुक्तान् यवनांश्चक्रे सबलान् न तु हैन्दवान् ।।२४५६।।

२४५६. औरंगजेब ने मुसलमानों को आयात एवं निर्यात के कर से मुक्त कर दिया किन्तु हिन्दुओं को कर मुक्त नहीं किया ।

काश्मीरे राज्यपालस्य पदात् प्रच्युत्यनन्तरम् ।
मुल्तान-नाजिमोऽभूत् स ततश्चैकान्तमाश्रयत् ।।२४५७।।

सैफ खां द्वितीय बार ई० वर्ष १६६८-१६७१[1]

२४५७. सैफखाँ काश्मीर में राज्यपाल पद से हटने के पश्चात् मुलतान का नाजिम हुआ । तत्पश्चात् उसने एकान्त वास किया ।

पुनःकाश्मीरराज्यस्य राज्यपालो नियोजितः ।
द्वितीये वारके चापि प्रशास्तृत्वगुणैरसौ ।।२४५८।।

२४५८. उत्तम प्रशासकीय गुणों के कारण, वह द्वितीय बार काश्मीर का राज्यपाल नियुक्त हुआ ।

१. कुछ लेखक समय सन् १६६९-१६७२ तथा पीर हसन हिजरी १०७९ देता है ।

अब्दुर्रहमानकाजी तस्यकाले तदाऽभवत् ।
तत्रोपराज्यपालोऽसौ राज्यकार्यसहायकः ॥२४५९॥

२४५९. उसके समय में काजी अब्दुर्रहमान, राज्यकार्य का सहायक, उपराज्यपाल बनाया गया।

भूकम्पस्तत्र सञ्जातः सायंकालावधि क्षितौ ।
तेन नैकगृहाण्यत्र पतितानि प्रकम्पतः ॥२४६०॥

भूकम्प :

२४६०. उसके समय काश्मीर में प्रातः से सायंकाल तक अनेक बार भूकम्प हुआ। उससे वहाँ बहुत घर गिर गये।

वथनारे राज्यपालः स्वोद्याने स्थितवांस्तदा ।
महमूदाऽऽबादनामपत्तनं चाप्यवासयत् ॥२४६१॥

२४६१. राज्यपाल वथनार में स्वनिर्मित उद्यान में ठहरा। उसने महमूदाबाद नगर बसाया।

अष्टषष्ट्युत्तरे पूर्वं षोडशे ख्रीष्टवत्सरे ।
सम्राडौरंगजेबोऽसौ हिन्दूनामुत्सवादिकम् ॥२४६२॥

हिन्दुओं पर प्रतिबन्ध :

२४६२. ई० वर्ष १६६८ में सम्राट औरंगजेब ने हिन्दुओं के उत्सव आदि तथा--

पूजा-पाठ-कथागर्भं सर्वं कार्यं न्यषेधयत् ।
राज्यपालेभ्य आदेशं प्रैषयत् स हि तादृशम् ॥२४६३॥

२४६३. पूजा, पाठ, कथा आदि से सम्बन्धित कार्य पर प्रतिबन्ध लगा दिया और राज्यपालों को यह आदेश प्रेषित कर दिया गया।

पाठशालास्तथा तेषां मन्दिराण्यपि सर्वतः ।
विनष्टानि कृतान्यासन् तदानीं तस्य चाज्ञया ॥२४६४॥

२४६४. उसके आदेश से उस समय हिन्दुओं के मन्दिर एवं पाठशालाएँ विनष्ट कर दी गयी।

सप्तत्युत्तरतः पूर्वं षोडशाब्दे तदाज्ञया ।
काश्यां श्रीविश्वनाथस्य मन्दिरं तेन खण्डितम् ॥२४६५॥

२४६५. ई० वर्ष १६७० में (४ सितम्बर को) उसके आदेश से काशी में श्री विश्वनाथ मन्दिर[1] खण्डित (ध्वस्त) किया गया।

---

१. यह मन्दिर ज्ञानवापी मसजिद के स्थान पर था। वर्तमान मन्दिर के उत्तर दिशा में है। मन्दिर के पत्थरों से जामा मसजिद का निर्माण हुआ है। अकबर के समय राजा टोडरमल ने इसका निर्माण कराया था। पश्चिम की तरफ मन्दिर का चिह्न तथा निर्माण, प्राचीन मन्दिर की भव्यता एवं कला का सुन्दर रूप उपस्थित करते हैं।

जामा-मस्जिदनिर्माणं ज्ञानवाप्यामजायत ।
निर्मितं विश्वनाथस्य नवीनं तत्र मन्दिरम् ।।२४६६।।

२४६६. ज्ञानवापी में जामा मस्जिद का निर्माण किया गया। कालान्तर में वहाँ समीप में नवीन[1] विश्वनाथ मन्दिर का निर्माण हुआ।

मन्दिराणि तथा धर्मा धर्मशालाश्च सर्वतः ।
देवस्थानानि सर्वाणि निपात्यन्तामशेषतः ।।२४६७।।

२४६७. 'सब मन्दिर, धर्म, धर्मशालाएँ एवं देवस्थान पूर्णरूप से नष्ट कर दिये जाय।'

प्रदेशेष्वपि सर्वेषु मन्दिरादिविनाशने ।
अधिकारिजनाः सम्यङ्नियुक्तास्तत्कृते भवन् ।।२४६८।।

२४६८. प्रदेशों में भी मन्दिरादि विनष्ट करने के लिये विधिवत् अधिकारी नियुक्त किये गये।

काजीतिपदवाच्याश्च समादिष्टा विशेषतः ।
प्रमाणीकृत्य मुद्राभिः सूचना प्रेष्यतां च तैः ।।२४६९।।

२४६९. काजियों (न्यायाधीशों) को आदेश दिया गया, वे अपनी मुहर से प्रमाणित कर, मन्दिरादि-विनाश की सूचना प्रेषित करें।

मुहत्सिवेति नामानो नियुक्ताश्चाधिकारिणः ।
प्रत्येकं क्षेत्रमासाद्य मन्दिरादिविनाशने ।।२४७०।।

२४७०. प्रत्येक क्षेत्र में जाकर मन्दिरादि का विनाश कराने के लिगे मुहतसिबों[2] (जांच-कर्ता) अधिकारी नियुक्त किये गये।

काश्मीरलोकगणनां सैफखाँ समकारयत् ।
सार्धद्वादशलक्षाङ्कमितास्तेनाऽभवन् जनाः ।।२४७१।।

जनगणना :

२४७१. सैफखां ने काश्मीर में जनगणना करायी थी। तदनुसार वहाँ की जनसंख्या[3] लग-भग साढ़े बारह लाख थी।

चतुःशताधिनवतिसहस्राणि पदातयः ।
आसन् पञ्चसहस्राणि तत्राश्वारोहिसैनिकाः ।।२४७२।।

२४७२. उसमें ९०४०० पदाति तथा लगभग पांच हजार (४८१२) अश्वारोही सैनिक भी सम्मिलित थे।

---

१. नवीन विश्वनाथ मन्दिर का निर्माण अहिल्यावाई ने कराया है। मन्दिर पर सुवर्ण सिख राजा रणजीत सिह तथा नौबत खाना अवध नवाब का बनाया है। मन्दिर हिन्दू मुसलिम एवं सिक्ख एकता का प्रतीक है।

२. मुहत्सिब : जांचकर्ता।

३. १२४३०२३ जनसंख्या।

सप्तत्युत्तरतः पूर्वं षोडशे मुगलैः खलु ।
तुलादानप्रथां रोद्धुं निजाऽऽदेशः प्रसारितः ॥२४७३॥

२४७३. ई० वर्ष १६७० में मुगलों ने तुलादान प्रथा रोकने के लिये आदेश प्रसारित कर दिया ।

व्योमाश्वरसचन्द्राब्दे सैफखानेन निर्मितः ।
सैफाकदलसेतुः श्रीनगरे निजयाधिया ॥२४७४॥

२४७४. ई० वर्ष १६७० में सैफखां ने श्रीनगर में अपनी इच्छा से सैफाकदल[1] पुल का निर्माण कराया ।

सप्तत्युत्तरतः पूर्वं षोडशे ख्रीष्टवत्सरे ।
लद्दाखस्य नृपः प्राणान् जहौ सिंगीनमग्यलः ॥२४७५॥

लद्दाख :

२४७५. ई० वर्ष १६७० में लद्दाख के राजा सिंगीनमग्यल का प्राणान्त हो गया ।

इन्द्र-देल्देन-तेनचोग्नमग्यलसुतास्त्रयः ।
तस्यासन् स च तद्राज्यं त्रिभज्यैभ्यः प्रदत्तवान् ॥२४७६॥

२४७६. उसके तीन पुत्र देल्देननमग्यल, इन्द्रनमग्यल एवं तेनचोग नमग्यल थे । उसने अपना राज्य विभक्त कर इन्हें प्रदान किया था ।

देल्देनाय च लद्दाखं सदोकं पुरिकं तथा ।
मग्युमाञ्चलमिन्द्राय गुरेजाख्यं स सन्ददौ ॥२४७७॥

२४७७. उसने देल्देन को लद्दाख, सदोक[2], पुरिक[3] एवं मग्युम अंचल तथा इन्द्र को गुरेज[4] प्रदान किया ।

---

१. सैफाकदल : झेलम नदी पर श्रीनगर में पुल है ।

२. सदोक : कृष्णगंगा के दक्षिण तट पर दरहल से दो मील दूर है ।

३. पुरीक : बालतिस्तान में एक जिला है । जोजिला और फोटुला पास के बीच में है । इसके मुख्य ग्राम मूलबेक, पश्कयून कर्गिल और दरश है । यहाँ की भेड़ें अच्छी होती हैं ।

४. गुरेज : समुद्र की सतह से ७८००० फीट की ऊँचाई पर स्थित है । यहाँ प्रियगु, मटर तथा मोथी तथा धान ठण्डक के कारण पकता नहीं । (पोनीज) टट्टू यहाँ के सबसे अच्छे होते हैं । यहाँ के निवासी दरद वंशीय है, पर उनमें काश्मीरी रक्त का भी मिश्रण मिलता है । भाषा दरदी है । श्रीनगर से ७० मील दूर है । श्रीनगर गिलगिट मार्ग कुंजलवान तथा गूरीकोट के मध्य श्रीनगर स्कर्दू मार्ग पर कुजलवान तथा बंगला के बीच है ।

स्पीती-जंसकरौ सम्यग्राज्यभागान् विभज्य सः ।
तेन चोग्नामपुत्राय समानं समदादथ ।।२४७८।।

२४७८. स्पीती[1] एवं जंसकर[2] का सम्यक् विभाजन कर चोगनमग्यल को दिया।

सप्तत्युत्तरतः पूर्वं षोडशाद् वत्सरादथ ।
पञ्चोत्तरसप्तदशख्रीष्टाब्दं यावदेव च ।।२४७९।।

२४७९. ई० वर्ष १६७० से १७०५ तक—

देल्देनस्य राज्यकालो ह्यासीत् सिन्धुतटे च शे ।
बुद्धस्य स्वर्ण-रजतप्रतिमां निरमापयत् ।।२४८०।।

२४८०. देल्देन का राज्यकाल था। उसने सिन्धु के तटवर्ती 'शे'[3] में बुद्ध की स्वर्णमयी प्रतिमा निर्मित करायी।

जस्करे पुश्वुजे तेन तथा लुमनुजेऽपि च ।
मन्दिराणि विनिर्माप्य लेहदुर्गे मनोरमे ।।२४८१।।

२४८१. उसने जंसकर, पुशबुर्ज[4] एवं लुमनुज में मन्दिरों का निर्माण कराया। लेह दुर्ग में—

अवलोकितेश्वरस्य चन्द्रस्यैवं पृथक्-पृथक् ।
मूर्तिः संस्थापिता दिव्या लोकाराधनकांक्षया ।।२४८२।।

२४८२. लोगों के पूजन के लिये उसने अवलोकितेश्वर एवं चन्द्र की सुन्दर प्रतिमा स्थापित की।

---

१. स्पीती : शिमला से लेह मार्ग पर, लाहोल अंचल से पूर्व दिशा में पड़ता है। स्पीती नदी भी इसी अंचल में बहती है।

२. जंसकर : लद्दाख का पूर्व काल में एक जिला था। लेह से दक्षिण पार्श्व में पड़ता है। भाषा लद्दाखी से मिलतीहै। जंसकर का मुख्य स्थान पद्म है। लेह से लगभग १८१ मील दूर है। समुद्र की सतह से ११३७० फीट की ऊँचाई पर है। यहाँ के पर्वत जंसकर उपत्यका से ६ से ७ हजार फीट ऊँचे हैं।

३. शे : सिन्धु नदी के दक्षिण तट पर लेह से सात मील दूर है। यहाँ बौद्धों का एक विहार है। यहाँ एक महल स्थानीय ग्यल्पो का है। बुद्ध भगवान् की प्रतिमा ताम्र ३० फीट ऊँची है।

४. परक्थूम : बखा पासकिम नदी के दक्षिण तट पर करगिल से पाँच मील दूर श्रीनगर लेह सड़क पर है। गाँव से १००० फुट ऊँचाई पर है। पर्वत के बाहुमूल पर पुराने किले का ध्वंशावशेष है। वहुत बड़ा ग्राम है।

सप्तत्युत्तरतः पूर्वं षोडशे कार्तिके सिते।
शुक्लपक्षे त्रयोदश्यां काश्मीरे पूछनामके ॥२४८३॥

बन्दा वैरागी :

२४८३. ई० वर्ष १६७० में कार्तिक सुदी त्रयोदशी को काश्मीर में पूछ[1] स्थानपर—

स्थाने जन्माऽभवत् बन्दा-वैरागीत्यस्य मूलतः।
नाम लक्ष्मणदेवेति तस्याऽऽसीत् तत्कुलाङ्कितम् ॥२४८४॥

२४८४. बन्दा बैरागी का जन्म हुआ था। उसका मूल नाम लक्ष्मण देव था।

रामदेवः पितुर्नाम तस्याऽऽसीत् तत्कुटुम्बकम्।
अयोध्यातः पुराकाले रावल्पिण्डीमुपागमत् ॥२४८५॥

२४८५. उसके पिता का नाम रामदेव था। उसका कुटुम्ब पूर्वकाल में अयोध्या से रावल-पिंडी आया था।

स भारद्वाजगोत्रीयो राजपुत्रो ह्यवर्तत।
स जानकीप्रसादस्य शिष्यो वैरागिणोऽभवत् ॥२४८६॥

२४८६. वह भारद्वाज गोत्रीय राजपूत था। जानकी प्रसाद वैरागी का शिष्य हुआ।

माधोदासेतिनामास्याभवत् तेन समं हि सः।
रामधाममठे चागात् लाहौरे दक्षिणस्थिते ॥२४८७॥

२४८७. उसका अपर नाम माधोदास रखा गया। उसके साथ वह लाहौर के दक्षिण स्थित रामधाम मठ गया।

रामदासाख्यवैरागी-शिष्योऽभूत् तदनन्तरम्।
नासिके पञ्चवट्यां च निवसन् समुवास सः ॥२४८८॥

२४८८. तदनन्तर उसने राम दास वैरागी का शिष्यत्व ग्रहण किया। नासिक में पंचवटी स्थान पर रहने लगा।

---

१. पूछ : पूछ तवी नदी या पलस्ता नदी पर है। पूछ के उत्तर में उत्तुंग पर्वतमाला है, जो इसे खख्खा अंचल, ऊरी, चिकार तथा दन्ना से अलग करती है। पूर्व में पीर पंजाल पर्वत है, दक्षिण में राजौरी तथा कोटली के परगने है। पश्चिम में झेलम नदी है। इस समय काश्मीर की सीमा पर पाकिस्तान के सामने पड़ता हैं। दोनों ओर भारत तथा पाकिस्तान की सैनिक छावनियाँ हैं। पूछ नगर हैं। बाजार है। दो उपत्यकाएँ यहाँ मिलती हैं। समुद्र की सतह से ३००० फीट की ऊँचाई पर है। यहाँ एक दुर्ग तथा पुराना राजमहल है।

स चैकाघोरनाथस्य सकाशं समुपेत्य च ।
योगस्य शिक्षणं सम्यग् जग्राह प्रश्रयानतः ॥२४८९॥

२४८९. एक अघोरनाथ (औघड़नाथ) के समीप जाकर उसने योग की शिक्षा ग्रहण की।

अष्टोत्तरे सप्तदशे ख्रीष्टाब्दे भ्राद्रमासि च ।
गुरुर्गोविन्दसिंहस्तं नन्देरे शिष्यमादिशत् ॥२४९०॥

२४९०. ई० वर्ष १७०८ के भाद्रपद मास (३ सितम्बर) में गुरु गोविन्द सिंह ने उसे नदेर में अपना शिष्य बनाया।

तथा पञ्जाबराज्ये तं यवनानां विशेषतः ।
अत्याचारं च संरोद्धुं सङ्घर्षार्थं समादिशत् ॥२४९१॥

२४९१. उन्होंने उसे पंजाब राज्य में मुसलमानों का अत्याचार रोकने के लिये संघर्ष करने का आदेश दिया।

तन्नवीनं च नामासीत् बन्देति परिविश्रुतम् ।
षोडशोत्तरतः पूर्वं ख्रीष्टे सप्तदशे किल ॥२४९२॥

२४९२. उसका नवीन नाम बन्दा हुआ। ई० वर्ष १७१६ में (१६ जून को)—

सम्राट् फरुखूसियरस्य समादेशादथ क्रुधा ।
दिल्यां समभवत्तस्य बलिदानात्मको वधः ॥२४९३॥

२४९३. फरुखशियर के आदेश से दिल्ली में उसका बलिदान (बध) कर दिया गया।

सप्तत्युत्तरतः पूर्वं षोडशे ख्रीष्टवत्सरे ।
लद्दाखवासिनस्तच्च खपालूस्थानमाक्रमन् ॥२४९४॥

२४९४. ई० वर्ष १६७० में लद्दाख वासियों ने खपालू[1] पर आक्रमण किया।

तच्चासीद् बालतिस्तानराज्ञश्च करदीकृतम् ।
काश्मीर-राज्यपालश्च तेषां साहाय्यमाचरत् ॥२४९५॥

२४९५. वह बालतिस्तान[2] राजा का करद था। काश्मीर के राज्यपाल ने बालतियों की सहायता की—

---

१. खपालू : लेह से लगभग १४५ मील तथा करकू से ८ मील दूर दोनों स्थानों के मध्य में है। सन् १६७४ ई० में खपालू विजय हुआ था और वहाँ मुसलिम शासन करने लगे।

२. बालतिस्तान : लद्दाखी वालती तथा लौकिक नाम वालती है। बालतिस्तान फारसी रूप है। काश्मीरी इसी नाम से पुकारते हैं। बालती लोग तिब्बती मुसलिम हैं। लद्दाखी वंश परम्परा के हैं। उनकी आकृति में तूरानी झलक भी मिलती है। मुसलमान होने के पश्चात् बहुपतीत्व की प्रथा समाप्त हो गयी। बहुपत्नी प्रथा प्रचलित है। अधिकतर बालती शिया है। यारकन्द में काफी बालती रहते हैं। बालती भाषा और लद्दाखी में बहुत अन्तर हैं।

बालती-सरिरूस्थाने किन्त्वमी ते पराजिताः ।
यतः संघटिता नासन् रिपूणां पुरतो हि ते ॥२४९६॥

२४९६. किन्तु बालतीजन सरीरु स्थान पर पराजित हो गये, क्योंकि वे शत्रु के समक्ष संघटित नहीं हो सके थे।

किञ्चित्कालस्य पश्चाल्लद्दाखे सोकपोऽभिधः ।
चकाराक्रमणं तत्र लद्दाखीयाः पराजिताः ॥२४९७॥

२४९७. कुछ समय पश्चात् लद्दाख पर सोकपो[1] ने आक्रमण किया। उसमें लद्दाखी पराजित हुए।

ते च काश्मीर-राज्यस्य राज्यपालात् सहायताम् ।
अयाचन्त ततो लब्धं साहाय्यं खालसीस्थले ॥२४९८॥

२४९८. उन लोगों ने काश्मीर के राज्यपाल से सहायता की याचना की। खालसी[2] में उन्हें सहायता प्राप्त हो गयी।

थनस्क्या-स्थानमासाद्य तत्र पूर्णतया हि सः ।
विजितः सोकपोनाम ततो देशाद् बहिष्कृतः ॥२४९९॥

२४९९. थनस्क्या स्थान पर सोकपो पूर्णतया पराजित कर देश से बहिष्कृत कर दिये गये।

ततश्चारभ्य लद्दाख-देशस्यैते प्रशासकाः ।
काश्मीराधीन्यमाश्रित्य प्रददुर्वार्षिकं करम् ॥२५००॥

२५००. उसी समय से लद्दाख के ग्यलपो प्रशासक काश्मीर को वार्षिक कर देने लगे।

एकसप्ततितः पूर्वं षोडशे ख्रीष्टवत्सरे ।
मुल्लामोहसिनफानीकवेः काश्मीरमण्डले ॥२५०१॥

मुहसिन फ़ानी की मृत्यु :

२५०१. ई० वर्ष १६७१ में कवि मुल्ला मोहसिन फानी का काश्मीर में—

देहान्तोऽभवदेतस्मिन् वर्षे सम्राट् स भारते ।
सर्वान् हिन्दूंश्च सेवातो विनिवृत्तानकारयत् ॥२५०२॥

हिन्दू राजकीय सेवा से निवृत्त :

२५०२. देहान्त हो गया। उसी वर्ष सम्राट औरंगजेब ने समस्त हिन्दुओं को राजकीय सेवा से निवृत्त कर दिया।

---

१. सोकपो (स्कोपा) मुगल जाति की एक शाखा थी, हिमिस शुकपा के समीप सोकपो द्वारा निर्मित एक दुर्ग अथवा गुम्बद है।

२. खालसी : लेह से ५५ मील दूर तिमिश गाँव तथा स्किरविचन के मध्य लेह-स्कर्दू मार्ग पर है। खालसी ग्राम सिन्धु नदी से २५० फीट ऊँचे प्लेटों पर है। समुद्र की सतह से १०,००० फीट की ऊँचाई पर है।

इफ्तिखारस्य कालोऽभूत् पंचवर्षाणि शासने ।
अष्टचत्वारिंशदन्ते षोडशाब्द यदाऽभवत् ॥२५०३॥

इफ्तिखार खां सन् १६७१[1]-१६७५ ई० :

२५०३. इफ्तिखार खां पांच वर्ष शासन में था। ई० वर्ष १६४८ में जब—

तत्पितुर्मरणं नूनं तदाऽसौ विनियोजितः ।
शस्त्रागारस्य रक्षायै शासकत्वे निरीक्षकः ॥२५०४॥

२५०४. उसके पिता की मृत्यु हो गयी, उस समय वह शस्त्रागार की रक्षा के लिये निरीक्षक नियुक्त हुआ।

राज्यपालाच्च्युतः पश्चात् काबुले चाफगानके ।
उपद्रवे नियुक्तोऽभूत् तदा पेशावरस्थले ॥२५०५॥

२५०५. राज्यपाल पद से पृथक् होने के पश्चात् वह काबुल में अफगानों के उपद्रव के समय पेशावर में नियुक्त किया गया था।

तत्पश्चाच्चाजमेरस्य शासकोऽभूदनन्तरम् ।
जातो जौनपुरे सैन्यपतिस्तत्र मृतोऽभवत् ॥२५०६॥

२५०६. तदनन्तर वह अजमेर का शासक और तत्पश्चात् जौनपुर (उत्तर प्रदेश) में फौजदार बनाया गया। वहीं उसकी मृत्यु (सन् १६८१-८२ : हिजरी १०९२में) हो गयी।

काश्मीरे राज्यपालोऽसौ तदानीं समतिष्ठत ।
मिर्जामुहम्मदाख्यस्य सलीमस्य गृहान्तरे ॥२५०७॥

२५०७. काश्मीर में वह राज्यपाल, मिर्जा मुहम्मद सलीम के हवेली में ठहरा था।

द्विसप्तत्युत्तरात्पूर्वं षोडशाब्दादनन्तरम् ।
अष्टसप्ततितः पूर्वं षोडशाब्दान्तमेव च ॥२५०८॥

२५०८. ई० वर्ष १६७२ से १६७८ तक—

पञ्जाब-राज्यपालोऽभूत् शासनेन नियोजितः ।
अमानतखाँऽभिधः शास्ता राज्यसंचालनक्षमः ॥२५०९॥

२५०९. राज्य संचालन में समर्थ अमानत खां पंजाब में राज्यपाल था।

---

१. कुछ लेखकों ने यह समय ई० १६७२ में दिया है।

ततः पठानजातीया राज्यपाले मुहम्मदे ।
चक्रुराक्रमणं किञ्च जलपूर्ति न्यरोधयन् ॥२५१०॥

पठान-मुगल संघर्ष :

२५१०. पठानों ने राज्यपाल मुहम्मद अमीन खां पर (अली मसजिद[1] के समीप पहली मई को) आक्रमण कर जल की आपूर्ति बन्द कर दी।

मुगला विजितास्तत्र राज्यपालस्य घर्षणात् ।
तदीया जननी-भार्या-कन्याद्या निगडीकृताः ॥२५११॥

२५११. उसमें मुगल पराजित हो गये। राज्यपाल की माता, स्त्री एवं कन्यादि बन्दी बना ली गईं।

पठानमुगलानां च संघर्षो युद्धरूपताम् ।
जग्राह तत्र चान्योन्यं रक्तपातोऽप्यजायत ॥२५१२॥

२५१२. पठानों एवं मुगलों के संघर्ष ने युद्ध का रूप धारण कर लिया और दोनों ओर रक्त-पात हुआ।

खट्टको जनजातीयः खुशहालकविस्तदा ।
मुगलानां विरोधाय जनजातीस्ता व्यबोधयत् ॥२५१३॥

२५१३. खट्टक[2]-जनजातीय खुशहाल खान ने मुगलों के विरुद्ध उन जनजातियों को उभाड़ा।

त्रिसप्तत्युत्तरे पूर्वं षोडशे ख्रीष्टहायने ।
जामामस्जिद् सहस्रांशुसहस्राणि गृहाणि च ॥२५१४॥

श्रीनगर में अग्नि :

२५१४. ई० वर्ष १६७३ में जामामस्जिद तथा १२ हजार घर—

जज्वलुस्तत्र विस्फोटात् सम्राट् श्रीनगरे पुनः ।
मस्जिदं च निजादेशाद् विशालं निरमापयत् ॥२५१५॥

२५१५. श्री नगर में जल गये। औरंगजेब के आदेश से पुनः विशाल मस्जिद निर्मित कर दी गयी।

काश्मीर-ब्राह्मणा जग्मुर्गुरुं तेगबहादुरम् ।
अन्याय-प्रतिरोधाय गुरुस्तेभ्य उपादिशत् ॥२५१६॥

श्री गुरु तेग बहादुर :

२५१६. काश्मीर के ब्राह्मण गुरु तेग बहादुर के पास गये। उन्होंने उन्हें अन्याय का प्रति-रोध करने का उपदेश दिया।

---

१. अली मसजिद : श्रीनगर में मसजिद है। इसलाम खां राज्यपाल (सन् १६६४-१६६५ ई०) ने उसका जीर्णोद्धार किया था। इसके विस्तृत प्रांगण में चिनार के वृक्ष लगवाये थे।

२. खट्टक : पेशावर, मियावली, कोहाट तथा अटक में खट्टक जनजाति की आबादी है। उनकी भाषा पश्तो है। दक्षिण-पश्चिमी उपबोलियों में एक खट्टक बोली भी है।

काश्मीर-पण्डिताना च प्रातिनिध्यं समाचरत् ।
मण्डलं चैकमायातं तदाऽऽनन्दपुरे ननु ॥२५१७॥

२५१७. उस समय काश्मीर के पण्डितों का एक प्रतिनिधिमण्डल आनन्दपुर में—

हिन्दूनां रक्षणं कर्तुं विहन्तुं चापदां चयम् ।
तं न्यवेदयदभ्येत्य गुरुं तेगबहादुरम् ॥२५१८॥

२५१८. गुरु तेग बहादुर के पास जाकर उनसे हिन्दुओं की रक्षा तथा उनका दुःख दूर करने के लिये निवेदन किया।

गुरुणा चोत्तरं दत्तं तदुपप्लवशान्तये ।
कस्यापि महतस्तत्र बलिदानमपेक्ष्यते ॥२५१९॥

२५१९. श्री गुरु ने उत्तर दिया 'उपद्रव की शान्ति के लिये किसी महान् व्यक्ति का बलिदान अपेक्षित है ।'

नववर्षीयबालश्च गोविन्दाख्यस्तदाऽब्रवीत् ।
भवन्तस्तु महानत्र कश्चिदन्यो न वर्तते ॥२५२०॥

२५२०. उस समय नव वर्षीय बालक श्री गोविन्द सिंह जी ने कहा—'आपसे महान् यहाँ दूसरा कोई नहीं है ।'

गुरुराश्वासयामास तदा हिन्दूनुपागतान् ।
सम्राडौरङ्गजेबाय सन्देशोऽयं प्रदीयताम् ॥२५२१॥

२५२१. श्री गुरु तेग बहादुर ने उपस्थित हिन्दुओं को आश्वासन दिया—'सम्राट औरंगजेब को संदेश भेजिये कि—

गुरुश्चेद् यावनं धर्मं स्वीकरोति ततः समे ।
हिन्दवः स्वीकरिष्यन्ति तत्र कश्चिन्न संशयः ॥२५२२॥

२५२२. 'यदि गुरु इस्लाम धर्म स्वीकार कर लें, तो सब हिन्दू वह धर्म स्वीकार कर लेंगे ।'

काश्मीरे यवनातङ्को हिन्दुषु प्रत्यवर्धत ।
विद्रोहं धर्मरक्षायै कर्तुं तान् प्रैरयद् गुरुः ॥१५२३॥

२५२३. काश्मीर में हिन्दुओं के ऊपर मुसलानों के अत्याचार में वृद्धि हो गयी थी । गुरु ने उन्हें धर्मरक्षार्थ विद्रोह करने के लिये प्रेरित किया ।

स आनन्दपुरे पश्चाद् गुरुद्वारा-स्थले स्वयम् ।
निबद्धो यवनैश्चायं दिल्लीं सम्प्रेषितोऽभवत् ॥२५२४॥

२५२४. तदन्तर मुसलमानों ने आनन्दपुर स्थित गुरुद्वारा में उन्हें बन्दी बनाकर दिल्ली भेज दिया ।

पञ्चसप्ततितः पूर्वं षोडशे ख्रीष्टवत्सरे ।
शीशगंजे गुरुद्वारा-स्थले दिल्ल्यामसौ गुरुः ॥२५२५॥

२५२५. ई० वर्ष १६७५ में (११ नवम्बर को) गुरु तेगबहादुर ने दिल्ली स्थित शीशगंज गुरुद्वारा स्थान पर—

तत्र लालकिला-पार्श्वे पञ्च यावद् दिनान्यहो ।
यातना-पीडितो भूत्वा बलिवेद्यामसून् जहौ ॥२५२६॥

२५२६. लालकिला के समीप, पाँच दिन यातना सहकर, अपना बलिदान दिया ।

ततश्चाष्टोत्तरं पूर्वं यावत् सप्तदशाब्दकम् ।
गुरुर्गोविन्दसिंहोऽभूद् दशमश्चान्तिमो गुरुः ॥२५२७॥

श्री गुरु गोविन्द सिंह जी :

२५२७. ई० वर्ष १६७५ से १७०८ तक दशवें एवं अन्तिम गुरु श्री गुरु गोविन्द सिंह जी का गुरुत्व काल था ।

गोदावरी-सरित्तीरे पैदाखाँ-पौत्रघाततः ।
तस्य मृत्युरभूत्तेन पैदाखाँ-निहतो यतः ॥२५२८॥

२५२८. गोदावरी नदी के तट पर नदेड़ (अविचल नगर) में पैदा खाँ अफगानी के पौत्र के घातक प्रहार से उनकी मृत्यु हुई क्योंकि पैदा की मृत्यु गुरुदेव के कारण हुई थी ।

फारसस्य प्रसिद्धोऽसौ मंत्री सैय्यदवंशजः ।
आसीत् खलीफा-सुल्तान-भ्राता च प्रतिविश्रुतः ॥२५२९॥

कवामुद्दीन खां ई० वर्ष १६७५-१६७८ :

२५२९. वह फारस के प्रसिद्ध मंत्री, सैय्यद वंशीय, खलीफा सुल्तान का भ्राता था ।

मुराशियेति सैय्यदवंशीयात् पूर्वपूरुषात् ।
मीराख्यस्थविरादस्य वंशारम्भो ह्यजायत ॥२५३०॥

२५३०. मुर आशिया के सैय्यद वंशीय, पूर्व पुरुष, मीर बुजर्ग से, उसके वंश का आरंभ हुआ था ।

माजिदरानदेशस्य तबरिस्तानाञ्चलस्य च ।
स आसीच्छासकः शक्तः शासनेन नियोजितः ॥२५३१॥

२५३१. वह माजिदरान तथा तबरिस्तान क्षेत्र में शासन द्वारा शासक नियुक्त किया गया था ।

तत्पश्चात्तस्य मीरस्य पौत्र आगत्य चैकदा ।
निजामुद्दीननामाऽसौ गुलवार-स्थलेऽवसत् ॥२५३२॥

२५३२. तदनन्तर उक्त मीर का एक पौत्र अमीर निजामुद्दीन (इस्फहान) आकर गुलवार मुहल्ला में बस गया ।

कालान्तरे च तत्पौत्रः खलीफालीति सैय्यदः ।
बभूवाथ खलीफाख्यः सुल्तानश्चापि कथ्यते ॥२५३३॥

२५३३. कालान्तर में उसका पौत्र खलीफा अली सैय्यद हुआ। उसे खलीफा सुल्तान भी कहा जाता है।

सैय्यदानामयं वंशः खलीफानामतः खलु ।
तदा प्रभृतिचायातः प्रसिद्धिं यवनेष्वपि ॥२५३४॥

२५३४. उसी समय से सैय्यद नामक यह वंश, खलीफा नाम से मुसलमानों में प्रसिद्ध हुआ।

मीरपूर्वं शुजोद्दीन-मुहम्मद इति श्रुतः ।
खलीफासीच्च तत्पुत्रो ह्यसदुल्लाख्यपौत्रकः ॥२५३५॥

२५३५. उसका पुत्र मीर शुजाउद्दीन मुहम्मद खलीफा हुआ, जो असदुल्ला का पौत्र था।

तत्सुतश्च रफीजद्दीन-मुहम्मदनामकः ।
विद्यापारङ्गतश्चासीत् शाहाब्बासकृपान्वितः ॥२५३६॥

२५३६. उसका पुत्र रफी उद्दीन मुहम्मद था। वह अनेक विद्याओं में पारंगत था। उस पर शाह अब्बास की कृपा थी।

खलीफासुलतानश्च तत्सुतः कर्बला-स्थले ।
रफीउद्दीनखननस्थाने मृदमदापयत् ॥२५३७॥

२५३७. उसके पुत्र खलीफा सुलतान ने करबला में रफीउद्दीन की मिट्टी दिलवायी थी।

शाहाब्बासस्य पूर्वस्य सुल्तानः श्वसुरस्तथा ।
ईराननामदेशस्य स आसीत् सचिवस्तदा ॥२५३८॥

२५३८. वह (खलीफा) शाह अब्बास प्रथम का श्वसुर तथा ईरान का सचिव था।

कवाभुद्दीननामाऽयम् ईराने तदनन्तरम् ।
पदे ह्येकोऽधिकारीति नियुक्तोऽभूत् प्रशासनात् ॥२५३९॥

२५३९. तदन्तर कवामुद्दीन प्रशासन द्वारा ईरान में एक अधिकारी नियुक्त किया गया।

भ्रातुर्मृत्योस्तथा राज्यविप्लवाद् राज्यपालकः ।
ईरानं सम्परित्यज्य भारतं स समागमत् ॥२५४०॥

२५४०. भ्राता की मृत्यु एवं राज्य विप्लव के कारण वह राज्यपाल ईरान छोड़ कर भारत आया।

तत्पूर्वं भागिनेयोऽस्य मीरजाफरनामकः ।
एत्य शाहजहाँ-काले भारते मानितोऽभवत् ।।२५४१।।

२५४१. उसके पूर्व, उसका भांजा मीरजाफर, शाहजहाँ के समय भारत आकर, सम्मानित हुआ था।

खलीफा सुलतानस्य जामाता मीरपूर्वकम् ।
एमादुद्दीननामा च भारतं चैवमागमत् ।।२५४२।।

२५४२. खलीफा सुल्तान का जामाता (सम्बन्धी) एमादुद्दीन भारत आया।

रहमतखानपदवीप्रदानं तत्कृतेऽभवत् ।
सैय्यदः सदरः पश्चात् तदन्योऽप्यत्र चागतः ।।२५४३।।

२५४३. उसे रहमत खान की पदवी प्रदान की गयी। तत्पश्चात् उसका दूसरा सम्बन्धी सेय्यद सदरजहाँ भारत आया।

औरङ्गजेबश्चागत्य हसनाब्दालतः पुनः ।
काश्मीर-राज्यपालत्वे कवामुद्दीनमादिशत् ।।२५४४।।

२५४४. हसन अब्दाल[1] से आकर, औरंगजेब ने कवामुद्दीन को काश्मीर का राज्यपाल नियुक्त किया।

अष्टसप्ततितः पूर्वं षोडशात् वत्सरद्वयम् ।
ततो लाहौर-राज्यस्य शासकोऽसाववर्तत ।।२५४५।।

२५४५. ई० वर्ष १६७८ से दो वर्ष (सन् १६८०) तक वह लाहौर का राज्यपाल था।

कवामुद्दीनकोद्यानं तदा रथपुरास्थले ।
तेन निर्मापितं तत्र तत्कीर्तिद्योतकं महत् ।।२५४६।।

कवामुद्दीन बाग :

२५४६. उसने रथपुरा में 'कवामुद्दीन बाग'[2] का निर्माण कराया, जो उसके यश का द्योतक है।

---

१. हसन अब्दाल : प्राचीन गान्धार प्रदेश में वाह से उत्तर पश्चिम तथा तक्षशिला के पश्चिम उत्तर, अटक से दक्षिण-पश्चिम एवं हरो नदी के दक्षिण है। सामरिक महत्व का स्थान है।

२. कवामुद्दीन बाग : श्री आनन्द कौल, इस बाग के निर्माण का समय सन् १६७० ई० देते हैं।

महेशचौधरीनामा निशातोद्यानकोत्तरे ।
एकमुद्यानमन्यच्च तदानीं निरमापयत् ॥२५४७॥

चौधरी बाग :

२५४७. उसी समय महेश चौधरी ने निशात उद्यान के उत्तर एक उद्यान (चौधरी बाग[1]) निर्मित कराया।

राज्यपालस्य चेब्राहीम्खाँ द्वितीयस्य शासनम् ।
अनेकाकस्मिकाभिश्च घटनाभिः समन्वितम् ॥२५४८॥

इब्राहीम खाँ : सन् १६७८-१६८५ ई० (द्वितीय बार) :

२५४८. राज्यपाल इब्राहीम खां (द्वितीय बार) का प्रशासन काल अनेक आकस्मिक घटनाओं से परिपूर्ण था।

अष्टसप्ततितः पूर्वं षोडशे ख्रीष्टहायने ।
हाफिजा-मरयम्नाम्नी कवियित्री दिवङ्गता ॥२५४९॥

हाफिजा मरयम की मृत्यु :

२५४९. ई० वर्ष १६७८ में हाफिजा मरयम कवियित्री दिवंगत हुई।

ऊनाशीत्युत्तरे पूर्वं षोडशे भारतेऽखिले ।
औरङ्गजेबो जजियाकरं चारोपयत् किल ॥२५५०॥

जजिया :

२५५०. ई० वर्ष १६७९ में (२ अप्रैल को) औरंगजेब ने समस्त भारत में जजिया कर लगा दिया।

अदत्त्वा तत्करं यो वा हिन्दुर्यवनतां गतः ।
सम्राडेतत्समाकर्ण्याकरोत् तस्य समादरम् ॥२५५१॥

२५५१. जजिया कर देने में असमर्थ होकर, जो हिन्दू मुसलमान हो जाता था, सम्राट उसका आदर करता था।

ऊनाशीत्युत्तरे पूर्वं षोडशाब्दे चतुर्दश ।
मथुरा-कुरु-काशीभ्यो लाशामीयुर्मनीषिणः ॥२५५२॥

लाशा में धार्मिक विद्वान :

२५५२. ई० वर्ष १६७९ में काशी, मथुरा एवं कुरुक्षेत्र से चौदह धार्मिक विद्वान लाशा गये।

---

१. चौधरी बाग : डल लेक से ऊपर पर्वत के ढाल तक इसमें ८० उत्तल हैं। चौधरी का मकान रैनवारी में था। वहाँ भी उसने एक बाग बनवाया था। उसका भी नाम चौधरी बाग था। उसने दोंनों बागों को एक बांध द्वारा जोड़ दिया था। उसमें दो पक्के पुल तथा एक रैनवारी थे दूसरा निशात बाग के समीप था। प्रथम पुल के शिलालेख से पता चलता है कि यह बाग सन् १६७५-१६७६ ई० अर्थात् १०८५-१०८६ हिजरी में बनाया गया था। चौधरी बाग का अस्तित्व समाप्त हो गया है, किन्तु बांध तथा पुल आज भी वर्तमान है।

लद्दाख-शासको गे-लुग-पाऽभिधानो तदातने ।
विहार-वासिनः कुर्वन्नासीदातङ्कितांस्तथा ।।२५५३।।

२५५३. उस समय लद्दाखी शासक गे-लुग-पा विहार निवासियों को आतंकित करता था ।

पश्चिमे तिब्बते चैकां प्रैषयत् स्वां चमूमपि ।
गन्देन-तेन-बंगं लामा-दलाई चमूपतिम् ।।२५५४।।

२५५४. उसने पश्चिम तिब्बत में अपनी एक सेना भेज दी थी। दलाईलामा ने गन्देन-तेन-बंग सेनापति को—

मंगोल-तिब्बतोद्भूतैः सैनिकैः सह तानथ ।
पराजेतुं वशीकृत्य तदानीं स व्यसर्जयत् ।।२५५५।।

२५५५. मंगोल एवं तिब्बती सैनिकों के साथ, उन्हें पराजित करने लिये प्रेषित किया।

संघर्षोऽभूत् पुरंगाख्यस्थले किञ्चन तत्परम् ।
लद्दाख-सैनिका दुर्गे बभूवुस्ते सुरक्षिताः ।।२५५६।।

२५५६. पुरंग[1] में कुछ संघर्ष हुआ। लद्दाखी सेना दुर्ग में सुरक्षित थी।

तिब्बतीय चमूस्तेषामवरोधाय चाक्षमा ।
पृष्ठतस्तान् परित्यज्य लद्दाखे पुनरागता ।।२५५७।।

२५५७. तिब्बती सेना उनका घेराबन्दी करने में असमर्थ होकर, उन्हें पीछे छोड़कर लद्दाख पहुँच गयी।

लद्दाख-नृपतिर्दुर्गे तदा देल्दन्-नमग्यलः ।
ससैन्यं तत्र संतस्थौ शत्रुसेना तमावृणोत् ।।२५५८।।

२५५८. लद्दाख का राजा देलदन नमग्यल सेना सहित (वसगो)[2] दुर्ग में (मोंर्चाबन्दी कर) स्थित हो गया। शत्रु सेना ने उसे घेर लिया।

काश्मीर-मुगलाधीशात् स साहाय्यमयाचत ।
किन्तु भूटान-लामा-सत्प्रयासात् सन्धिमाश्रितः ।।२५५९।।

२५५९. राजा ने काश्मीर के मुगल शासक से सहायता की याचना की, किन्तु भूटान के लामा (मिम्फम) के प्रयास से सन्धि हो गयी।

---

१. पुरंग : राज्य था। पुरंग, मानसरोवर तथा मरि उमला आदि लद्दाख राज्य के अन्तर्गत १७ वीं शताब्दी में थे। टक्कल कोट पुरंग में था। पुरंग लद्दाख के लेह अंचल में है। गुजे के राजा लोग पुरंग के कुछ समय तक शासक थे।

२. वसगो : सिंध नदी के अधोभाग में दक्षिण तट पर लेह से १५ मील है। यहाँ बौद्धों के अनेक स्मारक हैं। मकान साफ़ बने हैं। लद्दाख में शीत ऋतु में यह सबसे अधिक गर्म रहता है। यहाँ शहरन (पोलो-ग्राउण्ड) है। विहार ऊंची चट्टान पर बने हैं। खालशी और लेह का मार्ग यहाँ मिलता है।

अशीत्युत्तरतः पूर्वं षोडशात् ख्रीष्ट-वत्सरात् ।
तथा पञ्चनवत्यन्तं षोडशं यावदत्र च ॥२५६०॥

२५६०. ई० वर्ष १६८० से १६९५ तक—

लद्दाख-खपलोरस्याऽभवद् बैरामभूपतिः ।
तथा केरिस-देशस्यामीरनामा नृपोऽभवत् ॥२५६१॥

२५६१. लद्दाक में खपलोर[1] का शासक भूपति बैराम था। केरिस[2] का राजा अमीर (सन् १६८०-१७१५ ई०) था।

परगुत्ती-नृपश्चैवमजीजोऽभूत् तदा खलु ।
तथा शिगार-देशस्य राजाऽऽसीद् घीरजेऽभिधः ॥२५६२॥

२५६२. इसी प्रकार उस समय परगुता[3] का राजा अजीज चो (सन् १६८०-१७१० ई०) तथा शिगार[4] का राजा घीरजे (सन् १६८०-१६९५ ई०) था।

बालती-नृपतिश्चैवं रफी-खाँऽऽसीत् तथैव च ।
रोगदो-भूप आसीच्च दोलत-शेरनामकः ॥२५६३॥

२५६३. उसी समय के लगभग बालती का राजा रफी खाँ (सन् १६८०-१७१० ई०) एवं रोगदो (रोनद्) का राजा दोलत शेर था।

एकाशीत्युत्तरे पूर्वं षोडशे ख्रीष्टहायने ।
भूकम्पोऽजनि येनात्र चकम्पे परितोऽवनिः ॥२५६४॥

भूकम्प :

२५६४. ई० वर्ष १६८१[5] में भूकम्प हुआ जिससे यहाँ सब ओर भूमि कांप उठी।

---

१. खपलोर तथा चोरबट : शयोक नदी पर है। सन् १८४० के पूर्व बालती राज्य के अन्तर्गत थे।

२. केरिस : स्कर्दू में शयोक नदी और सिन्धु नदी के संगम के समीप है। यह १६ मील लम्बा और १० मील चौड़ा है। यहाँ हल हाथ से खींचे जाते थे। बैल का भी प्रयोग होता था। खुबानी और शहतूत बहुत होते हैं। पहाड़ सूखा है। शयीक नदी के दक्षिण तट से लेह स्कर्दू सड़क जाती है।

३. परगुता (परकुटा) : सिंधु नदी के बाएं तट पर बालतिस्तान में एक बड़ा गाँव है। यह परकुटा के राजा का पूर्वकाल में निवासस्थान था। परकुटा और स्कर्दू के राजा एक ही वंश के थे। सिखों के राजकाल में वे हटाये गये थे। फल के बहुत वृक्ष हैं। अंगूर भो होता है। गाँव समुद्र की सतह से ७८०० फीट की ऊँचाई पर है। स्कर्दू बजारत में हैं।

४. शिगार : नदी तथा भूखण्ड दोनों का नाम है। शिगार नदी के बायें तट पर शिगार की आबादी है। यहाँ गेहूँ, जौ तथा मोटा अनाज जैसे—बाजरा, मक्का, कोदो आदि पैदा होता है। बालतिस्तान में सबसे अच्छी खुबानी यहीं पैदा होती है। बालतिस्तान में सर्वोत्तम रमणीक स्थान है।

५. कुछ लेखकों ने यह समय सन् १६८० ई० दिया है।

त्र्यशीत्युत्तरतः पूर्वं षोड़शे घोरवर्षणात् ।
नदीष्वन्तर्गृहा आसन् समन्ताद् बुद्बुदोपमाः ॥२५६५॥

घोर वृष्टि :

२५६५. ई० वर्ष १६८३ में अतिवृष्टि से नदियों में घर बुद्बुद सदृश तैरने लगे थे ।

तदा फरुख्शियर्पुत्रोऽजीमुशः ह्यालमस्य च ।
पौत्र औरङ्गजेबस्य प्रपौत्रो जन्म लब्धवान् ॥२५६६॥

२५६६. उसी समय फरुखशियर, पुत्र अजीजमुशान, पौत्र शाह आलम, प्रपौत्र ओरंगजेब, का जन्म हुआ ।

त्र्यशीत्युत्तरतः पूर्वं षोडशारम्भकालतः ।
षष्ट्युत्तरं सप्तदशं यावद् राजपुरी-नृपः ॥२५६७॥

२५६७. ई० वर्ष १६८३-१७६० के मध्य राजपुरी का राजा—

आसीदजमतुल्लाखाँ तथैतस्मिन् समावधौ ।
मण्डी-नृपतिरासीत् स सिद्धसेनाऽभिधानकः ॥२५६८॥

२५६८. आजमतुल्ला खां (सन् १६८३-१७६० ई०) तथा इसी समय मण्डी का राजा सिद्धसेन (सन् १६८४-१७३७) ई०) था ।

चतुरशीत्युत्तरतः पूर्वं षोडशकेऽब्दके ।
काश्मीरे पुनरायातो भूकम्पः प्रलयङ्करः ॥२५६९॥

भूकम्प :

२५६९. ई० वर्ष १६८४ में काश्मीर में पुनः प्रलयकारी भूकम्प हुआ ।

गृहाश्चपतितास्तेन नैके मृत्युमुपागताः ।
झेलमाख्याऽपगायाश्च सेतवः त्रुटिता समे ॥२५७०॥

२५७०. घर गिर गये । बहुत लोग मर गये । झेलम के समस्त सेतु भग्न हो गये ।

मध्येशिया-भूवास्तव्या जजाक-जनजातिकाः ।
ये च काशगराद्रीय क्षेत्रेषु न्यवसन् तदा ॥२५७१॥

कजाकों का उपद्रव :

२५७१. मध्येशिया भूवासी कजाक[1] जनजाति के लोग उस समय काशगर के पर्वतीय क्षेत्र में निवास करते थे ।

---

१. कजाक : सोवियत गणतन्त्र तथा कजाकिस्तान का एक भाग है । पूर्वकाल में यहाँ का एक मात्र पेशा पशु-पालन था । इसके पूर्व सिकियांग पश्चिम में वोल्गा नदी, उत्तर, ट्रान्स साईबेरियन रेलवे तथा दक्षिण में नियेन शान पर्वत है । । इसमें सीर दरिया, इतिस, यूराल, इलि तथा इशिम नदियाँ हैं ।

बालतिस्तान-लद्दाख-प्रदेशौ संविलुण्ठ्य ते ।
बबन्धुः शासकं चापि तस्मिन्नेव च वत्सरे ।।२५७२।।

२५७२. उन लोगों ने इसी वर्ष बालतिस्तान तथा लद्दाख को लूट कर, वहाँ के शासक को बन्दी बना लिया ।

मध्येशियास्थ-मंगोलजातिकोपद्रवादथ ।
स्वातन्त्र्यं च दुराक्रान्तं लद्दाखस्य किलाभवत् ।।२५७३।।

मंगोल-लद्दाख संघर्ष :

२५७३. मध्येशिया के मंगोल जाति के उपद्रव के कारण लद्दाख की स्वतन्त्रता बाधित हो गयी ।

तदा लद्दाखदेशस्य शासको जनरक्षकः ।
दे-लेक-नमग्यलो नामाऽऽसीन्नृपासनसंस्थितः ।।२५७४।।

२५७४. उस समय लद्दाख का शासक दे-लेक-नमग्यल ग्यल्पो सिंहासनारूढ़ था ।

काश्मीर-राज्यपालं च स साहाय्यमयाचत् ।
फिदाईखाँऽभिधः पुत्रः ससैन्यं प्रेषितोऽमुना ।।२५७५।।

२५७५. उसने काश्मीर के राज्यपाल से सहायता की याचना की । राज्यपाल ने अपने पुत्र फिदाई खां को सेना सहित सहायतार्थ प्रेषित किया ।

वैरिणस्तस्य साहाय्यात् तदाऽभूवन् पराजिताः ।
नैके श्रृंखलयाबद्धा नीताः श्रीनगरं प्रति ।।२५७६।।

२५७६. उसकी सहायता से शत्रु पराजित हो गये । बहुत से शत्रु जंजीर से बांध कर श्रीनगर लाये गये ।

फिदाईखाँ तदानीं च तत्राकस्मात् कुतोऽप्यसौ ।
भूमिष्ठं कोषमासाद्य प्रचुरं धनमाप्तवान् ।।२५७७।।

२५७७. उस समय फिदाई खाँ ने कहीं भूमिगत कोश प्राप्त किया, जिससे उसे प्रचुर धन लाभ हुआ ।

चतुरशीत्युत्तरतः पूर्णे षोडशवत्सरे ।
लद्दाख-तिब्बताख्यौ तौ देशौ सन्धिं प्रचक्रतुः ।।२५७८।।

लद्दाख-तिब्बत सन्धि :

२५७८. ई० वर्ष १६८४ में लद्दाख एवं तिब्बत में सन्धि हुई ।

तेन सन्ध्यनुसारेण न्यायतश्चोभयोरपि ।
सीमा-निर्धारणं जातं तयोश्च चिरशान्तये ।।२५७९।।

२५७९. उस सन्धि के अनुसार चिरकालीन शान्ति के लिये न्यायपूर्वक सीमा निर्धारण किया गया ।

एतस्मिन् समये जातो विद्रोहः पुरिकेऽधिकः ।
मंत्री शाक्य-ग्य-चोनामा सेनया सह स स्वयम् ॥२५८०॥

२५८०. उसी समय पुरिक में महान् विद्रोह हुआ। मन्त्री शाक्य-ग्य-चो सेना सहित—

खर्बू-स्थानमुपागत्य तांश्च विद्रोहिणोऽखिलान् ।
निबध्य हैमिसाख्ये च दुर्गे स्थापितवानिमान् ॥२५८१॥

२५८१. खर्बू[1] स्थान पर गया और उन विद्रोहियों को बन्दी बनाकर, हैमिस[2] दुर्ग में डाल दिया।

पञ्चाशीत्युत्तरे पूर्णे षोडशे ख्रीष्टवत्सरे ।
चिगतन्-शंक-शोदेषु लद्दाखेऽभूदुपप्लवः ॥२५८२॥

२५८२. ई० वर्ष १६८५ में लद्दाख में चिगतन[3], शंकों तथा शोद[4] स्थानों पर विद्रोह हुआ।

थाई-सुल्ताननामा च नेता विद्रोहिणां खलु ।
करचूग्राममध्येऽसौ बद्धो लेहं विसर्जितः ॥२५८३॥

२५८३. विद्रोहियों का नेता थाई सुल्तान करचूँ[5] ग्राम में वन्दी बनाकर, लेह भेज दिया गया।

लद्दाख-सेनया भूयो ह्यागच्छन्त्या ततस्तया ।
बालत्यधीनमाक्रान्तं खपलोराख्यपत्तनम् ॥२५८४॥

२५८४. वहां (करचू) से लौटते समय लद्दाखी सेना ने बालती के अधीनस्थ खपलोर[6] पर आक्रमण कर अधिगत कर लिया।

---

१. खर्बू : खर्बो एवं खर्बू दो स्थान हैं। खर्बो या खबू या करबू कुशी नदी के वाम तट पर, नमयिक ला तथा फोटू ला के मध्य है। खरबू दरस नदी के दक्षिण तट पर एक ग्राम है। श्रीनगर लेह मार्ग पर तशगम तथा करगिल के मध्य हैं। यह हरदस से ११ मील तथा नशगन से ५ मील दूर है। निवासी भोट या बौद्ध हैं।

२. हेमिस : तिमसी ग्राम तथा खलासी सिन्धु नदी के दक्षिण तट से कुछ मील दूर है। वहाँ एक पुराने दुर्ग का ध्वंशावशेष है। हेमिस दुर्ग का तात्पर्य सम्भवतः इसी से है। हेमिस गुम्पा दूसरा स्थान लद्दाख की सबसे बड़ी तथा धनी गुम्फा या विहार है। यह सिन्धु नदी के वाम तट पर लेह से १८ मील ऊपर है।

३. चिगतन तथा शको : शरकर सूरू उपत्यका है।

४. शोद : पुरिक में पर-क्यूम के समीप है।

५. करचू : सूरू का मुख्य नगर है। इसे लोग कर्त भी कहते हैं।

६. खपलोर : शायक नदी पर है। सन् १८४० ई० पूर्व बालती राज्य के अन्तर्गत था।

कालान्तरे च करचू-बालतीदेशयोर्नृपौ ।
काश्मीर-राज्यपालस्य सम्प्राप्योभौ सहायताम् ॥२५८५॥

२५८५. कालान्तर में करचू एवं बालती के राजाओं ने काश्मीर के राज्यपाल से सहायता प्राप्त कर—

सरीरूस्थानमासाद्य बलवीर्यसमन्वितौ ।
लद्दाखस्य च सेनाया उपर्याक्रमतामथ ॥२५८६॥

२५८६. सरीरू स्थान पर लद्दाखी सेना के ऊपर आक्रमण किया ।

लद्दाख-सैन्याधिपती परकाख्यनमग्यलात् ।
विजितौ यावनौ चोभौ शासकौ करदीकृतौ ॥२५८७॥

२५८७. लद्दाखी सेनापति परकनमग्यल से पराजित होकर, वे दोनों मुसलमान शासक लद्दाख के करद हो गये ।

पञ्चाशीत्युत्तरे पूर्वं षोडशे सोगजातिजाः ।
तदानीं सोकपो–नामान्तरेण प्रतिविश्रुताः ॥२५८८॥

लद्दाख पर आक्रमण :

२५८८. ई० वर्ष १६८५ में सोग जनजाति के लोगों ने जो उस समय सोकपौ नाम से प्रसिद्ध थे—

गलदन्-लोवूजंग-नाम्नः शेखस्य सबलस्य च ।
नेतृत्वे ते च लद्दाखे चक्रुराक्रमणं भृशम् ॥२५८९॥

२५८९. गलदन-लोव जंग शेख के नेतृत्व में लद्दाख पर आक्रमण किया ।

लद्दाख-सैनिकास्तत्र दलङ्शेखे पराजिताः ।
लुग-खुंगस्थलं यावत् शत्रवस्तानपोथयन् ॥२५९०॥

२५९०. लद्दाखी सैनिक दलंग शेख पर पराजित हो गये । शत्रुओं ने लुगखुंग स्थान तक उनका पीछा किया ।

षडशीत्युत्तरे पूर्वं षोडशे ते पुनः खलु ।
प्रापुर्लद्दाखमाक्रम्य चंगलाग्रामशासनम् ॥२५९१॥

२५९१. ई० वर्ष १६८६ में उन लोगों ने पुनः लद्दाख पर आक्रमण कर चंगला[1] ग्राम पर अधिकार कर लिया ।

---

१. चंगला : सिन्धु उपत्यका में है । चंग मैदान को जाने वाले मार्ग पर एक दर्रा है । यह लद्दाख तथा चीनी तुर्किस्तान की सीमा पर है ।

तत्र तैश्च गुजाख्यस्य जना आगत्य चामिलन् ।
चंगलेत्यत्र ते तस्थुर्लेहं शत्रुचमूर्गता ॥२५९२॥

२५९२. वहां गुज[1] के लोग आकर उनसे मिल गये । वे जाकर चंगला[2] दर्रा पर स्थित हो गये । लद्दाखी सेना चली गयी ।

सोकपा पूर्णलद्दाखे न्यियो-पर्यन्तमाप्नवान् ।
तशीगंगा-वकूदुर्गातिरिक्तं स्वाधिकारिताम् ॥२५९३॥

२५९३. सोकपा ने सम्पूर्ण लद्दाख पर न्यियो[3] पर्यन्त अधिकार कर लिया, केवल तशी गंगा, वकू एवं चिमरा[4] दुर्ग शेष बचे ।

तुमुज्दुर्गे च विफलाक्रमणानन्तरं हि ते ।
वजगो-स्थानमाश्रित्य षण्मासान्यवसन्नमी ॥२५९४॥

२५९४. तुमुज दुर्ग पर असफल आक्रमण के पश्चात् वे वजगो[5] स्थान पर छः माह स्थित रहे ।

मध्येऽस्मिन् च मिथो जातः संघर्षश्चापि सन्ततम् ।
षडशीत्युत्तरे पूर्वमब्देसप्तदशाङ्किते ॥२५९५॥

२५९५. ई० वर्ष १७८६ में (भी) इस प्रकार निरन्तर परस्पर संघर्ष होता रहा ।

पञ्चाशीत्युत्तरे पूर्वं षोडशे ख्रीष्ट-हायने ।
शिया-सुन्नीतिभेदेन भिन्नानां सम्प्रदायिनाम् ॥२५९६॥

शिया-सुन्नी संघर्ष :

२५९६. ई० वर्ष १६८५ में शिया एवं सुन्नी सम्प्रदायों के बीच—

काश्मीरे समभूद् घोरः संघर्षस्तेषु सर्वतः ।
हसनाबादमध्यस्था शियाख्या वसतिस्तदा ॥२५९७॥

२५९७ काश्मीर में घोर संघर्ष हुआ । उस समय हसनाबाद[6] में शिया लोगों की बस्ती थी ।

---

१. गुज : समुद्र सतह से ७८०० फीट की ऊँचाई पर है। श्रीनगर से ६८ मील पर कुजलख और गूरी-कोट के मध्य है । पुराना नाम 'जन जुण' था । आवादी काफी है । धनी स्थान है ।

२. चंगला : सिन्धु-उपत्यका से चंग मैदान को जाने वाले मार्ग पर एक दर्रा है। वह लद्दाख तथा चीनी तुर्किस्तान की सीमा पर है । गनस्कोल ला के उत्तर हैं।

३. न्यियो : लेह से नीचे या अधोभाग में सिन्धु नदी तट पर यह स्थान हैं ।

४. चिमरा : चूर्मरा ग्राम सिन्धु की एक स्रोतस्विनी के संगम पर है ।

५. वजगो : लेह से लगभग बीस मील दूर सिन्धु तट पर है ।

६. हसनाबाद : श्रीनगर में शिया आवादी है ।

तत्पुत्रेण च जामात्राऽब्दुलशकूरेण प्राक् समम् ।
सुन्नीति सादिकाख्यस्य विवादोऽभूत् परस्परम् ॥२५९८॥

२५९८. अब्दुल शकूर, उसके पुत्र एवं दामाद से सुन्नी मतानुयायी मुहम्मद सादिक का विवाद हुआ।

निगृह्य सादिकं तस्मिन्नत्याचारो भृशं कृतः ।
असन्तोषश्च सुन्नीति धर्मिणामधिकोऽभवत् ॥२५९९॥

२५९९. सादिक को पकड़ कर, उसपर महान् अत्याचार किया गया। सुन्नियों में असन्तोष बढ़ गया।

राज्यपाल-सुतश्चापि फिदाईखाँ शियादलम् ।
पक्षपातं समाश्रित्य समुत्साहितवान् यदा ॥२६००॥

२६००. राज्यपाल के पुत्र फिदाई खां ने पक्षपातपूर्वक शिया वर्ग को प्रोत्साहित किया।

मुगलेष्वपि ये चासन् सुन्नीधर्माधिकारिणः ।
तेऽपि तेषां च साहाय्यं कर्त्तुं तत्र समागताः ॥२६०१॥

२६०१. सुन्नी मुगल अधिकारी भी सुन्नियों के सहायतार्थ वहां आ गये।

अन्योन्यद्वेषभावेन संघर्षस्तीव्रतां गतः ।
तेन नैके युवानश्च वृद्धाश्चापि निपातिताः ॥२६०२॥

२६०२. पारस्परिक द्वेषभाव के कारण संघर्ष बढ़ गया, जिससे अनेक युवक एवं वृद्ध मारे गये।

शकूरं तत्सुतं तस्य जामातारं तदा खलु ।
राज्यपालोऽर्पयद् बाध्यो भूत्वा सुन्नीदलाय च ॥२६०३॥

२६०३. बाध्य होकर राज्यपाल ने शकूर, उसके पुत्र एवं जामाता को सुन्नी वर्ग को अर्पित कर दिया।

ते च तेषां वधं चक्रुस्तथा ये वा शियाजनाः ।
तेषां हस्तगता जाता ते हि तैर्विनिपातिताः ॥२६०४॥

२६०४. सुन्नियों ने शिया लोगों की तथा शिया लोगों ने हस्तगत हुए, सुन्नियो की हत्या की।

मुफ्ती-काजीयुतो बख्शीजनश्चापि सुधार्मिकः ।
निबद्धाः समभूवंस्ते तस्मिन् प्रकृति-विप्लवे ॥२६०५॥

२६०५. प्रजा के उस विप्लव में मुफ्ती[1], काजी[2], एवं बख्शी[3] भी बन्दी बनाये गये।

---

१. मुफ्ती : मुसलिम धर्मशास्त्र वेत्ता मौलवी।

२. काजी : न्यायकर्ता या मुन्सिफ, निकाहकराने वाला।

३. बख्शी : सैनिकों को वेतन देने वाला अधिकारी।

सम्राडौरङ्गजेबश्च वृत्तमेतद् यदाप्तवान् ।
राज्यपालं च्युतं कृत्वा बन्धगं कृतवांस्तदा ॥२६०६॥

२६०६. सम्राट औरंगजेब को जब यह समाचार ज्ञात हुआ, उसने राज्यपाल को पदच्युत कर दिया ।

लाहौरमण्डलं तस्मिन् सम्प्राप्ते सति सत्वरम् ।
सन्निबद्धः कृतोऽभूच्च कारागारैककोष्ठके ॥२६०७॥

२६०७. तदनन्तर लाहौर पहुँचने पर, उसे बन्दी बनाकर कारागार में डाल दिया ।

जम्मूप्रदेशनृपतिर्मुगलान् प्रतिरोषणात् ।
विद्रोहं कृतवांस्तत्र तद्वशीकरणाय च ॥२६०८॥

हफीजुल्ला खां ई० वर्ष १६८६-१६९०[1] ई० :

२६०८. जम्मू नृपति ने मुगलों के प्रति क्रोधभाव के कारण विद्रोह किया, उसे वश में करने के लिये—

राज्यपालः ससैन्यं तं चाबुल्फतहखाँऽभिधम् ।
स्थानापन्नं नियोज्य स्वं प्रतस्थे योद्धुमिच्छया ॥२६०९॥

२६०९. राज्यपाल ने अबुल् फतह खां को अपना प्रतिनिधि बनाकर, सेना सहित युद्ध की इच्छा से स्वयं प्रस्थान किया ।

निरस्य तस्य विद्रोहं दिल्ल्यां राज्यसभां गतः ।
अबुल्फतहखाँ स्थानापन्नोऽसौ राज्यपालकः ॥२६१०॥

२६१०. उसका विद्रोह शान्त कर, वह दिल्ली राजसभा में उपस्थित हुआ । स्थानापन्न राज्यपाल अबुल फतह खां—

एकमासाधिकस्यैकवर्षस्यान्ते निजे पदे ।
नियोज्याबूफतहशेखं सोऽपि दिल्लीं समाययौ ॥२६११॥

अबूफतह :

२६११. एक वर्ष एक मास पश्चात् शेख अबूफतह को अपने स्थान पर, नियुक्त कर दिल्ली चला गया ।

वर्षेऽस्मिंश्च कृषिर्नष्टा यावन्मासत्रयं जनाः ।
सकष्टं समयं निन्युरकालो दक्षिणेऽप्यभूत् ॥२६१२॥

अकाल :

२६१२. इसी वर्ष कृषि नष्ट हो गयी । तीन मास पर्यन्त लोगों ने दुःख पूर्वक समय व्यतीत किया । दक्षिण भारत में भी अकाल पड़ा ।

---

१. कुछ लेखकों ने यह समय सन् १६८५-१६८९ दिया है ।

सप्ताशीत्युत्तरे पूर्णे षोडशे वत्सरे खलु।
लद्दाखीयाश्च काश्मीरादयाचन्त सहायताम् ॥२६१३॥

२६१३. ई० वर्ष १६८७ में लद्दाखी लोगों ने काश्मीर से सहायता की याचना की।

सम्राडौरङ्गजेबस्यानुमत्या राज्यपालकः।
षट्सहस्त्रमितांस्तत्र सैनिकान् शस्त्रसज्जितान् ॥२६१४॥

२६१४. सम्राट औरंगजेब की अनुमति से राज्यपाल ने शस्त्रसज्जित छः सहस्र सैनिक—

लश्करमुरीदफतह्-कहगन्-सुल्तान-याहिया-।
जहाँगीराभिधानानां नेतृत्वे संव्यसर्जयत् ॥२६१५॥

२६१५. लश्कर खां, मुरीद खां, नबाब फतेह खां, कहगन सुल्तान, यहिया खां एवं जहांगीर खां के नेतृत्व में प्रेषित किया।

खलच्च-निकटे सेना सिन्धुपारमगादसौ।
पितकं यावदेषा च विजित्यारीनघर्षयत् ॥२६१६॥

२६१६. सेना ने खलच्च[1] के निकट सिन्धु पार किया। मुगल सेना ने शत्रुओं (सोकपो) को जीत कर, पितक तक पीछे हटा दिया।

अधिकृत्य शत्रुदुर्गं सोकपो नाम मारितः।
अवशिष्टाश्च ये तत्र लेह-दुर्गं त आश्रयन् ॥२६१७॥

२६१७. शत्रुओं के दुर्ग पर अधिकार कर सोकपो को मार डाला। अवशिष्ट सोकपों ने लेह दुर्ग का आश्रय लिया।

मिथः सन्धिरभूदन्ते लद्दाखं संविहाय ते।
कशून-क्षेत्रपर्यन्तं सोकपो-जातिका ययुः ॥२६१८॥

२६१८. अन्त में परस्पर सन्धि हो गयी। सोकपो लोग लद्दाख छोड़ कर, कशून तक पीछे हट गये।

मुजफ्फरखाँ-सुतो नाम शाइस्ताखाँनकस्य सः।
आसीद् हिंसा-प्रियः क्रूरः कुटिलः किल मानवः ॥२६१९॥

मुजफ्फर खां ई० वर्ष १६९०[2]-१६९२ :

२६१९. मुजफ्फर खां पुत्र शाइस्ता खां हिंसा प्रेमी, क्रूर एवं कुटिल व्यक्ति था।

---

१. खलच्च : काश्मीर लेह मार्ग (सिन्धु नदी) पर पुल है।

२. कुछ लेखकों ने सन् १६८९ ई० दिया है।

काश्मीर-वासिनां तेन शोषणार्थं समन्ततः ।
दामदारी-नमक्सारी-चौथाख्याश्च कराः कृताः ॥२६२०॥

शोषण :

२६२०. उसने काश्मीरियों के शोषण के लिये, उन पर दामदारी, नमक-सारी एवं चौथ आदि कर लगाये ।

तैश्च नैकविधैर्दीर्घैर्जनतायै कृतैः करैः ।
आयः षष्टि-सहस्रेण राज्यस्य परिवर्धितः ॥२६२१॥

२६२१. जनता पर लगाये गये, नानाप्रकार के करों से राज्य की आय बढ़ कर, साठ हजार तक हो गयी ।

स्वकुरान-मजीदस्याभियोगः केनचित् कृतः ।
अन्यस्योपरि किन्त्वत्र नाजिमोऽभूद् विरोधभाक् ॥२६२२॥

२६२२. किसी ने अपनी कुरान मजीद का अभियोग दूसरे पर आयोजित किया । नाजिम[1] प्रतिकूल हो गया ।

चौथाख्यकरमादातुं कुरान-ग्रन्थतो हि सः ।
कानिचित्तस्य पत्राणि पृथक्कृत्यापसारयत् ॥२६२३॥

२६२३. उसने चौथ कर लेने के लिये कुरान से कुछ पन्ने निकाल लिये ।

ऊननवतितः पूर्वं षोडशे सोकपो पुनः ।
लद्दाखोपरि चाक्रम्य लेहदुर्गं व्यनाशयत् ॥२६२४॥

लद्दाख पर आक्रमण :

२६२४. ई० वर्ष १६८९ में सोकपो जाति ने पुनः लद्दाख पर आक्रमण कर लेह दुर्ग विनष्ट कर दिया ।

लामा ब्रुग्–प–फमाख्यस्य मध्यस्थत्वे रुदोकतः ।
करवोनसपर्यन्तं सीमा निर्धारिताऽभवत् ॥२६२५॥

२६२५. लामा ब्रुग-प-फम की मध्यस्थता में रुदोक[2] से करवोनस पहाड़ी सीमा निर्धारित कर दी गयी ।

साइस्ताखाँ-सुतः किञ्च राज्यपालस्य चानुजः ।
आसीदबूनसरखां प्रकृत्या लोलुपः खलः ॥२६२६॥

अबूनसर खां ई० वर्ष १६९२-१६९८ :

२६२६. साइस्ता खां का पुत्र तथा राज्यपाल मुजफ्फर खां का भाई अबूनसर खां स्वभावतः लोभी एवं दुर्जन था ।

---

१. नाजिम : व्यवस्थापक ।

२. रुदोक : चीनी जिला नरीखेर का एक अंचल है । लद्दाख तक तथा रुपस जिला के पूर्व उसमें पगोग सर का उत्तरी भाग सम्मिलित था ।

स मुकर्रमखाँस्थाने लाहौरे मालवापुरे ।

राज्यपालो नियुक्तोऽभूत् काश्मीरस्याप्यनन्तरम् ॥२६२७॥

२६२७. वह काश्मीर के पश्चात् मुकर्रम खां के स्थान पर लाहौर में तदनन्तर मालवा में राज्यपाल नियुक्त हुआ ।

किञ्चित्कालं स वंगेऽपिनियुक्तोऽभूत् ततः परम् ।

शासकोऽवधदेशस्य शासनेन नियोजितः ॥२६२८॥

२६२८. कुछ समय बंगाल में तश्चात् अवध में वह शासक नियुक्त हुआ था ।

पञ्चनवत्युत्तरतः षोडशे ख्रीष्टवत्सरे ।

सम्राडौरङ्गजेबोऽसौ हिन्दुभ्यो निरदेशयत् ॥२६२९॥

हिन्दुओं पर बन्धन :

२६२९. ई० वर्ष १६९५ में सम्राट औरंगजेब ने हिन्दुओं के लिये विशेष निर्देश जारी किया था ।

हस्त्यश्वशिविकाशस्त्रै रहिताः सन्तु हिन्दवः ।

तदर्थं शासनात्तेन निषेधाज्ञा प्रसारिता ॥२६३०॥

२६३०. 'हिन्दू हाथी, घोड़े, पालकी एवं शास्त्रास्त्र न रखें' उसके लिये उसने निषेधाज्ञा प्रसारित कर दी ।

दशोत्तरं सप्तदशं यावदास्तां प्रशासकौ ।

मीरखाँ हैदरखाँ च खपलोर-शिगारयोः ॥२६३१॥

खपलोर एवं शिगार :

२६३१. ई० वर्ष १६९५-१७१० ई० में लद्दाख में मीर खां खपलोर का तथा हैदर खां शिगार का राजा था ।

खुलसत्तुत्तवारीखेत्यस्यस्ति रचनातिथिः ।

खत्रीसुजनरायस्य पञ्जाबान्तर्निवासिनः ॥२६३२॥

२६३२. यही (१६९५-९६) 'खुलास-तु-त्तवारिख' लेखक सुजन राय खत्री (बपटाला जिला गुरुदासपुर पंजाब) का रचनाकाल है ।

तन्मतेन च काश्मीरे राज्यस्यायो ह्यवर्तत ।

सार्धैकत्रिंशदधिकलक्षरुप्यकराशिकः ॥

षट्चत्वारिंशदुदिताः प्रदेशे प्रविभागकाः ॥२६३३॥

आय :

२६३३. उसके अनुसार काश्मीर में राजकीय आय[1] लगभग साढ़े एकतीस लाख थी । प्रदेश में ४६ प्रविभाग (महाल) थे ।

---

१. आय : ३१,५७, १२५, अकबरशाही रुपये थी ।

राज्यपालस्य तस्याऽभूत् काले व्योम तमोवृतम् ।
घोरावृष्टिर्बभूवान्ते सविद्युन्मेघगर्जनम् ।।२६३४।।

अन्धकार :

२६३४. इस राज्यपाल के समय एक बार आकाश अन्धकाराच्छन्न हो गया । विजली की चमक एवं मेघ गर्जन के साथ घोर वृष्टि हुई ।

काश्मीरं पूर्णतश्चाभूदन्धकारसमावृतम् ।
स्वगृहेषु प्रदीपाश्च जनैः प्रज्ज्वालितास्तदा ।।२६३५।।

२६३५. सम्पूर्ण काश्मीर में अन्धकार छा गया । उस समय लोग अपने घरों में दीपक जला दिये ।

द्वित्रहोरान्तरे भूयः काश्मीरे सूर्यरश्मयः ।
तेन लोका मुदं प्रापुः प्रसन्नाश्चाभवन् दिशः ।।२६३६।।

२६३६. दो तीन घण्टे पश्चात् पुनः सूर्य की किरणें चमक उठी । लोग प्रसन्न हो गये । दिशाएं आलोकित हो गयी ।

सप्तनवत्युत्तरतः षोडशे ख्रीष्टहायने ।
पञ्चत्रिंशल्लक्षमितः काश्मीरायस्तदाऽभवत् ।।२६३७।।

आय :

२६३७. ई० वर्ष १६९७ में काश्मीर की आय[1] लगभग पैंतीस लाख रुपये थी ।

अलाउल्-मुल्क-तूनीतिमुल्लाख्यस्यानुजात्मजः ।
आसीत् फाजिलखांनामा यवनीयकुलोद्भवः ।।२६३८।।

फाजिल खां बुर्हानुद्दीन ई० वर्ष १६९८-१७०१ :

२६३८. मुसलमान वंश में उत्पन्न फाजिल खां मुल्ला अलाउल मुल्क तूनी का भतीजा था।

मृत्योः पश्चात् पितृव्यस्य देशादीराननामकात् ।
भारतं देशमायातस्तदा यात्राप्रसङ्गतः ।।२६३९।।

२६३९. पितृव्य के मृत्यु-पश्चात् वह यात्रा प्रसंग में ईरान से भारत आया था ।

काश्मीरे राज्यपालस्य पदात् प्रच्युत्यनन्तरम् ।
बुरहानपुरं यातस्तत्रैवासौ दिवं गतः ।।२६४०।।

२६४०. काश्मीर में राज्यपाल पद से हटने के पश्चात् वह बुरहानपुर गया । वहीं पर उसकी मृत्यु हो गयी ।

---

१. आय : ३५,०५,००० अकबरशाही रुपये थी ।

मुजफ्फर्खां-नसर्खाँभ्यामुभाभ्यां विहिताः कराः ।
तेन दूरीकृता नव्या काश्मोरे चालिता प्रथा ॥२६४१॥

२६४१. मुजफ्फर खां एवं नसर खां द्वारा लगाये नये कठोर करों को दूर कर, उसने काश्मीर में शासन की नयी (मनसबदारी) प्रथा चलायी ।

नैके काश्मीरवास्तव्याः सैनिकाश्च नियोजिताः ।
हजूरीति-समुद्यानसमीपे चैकनूतनः ॥२६४२॥

२६४२. अनेक काश्मीरियों को सैनिक पदों पर नियुक्त किया । हजूरी बाग के समीप उसने एक नवीन—

बन्धो हफ्तचिनाराख्यस्तेन निर्मापितो यतः ।
दुग्धगङ्गाजलाद्रक्षा भवेच्छ्रीनगरे यथा ॥२६४३॥

२६४३. बाँध 'हफ्तचिनार' निर्मित कराया; जिससे दुग्ध गङ्गा[1] के जल से श्रीनगर की रक्षा हो ।

जलबन्धस्य रक्षायै समन्तात् तस्य रोपिताः ।
चिनार-तरवस्तेन हसन्बादे तथैव च ॥२६४४॥

२६४४. बाँध के रक्षार्थ उसपर चिनार-वृक्ष लगवाये । हसनबाद तथा—

जोगीलंकर्रैनवारी-स्थलेऽसौ खानकाहकम् ।
मस्जिद्-संगीनपार्श्वे च स्नानागारं विनिर्ममे ॥२६४५॥

२६४५. जोगी लंकर[2], रैनबारी[3] में खानकाह तथा मस्जिद संगीन के समीप स्नानगार का (हमाम) निर्माण कराया ।

तेनोत्तरे हजरत–बलस्योद्यानमेकलम् ।
निर्मापितमभूद् रम्यं जीर्णं सर्वं नवीकृतम् ॥२६४६॥

२६४६. उसने हजरतबल[4] के उत्तर एक सुन्दर उद्यान लगवाया । पुराने राजकीय भवन-उद्यान आदि का जीर्णोद्धार कराया ।

---

१. दुग्धगंगा = दुदगंगा = चतसकुल = दुग्ध सिन्धु = श्वेतगंगा = दिद्दामठ या दिदमर के समीप वितस्ता (झेलम) तथा दुग्धगंगा का संगम है । यह तीर्थ है ।

२. जोगीलंकर : रैनबारी में एक मुहल्ला है ।

३. रैनबारी : श्रीनगर के उत्तरी भाग में है ।

४. हजरतबल : डललेक के तट पर एक मुहल्ला तथा जियारत है । यहां मु-इ-मुबारक अर्थात् पैगम्बर का बाल रखा है ।

शते सप्तदशे चाब्दे काश्मीरस्याय उच्चितः ।
ऊनसप्ततिलक्षादप्यधिको रुप्यसंख्यया ।।२६४७।।

२६४७. ई० वर्ष १७०० में काश्मीर की आय[1] उनहत्तर लाख रुपये से अधिक थी।

शतात् सप्तदशाद् यावत् पञ्चवर्षाणि शासकः ।
आसीद् राजकुमाराश्च पञ्जाबस्य मुअज्जमः ।।२६४८।।

इब्राहीम खां तृतीय बार ई० वर्ष १७००[2]-१७०६ :

३६४८. ई० वर्ष १७०० से १७०५ में पंजाब का राज्यपाल राजकुमार मुअज्जम था।

बाणव्योमाश्वचन्द्राब्दे खाँजबरदस्तनामकः ।
शासकस्तस्य राज्यस्य शासनस्य प्रचालकः ।।२६४९।।

२६४९. ई० वर्ष १७०५ में पंजाब का शासन संचालित करने के लिये जबररस्त खां शासक नियुक्त हुआ।

सप्तवर्षाणि भूयोऽभूत् शास्ता राजकुमारकः ।
तथा नूरपुरस्यासीद् दयाधाता नृपो महान् ।।२६५०।।

२६५०. ई० वर्ष १७०५-१७२७ में वहां का प्रशासक राजकुमार मुअज्जम था। उस समय नूरपुर का राजा दयाधाता (सन् १७००-१७३५) था।

आयानासीच्च काश्मीरात् फाजिल्खां पथि संगतः ।
इब्राहिम्खांऽभिधेनाभूत् तदानीमेकपुरुषः ।।२६५१।।

२६५१. काश्मीर से आते हुए, फाजिल खां की इब्राहीम से भेंट हुई—

सम्राडौरङ्गजेबस्य बन्धुशाहशुजाऽऽकृतिम् ।
अनुकुर्वन्नागतश्च काश्मीरे स कुतोऽप्यथ ।।२६५२।।

२६५२. जो औरंगजेब के भाई आहशुजा के आकृति का, कहीं से काश्मीर में आया था।

संशये तत्र सञ्जाते निबद्धो राज–पूरुषैः ।
ज्ञातसारैस्ततश्चासौ मोचितस्तैर्जगाम सः ।।२६५३।।

२६५३. संशयवश राजकीय पुरुषों ने उसे बन्दी बना लिया। तदनन्तर वस्तुस्थिति ज्ञात होने पर, मुक्त कर दिया गया और वह चला गया।

कालेऽस्मिन् स ततोऽब्दुल्लाखानाभिधस्य भूपतेः ।
काशगरप्रदेशस्य भ्रातृजो द्रागुपागतः ।।२६५४।।

२६५४. उसी समय काशगर के शासक अब्दुल्ला खां का भतीजा—

---

१. आय : ६९,४७,१२५ अकबरशाही रुपये थी।

२. कुछ लेखक यह समय १७०७ देते हैं।

काश्मीरे स्वस्य पुत्रस्यारसलन्खांऽभिधश्च सः ।
विरुद्धं याचितुं तत्र साहाय्यं समयोचितम् ।।२६५५।।

२६५५. अरसलन खां अपने पुत्र के विरुद्ध समयोचित सहायता मांगने के लिये काश्मीर आया।

सम्राडादेशतश्चासौ काबुलं प्रेषितस्तदा ।
मुअज्जमशाहतो लब्धुं साहाय्यं स्वानुकूलतः ।।२६५६।।

२६५६. सम्राट के आदेश से उसे मुअज्जम शाह से सहायता प्राप्त करने के लिये काबुल भेज दिया गया।

आनीतो राजपुर्याश्च राजा श्रीनगरं प्रति ।
लुफ्तुल्लाखांऽभिधं कृत्वा बलात् स यवनीकृतः ।।२६५७।।

२६५७. राजपुरी के राजा को बन्दी बनाकर, श्रीनगर लाया गया। उसका लुफ्तुल्ला खां नामकरण कर, उसे बलात् मुसलमान बना दिया गया।

इब्राहिम्खांऽभिधस्यासीत् न्याय्यं शासनमुत्तमम् ।
उपद्रवादिकं नाऽभूत् तदा काश्मीरमण्डले ।।२६५८।।

२६५८. इब्राहीम खां का शासन न्यायपूर्ण एवं उत्तम था। उस समय काश्मीर मण्डल में उपद्रव आदि नही हुए।

पञ्चोत्तरे सप्तदशे वर्षे लद्दाखभूपतिः ।
कनिष्ठपुत्रदेलेकपक्षे राज्यमसौ जहौ ।।२६५९।।

२६५९ ई० वर्ष १७०५ में लद्दाख नृपति ने कनिष्ठ पुत्र देलेक के पक्ष में राज्य त्याग दिया।

गत्वा च स्तुल्कत्तेस्थाने समुवास स तत्सुतः ।
चत्वारिंशोत्तरं सप्तदशं यावन्नृपोऽभवत् ।।२६६०।।

२६६०. वह जाकर, स्तुल्कते स्थान पर निवास करने लगा। उसका पुत्र (देलेक) ई० वर्ष १७४० तक राजा था।

देलेक–नग्यलश्चासौ लोमोस्तंगस्य कन्यया ।
विवाहं कृतवांस्तस्य पञ्चपुत्रास्तदाऽभवन् ।।२६६१।।

२६६१. देलेक नमग्यल ने लोमोस्तंग की राजकुमारी से विवाह किया। उसके पांच पुत्र—

न्यिमा–नवंग–देचोक–चोल्तनग्रुव–चार्तनाः ।
एतन्नामान आसंस्ते तदीयाः पञ्चपुत्रकाः ।।२६६२ ।।

२५६२. न्यिमा, नवंग, देचोक, चोल्तन ग्रुव तथा चार्तन हुए।

बार्हमूलास्थलं प्राप्तो नवाजिश्खाँ यदाऽभवत् ।
तदा ह्यौरङ्गजेबस्य मरणं समजायत ॥२६६३॥

नवाजिश खां ई० वर्ष १७०६-१७०८[1] :

२६६३. नवाजिश खां के बारहमूला पहुँचने पर, औरंगजेब की मृत्यु हो गयी ।

स्वस्योपराज्यपालश्च मुल्लात्वशरफाभिधः ।
नियुक्तस्तेन तं हित्वा अब्दुल्लाखां नियोजितः ॥२६६४॥

२६६४. उसने मुल्ला अशरफ सदर दीवान को उपराज्यपाल नियुक्त किया । तदनन्तर उसे हटा कर, अब्दुल्ला खां को उपराज्यपाल बनाया ।

सप्तोत्तरे सप्तदशेऽब्दे प्रातश्चाष्टवादने ।
मृत्युरौरङ्गजेबस्याहमदनगरेऽभवत् ॥२६६५॥

२६६५. ई० वर्ष १७०७ में ३ मार्च[2] को आठ बजे प्रातः अहमद नगर में औरंगजेब (आलमगीर प्रथम) की मृत्यु हो गयी ।

दौलताबादपार्श्वस्थे शेखजैनुल्हकान्तिके ।
बभूव खुलदाबादे मृद्दानं तत्कृते किल ॥२६६६॥

२६६६. वह दौलताबाद के निकट खुलदाबाद[3] में शेख जैनुलहक के समीप दफनाया गया ।

सरसालारजंगेन तत्समाधिर्नवीकृतः ।
चिक्वणैः प्रस्तरैस्तच्च स्थानं दृष्टं मया खलु ॥२६६७॥

२६६७. सर सालारजंग ने संगमरमर पत्थर से उसकी कब्र का नवीनीकरण कराया। वह स्थान मैंने देखा है ।

सम्राडौरङ्गजेबस्य दृष्टिश्चाङ्गानि चान्ततः ।
सम्यगासन् सुपुष्टानि बाधिर्यं किन्तु चाभवत् ॥२६६८॥

२६६८. औरंगजेब की दृष्टि एवं सब अंग अन्तिम समय तक पुष्ट थे। कुछ बाधिर्य हो गया था ।

एकदा दर्शनादेव स्मैवं परिणिनोत्यसौ ।
तस्य स्मरणशक्तिस्तु वार्धकेऽपि विलक्षणा ॥२६६९॥

२६६९. एक बार देखने के पश्चात् पुनः देखते पहचान लेता था। वृद्धावस्था में भी उसकी स्मरणशक्ति विलक्षण थी ।

---

१. कुछ लेखक १७०७ सन् देते हैं ।

२. कुछ लेखकों के मत से २२ फरवरी सन् १७०७ ई० है ।

३. खुलदाबाद : यह स्थान दौलताबाद से चार मील की दूरी पर स्थित है ।

सम्राडौरङ्गजेबस्य राज्यकाले च भारतम् ।
एकविंशप्रदेशेषु सम्विभक्तं बभूव तत् ॥२६७०॥

२६७०. सम्राट औरंगजेब के राज्यकाल में भारतवर्ष एक्कीस प्रदेशों (प्रान्तों) में विभक्त था ।

चतुर्दशप्रदेशाश्च ह्युत्तरे भारतेऽभवन् ।
एकश्च काबुले षट् च दक्षिणे भारते तथा ॥२६७१॥

२६७१. उत्तर भारत में चौदह, दक्षिण भारत में छः तथा काबुल में एक प्रदेश था ।

नगाभ्रसप्तचन्द्राब्दे सम्राजं स्वमघोषयत् ।
अवरङ्गभवः शाहाऽऽजमःसिंहासने स्थितः ॥२६७२॥

२६७२. ई० वर्ष १७०७ (५ मार्च) में औरंगजेब के तृतीय पुत्र आजम शाह ने अपने को सम्राट घोषित कर दिया ।

दिने चर्तुदशमिते मार्चमासस्य तत्तिथौ ।
शाहाऽऽलमो ज्येष्ठसुतो जमरूदे तदाऽवसत् ॥२६७३॥

२६७३. वह इसी वर्ष १४ मार्च को सिंहासन पर बैठा । उस समय औरंगजेब का ज्येष्ठ पुत्र शाह आलम जमरूद में था ।

मार्चद्वाविंशतिदिने मीनामृत्युं विदन्नथ ।
प्रतस्थे काबुलादेष गृहीत्वा राजकोषतः ॥२६७४॥

२६७४. उसी वर्ष २२ मार्च को पिता की मृत्यु सुन कर, शाहआलम ने राजकोष से—

मुद्रा बाणरसप्रख्यलक्षमात्रामितास्तदा ।
नगरं निजकार्यार्थमागराभिहितं ययौ ॥२६७५॥

२६७५. पैंसठ लाख रुपया लेकर, काबुल से आगरा के लिये प्रस्थान किया ।

लाहौराद् द्वादशक्रोशे शाहदौलास्थले नृपः ।
सेतुबन्धसमीपस्थे निजसाम्राज्यघोषणाम् ॥२६७६॥

२६७६. उसने लाहौर से बारह कोश दूर स्थित, शाहदौला पुल के समीप स्वयं को सम्राट घोषित किया ।

विधाय सप्तशून्याङ्कचन्द्राब्देऽथ तृतीयके ।
मईमासस्यदिवसे विवेश लवपत्तनम् ॥२६७७॥

२६७७. ई० वर्ष १९०७ में ३ मई को लाहौर में प्रवेश किया ।

जूनमासे द्वादशेऽह्नि प्रविवेशाऽऽगरापुरम् ।
अजीमुसाऽभिधानेन वङ्गाऽङ्गेष्वधिकारिणा ॥२६७८॥

२६७८. वह (शाहआलम) १२ जून को आगरा में प्रविष्ट हुआ। विहार एवं बंगाल के शासक अजीमुसा ने—

द्वितीयतनुजेनाऽथ निशम्य निधनं पितुः ।
नीतं स्ववशतां सद्य आगरानगरं तदा ॥२६७९॥

२६७९. जो उसका (औरंगजेब का) द्वितीय पुत्र था, पिता के निधन का समाचार सुनकर, आगरा पर अधिकार कर लिया।

शाहाऽऽलमस्तदा कोषान्मुगलाधीशरक्षितात् ।
वेदाक्षिकोटिसंख्याकाः प्राप्तवान् रौप्यमुद्रिकाः ॥२६८०॥

२६८०. उस समय शाहआलम मुगल सम्राट द्वारा सुरक्षित २४ करोड़ रुपये का अधिकारी हो गया।

क्रोशद्वये जाजुआतो जूनाऽष्टादशवासरे ।
शाहालमाऽजमयोश्च समरः समजायत ॥२६८१॥

२६८१. जून १८ को जाजुआ से दो कोश की दूरी पर, शाह आलम तथा आजम में युद्ध हुआ।

यत्र युद्धे विक्षताङ्गः समभूदाजमस्तथा ।
तत्पुत्रश्च विदारोऽपि बख्शबालाभिधानभृत् ॥२६८२॥

२६८२. उस युद्ध में आजम एवं उसका पुत्र विदारबख्श बाला आहत हो गये।

निशम्योपरतं तातं पञ्चमस्तनयस्ततः ।
बीजापुरे कामबख्शः सम्राजं स्वमघोषयत् ॥२६८३॥

२६८३. औरंगजेब की मृत्यु सुनकर, उसके पंचम पुत्र कामबख्श ने बीजापुर में स्वयं को सम्राट घोषित कर दिया।

अङ्काभ्रसप्तचन्द्राब्दे रामचन्द्रदिने तथा ।
जनवर्यां कामबख्शोऽभूदल्पसैनिकसंवृतः ॥२६८४॥

२६८४. ई० वर्ष १७०९ में १३ जनवरी को कामबख्श के पास बहुत कम (३५०) सैनिक थे।

तं रुरोध स्वसैन्येन पञ्चविंशतिसंख्यया ।
शाहालमः सहस्राणां विजिगीषापरायणः ॥२६८५॥

२६८५. उसी समय विजयेच्छुक शाह आलम ने २५ सहस्र सैनिकों के साथ उस पर आक्रमण किया।

हैदराबादनगरात् क्रोशद्वयमिते स्थले ।
कामबख्शः क्षतो युद्धे निधनं समवाप्नवान् ॥२६८६॥

२६८६. हैदराबाद से दो कोश दूर, कामबख्श युद्ध में आहत होकर मर गया ।

ज्येष्ठोऽवरङ्गजेबस्य कुतुबुद्दीनमुहम्मदः ।
मुअज्जमशाहनामा यस्तनयः स्वनवं पदम् ॥२६८७॥

मुअज्जम (शाह आलम बहादुर) ई० वर्ष १७०७-१७१८ :

२६८७. औरंगजेब का ज्येष्ठ पुत्र कुतुबुद्दीन मुहम्मद मुअज्जम शाह अपना नवीन नाम–

शाहालमाभिधं बिभ्रत् राज्यसिंहासनोपरि ।
समारूढः ससम्भारमागरानगरान्तरे ॥२६८८॥

२६८८. शाह आलम बहादुर रख कर, आगरा में सिंहासनारूढ़ हुआ ।

नेत्रचन्द्राश्वचन्द्राब्दे सप्तविंशतिवासरे ।
द्वितीयमासे तस्याऽपि कथाशेषा कथाऽभवत् ॥२६८९॥

२६८९. ई० वर्ष १७१२ में २७ फरवरी को उसकी मृत्यु हो गयीं ।

शाहालमो महोदारो न कश्चन निषेधति ।
प्रार्थनास्वीकृतौ तेन प्रतिज्ञातं स्वशासने ॥२६९०॥

२६९०. शाह आलम अति उदार शासक था । वह नकारात्मक उत्तर नहीं देता था । उसने· अपने शासनकाल में सबकी प्रार्थना स्वीकार करने की प्रतिज्ञा की थी ।

पारम्परिकमर्यादां मानयन्नेष शीलवान् ।
सर्वेषां सहयोगेन प्रशशास शुभाशयः ॥२६९१॥

२६९१. शुद्ध हृदय एवं शीलवान शाह आलम परम्परागत मर्यादा का पालन करने वाला था । सबके सहयोग से शासन संचालन करता था ।

शासने तेन हिन्दूनां विहिता नोच्चकैः स्थितिः ।
नाऽभवत्तस्य विश्वासस्तन्नियोगविधौ तदा ॥२६९२॥

२६९२. उसने अपने शासन में हिन्दुओं को ऊंचा पद नहीं प्रदान किया था । उनकी नियुक्ति किंवा निष्ठा में उसे विश्वास नहीं था ।

तदीयशासने नैव राज्यपालपदं क्वचित् ।
अवापि हिन्दूवीरेण नीतिरेवं प्रचालिता ॥२६९३॥

२६९३. उसने ऐसी नीति बनायी थी, जिससे उसके शासन में कोई हिन्दू कहीं राज्यपाल नियुक्त नहीं हुआ था ।

शिविकाऽपि निषिद्धाऽऽसीत् हिन्दूनां वाहनक्रमे ।
सिक्खविद्रोहकाले च बलात्सर्वानमुण्डयत् ॥२६९४॥

२६९४. उसके शासन में हिन्दुओं का पालकी की सवारी करना निषिद्ध कर दिया गया था। सिक्खों के विद्रोह के समय उसने बलात् सबको मुण्डित करवाया था।

सप्ताभ्रसप्तचन्द्राब्दात् षट्चत्वारिंशदुत्तरे ।
वर्षजाते शैलपञ्च परिवर्तनमापिताः ॥२६९५॥

नवाजिस खां १७०७ :

२६९५. ई० वर्ष १७०७ से १७५३ के मध्य ४६ वर्षों में ५७—

राज्यपालोपपालाद्या राजकीयाधिकारिणः ।
नैकाब्दमात्रपर्याप्तमेतेषामभवत् स्थितिः ॥२६९६॥

२६९६. राजकीय अधिकारी राज्यपाल एवं उप राज्यपाल परिवर्तित किये गये। औसतन वे एक वर्ष से भी कम समय तक पद पर आसीन रहे।

नवाजिशस्तु कश्मीरराजनीतिमरोचयन् ।
त्यागपत्रम्प्रदायासीदीदगाहे पुराद्बहिः ॥२६९७॥

२६९७. नवाजिश खां को काश्मीर की राजनीति रुचिकर नहीं लगी। वह त्यागपत्र देकर, (मंजूरी आनेतक) श्रीनगर से बाहर ईदगाह में रहने लगा।

सितारोपरि साहूस्तु स्वाधिकारञ्चकार वै ।
नागाभ्रशैलचन्द्राब्दप्राङ्मासे प्रथमे दिने ॥२६९८॥

२६९८. साहू ने ई० वर्ष १७०८ में पहली जनवरी को सितारा पर अधिकार कर लिया।

तत्रैवाब्देऽक्टूबरेऽष्टेन्दुघस्त्रे स्वर्यानेच्छुर्गुरुगोविन्दसिंहः ।
सुप्राचीरैकान्तभूमौ चितायां स्नात्वा वह्नौ स्वर्जगाम प्रसन्नः ॥२६९९

२६९९. उसी वर्ष १८ अक्टूबर को स्वर्ग प्रस्थान के लिये इच्छुक या श्री गुरुगोविन्द सिंह जी ने प्राचीरयुक्त एकान्त स्थान में, चिता में अग्नि स्नान कर, स्वर्ग प्रयाण किये।

नागाभ्रशैलचन्द्राब्दादङ्काभ्राश्वेन्दुवत्सरम् ।
यावज्जफरखानोऽभूत्कश्मीरे राज्यपालकः ॥२७००॥

णफर खां ई० वर्ष १७०८-१७०९ :

२७००. जफर खां ई० वर्ष १७०७ से १७०९ तक काश्मीर का राज्यपाल था।

अब्दुल्लाखां देहवेदी जफरस्योपराज्यपः ।
बभूव मद्यपः क्रूरो जहौ देहं मदात्ययात् ॥२७०१॥

२७०१. जफर खां का उपराज्यपाल अब्दुल्ला खां देहवेदी था। राज्यपाल मद्यप एवं क्रूर था। अत्यधिक सुरापान के कारण उसकी मृत्यु हुई थी।

शवस्तस्य समानीय भारते भूमिसात् कृतः ।
सपादवर्षपर्यन्तं कृतवान् स तु शासनम् ॥२७०२॥

२७०२. उसका शव भारत लाकर दफनाया गया। उसने एक वर्ष तीन मास शासन किया था।

प्रतीच्यां डललेकात्तु द्वीपे भट्टमजारकम् ।
नामोद्यानं स जफरः कृतवान् सकुतूहलः ॥२७०३॥

भट्ट मजार :

२७०३. जफर खां ने डललेक के पश्चिम टापू पर, 'भट्ट सजार' नामक उद्यान निर्मित कराया।

ऐतिह्यवेदिनः केचित्सप्ताभ्रागेन्दुवत्सरम् ।
एतन्निर्माणसमयं मन्यते चिन्त्यमेव तत् ॥२७०४॥

२७०४. कतिपय इतिहासवेत्ता निर्माण काल ई० वर्ष १७०७ मानते हैं। यह विचारणीय है।

पठानशासने नैके भट्टाद्या हिन्दवो हताः ।
अत्रातोऽन्वर्थसंज्ञाऽस्याभवद्भट्टमजारकम् ॥२७०५॥

२७०५. पठानों के शासन काल में यहाँ भट्ट आदि बहुत हिन्दू मारे जाते थे, अतः उसका सार्थक नाम भट्ट मजार पड़ गया।

औरङ्गजेबसमये न्यायाधीशः प्रधानकः ।
काजीहैदरसंज्ञो यः काजीखानोऽपि कथ्यते ॥२७०६॥

२७०६. औरंगजेब के समय का प्रधान न्यायाधीश काजीहैदर, जो काजीखान भी कहा जाता है—

ग्रहाभ्रशैलचन्द्राब्दे आगरानगरे मृतः ।
तस्य श्रीनगरोपान्ते स्थाने वच्छपुराभिधे ॥२७०७॥

२७०७. ई० वर्ष १७०९ में आगरा नगर में दिवंगत हो गया। उसका शव लाकर श्रीनगर के समीप वच्छपुरा स्थान पर—

निचख्ने शव उद्याने काजीबागपदाञ्चिते ।
इब्राहीमोऽकरोच्छास्ति शौर्यकौशलपूर्वकम् ॥२७०८॥

इब्राहीम खां चौथी बार ई० वर्ष १७०९-१७०९ :

२७०८. काजी[1] बाग में दफनाया गया। इब्राहीम खां (अली मर्दान खां) ने शौर्य एवं कौशल पूर्वक—

---

१. काजीबाग : श्रीनगर के समीप बच्छ पुरा में है। एक दूसरा काजी बाग मनसावल पर है। काजी अब्दुल कासिम ने सन् १७५२ ई० में बनवाया था।

काबुले पेशावरे च खेटखागेन्दुवत्सरे ।
त्रीनेव मासांस्तेनास्मै राज्ञोपाधिरदीयत ॥२७०९॥

२७०९. ई० वर्ष १७०९ में केवल तीन मास काबुल एवं पेशावर में शासन किया[1]। राजा ने इसे—

अलीमर्दानखानेति दृढपौरुषसूचकः ।
यदा द्वितीयपर्याये राज्यपालो नवाजिशः ॥२७१०॥

नवाजिश खां द्वितीय बार ई० वर्ष १७०९-१७११ :

२७१०. पराक्रमसूचक 'अलीमर्दान' उपाधि प्रदान किया था। नवाजिश खां द्वितीय बार राज्यपाल पद पर—

बभूवाङ्काभ्रशैलेन्दुवत्सराद्वत्सरद्वयम् ।
तदीपराज्यपालोऽभूद् आरिफो नाम सद्गुणः ॥२७११॥

२७११. ई० वर्ष १७०९ से १७०११ पर्यन्त था। उस समय उत्तम गुण युक्त आरिफ खां उपराज्यपाल था।

नवाजिशः स्वयं नागात् काश्मीरावनिमण्डलम् ।
राज्यकार्यं तु विन्यस्य तदानीमुराज्यपे ॥
सार्धैकवर्षपर्यन्तं शासनं कृतवानयम् ॥२७१२॥

२७१२. नवाजिस खां स्वयं काश्मीर नहीं गया। उपराज्यपाल के ऊपर समस्त राज्यभार छोड़कर उसने डेढ़ वर्ष शासन किया था।

शाहालमस्यैव हि शास्तिकालाद्
दिल्ल्यास्तु कश्मीरमयुर्न राज्यपाः ।
विन्यस्यते स्माखिलशास्तिभारो-
ऽगत्यन्तरैस्तैस्तु तदोपराज्यपे ॥२७१३॥

२७१३. शाह आलम के शासनकाल से राज्यपाल दिल्ली से काश्मीर नहीं जाते थे। वे शासन का सम्पूर्ण भार उपराज्यपाल पर रख देते थे।

अङ्काभ्रशैलचन्द्राब्दात्परमुत्तरभारते ।
समाव्रजद्वीरबन्दावैरागी नाम नीतिवित् ॥२७१४॥

बन्दा वैरागी उत्तरभारत में :

२७१४. ई० वर्ष १७०९ में नीतिज्ञ एवं वीर बन्दा वैरागी उत्तर भारत आया।

---

१. इसके शासनकाल में अब्दुल्ला खां देह वेदी उपराज्यपाल था।

झेलममात्सरहिन्दान्तम्भूभागं स्ववशेऽकरोत् ।
वर्षद्वयेन निर्जित्य फौजदाराख्यराज्यपम् ॥२७१५॥

२७१५. उसने राज्यपाल फौजदार खां को जीतकर, दो वर्ष में झेलम से सरहिन्द तक का भूभाग अपने अधिकार में कर लिया।

सप्तविंशेऽह्नि जूनस्य खेन्दुशैलेन्दुवत्सरे ।
अजमेराच्चलित्वाऽऽयाच्छाहस्तुर्यदिसम्बरे ॥२७१६॥

२७१६. ई० वर्ष १७१० में २७ जून को अजमेर से चलकर, चार दिसम्बर को—

सधोरां नाम भूभागमालमो मुगलेश्वरः ।
तदागमनतः पूर्वं भूयो मुगलसैनिकैः ॥२७१७॥

२७१७. मुगलेश्वर शाह आलम सधोरा स्थान पर पहुँचा। उसके आगमन से पूर्व मुगल सैनिकों ने—

पन्थाः सर्वोऽपि यत्नेन सिक्खशंकाविनाकृतः ।
आरभ्य सोनपटतः सिरहिन्दान्तवर्त्मनि ॥२७१८॥

२७१८. प्रयत्नपूर्वक सब मार्गों को सिक्खों के उपद्रव की आशंका से मुक्त कर दिया। उन लोगों ने सोनपत से सिरहिन्द मार्ग तथा—

तथा जालन्धरद्रोण्यां सिक्खानां शोधनं कृतम् ।
शाहालमे समायाते सधोरातो निरेत्य वै ॥२७१९॥

२७१९. जालन्धर की द्रोणी में सिक्खों का शोधन कर दिया। शाह आलम के आने पर सधोरा से निकल कर—

बन्दा लोहगढ़े दुर्गे सैन्यव्यूहमरीरचत् ।
स तत्र तिन्त्रिणीशाखाकृतप्रहरणो बली ॥२७२०॥

इमली की लकड़ी का हथिार :

२७२०. बन्दा वैरागी ने लोहगढ़ दुर्ग में सैन्यव्यूह की रचना (सन् १७१० ई० दिसम्बर मास में) की। उस वली ने वहां इमली की शाखाओं का अस्त्र (वाण-वर्छी आदि) बना कर—

चिराय मुगलैः सार्धमयुध्यल्लब्धवान् धनम् ।
खाक्षिलक्षमिता मुद्रा दुर्गे तैर्भुवि रक्षिताः ॥२७२१॥

२७२१. अधिक समय तक मुगलों के साथ युद्ध किया। उसे दुर्ग में सुरक्षित मुगलों का २० लाख रुपया प्राप्त हुआ।

आदाय पर्वतक्षेत्रं बन्दा वैराग्ययात्किल ।
खेन्दुशैलेन्दुवर्षादि खाक्षिशैलेन्दुवत्सरम् ॥२७२२॥

२७२२. उसे लेकर, बन्दा वैरागी पर्वती क्षेत्र में चला गया। ई० वर्ष १७१०-१७२० में—

यावद् वंगहले राज्ये पृथ्वीपालो नृपोऽभवत् ।
या कागडाकुलूमध्ये भूमिरिरावतीतटम् ॥२७२३॥

२७२३. वंगहल का राजा पृथ्वीपाल था । कागड़ा और कुलू की मध्यवर्ती भूमि, इरावती का तट—

तद्गुरुश्च लघुश्चैव राज्ये वंगहलेऽभवत् ।
अत्रैव समये घोरवृष्टयाऽभूत्सलिलात्ययः ॥२७२४॥

बाढ़ :

२७२४. तथा बड़ा और छोटा बंगहल राज्य, वंगहल[1] राज्य में सम्मिलित थे । इसी समय घोर वृष्टि से जल वृद्धि (बाढ़) आ गयी ।

सस्यञ्च सर्वं निर्मग्नं न्यपतन्भवनान्यपि ।
तत्पश्चाद्वह्निविस्तारे सहसा दैवदर्पिते ॥२७२५॥

अग्निदाह :

२७२५. सब सस्य सम्पत्ति एवं भवन डूब गये । तत्पश्चात् दैवात् सहसा अग्नि का प्रकोप हुआ ।

विंशतिर्मुहलावासा निर्दग्धाः सह वस्तुभिः ।
सफाकदलमारभ्य यावन्मछमरं स्थितम् ॥२७२६॥

२७२६. उसमें २० मुहल्लों के गृह सामग्री सहित जल गये । सफा कदल से मछमर के मध्य स्थित—

सर्वं वै भस्मतां नीतं दुर्वारेण किलाग्निना ।
लद्दाखे खपलोरस्य इब्राहीमो नृपोऽभवत् ॥२७२७॥

२७२७. सर्वस्व दुर्वार अग्नि में भस्म हो गया । लद्दाख में खपलोर का नृपति इब्राहीम—

तथा शिगारराजाऽभून्नाम्ना हसनखानकः ।
व्योमेन्दुशैलचन्द्राब्दात्षोडशाब्दानथाऽपरः ॥२७२८॥

२७२८. तथा शिगार का राजा हसन खान था । उन दोनों का समय ई० वर्ष १७१०-१७२५ था ।

नृपः परगुताराज्येऽजीमखानोऽब्दपञ्चकम् ।
राजाऽभूद् वालतीराज्ये सुल्तान्मुरादखानकः ॥२७२९॥

२७२९. ई० वर्ष १७१०-१७४० पर्यन्त परगुता का राजा अजीम खां था । बालती का राजा मुराद खान—

---

१. वंगहल राज्य : इरावती नदी की उपत्यका, कांगड़ा और कुलू के मध्यवर्ती भाग तथा बंगहल-सम्मिलित था ।

तथैव रोंगदोराज्ये असदुल्ला च खानकः ।
गोभूभूधरचन्द्राब्दे कौलो नारायणाजिजः ॥२७३०॥

२७३०. तथा रोंगदो (रोनदू) का राजा असदुल्ला खां था। ई० वर्ष १७११ में नारायण कौल आजिज ने—

मुत्तखबुत-तवारीखकश्मीरं समरीरचत् ।
इनायतुल्लाखानोऽभूदाद्यः कश्मीरराज्यपः ॥२७३१॥

इनायतुल्ला खाँ ई० वर्ष १७११-१७१२ :

२७३१. 'मुत्तखबुत-तवारीख कश्मीर' की रचना की इनायतुल्ला खां प्रथम काश्मीरी राज्यपाल था।

अक्षिगोशैलचन्द्राब्दपर्यन्तं वर्षमेककम् ।
अमानतेन खानेन ततो मशर्रफेन च ॥२७३२॥

२७३२. इसका समय ई० वर्ष १७११-१७१२ तक एक वर्ष था। उस समय अमानत खां (९ मास) तथा उसके पश्चात् मुशर्रफ खां (३ मास) ने—

उपराज्यपरूपेण कश्मीरे शासनं कृतम् ।
सैय्यिद् जमालनामाऽभूत् ख्यातो नैशपुरस्थितिः ॥२७३३॥

२७३३. उपराज्यपाल के रूप में काश्मीर में शासन किया था। सैय्यिद जमाल नैशपुर[1] का रहने वाला था।

इनायतुल्लाखानस्तु तस्यैवान्वयजोऽभवत् ।
पितरावस्य कश्मीरमेत्य वृत्त्यर्थमास्थितौ ॥२७३४॥

२७३४. इनायतुल्ला खां उसी वंश में उत्पन्न हुआ था। इसके माता-पिता वृत्ति (जीविका) के लिये आकर, कश्मीर में आबाद हो गये थे।

पिताऽस्य मिर्जाशुक्रुल्ला माता मरियम् हाफिजा ।
अध्यापने नियुक्ताऽऽसीत्पुरा मरियम् हाफिजा ॥२७३५॥

२७३५. इसके पिता मिर्जा शुकरुल्ला तथा माता मरियम हाफिजा थी। मरियम हाफिजा—

---

१. नेशपुर : निशापुर इरान में खुरासान का एक नगर है। मशद से ४६ मील पश्चिम है। समुद्र की सतह से ३९२० फीट की ऊँचाई पर है। तेहरान तथा मशद से रेल द्वारा सम्बन्धित है। पारसी राजा शापुर (सन् २४१-२७३) ने नगर की स्थापना किया था। खुरासान के चार बड़े नगरी में एक है। सन् ११५३ ई० में घुज्ज तुर्कों ने नगर को नष्ट कर दिया था। सन् १२०८ ई० में नगर भूकम्प के कारण और नष्ट हो गया। सन् १२६९ ई० में मंगोलों ने इसे लूटा। पुनः भूकम्प के द्वारा नगर नष्ट हो गया और फिर कभी अपना पुराना गौरव नहीं प्राप्त कर सका। कवि उमर खय्याम का जन्म स्थान है।

औरंगजीवकन्याया याऽभूज्जेबुन्निसाऽह्वया ।
एवं मात्राऽऽप्तसंसर्गाद् दृष्टादुन्नतिमाप्तवान् ॥२७३६॥

२७३६. औरंगजेब की कन्या जेबुन्निसा को पढ़ाने के लिये नियुक्त की गयी थी। इस प्रकार मां के सम्पर्क से भाग्यवश—

इनायतुल्लाखानोऽसावदृष्टं स्यात्तु कारणम् ।
कश्मीरराज्यपालत्वे नियुक्तोऽपि जहौ न सः ॥२७३७॥

२७३७. इनायतुल्ला खां की उन्नति हुई। काश्मीर का राज्यपाल नियुक्त होने पर भी उसने—

दिल्लीराजसभास्थानं शास्ता तत्रोपराज्यपः ।
नन्दाग्निचन्द्रभूतुल्ये हिजरीवत्सरे मृतः ॥२७३८॥

२७३८. दिल्ली दरबार का त्याग नहीं किया। वहाँ उपराज्यपाल शासन करता था। हिजरी वर्ष ११३९ में उसकी मृत्यु हुई।

फकीरसाधुसत्सङ्गप्रियोऽसौ कुशलोऽभवत् ।
व्यवहारे राजकार्ये धार्मिकः शीलवानृजुः ॥२७३९॥

२७३९. उसे फकीरों एवं साधुओं की संगति प्रिय थी। वह व्यवहार तथा राज्यकार्य में कुशल, धार्मिक शीलवान् एवं सरल था।

लिलेख पत्रजातं स धर्मनीतिसमन्वितम् ।
कलमात-नई-बात-संज्ञा तस्य व्यधीयत ॥२७४०॥

२७४०. उसके धर्म-नीति सम्बन्धी पत्रों के संग्रह का नाम परवर्ती लोगों ने 'कलमा-इ-नई बात' रखा था।

अर्वाक्तनैरेहकमिसम्राड्भ्यामभ्यनन्द्यत ।
प्रेषितं बहुविज्ञेषु तेन तत्कीर्तिरूर्जिता ॥२७४१॥

२७४१. उसने 'इहकाम-इ-आलमगीरी' लिखा। सम्राट द्वारा प्रशंसित (हस्ताक्षरित) उसके पत्र विज्ञों के पास भेजे गये थे, जिससे उसकी कीर्ति में वृद्धि हुई।

चन्द्रेन्दुशैलचन्द्राब्दे धर्मिष्ठः शाह आलमः ।
जुमानमाजेऽलीशब्दात्परस्तात्तु वसीपदम् ॥२७४२॥

नबाज में शब्द परिवर्तन

२७४२. ई० वर्ष १७११ में धर्मिष्ठ शाह आलम ने जुमा के नमाज में अली के पश्चात् वसी—

योजयित्वैव सर्वेऽपि नमाजपठनं जनाः ।
कुर्वन्त्विति दृढादेशं कृतवांस्तस्य भारते ॥२७४३॥

२७४३. जोड़कर, सब लोग नमाज पढ़ें। ऐसा दृढ़ आदेश प्रसारित किया।

सर्वत्र सुन्नीवर्गेण विरोधः प्रकटीकृतः ।
सुन्नीवर्गेण लाहौरे सैनिकैराफगानिकैः ॥२७४४॥

२७४४. भारत में सर्वत्र सुन्नी वर्ग ने विरोध प्रकट किया। सुन्नी वर्ग ने लाहौर में अफगान सैनिकों की—

लब्ध्वा सहायतां लक्षसंख्यया समवेतया ।
उग्रं शाहालमादेशनिवृत्तीच्छा प्रदर्शिता ॥२७४५॥

२७४५. सहायता प्राप्त कर, एक लाख मुसलमानों के साथ शाह आलम का आदेश निरस्त करने की इच्छा प्रदर्शित की।

शतघ्नीचालकाध्यक्षमाहूयालम आऽदिशत् ।
द्वितीयेऽक्टूबरदिने चन्द्रेन्द्वश्वेन्दुवत्सरे ॥२७४६॥

२७४६. सम्राट ने तोपखाना अध्यक्ष को बुलाकर आदेश दिया। ई० वर्ष १७११ में २ अक्टूबर को—

बलान्नमाजं सर्वत्र नूत्नशब्देन पाठय ।
तद्दिने तु तदादेशाज्जनता क्रोधमूर्च्छिता ॥२७४७॥

२७४७. सर्वत्र बलपूर्वक नये शब्द के साथ साथ नमाज पढ़ाया जाय। उसके आदेश से क्रोध-मूछित जनता ने उस दिन—

लाहौरराजमार्गेषु विरोधम्पर्यदर्शयत् ।
अनुमेने पुरारीतिं निवर्त्यादेशमालमः ॥२७४८॥

२७४८. लाहौर के राजमार्गों पर विरोध प्रदर्शित किया। शाह आलम ने पुरानी रीति की स्वीकृति दे दी।

शाहालमश्चतुर्विंशे रुग्णोऽभूत्फर्वरीदिने ।
नेत्रेन्दुशैलचन्द्राब्दे चतुर्थदिवसे मृतः ॥२७४९॥

शाह आलम की मृत्यु :

२७४९. ई० वर्ष १७१२ में २४ फरवरी को शाह आलम बीमार हुआ और २७ फरवरी को दिवंगत हो गया।

तदानीं तवस्थाऽऽसीदेकसप्ततिवार्षिकी ।
असावालम्गीरस्य मस्जिदप्राङ्गणान्तरे ॥२७५०॥

२७५०. उस समय उसकी आयु ७१ वर्ष की थी। आलमगीर मस्जिद के प्रांगण में—

कुतुबुद्दीननिकटे भक्त्या भूमितले कृतः ।
ईक्ष्यतेऽद्य तु तत्स्थानं शीर्यमाणमुपेक्षितम् ॥२७५१॥

२७५१. कुतुबुद्दीन के जियारत के निकट, वह दफनाया गया। इस समय वह स्थान वेमरम्मत एवं उपेक्षित दिखाई पड़ता है।

त्रिमासशासनेऽतीते राज्यपालस्य चालमः।
तनुं तत्याज कश्मीरयात्रोद्यमपरायणः ॥२७५२॥

२७५२. राज्यपाल का तीन मासशासन बीत जाने पर, काश्मीर यात्रा के लिये उद्योगशील, शाहआलम का देहावसान हो गया।

तदागमनमुद्दिश्य कश्मीरे भवनान्यथ।
उद्यानानि परिष्कृत्याऽलङ्कृतान्यनुजीविभिः ॥२७५३॥

२७५३. उसके आगमन को ध्यान में रखकर, राज कर्मचारियों ने काश्मीर में भवनों एवं उद्यानों की सफाई कर, उन्हें अलंकृत कर दिया था।

जहादरस्य जन्मासीच्चन्द्राङ्गाङ्गेन्दुवत्सरे।
पञ्चमे मासि दशमे दिवसेऽथात्यजत्तनुम् ॥२७५४॥

जहादरशाह (सन् १७१२-१७१३) :

२७५४. जहादर शाह का जन्म ई० वर्ष १६६१ में १० मई को हुआ था।

पितर्युपरते तस्य चत्वारोऽपि सुतास्तदा।
लाहौर एव तिष्ठन्तो युयुधू राज्यलिप्सवः ॥२७५५॥

उत्तराधिकार संघर्ष :

२७५५. पिता की मृत्यु के समय उसके चारों (जहादर शाह, अजीमुश्शान, रफी उश्शान तथा जहान शाह) पुत्र लाहौर में रहकर, राज्य के लोभ में परस्पर युद्ध कर रहे थे।

अजीमुश्शानो द्वितीयो राज्ञः शिबिरमावृणोत्।
अन्ये त्रयस्त्वजीमस्य शिविरं रुरुधुः किल ॥२७५६॥

२७५६. द्वितीय पुत्र अजीमुश्शान ने राजा का शिविर अधिकृत कर लिया। अन्य तीन पुत्रों ने अजीम का शिविर घेर लिया।

तस्य दिक्त्रितयं व्याप्तं शतघ्नीभिश्च तैस्तदा।
मार्चपञ्चदशे घस्त्रे नेत्रेन्द्वश्वेन्दुवत्सरे ॥२७५७॥

२७५७. उन लोगों ने उसके तीन ओर तोप खाना लगा दिया। ई० वर्ष १७१२ में १५ मार्च को—

युद्धारम्भोऽभवद् वारे तृतीये निर्णयोऽभवत्।
पराजितोऽसुभिस्त्यक्तोऽजीमो रावीं नदीं गतः ॥२७५८॥

२७५८. युद्ध आरम्भ हुआ। तीसरे दिन १७ मार्च को युद्ध का निर्णय हुआ। पराजित अजीम का प्राणान्त हो गया।

शतघ्नीगोलकध्वस्ताऽसुना नीतो गजेन वै ।
आद्यो जहादरः शाहश्चतुर्थश्च जहानकः ॥२७५९॥

२७५९. तोप के गोले से आहत हाथी[1] उसे लेकर, रावी नदी में चला गया था। प्रथम पुत्र जहादर शाह तथा चतुर्थ जहानशाह था ।

युयुधाते मार्चमासे षड्विंशे सप्तविंशके ।
दिने मिथः शतघ्नीभिर्जहानस्तु जयन्नपि ॥२७६०॥

२७६०. दोनों में २६ तथा २७ मार्च को युद्ध हुआ। जहानशाह विजयी होते हुए भी—

विक्षिप्यमाणसेनोऽसौ गुलिकातो मृतिं गतः ।
रफीउश्शानस्तृतीयो मार्चेऽष्टाविंशघस्त्रके ॥२७६१॥

२७६१. सेना बिखर जाने के कारण, गोली लगने से मर गया। तृतीय पुत्र रफी उश्शान ने २८ मार्च को—

प्रातर्जहादरं शाहमाचक्राम जिगीषया ।
परं परस्तान्तूरानसैनिकास्तन्तु तत्यजुः ॥२७६२॥

२७६२. प्रातः जहादर शाह पर आक्रमण किया, किन्तु बाद में तूरानी सैनिक उसका साथ छोड़ दिये ।

युध्यन् पदाती गुलिकाघातेन निधनं गतः ।
द्वितीये च तृतीये च तुर्ये युद्धे क्षयं गते ॥२७६३॥

२७६३. वह पैदल युद्ध करते हुए गोली से मर गया। द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ पुत्र के युद्ध मैं मर जाने पर—

आद्यो जहादरः शाहो लेभे नृपपदं सुखम् ।
द्वाविंशे जूनदिवसे नेत्रेन्द्वश्वेन्दुवत्सरे ॥२७६४॥

२७६४. प्रथम पुत्र जहादर शाह ने सुखपूर्वक सिंहासन प्राप्त किया। ई० वर्ष १७१२ में २२ जून को—

लाहौराद्देहलीमेत्य विषयान् सुखमन्वभूत् ।
उपपत्नी तस्य लालकुमारी नाम सङ्गिनी ॥२७६५॥

जहादरशाह एवं लाल कुमारी :

२७६५. लाहौर से दिल्ली आकर विषय-सुख भोगने लगा। उसकी उपपत्नी लालकुमारी उसके साथ थी।

---

१. हाथी : अजीम हाथी पर सवार था। हाथी को गोला लगा। वह रावी नदी में घुस गया। उसी में दोनों की मृत्यु हो गयी।

तस्यामासक्तहृदयो नावैत्कालकरालताम् ।
अथाग्नीन्द्वश्वचन्द्राब्दप्राङ्मासैकादशे दिने ॥२७६६॥

२७६६. उसमें आसक्त होने के कारण, काल की करालता का ज्ञान, उसे नहीं हुआ । ई० वर्ष १७१३ में ११ जनवरी को—

अजीमुश्शानतनयः फरूखशियराभिधः ।
घोषयन्नात्मराजत्वम्प्राचलत्सेनयाऽऽगराम् ॥२७६७॥

फरुखशियर से संघर्ष :

२७६७. अजीमुश्शान का पुत्र फरुखशियर स्वयं को राजा घोषित कर, सेना सहित आगरा की ओर चल पड़ा ।

तत्र युद्धमभूद्भूयः फरूखो जयमाप्तवान् ।
जहादरः पराजित्य कूर्चाकश्मश्रुमुण्डनम् ॥२७६८॥

२७६८. वहाँ पुनः युद्ध हुआ । उसमें फरुखशियर विजयी हुआ । पराजित जहादरशाह दाढ़ी मूँछ मुण्डित—

कारयित्वा स्वयं छन्नः प्रियया देहलीमगात् ।
छन्नोऽपि निगृहीतोऽसौ देहल्यां रक्तहर्म्यके ॥२७६९॥

२७६९. करवा कर, प्रिया लालकुंअर के साथ दिल्ली पहुँचा । छिपा होने पर भी, वह बन्दी बनाकर, लालकिला में डाल दिया गया ।

फरूखो देहलीमाऽयात्फर्वर्येकादशे दिने ।
फरूखादेशतो दिल्ल्यां नृपो जघ्ने जहादरः ॥२७७०॥

जहादरशाह का वध :

२७७०. फरुखशियर ११ फरवरी को दिल्ली आया । उसके आदेश से दिल्ली में जहादरशाह का वध (सन् १३-२-१७१३ को) कर दिया गया ।

अन्यराजकुमाराणां दत्त्वाऽक्षिषु शलाककाः ।
अन्धत्वं जनयामास भोक्तुं राज्यमकण्टकम् ॥२७७१॥

२७७१. उसने निष्कंटक राज्य भोगने के लिये, अन्य राजकुमारों के आंखों में शलाका डालकर, उन्हें अन्धा कर दिया ।

त्रिपञ्चाशन्मितानब्दांश्चतुर्मासान् दिनानि षट् ।
जीवित्वा सार्द्धदशकं मासानां राज्यपालकः ॥२७७२॥

२७७२. तिरपन वर्ष चार मास छः दिन की अवस्था में १० मास १५ दिन राज्य करने के पश्चात् उसकी मृत्यु हुई ।

असौ फकीरभक्तोऽभूद्गजयुद्धविशेषवित् ।
तद्राज्यसमये नैके वर्गा जाता विरोधिनः ॥२७७३॥

मुसलिम वर्ग संघर्ष :

२७७३. वह फकीर-भक्त एवं हाथी-युद्ध का विशेषज्ञ था। उसके राज्यकाल में अनेक वर्ग परस्पर विरुद्ध हो गये थे।

तूरानीयास्तथैराना हिन्दुस्थानभवास्तथा ।
मुख्यवर्गास्त्रयोऽभूवन्परस्परविरोधिनः ॥२७७४॥

२७७४. तूरानी, ईरानी एवं हिन्दुस्तानी—ये तीन प्रमुख परस्पर विरोध वर्ग थे।

तूरानी :

तौराना मुगलाद्यास्तु उज्वेकिस्तानवासिनः ।
बाबरेण सहायातास्तुर्कस्थानात्तु चीनगात् ॥२७७५॥

२७७५. तूरानी मुगल, उजबेकिस्तान के निवासी थे। वे बाबर के साथ चीनस्थ तुर्किस्तान से आये थे।

अयन्तु सुन्नीवर्गोऽभूद् हिन्दुस्थानभवस्तथा ।
हुमायुँना सहायाता ऐरानाः स्वामिसेविनः ॥२७७६॥

हिन्दुस्तानी वर्ग :

२७७६. यह सुन्नी वर्ग हिन्दुस्तानी था। स्वामी भक्त ईरानी हुमायू के साथ आये थे।

ईरानी वर्ग :

सेवानीतिगुणोत्कर्षादेषां संख्याऽधिकाऽभवत् ।
एते शियासम्प्रदायाः स्वामिभक्ता विशेषतः ॥२७७७॥

२७७७. सेवा, नीति एवं गुणोत्कर्ष के कारण उनकी संख्या अधिक हो गयी। वे शिया-मतानुयायी थे। स्वामिभक्त होते थे।

प्रायेण कार्यं कुर्वन्ति राजस्वे मन्त्रणालये ।
भारतीया राजपुत्रा येऽभूवन्नवमुस्लिमाः ॥२७७८॥

२७७८. वे प्रायः राजस्व तथा मन्त्रणालय में कार्य करते थे। भारतीय राजपूत जो नये मुसलमान हो गये थे,

सुन्नी तृतीयो वर्गोऽयं तौरानैरानवैरभाक् ।
तौरानैरानयोरैक्यं हिन्दुस्थानविरोधने ॥२७७९॥

२७७९. वही तीसरा सुन्नी वर्ग था। उनका तूरानियों एवं ईरानियों से वैर था। तूरानी एवं ईरानी-हिन्दुस्तानियों के विरुद्ध—

सम्पद्यते स्म प्रायेण देशभेदानुभावतः ।
सैय्यिदानां शियावर्गद्वयमासीत्प्रभावभाक् ॥२७८०॥

शिया वर्ग :

२७८०. देश भेद का अनुभव कर प्रायः एक हो जाते थे। सैय्यिदों के दो प्रभावशाली शिया वर्ग थे।

विलग्रामभवस्त्वाद्यः कलासङ्गीतकाव्यवित् ।
द्वितीयवर्गो बाराहो राजनीत्येकजीविकाः ॥२७८१॥

२७८१. प्रथम वर्ग विलग्राम का था, जो कला, संगीत एवं काव्य मर्मज्ञ था। द्वितीय वर्ग वारा का था। राजनीति उसकी आजीविका थी।

राजनीतिषु चातुर्यन्तस्य त्वासीत्स्वभावतः ।
इनायतुल्लाखानस्तु राज्यपालोऽभवत्पुनः ॥२७८२॥

इनायतुल्ला खां (द्वितीय बार) ई० वर्ष १७१२-१७१३ :

२७८२. वह वर्ग स्वभावतः राजनीतिक चतुराई से परिपूर्ण था। इनायतुल्ला खां द्वितीय बार राज्यपाल नियुक्त हुआ।

अक्षिचन्द्राश्वचन्द्राब्दादारभ्यैकाब्दमात्रकम् ।
तदोपराज्यपस्त्वासीन्मुर्सरिफ्खानसंज्ञकः ॥२७८३॥

२७८३. वह केवल ई० वर्ष १७१२ से १७१३ तक पदारुढ रहा। उस समय उपराज्यपाल मुर्सरिफखान था।

मूलबाराहतोऽधश्च वितस्तापश्चिमे तटे ।
क्षेत्रे मुजफ्फराबादे मुजफ्फर्खानभूमिपः ॥२७८४॥

२७८४. बारहमूला के अधोभाग में वितस्ता के पश्चिम तट पर, मुजफ्फराबाद क्षेत्र में राजा मुजफ्फर खान ने—

स्वाम्यम्मुगलसम्राजामुपेक्ष्य स्वाधिकारिताम् ।
काश्मीरद्रवकर्नाहमण्डलेषूपचक्रमे ॥२७८५॥

२७८५. मुगल राजाओं के स्वामित्व की उपेक्षा कर, काश्मीर के द्रव[1] तथा करनाह[2] मण्डलों पर प्रभुत्व स्थापित कर लिया।

---

१. द्रव : कृष्ण गंगा उपत्यका में शारदी के पश्चात् अर्थात् अधोभाग वाली उपत्यका करनाव स्थान तक का नाम था। करनाह में शारदी तक का क्षेत्र द्रव अंचल कहा जाता था। करनाव, पर्वतीय जिला कमराज के पश्चिम है। कृष्णगंगा उपत्यका के मुजफ्फरावाद के ऊपर करनाब नदी की अनेक उपत्यकायें इसमें सम्मिलित हैं। करनाव नदी कृष्णगंगा की सहायक नदी है। यहाँ के निवासी खस है। आधुनिक बम्वा जाति है। सिख विजय के पूर्व यहाँ के राजा स्वतंत्र थे। काश्मीर उपत्यका के उत्तर-पश्चिम है।

मुगलानान्तु साम्राज्ये सैय्यिदैर्जजियाकरः।
हिन्दुष्वारोपितः पूर्वैः सौहार्देन निवारितः ॥२७८६॥

२७८६. सैय्यिदों ने मुगल साम्राज्य में हिन्दुओं पर आरोपित जजिया कर, सद्भाव के कारण हटा दिया।

अग्निचन्द्राश्वचन्द्राब्दे राजदूतो डचेशितुः।
वाणिज्यसन्धिवार्तार्थं दिल्लीराजसभामयात् ॥२७८७॥

फरुखरशियर : सन् १७१३-१७१९ ई० :

२७८७. ई० वर्ष १७१३ में डच राजा का राजदूत, व्यापारिक-सन्धि वार्ता करने लिये दिल्ली राजसभा में आया।

अक्षिचन्द्राश्वचन्द्राब्दात्त्रिंशद्वर्षाण्यभूत्किल ।
राजाऽजमेरचन्द्राख्यो विलासपुरराज्यपः ॥२७८८॥

२७८८. ई० वर्ष १७१२-१७४१ से बीस वर्ष तक विलासपुर का राजा अजमेर चन्द्र था।

इनायतुल्ला हजतो निवृत्तो बादशाहकम्।
चोदयमास जजियाकरं लग्नयितुम्पुनः ॥२७८९॥

२७८९. हज से लौटकर इनायतुल्ला ने बादशाह को हिन्दुओं पर पुनः जजिया[1] कर लगाने के लिये प्रेरित किया।

आद्यमासस्य दशमे दिवसे फरुखो नृपः।
आदिदेश पुनर्हिन्दून्प्रदातुं जजियाकरम् ॥२७९०॥

२७९०. दश जनवरी को नृपति फरुखशियर ने हिन्दुओं पर पुनः जजिया कर लगाने का आदेश दिया।

परन्तु राणा मेवाडपतिराज्ञां न तां मनाक्।
स्वराज्ये योजयामास प्रत्याख्यानञ्चकार च ॥२७९१॥

२७९१. मेवाड़ के राणा ने अपने राज्य में यह आदेश लागू नहीं किया। अपितु उसे अस्वीकार किया।

वह्निचन्द्राश्वचन्द्राब्देऽभवन्मासे नवम्बरे।
दिने सप्तदशे राजा बालाजी विश्वनाथकः ॥२७९२॥

२७९२. ई० वर्ष १७१३ में १७ नवम्बर को बालाजी विश्वनाथ—

---

१. जजिया : इनायतुल्ला मक्का मुअज्जया के शरीफ का एक पत्र बादशाह के नाम लाया कि हिन्दुओं पर जजिया कर लगाया जाय।

प्रथमः पेशवाधीशः सप्ताब्दाञ्छासनं व्यधात् ।
आसीद्राज्ञः फरूखस्य माता कश्मीरदेशजा ॥२७९३॥

२७९३. प्रथम पेशवा हुआ । उसने सात वर्ष शासन किया । फरुखशियर की माता काश्मीरी थी ।

साहिबा निसवानाख्या श्यालस्तस्य त्विनायतः ।
शौर्यसाहसयोगेन शास्तिखानपदाञ्चितम् ॥२७९४॥

२७९४. उसका नाम साहिबा निसवान था । फरुखशियर का साला इनायतुल्ला था । शौर्य एवं साहस के कारण—

चकार फरुखः श्यालं सम्बन्धाद्गुणदर्शनात् ।
राजा अजितसिंहोऽभूद्राज्ये योधपुराभिधे ॥२७९५॥

२७९५. तथा सम्बन्ध और गुण विशेष देखकर, फरुखशियर ने इनायतुल्ला को 'साइस्ता खां' उपाधि से विभूषित किया । अजीत सिंह जोधपुर राज्य का राजा था ।

तत्कन्या इन्द्रकुवँरी फरुखस्तामुदूढवान् ।
बाणेन्दुशैलचन्द्राब्दे मुदा मासे सितम्बरे ॥२७९६॥

२७९६. उसकी कन्या इन्द्रकुंवर थी । फरुखशियर ने २७ सितम्बर वर्ष १७१५ ई० में उससे विवाह किया ।

ली, पीरे वै डेसिडेरी हिप्पोलाइटसंज्ञकः ।
बाणेन्दुशैलचन्द्राब्दे तदग्राब्देऽङ्गमासकान् ॥२७९७॥

२७९७. ली पीरे हिप्पालाइट डेसीडरी ने ई० वष १७१५-१७१६ में६ मास तक—

भ्राम्यन्नपश्यल्लद्दाखमित्याहुरैतिहासिकाः ।
वह्नीन्दुशैलचन्द्राब्दे निवार्य जजियाकरम् ॥२७९८॥

२७९८. भ्रमण करते हुए, लद्दाख का अवलोकन किया । ई० वर्ष १७१३ में फरुखशियर ने जजिया कर हटाया—

फरुखो योजयामास पञ्चमेऽब्दे पुनश्च तम् ।
कश्मीराभिजनं नाम मुहम्मदमुरादकम् ॥२७९९॥

२७९९. किन्तु ई० वर्ष १७१७ में उसे पुनः लगा दिया । काश्मीर देशीय मुहम्मद मुराद को—

नागेन्दुशैलचन्द्राब्दे मईमासे फरूखकः ।
अध्यक्षं कल्पयामास विश्वासाद्राजवेश्मनाम् ॥२८००॥

२८००. विश्वस्त होने के कारण फरुखशियर ने ई० वर्ष १७१८ में राजप्रासाद का अध्यक्ष नियुक्त किया ।

इनायतुल्लां काश्मीरं शैलेन्द्वश्वेन्दुवत्सरे ।
अप्रीले कल्पयामास स्वराज्ये वित्तमन्त्रिणम् ।।२८०१।।

२८०१. उसने काश्मीरी इनायतुल्ला को ई० वर्ष १७१७ के अप्रैल मास में अपने राज्य का वित्त मन्त्री बनाया ।

एतन्नियुक्त्या चुक्रुधुर्मुख्याः सैय्यिदबन्धवः ।
प्रधानमंत्री यस्त्वासीज्जवाहर्लालनेहरूः ।।२८०२।।

२८०२. इसकी नियुक्ति से प्रमुख सैय्यिद बन्धु क्रुद्ध हो गये । भारत के प्रधान मन्त्री पं० जवाहरलाल नेहरू के—

तस्यासीत्पूर्वजः कश्चिद्राजकौलाभिधः सुधीः ।
पारसीकगिरां देवगिरां च स विशेषवित् ।।२८०३।।

राजकौल का दिल्ली आगमन :

२८०३. पूर्वज विद्वान् राजकौल, जो फारसी एवं संस्कृत भाषा के विशेषज्ञ थे—

अङ्गेन्दुशैलभूवर्षे दिल्लीमागतवानभूत् ।
जाटानामास विद्रोहः क्षेत्रे नामभरत्पुरे ।।२८०४।।

जाटा विद्रोह :

२८०४. ई० वर्ष १७१६ में दिल्ली आये । भरतपुर क्षेत्र में जाटों का विद्रोह हुआ ।

चूणामानस्य नेतृत्वे जयसिंहो नृपस्तदा ।
तद्विद्रोहनिवृत्त्यर्थं देहलीशेन योजितः ।।२८०५।।

२८०५. उनका नेता चूणामान था । उस समय दिल्लीश्वर ने राजा जयसिंह को उसे शान्त करने के लिये भेजा ।

चूणामानो नवीने स्वे दुर्गे वसति निर्भयः ।
जयसिंहस्तमङ्गेन्द्वश्वेन्दु वर्षे नवम्बरे ।।२८०६।।

२८०६. चूणामन अपने दुर्ग में निर्भय निवास करता था । ई० वर्ष १७१६ के नवम्बर में उसे—

आवव्रे सेनया दुर्गे स तु विंशतिमासकान् ।
शशाक नैव निर्गन्तुं दृढावरणबन्धतः ।।२८०७।।

२८०७. दुर्ग में सेना से घेर लिया । सुदृढ़ घेरेबन्दी के कारण, वह २० मास तक बाहर नहीं निकल सका ।

एवं निर्बन्धयोगेन सन्धिं मुगलराजभिः ।
कर्तुं दातुं च पञ्चाशल्लक्षमुद्रा वचोऽब्रवीत् ।।२८०८।।

२८०८. इस प्रकार घेराबन्दी के कारण, उसने (जयसिंह की उपेक्षा कर) मुगलों से सन्धि करने तथा ५० लाख मुद्रा देने का वचन दिया ।

शक्ति सैय्यिदबन्धूनां प्रभावं चातिशायिनम् ।
न सेहे फरुखस्तेषामपायं समकल्पयत् ॥२८०९॥

सैय्यिद बन्धुओं से वैमनस्व :

२८०९. फरुखशियर को सैय्यिद बन्धुओं की शक्ति तथा उनका अतिशय प्रभाव सह्य नहीं था। उसने उनका पतन करने का संकल्प किया।

निजामुल्मुल्क काश्मीरम्मुहम्मदमुरादकम् ।
द्वाविमौ कल्पयामास द्वारौ तेषाम्पदच्युतौ ॥२८१०॥

२८१०. निजामुल्मुल्क तथा काश्मीरी मुहम्मद मुराद को उनके पदच्युति में माध्यम बनाया।

सादातखान ईरानी कश्मीरस्यास राज्यपः ।
वह्नीन्द्वश्वेन्दुवर्षादि पञ्चवर्षाण्यनारतम् ॥२८११॥

सादात खां ईरानी, ई० वर्ष १७१३-१७१७ :

२८११. सादात खां ईरानी ई० वर्ष १७१३ से पांच वर्ष अर्थात् १७१७ तक काश्मीर का राज्यपाल था।

तथापि नैव कश्मीरं कदाप्यागतवानसौ ।
राज्यकार्याणि सर्वाणि बभूवुरुपराज्यपैः ॥२८१२॥

२८१२. कभी काश्मीर नहीं आया। समस्त राज्यकार्य उपराज्यपालों द्वारा होते थे।

तत्रोपराज्यपस्त्वाद्योऽलीमुहम्मदखानकः ।
वह्नीन्द्वश्वेन्दुवर्षादि त्रीणिवर्षाण्यनारतम् ॥२८१३॥

२८१३. वहां अली मुहम्मद खां ई० वर्ष १७१३ से १७१५ तक तीन वर्ष प्रथम उपराज्यवाल था।

द्वितीयस्त्वाजमः खानो रुद्रमासानशादथ ।
तृतीयो यस्तु प्रथमः स एवाब्दमशात्पुनः ॥२८१४॥

२८१४. तदनन्तर द्वितीय उपराज्यपाल आजम खान (सन् १७१५-१७१६ ई०) हुआ। उसने केवल ११ मास शासन किया। अली मुहम्मद खां पुनः (सन् १७१६-१७१७ ई०) तृतीत उपराज्यपाल हुआ।

अयं फरुखशियरश्वसुरोऽलीमुहम्मदः ।
आसीत्तेन पुनर्वारं तत्पदं स्नेहतोऽलभत् ॥२८१५॥

२८१५. अली मुहम्मद फरुखशियर का श्वसुर था। इसीलिये उसे पुनः वह पद प्राप्त हुआ था।

चतुर्थं एह्तराम्खानोऽश्वेन्द्वश्वेन्द्वब्दकेऽभवत् ।
केवलं सप्तदशकं दिनानां शासनं व्यधात् ॥२८१६॥

२८१६. ई० वर्ष १७१७ में एहतराम खां उपराज्यपाल नियुक्त हुआ। उसने केवल १७ दिन शासन किया।

राजा मुजफ्फरः खानः कर्नाह्दरदाञ्चले ।
गृहीत्वा कमराजेऽपि चकारोपद्रवान्बहून् ॥२८१७॥

८१७. राजा मुजफ्फर खां[1] ने करनाह[2] एवं दरद[3] अंचल को अधिकृत कर, कमराज में भी बहुत उपद्रव किया।

तदा मुजफ्फराधीन्यात्कर्नाहः स्ववशे कृतः ।
तत्पुत्रो हैबतः खां श्रीनगरे प्रतिभूः कृतः ॥२८१८॥

२८१८. उस समय मुजफ्फर खां के अधिकार से करनाह ले लिया गया। उसका पुत्र हैबत खां श्रीनगर में प्रतिभू (जमानत) रूप में रखा गया।

अत्रैवावसरे पुच्छे अब्दुर्रज्जाकगूजरः ।
पुत्रः फतह्खानस्य विद्रोहं कृतवान् दृढम् ॥२८१९॥

२८१९. उसी समय पूछ में अब्दुल रज्जाक पुत्र अब्दुल फतह खां गूजर ने उग्र विद्रोह किया।

परं स निगृहीतोऽभूद् गृहीतश्चावमानितः ।
निष्ठां मुगलराज्ये चादर्शयद्दण्डदानतः ॥२८२०॥

२८२०. वह बन्दी बनाकर, दण्डित एवं अपमानित किया गया। उसने दण्ड (जुर्माना) देकर, मुगल राज्य के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की।

तत्पिता पुच्छसामन्तश्चाब्दुल्फतह्संज्ञकः ।
विविधोपाययोगेन मुगलैः स्ववशं कृतः ॥२८२१॥

२५२१. उसका पिता अब्दुल फतह को जो पूछ का सामन्त था, विविध उपायों से मुगलों ने अपने वश में कर लिया।

मुजफ्फरो द्रवे कृष्णगंगातटनिवेशिनि ।
अधिचक्रे दरावाख्यं कर्नाह्नृपतेरभूत् ॥२८२२॥

२८२२. मुजफ्फर ने कृष्णगंगा उपत्यका स्थित द्रव को अधिकृत कर लिया। उसने करनाह नृपति के अधीनस्थ दरावा—

---

१. मुजफ्फर खां : बम्बा सरदार था।

२. करनाह : करणाध = करनव = करनाऊ यहाँ के निवासी खस हैं, जिन्हें अब बम्बा जति कहते है। यहाँ के राजा सिख काल के पूर्व स्वतन्त्र थे।

३. दरद : दरद देश कृष्णगंग तथा शारदी के ऊपर का क्षेत्र है।

भागः परगनासंज्ञस्तमसौ स्ववशेऽकरोत् ।
वह्नीन्दुशैलचन्द्राब्दे यवनेर्ष्याकषायितः ॥२८२३॥

२८२३. भाग को जो एक परगना है, अपने अधिकार में कर लिया । ई० वर्ष १७१३ में मुसलमानों के प्रति ईर्ष्या बढ़ा ।

प्रागुक्तबन्दावैरागी सरहिन्दमलुण्ठयत् ।
वजीरखानं तत्रत्यं सूबेदारममारयत् ॥२८२४॥

बन्दा वैरागी का संघर्ष :

२८२४. पूर्वोक्त बन्दा वैरागी ने सरहिन्द को लूट लिया । वहां के सूबेदार वजीर खां को मार डाला ।

संधौरस्य समीपे तु बन्दा दुर्गमकारयत् ।
लाहौरराज्यपालस्तमब्दुल्सैय्यदखानकः ।
रुरोध सेनया बन्दा तत्रोदासीनतां गतः ॥२८२५॥

२८२५. बन्दा बैरागी ने सधौर के समीप एक दुर्ग निर्मित कराया । लाहौर के तत्कालीन राज्यपाल अब्दुल सैय्यद खां ने सेना द्वारा वह दुर्ग घेर लिया । बन्दा उसके प्रति उदासीन रहा ।

सतलजसरितोऽवाक् सिक्खनिष्ठः स बन्दा
निजविपुलपुमर्थैः सिक्खराज्यं व्यधाद् वै ।
प्रथममथ स शास्ति खालसातश्चकार
व्यधित विविधमुद्रा नामभिः प्राग्गुरूणाम् ॥२८२६॥

२८२६. सिक्ख धर्मनिष्ठ बन्दा ने अपने विपुल धन-जन से सतलज के दक्षिण सर्वप्रथम सिक्खराज्य स्थापित किया । उसने खालसा नाम से शासन किया तथा पूर्व गुरुओं के नाम मुद्रा टंकणित करायी ।

बन्दा लोहगढं यातो वह्नीन्द्वश्वेन्दुवत्सरे ।
हित्वा लोहगढं यातः क्षेत्रं पर्वतसङ्कुलम् ॥२८२७॥

२८२७. बन्दा ई० वर्ष १७१३ में लोहगढ़ गया । तदनन्तर लोहगढ़ त्याग कर, पर्वतीय क्षेत्र में चला गया ।

अस्मिन् प्रवाससमये चम्बाराज्ञस्तु कन्यया ।
विवाहमकरोत्पुत्रस्तस्या एको बभूव ह ॥
ततोऽपि कोटमिरजास्थानं यातस्ततः परम् ॥२८२८॥

२८२८. उसने इस प्रवासकाल में चम्बा की राजकन्या से विवाह किया । उससे एक पुत्र हुआ । वहां से वह कोट मिरजा गया । तत्पश्चात्—

गुरुदासपुरं यातस्तत्राऽस्यासीत्तु संकटम् ।
बाणेन्द्वश्वेन्दुतुल्याब्देऽप्रीलमासे रुरोध तम् ॥२८२९॥

२८२९. वह गुरुदास पुर गया । वहाँ उसे संकट का सामना करना पड़ा । ई० वर्ष १७१५ के अप्रैल मास में—

विशाला मौगली सेना अब्दुल्समदनेतृका ।
हता अष्टसहस्राणि निरुद्धाश्चाष्टमासकान् ॥२८३०॥

२८३०. अब्दुल समद के नेतृत्व में विशाल मुगल सेना ने उसे घेर लिया । उस घेरावन्दी में बन्दा के आठ हजार अनुयायी हत हुए तथा आठ मास घेरा के पश्चात्—

बन्दाऽनुयायिनः सिक्खाश्शिष्टा आत्मार्पणं व्यधुः ।
बाणेन्द्वश्वेन्दुतुल्याब्दे शैलेन्द्वह्नि दिसम्बरे ॥२८३१॥

२८३१. शेष अनुयायी सिक्ख ई० वर्ष १७१५ में १७ दिसम्बर को आत्मसमर्पण कर दिये ।

दशमे मार्चदिवसे रसेन्द्वश्वेन्दुवत्सरे ।
वन्दा वन्दीकृतो व्योमबाणशैलानुयायिभिः ॥२८३२॥

२८३२. ई० वर्ष १७१६ में १० मई को ७५० अनुयायियों के साथ बन्दा बैरागी—

आनीतो देहलीं तत्र लोहपञ्जरमध्यगः ।
कृत्वा गजोपरिन्यस्तो भ्रामितो राजवर्त्मसु ॥२८३३॥

२८३३. दिल्ली लाया गया । उसे लोहे के पिंजड़े में बन्द कर, हाथी पर रखकर, राजमार्ग पर घुमाया गया ।

तद्गजस्यानुगावुष्ट्रौ निरास्तरणपृष्ठकौ ।
वन्दिसिक्खद्वयम्पृष्ठे वहतः स्म निरन्तरम् ॥२८३४॥

२८३४. उस हाथी के पीछे बिना काठी के ऊँट चल रहे थे, जिन पर दो सिक्ख बैठाये गये थे ।

असगराबादतः सेना स्थितासीत् शस्त्रसज्जिता ।
लाहौरद्वारपर्यन्तं मार्गपार्श्वद्वये तदा ॥२८३५॥

२८३५. उस समय असगरा बाद से लाहौरी द्वार तक राजमार्ग के दोनों ओर शस्त्र सज्जित सेना खड़ी थी ।

अङ्गेन्दुशैलचन्द्राब्दमार्चबाणेन्दुवासरात् ।
आरभ्य प्रत्यहं वन्दासङ्गिनां शतकं हताः ॥२८३६॥

२८३६. ई० वर्ष १७१६ में १५ मार्च से प्रतिदिन सौ बन्दानुयायियों का वध किया जाता था ।

सुखेन मरणं वव्रुः स्वधर्मं नैव तत्यजुः ।
सिक्खाः सुशिष्याः सुगुरोर्धर्मैकदृढसौहृदाः ।।२८३७।।

२८३७. श्रेष्ठ गुरु के धर्मिष्ठ, सिक्ख शिष्यों ने सुखपूर्वक मरण वरण किया, किन्तु स्वधर्म त्याग नहीं किया ।

मार्गपार्श्वद्वये सेना नैकक्रोशनिरन्तरम् ।
स्थिताऽऽस वन्दा वैरागो तदाऽऽसीत्कञ्चुकावृतः ।।२८३८।।

२८३८. राजमार्ग पर दोनों ओर कई कोश तक (मुगल) सेना खड़ी थी । उस समय बन्दा वैरागी जामा पहिने था ।

मुक्तखड्गकरः पृष्ठे तस्य मौगलसैनिकः ।
तद्गजाग्रे तु वंशाग्रधृतसिक्खशिरश्चयाः ।।२८३९।।

२८३९. उसके पीछे नग्न तलवार लिये मुगल सैनिक स्थित था । उस गज के आगे बांसों पर सिक्खों का शिर लिये—

यान्ति स्म मुगला वीरा वन्दावक्त्रे शिरोरुहाः ।
पापस्थितौ वहन्ति स्म मुखावरणरूपताम् ।।२८४०।।

२८४०. मुगल सैनिक चल रहे थे । इस पापमय स्थिति में बन्दा के केश उसके मुख पर आवरण बन रहे थे ।

त्र्यब्दावस्थः सुतस्तस्य तत्पत्नी तस्य सोदरः ।
आसन् वन्दीकृतास्तेऽपि मन्यन्ते मृत्युमुत्सवम् ।।२८४१।।

२८४१. उसका तीन वर्षीय पुत्र, पत्नी एवं भाई वन्दी थे । वे भी मृत्यु को उत्सव मान रहे थे ।

न भयं नापि नैराश्यं तेषां वक्त्रेषु दृश्यते ।
प्रोत्साहयन्ति वधिकं मारणे मृत्युसादराः ।।२८४२।।

२८४२. उनके मुख पर, निराशा या भय नहीं दिखाई पड़ रहा था । मृत्यु के प्रति आदर-वान, वे मारने के लिये वधिक को प्रोत्साहित कर रहे थे ।

आलम्ब्य यावनं धर्मं जीव वा मरणं वृणु ।
इत्युक्ते नैव केनापि यावनो धर्म आदृतः ।।२८४३।।

२८४३. 'इस्लाम धर्म स्वीकार कर जीवित रहो अथवा मृत्यु का वरण करो' इस प्रकार कहे जाने पर, किसी ने इस्लाम धर्म ग्रहण नहीं किया ।

आसीद् रतनचन्द्राख्यो युवा वन्दाऽनुगो दृढः ।
स्वमातुरेकलः पुत्रो माता मोचयितुं तु तम् ।।२८४४।।

२८४४. युवक रतनचन्द्र बन्दा का अनुयायी तथा अपनी माता का एकमात्र पुत्र था । माता उसे मुक्त करने के लिये—

शाहादादेशमादाय गता मृत्युस्थलं मुदा ।
पुत्रस्तु जननीं वीक्ष्य प्राहापरिचिता त्वियम् ॥२८४५॥

२८४५. शाह का आदेश लेकर, प्रसन्नतापूर्वक वध स्थल पर गयी। माता को देखकर पुत्र ने कहा—'मैं इसे नहीं पहचानता हूं'।

वन्दावैरागिणा सार्द्धं मृत्यवे कृतनिश्चयः ।
सोत्साहं नमयामास वधिकस्याग्रतः शिरः ॥२८४६॥

२८४६. बन्दा वैरागी के साथ मरने का दृढ़ निश्चय करने वाले, उस युवक ने उत्साहपूर्वक वधिक के सामने शिर कर दिया।

तदैव तच्छिरो भूमौ निपपात शिरोधरात् ।
रसेन्दुशैलचन्द्राब्दे जूनस्याङ्के न्दुवासरे ॥२८४७॥

२८४७. उसी समय उसका शिर ग्रीवा के अलग होकर, भूतल पर गिर पड़ा। ई० वर्ष १७१६ में १९ जून को—

नृशंसं मारितो वन्दा त्रिवर्षस्तत्सुतस्तथा ।
रक्तकञ्चुकसंवीतो वारणोपरि पञ्जरे ॥२८४८॥

२८४८. बन्दा वैरागी तथा उसके तीन वर्षीय पुत्र का क्रूरतापूर्वक वध कर दिया गया। लाल जामा पहने, बन्दा को पिंजरे में हाथी पर बैठा कर—

मार्गेषु भ्राम्यमाणोऽसौ कुतुबुद्दीनमापितः ।
तदङ्के तत्सुतं दत्त्वा तमूचुर्मारयात्मजम् ॥२८४९॥

२८४९. राज मार्गों पर घुमाते हुए ख्वाजा कुतुबुद्दीन काकी लाया गया। उसके पुत्र को (इसके) गोद में देकर कहा गया—'पुत्र को मार डालो'।

तस्याप्रवृत्तौ वधिकश्छुरिकातोऽवधीच्छिशुम् ।
हृत्पिण्डं तस्य निष्कास्य बलाद्वन्दाऽऽननेऽक्षिपत् ॥२८५०॥

२८५०. उसके ऐसा न करने पर, वधिक ने छूरी से शिशु की हत्या कर दी। उसका हृदय निकालकर, बलात् बन्दा के मुख में डाल दिया।

दक्षिणक्षि ततस्तस्य छुरिकाऽग्रान्निराकरोत् ।
चकर्त नासिकां तस्य पादयुग्मं ततः परम् ॥२८५१॥

२८५१. तदनन्तर उसकी दाहिनी आंख छूरी से निकाल ली गयी। तत्पश्चात् नासिका एवं पैर काट दिये गये।

ततो हस्तद्वयं तस्यान्याङ्गानि क्रमशोऽच्छिनत् ।
ततस्तस्य शिरश्छित्त्वा तस्य स्त्री यवनीकृता ॥२८५२॥

२८५२. इस प्रकार उसके दोनों हाथ एवं अन्य अंग क्रमशः काटकर, शिर छिन्न किया गया। उसकी स्त्री मुसलमान बना दी गयी।

रक्षिता बादशाहस्य पितृव्यस्त्र्यवरोधने ।
वन्दावलिविरोधाग्निः पञ्चाले भारतोत्तरे ॥२८५३॥

२८५३. उसे बादशाह की चाची के अन्दर रख दिया गया। बन्दा की वलिदाग्नि पंजाब एवं उत्तरी भारत में—

स्फीतो मुगलसाम्राज्यम्पश्चाले खण्डशोऽकरोत् ।
बाणेन्दुशैलचन्द्राब्दादाऽभ्रेष्वश्वेन्दुवत्सरम् ॥२८५४॥

२८५४. फैल गयी। उससे पंजाब में मुगल साम्राज्य खण्ड-खण्ड हो गया। ई० वर्ष १७१५-१७५० में—

लद्दाखे केरिसक्षेत्रे मीरवेगो नृपोऽभवत् ।
इनायतुल्ला खानस्तु राज्य पालोऽभवत्पुनः ॥२८५५॥

इनायतुल्ला खां तीसरी बार ई० वर्ष १७१७-१७२० :

२८५५. लद्दाख में केरिस क्षेत्र का राजा मीरबेग था। इनायतुल्ला खां पुनः तीसरी बार राज्यपाल हुआ।

तृतीयवारं शैलेन्दुशैलेन्द्वब्दाच्चतुःसमाः ।
मीराहमदखानस्तु तदाऽऽसीदुपराज्यपः ॥२८५६॥

२८५६. तीसरी बार वह ई० वर्ष १७१७ से १७२० तक चार वर्ष राज्यपाल था। उस समय उपराज्यपाल मीर अहमद खां (१७१७-१७२० ई०) था।

पिता तस्य महाराष्ट्रैर्युध्यन् संयति मारितः ।
तदा महतवी खानो मुल्ला अब्दुन्नबी खलः ॥२८५७॥

२८५७. उसका पिता मराठों के साथ युद्ध में मारा गया। उस समय महतबी खां मुल्ला अब्दुन्नवी—

इस्लामरक्षाव्याजेन हिन्दूनां कदनं व्यधात् ।
स्वदुष्प्रवृत्तिवृद्धचर्थमादिदेशोपराज्यपम् ॥२८५८॥

२८५८. काश्मीर में इस्लाम की रक्षा के बहाने हिन्दुओं पर अत्याचार करता था। उसने अपना दुष्कार्य बढ़ाने लिये उपराज्यपाल को—

हिन्दूनां कदनं किन्त्वक्रूरोऽसौ न तथाऽकरोत् ।
नागेन्दुशैलचन्द्राब्दे आसीच्चीनसमर्थकः ॥२८५९॥

२८५९. हिन्दुओं का विनाश करने का आदेश दिया किन्तु वह क्रूर नहीं था। उसने वैसा नहीं किया। ई० १७१८ में—

दलाईलामा लाशायां राजधान्यान्तु तिब्बते ।
खखखाभ्राक्षिसंख्या च चीन सेनास्थिता तदा ॥२८६०॥

२८६०. तिब्बत की राजधानी लाशा में चीन समर्थक दलाईलामा (नियुक्त) हुआ था। उस समय वहाँ बीस हजार चीनी सैनिक थे।

बालाजी विश्वनाथाख्यः पेशवेशस्तथाऽपरः ।
श्रीखाण्डेरावदाहादे द्वाविमौ शौर्यशेवधी ॥२८६१॥

२८६१. शौर्यशाली बालाजी विश्वनाथ पेशवा तथा खाण्डेराव दहादे—

माहाराष्ट्रीं चमूं नीत्वा देहलीमुपजग्मतुः ।
नवम्बरे नागचन्द्रशैलचन्द्रमिताब्दके ॥२८६२॥

२८६२. मराठा सेना लेकर, ई० वर्ष १७१८ के नवम्बर मास में दिल्ली पहुँचे ।

मिर्जा कमालुद्दीनाख्यः कामिल्या अक्बलोपधिः ।
कविः शरीरं तत्याज तत्रैवाब्दे यशःस्थिरम् ॥२८६३॥

२८६३. उसी वर्ष मिर्जा कमालुद्दीन कामिलया अकबल कवि का देहावसान हुआ, केवल यश स्थायी रह गया ।

सप्तविंशेऽह्नि फर्वर्यां फरूखशियरोऽरिभिः ।
त्रासितोऽन्तःपुरे क्षिप्तो दिल्ल्यामासीदुपद्रवः ॥२८६४॥

२८६४. सत्ताईस फरवरी को शत्रुओं से भयभीत, फरुखशियर अन्तःपुर में छिप गया । दिल्ली में उपद्रव (दंगा) हो रहा था ।

तदा तु सैय्यिद् अब्दुल्ला भृत्यैर्द्वारं विनाश्य वै ।
रफी उद्दरजाताख्यं युवकं विंशवार्षिकम् ॥२८६५॥

२८६५. उस समय सैय्यिद अब्दुल्ला ने सेवकों द्वारा द्वार तोड़वा कर, बीस वर्षीय रफी उद्दरजात नामक युवक को—

बलाद्बहिः समानाय्य नृपासनमवेशयत् ।
नृपं च घोषयामास फरूखं त्वाफगानिकैः ॥२८६६॥

२८६६. बलपूर्वक बाहर लाकर, सिंहासन पर बैठाया और उसे नृपति घोषित किया । अफगान सैनिकों द्वारा फरुखशियर को—

अन्तः पुरात्समानाय्य स्वकरेणान्धतां व्यधात् ।
तत्रापरेऽह्नि मार्गेषु माहाराष्ट्रा मुहम्मदाः ॥२८६७॥

२८६७. अन्तःपुर से बाहर लाकर उसे अपने हाथों से अन्धा कर दिया । २८ फरवरी को राजमार्गों पर मराठों एवं मुहम्मद के सेवक—

परस्परमयुध्यन्त तदा केचन सैनिकाः ।
राजहर्म्यप्रवेशाय प्रायतन् किन्तु सैय्यिदैः ॥२८६८॥

२८६८. परस्पर युद्ध करने लगे । उस समय कुछ सैनिक राजप्रासाद (किला) में प्रवेश करने का प्रयत्न किये, किन्तु—

नूत्नाधिकारसन्दृप्तैर्बलवद्भिर्निवारिताः ।
औरङ्गजेबसमयाद् बन्दीरूपेण रक्षिताः ॥२८६९॥

२८६९. नूतन अधिकार से गर्वान्वित, बली सैय्यिदों द्वारा निवारित कर दिये गये। औरंगजेब के समय से वन्दी—

स्त्रियः काश्चन शम्भाजीकनिष्ठतनयस्तथा ।
तानादाय महाराष्ट्रसैनिकाः स्वां दिशं ययुः ॥२८७०॥

२८७०. कुछ स्त्रियों तथा शम्भा जी के कनिष्ठ पुत्र को लेकर, मराठा सैनिक अपनी दिशा की ओर चले गये।

कारावासे स्थितो मासद्वयं पश्चात्तु मारितः ।
फरूखोऽप्रीलमासस्याष्टाविंशेऽह्नि पुरोदितम् ॥२८७१॥

फरुखशियर का वध :

२८७१. दो मास कारावास के पश्चात् २८ अप्रैल को फरुखशियर का वध कर दिया गया।

हुमायोंरन्तिके भूमौ शवस्तस्य निवेशितः ।
रफीउश्शानतनयः शाहालमसुतात्मजः ॥२८७२॥

रफीउद्दर जात ई० वर्ष १७१९ :

२८७२. हुमायूं के समीप (मकबरा) में उसका (फरुखशियर का) शव दफनाया गया। रफीउश्शान का पुत्र तथा शाह आलम का पौत्र—

रफीउद्दरजातोऽभूद्दशमो मुगलो नृपः ।
बुद्धिमान् स तु राज्याप्तिसमयेऽभूत्क्षयार्दितः ॥२८७३॥

२८७३. रफीउद्दरजात दसवां मुगल नृपति था, बुद्धिमान् था; किन्तु राज्य प्राप्ति काल में क्षय रोग ग्रस्त था।

त्रिंशे नवम्बरदिने खगाङ्काङ्गेन्दुवत्सरे ।
स जातस्तन्मृतिश्चासीदङ्कभूशैलभूमिते ॥२८७४॥

२८७४. ई० वर्ष १६९९ में ३० नवम्बर को उसका जन्म तथा ई० वर्ष १७१९ में—

वत्सरे जूनमासस्य रुद्रतुल्यदिने तथा ।
रफी उद्दरजातस्तु हिन्दुभ्यो जजियाकरम् ॥२८७५॥

२८७५. ग्यारह जून[1] को उसकी मृत्यु हुई। सरल बुद्धि रफीउद्दरजात ने हिन्दुओं के ऊपर से जजिया कर—

१. युद्ध वास्तव में ४ जून को हुआ था। परन्तु सात दिनों के पश्चात् मृत्यु की घोषणा वाद में की गयी। उसका राज्यकाल ३ मास ९ दिन था।

ऋजुबुद्धिरपाकार्षीत् प्रजा तस्माद्बिभेति नो ।
प्रेरिता मित्रसेनेन नागरेण द्विजेन वै ।।२८७६।।

२८७६. हटा दिया था। प्रजा उससे नहीं डरती थी। मित्रसेन नागर ब्राह्मण द्वारा प्रेरित—

मई मासेऽष्टादशेऽह्नि तद्दण्डादेशवर्जनैः ।
प्रत्याचख्यौ तन्नृपत्वमागराहर्म्यगा चमूः ।।२८७७।।

२८७७. आगरा दुर्ग में स्थित सेना ने १८ मई को उसका दण्ड (सत्ता) अस्वीकार कर, उसे राजा मानने से इनकार कर दिया।

पौत्र औरंगजेबस्य पुत्रश्चाकबर्संज्ञिनः ।
नृपो निकुसियाराख्यो विहितो मुगलान्वये ।।२८७८।।

निकुशियर : सन् १७१९ ई०[1] :

२८७८. औरंगजेब का पौत्र तथा अकबर का पुत्र निकुसियार[1] मुगल वंश का—

अयन्तु रुद्रसंख्योऽभूत् रफी उद्दरजातकः ।
चतुर्थे जूनदिवसे अङ्केन्द्वश्वेन्दुवत्सरे ।।२८७९।।

२८७९. ग्यारहवां नृप हुआ। ई० वर्ष १७१९ में चार जून को रफीउद्दरजात—

राज्यकार्याक्षमो रोगजर्जरश्च्यावितः पदात् ।
सप्तमेऽह्नि तनुं त्यक्त्वा विमुक्तो रोगसङ्कटात् ।।२८८०।।

२८८०. जो राज्य संचालन में असमर्थ तथा रोग जर्जर था, पदच्युत कर दिया गया। सातवें दिन शरीर त्यागकर रोग संकट से मुक्त हो गया।

रफी उद्दौला नृपोऽभूद् द्वादशो मुगलान्वये ।
रफी उश्शानाग्रसुतः शाहालमसुतात्मजः ।।२८८१।।

रफीउद्दौला ई० वर्ष १७१९ :

२८८१. शाह आलम का पौत्र तथा रफीउश्शान का ज्येष्ठ पुत्र रफीउद्दौला (शाहजहां द्वितीय) मुगल काल का बारहवां (सन् ६-६-१७१९ ई० को) नृप हुआ।

अभिषेकाऽभिधाऽस्याभूत्ख्याता शाहजहाँऽपरः ।
अस्य सार्धत्रयो मासा राज्यकालो निरूपितः ।।२८८२।।

२७८२. रफीउद्दौला का राज्याभिषेक नाम शाहजहां द्वितीय था। इसका राज्यकाल लगभग साढ़े तीन[2] मास था।

---

१. निकुसियर : आगरा किला में जहाँ वह कैद था, १८ मई सन् १७१९ ई० को राजा घोषित किया गया। वहीं से गिरफ्तार कर दिल्ली लाया गया और सलीमगढ़ में रखा गया। उसने १२-८-१७१९ को आत्म समर्पण कर दिया।

२. कुछ लेखक राज्यकाल ४ मास १६ दिन देते हैं। पर गणना से उसका राज्यकाल १०४ दिन ठहरता है। यदि अंग्रेजी तारीख से गणना की जाय तो ३ मास १४ दिन होता है।

अयञ्च दुर्बलोऽतीवाहिफेनव्यसनी तथा ।
सितम्बरेऽश्वेन्दुदिनेऽङ्केन्द्वश्वेन्दुमिताब्दगे ॥२८८३॥

२८८३. यह अति दुर्बल था। अफीम का व्यसनी था। ई० वर्ष १७१९ में १७ सितम्बर को—

स्वयं ममार तद्देहः षड्विंशेऽह्नि सितम्बरे ।
गोपयित्वा नवाहानि देहल्यां प्रेषितोऽभवत् ॥२८८४॥

२८८४. उसकी मृत्यु हो गयी। समाचार नव दिन गुप्त रखकर, उसका शव २६ सितम्बर को दिल्ली प्रेषित किया गया।

आसीज्जहानशाहाख्यस्तुर्यः शाहालमात्मजः ।
रौशन-अख्तरसंज्ञस्तु तत्पुत्रो राज्यमाप्तवान् ॥२८८५॥

मुहम्मदशाह सन् १७१९-१७४८ :

२८८५. जहानशाह चतुर्थ पुत्र शाह आलम था। उसके पुत्र रौशन अख्तर ने—

अङ्केन्दुशैलचन्द्राब्देऽष्टाविंशेऽह्नि सितम्बरे ।
अभिषेकाभिधा चास्य मुहम्मदशाह उच्यते ॥२८८६॥

२८८६. ई० वर्ष १७१९ में २८ सितम्बर को राज्य प्राप्त किया। इसका राज्याभिषेक नाम मुहम्मद शाह था।

अयं मुगलवंशीयो नृपो जातस्त्रयोदशः ।
अश्वेन्दुवर्षावस्थायामभिषिक्तोऽन्वपालयत् ॥२८८७॥

२८८७. यह मुगल वंश का तेरहवां नृपति था। १७ वर्ष की अवस्था में उसका राज्याभिषेक हुआ।

भारतं राज्यमङ्काक्षितुल्याब्दान् भाग्यवानयम् ।
मृते फरूखे हिन्दूतत्पत्नीमिन्द्रकुमारिकाम् ॥२८८८॥

२८८८. उस भाग्यवान् ने २९ वर्ष भारत पर पर शासन किया। फरुखशियर के मरने पर, उसकी हिन्दू पत्नी इन्द्रकुंवर को—

तत्पिताऽजितसिंहाख्यो दिल्लीं स्वेन सहाऽनयत् ।
अपास्य यावनं वस्त्रं हिन्दूवस्त्रैर्विभूषिता ॥२८८९॥

२८८९. उसके पिता अजितसिंह अपने साथ दिल्ली से (सन् १७१९ ई०) ले आये। मुसलमानी वस्त्र हटाकर उसे हिन्दू वस्त्रों से अलंकृत किया गया।

शुद्धीकृता पुनर्हिन्दूरूपेण स्वीकृता तु सा ।
प्रायः कोटिमिता मुद्रा आदायाजितसिंहकः ॥२८९०॥

२८९०. शुद्धि के पश्चात् वह पुनः हिन्दू रूप में स्वीकृत कर ली गयी। अजितसिंह एक करोड़ मुद्रा (रुपया) लेकर—

स्वीयं जोधपुरं राज्यं जगाम सुतया स्वया ।
अङ्केन्दुशैलचन्द्राब्दादिन्द्वग्न्यश्वेन्दुवत्सरम् ॥२८९१॥

२८९१. पुत्री के साथ अपने राज्य जोधपुर चले गये । ई० वर्ष १७१९ से १७३१—

यावद्राजा कुलूराज्ये राजसिंहो बभूव ह ।
इनायतुल्लाखानस्तु राज्यपालो यदाऽभवत् ॥२८९२॥

२८९२. तक कुलू का राजा राजसिंह था । जब इनायतुल्ला खां राज्यपाल हुआ—

तदा महतबीखानो मुल्ला अब्दुन्नवी अभूत् ।
अयं स्वधर्मव्याजेन हिन्दूनां कदनं व्यधात् ॥२८९३॥

२८९३. उस समय महतबी खां अपर नाम मुल्ला अब्दुन्नवी काश्मीर में था । उसने अपने धर्म के नाम पर हिन्दुओं का नाश किया ।

क्रूरो धर्मान्धधीरेष बभूव कलहप्रियः ।
अभ्राक्ष्यश्वेन्दुवर्षेऽसौ नीचमूर्खजनेषु वै ॥२८९४॥

२७९४. वह क्रूर, धर्मान्ध एवं कलह प्रेमी था । ई० वर्ष १७२० में वह नीच मूर्खों में—

उत्पाद्य धार्मिकोन्मादं तेषां नेता बभूव ह ।
प्रेरयामास हिन्दूनां दग्धुं सद्मानि दुर्जनान् ॥२८९५॥

२८९५. धार्मिक उन्माद उत्पन्न कर, उनका नेता हो गया । उसने हिन्दुओं के घर में आग लगाने के लिये, दुर्जनों को प्रेरित किया ।

तदोपराज्यपो मीरोऽहमदोऽमुमुपद्रवम् ।
निरोद्धुम्प्रार्थयामासेनायतुल्लाख्यराज्यपम् ॥२८९६॥

२८९६. उस समय उपराज्यपाल मीर अहमद ने (सन् १७१७-१७२० ई०) यह उपद्रव शान्त करने के लिये राज्यपाल इनायतुल्ला खां से प्रार्थना की—

अविलम्बेन सेनैका दिल्लीतः प्रेष्यतां यया ।
मत्तो महतवीखानः सानुगो दम्यतामिति ॥२८९७॥

२८९७ दिल्ली से अविलम्ब एक सेना भेजी जाय, जिससे अनुचर सहित प्रमत्त महतबो खान का दमन किया जा सके ।

लब्धप्रतिष्ठो नगरे मजलिस्रायधार्मिकः ।
विप्रान्सम्भोजयन्नासीत्क्वाप्युद्याने शुभाशयः ॥२८९८॥

२८९८. नगर में लब्धप्रतिष्ठ, धार्मिक मजलिस राय शुद्धभाव से किसी उद्यान में विप्रों को भोजन करा रहे थे ।

गत्वा महतवीखानस्तत्रस्थान् भोक्तृभोजकान् ।
ताडयंस्त्रासयन्नासीन्निसर्गक्रूरधीः खलः ॥२८९९॥

२८९९. स्वभावतः क्रूर एवं दुर्जन महतवी खां, वहाँ जाकर, भोक्ताओं तथा भोजकों को दण्डित एवं सन्त्रस्त किया।

उद्विग्नो मजलिस् रायो मीरस्याहमदस्य वै ।
उपराज्यपस्य गेहं स्वरक्षार्थं विवेश ह ॥२९००॥

२९००. दुखी होकर, मजलिस राय अपनी रक्षा के लिये, उप राज्यपाल मीर अहमद के घर में प्रविष्ट हो गया।

ततो निवृत्त उद्यानात्खानो महतवी पुनः ।
गत्वाऽऽवासेषु हिन्दूनां दीपयामास पावकम् ॥२९०१॥

२९०१. वहां से लौटकर, महतवी खां ने हिन्दुओं के घरों में आग लगवा दिया।

नगरस्थांस्तु यवनान् सहादायोपराज्यपम् ।
इच्छन् दण्डयितुं तस्यावासं परित आवृणोत् ॥२९०२॥

२९०२. वह उपराज्यपाल को दण्डित करने के लिये नगर के मुसलमानों को साथ लेकर, उसका घर सब ओर से घेर लिया।

तं सेतुं दग्धवान् येन मीराहमद एति वै ।
एवं विरोधे संवृत्ते हिन्दूमुस्लिमवर्गयोः ॥२९०३॥

हिन्दुओं पर अत्याचार :

२९०३. वह पुल जला दिया, जिससे मीर अहमद आता-जाता था। इस प्रकार हिन्दुओं एवं मुसलमानों में विरोध हो जाने पर—

आपणेषु च मार्गेषु बाणैर्गुलिकप्रस्तरैः ।
इष्टिकाभिश्च युयुधुः शिशुष्वप्यदया द्वयोः ॥२९०४॥

२९०४. बाजारों तथा सड़कों पर बाणों, गोलियों, पत्थरों एवं ईटों से प्रहार करने लगे। शिशुओं के प्रति भी निर्दयी,

हर्म्यपृष्ठस्थितान् बालान् कन्यकाश्च क्रुधान्विताः ।
प्रक्षिप्य भूमौ निघ्नन्ति कोपोपहतचेतसः ॥२९०५॥

२९०५. क्रोधी एवं क्रोधवश विनष्टबुद्धि उभयपक्षीय लोग, प्रासाद पर स्थित, लड़कों एवं लड़कियों को भूमि पर फेंकर मार डालते थे।

एवमब्दुन्नवी दग्ध्वा हिन्दूगेहानशान्तधीः ।
मजलिस्रायप्रमुखानन्विष्याङ्गान्यभञ्जयत् ॥२९०६॥

२९०६. अशान्त बुद्धि, अब्दुन्नवी महतवी खां ने इस प्रकार हिन्दुओं का घर जलाकर, मजलिस राय आदि प्रमुख लोगों ढूंढ कर, उनके अंग कटवा दिये।

हिन्दून् मुस्लिमधर्मेषु दीक्षयन्तो बलात्खलाः ।
कृत्स्नं शिश्नं खण्डयन्ति धृष्टास्तदनुयायिनः ।।२९०७।।

२९०७. उसके धृष्ट अनुयायी, हिन्दुओं को बलात् इस्लाम धर्मानुयायी बनाते तथा सुन्नत के समय पूरा शिश्न काट देते थे ।

जुमामसजिदे स्थित्वा समानीतानुयायिषु ।
दीदार खाँऽभिधो जातः स्वयं कश्मीर शासकः ।।२९०८।।

२९०८. अपने अनुयायियों के मध्य वह जुमा मसजिद में स्थित होकर, दीदार खां नाम से स्वयं काश्मीर का शासक बन गया ।

स्थित्वा मसजिदे पापो भगवत्स्मरणोचिते ।
करोति राज्यव्यापारान् शासनार्थिकनैतिकान् ।।२९०९।।

२९०९. ईश्वर का स्मरण करने योग्य मसजिद में रहकर, वह पापी आर्थिक एवं नैतिक राज्यकार्य करता था ।

एवं स रचयाञ्चक्रे पञ्च मासानुपद्रवम् ।
राज्यपालः प्रतिनिधिम्प्रैषयत्तदनन्तरम् ।।२९१०।।

२९१०. इस प्रकार उसने पांच मास उपद्रव किया । तदनन्तर राज्यपाल ने अपना प्रतिनिधि—

ख्वाजामोमिनखानाख्यं शान्तिस्थापनहेतवे ।
त्रिक्रोशदूरादभ्येत्य ख्वाजाऽब्दुल्लाऽऽदिभिः सह ।।२९११।।

२९११. ख्वाजा मोमिन को शान्ति स्थापनार्थ वहां प्रेषित किया । ख्वाजा अब्दुल्ला आदि के साथ महतवी तीन कोश दूर आकर—

तं मोमिनं महतवी सादरम्पुरमाऽनयत् ।
मनस्वी मोमिनस्तं तु गूढं गूढाशयोऽवदत् ।।२९१२।।

२९१२. मोमिन खां को सादर ले गया । मनस्वी मोमिन ने गुप्त अभिप्राय से उसे गुप्त निर्देश दिया ।

त्वं शाहपुरखाँबख्शीगृहं गत्वा क्षमापय ।
यदा महतवी खानश्चलति क्वापि तत्सुतौ ।।२९१३।।

२९१३. 'तुम शाहपुर खां बख्शी के घर जाकर, क्षमा याचना करो' । जब महतवी खां कहीं जाता था, उस समय उसके दो पुत्र—

तदा मौहम्मदं गीतं गायन्तौ पुरतस्त्वितः ।
मोमिनाज्ञानुसारं ते त्रयो बख्शीगृहं ययुः ।।२९१४।।

२९१४. (पैगम्बर) मुहम्मद साहब का गीत गाते हुए, आगे-आगे चलते थे । मोमिन के आदेशानुसार वे तीनों बख्शी के घर पहुँचे ।

आचस्कन्दुस्तदा तत्र निगूढा गक्खरादयः ।
अभ्राक्षिशैलचन्द्राब्दे द्वादशेऽह्नि सितम्बरे ॥२९१५॥

२९१५. वहां छिपे, गक्खर आदि, उस पर आक्रमण कर दिये। ई० वर्ष १७२० में १२ सितम्बर को—

द्विपुत्रसहितः पापो यदा महतवी हतः ।
तदा तृतीयस्तत्पुत्रो मुल्ला अशरफाभिधः ॥२९१६॥

२९१६. दो पुत्रों सहित पापी महतवी जब मार डाला गया, उस समय उसके तीसरे पुत्र मुल्ला अशरफ ने—

चकारोपद्रवान्नाना विपक्षान्प्रतिशोधयन् ।
हसनाबादखान्काहे शियाऽऽवासे जडीबले ॥२९१७॥

उपद्रव :

२९१७. अनेक विपक्षियों का प्रतिरोध करते हुए, महान उपद्रव किया। शिया वर्ग के बाहुल्य वाले स्थान, हसनाबाद[१], खानकाह शमशुद्दीन, जडीबल पर—

तत्पूर्वाः शामशुद्दीने आचक्रमुरनारतम् ।
दिनद्वयमभूद् युद्धं मुगला यात्रिणो हताः ॥२९१८॥

२९१८. उसके साथ अन्य लोगों ने आक्रमण किया। दो दिन युद्ध हुआ। मुगल यात्री मारे गये।

द्रोहापहतसौजन्यैर्बलान्नार्योऽवमानिताः ।
काजीबख्शीभवनयोर्हेत्वोर्महतवीवधे ॥२९१९॥

२९१९. सौजन्यरहित, विद्रोहियों ने बलात् नारियों को अपमानित किया। महतवी के वध स्थान काजी तथा बख्शी के घर—

उपेत्योपद्रवी वर्गो विनाशायोपचक्रमे ।
गृहकोणे स्थितौ काजीबख्शी चैकः पलायितः ॥२९२०॥

२९२०. जाकर विद्रोहियों ने विनाशात्मक उपद्रव किया। काजी एवं बख्शी घर के कोने में स्थित हो गये। उनमें समय पाकर एक पलायित हो गया।

तयोर्भवनयोर्नैकाऽपीष्टिका तैरुपेक्षिता ।
मुहम्मद् शाहराज्यस्याङ्काक्षिवर्षेषु राज्यपाः ॥२९२१॥

२९२१. विद्रोहियों ने उन घरों की एक-एक ईंटें तोड़ डाली। मुहम्मद शाह के २९ वर्षीय राज्यकाल में—

---

१. हसनाबाद तथा जडीबल : शिया सम्प्रदाय के दोनों स्थान थे। वहाँ शिया बहुमत में थे।

कश्मीरे द्वादशाभूवन् तद्राज्यसमये क्रमात् ।
अभूद्विघटितं शक्तिहीनं मुगलशासनम् ॥२९२२॥

२९२२. बारह राज्यपाल काश्मीर में नियुक्त हुए। उसके राज्यकाल में मुगल शासन क्रमशः विघटित एवं शक्तिहीन हो गया।

अभ्राक्षिशैलचन्द्राब्दे द्वितीयेऽप्रीलवासरे ।
बालाजी विश्वनाथाख्यः पेशवेशो दिवंगतः ॥२९२३॥

पेशवा :

२९२३. ई० वर्ष १७२० में २ अप्रैल को बालाजी विश्वनाथ पेशवा का देहावसान हुआ।

तदब्देऽप्रीलमासस्य दिने सप्तदशेऽभवत् ।
बाजीरावः पेशवायामथाभ्राक्ष्यश्वगोऽब्दतः ॥२९२४॥

२९२४. उसी वर्ष १७ अप्रैल को बाजीराव पेशवा हुए। ई० वर्ष १७२० से—

बाणाग्निशैलचन्द्राब्दपर्यन्तमभवन्नृपः ।
चम्पायामुग्रसिंहाख्यो नामानुगगुणोज्ज्वलः ॥२९२५॥

२९२५. ई० वर्ष १७३५ पर्यन्त चम्पा का राजा उग्रसिंह था।

औरङ्गजेबस्तु यदा ममार
ततः परं गोऽग्निमिताब्दमध्ये ।
राज्याधिकाराय बभूवुरुग्र-
युद्धानि सप्तान्तकराणि शक्तेः ॥२९२६॥

२९२६. औरंगजेब के मरणोपरान्त ३१ वर्षों में राज्याधिकार के लिये शक्ति-विनाशक सात युद्ध हुए।

युद्धेषु तेषु राजन्यवंश्याः शूराश्च सैन्यपाः ।
सामन्ता मरणम्प्रापुः क्षीणम्मुगलशासनम् ॥२९२७॥

२९२७. उन युद्धों में बहुत राजवंशीय, शूर, सेनापति एवं सामन्त दिवंगत हुए, जिससे मुगल शासन दुर्बल हो गया।

ततः परम्महाराष्ट्रा जाटा बुन्देलखण्डिनः ।
राठौराः कछवाहाश्च तथा सिक्खाः सिसोदियाः ॥२९२८॥

२९२८. तदनन्तर मराठे, बुन्देले, राठौर कछवाहे, सिक्ख एवं सिसोदिया—

स्वं स्वं राज्यं दृढं चक्रुर्जाताः संघटितास्तथा ।
अभ्राक्षिशैलचन्द्राब्दे हिन्दुभ्यो जजियाकरम् ॥२९२९॥

२९२९. संघटित हो गये और अपना-अपना राज्य सुदृढ़ कर लिये। ई० वर्ष १७२० में हिन्दुओं के ऊपर से जजिया कर—

निवारयितुमादिष्टम् अग्न्यक्ष्यश्वेन्दुवत्सरे ।
निजामुल्मुल्कस्तु पुनस्तं योजयितुमैहत ॥२९३०॥

२९३०. हटाने का आदेश दिया गया। ई० वर्ष १७२३ में निजामुल मुल्क ने पुनः वह कर लगाने की इच्छा की।

मार्चेऽप्रीले पुनर्बाणनेत्रशैलेन्दुवत्सरे ।
योजितो नाममात्राय स एव जजियाकरः ॥२९३१॥

२९३१. ई० वर्ष १७२५ के मार्च-अप्रैल में पुनः नाम मात्र के लिये, जजिया कर लगाया गया।

नेत्राभ्रेषुखनेत्रवह्निबाणै-
स्तुल्याः प्रागकबरशाहचित्रमुद्राः ।
अभ्राक्ष्यश्वमहीमिताब्दमध्ये
कश्मीरे किल सम्बभूवुरच्छाः ॥२९३२॥

२९३२. ई० वर्ष १७२० में कश्मीर की आय ५३,२०५०२ अकबरशाही रुपये थी।

सर्वकारद्वयं तत्र विभागाः पञ्चसप्ततिः ।
आसन् कश्मीरराज्ये वै व्योमाक्ष्यश्वेदुवत्सरे ॥२९३३॥

२९३३. ई० वर्ष १७२० में काश्मीर राज्य में दो सरकारें[1] तथा ७५ विभाग थे।

अभ्राक्षशैलेन्दुमिताब्दपूर्वं
बाणाग्निशैलेन्दुसमान्तमासीत् ।
सुमण्डले वंगहलाख्यराज्ये
ख्यातस्तु राजा रघुनाथपालः ॥२९३४॥

२९३४. ई० वर्ष १७२०-१७३५ में वंगहल राज्य में रघुनाथ पाल राजा था।

गरूरसेनो राजाऽभूदिन्द्वक्ष्यश्वेन्दुवर्षतः ।
नेत्राङ्गाश्वेन्दुवर्षान्तं सुकेताख्ये तु मण्डले ॥२९३५॥

२९३५. ई० वर्ष १७२१ से १७६२ में सुकेत मण्डल का राजा गरुरसेन था।

अब्दुल् सैय्यदखानोऽभूद् दृढः कश्मीरराज्यपः ।
चन्द्राक्षिशैलभूतुल्यवर्षाद्यावच्चतुःसमाः ॥२९३६॥

अब्दुल सैय्यद खां ई० वर्ष १७२१-१७२३ :

२९३६. ई० वर्ष १७२१ से १७२३ तक लगभग चार वर्ष अब्दुल सैय्यद कश्मीर का राज्यपाल था।

---

१. सरकार : कमराज तथा मराज।

तदोपराज्यपाः पञ्च पूर्वो यौमिनखानकः ।
अब्दुल्ला तु दहेवेदी द्वितीयः समजायत ॥२९३७॥

२९३७. उसके समय में पांच उपराज्यपाल हुए। मौमिन खां प्रथम (सन् १७२० ई०) अब्दुल्ला दहेवेदी द्वितीय (सन् १७२०-१७२१ ई०),

तृतीयोऽबूबरकातस्तुर्य आरिफखानकः ।
अन्त्यो नजीबखानोऽभूत्पञ्चामी क्रमशोऽभवन् ॥२९३८॥

२९३८. अबूबरकात तृतीय (सन् १७२२ ई०), आरिफ खान चतुर्थ (सन् १७२२ ई०) तथा नजीव खान पञ्चम (सन् १७२३ ई०) क्रमशः उपराज्यपाल हुये।

विंशे दिसम्बरे चन्द्रनेत्रशैलेन्दुवत्सरे ।
बालाजिवाजीरावस्य विख्यातस्याभवज्जनिः ॥२९३९॥

२९३९. ई० वर्ष १७२१ में २० दिसम्बर को प्रख्यात बालाजी वाजीराव का जन्म हुआ।

नेत्राक्षिशैलचन्द्राब्दे कश्मीरे साम्प्रदायिकः ।
उग्रो बभूव कलहो राज्यपस्तमशीशमत् ॥२९४०॥

साम्प्रदायिक उपद्रव :

२९४०. ई० वर्ष १७२२ में काश्मीर में भयंकर साम्प्रदायिक उपद्रव हुआ। राज्यपाल ने उसे शान्त किया।

ययौ स तत्र लाहौरान्महत्या सेनयैकया ।
निगृह्य सर्फुद्दीनाख्यं कपटेन विरोधिनाम् ॥२९४१॥

२९४१. वह एक बड़ी सेना के साथ वहां गया। सर्फुद्दीन को जो विरोधियों में—

मूर्धन्यम्मारयामास भीतये तु विरोधिनाम् ।
नायद्कदलसेतोर्वै ख्वाजा यारबलावधि ॥२९४२॥

२९४२. प्रमुख था, छलपूर्वक वन्दी बना कर, उसका वध करा दिया। उसने नायद[1] कदल सेतु से ख्वाजा यार बल[2] पर्यन्त—

शवानालम्बयामास क्रोशं श्रीनगराध्वनि ।
एवम्प्रशमयामास युक्त्या द्रोहम्विरोधिनाम् ॥२९४३॥

२९४३. श्रीनगर से एक कोश दूर—स्थल मार्ग पर, भय उत्पन्न करने के लिये, विरोधियों का शव लटकवा दिया। इस प्रकार युक्तिपूर्वक उसने विद्रोहियों का द्रोह शान्त किया।

---

१. नायद या नैद कदल : श्रीनगर में एक मुहल्ला है।

२. यार बल ; नाव से सामान उतारने का स्थान।

साधारणाधिकारा ये हिन्दूनाम्प्रागपाकृताः ।
स तान्प्रवर्तयामासाश्वारोहतिलकादिषु ॥२९४४॥

हिन्दुओं के साथ उदारता :

२९४४. हिन्दू के सामान्य अधिकार अश्वारोहण, तिलक लगाना आदि, जो पहले निषिद्ध कर दिये गये थे, उन्हें उसने प्रचलित करा दिया ।

यदासीद्वर्जितम्पूर्वं शिरोवेष्टनधारणम् ।
तदप्याज्ञापयामास हिन्दूनां शिशवः पुनः ॥२९४५॥

२९४५. शिर पर पगड़ी बांधने पर, जो पहले प्रतिबन्ध लगा था, उसे दूर कर दिया। हिन्दू बालकों के—

निषिद्धाः पाठशालासु प्रवेशे प्राक्प्रशासकैः ।
तदप्यध्ययनन्तेषां राज्यपेन प्रवर्तितम् ॥२९४६॥

२९४६. पाठशालाओं में प्रवेश पर, पूर्व शासन ने प्रतिबन्ध लगा दिया था। राज्यपाल ने उनका अध्ययन पुनः प्रारम्भ करा दिया ।

अबू रफीउद्दीनोऽहमदो विद्वानरीरचत् ।
नवादिरूल अख्बारं कश्मीरस्येतिहासकम् ॥२९४७॥

२९४७. विद्वान् अबूरफी उद्दीन अहमद ने काश्मीर का इतिहास ग्रन्थ 'नवादिरुल अखबार' की रचना—

वह्न्यक्षिशैलचन्द्राब्दे राज्यपेऽब्दुलसैय्यदे ।
द्वितीयो राज्यपालोऽभून्नाम्ना आजमखानकः ॥२९४८॥

२९४८. ई० वर्ष १७२३ में राज्यपाल अब्दुल सैय्यद के समय की थी। आजम खां—

वेदाक्षिशैलचन्द्राब्दे तदाऽऽसीदुपराज्यपः ।
अब्दुल्लाखाँ देहवेदी तुर्यवारं गुणाधिकः ॥२९४९॥

आजम खां : सन् १७२३-१७२४ ई० :

२९४९. ई० वर्ष १७२४ में द्वितीय राज्यपाल हुआ। उसी समय गुणवान् अब्दुल्ला खां दहवेदी चौथी बार (सन् १७२३ ई०) उपराज्यपाल बना ।

वह्न्यक्षिशैलचन्द्राब्दे वृष्टयाधिक्यात्कृषिर्हता ।
दुर्भिक्षमभवत्पूर्णं त्रिंशन्मासान्निरन्तरम् ॥२९५०॥

दुर्भिक्ष :

२९५०. ई० वर्ष १७२३ में वर्षाधिक्य के कारण कृषि विनष्ट हो गयी। ढाई वर्ष निरन्तर दुर्भिक्ष बना रहा ।

तण्डुला नैव दृश्यन्ते स्वर्णतुल्यार्घशालिनः ।
अन्नाभावात्तु कश्मीरे क्षुधार्ता बहवो मृताः ॥२९५१॥

२९५१. काश्मीर में स्वर्ण सदृश, मूल्यवान् चावल का दर्शन दुर्लभ हो गया । अन्न के अभाव में क्षुधा से पीड़ित होकर बहुत लोग मर गये ।

इनाथतुल्लाखानस्तु राज्यपालोऽभवत्पुनः ।
चतुर्थवारं वेदाक्षिशैलेन्द्वब्दे गुणाधिकः ॥२९५२॥

इनायतुल्ला खां चौथी बार ई० वर्ष १७२४-१७ ५ :

२९५२. इनायतुल्ला खां ई० वर्ष १७२४ में पुनः चौथी बार राज्यपाल नियुक्त हुआ ।

एकाब्दं शासनं कृत्वा तदब्दे त्यक्तवांस्तनुम् ।
तदोपराज्यपालोऽभूत्फखरुद्दीनखाँऽभिधः ॥२९५३॥

२९५३. एक वर्ष शासन करके, ई० वर्ष १७२५ में उसने देह त्याग किया । उस समय फखरुद्दीन खां (सन् १७२४-१७२५ ई०) उपराज्यपाल था ।

अहमद्शाह अब्दाली मुल्ताने लब्धवान् जनिम् ।
वेदाक्ष्यश्वेन्दुतुल्याब्दे वह्न्यगाश्वेन्दुवत्सरे ॥२९५४॥

अहमदशाह अब्दाली का जन्म :

२९५४. ई० वर्ष १७२४ में अहमदशाह अब्दाली का मुल्तान में जन्म हुआ । ई० वर्ष १७७३ में—

ममार तन्मजारस्तु गन्धारे दृश्यतेऽधुना ।
असावफ्गानवंशीयोऽब्दालीगोत्रो बभूव ह ॥२९५५॥

२९५५. उसकी मृत्यु हुई । उसकी मजार कन्धार में इस समय भी है । वह अब्दाली गोत्र अफगान वंशीय था ।

पिता मुहम्मदखां राजा हेरातान्तिकगोऽभवत् ।
षण्णवत्यब्दवयसि बाणाक्ष्यश्वेन्दुवत्सरे ॥२९५६॥

२९५६. उसका पिता मुहम्मद खां हेरात के समीप एक राजा था । ई० वर्ष १७२५ में ९६ वर्ष की आयु में—

कवियित्री मृता रूपभवानोसंज्ञिका पुरा ।
अथो यकीदत् खानोऽभूत्त्रीणि वर्षाणि राज्यपः ॥२९५७॥

यकीदत खां ई० वर्ष १७२५-१७२७ :

२९५७. कवियित्री रूपभवानी की मृत्यु हुई । यकीदत खां तीन वर्ष राज्यपाल था ।

बाणाक्ष्यश्वेन्दुवर्षादि पुनस्तत्रोपराज्यपः ।
अबूबर्कातखां जातः कश्मीरेऽभूत्समर्घता ।।२९५८।।

२९५८. वह ई० वर्ष १७२५ में नियुक्त हुआ था। अबूबरकात खां पुनः कश्मीर में उपराज्यपाल (सन् १७२५-१७२७ ई०) हुआ। उस समय कश्मीर में सस्ती हो गई थी।

तदीयसमये चासीच्छिथिलं तत्र शासनम् ।
बाणाक्ष्यश्वेन्दुवर्षादि खवेदाश्वेन्दुवत्सरम् ।।२९५९।।

२९५९. उसके समय में वहां शासन तन्त्र शिथिल हो गया था। ई० वर्ष १७२५-१७४० में—

यावद्गाजी मीर चोऽभूत् खपोले नृपतिः किल ।
तथेमामकुलीखानः शिगारे नरपालकः ।।२९६०।।

२९६०. खपोलू (खपलोर) में गाजी मीर चो, शिगार में इमाम कुलीखान—

नृपो वसोहलीराज्ये मेदिनीपालसंज्ञकः ।
अङ्गाक्ष्यश्वेन्दुवर्षादि बाणश्रुत्यश्वभूमितम् ।।२९६१।।

२९६१. तथा वसोहली में मेदनीपाल (सन् १७२५-१७३६ ई०) राजा था। ई० वर्ष १७२६ १७४५—

यावदब्दं जकरियाखांऽभूत्पञ्चालराज्यपः ।
अबूवर्कातखानस्तु गतो वंदीकृतोऽन्तिकम् ।।२९६२।।

२९६२. तक जकरिया खां पंजाब का राज्यपाल था। अबूबरकात खां बन्दी बनाकर, बादशाह—

बादशाहस्य शास्तौ हि तस्यासीद्दूषणं बहु ।
अश्वाक्षिशैलचन्द्राब्दाच्चन्द्रेभाश्वेन्दुसम्मितम् ।।२९६३।।

२९६३. के समीप भेज दिया गया। उसके शासन में बहुत दोष थे। ई० वर्ष १७२७-१७८१—

वर्षं यावदभूद्राजा मण्डीराज्ये सुमण्डिते ।
पुत्रः स सिद्धसेनस्य शमशेरः ससेनकः ।।२९६४।।

२९६४. पर्यन्त सिद्धसेन का पुत्र शमशेर सेन मण्डी का राजा था।

मुहम्मद् आजिमोऽद्राक्षीदश्वाक्ष्यश्वेन्दुवत्सरे ।
पतितं गरुडस्तम्भं परिहासपुरे शुभे ।।२९६५।।

२९६५. ई० वर्ष १७२७ में मुहम्मद आजिम ने परिहास[1] पुर में एक गरुड़स्तम्भ गिरा हुआ देखा था।

---

१. परिहासपुर द्रष्टव्य परिशिष्ट 'ख' जोनराज कृत राजतरंगिणी-लेखक कृत ।

ताक्ष्यमूर्तिशिरस्कोऽयमिभवेदकरोच्छ्रितिः ।
एकप्रस्तरनिर्माणः स्तम्भः स्तम्भक ईक्षिणाम् ॥२९६६॥

२९६६. उसके ऊपरी भाग पर गरुड़ की मूर्ति थी। ऊंचाई ४८ हाथ थी। एक पत्थर से निर्मित, यह स्तम्भ देखने वालों को स्तम्भित करने वाला था।

नाद्यावलोक्यते सोऽयं ध्वस्तः स्यात्प्रतिपक्षिभिः ।
गजाक्षिशैलचन्द्राब्दादिन्दुशैलाश्वभूमितम् ॥२९६७॥

२९६७. इस समय वह नहीं दिखाई पड़ता है। प्रतिपक्षियों द्वारा नष्ट कर दिया गया। ई० वर्ष १७२८ से १७७१ तक—

वर्षं यावत्कष्ठवाटेऽमलूकश्च नृपोऽभवत् ।
वर्ष द्वयं तु नन्दाक्षिशैलेन्द्वब्दात् स चाघरः ॥२९६८॥

२९६८ काष्ठवाट का राझा अमलूक सिह था। ई० वर्ष १७२९ में लगभग दो वर्ष आघर[1] खां—

राज्यपालोऽभवत्सोऽयं क्रूरः शिथिलशासनः ।
लुब्धोऽयमर्थं केनापि व्याजेनार्थं नृणां हरन् ॥२९६९॥

अघरखान सन् १७२७-१७२९ ई० :

२९६९. काश्मीर में राज्यपाल था। यह क्रूर एवं शिथिल शासक था। लोभवश किसी न किसी व्याज से लोगों से धन लेने के कारण—

सर्वेषामप्रियो जातो दिल्ल्यां निन्दाऽस्य यापिता ।
कुशासनात्प्रजास्वासीन्मिथो द्रोहो द्विमासकौ ॥२९७०॥

२९७०. सबका अप्रिय हो गया। उसकी निन्दा दिल्ली पहुँचायी गयी। कुशासन के कारण प्रजा में दो मास विद्रोह (संघर्ष) हुआ।

अथोद्विग्नैर्जनैर्नीतोऽसको बारहमूलकम् ।
पश्चादमीरखानोऽभूदष्टवर्षाणि राज्यपः ॥२९७१॥

अमीर खां ई० वर्ष १७२९-१७३६ :

२९७१. तदनन्तर उद्विग्न होकर, लोगों ने उसे बारहमूला भेज दिया। तत्पश्चात् अमीर खां लगभग आठ वर्ष राज्यपाल रहा।

नन्दाक्षिशैलचन्द्राब्दाद् अबूबर्कातखां पुनः ।
तृतीयबारमभवद् द्वावब्दावुपराज्यपः ॥२९७२॥

२९७२. ई० वर्ष १७२९ से दो वर्ष तक अबूबरकात पुनः तीसरी बार उपराज्यपाल रहा।

---

१. अघर खां : पीरहसन के अब्वल जिल हिज्जा ११४० से ३ माह रमजान ११४१ हि० दिया है। इस गणना से उसका शासन काल १० वर्ष ९ माह होता है।

पश्चान्निरस्तः स्वपदात्स्वपुत्रमुपराज्यपात् ।
अनन्तरपदेऽकार्षीज्जलालुद्दीनखांऽभिधम् ॥२९७३॥

२९७३. अन्त में वह उपराज्यपाल पद से हटा दिया गया था उसने अपने पुत्र जलालुद्दीन खां को उपपदाधिकारी बनाया ।

फ्रान्सिओ औरेजिओऽयादभ्राग्न्यश्वेन्दुवत्सरे ।
डेल्ला पेन्ना डि बिल्ली स लाशां लद्दाखतस्त्वटन् ॥२९७४॥

२९७४. ई० वर्ष १७३० में फ्रान्सिओ औरेजिओ डेल्ला डि बिल्ली ने लद्दाख होकर, लाशा का पर्यटन किया ।

चन्द्राग्निशैलचन्द्राब्दे नियुक्त उपराज्यपः ।
नाम्ना एहतरामः खां षण्मासांस्तस्य शासनम् ॥२९७५॥

२९७५. ई० वर्ष १७३१ में एहतराम खां उपराज्यपाल नियुक्त हुआ । उसका शासन छः मास था ।

तदा भीषणदुर्भिक्षं काश्मीरेष्वभवत्किल ।
अन्नसङ्ग्रहिणो नैके बुभुक्षाविवशैर्हताः ॥२९७६॥

अकाल :

२९७६. उस समय काश्मीर में भयंकर अकाल पड़ा । अनेक अन्न-संग्रही वुभुक्षुओं द्वारा मार डाले गये ।

तदा फजीलतं खानं मुहम्मद् अशर्फं तथा ।
स्वल्पार्घेणान्नलाभाय विचारयितुमुत्सुकाः ॥२९७७॥

२९७७. उस समय अल्पमूल्य, द्वारा अन्न उपलब्धि पर विचार करने के लिये, उत्सुक लोग फजीलत खां तथा मुहम्मद अशरफ खां को—

जना निन्युरुभौ जामामस्जिदं तौ गतौ भ्रमात् ।
वार्तास्थाने जनास्तत्र चक्रुघोर्रमुपद्रवम् ॥२९७८॥

उपद्रव :

२९७८. जामा मस्जिद ले गये । दोनों भ्रमवश वहां गये । वार्त्तालाप के स्थान पर लोगों ने घौर उपद्रव किया ।

कुपितास्तौ निजघ्नुश्च नगरेऽभूदुपद्रवः ।
कुपितो राज्यपालस्तु निर्दिदेशोपराज्यपम् ॥२९७९॥

२९७९. क्रुद्ध लोगों ने उन दोनों को मार डाला । नगर में उपद्रव हो गया । क्रुद्ध होकर, राज्यपाल ने उपराज्यपाल को—

उपद्रवं शमयितुं स जामामस्जिदं गतः ।
शुक्रवारे विचारार्थमबूबार्कात खां तदा ॥२९८०॥

२९८०. उपद्रव शान्त करने का निर्देश दिया । वह विचार विमर्श करने के लिये, शुक्रवार को जामा मस्जिद गया । उस समय अबूबरकात खां—

विरोधिभिः खानकाहमौलाक्षेत्रम्पृथग्गतः ।
नृणां समूहमादाय कुपितस्तूपराज्यपः ॥२९८१॥

२९८१. विरोधियों के साथ खानकाह मौला क्षेत्र में चला गया । कुपित उपराज्यपाल जन-समूह लेकर—

अबबर्कातखानेन योद्धुन्तन्निकटं गतः ।
तत्क्षेत्रस्थास्तु तद्दृष्ट्वा नगरस्थास्तथा जनाः ॥२९८२॥

२९८२. अबूबरकात खां से युद्ध करने के लिये, उसके पास गया । यह देखकर, उस क्षेत्र के तथा नगर के लोग—

अबूबर्कातपक्षेणाभ्येत्य युद्धम्भृशं व्यधुः ।
असाफल्यमिदं वीक्ष्य मीरखानस्तु राज्यपः ॥२९८३॥

२९८३. आकर, अबूबरकात के पक्ष से भयंकर युद्ध किये । वह असफलता देखकर, राज्य-पाल अमीर खां ने—

अपास्यैहतरामाख्यं नियुक्तिं तत्पदेऽकरोत् ।
अबूबर्कातखानस्य तदेवमुपराज्यपः ॥२९८४॥

२९८४. एहतराम खां को अपदस्थ कर, उसके पद पर अबूबरकात खां की नियुक्ति की । इस प्रकार वह—

चतुर्थवारमभवत्स चातुर्येण तत्पदे ।
गुणाग्न्यश्वेन्दुवर्षादि चतुर्वर्षाण्यनारतम् ॥२९८५॥

२९८५. चतुर्थ बार उपराज्यपाल नियुक्त हुआ[1] और उस पद पर कुशलतापूर्व ई० वर्ष १७३३ से १७३७ तक चार वर्ष स्थित रहा ।

राजा मुजफ्फराबादे बम्बा हैवत खानकः ।
एत्येन्द्वग्न्यश्वेन्दुवर्षे कमराजमलुण्ठयत् ॥२९८६॥

२९८६. ई० वर्ष १७३१ में मुजफ्फराबाद के राजा हैबत खां बम्बा ने कमराज में लूटपाट किया ।

---

१. इसके समय के विषय में विद्वानों में मतैक्य नहीं है । वामजयी सन् १७३०-१७३५ पीर हसन ११४४ से ११४९-११५० हि०, सन् १७३१-१७३७ ई० तथा डा० परमू ने सन् १७२९-१७३१ तीसरी और १७३३-१७३७ ई० चौथी बार दिया ।

पशून्मनुष्यानादायानैषीद् दमयितुन्तु तम् ।
अबूवर्कातखांऽयासीत्ससेनो गनलस्थलम् ॥२९८७॥

२९८७. उसने मनुष्यों एवं पशुओं का हरण कर लिया। अबूबरकात खां उसका दमन करने के लिये सेना सहित गनल ग्राम गया।

पलायितास्तदा बम्बाः पर्वतेष्वागताः पुनः ।
निशायां सहसा राजसेना आचक्रमुः शठाः ॥२९८८॥

२९८८. उस समय बम्बा पर्वतों में पलायित हो गये। वे शठ रात्रि में पुनः आकर, राजसेना पर, सहसा आक्रमण कर दिये।

तत्राक्रान्तौ हता नैके सामन्ता राजसैनिकाः ।
मुख्तारमुल्कोऽपि हतो नामदारतनूभवः ॥२९८९॥

२९८९. उसमें अनेक सामन्त एवं राजसैनिक मारे गये। नामदार का पुत्र मुख्तार मुल्क—

शाहाबादभवो रात्रौ सहसाऽनवधानतः ।
तस्मिन्दिने खानकाहमौलाक्षेत्रे कृशानुना ॥२९९०॥

२९९०. जो शाहाबाद[1] का था, रात्रि में असावधानी के कारण मारा गया। उसी दिन खानकाह् मौला[2] क्षेत्र में आग—

दग्धम्प्रसृत्य मध्याह्नपर्यन्तमखिलं वसु ।
अगत्या सन्दधे बम्बाजातीयैरुपराज्यपः ॥२९९१॥

२९९१. फैल गयी और मध्याह्न पर्यन्त सब सम्पत्ति जल गयी। अन्य उपाय न होने के कारण, बम्बा लोगों के साथ सन्धि करके, उपराज्यपाल—

प्रत्यागतः श्रीनगरं शिष्टानादाय सैनिकान् ।
चन्द्राग्निशैलचन्द्राब्दे चतुर्दशदिसम्बरे ॥२९९२॥

२९९२. शेष सैनिकों के साथ श्रीनगर लौट आया। ई० वर्ष १७३१ में १४ दिसम्बर को—

बुन्देलखण्डनृपतिश्छत्रसालो दिवं गतः ।
चन्द्राग्निशैलचन्द्राब्दादक्षिश्रुत्यश्वभूमितम् ॥२९९३॥

२९९३. बुन्देल खण्ड का नृपति छत्रसाल दिवंगत हुआ। ई० वर्ष १७३१-१७४२—

---

१. शाहाबाद : काश्मीर का एक परगना है। मराज में है। यहाँ ताम्र तथा लौह के गड्ढे पाये गये हैं।

२. खानकाह मौला : खानकाह मौला की मसजिद सन् १७३३ ई० में उप राज्यपाल अबूबरकात खां (चौथी बार) के समय पुनः बनवाई गयी थी। यह श्री नगर में है।

वर्षं यावत्कुलूराज्ये जयसिंहो नृपोऽभवत् ।
नेत्राग्निशैलचन्द्राब्दे भूकम्पसलिलाप्लवौ ॥२९९४॥

भूकम्प एवं बाढ़ :

२९९४. तक कुलू का राजा जयसिंह था। ई० वर्ष १७३२ में कश्मीर में भूकम्प तथा बाढ़ का—

कश्मीरे समभूतां वै नृणां क्लेशो महानभूत् ।
प्राग्दग्धं खानकाह् मौलाक्षेत्रे यन्मस्जिदादिकम् ॥२९९५॥

२९९५. उपद्रव हुआ। लोगों को महान् कष्ट सहना पड़ा। खानकाह मौला में जो मस्जिद आदि जल गयी थी—

अबूबर्कातखानस्तत्पूर्वतोऽच्छमरीरचत् ।
अग्न्यग्न्यगेन्दुवर्षे वै प्रजाऽऽवर्जनतत्परः ॥२९९६॥

२९९६. जनता को प्रसन्न करने के लिये, अबूबरकात खां ने उसे ई० वर्ष १७३३ में पहले से उत्तम निर्मित करा दिया।

मुहतस्समखां मिर्जाफिदाऽऽख्यस्य कवेर्जनिः ।
कश्मीरेऽग्न्यग्न्यगेन्द्वब्दे बभूवात्रैव वत्सरे ॥२९९७॥

२९९७. ई० वर्ष १७३३ में मिर्जा मुहतस्सम खां फिदा कवि का जन्म कश्मीर में हुआ। उसी वर्ष—

ख्वाजा मुहम्मद् आजम् खां दिद्मरी पारसीगिरा ।
वाक्याते कश्मीरसंज्ञमितिहासमरीरचत् ॥२९९८॥

२९९८. ख्वाजा मुहम्मद आजम खां दिदमरी[1] ने फारसी में 'वाक-याते-कश्मीर' इतिहास की रचना की।

बाणाग्निशैलचन्द्राब्दे दिनान्यष्टावनारतम् ।
ववर्ष देवः कश्मीरे जातो भूयान् जलाप्लवः ॥२९९९॥

घोर वृष्टि :

२९९९ ई० वर्ष १७३५ में कश्मीर में आठ दिन लगातार वृष्टि होती रही। बाढ़ आ गयी।

मासमेकमभूद्वारि क्षेत्रेषु भवनेष्वपि ।
तेन सद्मसहस्राणि ग्रामेषु पतितानि वै ॥३०००॥

३०००. एक मास तक खेतों तथा घरों में जल भरा था, जिससे गांवों में सहस्रों घर गिर गये।

---

१. दिदमर : प्राचीन दिद्दामठ स्थान इस समय दिदमर मुहल्ला श्रीनगर में कहा जाता है।

कतिपयमासानन्तरमासीत्तत्रैव भूकम्पः ।
प्रथमेऽहनि तीव्रोसौ पश्चात्क्रमशस्तु मासांस्त्रीन् ॥३००१॥

भूकम्प :

३००१. कुछ महीनों पश्चात् इसी वर्ष वहां भूकम्प हुआ। प्रथम दिन अधिक तीव्र था तदनन्तर क्रमशः तीन मास भूकम्प होता रहा।

कुत्राऽप्यहनि रात्रौ वा चकम्पे भूरनेकशः ।
अथो दिल्दिलरे खानो राज्यपालो बभूव ह ॥३००२॥

दिल दिलरे खाँ ई० वर्ष १७३६-१७३७ :

३००२. किसी-किसी दिन दिन-रात्रि में अनेक बार भूकम्प होता था। दिल दिलरे खाँ—

पानीपतनिवासी स रसाग्न्यश्वेन्दुवत्सरे ।
तदोपराज्यपालोऽभूदबूबर्कातखानकः ॥३००३॥

३००३. ई० वर्ष १७३६ में राज्यपाल हुआ। वह पानीपत का निवासी था। उस समय उप-राज्यपाल अबूवरकात खाँ था।

जलालुद्दीनखानश्च तदग्रेऽब्दे ततः परम् ।
रसाग्निशैलचन्द्राब्दे राजा हैवतखानकः ॥३००४॥

३००४. ई० वर्ष १७३७ में जलालुद्दीन खां उपराज्यपाल हुआ। ई० वर्ष १७३६ में राजा हैबत खाँ—

पुनर्मुजफ्फराबादे पुरेवोपद्रवं व्यधात् ।
अलुण्ठत्क्रमराजं वै अबूबर्कातखाँ तदा ॥३००५॥

३००५. मुजफराबाद[1] में पुनः उपद्रव किया। उसने क्रमराज में लूट-पाट किया उस समय अबूवरकात खाँ ने—

मीरजाफरकण्ठन्तद्द्रोहशान्त्यर्थमैरयत् ।
मीरकण्ठः सामनीत्या रुरोध तमुपद्रवम् ॥३००६॥

३००६. मीरजाफर कण्ठ को विद्रोह शान्त करने के लिये प्रेषित किया। मीर कण्ठ ने साम नीति से उपद्रव शान्त किया।

किन्त्वबूबरकातस्तन्नाभ्यनन्दत्तदा पुनः ।
मीरकण्ठो मनाग्बम्बाजनानुत्साहितान्व्यधात् ॥३००७॥

बम्बा-उपद्रव :

३००७. अबूवरकात ने उसका सम्मान नहीं किया। अतः मीर कण्ठ ने बम्बाजनों को पुनः प्रोत्साहित किया।

---

१. मुजफ्फराबाद्र काश्मीर का एक प्रसिद्ध नगर एवं स्थान अबोटा बाब से लगभग ४२ मिल और श्रीनगर से ११५ मिल, गढ़ी तथा हतियान के मध्य अबोटाबाद श्रीनगर मार्ग पर पड़ता है। इस समय अनधिकृतरूप से पाकिस्तान में है।

प्रविश्य कमराजन्ते हिंसनं लुण्ठनं व्यधुः ।
प्रैषयत्पुनरेवाबूबर्कातस्तनयं स्वकम् ।।३००८।।

३००८. वे क्रमराज में प्रवेशकर हिंसा तथा लूट-पाट किये। अबूवरकात ने पुनः अपने पुत्र—

ससेनं मीरकण्ठं च बम्बानां दमनाय वै ।
गत्वा बारहमूलान्तं बहवः साह्यमत्यजन् ।।३००९।।

३००९. तथा सेना सहित मीर कण्ठ को बम्बों के दमनार्थ भेजा। बारह मूला पहुँचने पर, बहुत लोगों ने—

सेनाया युद्धकाठिन्यं ज्ञात्वा श्रीनगरं ययुः ।
अबूबर्कातविद्रोहे जाताः संघटिता जनाः ।।३०१०।।

३०१०. सेना का साथ छोड़ दिया और युद्ध की कठिनाई समझकर, श्रीनगर चले गये। लोग अबूवरकात के विरुद्ध संघटित हो गये।

ध्वंसं नगरसेतूनां कृत्वाऽयुद्धयंश्च तज्जनैः ।
अबूबर्कातखानस्तु नगरेऽग्निमदीपयत् ।।३०११।।

अग्निदाह :

३०११. नगर के सेतुओं को तोड़कर उसके सहायकों से युद्ध करने लगे। अबूवरकात खाँ ने नगर में आग लगवा दिया।

तेन मध्याह्नपर्यन्तं दग्धं सद्मसहस्रकम् ।
ततोऽभून्नगरव्यापी त्रीन्मासान्स उपद्रवः ।।३०१२।।

४०१२. उससे मध्याह्न पर्यन्त हजारों घर जल गये। तदनन्तर सम्पूर्ण नगर में तीन मास उपद्रव फैला रहा।

कालाधिक्यान्निरुत्साहा जना युद्धे तदाऽभवन् ।
तथा विपक्षमूर्धन्या येऽप्यासन् जाफरादयः ।।३०१३।।

३०१३. उस समय, समय अधिक हो जाने के कारण, लोग युद्ध के प्रति निरुत्साहित हो गये। विपक्षियों में प्रमुख जाफर आदि जो—

सामन्तास्तेऽपि सञ्जाताः पूर्वोत्साहविवर्जिताः ।
तदाऽबूबरकातः खां कश्मीरात्पूछमभ्यगात् ।।३०१४।।

३०१४. सामन्त थे, उनमें भी पूर्ववत् उत्साह नहीं रह गया। अबूवरकात खाँ कश्मीर से पूछ[1] गया।

१. पूछ : प्राचीन पर्णोत्स है। कश्मीर में इसे पुन्त कहते हैं। द्र० कल्हण कृत राजतरङ्गिणी ४:१८४ टिप्पणी लेखक कृत।

स तत्राब्दुलरज्जाकात्तथा पूछनिवासिनाम् ।

लब्ध्वा सहायतामाऽयाज्जेतुं श्रीनगरं युधि ।।३०१५।।

३०१५. वहाँ अब्दुल रज्जाक तथा पूछवासियों से सहायता प्राप्त कर, युद्ध में विजय के लिये श्रीनगर आया ।

भ्रातृव्यं बरकातस्यामानताख्यन्तु जाफरः ।

सन्धाय मेलयामास स्वपक्षे निपुणो युधि ।।३०१६।।

३०१६. चतुर मुहम्मद जाफर ने अबूवरकात के भतीजा अमानत खाँ के साथ सन्धि करके, उसे युद्ध में अपने पक्ष में कर लिया ।

शैलाग्निशैलचन्द्राब्दे चतुर्दशमुहर्रमे ।

बभूव युद्धन्तत्रासीद्वरकातः पराजितः ।।३०१७।।

३०१७. ई० वर्ष १७३७ में चौदह मुहर्रम को युद्ध हुआ । उसमें अबूवरकात खाँ पराजित हो गया ।

पलायितः स लाहौरं तद्गेहन्तु विपक्षिणः ।

दग्ध्वाऽग्निना धनं सर्वं तदीयं समलुण्ठयन् ।।३०१८।।

३०१८. वह लाहौर पलायित हो गया । विपक्षियों ने उसके घर में आग लगाकर उसका सब धन लूट लिया ।

जाफरानुचरा नैकव्याजैः श्रीनगरान्तरम् ।

प्रविश्यानेकसद्मानि भस्मसाच्चक्रुरग्निना ।।३०१९।।

३०१९. जाफर के अनुयायी अनेक बहाने से, श्रीनगर में प्रवेश कर, बहुत घरों में आग लगा दिये ।

जलालुद्दीनखानस्तु यादगारसहोदरः ।

पलायितेऽबूबर्काते नियुक्त उपराज्यपः ।।३०२०।।

३०२०. अबूवरकात खाँ के पलायित हो जाने पर, यादगार का सहोदर भाई जलालुद्दीन खाँ (सन् १७३७ ई०) उपराज्यपाल नियुक्त किया गया ।

बाबा अब्दुल इस्लामी शाहकासिमपुत्रजः ।

स चाप्युपद्रवारम्भे बभूवोत्साहसम्भृतः ।।३०२१।।

३०२१. शाह कासिम का पौत्र बाबा अब्दुल इस्लाम भी उपद्रवारम्भ में सोत्साह सम्मिलित था ।

मच्छीपुरस्य भूस्वामी मुहम्मदमुरादकः ।

तत्पुत्रीं स्वगृहं नीत्वा जहाराखिलतद्धनम् ।।३०२२।।

३०२२. मच्छीपुर[1] के भूस्वामी मुहम्मद मुराद की पुत्री को अपने घर ले जाकर, उसका सब धन उसने अपहृत कर लिया ।

---

१. मच्छीपुर : काश्मीर का एक परगना कमराज में है ।

मीरजाफरतद्वर्ग्यैर्मिलित्वाऽसौ चकार वै।
विद्रोहं तत्र निहता अधिका जाफरानुगाः ॥३०२३॥

३०२३. मीरजाफर तथा उसके अनुयायी मिलकर, विद्रोह किये। उसमें जाफर के अधिक अनुचर मारे गये।

अराजकत्वं कश्मीरे प्रसृतं सर्वतो दिशम्।
तदा तु राज्यपालोऽन्यो बादशाहेन चिन्तितः ॥३०२४॥

३०२४. कश्मीर में सर्वत्र अराजकता फैल गयी। उस समय बादशाह ने दूसरा राज्यपाल नियुक्त करने का विचार किया।

फखरूल्ला खां सन् १७३७-१७३८ ई० :

बभूव फखरुद्दौला खानो रोशनसोदरः।
नगाग्निशैलचन्द्राब्दे राज्यपालपदे कृतः ॥३०२५॥

३०२५. ई० वर्ष १७३७ में रोशन का भाई फखरुद्दौला खाँ राज्यपाल नियुक्त हुआ।

तदोपराज्यपालस्तु काजीखानो बभूव ह।
राज्यपालस्तु वर्षान्ते कश्मीरं स्वयमागतः ॥३०२६॥

३०२६. उस समय उपराज्यपाल काजी खाँ की नियुक्ति (सन् १७३७ ई०) हुई। वर्ष के अन्त में राज्यपाल स्वयं कश्मीर आया।

अन्नाधिकारकलहे तदा श्रीनगरे महान्।
नभूवोपद्रवस्तत्र मुहम्मदफारुखो हतः ॥३०२७॥

अन्न उपद्रव :

३०२७. उस समय अन्न सम्बन्धी अधिकार को लेकर, श्रीनगर में महान उपद्रव हुआ। उसमें मुहम्मद फारुख मार डाला गया।

जलालुद्दीनखानं वै काजीखानं तथैव च।
द्रव्यदण्डेन संयोज्य कारायां राज्यपोऽकरोत् ॥३०२८॥

३०२८. राज्यपाल ने जलालुद्दीन खाँ तथा काजी खाँ पर, अर्थ दण्ड लगाकर, उन्हें कारागार में डाल दिया।

मुहम्मद् जाफरः कण्ठः कमराजस्य सीमनि।
उपद्रवं समारेभेऽन्वधावन्मुख्तरोपरि ॥३०२९॥

जाफर का विद्रोह :

३०२९. मुहम्मद जाफर कण्ठ ने कमराज की सीमा पर उपद्रव आरम्भ किया। उसने मुख्तार उल्ला पर धावा कर दिया।

भयादसावपाक्रामद् राज्यपालस्य शासनम् ।
नवैवमासानभवत्ततोऽन्यस्तत्पदेऽभवत् ॥३०३०॥

३०३०. वह भयवश भाग गया। राज्यपाल का शासन केवल नव मास था। तदनन्तर दूसरा राज्यपाल नियुक्त हुआ।

द्वितीयवारं कश्मीरे राज्यपालपदेऽभवत् ।
इनायतुल्लाखानस्तु द्वावब्दौ पञ्चमासकान् ॥३०३१॥

इनायतुल्ला खाँ द्वितीयबार १७३८-१७४० :

३०३१. इनायदुल्ला खाँ द्वितीय बार कश्मीर में राज्यपाल नियुक्त हुआ। उस पद पर वह दो वर्ष पाँच मास तक रहा।

तदा तु फखरुल्लाखांऽमिलन्नादिरशाहतः ।
तस्मात्कश्मीरराजत्वादेशं सम्प्राप्तवानसौ ॥३०३२॥

नादिर शाह :

३०३२. उस समय फखरुल्ला खाँ नादिर शाह[1] से मिला और उससे अपने लिये काश्मीर की सूबेदारी का आदेश प्राप्त किया।

---

१. नादिर शाह : मूल नाम नादिर कुली था। खुरासान के एक निर्धन तुर्कमान इमाम कुली का पुत्र था। सन् १६८७ ई० में जन्म हुआ था। तेरह वर्ष की आयु में उसके पिता का देहान्त हो गया। जब वह १७ वर्ष का हुआ तो उसकी माता का देहान्त उजबकों की कैद में हो गया। नादिर जंगलों की लकड़ी द्वारा अपना जीवकोपार्जन करता था। लुटेरों की कैद में चार वर्ष रहा। छूटने पर, खुरासान लौटकर, लुटेरों का एक दल बनाया। सन् १७२७ ई० में ईरान के शाह तहमास्प की सेना में कार्य करने लगा। उसने ईरान की परतन्त्रता से अफगानिस्तान को स्वतन्त्र किया। ईरान तथा खुरासान पर, विजय प्राप्त किया। ईरान शाह ने नादिर शाह को अपना आधा राज्य दे दिया। सन् १७३२ ई० में उसने तहमास्प को ईरान की गद्दी से उतार कर, उसके आठ मास के पुत्र को ईरान के सिंहासन पर बैठाया।

सन् १७३३ ई० में नादिर शाह ने रूस के सेना नायक तोपल इसलाम को लैला के युद्ध में परास्त किया। सन् १७३४ ई० में जार्जिया के सलीम पाशा को परास्त किया। चार वर्ष पश्चात् जब ईरान का शिशु शाह मरा तो स्वयं वहाँ का बादशाह बन गया। उसने ८० हजार की सेना के साथ कन्धार पर सन् १७३७ ई० में आक्रमण किया और सन् १७३८ ई० में अफगानिस्तान पर अधिकार कर लिया। नवम्बर सन् १७३८ ई० में पेशावर विजय किया। सन् १७३९ ई० लाहौर पर आक्रमण किया। दसदिन पश्चात् सरहिन्द ले लिया। फरवरी मास में करनाल पहुंच गया। मुहम्मद शाह की सेना हार गयी। नादिर शाह दिल्ली के किले में प्रवेश किया। दिल्ली में नादिर शाह ने कतले आम किया। अपने नाम की मुद्रा का टंकणन कराया। सिन्ध नदी तट के पश्चिमी भाग पर अधिकार कर सन् १७३९ ई० में दिल्ली से तेहरान के लिये प्रस्थान किया। वह अपने साथ अन्य सामानों के साथ १५ करोड़ नगद ले गया। कुल मिलाकर ८० करोड़ भारत से ले गया। तख्तताऊस भी ले गया। भारत आक्रमण के आठ वर्ष पश्चाद् षड्यन्त्रकरियो द्वारा मार डाला गया।

कश्मीरे नादिरीमुद्रा टंकिता खुतवा तथा ।
तन्नाम्ना पठितो लोकैः फखरुल्लाऽनुसारिभिः ॥३०३३॥

३०३३. कश्मीर में नादिर शाह के नाम मुद्रा टंकणित हुई तथा फखरुल्ला के अनुयायियों द्वारा उसके नाम का खुतवा पढ़ा गया ।

काश्मीराः फखरुल्लीयं राज्यपत्वं न सेहिरे ।
नादिरे भारताद्याते चक्रुस्तस्य बहिष्क्रियाम् ॥३०३४॥

३०३४. काश्मीरियों को फखरुल्ला का राज्यपाल होना अच्छा नहीं लगा था । अतः नादिर शाह के भारत से जाते ही, उसे लोगों ने बहिष्कृत कर दिया ।

नागाग्निशैलचन्द्राब्दे नियुक्त उपराज्यपः ।
हिसामुद्दीनखानस्तु द्वितीयेऽब्दे स एव वै ॥३०३५॥

३०३५. ई० वर्ष १७३८ में हिसामुद्दीन खां उपराज्यपाल नियुक्त हुआ । ई० वर्ष १७३९ में—

अबूबर्कातखानोऽभूत्तत्पदे पञ्चमे क्रमे ।
कश्मीराभिजनः ख्वाजाऽब्दुल् करीमोऽत्रवत्सरे ॥३०३६॥

३०३६. उस पद पर, अबूबरकात खां पांचवी बार नियुक्त हुआ । इसी वर्ष ख्वाजा अब्दुल करीम काश्मीरी ने—

ययौ शाहजहाँऽऽवासं देहलीनगरं किल ।
हाफिजा खादिजानाम्नी कश्मीराभिजना पुनः ॥३०३७॥

हाफिजा खादिजा :

३०३७. शाहजहांनाबाद (दिल्ली) की यात्रा की । इसी वर्ष हाफिजा खादिजा काश्मीरी—

कवयित्रीह वर्षे वै ममार ख्यातिजीवना ।
वर्कातः पञ्चषण्मासान् नीत्या सुहृदयेन च ॥३०३८॥

२०३८. जो ख्याति प्राप्त कवियित्री थी दिवंगत हो गयी । बरकात खां पाँच-छः मास तक नीति एवं सद्भाव से—

चकार शासनं पश्चाद्वैमनस्यमजीजनन् ।
पिशुना राज्यपालस्य वर्कातस्यापि मानसे ॥३०३९॥

३०३९. शासन चलाया । तदनन्तर पिशुनों ने राज्यपाल तथा अबूबरकात के मन में वैमनस्य उत्पन्न कर दिया ।

द्वयोर्युद्धमभूच्छुक्रवारे मस्जिदसन्निधौ ।
इनायतुल्लाखानस्तु राज्यपोऽभूत्पराजितः ॥३०४०॥

३०४०. दोनों (वर्ग के लोगों) में शुक्रवार के दिन (जामा) मस्जिद के समीप युद्ध हुआ । इनायतुल्ला खां पराजित हो गया ।

अबूबर्कातखानस्य हस्ते शासनमागतम् ।
द्वितीयेऽह्नि पुनर्युद्धमीदगाहान्तिकेऽभवत् ॥३०४१॥

३०४१. अबूबरकात खां के हाथ में शासन आ गया। दूसरे दिन ईदगाह के निकट पुनः युद्ध हुआ।

तत्रापि विजितः कोणे नगरस्यास राज्यपः ।
इनायतुल्लातनयः खिलतुल्ला तु सौपुरात् ॥३०४२॥

३०४२. राज्यपाल वहाँ भी पराजित हुआ और नगर के कोने में कहीं स्थित हो गया। इनायतुल्ला का पुत्र खिलतुल्ला सोपुर[1]—

मार्गादगच्छत्कश्मीराद्वहिस्तदधिकारिताम् ।
बर्कातः स्वकरेऽकार्षीत् सार्द्धमासद्वयात्परम् ॥३०४३॥

३०४३. मार्ग से कश्मीर से बाहर चला गया। अबूबरकात खां ने उसका अधिकार अपने हाथ में ले लिया। ढाई मास पश्चात्—

मुजफ्फराबादसैन्यसहायोऽभ्यागमत्पुनः ।
इनायतुल्लात्वङ्काग्निशैलेन्द्वब्दे युयोध वै ॥३०४४॥

३०४४. ई० वर्ष १७३९ में इनायतुल्ला खां मुजफ्फराबाद की सेना की सहायता से आकर युद्ध किया।

अबूबर्कातखानस्तु युद्धे तत्र पराजितः ।
इनायतुल्ला कश्मीरशासनं स्वयमग्रहीत् ॥३०४५॥

३०४५. इस युद्ध में अबूबरकात खां पराजित हो गया। इनायतुल्ला ने कश्मीर का शासन सूत्र अपने हाथ में ले लिया।

अबूबर्कातखां पुच्छाञ्चलं गत्वा सहायताम् ।
अब्दुल् रज्जाकतनयान्मुहम्मदवलेस्तथा ॥३०४६॥

३०४६. अबूबरकात खां पूछ क्षेत्र जाकर, मुहम्मद बली पुत्र अब्दुल रज्जाक तथा—

मुहम्मदजमानाच्च सैन्यमादाय संगतः ।
युद्धाय वथनारं श्रीनगरं च ततः परम् ॥३०४७॥

३०४७. मुहम्मद जमान से सैन्य सहायता लेकर, युद्धार्थ वथनार[2] तथा वहाँ से श्रीनगर पहुंचा।

---

१. सोपुर = सोपोर : प्राचीम नाम सुय्यपुर है। ऊलर (उल्लोलसर) लेक के नीचे झेलम के दोनों तटों पर बसा नगर है।

२. बथनार : श्रीनगर में वितस्ता के दक्षिण पश्चिम तथा नगर के पूर्व है।

खिलतुल्ला ससेनस्तु योद्धुं हफ्तचिनारकम् ।
गत्वाऽप्यध्यत्तेन किन्तु खिलतुल्ला पराजितः ।।३०४८।।

३०४८. हफ्त चिनार[1] जाकर खिलतुल्ला ने सेनासहित युद्ध किया किन्तु पराजित हो गया।

व्योमाब्धिशैलचन्द्राब्दैकोर्नावंशे सवालके ।
वर्कातः पूछसैन्येन कश्मीरोपत्यकां गतः ।।३०४९।।

३०४९. ई० वर्ष १७४० में १९ सवाल मास में अबूबरकात पूछ-सेना के साथ, कश्मीर उपत्यका में—

पुनर्योद्धुं किन्त्विनायतुल्लाऽवैत्स्वपराजयम् ।
स खामपुरमार्गेण निर्यातः सोपुराध्वनि ।।३०५०।।

३०५०. पुनः युद्ध करने के लिये प्रविष्ट हुआ, किन्तु इनायतुल्ला खां अपनी पराजय जान गया और वह खामपुर[2] से सोपुर मार्ग की ओर चला गया।

मह्‌मूदखानं राजानं जगाम शरणं स वै ।
इनायतुल्लातः सन्धिं कृत्वा बम्बाः प्रविश्य वै ।।३०५१।।

३०५१. वह राजा महमूद खां की शरण में चला गया। बम्बाजन इनायतुल्ला से सन्धि करके—

कमराजं यथापूर्वं लुण्ठनादीनि चक्रिरे ।
वरकातस्त्वनुद्विग्नो द्वित्रान्मासान् शशास वै ।।३०५२।।

३०५२. कमराज में प्रविष्ट होकर, पूर्ववत् लूट पाट करने लगे। नीतिज्ञ अबूबरकात ने दो तीन मास विना परेशानी के—

तिष्ठन् श्रीनगरे कृत्स्नं कश्मीरं नीतिवित्स्थिरम् ।
सेवकानामयोग्यत्वाद्बम्बानामप्यनीतितः ।।३०५३।।

३०५३. श्रीनगर में रहकर, समस्त कश्मीर पर, शासन किया। सेवकों की अयोग्यता तथा निवासियों बम्बाजनों की अनीति के कारण—

इनायतुल्ला खिन्नो वै बरकातेन सन्दधे ।
संहितं तन्तु वर्कातस्तथा पूछनिवासिनः ।।३०५४।।

३०५४. खिन्न इनायतुल्ला खां ने अबूबरकात से सन्धि कर ली। अबूबरकात तथा पूछ ने सुदृढ़ इनायतुल्ला को—

---

१. हफ्त चिनार : श्रीनगर के मुहल्ला हजूरी बाग के समीप है।

२. खामपुर ; एक छोटा ग्राम है। कुछ लेखक इसे पुराना कनिष्कपुर मानते हैं। यह गलत है।

माययाऽऽजुहुवुर्वै श्रीनगरं सादरं खलाः ।
आगतं चार्चयामासुर्दृढं विश्रम्भहेतवे ॥३०५५॥

३०५५. छल पूर्वक कश्मीर बुलाया। उसके आने पर विश्वास उत्पन्न करने के लिये, इन दुर्जनों ने उसे सादर सम्मानित किया।

स्वसेवकं दयारामं नाम्ना निर्दयमन्तरा ।
तद्वधे योजयामासू रात्रौ स तु जघान तम् ॥३०५६॥

३०५६. तदन्तर निर्दय होकर, अपने सेवक दयाराम को उसका बध करने के लिये, नियुक्त कर दिये। उसने रात्रि में उसे मार डाला।

एवमिन्द्वब्धिशैलेन्दुवर्षेऽसौ निधनं गतः ।
ततः परस्ताद्दिल्ल्यां यः शतघ्नीभवनाधिपः ॥३०५७॥

असदुल्ला खां (असदयार खां) ई० वर्ष १७४०-१७४४

३०५७. इस प्रकार ई० वर्ष १७४१[1] में उसका निधन हो गया। तत्पश्चात् दिल्ली के तोप खाने का अध्यक्ष (मीर आतिश)—

नाम्नाऽसदुल्लाखानोऽसौ राज्यपालपदेऽभवत् ।
पुनर्बभूदोपराज्यपालोऽबूबरकातखां ॥३०५८॥

३०५८. असदुल्ला खां कश्मीर में राज्यपाल नियुक्त हुआ। अबूबरकात खां पुनः छठीं बार—

षष्ठवारेऽभ्राब्धिशैलेन्द्वब्दादारभ्य तौ पुनः ।
वेदाब्धिशैलभूवर्षपर्यन्तं स्वपदे स्थितौ ॥३०५९॥

३०५९. उपराज्यपाल हुआ और ई० वर्ष १७४० से १७४४ तक वह उस पद पर स्थित रहा।

असदुल्लाऽभिधा चान्याऽसदयारेति कथ्यते ।
उपद्रवपरा आसन् प्रायशः पूछवासिनः ॥३०६०॥

३०६०. असदुल्ला खां का अपर नाम असदयार खां था। पूछ निवासी प्रायः उपद्रव करने में लगे थे।

व्योमाब्धिनगचन्द्राब्देऽप्रीलेवस्वक्षिवासरे ।
मृतोऽभूत् खेरखेद्यान्तु बाजीरावः स पेशवा ॥३०६१॥

३०६१. ई० वर्ष १७४० में २८ अप्रैल को प्रसिद्ध बाजीराव पेशवा का खेरखेदी स्थान पर (नमंदा तट पर ४० वर्ष की अवस्था में) देहावसान हो गया।

---

१. इनायतुल्ला खां = शासन २ वर्ष ५ मास था।

अराजकस्थितिस्त्वासीन्मासषट्कमनारतम् ।
तदाऽबूबरकातस्तान्पुरमध्याद्बहिर्व्यधात् ॥३०६२॥

३०६२. अराजकता पूर्ण स्थिति छः मास तक बनी रही। उस समय अबूबरकात ने उन्हें नगर से बहिष्कृत कर दिया।

उपद्रवपरास्ते तु तिष्ठन्तो नगराद्बहिः ।
एकदा बरकातस्यालयमाचक्रमुर्दृढम् ॥३०६३॥

३०६३. वे नगर से बाहर रहकर भी उपद्रव कर रहे थे। एक बार उन लोगों ने अबूबरकात के घर पर आक्रमण कर दिया।

स तदाऽऽसीत्खानकाहमौलास्थाने तु तीर्थधीः ।
तस्यानुपस्थितौ ते तद्गेहं लुण्ठन्ति निर्भयाः ॥३०६४॥

३०६४. उस समय वह तीर्थाटन के लिये खानकाह मौला गया था। उसकी अनुपस्थिति में वे निर्भय होकर, उसका घर लूट रहे थे।

बरकातो ज्ञातवृत्तो मार्गान् रुद्ध्वाऽऽवृणोत्तु तान् ।
तृतीयदिवसे मुख्या मुहम्मदजमानकः ॥३०६५॥

३०६५. समाचार जानकर, अबूबरकात खां ने मार्गों को अवरुद्ध कर, उन्हें घेर लिया। तीसरे दिन मुहम्मद जमान—

मुहम्मदवली चैव दयारामश्च मारिताः ।
नेत्राब्धिशैलचन्द्राब्दे नृणान्तेषां बधः कृतः ॥३०६६॥

३०६६. मुहम्मद बली एवं दयाराम का तथा उनके अनुचरों का ई० वर्ष १७४२ में बध करा दिया गया।

गृहीत्वोपद्रविजनानारक्षिस्थानवेदिकाम् ।
नीत्वा तत्र वधस्तेषां निर्दयं स्म विधीयते ॥३०६७॥

३०६७. उपद्रवियों को पकड़ कर, कोतवाली के चबूतरा पर, ले जाकर, वहां उनका बध किया जाता था।

एवमिद्वब्धिशैलेन्दुवर्षेपञ्चशतानि वै ।
हतानि द्रोहिणां नृणां कालवेगहतात्मनाम् ॥३०६८॥

३०६८. इस प्रकार ई० वर्ष १७४१ में पांच सौ काल प्रेरित, विद्रोहियों का बध किया गया।

अत्रैवावसरे व्योम्नि धूमकेतुः स्म दृश्यते ।
कश्मीरे चिररात्राय राज्यविप्लवकारकः ॥३०६९॥

धूमकेतु :

३०६९. कश्मीर में इसी समय आकाश मण्डल में बहुत दिनों तक राज्यविप्लकारी धूमकेतु दिखायी पड़ा।

बबरुल्लावेगसंज्ञं कमराजस्य शासकम् ।
बर्कातः कल्पयामास तदनर्हमबोधतः ॥३०७०॥

३०७०. अबूबरकात खां ने बबरउल्ला वेग को कमराज का शासक नियुक्त कर दिया, जो उस पद के योग्य नहीं था। यह बात उसे ज्ञात नहीं थी।

स किञ्चित्समयात्पश्चाद्बभूव द्रोहतत्परः ।
दमितः समये नासौ द्रोहाग्निर्बवृधे क्रमात् ॥३०७१॥

३०७१. वह कुछ दिन पश्चात् विद्रोही हो गया। समय पर उसका दमन नहीं किया गया। द्रोहाग्नि क्रमशः बढ़ती गयी।

मुजफ्फराबादपूछवासिभिः कृतसन्धिकः ।
तद्द्वारा ग्रामनगरजनतामाऽऽक्रमद्दृढम् ॥३०७२॥

३०७२. उसने मुजफ्फराबाद तथा पूछवासियों के साथ सन्धिकर ली। उनके द्वारा वह ग्रामों एवं नगरों की जनता पर आक्रमण करने लगा।

अद्रुह्यद्वरकाताय स श्रीनगर एव हि ।
जडीवलशियावर्गैः सन्दधे द्रोहतत्परः ॥३०७३॥

३०७३. बबरउल्ला ने श्रीनगर में ही अबूबरकात के विरुद्ध विद्रोह कर दिया। उस द्रोही ने जडीवल[1] के शिया वर्ग के साथ संधि कर ली।

शियाविरोधिनः शिष्टाः सामन्ता राजसेवकाः ।
सन्दधुर्बरकातेन तेनाऽयं बलवानभूत् ॥३०७४॥

३०७४. शेष शिया विरोधी सामन्त एवं राजसेवक अबूबरकात के साथ हो गये, जिससे वह बलवान हो गया।

बबरुल्ला यष्टिघातैः पुरान्निष्कासितो बलात् ।
कमराजं गतः पश्चात् शिया विद्राविता दृढम् ॥३०७५॥

३०७५. लाठियों के प्रहार से बबरउल्ला बलात् नगर से बहिष्कृत कर दिया गया। वह कमराज चला गया। तदनन्तर शिया लोग उजाड़ दिये गये।

---

१. जडीवल : श्रीनगर का एक मुहल्ला है।

गृहाणि तेषां दग्धानि लुण्ठितानि धनानि च ।
बबरुल्ला पुनश्चक्रेऽन्दरकोट उपद्रवम् ॥३०७६॥

३०७६. उनके घर जला दिये गये। धन लूट लिया गया। बबरउल्ला खां ने पुनः अन्दर-कोट[1] में उपद्रव किया।

अबूबर्कातखां सेनामेकां तच्छान्तयेऽदिशत् ।
शादीपुरे तथाक्षेत्रेऽन्दरकोटे बभूव ह ॥३०७७॥

३०७७. अबूबरकात खां ने उसका दमन करने के लिये, एक सेना भेजी। अन्दरकोट[1] तथा शादीपुर[2] क्षेत्र में—

पक्षयोरुभयोर्युद्धं राजसेना पराजिता ।
काष्ठवाटजना येऽबूबरकातसहायकाः ॥३०७८॥

३०७८. दोनों पक्षों में युद्ध हुआ। राजसेना पराजित हो गयी। काष्ठवाट के जो लोग पहले अबूबरकात के सहायक थे—

बभूवुर्नगरे प्राक्ते बबरुल्लादलेऽभवन् ।
कमराजे मराजे च लुण्ठनादीनि चक्रिरे ॥३०७९॥

३०७९. वे बबरउल्ला के दल में सम्मिलित हो गये और कमराज एवं मराज में लूट-पाट करने लगे।

बाणाब्धिशैलचन्द्राब्दे तदाऽबूबरकातकः ।
ख्वाजामिर्जानक्सबन्दीगेहे गुप्तं न्युवास वै ॥३०८०॥

३०८०. यह घटना ई० वर्ष १७४५ में हुई। उस समय अबूबरकात ख्वाजा मिर्जा नक्स बन्दी के घर में गुप्तवास कर रहा था।

बबरुल्ला समायातस्तदा श्रीनगरं सुखम् ।
काण्ठवाटाश्च पार्णोत्सास्तथा गिर्यञ्चलस्थिताः ॥३०८१॥

३०८१. बबरउल्ला सुख पूर्वक श्रीनगर चला आया। काष्टवाट, पर्णोत्स तथा पर्वतीय अंचल के लोग—

---

१. अन्दर कोट : वितस्ता = (झेलम नदी) के वामतट पर, शादीपुर से पाँच मील पर है। इसका मूल नाम आभ्यन्तर कोट था। जयापीड की राजधानी जयपुर इसका नाम पड़ गया था। यहाँ शिलाखण्डों का एक ढेर है। उसे ही कहा जाता है कि पूर्वकालीन केशव का मन्दिर था। यहाँ पर कोट था। इसी कोट में सन् १३३९ ई० को शाहमीर ने कोटा रानी तथा उसके पुत्रों को मार कर, महाभारत काल से अविच्छिन्न रूप से चले आ रहे, हिन्दू राज्य का अन्त कर दिया और मुसलिम राज्य काश्मीर में स्थापित हुआ।

२. शादीपुर : वितस्ता तथा सिन्धु के संग्राम पर है। इसे काश्मीर का प्रयाग कहते हैं। शुद्धनाम शहाबुद्दीन पुर है। शहाबुद्दीनपुर कश्मीर का एक बड़ा गांव है। श्रीनगर से उत्तर-पश्चिम है।

आगत्य नगरेऽलुण्ठन् वित्तं च व्यभजन् मिथः ।
अबुमन्सूरखानोऽभूत्परस्ताद्राज्यपालकः ॥३०८२॥

अबुमन्सूर खाँ प्रथम बार ई० वर्ष १७४५-१७४८ :

३०८२. आकर नगर में लूट-पाट करते थे और धन परस्पर बांट लेते थे। तत्पश्चात् अबुमन्सूर खां—

बाणाब्धिशैलचन्द्राब्दाद्गजाब्ध्यश्वेन्दुवत्सरम् ।
यावत्तत्रादिमे वर्षे यो बभूवोपराज्यपः ॥३०८३॥

३०८३. ई० १७४५ से १७४८ तक राज्यपाल रहा। ई० वर्ष १७४५ में—

स जानिसारखाँ जंगशेरनामा बभूव ह ।
पश्चाद्वर्षचतुष्केऽभूत्तत्पदेऽफ्रसियाब खाँ ॥३०८४॥

३०८४. जानिसार खाँ शेरजंग उपराज्यपाल था। तदनन्तर उस पद पर चार वर्ष (सन् १७४५-१७४८ ई०) अफ्रसियाब खां स्थित रहा।

स जानिसारखानस्तु ईदगाहे न्युवास वै ।
वरकातं गृहीत्वा स प्रेषयामास देहलीम् ॥३०८५॥

३०८५. जानिसार खां ईदगाह में निवास करता था। उसने अबूबरकात को पकड़ कर दिल्ली भेज दिया।

गृहीत्वा ग्रामपूर्भ्यश्च नानोपद्रवतत्परान् ।
कारासु पूरयामास बबर् उल्लाऽभिधन्तु सः ॥३०८६॥

३०८६. ग्रामों एवं नगरों से उपद्रवियों को पकड़ कर, जेलों में डाल दिया। बबर-उल्ला खां को—

कमराजात्समाहूयाकार्षीद्राज्यसभासदम् ।
तथा विद्रोहिणो नैकान् पदासीनांश्चकार वै ॥३०८७॥

३०८७. कमराज से बुलाकर राजसभा में रखा तथा अनेक विद्रोहियों को पदासीन किया।

षण्मासान् शासनं कृत्वा तत्राब्दे त्यक्तवांस्तनुम् ।
ततश्चाफ्रसियाबन्तु मन्सूरस्तत्पदेऽकरोत् ॥३०८८॥

३०८८. वह छः मास शासन करके, उसी वर्ष दिवंगत हो गया। तदनन्तर अबुमन्सूर खां ने अफ्रासियाब खां को उपराज्यपाल बनाया।

रसाब्धिशैलन्द्राब्दे श्रावणे मासि सन्ततम् ।
वृष्टयाधिक्यात्कृषिर्नष्टा दुर्भिक्षमभवद्दृढम् ॥३०८९॥

भयंकर अकाल :

३०८९. ई० वर्ष १७४६ में श्रावण मास में अति वृष्टि से कृषि विनष्ट हो गयी। भयंकर अकाल पड़ गया।

धनिकैः सञ्चिते त्वन्ने तद्बभूवातिदुर्लभम् ।
लभ्यन्ते नैकरौप्येण द्विसेटमितितण्डुलाः ॥३०९०॥

३०९०. धनिकों द्वारा अन्न सञ्चित कर लिये जाने के कारण, वह अति दुर्लभ हो गया। एक रुपये में दो सेर भी चावल नहीं मिलता था।

स्वल्पमूल्यैर्विनिमयं भूषणानां व्यधुर्जनाः ।
तदानीमेव वातोऽपि तीव्रं वहति निर्दयः ॥३०९१॥

३०९१. लोगों ने अल्प मूल्य में ही आभूषणों को बेच दिया। उसी समय क्रूर, तेज आँधी बहने लगी।

तदानीं सलिलाधिक्याद्विध्वस्तं भवनायुतम् ।
शवान्प्रवाहयन्ति स्म तृणैरावेष्टय निर्धनाः ॥३०९२॥

३०९२. उस समय जल की अधिकता के कारण, दस हजार भवन ध्वस्त हो गये। गरीब लोग घासों में लपेट कर, शव प्रवाह करते थे—

अथवा निखनन्ति स्म वितस्तासलिलं शवैः ।
कुरूपमुग्रगन्धं च बभूवातिजुगुप्सितम् ॥३०९३॥

३०९३. अथवा भूमिसात् कर देते थे। शवों से वितस्ता का जल कुरूप, उग्रगन्धयुक्त तथा जुगुप्सित हो गया था।

गृध्रादयः शवाधिक्याद्बभूवुस्तदुपेक्षकाः ।
क्षुधाऽऽधिक्यात्तु पितरः पचन्ति स्वशिशूनपि ॥३०९४॥

३०९४. शवों की अधिकता के कारण गृध्र आदि उनकी उपेक्षा करते थे। भूख से पीडित पिता पुत्रों को भी मारकर, पका डालते थे।

स्वल्पमूल्यैस्तु तनया विक्रीयन्ते स्म कन्यकाः ।
जनसंख्यातृतीयांशस्त्वकालकवलोऽभवत् ॥३०९५॥

३०९५. अल्प मूल्य में लड़के तथा लड़किया बेच दी जाती थी। जनसंख्या का तृतीयांश अकाल में ही कालकवलित हो गया।

परस्तृतीयभागस्तु भारते विततोऽभवत् ।
केचिद्बहिर्भारतात्तु विदेशेष्ववसन् किल ।।३०९६।।

३०९६. दूसरे तृतीयांश में कुछ भारत में फैल गये तथा कुछ लोग भारत से बाहर विदेशों में चले गये ।

एक एव तृतीयांशः कश्मीरे जीवितोऽभवत् ।
सप्तमासानकालस्तु काल एव नृणामभूत् ।।३०९७।।

३०९७. केवल तीसरा भाग ही कश्मीर में जीवित शेष रहा । सात मास तक अकाल मनुष्यों के लिये काल स्वरुप बना रहा ।

विलुण्ठन्त्यन्नवणिजः संघीभूय बुभुक्षिताः ।
विलुण्ठितानि तैस्तेषां धनानि भवनान्यपि ।।३०९८।।

३०९८. भूखे लोग संघटित होकर, अन्न के व्यापारियों को लूटते थे । वे उनका घर धन सब लूट लेते थे ।

विलुण्ठननिरोधाय नियुक्ता बहुसैनिकाः ।
ततः परमभूद्युद्धं सैनिकानां बुभुक्षुभिः ।।३०९९।।

३०९९. लूट-पाट रोकने के लिये बहुत सैनिक नियुक्त किये गये थे । तत्पश्चात् भूखों एवं सैनिकों में युद्ध हुआ ।

विद्रोहो जैनकदले घनोऽभूत्पक्षयोर्द्वयोः ।
अनेके मारितास्तत्र वह्निदाहोऽपि कारितः ।।३१००।।

३१००. दौनों पक्षों के मध्य जैनकदल[1] में घोर विद्रोह हुआ । उसमें बहुत लोग मारे गये । आग लगा दी गयी ।

एवमङ्गाब्धिशैलेन्दुवर्षोऽभूदतिदुःखदः ।
दुःखसन्ततियुक्तस्य कश्मीरस्याप्यकालतः ।।३१०१।।

३१०१. इस प्रकार अकाल के कारण दुःख परम्परा से परिपूर्ण, कश्मीर के लिये ई० वर्ष १७४६ अति दुःखद था ।

केचित्कश्मीरसामन्ताः शैलाब्धयश्वेन्दुवत्सरे ।
नादिरायालिखन्पत्रं कश्मीरमधिकुर्विति ।।३१०२।।

३१०२. ई० वर्ष १७४७ में कतिपय सामन्तों ने कश्मीर को अधिगत करने के लिये नादिर शाह को पत्र लिखा ।

१. जैनकदल : जैनुल आबदीन सुलतान द्वारा निर्मित पुल । किन्तु वास्तव में पुल का निर्माण पूर्व काल में इसी स्थान पर राजा जयापीड ने कराया था । यह पहला स्थाई पुल शहतीरों पर बनाया गया था । अन्यथा पुल नावों को जोड़कर बनाए जाते थे । मिर्जा हैदर दुगलात के उल्लेख से पता चलता है कि वितस्ता अर्थात् झेलम नदी पर ३० पुल थे । जिनमें सात पुल श्रीनगर में थे, श्रीनगर का वह पहला स्थाई पुल था ।

पत्रमफ्रसियाबस्य हस्ते संयोगतोऽपतत् ।
दुद्रुहुः केऽपि सामन्ता द्रोहस्तेषान्तु नाशितः ॥३१०३॥

३१०३. संयोगवश वह पत्र अफ्रासियाब के हाथ पड़ गया। कुछ सामन्तों ने विद्रोह किया किन्तु उनका द्रोह नष्ट कर दिया गया।

तदोपराज्यपालोऽफ्रसियाबो हजरत् बलात् ।
दिश्युत्तरस्यामुद्यानं रम्यमेकमकारयत् ॥३१०४॥

३१०४. उसी समय अफ्रासियाब खां ने हजरत बल के उत्तर दिशा में एक सुन्दर उद्यान निर्मित कराया।

द्वितीये जूनदिवसे शैलाब्ध्यश्वेन्दुवत्सरे ।
निजघ्नुर्नादिरं शाहं सन्तं स्वशिविरे सुखम् ॥३१०५॥

नादिर शाह की मृत्यु :

३१०५. ई० वर्ष १७४७ में दो जून को अपने शिविर में स्थित नादिरशाह को—

निर्दयं छुरिकाघातैः शत्रवो गूढमन्यवः ।
अहमद् शाह अब्दाली जात्याऽऽसीदफगानकः ॥३१०६॥

अहमदशाह अब्दाली

३१०६. शत्रुओं ने निर्दयता पूर्वक छुरिका घातों से मार डाला। अहमद शाह अफगान जाति का था।

हेराते नादिरः शाहस्तं युद्धावसरेऽग्रहीत् ।
स नादिरस्य कृपया सेनोच्चपदमाप्तवान् ॥३१०७॥

३१०७. नादिरशाह ने उसे युद्ध के अवसर पर, हेरात में पकड़ा था। उसने नादिरशाह की कृपा से सेना में ऊँचा पद प्राप्त किया था।

नादिरे तु मृते देशं स्वं हेरातं जगाम वै ।
स्वगोत्रिणां किजिल्वाशसादिनाञ्चैव साह्यतः ॥३१०८॥

३१०८. नादिरशाह के मरने पर, वह अपने देश चला गया। स्वगोत्रीय लोगों एवं किजिलवाश[1] अश्वारोहियों की सहायता से—

---

१. किजिलबाश : किजिल का अर्थ लाल होता है। किजिलवाश का अर्थ लाल टोपी वाले सैनिक है। ईरान के शाह इस्माईल सफबी ने अपने तुर्की सेना को लाल टोपी पहनायी थी। उनका नाम किजिलबाश रखा था।

हेरातशासकः सोऽभूद्गन्धारं घिलजाइतः ।
समग्रहीन्नादिरेण नियुक्तानधिकारिणः ॥३१०९॥

३१०९. वह हेरात का शासक हो गया। उसने घिलजायी[1] से कन्धार ले लिया, जो कि नादिरशाह द्वारा नियुक्त अधिकारी था।

अपास्य नासिरं खानं स्वयं काबुलराज्यपम् ।
बभूवशास्ताऽफगानिस्तानं कृत्स्नं समग्रहीत् ॥३११०॥

३११०. काबुल के राज्यपाल नासिर खान को हटाकर, वह स्वयं शासक बन गया। उसने समस्त अफगानिस्तान पर अधिकार कर लिया।

नागाब्धिशैलचन्द्राब्दे प्राङ्मासेऽहमदः स वै ।
त्रिंशत्सादिसहस्त्रेण सिन्धुमुत्तीर्य भारते ॥३१११॥

३१११. अहमदशाह ने ई० वर्ष १७४८ के जनवरी मास में तीस हजार अश्वारोहियों के साथ सिन्धु नदी पार कर भारत में—

पञ्चालराज्यमाक्रम्य स लाहौरमलुण्ठयत् ।
लुधियानापथाऽभ्येत्य सरहिन्दमलुण्ठयत् ॥३११२॥

३११२. पंजाब राज्य पर आक्रमण किया तथा लाहौर को लूट लिया। लुधियाना मार्ग से जाकर, सरहिन्द को भी लूटा।

ये शस्त्रधारिणस्तत्र रक्षाऽर्थं युयुधुः स तान् ।
निहत्यैकोनविंशेऽह्नि प्राङ्मासे सरहिन्दतः ॥३११३॥

३११३. जिन शस्त्रधारियों ने रक्षार्थ युद्ध किया, उन्हें मार कर वह १९ जनवरी को सरहिन्द से—

माछीवारा सतलजसरित्तटमुपाऽऽययौ ।
मार्चपञ्चदशाह्नोऽष्टाविंशाहावधि सैनिकाः ॥३११४॥

३११४. माछीवारा सतलज नदी के तट पर पहुँच गया। पन्द्रह मार्च से २८ मार्च के मध्य—

अफगानभवा दिल्लीराज्यसेना जिगीषवः ।
रुरुधुः किन्तु विफलाः स्वदेशन्ते पलायिताः ॥३११५॥

३११५. विजयेच्छुक, अफगानी सैनिकों ने दिल्ली की राजकीय सेना पर, घेरा डाला किन्तु विफल होकर, वे स्वदेश पलायित हो गये।

---

१ घिलजायी = पश्तो भाषा भाषी सबसे बड़ा कबीला अफगानिस्तान में है। घिलजायी भूखण्ड गजनी से कलाते इ-घिलजायी के मध्य का भूखण्ड पूर्व में सिन्धु नदी तक विस्तृत है। वे अपने को तुर्की खिलजी वंश के मानते है। भारत के लोदी बादशाह इसी वंश के थे। वे घुमन्तू व्यापारी थे। शीत काल में पश्चिमी भारत से सामान खरीद कर गर्मी में अफगानिस्तान लाकर बेचते थे। पूर्वी अफगानिस्तान में अनेक घिलजायी आबाद होकर, कृषि कार्य करने लगे।

षड्विंशेऽप्रीलदिवसे नागाब्ध्यश्वेन्दुवत्सरे ।
मृतो दिल्लीबादशाहो नाम्ना शाहमुहम्मदः ॥३११६॥

मुहम्मद शाह की मृत्यु :

३११६. ई० वर्ष १७४८ में २६ अप्रैल को दिल्ली के बादशाह मुहम्मद शाह का निधन हो गया ।

तत्पुत्रोऽहमदः शाहः शालामारे नृपः कृतः ।
अप्रीलैकोनत्रिंशेऽह्नि मुगलेषु चतुर्दशः ॥३११७॥

अहमद शाह : सन् १७४८–१७५३[1]

३११७. इसका पुत्र अहमद शाह शालामार में २९ अप्रैल को चौदहवाँ मुगल बादशाह (सन् १७४८–१७५३) बनाया गया ।

अबूमन्सूरखानश्चाफ्रसियाबश्चखानकः ।
कश्मीरशासकौ पूर्वं यावास्तां विनियोजितौ ॥३११८॥

अबूमन्सूर खां : १७४८–१७५१ ई०

३११८. अबूमन्सूर खां एवं अफ्रासियाब खां जो पहले कश्मीर में शासक नियुक्त हुए थे—

नागाब्धिशैलचन्द्राब्दाच्चन्द्रेष्वश्वेन्दुवत्सरे ।
तावेव विहितौ तत्र राज्यपालोपराज्यपौ ॥३११९॥

३११९. वे ही ई० वर्ष १७४८ से १७५१ में वहां क्रमशः राज्यपाल तथा उपराज्यपाल हुए ।

अहमद्शाह अब्दाली नागाब्ध्यश्वेन्दुवत्सरे ।
कश्मीरे स्वाधिकारार्थं चतुःसेनासहस्रकम् ॥३१२०॥

काश्मीर आक्रमण योजना :

३१२०. ई० वर्ष १७४८ में अहमदशाह अब्दाली ने कश्मीर पर अधिकार करने के लिये, चार हजार सेना—

प्रेषयामासास्मतुल्लामह्‌तवीपुत्रयोर्वंशे ।
स त्वासीन्मह्‌तवीपुत्रो मुहम्मद्शाहखांऽभिधः ॥३१२१॥

३१२१. असमतुल्ला खां तथा मुहम्मदशाह पुत्र महतवी खां के नेतृत्व में प्रेषित किया ।

---

१. अहमदशाह : चौदहवां मुगल बादशाह, जहानशाह का पोता तथा शाहआलम प्रथम का पर पोता था ।

सेना तौषपथाऽभ्येत्य चीरोड्डारोर्ध्वभूतले ।
चकार शिविरं स्वीयं तदात्वफ्रसियाबखाँ ।।३१२२।।

३१२२. सेना तौष पैदान[1] मार्ग से आकर, चीरोड्डार[2] की उन्नत भूमि पर शिविर स्थापित की । उस समय अफ्रासियाब खां—

युद्ध्वा विजित्य तां सेनां विफलाम्प्रत्ययापयत् ।
अब्दुलवहावनूरी तु खेटाब्ध्यश्वेन्दुवत्सरे ।।३१२३।।

३१२३. युद्ध में उस सेना को जीतकर, विफल वापस कर दिया । ई० वर्ष १७४९ में अब्दुल बहावनूरी ने—

फतूहाते-कुबरुयासंज्ञं ग्रंथमरीरचत् ।
इतिहासोऽत्र काश्मीरो रिंचनाऽकबरान्तरा ।।३१२४।।

३१२४. फतूहाते कुबरुया नामक ग्रन्थ लिखा । इसमें रिंचन सन् १३२०-१३२३ से अकबर सन् १५५६-१६०५ तक कश्मीर का इतिहास वर्णित है ।

चन्द्रेषु शैलचन्द्राब्देऽफ्रसियाबोपराज्यपः ।
सम्बन्धिनाऽन्तरङ्गेण विषदानेन मारितः ।।३१२५।।

३१२५. ई० वर्ष १७५१ में अफ्रासियाब खां को उसके निकट सम्बन्धी ने विष देकर, मार डाला ।

स त्वासारशरीफस्यान्तिके स्वोद्यान एव हि ।
निखातः सप्तवर्षाणि द्वौ मासावास शासकः ।।३१२६।।

३१२६. असार शरीफ के निकट, उसके उद्यान में उसे दफनाया गया । वह सात वर्ष दो मास कश्मीर में शासक था ।

अहमदअली खाँ :

अहमदअलीखां तत्पुत्रो नियुक्त उपराज्यपः ।
अबुल्मन्सूरखानस्य राज्यपस्य किलाज्ञया ।।३१२७।।

३१२७. उसका पुत्र अहमद अली राज्यपाल अबुलमन्सूर खां के आदेश से वहां उपराज्यपाल (स० १७२१) नियुक्त किया गया ।

---

१. तोष मैदान : श्रीनगर से दक्षिण पश्चिम है । तोष मैदान पास १३५०० फिट की ऊँचाई पर है । यहाँ से नवम्बर मास तक मार्ग खुला रहता है । कार्कोटक द्रंग इसी पर पड़ता है । लोहर और श्रीनगर मार्ग पर पड़ता है । प्राचीनकाल में श्रीनगर पहुंचने का यह सबसे छोटा रास्ता पड़ता था । पूछ तथा वहाँ से पश्चिमी पंजाब अर्थात् झेलम तथा सिन्ध के मध्य जाने का सबसे सरल मार्ग है । तोष मैदान अधित्यका है ।

२. चीरोड्डार : चीर उदार मिलकर चीरोड्डार शब्द बना है । चीर ओदर नाम प्राचीन इतिहास में प्राप्त है । यह करेवा है । श्रीनगर के दक्षिण पश्चिम है ।

३. पीर हसन उसका कुल शासनकाल ७ वर्ष २ मास देता है ।

द्वौ मासौ शासनन्तस्य माता कश्मीरदेशजा ।
एकदाऽहमदः स्वस्य समाधेःपितुरन्तिकम् ।।३१२८।।

३१२८. उसकी माता काश्मीरी थी। उसने दो मास शासन किया था। एक बार अहमद खां अपने पिता की समाधि के समीप—

फातिहापाठमुद्दिश्य व्रजति स्म गजोपरि ।
द्वार्यासारशरीफस्य मलिक्हसन आस वै ।।३१२९।।

३१२९. फातिहा पढ़ने के लिये हाथी पर, सवार होकर, जारहा था। असार शरीफ के द्वार पर, मलिक हसन स्थित था।

गृहीत्वाऽहमदन्तत्र सहसा स जघान तम् ।
मलिक्हसन ऐरानोऽबुमन्सूरेण कल्पितः ।।३१३०।।

३१३०. वहां उसने सहसा पकड़कर, उसका वध कर दिया। मलिक हसन ईरानी को अबूमन्सूर ने—

मलिक हसन ईरानी :

बभूवाफ्सियाबस्य सहायकपदे स्थितः ।
चन्द्रेषुशैलचन्द्राब्दे कृतः स उपराज्यपः ।।३१३१।।

३१३१ अफ्रासियाब के सहायक पद पर नियुक्त किया था। ई० वर्ष १७५१ में वह उपराज्यपाल बना।

शशास सोऽपि कश्मीरं द्वौ मासावेव केवलम् ।
अबूमन्सूरतः पश्चाद्द्वाविंशो राज्यपालकः ।।३१३२।।

३१३२. उसने भी कश्मीर में केवल दो मास शासन किया। अबूमन्सूर के पश्चात् २२ वां राज्यपाल—

कुली खां ई० वर्ष १७५१-१७५१ :

नियुक्तोऽभूत्कुलीखानश्चन्द्रेष्वश्वेन्दुवत्सरे ।
तदोपराज्यपो मीरमुकीमः कण्ठ आदिमः ।।३१३३।।

३१३३. कुली खां ई. वर्ष १७५१ में नियुक्त हुआ। उस समय मीर मुकीम कण्ठ प्रथम उपराज्यपाल—

विहितः पञ्चत्रिंशोऽयं काश्मीर उपराज्यपः ।
अनेके सैनिकास्तेन सेवातो वञ्चिताः कृताः ।।३१३४।।

३१३४. नियुक्त किया गया। वह कश्मीर में ३५ वां उपराज्यपाल था। उसने अनेक सैनिकों को सेवामुक्त कर दिया तथा—

तथैव तेनानेकेषां वेतने स्वल्पता कृता ।
अतीते पञ्चमे मासे अबूबर्कातखांसुतः ॥३१३५॥

६१३५. अनेकों के वेतन में कमी कर दी। पांच मास व्यतीत हो जाने पर, अबूबरकात खां का पुत्र—

नाम्ना अबूकामिमः खां यः कलाशपुरेऽभवत् ।
राज्यपालपदप्राप्त्यै स विद्रोहमुपाक्रमत् ॥३१३६॥

३१३६. अबूकासिम खां ने जो कलाशपुर में था, राज्यपाल पद प्राप्त करने के लिये, विद्रोह किया।

स सैनिकानसन्तुष्टांस्तथोपद्रवशीलिनः ।
सङ्घीकृत्याकरोद्द्रोहं नुरुद्दीनं निजानुजम् ॥३१३७॥

३१३७. उसने असन्तुष्ट सैनिकों एवं उपद्रवी लोगों को संघटित कर, विद्रोह किया तथा अपने भाई नुरुद्दीन को—

प्रैषयन्नृसमूहेन योद्धुं नौकदलस्थलम् ।
स्वयं मीरमुकीमस्य गृहं दिदमरस्थितम् ॥३१३८॥

३१३८. एक दल को साथ लेकर, युद्ध करने के लिये, नौकदल[1] प्रेषित किया। महासरित से प्रस्थान कर, उसने स्वयं दिदमर[2] स्थित मीरमुकीम के घर—

महासरित्तः प्रस्थायाक्रामद्वह्निमदीपयत् ।
अलुण्ठयद्धनं सर्वं मुकीमस्तु पलायितः ॥४१३९॥

३१३९. आक्रमण किया तथा आग लगा दी। सब धन लूट लिया। मुकीम—

दुर्बलः कोहयामाख्यस्वकृषिक्षेत्रवर्त्मनि ।
पश्चादबूकासिमस्तु राज्यपालोऽभवत्स्वयम् ॥३१४०॥

अबूकासिम :

३९४०. स्वयं को दुर्बल अनुभव कर, अपने कृषिक्षेत्र की ओर पलायित हो गया। तदनन्तर अबूकासिम स्वयं—

वह्नीषुशैलचन्द्राब्दे किञ्चित्कालादन्तरम् ।
बम्बाजनानां साह्येन विजेतुं मीरकासिमम् ॥३१४१॥

३१४१. ई० वर्ष १७५३ में राज्यपाल बन गया। कुछ समय पश्चात् मुकीम ने बम्बा लोगों की सहायता से मीरकासिम को जीतने की—

१. नौकदल (नवकदल) : श्रीनगर का वितस्ता पर छठवां पुल है।

२. दिदमर : श्रीनगर का एक मुहल्ला है, प्राचीन नाम दिद्दामठ है।

ऐच्छन्मुकीमः सन्धिस्तु कैश्चित्सम्पादितो द्वयोः ।
सन्धौ मुकीम आनीतः सादरं नगरं जनैः ॥३१४२॥

३१४२. इच्छा की। लोगों ने दोनों में सन्धि करा दी। सन्धि हो जाने पर, लोग मुकीम को सादर नगर ले आये।

नेत्रेषुशैलचन्द्राब्दे काश्मीरे बहुवृष्टितः ।
दुर्भिक्षमभवद् भूयो नृणामुद्वेगकारकम् ॥३१४३॥

अकाल :

३१४३. ई० वर्ष १७५२ में अतिवृष्टि के कारण काश्मीर में पुनः अकाल पड़ा। उसमें लोगों को महान् कष्ट हुआ।

वह्नीषुशैलचन्द्राब्दे द्विषन्मीरमुकीमकः ।
ख्वाजा जहीरुद्दीनश्च कासिमापजयैषिणौ ॥३१४४॥

३१४४. ई० वर्ष १७५३ में द्वेषवश मीरमुकीम तथा ख्वाजा जहीरुद्दीन, जो कासिम को पराजित करने के लिये इच्छुक थे—

अहमद्शाह अब्दाली यो लाहौरे तदाऽवसत् ।
तस्मै दिदिशतुः प्रीत्या काश्मीरविजयाय वै ॥३१४५॥

अहमदशाह अब्दाली को विजय-आमन्त्रण :

३१४५. अहमदशाह अब्दाली को काश्मीर विजय करने के लिये, सादर आमन्त्रित किये। उस समय अब्दाली लाहौर में था।

तदा जहीरुद्दीनस्तु काश्मीरेऽभूत्प्रभाववान् ।
समयेऽफ्रसियाबस्य हसनस्य तथैव च ॥३१४६॥

३१४६. काश्मीर में जहीरुद्दीन प्रभावशाली था। अफ्रसियाब तथा मलिक हसन के समय—

बभूव मन्त्री तत्पश्चान्मुकीमस्तत्पदेऽऽभवत् ।
तदा त्वहमदः शाहो जेतुं काश्मीरमण्डलम् ॥३१४७॥

३१४७. वह मन्त्री (दीवान) था। तत्पश्चात् उस पद पर, मुकीम हुआ। अहमदशाह अब्दाली[1] ने काश्मीर मण्डल जीतने के लिये—

---

१. अहमदशाह अब्दाली : पिता का नाम मुहम्मद जमान खां था। सदो जाई कबीले की पोपल जाई शाखा को उपशाखा अब्दाल थी। जमान शाह मुलतान, चला आया था। वहीं अहमदशाह अब्दाली का जन्म सन् १७१२-१७२४ के मध्य हुआ था। सदोजायी शिया थे। अब्दाली सनातन सुन्नी हो गया था। नादिरशाह के संघर्ष के समय जमान खां मुलतान से हेरात आकर, नादिरखां के संगति में आ गया था। सन् १७३७ई० अहमदशाह माजदारान का शासक नियुक्त किया। सन् १७४७

अब्दुल्लाखां-इश्कसंज्ञं सैन्यसार्धायुतान्वितम् ।
प्रेषयामास सा सेना राजौरीस्थानमागता ॥३१४८॥

अकासी का काश्मीर पर आक्रमण :

३१४८. पन्द्रह सहस्त्र सेना के साथ, अब्दुल्ला खाँ इश्क अकासी को प्रेषित किया । वह सेना राजौरी आ पहुँची ।

कासिमस्तु स्वदूतेनायुद्धसन्धिं चकार वै ।
मुहम्मद्आविदाख्येन लक्षमुद्राप्रदित्सया ॥३१४९॥

३१४९. कासिम ने अपने दूत मुहम्मद आबिद द्वारा एक लाख रुपया देने की इच्छा व्यक्त कर, अयुद्ध सन्धि कर ली ।

राजौरीवर्तिनी सेनाऽऽफगानी मासयुग्मकम् ।
मुद्राः प्रतीक्षमाणाऽऽसीत्पश्चादाचक्रमे तु सा ॥३१५०॥

३१५०. राजौरी स्थिति अफगानी सेना दो मास मुद्रा की प्रतीक्षा करती रही । पश्चात् उसने आक्रमण किया ।

कासिमस्तु जहीरं तं गृहीत्वाऽमारयत्क्रुधा ।
क्रोधान्न्यवारयत्तस्य शवस्य दफनक्रियाम् ॥३१५१॥

३१५१. कासिम ने क्रोध वश जहीर को पकड़ कर, मरवा डाला तथा उसके शव को दफन करने से रोक दिया ।

जून ९ को नादिर शाह की हत्या मशद नगर जिसे तूस भी कहते हैं, कर दी गयी ।

अहमद शाह ने समय से लाभ उठाया । उसने नादिर शाह का कोश तथा कोहेनूर हीरा ले लिया । वह कन्धार आया । उसे अफगान सरदारों ने अपना नेता सन् १७४७ ई० में चुना । उसका नामकरण अहमद शाह किया गया । उसने अपना उप नाम दुर्रानी, 'सर्वोत्तम मोती' रखा । उसी समय से अब्दाली कबीले का नाम दुर्रानी हो गया ।

कन्धार की मसजिद में अहमद शाह गद्दी पर बैठा । उसके शिर पर गेहूँ गिराया गया । अफगानों में यह खुशहाली का प्रतीक माना जाता है । सन् १७५० ई० में अहमद शाह ने हेरात तथा मशद जीता । सन् १७५१ ई० में निशापुर पर अधिकार कर लिया । सन् १७५२ में भारत पर आक्रमण कर, पंजाब के सूबेदार मुइनमुल्क को पराजित किया । दिल्ली के बादशाह मुहम्मद शाह से हजारा, पेशावर, मुलतान तथा डेराजात लिया । कन्धार गजनी तथा काबुल उसके पास थे । सन् १७५५ ई० में दिल्ली का ध्वंस बड़ी निर्दयता से ४० दिनों तक किया । सन् १७५९ ई० में लाहौर पर आक्रमण कर, उसे ले लिया । उसने पानीपत के युद्ध सन् १७६१ ई० में मराठों को पराजित कर, उनको शक्ति नष्ट कर दिया । सन् १७६७ में अंतिम बार भारत की यात्रा किया । सन् १७७३ में उसका देहावसान हो गया ।

मुकीमः सैय्यदावादे इश्कमभ्युज्जगाम वै ।
सेना हफ्तचिनारस्य समीपे शिविरं व्यधात् ।।३१५२।।

३१५२. इश्क अकाशी के स्वागतार्थ मुकीम सैय्यदाबाद[1] गया । सेना हफ्तचिनार के समीप शिविर लगायी ।

सूफियानस्थले युद्धमभवत्पक्षयोर्द्वयोः ।
युद्धम्पश्चदशाहानि निर्विराममभूद्द्वयोः ।।३१५३।।

३१५३. सुपियान स्थल पर दोनों पक्षों में युद्ध हुआ । उभय पक्ष में यह युद्ध १५ दिन निरन्तर चलता रहा ।

गुल्खानखेरी विश्वासभाजनं कासिमस्य वै ।
सैन्यपः सन्दधे नीचः पठानैर्युद्धसङ्कटे ।।३१५४।।

३१५४. कासिम का विश्वास पात्र सेनापति गुलखान खेरी नीचतावश, युद्ध सङ्कट में पठानों[2] से मिल गया ।

विजितः कासिमो युद्धे पलायन्नरिभिर्धृतः ।
काबुलम्प्रेषितस्तस्माद्भारतं समुपागतः ।।३१५५।।

३१५५. युद्ध में कासिम पराजित हो गया । शत्रुओं ने भागते हुए उसे पकड़ कर, काबुल भेज दिया । वहाँ से वह भारत आया ।

कश्मीरे शासनन्तस्य त्रीन्मासानभवत्किल ।
प्रास्फुरच्छारिकाशैले दुर्गे नगरनागरे ।।३१५६।।

३१५६. कश्मीर में उसका शासन केवल तीन मास था । शारिकाशैल-दुर्ग, नगर नागर पर—

---

१. सैय्यदावाद : भीमवर नदी पर एक गाँव है । भीमवर से १५ मिल उत्तर-पश्चिम, और १२ मिल नौशहरा तथा परिपंजाल से काश्मीर जानेवाले मार्ग पर पड़ता है ।

२. पठान जाति : सिन्धु नदी तथा काबुल के पूर्वीय क्षेत्र में आबाद है । उनके अफरीदी, वजीरी, मोहमन्द, स्वाती, पख्त् एवं अनेक कबीले सम्मिलित है । भारतीय मुगलों तथा तुर्क दोनों सेनाओं में कार्य करते थे । शेरशाह सूरि के समय उनका प्रभुत्व बढ़ गया था । उन्हें एक स्वामी की सेवा त्याग कर दूसरे की ग्रहण करने में संकोच नहीं होता था । उनमें निष्ठा की कमी थी । पेशेवर सैनिक थे । अहमद शाह अब्दली ने उन्हें एक सूत्र में पिरोया था ।

अहमद शाह ने पश्चिम में कैस्पियन सागर और पूर्व में पंजाब तथा काश्मीर तक शासन स्थापित कर लिया था । आमू दरया क्षेत्र, वलूचिस्तान तथा खुरासान उसके करद थे ।

मुगलप्रभुताध्वंसः पठानविजयध्वजः ।
रसेभबाणचन्द्राब्दादग्नीष्वश्वेन्दुवत्सरम् ॥३१५७॥

मुगल राज्य का अन्त :

३१५७. पठानों का विजयध्वज फहराने लगा। मुगलों की प्रभुता समाप्त हो गयी। ई० वर्ष १५८६ से १७५३ तक—

यावच्छैलाङ्गचन्द्राब्दान् कश्मीरे मुगला नृपाः ।
मुगला बहु कश्मीरे दत्तवन्तो निजान्गुणान् ॥३१५८॥

मुगल शासन :

३१५८. एक सौ सड़सठ वर्ष पर्यंन्त कश्मीर में मुगल नृपति थे। मुगलों ने कश्मीर में अपने बहुत गुण दिये।

प्रधानस्तु गुणस्तेषामैकरूप्यम्प्रशासने ।
चतुर्मुगलसम्राजस्तथाचाङ्काक्षिसंख्यकाः ॥३१५९॥

३१५९. उनका प्रधान गुण दान शासन में एक रूपता थी। चार मुगल सम्राटों तथा—उन्तीस—

राज्यपालाः शैलखाश्वचन्द्राब्दान्तन्तु शासनम् ।
चक्रुस्ततः परं चाक्षिबाणाश्वेन्दुसमावधि ॥३१६०॥

३१६०. राज्यपालों ने ई० वर्ष १७०७ तक शासन किया। तदनन्तर ई० वर्ष १७५२ तक—

नृपा नव तथा राज्यपालाश्चाक्ष्यक्षिसंख्यकाः ।
तथोपराज्यपा बाणाग्निमिताः शासनं व्यधुः ॥३१६१॥

३१६१. नव नृपों बाईस राज्यपालों तथा पैतीस उपराज्यपालों ने शासन किया।

कश्मीरराजभाषा तु पारसीका तदा कृता ।
न्यायालयेषु चान्येषु राजकार्येषु कृत्स्नशः ॥३१६२॥

३१६२. उस समय कश्मीर की राजभाषा फारसी कर दी गयी। न्यायालयों तथा अन्य राजकार्यों में पूर्ण रूप से उसका प्रयोग होने लगा।

जग्राह संस्कृतस्थानं पारसी यवनाश्रया ।
मुद्रा मुगलसम्राजामेकाऽभूत्कृत्स्नभारते ॥३१६३॥

३१६३. मुसलमानों का आश्रय पाकर, फारसी ने संस्कृत का स्थान ले लिया। मुगल सम्राटों की मुद्रा सम्पूर्ण भारत तथा—

कश्मीरे च ततो जातौ वाणिज्ये वृद्धिसौष्ठवौ ।
राज्यपालास्तथा चान्ये येऽभूवन्पदभागिनः ॥३१६४॥

३१६४. कश्मीर में एक थी। इससे व्यापार में वृद्धि एवं सुगमता हुई। राज्यपालों तथा अन्य पदाधिकारियों का—

चतुर्थेऽब्दे चतुर्थेऽब्दे तेषां स्थानान्तरं कृतम् ।
सेना चैकप्रदेशस्था क्रियतेऽन्यप्रदेशगा ।।३१६५।।

३१६५. प्रति चतुर्थ वर्ष स्थानान्तरण किया जाता था। सेना एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश में भेजी जाती थी।

अत्र प्रशासनौचित्यं केन्द्रस्थाः स्माधिकारिणः ।
सावधानममीक्षन्ते प्रेक्षन्ते दूषणानि च ।।३१६६।।

३१६६. केन्द्र (दिल्ली) के अधिकारी प्रशासन का औचित्य तथा उसके दोषों को सावधानीपूर्वक देखते थे।

स्थानीयविषयेष्वल्पो हस्तक्षेपो विधीयते ।
डल्लेकस्यान्तिके पुष्पोद्यानानि रचितानि तैः ।।३१६७।।

३१६७. स्थानीय विषयों में बहुत कम हस्तक्षेप किया जाता था। डल लेक के समीप उन लोगों ने—

शैलाश्वशैलसंख्यानि वार्षिकायस्तु तत्सुमैः ।
पाटलैर्वेदमुश्कैश्च लक्षमुद्रामितोऽभवत् ।।३१६८।।

३१६८. सात सौ सतहत्तर उद्यानों का निर्माण कराया था। वहाँ के गुलाब एवं वेदमुश्क पुष्पों से लगभग एक लाख रुपये वार्षिक आय होती थी।

औरङ्गजेबतत्तुल्यद्वयेकसम्राड्विनाकृते ।
काले बभूव कश्मीरे राज्यं धर्मानपेक्षकम् ।।३१६९।।

३१६९. औरंगजेब तथा उसके समान अन्य एक दो सम्राट के राज्यकाल के अतिरिक्त कश्मीर में धर्मनिरपेक्ष राज्य था।

निष्पक्षपातो न्यायोऽभूच्छासनं सुदृढन्तथा ।
उपद्रवाणां दमनं निर्दयं स्म विधीयते ।।३१७०।।

३१७०. न्याय पक्षपात-रहित तथा शासन सुदृढ़ था। उपद्रवों का दमन निर्दयतापूर्वक किया जाता था।

व्यक्तिस्वत्वन्तु कश्मीरे केनापि मुगलेन नो ।
कल्पितं तैस्तु निर्व्यूढम्परं राष्ट्रियशासनम् ।।३१७१।।

३१७१. किसी मुगल बादशाह ने कश्मीर में व्यक्तिगत[1] सत्ता नहीं स्थापित की। उन लोगों ने राष्ट्रिय शासन की परम्परा स्थापित की।

इति श्रीवाराणसीनिवासिनः, श्रीबटुकनाथसिंहात्मजस्य, रघुनाथसिंहस्य कृतौ
राजतरङ्गिण्यां मुगलकाले प्रथमस्तरङ्गः ।।

रघुनाथ सिंह पुत्र श्री बटुकनाथ सिंह घीहट्टा (औरङ्गाबाद) वाराणसी निवासी ने हिन्दी
भाषानुवाद सहित राजतरङ्गिणी में मुगलकाल नामक प्रथम तरंग ई० वर्ष १९८०
में लिखकर समाप्त किया।

---

१. मुगलों ने अन्य जातियों के समान अपना कोई उपनिवेश काश्मीर मे नहीं बनाया था।

रघुनाथसिंहकृता

राजतरंगिणी

अथ द्वितीयस्तरंगः

अग्नीषुशैलचन्द्राब्दात्षट्षष्टचब्दान्निरन्तरम् ।
पठानानामभूद्राज्यं कश्मीरे मुगलात्परम् ॥१॥

विषय प्रवेश :

१. मुगलों के पश्चात् कश्मीर में ई० वर्ष १७५३ से ६६ वर्ष पर्यन्त निरन्तर पठानों का राज्य था।

तदा पठानसुल्तानः पञ्चैव राज्यपालकाः ।
अष्टाविंशतिसंख्याका जातास्तेषु चतुर्दश ॥२॥

२. उस समय पाँच पठान सुल्तान तथा २८ राज्यपाल हुये। उनमें १४ राज्यपालों ने—

स्वतन्त्रतां स्वां जुघुषुः प्रथमोऽहमदो नृपः ।
अग्नीषुशैलचन्द्राब्दाद्विंशत्यब्दान्निरन्तरम् ॥३॥

३. अपनी स्वतन्त्रता घोषित की थी। प्रथम पठान सुल्तान अहमद शाह अब्दाली हुआ। वह ई० वर्ष १७५३ से लगातार बीस वर्ष सन् १७७२ ई० तक—

कश्मीरशासकः सोऽभूद्दशवारान् स भारतम् ।
आचक्राम तृतीये स वारे कश्मीरमाक्रमीत् ॥४॥

४. कश्मीर-शासक था। उसने दश बार भारत पर आक्रमण किया था। तृतीय आक्रमण काल में उसने कश्मीर को आक्रान्त किया था।

इतोऽन्यन्मुख्यरूपेण महमूद्गजनी पुरा ।
आचक्रामेष्विन्दुखेन्दुमितेऽब्देऽकबरस्त्वथ ॥५॥

५. इसके अतिरिक्त मुख्य रूप से महमूद गजनी ने पहले ई० वर्ष १०१५ में आक्रमण किया था। अकबर ने—

बाणेभबाणचन्द्राब्दे कश्मीरभुवमाक्रमीत् ।
घिल्जायी महमूदः खाँऽपास्यपारसदासताम् ॥६॥

६. ई० वर्ष १५८५ में कश्मीर भूमिपर आक्रमण किया। महमूद खां घिलजायी ने फारस की दासता दूर कर,

गन्धारं मोचयित्वाऽथाधिचक्रे नगरे पुरा ।
हेरातं च खुरासानं नेत्राक्ष्यश्वेन्दुवत्सरे ॥७॥

७. कन्धार को मुक्त करके, हेरात एवं खुरासान को अधिकृत कर लिया था। ई० वर्ष १७२२ में—

इस्फहानं च नगरमीरानस्थं वशेऽकरोत् ।
नन्दाक्षिशैलचन्द्राब्देऽफगानानिस्फहानतः ॥८॥

८. उसने ईरान के नगर इस्फहान को अपने अधिकार में कर लिया। ई० वर्ष १७२९ में नादिरशाह ने अफगानों को इस्फहान—

फर्सतश्च बहिष्कृत्य गन्धाराद्यधिकृत्य वै ।
रसाग्निशैलचन्द्राब्दे फारसस्य नृपोऽभवत् ॥९॥

९. तथा फर्स से बहिष्कृत कर, कन्धार आदि पर अधिकार कर, ई० वर्ष १७३६ में फारस का राजा—

स्वयं नादिरशाहोऽसावश्ववेदाश्वभूमिते ।
वर्षेऽरिभिर्हतः क्रूरो निष्ठुरो मित्रवर्जितः ॥१०॥

१०. वह स्वयं बन गया। ई० वर्ष १७४७ (जून ९) में मित्ररहित, क्रूर एवं निष्ठुर नादिर शाह को उसके शत्रुओं ने मार डाला।

अफरीदी वजीरी च पख्तूनो मोहमन्दकः ।
स्वाती चैताः पठानाख्यामभजन् जनजातयः ॥११॥

पठान जाति :

११. अफरीदी, वजीरी, पख्तून, मोहमन्द एवं स्वाती जनजातियाँ पठान कही जाती हैं।

पठानाः सिन्धुसरितस्तीरे काबुलवर्तिनाम् ।
पर्वतानाम्परिसरे विकीर्णा न्यवसन् पुरा ॥१२॥

१२. पुराकाल में पठान सिन्धु नदी के तट पर तथा काबुल के पर्वतीय क्षेत्र में विखर कर, वसे हुये थे।

शब्दौ पठानाफगानौ पर्यायाविति मन्यते ।
प्रायः पस्तोगिरावन्तः पठानाख्यां भजन्ति वै ॥१३॥

१३. पठान और अफगान समानार्थक शब्द हैं। प्रायः पश्तो भाषाभाषी पठान कहे जाते हैं।

अफगानिस्तानदेशे पामीरतजिकस्तथा ।
ताजिको जमशेदी च फिरूजकहिसस्तथा ॥१४॥

१४. अफगानिस्तान में पामीर, ताजिक, ताजिक जमशेदी, फिरुजकहिस—

बरबेरी हजारा च तुर्कोमन् तैत्मनी तथा।
नूरुस्तानी वलूची च किरधिझ् करकल्पकौ ॥१५॥

१५. बरबेरी हजारा, तुर्कोमन, तत्मैनी, नुरुस्तानी, बलूची, किरघिझ, करकल्पक—

देह्-ए-जैनत्-हजारा तैमूरी अख एव च।
चतुर्दशेमा अधुना वसन्ति जनजातयः ॥१६॥

१६. देह-ए-जैनत हजारा, तैमूरी तथा अख ये चौदह जनजातियाँ इस समय आबाद है।

मुगलानां सैनिकेषु तुर्काणां चैव भारते।
सैनिकेष्वभवन्पूर्वं पठानाः स्वार्थलोलुपाः ॥१७॥

पठान चरित्र :

१७. स्वार्थी एवं लोलुप पठान, भारत में मुगलों तथा तुर्कों की सेना में सैनिक थे।

यदाऽभवत्शेरशाहःसूरी तत्समये पुनः।
तत्संश्रयात्पठानानाम्प्रभावो विपुलोऽभवत् ॥१८॥

१८. शेर शाह सूरी के समय उसका आश्रय प्राप्त कर, पठानों का प्रभाव अधिक बढ़ गया था।

स्वल्पस्वार्थविपर्यासे स्वामिनं ते त्यजन्ति वै।
नानोपजातिभिन्नानां तेषामैक्यं चकार ह ॥१९॥

१९. स्वार्थ में स्वल्पहानि होने पर भी, वे स्वामी का परित्याग कर देते थे। अनेक जातियों में बिखरे, उन लोगों को—

अहमद्शाह अब्दाली पुरा नीतिविचक्षणः।
असौ जमनखानस्य सादोवंशभवस्य वै ॥२०॥

वंश परम्परा :

२०. नीतिमान् अहमदशाह अब्दाली ने सर्वप्रथम एक सूत्र में आबद्ध किया। वह सादो वंशीय जमन खान का—

तनयः सहजस्त्वासीज्जुल्फिकारस्य तत्सुताः।
तिमूरश्च सुलेमानः परवेजः सिकन्दरः ॥२१॥

२१. पुत्र तथा जुल्फिकार का भाई था। तिमूर, सुलेमान, परबेज एवं सिकन्दर उसके पुत्र थे।

अफगानिस्तानदेशे पश्चिमे जनजातयः।
अब्दाली घिलजायी च पूर्वे युसुफजाइ च ॥२२॥

अफगानिस्तान की जन जातियाँ :

२२. अफगानिस्तान के पश्चिमी भाग में अब्दाली एवं घिलजयी तथा पूर्वी भाग में युसुफ जयी और—

अन्याः पेशावरक्षेत्रे वसन्ति च तदुत्तरे ।
मध्येऽफगानिस्तानस्य पार्वत्या जनजातयः ॥२३॥

२३. अन्य जनजातियाँ पेशावर क्षेत्र में एवं उसके उत्तर बसी हुई हैं। अफगानिस्तान के मध्य पर्वतीय जनजातियाँ—

अफरीदी वंगशश्च वजीरः खटकस्तथा ।
ओर्कजयी तथा तुर्रा महसूदश्च सन्ति वै ॥२४॥

२४. अफरीदी, वंगश, वजीर, खटक, ओर्कजयी, तुर्रा तथा महसूद स्थित हैं।

पठानावासभूनाम आर्याना इत्यभूत्पुरा ।
पठाना आर्यवंशीया आसन्नित्यस्तु निर्णयः ॥२५॥

२५. पूर्वकाल में पठानों की निवास भूमि का नाम आर्याना था। पठान, आर्य जातीय थे, ऐसा माना जाता है।

दुर्रानीजनजातीनां सप्त सन्त्युपजातयः ।
पोपलो वरकोऽलीच नूर इश्कोऽछकस्तथा ॥२६॥

२६. दुर्रानी जनजातियों की सात उपजातियाँ हैं। पोपलजयी, वरकजयी, अलीजयी, नूरजयी इश्कजयी, अछकजयी—

अलको इत्यमी सप्ताभिधास्तासां जयीपराः ।
सदोजयी राजवंश्यो मुहम्मदजयी तथा ॥२७॥

२७. तथा अलकोजयी—ये सात उनके नाम हैं। सदोजयी तथा मुहम्मदजयी जनजातियाँ राजवंशीय हैं।

गन्धारगजनीमध्ये जातिर्घिलजयी स्थिता ।
सुलेमानो होतकश्च खेलस्तदुपजातयः ॥२८॥

२८. घिलजायी जनजाति कन्धार तथा गजनी के मध्य निवास करती है। सुलेमान, होतक तथा खेल उसकी उपजातियाँ हैं।

तोखी अनदरश्चैव नस्सरस्तरवी तथा ।
अलीखेलश्चेति पञ्च तत्रान्या अपि जातयः ॥२९॥

२९. तोखी, अनदर, नस्सर, तरवी एवं अलीखेल पाँच अन्य जातियाँ भी वहाँ हैं।

लक्षाणि षड् घिलजयी लक्षं च महसूदकः ।
लक्षोर्ध्वं खटकश्चेति तासां संख्याऽधुनेष्यते ॥३०॥

३०. इस समय घिलजयी छः लाख, महसूद एक लाख तथा खटक जाति एक लाख से अधिक हैं।

जलालाबादतः पेशावरं यावद्भुवि स्थिता ।
सार्धद्विलक्षसंख्याका अफरीदी नृजातयः ॥३१॥

३१. अफरीदी जलालाबाद से पेशावर तक दो लाख पचास हजार की संख्या में स्थित हैं ।

अदमोऽकः कम्बरश्च कमरो मलिकस्तथा ।
कूकी जक्कस्तथा दीनः सिपहश्चोपजातयः ॥३२॥

३२. अदम, अक, कम्बर, कमर, मलिक, कूकी, जक्क, दीन तथा सिपह उनकी उपजातियाँ हैं ।

द्विलक्षा मोहमन्दाख्या जातिः काबुलवर्तिनी ।
कुभानद्या उत्तरस्यां यावत्पेशावरान्तरम् ॥३३॥

३३. काबुलवर्ती मोहमन्दों की संख्या दो लाख है। वह कुभा (काबुल) नदी के उत्तर पेशावर में स्थित है ।

अलम्जयी वैजयी च तथा दावेजयी पुनः ।
मूसाजयी कय्यजयी ख्वेजयी च तरक्जयी ॥३४॥

३४. अलमजयी, वैजयी, दावेजयी, मूसाजयी, कय्यजयी, ख्वेजयी, तरकजयी—

मन्दी मतन्नी शिल्मनी च सिरगन्नी तथाऽन्तिमा ।
एकादशेमाः कथिता मोहमन्दोपजातयः ॥३५॥

३५. मन्दी, मतन्नी, शिलमनी एवं सिरगन्नी—ये ग्यारह मोहमन्दों की उपजातियाँ कही गयी हैं ।

पूर्वस्यां मोहमन्देभ्यो युसुसफ्जयिसंज्ञिका ।
सिनवारी चोत्तरस्यामष्टायुतमिता स्थिता ॥३६॥

३६. मोहमन्दों के पूर्व युसुफ जयी तथा उत्तर में ८० हजार सिनवारी जनसंख्या स्थित हैं ।

अफगानिस्तानदेशे पाकिस्तानस्य सीमनि ।
सपादलक्षसंख्याका बजौरी जातिरिष्यते ॥३७॥

३७. अफगानिस्तान तथा पाकिस्तान की सीमा पर एक लाख पच्चीस हजार बजौरी जाति के लोग निवास करते हैं ।

सार्धद्व्ययुततोऽल्पैव वंगशो जातिरिष्यते ।
अष्टायुतमिता जातिरोतर्कजयिसंज्ञिका ॥३८॥

३८. वंगश जाति की संख्या २५ हजार से कम है। ओतर्कजयी जाति के लोग ८० हजार हैं ।

पञ्चायुताल्पा दौराख्या जजी वेदसहस्रका ।
द्विसहस्रमिता तूरी जातिस्तत्र स्थिताऽधुना ॥३९॥

३९. पचास हजार के लगभग दौर या दान, चार हजार जजी, दो हजार तूरी जातियाँ, वहाँ निवास करती हैं।

हजाराजातदेशे तु हजारा जातिरिष्यते ।
चतुर्लक्षाधिका संख्या दशलक्षाऽल्पका मता ॥७०॥

४०. हजाराजात देश में हजारा जनजाति स्थित है। उनकी संख्या चार लाख से दस लाख के मध्य है।

दयी कुण्डी दयी जेगी बहसूदेतिनामभिः ।
तद्वर्गत्रितयं भक्तमधुना तत्र लभ्यते ॥४१॥

४१. वे दयी कुण्डी, दयी जेगी (सेगी) तथा वहसूद (वे सूद) नाम से तीन वर्गों में विभक्त हैं।

कोहेबाबा शेख अली बदखशा ऐमकस्तथा ।
तैमनी वरवेरी च षट् तेषामुपजातयः ॥४२॥

४२. कोहेबाबा, शेखअली, बदखशा, ऐमक, तैमनी तथा वरबेरी—ये छः उनकी उप जातियाँ हैं।

बामियानसमीपे तु जातिः शेख अली स्थिता ।
शीयावर्गगता प्रायो हजारा जातिरिष्यते ॥४३॥

४३. शेख अली उपजाति वामियाना के समीप स्थित है। हजारा जाति प्रायः शीया वर्ग की है।

चहार ऐमको जातिः प्रयुंक्ते फारसीगिराम् ।
तत्संख्या तु त्रिलक्षाल्पा जयशीदी च तैमनी ॥४४॥

४४. चहार ऐमक जाति फारसी भाषा भाषी है। उनकी संख्या तीन लाख के लगभग है। जमशीदी, तैमनी—

फिरूजकूही तिमूरी पञ्चमी अथ कथ्यते ।
हजार-ए-कलाए च ख्यातास्तदुपजातयः ॥४५॥

४५. फिरुज कूही, तिमूरी तथा हजार-ए-कलाए उसकी उपजातियाँ हैं। (उनकी आवादी २ लाख से तीन लाख है।)

नूरी काफिरपर्यायो लक्षाल्पः पञ्च तद्गिरः ।
कती परूणी वमायी अश्कुनो वैगलस्तथा ॥४६॥

४६. नूरी या काफिर जन जाति की जनसंख्या एक लाख के लगभग है। कती, परुणी, वमायी, अश्कुन तथा वैगल—ये पाँच उनकी भाषाएँ हैं।

चत्वारिंशत्सहस्राल्पा बलूची जातिरिष्यते ।
अफगानिस्तानदेशे नैर्ऋत्यदिशि विद्यते ॥४७॥

४७. वलूची जाति की जनसंख्या लगभग चालीस हजार है। वे अफगानिस्तान के दक्षिण-पश्चिम दिशा में स्थित हैं।

बलूची नाम तद्भाषा तुल्यमानाः परेऽपि च ।
षड्भाषाभाषिणः सन्ति भाषास्तास्तु स्मृता इमाः ॥४८॥

४८. उनकी भाषा वलूची है। उन्हीं के समान अन्य लोग भी हैं, जो अन्य छः प्रकार की भाषाएँ बोलते हैं उनकी भाषाएँ इस प्रकार हैं—

उरमुर्री पशायी च लहुण्डा परची तथा ।
मंगोली अरबी चेति पामीरीभाषिणः पुनः ॥४९॥

४९. उरमुर्री, पशायी, लहुण्डा, परची, मंगोली तथा अरबी। पामीर भाषा भाषी—

चीनपाकिस्तानरूससीमासु निवसन्ति वै ।
खखाभ्रेष्वश्वहीनैव तेषां सख्याऽधुनेष्यते ॥५०॥

५०. चीन, पाकिस्तान एवं रूस की सीमा पर निवास करते हैं। इस समय उनकी जनसंख्या लगभग ७५००० होगी।

अब्दाली वंशावली :

अथ तीमूरशाहस्य तनयाः सप्त कीर्तिताः ।
हुमायू महमूदश्च जमानस्तु तृतीयकः ॥५१॥

५१. तीमूरशाह के सात पुत्र थे। हुमायू, महमूद शाह, जमानशाह,

शुजाउल् मुल्क अब्बासः शापुरश्च फिरूजकः ।
हुमायूजस्त्वहमदो महमूदसुतौ पुनः ॥५२॥

५२. शुजाउल मुल्क, अब्बास, शापुर तथा फिरुज। हुमायू का पुत्र अहमद था। महमूद के दो पुत्र—

प्रथमो नादिरः शाहः कामरानस्तथाऽन्तिमः ।
जमानस्यात्मजाः पञ्चायूबहैदरकैसराः ॥५३॥

५३. नादिरशाह तथा कामरान थे। जमानशाह के पाँच पुत्र अयूब, हैदर, कैसर—

नासिरश्चैव मन्सूरः शुजाउल्मुल्कजाः पुनः ।
चत्वारस्तीमूरफतह्जंगौ शापुरसफ्दरौ ॥५४॥

५४. नासिर तथा मन्सूर थे। शुजाउल मुल्क के चार पुत्र तीमूर, फतहजंग, शापुर तथा सफदर जंग थे।

अयूबपुत्र इस्माईल् सुल्तानः कैसरात्मजः ।
जहाँगीरः सैफुल्मुल्कः सादातुल्मुल्क एव च ॥५५॥

५५. अयूब का पुत्र इस्माईल तथा कैसर का पुत्र सुल्तान अली था । जहाँगीर, सैफुल मूल्क, सादातुल मुल्क,—

आलम्गीरोऽहमद् अली च जलालुद्दीन एव च ।
सिकन्दरः शिहावश्च जमानो नादिरस्तथा ॥५६॥

५६. आलमगीर, अहमद अली, जलालुद्दीन, सिकन्दर, शिहाव, जमान तथा नादिर मिर्जा—

दशैते तनयाः कामरानस्य परिकीर्तिताः ।
मुल्तानमाऽयाज्जमनस्तत्र तस्मादजायत ॥५७॥

५७. ये दश कामरान के पुत्र थे । जमान मुलतान चला गया था । वहाँ उसके पुत्र—

अहमद्शाह अब्दाली वह्नचक्ष्यश्वेन्दुवत्सरे ।
पुरा शीयावर्गगाऽभूज्जनजातिः सदोजयी ॥५८॥

५८. अहमद शाह अब्दाली का जन्म ई० वर्ष १७२३ के लगभग हुआ । प्राचीन काल में सदोजयी जनजाति शीया वर्ग की थी ।

कालान्तरेऽभवत्सुन्नी अथ नादिरशाहके ।
शासत्याऽयात्स जमनो हेरातं मुलतानतः ॥५९॥

५९. कालान्तर में वह सुन्नी हो गयी। नादिर शाह के शासन काल में जमन मुल्तान से हेरात आ गया था ।

तत्र नादिरशाहस्यान्तरङ्गकिङ्करोऽभवत् ।
अग्रजोऽहमदस्यासीज्जुल्फिकारः स नादिरम् ॥६०॥

६०. वहाँ वह नादिर शाह का अन्तरङ्ग सेवक हो गया । अहमदशाह अब्दाली का अग्रज जुल्फिकार खाँ था । वह नादिर की—

सेवित्वा राज्यपालोऽभूद् हेराते स च मारितः ।
संघर्षे घिलजायीभिरथ जघ्ने स नादिरः ॥६१॥

६१. सेवा करके हेरात में राज्यपाल हो गया था । वह संघर्ष में घिलजाइयों द्वारा मारा गया । तदनन्तर नादिर शाह—

मसदे शैलवेदागचन्द्राब्दे जूनमासके ।
नवमेऽहनि तत्पश्चाज्जग्राहाहमदः सुखम् ॥६२॥

नादिर शाह की मृत्यु :

६२. मसद में ई० वर्ष १७४७ में नौ जून को मार डाला गया। तत्पश्चात् अहमदशाह ने—

तदीयं कोषमखिलं कोहेनूरं च हीरकम् ।
तदाऽफगानसामन्तैर्नेतृत्वेन वृतोऽभवत् ।।६३।।

६३. उसका सम्पूर्ण कोष एवं कोहेनूर हीरा ले लिया । उस समय अफगान सामन्तों ने—

शैलवेदागचन्द्राब्देऽक्टूबरे शाहसंज्ञया ।
कन्धारे मस्जिदे सिंहासनेऽसावुपवेशितः ।।६४।।

अब्दाली का सिंहासना रोहण :

४६. अक्टूबर, १७४७ ई० वर्ष में उसे नेता चुन लिया तथा उसका नाम अहमदशाद रखा । वह कन्धार में एक मस्जिद में सिंहासनारुढ़ किया गया ।

विकीर्णा मूर्ध्नि गोधूमास्तस्य कन्धारवासिभिः ।
यथैव भारते वृद्धचै दीयन्ते मूर्ध्नि तण्डुलाः ।।६५।।

६५. उसके शिर पर कन्धार वासियों ने गेहूँ डाले थे । जिस प्रकार भारत में वृद्धि के लिये शिर पर तण्डुल (अक्षत) डाले जाते हैं—

तथा गन्धारदेशस्थैर्गोधूम उपयुज्यते ।
प्रधानमन्त्री तस्यासीदाद्यो हाजी जमालकः ।।६६।।

६६. उसी प्रकार कन्धारदेशीय लोग गेहूँ का प्रयोग करते हैं । उसका प्रथम प्रधान मन्त्री हाजी जमाल था ।

अन्यः शाहबलीखानो बमजायी ततः परम् ।
गन्धारं गजनीं पेशावरं काबुलमेव च ।।६७।।

अब्दाली की विजय :

६७. तदनन्तर शाहबली खाँ बमजायी हुआ । कन्धार, गजनी, पेशावर, काबुल—

हजारां डेराजातं च मुल्तानं सिन्धमेव च ।
स्वीयं स्माहमदो वेत्ति यतो जग्राह नादिरः ।।६८।।

६८. हजारा, डेराजात, मुल्तान, एवं सिन्ध को अहमद शाह, अपने अधीनस्थ इसलिये मानता था क्योंकि नादिर शाह ने—

पुरा मुहम्मद्शाहस्य सकाशान्मुगलेशितुः ।
व्योमेषुशैलचन्द्राब्दे हेरातं मसदं तथा ।।६९।।

६९. पूर्वकाल में मुगल राजा मुहम्मद शाह से उन्हें ले लिया था । ई० वर्ष १७५० में हेरात एवं मसद को—

निशापुरं चाग्निमेऽब्देऽजैषीदहमदो युधि ।
प्रतीच्यामहमद्भूमेरासीत्कश्यपसागरः ।।७०।।

७०. तथा ई० वर्ष १७५१ में निशापुर को अहमदशाह ने जीत लिया । अहमद शाह के राज्यभूमि के पश्चिम कश्यप सागर—

प्राचि पञ्चालकश्मीरावामूदर्या तथोत्तरः ।
दक्षिणस्यां खुरासानो बलूचिस्तान एव च ।।७१।।

७१. पूर्व में पञ्जाब एवं कश्मीर, उत्तर में आमू दरया तथा दक्षिण में खुरासान और वलूचिस्तान थे ।

अनयोस्तस्य करदा अभूवन् बहवो नृपाः ।
आगरातो देहलीतो लाहौराच्चाभवत्पुरा ।।७२।।

७२. इन दोनों देशों के बहुत से नृपति उसके करद थे । पहले मुगलों के शासनकाल में आगरा, दिल्ली तथा लाहौर से—

मुगलानां शास्तिकाले राजनीतेर्नियन्त्रणम् ।
पठान शासने त्वासीद् हेरातादपि काबुलात् ।।७३।।

७३. राजनीति का नियन्त्रण होता था। पठानों के शासन में भारत के बाहर हेरात, काबुल एवं—

गन्धाराच्च बहिर्देशात्ते हि लुण्टाकशासकाः ।
नेत्रेषुशैलचन्द्राब्दे तृतीयं वारमाक्रमीत् ।।७४।।

७४. कन्धार से उसका नियन्त्रण होता था, क्योंकि वे शासक लुटेरे थे । ई० वर्ष १७५२ में अब्दाली ने तृतीय बार (भारत पर) आक्रमण किया तथा—

पञ्चालं स्ववशेऽकार्षीन्मुल्तानमपि जित्वरः ।
अत्रैवाब्दे स कश्मीरमप्याक्रम्याकरोद्वशम् ।।७५।।

अब्दाली का काश्मीर पर आक्रमण :

६५. पञ्जाब और मुल्तान को अपने अधिकार में कर लिया । इसी वर्ष उसने कश्मीर पर भी आक्रमण कर, उसे अधिकृत कर लिया ।

अहमदशाह अब्दाली विजिगीषुस्तदा दिशाम् ।
नेत्रेषुशैलचन्द्राब्दात्रन्देन्दुगजभूमितम् ।।७६।।

७६. उस समय अहमदशाह अब्दाली सर्वत्र विजयाभिलाषी था । ई० वर्ष १७५२ से १८१९ तक—

वर्षं यावत्पठानानां पूछे राज्यमभूत्किल ।
रसेषुशैलचन्द्राब्देऽक्टूबरे पुनराक्रमीत् ।।७७।।

७७. पूछ पर पठानों का राज्य था । ई० वर्ष १७५६ के अक्टूबर में—

द्वितीयवारं पञ्चालमब्दाली लुण्ठनप्रियः ।
शैलबाणाश्वचन्द्राब्देऽष्टाविंशेऽह्नचादिमासगे ।।७८।।

७८. लुण्ठन प्रेमी अब्दाली ने द्वितीय वार पञ्जाब पर आक्रमण किया । ई० वर्ष १७५७ में २८ जनवरी को—

प्रविश्यालुण्ठयद्दिल्लीं द्विमासानन्तरम्पुनः ।
मथुरामप्यलुण्ठत्स स्वदेशमगमत्पुनः ॥७९॥

अब्दाली का दिल्ली प्रवेश :

७९. उसने दिल्ली में प्रवेश किया और उसे लूटा। दो मास पश्चात् मथुरा को लूटा। तदनन्तर—

कोटिं विंशतिलक्षाणि मुद्रा आदाय लुण्ठकः ।
नजीबखानं दूतं स्वं देहलीमध्यवासयत् ॥८०॥

८०. वह लुण्ठक एक करोड़ बीस लाख मुद्रा लेकर अपने देश चला गया। नजीबखान को अपना दूत बनाकर दिल्ली में रख दिया।

नालुण्ठद् धनमात्रं स कन्ये अप्यग्रहीच्छुभे ।
स्वपुत्राय तथा स्वस्मै सर्वं हि बलिनः सुखम् ॥८१॥

८१. उसने केवल धन ही नहीं लूटा अपितु पुत्र तथा अपने लिये दो कन्यायें भी ले गया। वली को सब सुख उपलब्ध हो जाता है।

जुहरा बेगमं नाम द्वितीयालमगीरजाम् ।
स्वपुत्राय तिमूराय स्वस्मै हजरताभिधाम् ॥८२॥

८२. अपने पुत्र के लिये आलमगीर द्वितीय की पुत्री जुहरा बेगम को तथा अपने लिये हजरत नाम की—

मुहम्मद्शाहतनयां जग्राहोदवहच्च ते ।
उदुह्य देशं स्वमयाद् धनस्त्रीलाभतुष्टधीः ॥८३॥

८३. मुहम्मद शाह की पुत्री को प्राप्त किया और उनसे विवाह किया। विवाह करके स्त्री एवं धनलाभ से प्रसन्न. वह अपने देश चला गया।

एतद्दृष्ट्वा भारतीया हिन्दवो यवनास्तथा ।
एकीभूय पठानानां बहिष्कारे मतिं व्यधुः ॥८४॥

८४. यह सब देखकर, भारतीय हिन्दू तथा मुसलमान मिलकर, पठानों का बहिष्कार करने का निश्चय किये।

महाराष्ट्रा नागबाणशैलेन्दुमितवत्सरे ।
फर्वरीमासि पञ्चालमाक्रम्य स्ववशं व्यधुः ॥८५॥

मराठों का पंजाब विजय :

८५. ई० वर्ष १७५८ में फरवरी मास में मराठों ने पञ्जाब पर आक्रमण कर—

जित्वा तिमूरं लाहौरम् अब्दाली त्वग्रवत्सरे ।
अगस्ते निस्तीर्य सिन्धुम्पञ्चालं पुनराक्रमीत् ॥८६॥

८६. तिमूर को जीतकर, लाहौर को अपने अधिकार में कर लिया। ई० वर्ष १७५९ के अगस्त मास में अब्दाली ने सिन्धु पार कर, पञ्जाब पर, पुनः आक्रमण किया।

युद्धेऽपास्य महाराष्ट्रान् पञ्चालं स्ववशेऽकरोत् ।
व्योमाङ्गशैलचन्द्राब्दे प्राङ्मासे नवमेऽहनि ॥८७॥

८७. युद्ध में मराठों को पराजित कर, पञ्जाब को अपने अधिकार में कर लिया। ई० वर्ष १७६० में ९ जनवरी को—

पञ्चक्रोशोत्तरे दिल्या वरारीघाटसंज्ञके ।
स्थाने महाराष्ट्रसेनामुख्यं दत्ताजिसंज्ञकम् ॥८८॥

८८. दिल्ली से पाँच कोश उत्तर वरारी घाट पर. मराठा सैनिक प्रमुख दत्ताजी—

सामन्तं संगरे जित्वा जघानाहमदस्ततः ।
जनकोजी सुतस्तस्य शिष्टसेनायुतोऽगमत् ॥८९॥

८९. सामन्त को युद्ध में जीतकर, उसे अहमद शाह अब्दाली ने मार डाला। उसका पुत्र जनको जी शेष सेना के साथ—

राजस्थानमिदं वृत्तं पेशवासन्निधौ गतम् ।
फर्वरीदिवसे पञ्चदशे तद्देशनायकाः ॥९०॥

९०. राजस्थान चला गया। यह सब वृत्तान्त पेशवा के पास पहुँचा। उस समय १५ फरवरी को मराठा नायक—

तदोदयगिरिं जित्वा कुर्वन्ति स्म जयोत्सवम् ।
तदा विजेतुमब्दालीम्पेशवेशोऽकरोन्मतिम् ॥९१॥

९१. उदयगिरि में विजयोत्सव मना रहे थे। पेशवा ने उसी समय अब्दाली को जोतने का निश्चय किया।

चतुर्थे मार्चदिवसेऽब्दालीसेनाधुरन्धरः ।
जहानखानो मल्हाररावं जिग्ये कृताक्रमः ॥९२॥

९२. चार मार्च को अब्दाली के सेनानायक जहान खाँ ने मल्हार राव पर, सहसा आक्रमण कर—

सिकन्दराबादपार्श्वेऽदत्त्वैवावसरं शठः ।
दशमे मार्चदिवसे व्योमाङ्गाश्वेन्दुवत्सरे ॥९३॥

९३. सिकन्दराबाद के समीप उसे जीत लिया। ई० वर्ष १७६० में दश मार्च को—

महाराष्ट्री वृहत्सेनोत्तरस्याम्प्रस्थिता दिशि ।
सा तु सप्तममासान्ते देहलीसन्निधिं गता ॥९४॥

पानीपत का तृतीय युद्ध :

९४. मराठों की विशाल सेना उत्तर दिशा की ओर प्रस्थान की। वह सेना जुलाई के अन्त में दिल्ली के समीप पहुँच गयी।

द्वितीयेऽगस्तदिवसे रक्तहर्म्यं वशेऽकरोत् ।
चन्द्राङ्गशैलचन्द्राब्दाद्यमासेऽह्नि चतुर्दशे ॥९५॥

९५. दो अगस्त को दिल्ली का लाल किला अपने अधिकार में कर लिया। ई० वर्ष १७६१ में १४ जनवरी को—

नियुद्धं विश्वविदितम्महाराष्ट्रपठानयोः ।
पानीपतस्थले जातम्महाराष्ट्राः पराजिताः ॥९६॥

९६. मराठों एवं पठानों का विश्वप्रसिद्ध युद्ध पानीपत में हुआ। उसमें मराठे पराजित हुए।

तदा देशादपक्रान्तं मुगलानान्तु शासनम् ।
धर्मिष्ठे भारते जातं द्वितीयम्पापशासनम् ॥९७॥

९७. उसी समय देश से मुगलों का शासन समाप्त हो गया। धर्मिष्ठ भारत में द्वितोय पाप-शासन प्रारम्भ हो गया।

नेत्राश्वशैलचन्द्राब्दे तृतीयेऽक्टूबराहनि ।
मृतोऽहमदशाहस्तु गन्धारे भूमिसात्कृतः ॥९८॥

९८. ई० वर्ष १७७२ में तीन अक्टूबर को अहमद शाह अब्दाली की मृत्यु हो गयी। कन्धार में वह दफनाया गया।

गन्धारे तत्समाधिस्तु मया गत्वाऽवलोकितः ।
बाबाऽहमदशाहेति तं वदन्त्यफगानिनः ॥९९॥

९९. मैंने कन्धार जाकर, उसकी समाधि देखी है। अफगानी उसे बाबा अहमदशाह कहते हैं।

तत्समाध्यन्तिकं कोऽप्यायाति यद्यपराधकृत् ।
नैवासौ गृह्यते तत्र स्पृश्यतेऽपि न पूरुषैः ॥१००॥

१०० यदि उसकी समाधि के समीप कोई अपराधी[१] आता है तो वहाँ वह राजपुरुषों द्वारा न बन्दी बनाया जाता है, न उसका स्पर्श किया जाता है।

अब्दाली लेखकः साधुप्रकृतिर्निजगौरवम् ।
विवर्धयितुमेवेच्छन् युयोधानेकधा नृपैः ॥१०१॥

१०१. मुहम्मद शाह अब्दाली लेखक एवं साधु प्रकृति था। उसने अपना गौरव बढ़ाने की इच्छा से अनेक बार राजाओं के साथ युद्ध किया।

---

१. अपराधी : यह प्राचीन आर्य प्रथा आज भी प्रचलित है। बौद्धवाट या विहार में कोई अपराधी चला जाय तो, जब तक वह वहाँ रहता है, गिरफ्तार नहीं किया जा सकता। अनेक अपराधी अपनी प्राण रक्षा के लिये भिक्षु बनकर विहारों में रहते हैं। अफगानी भी आर्य हैं। अतएव पवित्र मसजिद आदि में शरण लेने वालों को क्षति नहीं पहुँचायी जाती।

अब्दुल्लाखाँ ईश्कसंज्ञोऽकासीत्युपधिभूषितः ।
वह्नीषुशैलचन्द्राब्दे प्रथमो राज्यपालकः ॥१०२॥

अब्दुल्ला खाँ ईश्क अकासी : (सन् १७५३-१७५९ ई०)

१०२. अब्दुल्ला खाँ ईश्क अकासी (कश्मीर का) ई० वर्ष १७५३ में प्रथम राज्यपाल—

पठानशासने जातः षण्मासांस्तस्य शासनम् ।
कश्मीरात्कोटिसंख्याका मुद्रास्तेनार्जिता बलात् ॥१०३॥

१०३. पठानों के शासन में हुआ । उसका शासन काल छः मास था । उसने कश्मीर से करोड़ों रुपये बलात् अर्जित किया ।

पीडयित्वा प्रजाः क्रूरो द्रव्यमात्रनिविष्टधीः ।
भृशं शशास कश्मीरं प्रकृत्या यमकिंकरः ॥१०४॥

१०४. केवल द्रव्य पर विशेष दृष्टि रखने वाला, स्वभावतः यमदूत स्वरूप, उस क्रूर ने प्रजापीड़नपूर्वक कश्मीर पर शासन किया ।

तेन कश्मीरवाणिज्यं विपन्नं तनुतां गतम् ।
विपन्ना उच्चवर्गीया जना राजगृहाणि च ॥१०५॥

१०५. उससे काश्मीर का व्यापार विपन्न तथा क्षीण हो गया । उच्चवर्गीय लोग विपन्नावस्था में पहुँच गये । उसने राजगृहों—

राजोद्यानानि शून्यानि धनान्याहृत्य चक्रिरे ।
असौ निवर्त्यकश्मीराद्गन्धारेऽहमदाय वै ॥१०६॥

१०६. एवं राजाओं के उद्यानों की सम्पत्तियों का हरण कर, उन्हें शून्य कर दिया । उसने कश्मीर से कन्धार लौटते समय अहमद शाह को—

मुद्राकोटिं महार्घाणि वस्तून्यन्यान्युपाहरत् ।
मुद्राऽऽदानाग्रहत्रस्ता अशीतिर्वणिजस्तदा ॥१०७॥

१०७. एक करोड़ मुद्रायें तथा विविध बहुमूल्य वस्तुएं अर्पित की थी । उस समय मुद्रा देने से संत्रस्त होकर ८०—

कश्मीरस्था भारतीयाः शनैर्दूरं ययुस्ततः ।
स एकदा राजहर्म्यमानीय वणिजस्तथा ॥१०८॥

१०८. भारतीय वणिक् जो काश्मीर में थे, धीरे-धीरे वहाँ से दूर चले गये । एक बार वह व्यापारियों—

समृद्धान्नागरानन्यान् वित्तं तेषां समग्रहीत् ।
याचमानो जलीलाख्यं मुद्रा लोहशलाकया ॥१०९॥

१०९. तथा समृद्ध नागरिकों को राज प्रासाद में बुलाया और उनका धन अपहृत कर लिया । जलील नामक व्यक्ति से रुपया प्राप्त करने के लिये उसे लौहशलाका से—

ददाह तेन कष्टेन सोऽचिरात्त्यक्तवांस्तनुम् ।
मुद्रालक्षं गृहीत्वाऽपि काजीखानमपीडयत् ॥११०॥

११०. जलाया गया। उस कष्ट से उसकी शीघ्र ही मृत्यु हो गयी। एक लाख मुद्रा लेकर भो, काजी खाँ को उसने पीड़ित किया।

व्याकुलः स निराशश्च जैनकदलसेतुतः ।
वितस्तासलिले मग्नोऽदुःखाय त्यक्तवाँस्तनुम् ॥१११॥

१११. व्याकुल एवं निराश होकर, उसने दुःख से मुक्ति प्राप्त करने के लिये, जैनकदल सेतु से वितस्ताजल में कूद कर प्राण त्याग दिया।

कृषका न कृषिं चक्रुः करभारभयाकुलाः ।
वणिजो नापणं चक्रुस्तन्तुवायाः क्रियां जहुः ॥११२॥

११२. करभार से पीड़ित, कृषकों ने कृषि करना छोड़ दिया, व्यापारियों ने क्रय-विक्रय बन्द कर दिया तथा बुनकरों ने अपना कार्य त्याग दिया।

एकस्याः स्वर्णमुद्राया मूल्यं षड्रूप्यसम्मितम् ।
विंशतिस्तनकाश्चैव रूप्यस्यैकस्य तर्ह्यभूत् ॥११३॥

११३. उस समय एक स्वर्ण मुद्रा का मूल्य छः रुपये (चाँदी के) बराबर तथा एक रुपया का मूल्य बीस तनके के बराबर था।

रूप्यार्धमूल्यस्ताबेऽभूत्तस्मिन् दुर्नीतिशासके ।
कश्मीरादपगच्छन् स शासकं सुखजीवनम् ॥११४॥

११४. तांबे का मूल्य आधा रुपये के बराबर हो गया था। ऐसा उस दुर्नीति के शासन काल में था। कश्मीर से जाने के समय उसने सुखजीवन को शासक—

तथैवाजमखानं च सेनाध्यक्षं व्ययाधिपम् ।
अकल्पयत् तथा ख्वाजा अब्दुल्लाखानसंज्ञकम् ॥११५॥

११५. तथा आजम खां को सेनाध्यक्ष एवं व्ययाधिकारी नियुक्त किया था। उसी प्रकार ख्वाजा अब्दुल्ला खां को—

उपशासकरूपेण तथा तन्मन्त्रणाप्रदम् ।
ख्वाजा-अबुल्-हसन्-वान्देसंज्ञं नीतिविदं व्यधात् ॥११६॥

११६. उपशासक और नीतिज्ञ ख्वाजा अबुल हसन वान्दे को सुखजीवन का परामर्श दाता नियुक्त किया।

काजी संज्ञकमुद्यानं कृतवान् कासिमोऽबुलः ।
मनसाबललेकाख्ये स्थाने श्रीनगरे पुनः ॥११७॥

११७. श्री नगर में मनसाबल लेक स्थान पर, काजी अब्दुल कासिम ने 'काजी वाग' निर्मित कराया।

चिनारस्य स समुद्यानं जलबन्धे चकार ह ।
वह्नीषुशैलचन्द्राब्दे काबुली राज्यपालकः ॥११८॥

ख्वाजा अब्दुल्ला खां काबुली : ई० वर्ष १७५३ :

११८. उसने जल बन्ध पर, चिनार का उद्यान लगवाया । ई० वर्ष १७५३ में—

ख्वाजाऽब्दुल्लाखानसंज्ञः पठानानामभूत्परः ।
सप्ताहानि चतुर्मासानेवासीत्तस्य शासनम् ॥११९॥

११९. ख्वाजा अब्दुल्ला खां काबुली, पठानों का द्वितीय राज्यपाल हुआ । उसका शासन केवल चार मास सात दिन था ।

तदाऽऽसीद्राज्यपालस्य प्रस्तोता सुखजीवनः ।
अबुल्-हसनखाँ-वान्देषड्यन्त्रैर्द्विसुतान्वितः ॥१२०॥

१२०. उस समय राज्यपाल का प्रस्तोता (पेशकार) सुखजीवन था । अबुल हसन खां वान्दे के षड़यन्त्रों के कारण दो पुत्रों सहित—

राज्यपालो हतस्तस्य पदेऽभूत्सुखजीवनः ।
वह्नीषुशैलचन्द्राब्दे पञ्चाले सिक्खवर्गगा ॥१२१॥

१२१. राज्यपाल ख्वाजा अब्दुल्ला खां मार डाला गया । ई० वर्ष १७५३ में पञ्जाब में सिक्खों के समुदाय में—

रक्षाप्रथाऽऽसीच्चलिता तत्रायं नियमस्त्वभूत् ।
कृषीवलो यो रक्षार्थं खालसाशरणं व्रजेत् ॥१२२॥

१२२. रक्षा (राखी) प्रथा प्रचलित हुई । उसमें यह नियम बनाया गया—"जो कृषक रक्षा हेतु खालसा[1] के शरण में जायेगा—

तस्य रक्षा विधीयेत कृषिपञ्चांशलाभतः ।
पञ्चाले सुदृढाः सिक्खा बभूवुः प्रथयाऽनया ॥१२३॥

१२३. उसकी रक्षा की जायेगा । वह कृषिलाभ का पञ्चमांश खालसा को प्रदान करेगा । उस प्रथा से पञ्जाब में सिक्ख सुदृढ़ हो गये ।

तेनाहमदशाहस्य प्रवेशो नाभवत्तदा ।
भारते वह्निबाणाश्वचन्द्राब्दाच्चतुरोऽब्दकान् ॥१२४॥

१२४. इसके कारण अहमद शाह अब्दाली ई० वर्ष १७५३ से १७५६ तक भारत में प्रवेश नहीं कर सका ।

---

१. खालसा शरण—यह व्यवस्था उस समय कृषकों के रक्षार्थ की गयी थी । वह आजकल के कृषि बीमा या जीवन बीमा के समान थी ।

पठानशासने जातस्तृतीयो राज्यपालकः ।
वह्नीषुशैलचन्द्राब्दे स राजा सुखजीवनः ॥१२५॥

राजा सुखजीवनमल ई० वर्ष १७५३-१७६२ :

१२५. राजा सुखजीवनमल पठानों के शासन में ई० वर्ष १७५३ में तृतीय राज्यपाल हुआ ।

वर्षाण्यष्टौ चतुर्मासान् दिनान्यष्टौ शशास सः ।
साहित्यिकः कविर्नीतीतिहासज्ञश्च सैनिकः ॥१२६॥

१२६. उसने आठ वर्ष, चार मास, आठ दिन शासन किया था । वह साहित्यिक, कवि, नीतिज्ञ, इतिहासवेत्ता एवं सैनिक था ।

न्ययुंक्त विदुषः सप्त ख्यातानैतिह्यलेखने ।
सप्तानां सहयोगार्थं जना दशदशाऽभवन् ॥१२७॥

१२७. उसने सात प्रसिद्ध विद्वानों को इतिहास लिखने के लिये नियुक्त किया था । उन सातों में प्रत्येक के सहयोग के लिये दश-दश व्यक्ति नियुक्त किये गये थे ।

तेषाम्मुहम्मद् तौफीकः प्रधानः सत्कविः कृतः ।
तं लालजीत्युपाचख्युः काश्मीराः प्रीतिपूर्वकम् ॥१२८॥

१२८. उनका प्रधान महान् कवि मुहम्मद तौफीक था । प्रेमवश काश्मीरी लोग उसे लालजी कहते थे ।

अभूत्पञ्चालदेशीयः खत्री स सुखजीवनः ।
खुशावानां कुले चास्य जन्म शिक्षा च काबुले ॥१२९॥

१२९. सुखजीवन पञ्जाबदेशीय खत्री था । उसका जन्म खुशाव वंश (भेरा[1]) तथा शिक्षा काबुल में हुई थी ।

पञ्चाले विजिते शाहवलीखानस्य सेवकः ।
अब्दालीमन्त्रिणो जात इस्लामस्य प्रशंसकः ॥१३०॥

१३०. पञ्जाब विजय के उपरान्त, वह अब्दाली के मन्त्री शाहवली खां का सेवक एवं इस्लाम का प्रशंसक हो गया ।

साहाय्यहेतवेऽब्दुल्लाखानस्य प्रहितस्त्वसौ ।
आद्यस्य राज्यपालस्य हिन्दूरिस्लामसादरः ॥१३१॥

१३१. हिन्दू एवं इस्लाम के प्रति आदरवान् सुखजीवन प्रथम राज्यपाल अब्दुल खां के सहायतार्थ भेजा गया था ।

---

१. भेरा—पञ्जाब के अन्तर्गत ।

जुमादिने स यवनैः पठति स्म नमाजकम् ।

ईदनौरोजोत्सवं च करोति यवना यथा ।।१३२।।

१३२. वह जुमा के दिन मुसलमानों के साथ नमाज पढ़ता था। मुसलमानों की तरह ईद तथा नौरोजोत्सव मनाता था।

पाञ्चालविप्रानानीय कश्मीरेऽस्थापयत्सुखम् ।

कविगोष्ठीं करोति स्म मिलित्वा भौमवासरे ।।१३३।।

१३३. उसने पञ्जाबी ब्राह्मणों को लाकर, कश्मीर में बसाया था। मंगलवार को सबके साथ मिलकर, कविगोष्ठी करता था।

पक्त्वा विविधपक्वान्नं यवनानां शतद्वयम् ।

प्रत्यहम्भोजयामास हिन्दूधर्मादृतः पुनः ।।१३४।।

१३४. विविध पकवान बनवा कर, दो सौ यवनों को प्रतिदिन भोजन कराता था। हिन्दू धर्म के प्रति आदर भाव के कारण—

एकादश्याम्फलाहारं द्वादश्यामन्नभोजनम् ।

निर्माय हिन्दूवर्गाय प्रतिमासं ददति वै ।।१३५।।

१३५. प्रतिमास एकादशी को फलाहार तथा द्वादशी को अन्नाहार बनवा कर, हिन्दुओं में वितरित करता था।

स्वसभायां समायातं दीनं सम्पन्नमेष वा ।

प्रदाय यात्रिणं किञ्चिन्नित्यमेव सभाजयेत् ।।१३६।।

१३६. वह अपनी सभा में किसी दीन अथवा सम्पन्न यात्री के आने पर, उसे कुछ प्रदान कर, नित्य सम्मानित करता था।

वेदेन्दुवेदवर्षेभ्यः प्रागभूद् हिन्दुशासिका ।

कोटारानीति विख्याता द्वितीयः सुखजीवनः ।।१३७।।

१३७. चार सौ चौदह वर्ष पूर्व कश्मीर में हिन्दू शासिका विख्यात कोटा रानी थी। दूसरा शासक सुखजीवन हुआ।

अयं स्वतन्त्रधीः शास्ता स्वतन्त्रं स्वमघोषयत् ।

चकाराद्भुतकार्माणि वेदाग्न्यश्वेन्दुवत्सरे ।।१३८।।

१३८. स्वतन्त्र बुद्धि सुखजीवन ने स्वयं को स्वतन्त्र घोषित किया था। उसने अपने शासन-काल में अद्भुत कार्य सम्पन्न किये थे। ई० वर्ष १७३४ में—

राजकीयमृणं सर्वं प्रजानां स ददौ स्वयम् ।

नित्यम्प्रजावत्सलोऽसावौदार्योत्साहसम्भृतः ।।१३९।।

१३९. प्रजा का समस्त राजकीय ऋण स्वयं दे दिया था। वह प्रजावत्सल, उदार एवं उत्साही शासक था।

अब्दुल्लाखांवधात्पश्चान्नृपालः सुखजीवनः ।
जुघोष राज्यपालं स्वं शासनं स्ववशेऽकरोत् ॥१४०॥

१४०. अब्दुल्ला खां के वधोपरान्त सुखजीवन ने स्वयं को राज्यपाल घोषित कर दिया तथा शासन अपने वश में कर लिया ।

अहमद्शाह अब्दाली पञ्चालेरानसंगरात् ।
अशक्तो न तदाऽरौत्सीन्नृपालं सुखजीवनम् ॥१४१॥

१४१. पञ्जाब तथा ईरान युद्ध में शक्ति क्षीण होने के कारण अहमद शाह अब्दाली ने उस समय उस पर आक्रमण नहीं किया ।

ख्वाजाकिजकनामानं निजविश्वासभाजनम् ।
विरोधबुद्धिरब्दाली कृतवानुपराज्यपम् ॥१४२॥

१४२. उसके प्रति विरोध बुद्धि रखकर, अब्दाली ने अपने विश्वासात्र ख्वाजा किजक को उपराज्यपाल नियुक्त किया ।

सिक्खैर्महाराष्ट्रजनैश्च युध्यन्
चिराय कुप्यन् सुखजीवनाय ।
अयुक्तचिन्तोऽहमदश्चकार
कश्मीरदेशे करभूरिभारम् ॥१४३॥

१४३. सिक्खों एवं मराठों के साथ युद्ध में लिप्त तथा सुखजीवन से कुपित, अहमद शाह ने अनुचितरूप से कश्मीर पर अत्यधिक कर लगा दिया ।

कश्मीरस्यायतोऽब्दाली ययाचे दशसंगुणम् ।
वित्तं तदा राज्यपालं स सचिन्तः सभां व्यधात् ॥१४४॥

१४४. अब्दाली ने राज्यपाल से कश्मीर की आय का दशगुना कर मांगा । उस समय चिन्तित होकर उसने सभा की ।

अबुल्-हसनखां-वान्दे सभायां वस्तुविज्जनः ।
युद्धमेव हितम्प्राह नेतरे कूटबुद्धयः ॥१४५॥

१४५. सभा में बुद्धिमान् अबुलहसन खां वान्दे ने युद्ध को ही हितकर कहा । अन्यकूटबुद्धि-जनों ने उसका समर्थन नहीं किया ।

स ख्वाजा किजको मीरखान आजमनामकः ।
मलिक्हसन ईरानी नैते युद्धधियं व्यधुः ॥१४६॥

१४६. ख्वाजा किजक, मीरखान, आजम खां एवं मलिक हसन ईरानी ने युद्ध न करने का निर्णय किया ।

स्वयं संघटितास्त्वेते दृढं बारहमूलके ।
विद्रोहं सेनया चक्रुर्विरुद्धाः सुखजीवनात् ॥१४७॥

१४७. स्वयं संघटित होकर, उन लोगों ने बारहमूला में सुखजीवन के विरुद्ध, सेना के साथ विद्रोह कर दिया ।

एकीभूयापि युद्धचन्तः सुधियः सुखजीवनात् ।
पराजिताः क्रमात्सर्वे सुखं कश्मीरिणामभूत् ॥१४८॥

१४८. संघटित होकर, भी युद्ध करते हुए, सब लोग सुबुद्धिमान् सुखजीवन से क्रमशः पराजित हो गये । काश्मीरी सुखी हुये ।

एवं तदानीं काश्मीरा अन्यायादाफगानिनाम् ।
अत्याचारात्क्रूरतातः शोषणादपि रक्षिताः ॥१४९॥

१४९. इस प्रकार उस समय अफगानों के अन्याय, अत्याचार, क्रूरता तथा शोषण से काश्मीरियों की रक्षा हुई ।

निर्वास्य देशतः ख्वाजाकिजकं सुखजीवनः ।
तदा मुगल्बादशाहं द्वितीयालमगीरकम् ॥१५०॥

१५०. सुखजीवन ने ख्वाजा किजक को देश से निर्वासित कर दिया । उस समय मुगलबादशाह आलमगीर द्वितीय—

प्रभुं मत्वा तस्य नाम्नः खुतवापाठपूर्वकम् ।
घोषयामास कश्मीरनृपतिं स्वं प्रसन्नधीः ॥१५१॥

१५१. को स्वामी मानकर, उसके नाम खुतवा पाठ कराया तथा स्वयं को कश्मीर का राजा घोषित कर दिया ।

रुष्टोऽहमदशाहस्तु त्रिंशत्सेनासहस्रकम् ।
अब्दुल्लाखाननेतृत्वे प्रैषयत्पूछमार्गतः ॥१५२॥

१५२. इससे रुष्ट होकर, अहमद शाह अब्दाली ने कश्मीर पर आक्रमण के लिये अब्दुल्ला खां के नेतृत्व में तीस हजार सैनिक पूअ मार्ग से प्रेषित किया ।

वर्षातुषारपाताभ्यां जडीभूतकलेवरा ।
पठानसेना काश्मीरैर्निगृहीताऽवमानिता ॥१५३॥

१५३. वर्षा एवं तुषारपात से जड़ीभूत, पठान सेना कश्मीरियों द्वारा बन्दी बना ली गयी और अपमानित की गयी ।

शिरस्सु तेषामुष्णीषं धृत्वा कर्गदनिर्मितम् ।
नगरे भ्रामयामासुः काश्मीरा जयकाशिनः ॥१५४॥

१५४. विजयी काश्मीरियों ने पठान सैनिकों को उनके शिर पर कागज की टोपी पहनाकर नगर में घुमाया ।

दिल्लीश्वरस्तदातुष्टः सुखजीवनशौर्यतः ।
शिविकां दन्तिनं चैकं दत्त्वा राजपदं ददौ ॥१५५॥

१५५. सुखजीवन के शौर्य से प्रसन्न दिल्ली के राजा ने उसे पुरस्कार में शिविका तथा एक गज देकर, राजपदवी से विभूषित किया ।

खख्खाबम्बागूजरकान् सैनिकान् विघटय्य वै ।
संसीसंज्ञांस्तथासिक्खान् स्वामिभक्तान् स्वभावतः ॥१५६॥

१५६. सुखजीवन ने खख्खा, बम्बा तथा गूजर सैनिकों को विघटित कर, स्वभावतः स्वामी-भक्त संसी तथा सिक्ख सैनिकों को—

सेनापदेषु मुख्येषु न्ययुङ्क्त सुखजीवनः ।
बाणेषुशैलचन्द्राब्दे कृषिर्नष्टा तुषारतः ॥१५७॥

१५७. प्रमुख सेना पदों पर नियुक्त किया । ई० वर्ष १७५५ में तुषारपात—

वर्षातः शलभैः शिष्टा घोरं दुर्भिक्षमाऽपतत् ।
तथाऽप्यन्नादिसौलभ्यं कल्पयन् सुखजीवनः ॥१५८॥

१५८. एवं वर्षा से कृषि विनष्ट हो गई, अवशिष्ट कृषि टिड्डियों द्वारा नष्ट कर दी गयी । घोर अकाल पड़ गया । इस स्थिति में भी सुखजीवन ने अन्न आदि उपलब्ध कराकर—

सर्वं प्रजाजनं रक्षन् क्षुधातः समपालयत् ।
तस्याश्वावासभवने संयोगाद्दहनोऽलगत् ॥१५९॥

१५९. समस्त प्रजा की भूख से रक्षा कर, उनका पालन किया । उसकी अश्वशाला में दैवात् आग लग गयी ।

आग्नेयचूर्णशालायां ससार क्रमशः स वै ।
सद्यस्तद्भवनं ध्वस्तं बहवो मनुजा मृताः ॥१६०॥

१६०. वह आग क्रमशः विस्फोटक चूर्णशाला (बारूद गृह) में पहुँच गयी । वह भवन सद्यः ध्वस्त हो गया । बहुत लोग मर गये ।

समीपवर्तिनो ग्रामा ध्वस्ताश्चूर्णाग्निना क्षणात् ।
आग्नेयचूर्णनाशेन राजा क्षीणबलोऽभवत् ॥१६१॥

१६१. उस बारूद की अग्नि से क्षण भर में समीपवर्ती ग्राम विध्वस्त हो गये । आग्नेयचूर्ण (बारूद) के विनाश से राजा का बल क्षीण हो गया ।

दुर्भिक्षक्लेशरोधार्थम्प्रजास्वन्नं वितीर्णवान् ।
कोशस्थितान् भूरिशालीन् प्रजार्थं समकल्पयत् ॥१६२॥

१६२. उसने अकाल का दुःख दूर करने के लिये, प्रजा में अन्न वितरित किया । कोश में स्थित प्रचुर शाली-राशि को प्रजा के लिये निर्धारित कर दिया ।

गणयित्वा प्रजां कृत्स्नां षण्मासाहारपूरकम् ।

अन्नं सर्वगृहे राजा प्रैषयत्सकृदेव हि ।।१६३।।

१६३. राजा ने समग्र प्रजा की गणना करा कर, एक साथ छः महीने के लिये अन्न सबके घर भिजवा दिया ।

एवं दुर्भिक्षसत्त्वेऽपि नैवैकोऽपि मृतो जनः ।

अस्येदमन्नसाहाय्यमासील्लोके किलादिमम् ।।१६४।।

१६४. इस प्रकार दुर्भिक्ष होने पर भी कोई व्यक्ति अन्नाभाव के कारण नहीं मरा । उसकी यह अन्न सहायता (राशन) प्रथा सर्व प्रथम थी ।

प्रदाय ग्रामवासिभ्यो बीजं च कृषिहेतवे ।

इदन्तु राज्ञा निर्दिष्टमुत्पन्नेऽन्ने निवर्त्यताम् ।।१६५।।

१६५. राजाने कृषि के लिये ग्रामवासियों को बीज प्रदान कर, यह आदेश दिया "अन्न उत्पन्न होने पर, वे लोग बीज लौटा दें।"

उत्पन्नेऽपि जना अन्ने राज्ञो नैव न्यवर्तयन् ।

ज्ञात्वाऽशक्तिं नृपस्तेषामग्रिमेऽब्देवधिं व्यधात् ।।१६६।।

१६६. अन्न उत्पन्न होने पर भी, लोगों ने राजा का अन्न वापस नहीं किया। राजा ने उनका असामर्थ्य जानकर, अन्न लौटाने के लिये अग्रिम वर्ष तक अवधि बढ़ा दिया ।

मुल्ला अफरफो देरी संगीतज्ञः सुलेखकः ।

अङ्गेषुशैलचन्द्राब्दे ममारेत्यैतिहासिकम् ।।१६७।।

१६७. ई० वर्ष १७५६ में प्रसिद्ध संगीतज्ञ एवं लेखक मुल्ला असरफ देरी का देहावसान हो गया ।

शैलेषुशैलचन्द्राब्देऽष्टाविंशेऽह्न्याादिमासगे ।

अहमद्शाह अब्दाली देहलीम्प्राविशत्पुरीम् ।।१६७।।

१६८. ई० वर्ष १७५७ में २८ जनवरी को अहमदशाह अब्दाली ने दिल्ली में प्रवेश किया ।

प्रविश्य लुण्ठयामास पठानैर्नगरीं भृशम् ।

भूय आक्रामतस्तस्य चतुर्थाक्रमणन्त्विदम् ।।१६९।।

१६९. वहाँ प्रवेश कर, पठानों द्वारा दिल्ली को खूब लूटा। उसके अनेक आक्रमणों में यह उसका चतुर्थ आक्रमण था ।

तत्राब्देऽप्रीलमासेऽसौ ध्वंसयामास मन्दिरम् ।

नवाधिकारसन्दृप्तः क्रूरोऽमृतसरस्थितम् ।।१७०।।

१७०. नवीन राज्याधिकार से गर्वान्वित, उस क्रूर ने उसी वर्ष अप्रैल में अमृतसर का मन्दिर ध्वस्त करा दिया ।

अबुल्-हसनखांवान्देसुखजोवनयोर्मिथः ।
विरोधं कर्तुमादिश्याहमदेन युयुत्सुना ॥१७१॥

१७१. अबुल हसन खां एवं सुखजोवन में परस्पर वैर उत्पन्न करने का आदेश देकर, युद्धेच्छुक अहमदशाह ने—

मोचितः काबुले काराबद्धो मीरमुकीमकः ।
लिखितुं पद्यबन्धेन कश्मीरस्येतिहासकम् ॥१७२॥

१७२. काबुल में कारागार में बन्दी मीर मुकीम को मुक्त कर दिया। कश्मीर का पद्यबद्ध इतिहास का लेखन कार्य—

आरब्धवानिहैवाब्दे अबुल्-बहव-शाइकः ।
अत्रैवाब्दे भीमवरेऽखनूरे स्यालकोटके ॥१७३॥

१७३. अबुल बहाव शाइक ने इसी वर्ष प्रारम्भ किया। इसी वर्ष भीमवर, अखनूर तथा स्यालकोट पर—

खवेदसेनासाहस्रोऽभ्ययासीत्सुखजीवनः ।
स्यालकोटे नृपो यारखानोऽभूदाफगानिकः ॥१७४॥

१७४. सुखजीवन ने चालीस सहस्र सेना के साथ आक्रमण किया। उस समय स्यालकोट में अफगानी नृपति यारखान था।

देवेन रणजीतेन जम्मूनृपतिना स वै ।
लब्धसाह्यो वृथाऽकार्षीदरेराक्रमणं तदा ॥१७५॥

१७५. उसने जम्मूनृपति रणजीत देव की सहायता से शत्रु का आक्रमण विफल कर दिया।

युद्धासक्ते नृपे बम्बाजनास्तु कमराजके ।
आरेभिरे लुण्ठनादि तदा बारहमूलकम् ॥१७६॥

१७६. राजा के युद्ध में फँस जाने पर, बम्बालोग कमराज में लूट-पाट करने लगे। उस समय—

अबूहसनखानोऽयान्नियुक्तस्तन्निरोधने ।
निष्क्रियो मनसा पापो जनैः श्रुत्वा पराजयम् ॥१७७॥

१७७. उन्हें शान्त करने के लिये अबूहसन खां बारहमूला गया- किन्तु लोगों से राजा का पराजय सुनकर, वह पापी—

नृपस्य निजकर्तव्याद्विमुखो हसनोऽभवत् ।
आगत्य राजा हसनं तथा तदनुयायिनः ॥१७८॥

१७८. हसन निष्क्रिय हो गया तथा अपने कर्त्तव्य का पालन नहीं किया। राजाने आकर क्रोधवश हसन तथा उसके अनुयायियों को—

कारायामक्षिपत्क्रुद्धस्तदा कोका अमीरखां ।
मध्येकश्मीरमागत्य लुण्ठनादि समारभत् ॥१७९॥

१७९. कारागार में डाल दिया । उसी समय अमीर खां कोका ने कश्मीर में आकर, लूट-पाट आरम्भ किया—

तदानीं चक्रिरे तस्य दमनं सिक्खसैनिकाः ।
अबूहसनखानस्तु वितस्तासेतुसन्ततिम् ॥१८०॥

१८०. किन्तु सिक्ख सैनिकों ने उसका दमन कर दिया । अबूहसन खां ने वितस्ता के सेतुओं को—

ध्वंसयित्वा सर्वनावोऽधिकृत्याद्रुद्रुहत्खलः ।
द्वितीयदिवसे राजभटैः स तु निवारितः ॥१८१॥

१८१. ध्वस्त कराकर, सब नावों पर अधिकार कर, विद्रोह कर दिया । दूसरे दिन राजा के भटों ने उसे निवारित कर दिया ।

दिने द्वितीयेऽयुतसंख्यका वै
नृपस्य सेनापतयो वितस्ताम् ।
त्रिस्थानतोऽतीत्य परानपास्यन्
जगाम भीतो हसनो महीध्रान् ॥१८२॥

१८२. दूसरे दिन दश सहस्त्र राजकीय सैनिकों ने तीन स्थान से वितस्ता पार कर, शत्रुओं को परास्त कर दिया । भयभीत हसन पर्वतों में पलायित हो गया ।

ईर्ष्यालवस्तु यवना राजानम्प्रियशासनम् ।
निहन्तुमभवन्क्रूराश्छिद्रान्वेषणतत्पराः ॥१८३॥

१८३. ईर्ष्यालु, क्रूर मुसलमान, प्रियशासक राजा सुखजीवन की हत्या करने के लिये छिद्रान्वेषण में तत्पर हो गये ।

तदा कश्मीरदेशेऽभूद्वलखस्य नृपात्मजः ।
पञ्चाशत्सादिभिः सार्धं शरणागतभूमिकः ॥१८४॥

१८४. उस समय वलख के राजकुमार ने पचास अश्वारोहियों के साथ कश्मीर में शरण लिया था ।

स एकदा नृपावासम्प्रविश्य सहसा नृपम् ।
जिघांसुस्ताडयामास नाहतोऽपि मृतो नृपः ॥१८५॥

१८५. एक दिन वह राजप्रासाद में प्रवेश कर, राजा की हत्या करने की इच्छा से प्रहार किया; किन्तु आहत होकर भी, राजा मरा नहीं ।

तदा सनासिनः सिक्खाः सैनिकास्तं नृपात्मजम् ।
गृहीत्वा मारयामासुराततायी वधार्हणः ।।१८६।।

१८६. उसी समय सनासियों एवं सिक्ख सैनिकों ने उस राजपुत्र को पकड़कर मार डाला। आततायी वधयोग्य होता है।

मह्तवीखानतनयः सर्फुद्दीनाभिधः खलः ।
आवाईमक्बरास्थानमधिकर्तुं विवेश वै ।।१८७।।

१८७. महतवी खां के पुत्र सर्फुद्दीन खां ने आवाई मकबरा पर अधिकार करने के लिये—

द्वितीयवारं कश्मीरं किन्तु तं सिक्खसैनिकाः ।
शाहाबादे सन्निपत्य निजघ्नुर्युद्धतत्परम् ।।१८८।।

१८८. द्वितीय वार कश्मीर में प्रवेश किया, किन्तु सिक्ख सैनिक शाहाबाद में उसपर आक्रमण कर, मार डाले।

अहमद्शाह अब्दाली नागेष्वश्वेन्दुवत्सरे ।
घमण्डसिंहं राजानं कुलेहरभूमिपम् ।।१८९।।

१८९. अहमद शाह अब्दाली ने ई० वर्ष १७५८ में कुलेहर के राजा घमण्ड सिंह को—

कागडापर्वतक्षेत्रवर्तिनां किल भूभृताम् ।
चकार राज्यपालं वै दृष्ट्वातद् गुणगौरवम् ।।१९०।।

१९०. उसका गुण देखकर, कागडा क्षेत्र के राजाओं का राज्यपाल नियुक्त किया।

कुलतेहरराज्यमभूत्तु पुरा चउकीकुलेहरयुग्मभिदम् ।
जसवानमहीधरमध्यगतं लघु कागडमण्डलगं ललितम् ।।१९१।।

१९१. जसवान पर्वतों के मध्य स्थित, कागडा मण्डल के अन्तर्गत कुलेहर एक छोटा राज्य था। उसमें चौकी एवं कुलेहर थे।

नागेषुशैलचन्द्राब्दे महानन्दधरो वरः ।
प्रधानमन्त्री कश्मीरे बभूवेत्यैतिहासिकम् ।।१९२।।

१९२. ई० वर्ष १७५८ में महानन्दधर कश्मीर में प्रधान मंत्री बना।

अहमद्शाह अब्दाली चन्द्राङ्गागेन्दुवत्सरे ।
भारतं पञ्चमं वारमाचक्रामेति निर्णयः ।।१९३।।

१९३. ई० वर्ष १७६१ में अहमदशाह अब्दाली ने पांचवीं बार भारत पर आक्रमण किया।

सप्तमेऽह्न्यादिमे मासे चन्द्राङ्गागेन्दुवत्सरे ।
पानीपत्तेऽभवयुद्धमब्दाली सैनिकैः सह ॥१९४॥

१९४. ई० वर्ष १७६१ में ७ जनवरी को अब्दाली के सैनिकों के साथ पानीपत में—

तृतीयवारम्प्रबलम्महाराष्ट्रनिवासिनाम् ।
बाणेन्द्वह्न्यादिमे मासेऽब्दाली तत्रैव वत्सरे ॥१९५॥

१९५. तीसरी बार मराठा सैनिकों का महान् युद्ध हुआ। उसी वर्ष १५ जनवरी को अब्दाली—

अलीकलन्दर्दर्गाहं पानीपतगतं गतः ।
अष्टादशेऽह्नि तन्मासेऽब्दाली तत्रैव वत्सरे ॥१९६॥

१९६. पानीपत स्थित अलीकलन्दर दरगाह गया। उसी वर्ष अब्दाली १८ जनवरी को—

प्रस्थाय देहलीं खेटनेत्राह्नि प्रविवेश ह ।
देहल्यां कतिचित्कालं स्थित्वाऽब्दाली स्वदेशकम् ॥१९७॥

१९७. प्रस्थान कर २९ जनवरी को दिल्ली में प्रविष्ट हुआ। कुछ दिन दिल्ली रहकर, अब्दाली ने अपने देश—

गतोऽफगानिस्तानं वै राज्यपालपदेऽकरोत् ।
सरहिन्दे जैनखानं लाहौरे च उबेदकम् ॥१९८॥

१९८. अफगानिस्तान प्रस्थान किया। उसने सरहिन्द में जैनखां को तथा लाहौर में ख्वाजा उबेद को राज्यपाल नियुक्त किया।

नेत्राङ्गशैलचन्द्राब्देऽब्दाली लाहौरमागतः ।
स जम्मूनृपतिं देवं रणजीतं तथा नृपान् ॥१९९॥

१९९. ई० वर्ष १७६२ में लाहौर जाकर, अब्दाली ने जम्मू नृपति रणजीत देव तथा—

अन्यांश्च पर्वतीयान्वै पृतनामसौ ।
तेभ्योऽयुतद्वयं लब्धं स्वकीयं चायुतत्रयम् ॥२००॥

२००. अन्य पर्वतीय नृपों से प्राप्त २० हजार तथा अपने ३० हजार सैनिकों को संघटित किया।

युयोज योद्धुं कश्मीरे पञ्चायुतमितम्बलम् ।
जूनमासे नुरुद्दीनखानं बमजाइसम्भवम् २०१॥

२०१. इस प्रकार पचास हजार सैनिकों को कश्मीर में युद्ध के लिये नियुक्त किया। जून में नुरुद्दीन बमजाई को—

योद्धुं ससेनं कश्मीरं प्रैषयत्तत्तु निष्फलम् ।
अब्दालीराज्यपालानां सेनासु बहवस्तदा ।।२०२।।

२०२. सेना सहित युद्धार्थ कश्मीर प्रेषित किया । वह सैनिक अभियान विफल हो गया । उस समय अब्दाली एवं मुसलमान राज्यपालों की सेना में प्रचुर संख्या में—

बभूवुः सैनिकाः सिक्खास्तेन प्राय उपद्रवः ।
तत्राब्देऽक्टूबरे मासे पठानाः सेनयाऽभ्ययुः ।।२०३।।

२०३. सिक्ख सैनिक थे । उससे प्रायः उपद्रव भी हो जाता था । उसी वर्ष अक्टूबर मास में पठानों ने—

द्वितीयवारं कश्मीरं विविशुस्तोषमार्गतः ।
ज्ञात्वा प्रवेशं शत्रूणां राजा च सुखजीवनः ।।२०४।।

२०४. दूसरी बार कश्मीर पर सैनिक अभियान किया । वे तोष मैदान मार्ग से कश्मीर में प्रविष्ट हुये । शत्रु का प्रवेश जानकर, राजा सुखजीवन—

पञ्चायुतबलोपेतश्चीरोड्डारस्थलं ययौ ।
तदा बख्तमलो नाम सेनाध्यक्षो नृपस्य वै ।।२०५।।

२०५. पचास सहस्र सेना लेकर, चीरोड्डार पहुंचा । राजा का बख्तमल नामक एक पापी सेनाध्यक्ष—

पठानैः सन्दधे पापः काश्मीरास्तेन निर्जिताः ।
जैनीग्रामभवः कश्चिच्चक्री तु सुखजीवनम् ।।२०६।।

२०६. पठानों से मिल गया । अतएव काश्मीरी हार गये । जैनी ग्राम का कोई चक्की चलाने वाला व्यक्ति सुखजीवन को—

निनायादाय सहसा नुरुद्दीनस्य सम्मुखम् ।
नापितस्य क्षुरद्वारा नुरुद्दीनाज्ञया तदा ।।२०७।।

२०७. नुरुद्दीन के समक्ष ले गया । वहाँ नुरुद्दीन की आज्ञा से नाई के छूरे से—

निष्कासिताक्षियुगलस्तदाऽऽसीत्सुखजीवनः ।
नेत्रपीडासमये कालेऽप्यासीत्स सुखजीवनः ।।२०८।।

२०८. सुख जीवन की दोनों आखें निकाल ली गयी । नेत्र की पीड़ा के समय भी सुख जीवन ने—

सीत्कारमप्यकृत्वाऽसौ जगौ गीतं तदोचितम् ।
निशम्य तस्य वीरत्वं धैर्यं शान्ति च चेतसः ।।२०९।।

२०९. सीत्कार भी नहीं किया, अपितु तत्कोलोचित गीत गाने लगा । उसकी वीरता धैर्य तथा मन की शान्ति को सुनकर—

प्रशशंसुर्हृदा सर्वे स्तब्धवाचस्तथाऽरयः ।
शृङ्खलाबद्धदेहोऽसौ नीतोऽब्दालीसमीपतः ॥२१०॥

२१०. स्तब्धवाक् सब मित्रों तथा शत्रुओं ने प्रशंसा की। वह लौहशृंखला में बांधकर अब्दाली के समीप लाया गया।

तदाऽपि धैर्यं नात्याक्षीन्न दैन्यं मानसेऽकरोत् ।
न ययाचेऽभयम्प्राणानप्यसौ रिपुसन्निधौ ॥२११॥

२११. उस समय भी वह न धैर्य छोड़ा और न मन में दैन्यभाव लाया। उसने शत्रु के समीप प्राणदान की याचना भी नहीं की।

अब्दाली तं नग्नवेशं कृत्वा गजपदैस्तदा ।
मर्दयित्वाऽनयन्मृत्युं हसन् स त्वत्यजत्तनुम् ॥२१२॥

२१२. अब्दाली उसे नंगा करके, हाथी के पैरों से कुचलवाकर, मार डाला। हँसते हुए उसने प्राण त्याग दिया।

नृपाज्जैनुल्आबदीनात्पश्चात्तुसुखजीवने ।
नृपे शासति कश्मीरं तत्राभूद्विविधोन्नतिः ॥२१३॥

२१३. जैनुल आबदीन के पश्चात् राजा सुखजीवन के शासनकाल में कश्मीर की विविध प्रकार से—

आर्थिकी सामाजिकी च राजनीतौ तथैव च ।
गुणवानप्यसौ शास्तिनिपुणोऽपि विरोधतः ॥२१४॥

२१४. आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक उन्नति हुई। गुणी एवं चतुरशासक होनेपर भी—

पठानैर्हिन्दुभावाच्च निर्घृणं मारितोऽरिभिः ।
चरित्रवान् देशभक्तो यथाऽऽसीत्सुखजीवनः ॥२१५॥

२१५. पठानों के साथ विरोधभाव तथा हिन्दू होने के कारण उसे शत्रुओं ने निर्दयता पूर्वक मार डाला। सुखजीवन जैसा चरित्रवान एवं देशभक्त था—

कश्मीरम्प्राक्तने धर्ममार्गे वर्तितवान्यथा ।
तथा नृपस्तु लोकेषु विरलः कोपि लभ्यते ॥२१६॥

२१६. तथा उसने जिस प्रकार कश्मीर को धर्म मार्ग पर प्रवर्तित किया, वैसा नृपति संसार में कोई विरल ही होता है।

वर्षाष्टकं चतुर्मासान् अष्टाहान्यस्य शासनम् ।
रुरोधायं च गोहत्यामाबदीनो यथा पुरा ॥२१७॥

२१७. उसने आठ वर्ष, चार मास तथा आठ दिन शासन किया था। जैनुल आब्दीन के समान उसने कश्मीर में गोहत्या निवारित कर दिया था।

पठानशास्तौ तुर्योऽभूत्प्रथमं राज्यपालकः ।
बमजाई नुरुद्दीनो नेत्राङ्गाश्वेन्दुवत्सरे ॥२१८॥

नुरुद्दीन बमजाई (प्रथम बार) ई० वर्ष १७६२ :

२१८. ई० वर्ष १७६२ में नुरुद्दीन बमजाई प्रथम बार, पठानों के शासन काल का, चौथा राज्यपाल नियुक्त हुआ ।

स्थित्वा त्रिमासान् कश्मीरं निवृत्तः काबुलं स वै ।
कश्मीरे शान्तये यत्नं तत्र तिष्टंश्चकार सः ॥२१९॥

२१९. वह तीन मास कश्मीर रहकर, काबुल लौट गया । उसने कश्मीर में शान्ति स्थापित करने का प्रयास किया था ।

श्रुत्वा युद्धं गढीस्थाने नेत्राङ्गाश्वेन्दुवत्सरे ।
मासे नवम्बरेऽब्दाली भारतं पुनराक्रमत् ॥२२०॥

२२०. ई० वर्ष १७६२ के नवम्बर में गढ़ी का युद्ध सुनकर, अब्दाली ने पुनः भारत पर आक्रमण किया ।

लाहौरमाऽगमज्जोषं श्रुत्वा सिक्खाः पलायिताः ।
ते कोसकाहिरास्थानमेत्यैकत्र व्यचिन्तयन् ॥२२१॥

२२१. वह निर्विरोध लाहौर पहुँच गया । सिक्ख पलायित हो गये । वे सिक्ख, कोसकाहिरा में एकत्र होकर, युद्धादि की योजना बना रहे हैं—

श्रुत्वाऽब्दाली तु सार्धाह्ना लुधियानापुरं ययौ ।
द्वितीयदिवसे सिक्खानाचक्राम हठादसौ ॥२२२॥

२२२. यह सुनकर, अब्दाली छत्तीस घण्टे में लुधियाना पहुँच गया । उसने दूसरे दिन हठात् सिक्खों पर आक्रमण कर दिया ।

तदा तु निहताः सिक्खा द्वित्रायुतमिताः किल ।
घालूधारेति नाम्नैतद्युद्धमाहुस्तदातनाः ॥२२३॥

२२३. उस युद्ध में २० या तीस हजार सिक्ख मारे गये । यह युद्ध घालू-धारा नाम से प्रसिद्ध है ।

ततोऽमृतसरं गत्वाऽहमदो हरमन्दिरम् ।
ध्वंसयामास गां हत्वा चिक्षेप सरसोऽम्बुनि ॥२२४॥

२२४. अहमदशाह अब्दाली वहाँ से अमृतसर जाकर, हरमन्दिर को ध्वस्त कराया । गाय मारकर, सरोवर के जल में डाल दिया ।

सिक्खाः पलायिता दिक्षु तदाऽसौ काबुलीमलम् ।
विप्रं लाहौरराज्येशं कृत्वाऽयादफगानकम् ॥२२५॥

२२५. सिक्ख दिशाओं में भाग गये । वह काबुलीमल नामक एक विप्र को लाहौर का सूबेदार बनाकर, अफगानिस्तान लौट गया ।

पञ्चमो राज्यपालोऽभूद्बमजायी बुलन्दखां ।
वेदाङ्गशैलचन्द्रान्तं द्वे वर्षे शासनं व्यधात् ॥२२६॥

बुलन्द खां बमजायी ई० वर्ष १७६२-१७६४

२२६. बमजायी बुलन्द खां पञ्चम राज्यपाल था, उसने ई० वर्ष १७६२ से १७६४ तक दो वर्ष शासन किया था।

साहसीसुखितस्वान्तस्तथा शान्तिप्रियस्त्वसौ ।
त्रीन् मासान् शान्तये यत्नं कश्मीरे कृतवान् खलु ॥२२७॥

२२७. वह साहसी, प्रसन्न मन एवं शान्तिप्रिय था। उसने कश्मीर में शान्ति स्थापित करने के लिये, तीन मास प्रयत्न किया।

नेत्राङ्गशैलेन्दुमिताब्दपूर्वं भूनन्दशैलेन्दुमितान्त्यवर्षम् ।
यावत्सुकेते रणजीतसेनो राजा बभूवेति वदन्ति विज्ञाः ॥२२८॥

२२८. ई० वर्ष १७६२ से १७९१ तक सुकेत में रणजीत सेन राजा था—ऐसा इतिहासज्ञ विद्वान कहते हैं।

कदाचित्कतिचिन्मासान् दैवादासीदवर्षणम् ।
दुर्भिक्षभयसन्त्रस्ता यवना मस्जिदं ययुः ॥२२९॥

२२९. किसी समय कुछ महीनों तक वृष्टि नहीं हुई। अकाल के भय से दुःखी मुसलमान मसजिद में जाते थे—

नमाजपाठम् इस्ताकापाठं कुर्वन्ति तत्र ते ।
तदा नौशहरस्थाना व्रजन्ति स्मेदगाहकम् ॥२३०॥

२३०. और वहाँ वे नमाज तथा इस्ताका पढ़ते थे। उसी समय नौ शहर के लोग ईदगाह जा रहे थे।

जड़ीवलशियावर्गस्तवर्रामपठत्तदा ।
जातो वर्गद्वये द्रोहः सुन्निनस्तु शियागृहान् ॥२३१॥

२३१. उसी समय जडीबल के शिया लोग तवर्रा पढ़े। दोनों वर्गों में द्रोह हो गया। सुन्नियों ने शिया लोगों के घरों में—

वह्निना दीपयामासुस्तत्रायासीद् बुलन्दखां ।
कलहं शमयामास तद्धेतुं च व्यचारयत् ॥२३२॥

२३२. आग लगा दिया। बुलन्दखां वहाँ गया और कलह शान्त किया। उसने संघर्ष के कारणों पर विचार किया।

अपराद्धशियानां स चिच्छेद श्रुतिनासिके ।
अर्थेन दण्डयामास काश्चिदल्पापराधिनः ॥२३३॥

२३३. उसने अपराधी शिया लोगों के नाक-कान कटवा दिया। कुछ अल्प अपराधियों के ऊपर अर्थ दण्ड आरोपित कर दिया।

ख्वाजा रफी राजकविस्त्र्यङ्गागेन्द्वब्दके मृतः ।
वह्नचङ्गशैलचन्द्राब्दे सरहिन्दम्पुनः सिखाः ॥२३४॥

२३४. ई० वर्ष १७६३ में राजकवि ख्वाजा रफी का देहान्त हो गया। ई० वर्ष १७६३ में सिक्खों ने पुनः सरहिन्द पर—

अधिचक्रुस्तत्र युद्धेऽफगानास्तु पराजिताः ।
वेदाङ्गशैलचन्द्राब्दे शैत्यमासीन्महत्तमम् ॥२३५॥

२३५. अधिकार कर लिया। युद्ध में अफगान पराजित हो गये। ई० वर्ष १७६४ में अत्यधिक शीत पड़ी।

सुरेश्वरीसरोवारि वितस्ताऽम्ब्वभवद्धनम् ।
सप्तमाक्रमणं चक्रे भारतेऽहमदः पुनः ॥२३६॥

२३६. सुरेश्वरी सरोवर तथा वितस्ता का जल जम गया। अहमदशाह अब्दाली ने भारत पर सातवीं बार पुनः आक्रमण—

वेदाङ्गशैलचन्द्राब्दे देहलीम्परितोऽवृणोत् ।
न तस्य सम्मुखं कश्चिदेकोऽपि स्थितवान् सिखः ॥२३७॥

२३७. ई० वर्ष १७६४ में किया। उसने दिल्ली घेर ली। उसके सामने एक भी सिख नहीं खड़ा हुआ।

राजस्थानं गताः केचित्केचित्सीमान्तपर्वतान् ।
अत्रैव वर्षे लाहौरमधिचक्रुः सिखास्तथा ॥२३८॥

२३८. कुछ लोग राजस्थान तथा कुछ सीमान्त पर्वतों में चले गये। उसी वर्ष सिक्खों ने लाहौर पर अधिकार कर लिया।

विदधुः खालसाराज्यं नारयः प्राभवंस्तदा ।
वेदाङ्गशैलचन्द्राब्दे ख्वाजा आजमदिद्मरी ॥२३९॥

२३९. खालसा राज्य की स्थापना हुई। उस समय शत्रु प्रभावशाली नहीं रह गये थे। ई० वर्ष १७६४ में ख्वाजा आजम दिद्मरी का—

तनुं तत्याज सत्कीर्तिः कश्मीरस्येतिहासकृत् ।
पठानशासने षष्ठो राज्यपालोऽभवत्पुनः ॥२४०॥

२४०. जो कीर्तिशाली एवं कश्मीर का इतिहासकार था, देहावसान हुआ। पठानों के शासन में—

बमजायी नुरुद्दीनः श्रुत्यङ्गागेन्दुवत्सरे ।
वर्षमेकं च षण्मासान् शासनं कृतवानसौ ॥२४१॥

नुरुद्दीन खां बमजायी (दूसरीबार) ई० वर्ष १७६४-१७६६ :

२४१. नुरुद्दीन खां बमजायी ई० वर्ष १७६४ में पुनः दूसरीबार छठवां राज्यपाल नियुक्त हुआ। उसने एक वर्ष छः मास शासन किया।

स मुख्यसचिवं मीरमुकीमं कृतवाँस्तथा ।
प्रधानमन्त्रिणं चक्रे कैलासधरसंज्ञकम् ।।२४२।।

२४२. उसने मीरमुकीम कण्ठ को मुख्य सचिव तथा कैलासधर को प्रधान मन्त्री नियुक्त किया ।

प्रथमं समकण्ठौ द्वावास्तां सचिवमन्त्रिणौ ।
परस्तात्तु विरोधोऽभूल्लोकस्य गतिरीदृशी ।।२४३।।

२४३. प्रारम्भ में सचिव तथा मन्त्री में परस्पर मेल था, कालान्तर में विरोध हो गया। संसार की यही गति है ।

कैलासः प्राङ्मुकीमस्य सेवकोऽभूदनन्तरम् ।
द्वयोस्तुल्यपदत्वेन कैलासः समवर्त्यभूत् ।।२४४।।

२४४. पहले कैलास, मीरमुकीम का सेवक था, बाद में समान पद पर, नियुक्त होने के कारण समवर्ती हो गया ।

वित्ताधिकारी कैलासो वर्षे वारद्वयं करम् ।
प्रजाभ्यः स्म समादाय राज्यपालाय यच्छति ।।२४५।।

२४५. वित्ताधिकारी कैलास वर्ष में दो बार प्रजा से कर लेकर, राज्यपाल को प्रदान करता था ।

मन्त्रणातो मुकीमस्य राज्यपालस्तु मासिकम् ।
करम्प्रदातुं कैलासमादिदेशान्यनेयधीः ।।२४६।।

२४६. अन्य से प्रेरित बुद्धि, राज्यपाल ने मीरमुकीम की मन्त्रणा से कैलास को प्रतिमास कर प्रदान करने का आदेश दिया ।

यथाऽऽदेशन्तु कैलासः प्रतिमासं स्म यच्छति ।
करं मीरमुकीमस्तु दैनिकं तमकारयत् ।।२४७।।

२४७. आदेश के अनुसार कैलास प्रतिमास कर देने लगा । मीरमुकीम ने उसे दैनिक करा दिया ।

तेन खिन्नस्तु कैलासो मुकीमस्यजिघांसया ।
कानूनगो खूहयामोपाधिं मीरहकीमकम् ।।२४८।।

२४८. उससे खिन्न होकर, कैलास ने मीरमुकीम की हत्या करने के लिये, हकीममीर कानूनगो खूहयामा को—

तच्छत्रुम्प्रेरयामास भुशुण्डीं स्वां च दत्तवान् ।
शयानस्य मुकीमस्य निशायां श्रोत्रगह्वरे ।।२४९।।

२४९. जो उसका पूर्व शत्रु था, प्रेरित किया और उसे अपना तमंचा दे दिया । रात्रि में सोते हुये मीरमुकीम के कान में—

हकीमो गुलिकां दग्ध्वा भीतस्तस्मात्पलायितः ।
कैलासनामयुक्ता सा भुशुण्डी तस्य हस्ततः ।।२५०।।

२५०. गोली दाग कर, भयभीत हकीम पलायित हो गया। कैलास के नाम का वह तमंचा भयग्रस्त उसके हाथ से—

भीतस्य पतिता तत्र तेन गोप्यम्प्रकाशितम् ।
मुकीमशवयात्रायामीदगाहेऽभ्युपस्थितः ।।२५१।।

२५१. वहाँ गिर गया, जिससे भेद प्रकाशित हो गया। मुकीम की शवयात्रा में उपस्थित—

तस्य सम्बन्धिनः प्रीत्या सान्त्वयामास राज्यपः ।
तत्पुत्रः फखरुल्ला तु तदानीम्पूछगोऽभवत् ।।२५२।।

२५२. राज्यपाल ने उसके सम्बन्धियों को सप्रेम आश्वासन दिया। उस समय उसका पुत्र फखरुल्ला पूछ में था।

सोऽगृहीतान्पितुः शत्रून्विज्ञाय द्वेषतत्परः ।
नृपं रुस्तमखानाख्यं पूछशासकमभ्ययात् ।।२५३।।

२५३. पिता के शत्रुओं को निगृहीत होते न देखकर, वह द्वेषभाव से पूछ के शासक नृपति रुस्तम खां के पास गया।

स तत्र विफलोऽगच्छन्मुहम्मद्खानसंज्ञकम् ।
मुजफ्फराबादनृपं तत्रापि विफलोऽभवत् ।।२५४।।

२५४. वहाँ से विफल होकर, वह मुजफ्फराबाद के नृपति मुहम्मद खां के पास गया। वहाँ भी विफल हुआ।

वेदाङ्गशैलचन्द्राब्दात्त्रिशद्वर्षाण्यनारतम् ।
चम्पाराजा राजसिंहो बभूवेत्यैतिहासिकम् ।।२५५।।

२५५. ई० वर्ष १७६४-१७९४ में चम्पा का राजा राजसिंह था।

वेदाङ्गशैलचन्द्राब्दे आङ्ग्लैर्व्याघ्रसरे युधि ।
जिता मुगल्बादशाहास्तथा तेषां सहायकाः ।।२५६।।

२५६. ई० वर्ष १७६४ में अंग्रेजों ने मुगलबादशाह तथा उसके सहायकों को बक्सर में पराजित किया।

बाणाङ्गशैलचन्द्राब्दे तौफीकः शाह् मुहम्मदः ।
तारीखे शाहनामाऽऽख्यं कश्मीरैतिह्यमालिखत् ।।२५७।।

२५७. ई० वर्ष १७६५ में शाहमुहम्मद तौफीक ने काश्मीर का इतिहास "तारीखे शाहनामा" लिखा।

प्राच्यभारतसंघो यो गौराङ्गैः स्थापितः पुरा ।
तस्याधिकारम्प्रददौ प्रथमं शाह आलमः ॥२५८॥

२५८. शाहआलम ने अंग्रेजों द्वारा स्थापित प्राच्यभारत संघ (ईष्ट इण्डिया कम्पनी) को प्रथम बार अधिकार दिया ।

द्वादशेऽगस्तदिवसे बाणाङ्गाश्वेन्दुवत्सरे ।
प्रयागे बङ्गदेशीयाधिकाराणां विनिर्णयम् ॥२५९॥

२५९. ई० वर्ष १७६५ में १२ अगस्त को इलाहाबाद में बङ्गाल की दीवानी को—

तत्सङ्घाधीनमकरोद्दिल्लीशः शाह आलमः ।
तत्राब्देऽहमदोऽब्दाली लाहौरम्पुनरागमत् ॥२६०॥

२६०. दिल्ली पति शाहआलम ने उस कम्पनी के अधीन कर दिया । उसी वर्ष अहमदशाह अब्दाली पुनः लाहौर आया ।

धनं यथेष्टं संगृह्य लालखांकण्ठसंज्ञकः ।
ग्रामे जेलवरासाख्ये वीरूपरगनास्थिते ॥२६१॥

२६१ लालखां कण्ठ ने यथेष्ट धन संग्रह कर, वीरुपरगनान्तर्गत स्थित जल वरास ग्राम में—

निर्माय सुदृढं सौधं स्वज्ञातीन् समवासयत् ।
नुरुद्दीनस्तु सार्धाब्दं राज्यपालपदे स्थितः ॥२६२॥

२६२. सुदृढ़ प्रासाद बनवाकर, वहाँ स्वजातीय लोगों को आबाद किया । एक वर्ष छः मास राज्यपाल पद पर स्थित रहकर नुरुद्दीन खां—

संगृह्य विपुलं वित्तं लाहौरनगरं गतः ।
प्रस्थानात्प्राग्भ्रातृजं स्वं मुहम्मद्खानसंज्ञकम् ॥२६३॥

२६३. प्रचुर धन संग्रह कर, लाहौर चला गया । प्रस्थान के पूर्व जाति-प्रेमवश उसने अपने भतीजा जानमुहम्मद खां को—

नाजिमाख्यपदेऽकार्षीत्तथागोरक्षदासकम् ।
तत्सहायपदेऽकार्षीज्ज्ञातिस्नेहवशंवदः ॥२६४॥

२६४. नाजिम तथा गोरखदास को उसका सहायकधिकारी नियुक्त किया ।

लाल्मुहम्मदखांखट्टक्संज्ञः सप्तमराज्यपः ।
पठानशासने जातो रसाङ्गागेन्दुवत्सरे ॥२६५॥

लालमुहम्मदखां खट्टक ई० वर्ष १७६६-१७६७

२६५. लालमुहम्मदखां खट्टक ई० वर्ष १७६६ में पठानशासन का सप्तम राज्यपाल नियुक्त हुआ ।

जात्याऽफगानो गोत्रेण खट्टकोऽसौ बभूव ह ।

नुरुद्दीनस्य विश्वस्तो वीरौ सौधमसौ व्यधात् ।।२६६।।

२६६. वह अफगानी जाति का खट्टक गोत्रीय था। नुरुद्दीन का विश्वास पात्र था। उसने वीरु विषय में एक प्रासाद (दुर्ग) निर्मित कराया था।

हिन्दूवर्गं शियावर्गं क्लेशयामास नैकशः ।

नुरुद्दीने गते तस्य भ्रातृजं जान्मुहम्मदम् ।।२६७।।

२६७. उसने हिन्दू वर्ग तथा शिया वर्ग को अनेक बार पीड़ित किया। खट्टक ने नुरुद्दीन के चले जाने पर, उसके भतीजा जानमुहम्मद को—

कृत्वा पदच्युतं स्वेन शासनं समभालयत् ।

अब्दाली खट्टकाचारं श्रुत्वा लोकाज्जनाप्रियम् ।।२६८।।

२६८. पदच्युत कर स्वयं शासन संभालने लगा। अब्दाली ने लोगों से खट्टक का विद्रोहाचरण सुनकर—

प्राहिणोत् खुर्रमं खानं नुरुद्दीनपदोचितम् ।

पठानशासने राज्यपालोऽभूत्खुर्रमोऽष्टमः ।।२६९।।

२६९. नुरुद्दीन के पद पर खुर्रमखां को शासक बनाकर भेजा। पठान शासन में खुर्रम अष्टम राज्यपाल था।

सोऽयं गुरुमुखं दासं स्वसहायपदेऽकरोत् ।

खुर्रमः ससहायोऽयाद्यदा बारहमूलकम् ।।२७०।।

२७०. उसने गुरुमुख दास को अपना सहायक नियुक्त किया था। अपने सहायक गुरुमुख दास के साथ खुर्रम जब बारहमूला पहुँचा—

तदा जुगोप वीरौ स्वं खट्टकः पाटनान्तिकम् ।

उदारःखुर्रमो हिन्दून् नैव पीडयति क्वचित् ।।२७१।।

२७१. उस समय खट्टक ने पाटन के निकट वीरु विषय में शरण लिया। उदार खुर्रम ने हिन्दुओं को कहीं पीड़ित नहीं किया अपितु—

विश्रम्भाय तु कैलासधरं श्रेष्ठपदेऽकरोत् ।

त्रीन् मासान् खट्कः सौधे स्वेऽफगानैर्वृतोऽभवत् ।।२७२।।

२७२. उनके विश्वासार्थ कैलासधर को श्रेष्ठ (तहसीलदार) पदपर नियुक्त किया। लाल खां खट्टक तीन मास अपने दुर्ग में अफगान सैनिकों से घिरा रहा।

फखरुल्ला मुकीमस्य हतस्य तनयस्तदा ।

स्थितो मुजफ्फराबादे प्रतिशोधक्षणेक्षणः ।।२७३।।

२७३. मृत मुकीम कण्ठ का पुत्र फखरुल्ला कण्ठ जो प्रतिशोध क्षण की प्रतीक्षा में मुज्जफराबाद में स्थित था—

सुलतान्महमूदाख्यबम्बातः सैन्यसंहतिम् ।
आदाय सत्वरं बारह् मूलतः सोपुरं गतः ॥२७४॥

२७४. सुल्तान महमूद खां बम्बा से सैन्य सहायता लेकर, बारह मूला से सोपुर पहुँच गया ।

विद्रोहं कृतवांस्तत्र लालखानोऽपि मायया ।
निर्गत्य सौधाद्बम्बाभिः सङ्गतो द्रोहकर्मणि ॥२७५॥

२७५. लालखां छलपूर्वक दुर्ग से निकलकर, बम्बा लोगों से मिल गया और वहाँ विद्रोह किया ।

तदा खुर्रमखानोऽपि कैलासधरसंयुतः ।
युद्धार्थं सोपुरम्प्रायात् तथा बाहरमूलके ॥२७६॥

२७६. उस समय खुर्रम खाँ भी कैलासधर के साथ युद्धार्थ सोपुर प्रस्थान किया तथा बारहमूला मार्ग—

अमीरखाँ जवाशेरं सैन्यपं रक्षकं व्यधात् ।
फखरुल्ला तथा बम्बामहमूदः समागमम् ॥२७७॥

२७७. की रक्षा के लिये सेनापति अमीर खां जवांशेर को नियुक्त कर दिया । फखरुल्ला खां तथा बम्बा महमूद खां—

खुर्रमस्य निशम्यैव ततः शीघ्रम्पलायितौ ।
द्वितीयदिवसे शान्तिं सर्वतो वीक्ष्य खुर्रमः ॥२७८॥

२७८. खुर्रम का आगमन सुनकर, वहाँ से शीघ्र पलायित हो गये । दूसरे दिन सब ओर शान्ति देखकर खुर्रम—

विद्रोह्यपक्रमं ज्ञात्वा रामुहं ग्राममागतः ।
रामुहे सेनयाऽऽसीने खुर्रमे द्रोहिणस्तदा ॥२७९॥

२७९. विद्रोहियों का पलायन जान गया और वह रामुह ग्राम गया । वहां खुर्रम ने सैन्य-शिविर लगाया । इस समय विद्रोही—

दिवसांस्त्रीन् प्रवेष्टुं नो साहसं चक्रिरे भिया ।
विज्ञाय रिक्ततां पश्चान्नगरे द्रोहिणस्तदा ॥२८०॥

२८०. तीन दिन तक प्रवेश करने का साहस नहीं कर सके । तदनन्तर नगर को रिक्त जानकर विद्रोही—

प्रविश्य लुण्ठनादीनि चक्रुः सैन्यचयन्तथा ।
तत्र युद्धमभूद् भूयः सक्तयोः पक्षयोर्द्वयोः ॥२८१॥

२८१. वहां प्रवेश कर, लूट-मार आदि करने लगे । उनकी सेना नगर (रामुह) की ओर बढ़ी । वहां दोनों पक्षों में युद्ध हुआ ।

पराजितः खुर्रमस्तु शुपियानपुरं गतः ।
लालखानस्य नयनमेकं युद्धेऽभवत्क्षतम् ॥२८२॥

२८२. खुर्रम पराजित होकर सुपियान चला गया। लालखां की एक आंख युद्ध में घायल हो गयी।

युद्धात्स विरतो भूत्वा स्वसौधेऽवस्थितोऽभवत्।
सैन्यपोऽमीरखाँ वृत्तं श्रुत्वा बारहमूलके ॥२८३॥

२८३. वह युद्ध से विरत होकर, अपने किला में स्थित हो गया। सेनापति अमीर खां बारहमूला में यह समाचार सुनकर—

शुपियाने सकैलासखुर्रमेणाभिसङ्गतः ।
त्रयो जम्मूपथा पश्चादुपैतुं शाहसंसदम् ॥२८४॥

२८४. सुपियान में कैलास तथा खुर्रम से मिल गया। तदन्तर वे तीनों शाही सभा में उपस्थित होने के लिये जम्मू मार्ग से—

प्रतस्थुः खुर्रमः खान एकब्दं शासकोऽभवत् ।
फखीरुल्ला तु नवमः पठानो राज्यपोभवत् ॥२८५॥

फखीरुल्लाखां ई० वर्ष १७६८-१७६९

२८५. प्रस्थान किये। खुर्रम खां ने एक वर्ष शासन किया था। फखीरुल्ला खां पठान काल का नवम राज्यपाल था।

सप्तैव मासान् नागाङ्गशैलचन्द्रमितेऽब्दके ।
अपीडयदसौ हिन्दून् भूयो मौहम्मदे मते ॥२८६॥

२८६. ई० वर्ष १७६८ में केवल सात मास तक उसका शासन था। उसने हिन्दुओं को पीड़ित किया। इस्लाम धर्म में—

प्रसह्य दीक्षयामास सुरापायी महामदः ।
राज्यपालो लालखानखट्टकं समुपाह्वयत् ॥२८७॥

२८७. बलात् लोगों को दीक्षित किया। वह सुरापायी एवं घमण्डी था। राज्यपाल ने लाल खां खट्टक को—

स्वयं श्रीनगरं किन्तु भीतोऽसौ तत्र नागतः ।
ततः फाजिलकण्ठं तं ग्रहीतुं सेनया युतम् ॥२८८॥

२८८. श्रीनगर बुलाया, किन्तु वह भयवश वहाँ नहीं आया। तत्पश्चात् फाजिल कण्ठ को एक सेना के साथ उसे वन्दी बनाने के लिये—

प्रैषयल्लालखानस्तु दग्ध्वा गेहम्पलायितः ।
पूछं कुटुम्बसहितो वस्तुजातयुतस्तथा ॥२८९॥

२८९. प्रेषित किया। लालखां गृह में आग लगाकर, कुटुम्ब तथा सामग्री सहित पूछ चला गया।

अहमद्शाहम् अब्दालीं शरणं गतवांस्ततः ।

फखरुल्ला श्रेष्ठहिन्दून् पापिष्ठो हतवान् बहून् ॥२९०॥

२९०. वहाँ से वह अहमद शाह अब्दाली की शरण में गया । पापी फखरुल्ला ने बहुत से श्रेष्ठ हिन्दुओं को मरवा डाला ।

प्रसह्य द्वे सहस्रे तु मुहम्मदमतेऽकरोत् ।

असावुत्पीडनं यावद् हिन्दूनां कृतवान् न तत् ॥२९१॥

२९१. दो सहस्रलोगों को बलात् इस्लाम धर्म में दीक्षित कराया । उसने हिन्दुओं पर जो अत्याचार किये उन्हें—

लिखितुं केनचिच्छक्यं निरर्गलधियः खलाः ।

सोऽफगानिस्तानदेशे पञ्चाले चैव युद्धयतः ॥२९२॥

२९२. लिखना किसी के लिये सम्भव नहीं है । दुष्टों की बुद्धि अनियन्त्रित होती है । उसने अफगानिस्तान तथा पंजाब में युद्ध के कारण—

अब्दालिनोऽन्यतोऽशक्ति ज्ञात्वैच्छत्स्वस्वतन्त्रताम् ।

विद्रोहम्प्रकटं चक्रे सुराव्यस्तमतिः खलः ॥२९३॥

२९३. अब्दाली को अशक्त जानकर स्वयं स्वतन्त्र होने का विचार किया । सुरामत्त बुद्धि उस दुष्ट ने अपना विद्रोह प्रकट कर दिया ।

अपीडयत्प्रजां सर्वां मातुलं कशयाऽवधीत् ।

बमजायी नुरुद्दीनखानः सम्प्रेषितः पुनः ॥२९४॥

२९४. वह समस्त प्रजा को पीडित करता था । कोड़े लगवाकर अपने मामा का वध करा दिया । नुरुद्दीन खां बमजाई को—

बादशाहेन कश्मीरमेत्यासौ फखरुल्लाखाम् ।

पत्रं लिलेख तस्यासावलिखित्वोत्तरं खलः ॥२९५॥

२९५. बादशाह ने पुनः प्रेषित किया । कश्मीर आकर, उसने फखरुल्ला खां को पत्र लिखा । उस दुर्मति ने उत्तर न लिखकर—

सेनां तु प्रेषयामास तद्विरोधाय दुर्मतिः ।

नुरुद्दीनोऽपि महतीमेकां तु गुलमर्गतः ॥२९६॥

२९६. उसके विरोध में सेना भेज दिया । नुरुद्दीन खां ने भी एक बड़ी सेना गुलमर्ग[1] से—

परां छन्दपुले ग्रामे सेनां सम्प्रैषयत्स्वयम् ।

तौषक्षेत्रपथा गौरीपुरे सेनायुतः स्थितः ॥२९७॥

२९७. तथा एक दूसरी सेना छन्दपुल ग्राम भेज दिया । तोषमैदान के मार्ग से जाकर स्वयं सेना सहित गौरीपुर[2] में स्थित हो गया ।

---

१. गुलमर्ग : गौरी मार्ग । २. गौरीपुर = तहशील पुल बामा में है ।

पक्षयोरभवद्युद्धम्फखरुल्ला पराजितः ।
पलायितः श्रीनगरं नुरुद्दीनस्तमन्वगात् ॥२९८॥

२९८. दोनों पक्षों में युद्ध हुआ। फखरुल्ला खां पराजित हो कर, श्रीनगर पलायित हो गया। नुरुद्दीन खां ने उसका पीछा किया।

स रावलपुरे सेनास्थितिं कृत्वा प्रतीक्षते ।
फखरुल्ला तु बम्बानां सेनया मायसूत्तमे ॥२९९॥

२९९. रावलपुर में सैन्यशिविर लगाकर, प्रतीक्षा करने लगा। फखरुल्ला खां बम्बाजनों की सेना के साथ मायसूम[1] में—

युद्धार्थमुद्यतो जातो मदात्ययरुजा परम् ।
अशक्तो योद्धुमगमन्मराजाभिमुखम्प्रियैः ॥३००॥

३००. युद्धार्थ उद्यत हो गया। वह अत्यधिक सुरापान से रुग्ण होकर, युद्ध करने में असमर्थ हो गया। अपने सहायकों के साथ मराज की ओर चला गया।

बम्बास्तु नगरम्भूयोऽलुण्ठयन्स्वस्वभावतः ।
मासमेकं नुरुद्दीन ईदगाहे स्थितोऽभवत् ॥३०१॥

३०१. बम्बा लोग अपने स्वभावानुसार पुनः नगर में लूट-पाट करने लगे। नुरुद्दीन खां एक मास तक ईदगाह में स्थित रहा।

फखरुल्ला तु कर्नाहात्पर्वतेषु पलायितः ।
शादीपुरे यकृद्रोगात्पञ्चत्वम्प्राप दुर्मतिः ॥३०२॥

३०२. फखरुल्ला खां करनाह[2] मार्ग से पर्वतों में पलायित हो गया। यकृतरोग से शादीपुर[3] में उस दुर्बुद्धि का देहावसान हो गया।

तृतीयवारमेकाब्दं नागाङ्काश्वेन्दुवत्सरे ।
नुरुद्दीनो राज्यपालः पाठानो दशमोऽभवत् ॥३०३॥

नुरुद्दीन खां बमजाई (तृतीय बार) ई० वर्ष १७६८-१७६९

३०३. नुरुद्दीन खां ई० वर्ष १७६८ में तृतीयवार पठान कालीन दशम राज्यपाल नियुक्त हुआ। एक वर्ष पदासीन रहा।

परामृश्याखिलं शास्तिकार्यं लालमुहम्मदात् ।
करोति स्माथ कोऽप्यन्यः कोषाध्यक्षमुहम्मदः ॥३०४॥

३०४. वह लालमुहम्मद खां के परामर्श से शासन कार्य करता था। कोषाध्यक्ष मुहम्मद—

१. मायसूम = प्राचीन मक्षिका स्वामी का द्वीप है। द्र० : क० : रा० ३,३३९, ३४९; ४८८।

२. करनाह = प्राचीन करनाव द्र० : क० : रा० ८, २४८५।

३. शादीपुर = वितस्ता एवं सिन्धु संगम पर है। पुराना नाम शहाबुद्दीनपुर और प्राचीन नाम प्रयाग हैं।

आज्ञापत्रं राज्यपालपदायादाय काबुलात् ।
मुजफ्फराबादपथाऽऽयातः श्रीनगरं द्रुतम् ।।३०५।।

३०५. काबुल से अपने लिये, राज्यपाल पद का आज्ञापत्र लेकर, मुजफ्फराबाद मार्ग से शीघ्र श्रीनगर आया ।

रोहिताश्वभुवं सिक्खा अधिचक्रुस्तदा ततः ।
कश्मीरेऽपि भवेत्तेषामाक्रान्तिरिति भीरभूत् ।।३०६।।

३०६. उसी समय सिक्खों ने रोहितास पर अधिकार कर लिया। कश्मीर पर भी उनके आक्रमण का भय उपस्थित हो गया ।

नुरुद्दीनस्तदादेशं नैव मेने मुहम्मदम् ।
कोषाध्यक्षं ससैन्यन्तु युद्धेऽकार्षीत्पराजितम् ।।३०७।।

३०७. नुरुद्दीन ने वह आदेश स्वीकार नहीं किया और युद्ध में सेना सहित कोषाध्यक्ष मुहम्मद को पराजित कर दिया ।

तदा खुर्रमखानेन कैलासः काबुलेऽवसत् ।
प्रतिज्ञाय जयं युद्धे महत्या सेनयाऽचलत् ।।३०८।।

३०८. उस समय कैलासधर, खुर्रम खां के साथ काबुल में था। वह युद्ध में विजय की प्रतिज्ञा कर, विशाल सेना के साथ वहाँ से चल पड़ा ।

प्रेषितो बादशाहेन खुर्रमोऽपि सहाचलत् ।
पेशावरमुपायातस्तत्सेना खुर्रमस्तथा ।।३०९।।

३०९. बादशाह द्वारा प्रेषित खुर्रम भी उसके साथ गया। वह उस सेना तथा खुर्रम के साथ पेशावर पहुँच गया ।

नुरुद्दीनो राजकीयसेनाऽऽगमनबोधतः ।
स्वपदं लालखानाय दत्त्वाऽपाक्रामदन्यतः ।।३१०।।

३१०. नुरुद्दीन खां राजकीय सेना का आगमन जानकर, अपना पद लालखां को देकर, अन्यत्र चला गया ।

हित्वा कश्मीरमगमज्जम्मूमार्गाद्दिगन्तरम् ।
पण्डितेभ्यो लालखानः सामन्तवणिजस्तथा ।।३११।।

३११. वह कश्मीर त्यागकर, जम्मू मार्ग से दिगन्तर में कहीं चला गया। लालखां पण्डितों सामन्तों एवं वणिकों से—

धनं सङ्गृह्य युद्धार्थं सैन्यसंघट्टमाऽरभत् ।
आदाय द्वेऽयुते सेनां पाठानीं खुर्रमस्तदा ।।३१२।।

३१२. धन संग्रह कर, युद्धार्थ सैन्य संघटन करने लगा। खुर्रम खां बीस हजार पठानों की सेना लेकर—

मुजफ्फराबादमार्गाल्लालखानं किलाभ्ययात् ।

लालखानोऽनुजं सैफखानं कश्मीरसेनया ॥३१३॥

३१३. मुजफ्फराबाद मार्ग से लाल खाँ के ऊपर अभियान किया। लाल खां ने अपने अनुज सैफखां को काश्मीरी सेना के साथ—

पठानसेनां निर्जेतुम्प्रेषयामास पक्षयोः ।

द्वयोर्युद्धमभूद् घोरं सैफखानः पराजितः ॥३१४॥

३१४. पठान सेना को जीतने के लिये प्रेषित किया। दोनों पक्षों में घोर युद्ध हुआ। पराजित सैफ खां—

जगाम स्वाग्रजं लालखानं बारहमूलतः ।

खुर्रमः प्रकटं योद्धुमक्षमो दुर्गगोऽभवत् ॥३१५॥

३१५. बारहमूला से होकर अपने अग्रज लालखां के पास पहुँचा। प्रत्यक्ष रूप से युद्ध करने में असमर्थ खुर्रम खां ने दुर्ग का शरण लिया।

उक्तं पूर्वं नुरुद्दीनो वर्षमेकमभूत्पदे ।

खुर्रमोऽयं पुनर्वारं पाठानो राज्यपोऽभवत् ॥३१६॥

खुर्रम खाँ (द्वितीय बार) ई० वर्ष १७७०-१७७१

३१६. पहले यह कहा गया है कि इस बार नुरुद्दीन का शासन एक वर्ष था। खुर्रम खां द्वितीय बार पठान शासन का—

एकादशः खशैलाश्वचन्द्राब्देऽर्धाब्दसम्मितम् ।

निबद्धं लालखाँकारागारे मीरहुसेनकम् ॥३१७॥

३१७. ग्यारहवाँ राज्यपाल ई० वर्ष १७७० में नियुक्त हुआ। उसने छः मास शासन किया। लाल खाँ के कारागार में बन्दी मीरहुसेन कण्ठ को—

खुर्रमो मोचयित्वा स्वं प्रस्तोतारं चकार ह ।

अथो जेतुं लालखानं बादशाहेन योजितः ॥३१८॥

३१८. मुक्त करके, खुर्रम खाँ ने उसे अपना प्रस्तोता बना लिया। बादशाह ने लाल खाँ को जीतने के लिये—

रक्तोष्णीषो युवासिंहोऽमीर्मुहम्मदखानकः ।

चिरयुद्धेऽप्यसफलोऽमीरः श्रीनगरं गतः ॥३१९॥

३१९. अमीर मुहम्मद जवांशेर किजिलवाश[1] को नियुक्त किया। अधिक समय तक युद्ध करने पर भी अमीर मुहम्मद खाँ असफल होकर श्रीनगर लौट गया।

---

१. किजिलवाश : तुर्की शब्द है। इसका अर्थ लाल टोपी वाले सैनिक होता है।

पूछाञ्चलाल्लब्धसाह्यो लालखानोऽपि भांगिलम्।
गत्वा लुलुण्ठ तद्ग्रामान् प्रकृत्या योजितः स्वया ॥३२०॥

३२०. पूछ अंचल से सहायता प्राप्त, लाल खां भांगिल जाकर, वहाँ अपने स्वभावानुसार ग्रामों को लूटता था।

अमीरखाँ युवासिंहः शियावर्गभवोऽभवत्।
निन्दित्वा खुर्रमं शाहान्नियुक्तस्तत्पदे स्वयम्॥३२१॥

३२१. अमीर मुहम्मद खाँ जवांशेर शिया वर्ग में उत्पन्न हुआ था। उसने शाह से खुर्रम की निन्दा की। तदनन्तर उसके द्वारा वह स्वयं राज्यपाल पद पर नियुक्त कर दिया गया।

विहाय स्वपदं जम्मूं गतवान् खुर्रमस्तदा।
प्राग्राज्यपो नुरुद्दीनः पूर्वेद्युः पञ्चतां गतः ॥३२२॥

३२२. खुर्रम अपना पद त्यागकर, जम्मू पहुँचा। उसके पूर्व दिन भूतपूर्व राज्यपाल नुरुद्दीन खां का वहाँ देहान्त हो गया था।

अहमद्शाहअब्दालीपुत्रस्तीमूरशाहकः ।
रसवेदागचन्द्राब्दे जातो मासे दिसम्बरे ॥३२३॥

•तीमूरशाह ई० वर्ष सन् १७७२-१७९३ ई०

३२३. अहमद शाह अब्दाली के पुत्र तीमूर शाह का जन्म दिसम्बर ई० वर्ष १७४६ में—

ईराने मशदे तस्य मृत्युस्त्वष्टादशेऽहनि।
मईमासेऽग्निनन्दाश्वचन्द्रवर्षे बभूव ह ॥३२४॥

३२४. मशद ईरान में हुआ था। उसकी मृत्यु ई० वर्ष १७९३ में १८ मई को हुई।

विंशत्यब्दानभूद्राजा पञ्चवारान् स भारतम्।
आक्रामच्छासने तस्य पाठानं शासनं दृढम् ॥३२५॥

३२५. उसने बीस वर्ष शासन तथा भारत पर पांच बार आक्रमण किया था। उसके शासन काल में पठानों का शासन—

कश्मीरे समभूत्किन्तु पठाना नैव शासकाः।
वस्तुतः शोषकास्ते वै बभूवुरिति निश्चितम्॥३२६॥

३२६. कश्मीर में सुदृढ़ हुआ था, किन्तु पठानों ने वहाँ वास्तविक शासन नहीं किया क्योंकि वे शोषक थे।

अतएव हि कश्मीरे तदा शोषणहेतवः।
शासकै रीतयो नैका दुःखा आसन् प्रवर्तिताः ॥३२७॥

३२७. इसलिये उस समय शासकों ने शोषणार्थ कश्मीर में अनेक दुःखद रीतियाँ प्रचलित की थी।

१. पूछ : प्राचीन पर्णोत्स।

तिमूरस्यानुजा आसन् सुलेमानः सिकन्दरः ।
तृतीयः परवेजश्च तिमूरो देहलीशितुः ॥३२८॥

३२८. तिमूर के भाई सुलेमान शाह, सिकन्दरशाह तथा परवेज थे। वह दिल्ली के बादशाह—

द्वितीयालमगीरस्य जामाताऽऽसीत् सुता अथ।
तस्य सप्ताभवंस्तत्र गन्धारे राज्यपालकः ॥३२९॥

३२९. आलमगीर द्वितीय का जामाता था। उसके सात पुत्र थे। उनमें प्रथम हुँमायूं कन्धार में राज्यपाल था।

हुमायू नाम प्रथमो द्वितीयो महमूदकः।
हिरातस्य नृपो जातस्तृतीयस्तु जमानकः ॥३३०॥

३३०. द्वितीय पुत्र महमूदशाह हिरात का शासक था। तृतीय जमानशाह—

काबुले राज्यपालोऽभूत् चतुर्थोऽब्बासखानकः ।
सुजाउलोऽभवन्मुल्का पञ्चमोऽथास शापुरः ॥३३१॥

३३१. काबुल में राज्यपाल था। चतुर्थ अब्बास खाँ, पञ्चम सुजाउलमुल्का, षष्ठ शापुरशाह तथा—

षष्ठः फिरोजस्त्वन्योऽभूत् तिमूरान्तः पुरस्त्रियः ।
त्रिशतान्यभवंस्तासु नैकाऽप्यासीत्पठानजा ॥३३२॥

३३२. सप्तम फिरोजशाह था। तिमूर के अन्तःपुर में तीन सौ रानियाँ थी; किन्तु उनमें कोई भी पठान पुत्री नहीं थी।

स राजधानीं गन्धारादपाकृत्याऽथ काबुलम् ।
अनैषीच्छीतसमयं पेशावरपुरेऽनयत् ॥३३३॥

३३३. वह अपनी राजधानी कन्धार से हटाकर, काबुल ले आया। शीत ऋतु पेशावर में व्यतीत करता था।

म्रियमाणे स पितरि हेराते शासकोऽभवत् ।
मृत्युं श्रुत्वा ससेनोऽयाद्गन्धारमविलम्बतः ॥३३४॥

३३४. पिता के मृत्यु काल में वह हेरात का शासक था। उसके मृत्यु का समाचार सुनकर, सेना सहित अविलम्ब कन्धार आ गया।

मन्त्री शाहबलीखानः सुलेमानं सुतापतिम् ।
ऐच्छद्राजपदे कर्तुं तिमूरस्तन्मनोगतम् ॥३३५॥

३३५. मन्त्री शाहवली खाँ अपने जामाता सुलेमान को सिंहासनारूढ़ करना चाहता था। तिमूर उसका मनोगतभाव—

विज्ञाय तद्वधं कृत्वा येऽपि तस्यानुयायिनः ।
तेषामपि वधं कृत्वा स गन्धारनृपोऽभवत् ॥३३६॥

३३६. जानकर, उसका तथा उसके अनुयायियों का वध कर, कन्धार का नृपति बन गया ।

फैजुल्लाखाँ नाम काजी तन्मन्त्रिपदमाप्तवान् ।
अहमद्शाहसहजो नाम्ना अब्दुलखालिकः ॥३३७॥

३३७. काजी फैजुल्ला खां उसका मंत्री बना। अहमदशाह अब्दाली का भाई अब्दुल-खालिक—

बेदायुतमितां सेनामादायाऽऽक्रमणं व्यधात् ।
गन्धारे किन्तु नो जेतुं शशाक स्वाग्रजोद्भवम् ॥३३८॥

३३८. चालीस सहस्र सेना लेकर, कन्धार पर आक्रमण किया, किन्तु अपने भतीजे को जीतने में समर्थ नहीं हुआ ।

कश्चित्पेशावरावासः फैजुल्लाखाँ खलीलकः ।
सिक्खजातिवधं कर्तुं तिमूरम्प्रैरयत्खलः ॥३३९॥

३३९. पेशावर निवासी फैजुल्ला खाँ खलील ने तिमूर को सिक्खों का वध करने के लिये प्रेरित किया। ।

तिमूरोऽप्यनुमेने तत् सेनां च महतीमदात् ।
स पञ्चायुतसेनाढचो भारताक्रमणं बिना ॥३४०॥

३४०. तिमूर ने उसका समर्थन किया और एक विशाल सेना प्रदान की। उस (फैजुल्ला) दुर्बुद्धि ने पचास हजार सेना के साथ भारत पर आक्रमण के पूर्व—

तिमूरराजप्रासादमाचक्राम सुदुर्मतिः ।
तिमूरसैनिकाः सर्वान् जघ्नुर्विद्रोहतत्परान् ॥३४१॥

३४१. तिमूर के राजप्रासाद पर आक्रमण कर दिया। तिमूर के सैनिकों ने सब विद्रोहियों को मार भगाया ।

बन्दीकृत्य च फैजुल्ला हतो लेभे क्रियाफलम् ।
रक्तोष्णीषो युवासिंहोऽमीरखानः शियाऽभवत् ॥३४२॥

अमीरमुहम्मद खाँ जवाँशेर ई० वर्ष १७७०-१७७७ :

३४२. बन्दी फैजुल्ला खाँ मार डाला गया। उसे अपना कर्मफल मिल गया। अमीरमुहम्मद खां जवांशेर किजिलवाश शिया था ।

पठानशासने राज्यपालोऽयं द्वादशोऽभवत् ।
खशैलाश्वेन्दुवर्षादि षडब्दान् वेदमासकान् ॥३४३॥

३४३. पठान शासन में वह १२ वां राज्यपाल था। उसने ई० वर्ष १७७० से छः वर्ष चार मास—

शशास मीर्मुकीमस्य तनयं मीरफाजिलम् ।
चकार पूर्णविश्वस्तं सर्वकार्याधिकारिणम् ॥३४४॥

३४४. शासन किया था। मीरमुकीम के पुत्र मीरफाजिल को, जो उसका पूर्ण विश्वासपात्र था, समस्त कार्यों का अधिकारी नियुक्त किया।

खशैलाश्वेन्दुवर्षेऽभूदतिवृष्टचा जलाप्लवः ।
अनेके सेतवो ध्वस्ताः कश्मीरेऽकाल आगतः ॥३४५॥

अकाल :

३४५. ई० वर्ष १७७० में अतिवृष्टि से बाढ़ आ गयी। अनेक सेतु ध्वस्त हो गये। कश्मीर में अकाल पड़ गया।

गढ़ीतो निर्गतो लालखानो नाग्राम भूतले ।
विद्रोहं कर्तुमारेभे निरोद्धुं तममीरखाँ ॥३४६॥

३४६. लाल खाँ गढ़ी से निकलकर, नाग्राम विषय में विद्रोह करना प्रारम्भ कर दिया। अमीर खां ने उसे निवारित करने के लिये—

मीरफाजिलकण्ठाख्यम्प्रेषयामास तद्बलैः ।
पराजितो लालखानो गढ़ीमागत्य वर्तते ॥३४७॥

३४७. मीरफाजिल कण्ठ को प्रेषित किया। उसकी सेना से पराजित लालखाँ गढ़ी में आकर रहने लगा।

सुखजीवनगेहन्तु यज्जालडगराह्वयम् (रस्थितम्) ।
लालखाँ सोदरः सैफखानोदग्ध्वा व्यनाशयत् ॥३४८॥

३४८. लालखां के सहोदर सैफखां ने सुख जीवन के गृह जालडगर में आग लगाकर, भस्मीभूत कर दिया।

लालखाँ संहिताञ्ज्ञात्वा सेनाश्रेष्ठान् अमीरखाँ ।
त्रिशतान्यवधीन्नूरारामे श्रीनगरस्थिते ॥३४९॥

३४९. अमीर खां ने लाल खां से मिलने के सन्देह में तीन सौ सेनाधिकारियों का श्रीनगर स्थित, नूर बाग में बध करा दिया।

सांघातिकरुजा लालखानः पञ्चत्वमाप्तवान् ।
गढ़ीबहिर्भवे क्षेत्रे तं निखायानुयायिनः ॥३५०॥

३५०. लाल खां सांघातिक रोग से मर गया। गढ़ी के बाहर उसे दफना कर, उसके अनुयायी—

पूछम्पलायिताः पश्चाद् अमीरस्तच्छवं बहिः ।
निष्कास्यानोतवान्प्रीत्या स्वयं श्रीनगरं तथा ॥३५१॥

३५१. पूछ पलायित हो गये। तदनन्तर अमीर खां उसका शव बाहर निकाल कर, प्रेमपूर्वक श्रीनगर लाया तथा—

भूयोजनसमूहे तद्वीरताम्प्रशशंस ह ।
वितस्तायास्तटे खानकाहमौलास्थले पुनः ॥३५२॥

३५२. जनसमूह में उसकी वीरता की प्रशंसा की। वितस्ता के तट पर खानकाहमौला स्थान पर पुनः—

निचखान शुभन्तस्य स्मारकं चैव निर्ममे ।
एतत्सम्मानतस्तस्य सोदरः सैफखानकः ॥३५३॥

३५३. उसे दफन किया और सुन्दर स्मारक निर्मित कराया। उसके इस सम्मान से उसका सहोदर सैफखां—

अमीरखानभक्तोऽभूत् अमीरो मीरफाजिलम् ।
स्वमुख्यसचिवं चक्रे मध्येराजसभं स तु ॥३५४॥

३५४. अमीर खां का भक्त हो गया। अमीर ने मीरफाजिल को अपना मुख्यसचिव नियुक्त किया। उस पापी ने सभामध्य—

जघान पापः कैलाशधरं हिन्दूनपीडयत् ।
अतिरिक्तकरन्तेषु योजयामास दुर्मतिः ॥३५५॥

३५५. कैलासधर का वध कर दिया। उस दुर्मति ने हिन्दुओं को पीडित किया तथा उन पर अतिरिक्त कर आरोपित किया।

काष्ठवाटेऽभवद्राजा खातो मिहिर्रसिंहकः ।
भूशैलशैलचन्द्राब्दात्षोडशाब्दान्निरन्तरम् ॥३५६॥

३५६. ई० वर्ष १७७१ से १७८३ तक काष्ठवाट का राजा मिहिर्रसिंह था।

स मीरफाजिलो नन्दपुरे हाजिकुलोद्भवाम् ।
स्वी चक्रे कन्यकामेकां तत्रराजगृहं व्यधात् ॥३५७॥

३५७. मीरफाजिल ने नन्दपुर में हाजीकुलोत्पन्न एक कन्या को रख लिया और वहाँ राजगृह का निर्माण कराया।

राज्यपालस्तु तस्येदं दुष्कृत्यं सर्वमीक्षते ।
विरोधं नैव कुरुते विषयासक्तमानसः ॥३५८॥

३५८. विषयासक्त राज्यपाल अमीर खां उसका दुष्कृत्य देखकर भी, विरोध नहीं करता था।

कन्यकाहरणक्रुद्धो हाजिवर्गस्तु सत्वरम् ।
सुरेश्वरीसरस्तीरे तरुसप्तशताचितम् ॥३५९॥

३५९. कन्यापहरण से क्रुद्ध हाजियों ने सुरेश्वरी सरोवर के तट पर, ७०० वृक्षों से युक्त—

आरामं ध्वंसयामास तत्रस्थमखिलं गृहम् ।
उत्पाटच काष्ठपाषाणाद्यखिलं नीतवान् स्वयम् ।।३६०।।

३६०. उद्यान ध्वस्त कर दिया। वहां के सब गृहों को विनष्ट कर, काष्ठ-पाषाण आदि स्वयं उठा ले गये।

सुनलंकास्थले सप्ततलमुच्चं महागृहम् ।
अमीरो राज्यपोऽकार्षीद् यत्र वार्यरघट्टतः ।।३६१।।

३६१. अमीर खां ने सुनलंका (सोनालंका) में सात तल ऊँचा भवन निर्मित कराया, जिसमें रहट से जल—

तलेषु नीयते यत्र वारिधाराः क्षरन्ति च ।
वह्न्यश्वशैलचन्द्राब्दे सेतुमाराममेव च ।।३६२।।

३६२. सब तलों पर पहुँचाया जाता था और फौव्वारे छूटते थे। ई० वर्ष १७७३ में अमीराबाद का बाग एवं अमीराकदल पुलका —

स्वनाम्ना रचयामास पूर्वाब्दे वृष्टिविक्षतम् ।
दुर्गं शेरगढ़ीनाम नेत्राश्वाश्वेन्दुवत्सरे ।।३६३।।

३६३. पुनर्निर्माण कराया, जो पूर्व वर्ष में वृष्टि-बाढ़ से विक्षत हो गये थे। उसने ई० वर्ष १७७२ में शेरगढ़ी दुर्ग—

स्वानाम्ना रचयामास दाराऽऽरामोऽभवद्यतः।
निपात्य भवनम्प्राच्यं तत्र नूतनमालयम् ।।३६४।।

३६४. अपने नाम से निर्मित कराया। यहाँ दारा बाग था। प्राचीन भवन गिराकर वहाँ नूतन भवन—

रचयामास हुतभुगात्मसादकरोच्च तम् ।
अहमद्शाह अब्दाली गन्धारे त्यक्तवाँस्तनुम् ।।३६५।।

अहमदशाह अब्दाली की मृत्यु :

३६५. निर्मित कराया जो अग्निसात् हो गया। अहमदशाह अब्दाली का कन्धार में—

नेत्राश्वशैलचन्द्राब्देऽक्टूबरे नासिकाव्रणात् ।
अहमदशाह बाबेति गान्धाराः कथयन्ति तम् ।।३६६।।

३६६. अक्टूबर, १७७२ ई० वर्ष में नासिकाव्रण से देहान्त हो गया। कन्धार के लोग उसे अहमदशाह बाबा कहते हैं।

तत्समाधिर्मया दृष्टो गान्धारैर्रचितश्चिरात् ।
राज्यपालः शियावर्ग्यः सुन्नीद्वेषपरोऽभवत् ।।३६७।।

३६७. मैंने उसकी मजार देखी है, जो पूर्वकाल में गान्धारों द्वारा निर्मित की गई थी। राज्यपाल शिया था अतएव वह सुन्नियों से द्वेष करता था।

सुन्नीविरोधिकार्याणि तेनाऽऽरब्धानि सर्वतः ।
सुरेश्वरीसरस्तीरेऽसौ मुहर्रमहेतवे ।।३६८।।

३६८. उसने सर्वत्र सुन्नी विरोधी कार्य प्रारम्भ कर दिया। सुरेश्वरी सर के तट पर मुहर्रम के लिये उसने—

इमामबाड़ानामैकं स्थानं निर्मितवांस्तदा ।
बलखानामभिक्रान्ति सिखेभ्यश्च पराजयम् ।।३६९।।

३६९. एक इमामवाड़ा निर्मित कराया था। बलखों का अभियान एवं सिक्खों से—

तिमूरस्यावलोक्यासीद्राज्यपालः स्वतन्त्रधीः ।
अमीराबादमारामं दृढहर्म्यंसमन्वितम् ।।३७०।।

३७०. तिमूर का पराजय देखकर, राज्यपाल स्वतन्त्र बुद्धि हो गया। दृढ दुर्ग से युक्त अमीराबाद बाग—

सुरेश्वरीसरस्तीरे पश्चिमे निरमापयत् ।
दुर्गं कृत्वाऽपरस्थाने जोजिलापाससंज्ञके ।।३७१।।

३७१. सुरेश्वरी सरोवर के पश्चिम तट पर निर्मित कराया। उसने जोजिलापास पर दुर्ग निर्माण करके,

अपास्य मलिकांस्तत्र सेनामुख्यान्यवासयत् ।
विनिष्कास्याञ्चरात्कुल्यां सरसः स युयोज वै ।।३७२।।

३७२. मलिकों को हटाकर वहाँ सेना प्रमुखों को बसाया, अञ्चर सर से एक कुल्या निकाल कर—

सुरेश्वरीसरस्याख्याममीरेति चकार च ।
पठानरहितां कर्तुं सेनां कश्मीरिणः परम् ।।३७३।।

३७३. सुरेश्वरी सर से मिलाया। उसका नाम अमीरा रखा था। सेना को पठानरहित करने के लिये केवल कश्मीरी—

सैनिकानकरोद्दोग्धि स्वाधिकारं जनोऽखिलः ।
नृत्यगीतप्रियोऽमीरो हाफिजानृत्यपद्धतिम् ।।३७४।।

३७४. सैनिकों को नियुक्त किया। सब लोगों की स्वतन्त्रता ले ली गयी थी। नृत्य-गीत प्रेमी अमीर खां ने हाफिजा नृत्यपद्धति को—

शिक्षाभिर्वर्धयामास वर्गो नृत्यपरोऽभवत् ।
काश्मीरपारसीकीभ्यां भाषाभ्यां कवितां पठन् ।।३७५।।

३७५. शिक्षा द्वारा वर्धित किया। एक वर्ग ही नर्तक हो गया था। वह काश्मीरी एवं फारसी भाषा में कविता पढ़कर,

गायन्नृत्यन्नयं वर्गः सामाजिकमनोऽहरत् ।
सूफियाना-कलाम्-सन्तूर्संज्ञं तौर्यत्रिकं तथा ।।३७६।।

३७६. गीत गाकर, तथा नृत्य करके, समाज में लोगों का मनोरञ्जन करता था । सूफियाना कलाम सन्तूर तथा—

सितारतबलावाद्यप्रधानं स्म प्रवर्तते ।
कलाकारान्समाहूय पठानाः काबुलात्तदा ।।३७७।।

३७७. सितार-तबला बाद्य के साथ सङ्गीत का प्रचार था । उस समय ललितकला प्रेमी पठानों ने काबुल से कलाकारों को लाकर—

प्रावर्तयन् वाचनृत्यं कश्मीरे ललितप्रियाः ।
शहनाई-ढोलकाभ्यामिदं नृत्यम्प्रवर्तते ।।३७८।।

३७८. कश्मीर में वाचनृत्य का प्रचलन किया था । यह नृत्य शहनाई तथा ढोलक के साथ सम्पन्न होता था ।

निन्दा अमीरखानस्य काबुलम्प्रापिता जनैः ।
अली अकबरः खानस्तत्पदे प्रहितस्तदा ।।३७९।।

३७९. लोगों ने अमीर खां की निन्दा काबुल पहुँचा दी । उस पद पर अली अकबर खां प्रेषित किया गया ।

आयन् मुजफ्फराबादे बम्बाभिः स निवारितः ।
निवृत्तः काबुलं तेनामीरोऽभूद् वृद्धसाहसः ।।३८०।।

३८०. आते समय मुजफ्फराबाद में उसे बम्बालोगों ने रोक दिया । वह काबुल लौट गया । उससे अमीर खां का साहस बढ़ गया ।

महमूदेन बम्बाभिश्चामिलत् शोपुरे स वै ।
अमीरखां-वलीखांभ्यां विज्ञाभ्यां देशकालयोः ।।३८१।।

३८१. वह शोपुर जाकर महमूद तथा बम्बालोगों से मिल गया । देश-कालवेत्ता अमीर खां एवं वली खां ने—

कन्याः खसानामादाय तैर्मैत्री सुदृढा कृता ।
किञ्चित्कालात्परं हाजीकरीमो दादखाँ पुनः ।।३८२।।

३८२. खसों की कन्यायें लेकर, उनसे मैत्रीसुदृढ़ कर ली । कुछ समय पश्चात् हाजी करीमदाद खां—

महत्या सेनयाऽमीरं जेतुं काबुलतोऽव्रजत् ।
अमीरस्तु जमानाख्यं करीमस्यानुजं तदा ।।३८३।।

३८३. एक बड़ी सेना के साथ अमीर खां को जीतने के लिये काबुल से आया । उस समय अमीर खां ने करीम दाद खां के भ्राता जमान खां को—

महार्घेणोपहारेण प्रेषयामास काबुलम् ।
तेन हाजी करीमोऽसावुरशातः परावृजत् ॥३८४॥

३८४. बहुमूल्य उपहार देकर काबुल भेजा। हाजी करीम भी उरशा (पखली) से लौट गया।

अथाङ्गशैलशैलेन्दुवत्सरेऽब्दुल्-गनी तथा ।
मुल्ला-अब्दुल्-मजीमाख्यः कश्मीरस्याव्यवस्थितिम् ॥३८५॥

३८५. ई० वर्ष १७७६ में अब्दुल गनी तथा मुल्ला अब्दुल मजीद कश्मीर की शिकायत—

निवेदयन्तौ तैमूरशाहान्तिकमुपस्थितौ ।
हाजीकरीमदादं च सेनयाऽऽदाय चेलतुः ॥३८६॥

३८६. निवेदित करने के लिये, तैमूर शाह के पास पहुँचे। वहाँ से हाजी करीम दाद को लेकर सेना के साथ चले।

मुजफ्फराबादमाऽयात्कश्मीरोद्देश्यतश्चमूः ।
तदा मह्मूदखानस्तच्छासकस्तद्धनं बहु ॥३८७॥

३८७. कश्मीर को लक्ष्य कर, वह सेना मुजफ्फराबाद पहुँच गयी। वहाँ के शासक महमूद ने सेना को रोककर बहुत धन—

रुद्ध्वाऽलुण्ठत्करीमस्तु दादो रक्षन् स्वमात्मना ।
अगाद्बारहमूलं सोऽमीरो योद्धुं स्विकां चमूम् ॥३८८॥

३८८. लूट लिया। करीम दाद खां अपनी रक्षा करता हुआ, बारहमूला पहुँचा। अमीर खाँ ने युद्धार्थ अपनी सेना—

दत्त्वा तारकुलीखानम्प्रेषयामास तत्र वै ।
तदा करीमखानस्तु सेनाऽयुतचतुष्टयम् ॥३८९॥

३८९. देकर, तारकुली खां को वहाँ प्रेषित किया। उस समय करीमदाद खां चालीस सहस्र सेना के साथ—

नयन्वितस्तामुत्तीर्य पाटनस्थानमागतः ।
कश्मीरसेनां सन्दिग्धाम्पठानैः सन्धितत्पराम् ॥३९०॥

३९०. वितस्ता पार कर, पाटन पहुँच गया। सन्दिग्ध कश्मीरी सेना को पठानों से सन्धि करने के लिये तत्पर—

दृष्ट्वा तारकुलीखानः ससेनः सन्दधे स्वयम् ।
मीरफाजिलकण्ठोऽपि करीमेणैव सन्दधे ॥३९१॥

३९१. देखकर, सेनासहित तारकुली खां ने स्वयं सन्धि कर ली। मीरफाज़िल कण्ठ ने भी करीम से ही सन्धि कर ली।

विलोक्य स्वजनं सर्वं तदानीं शत्रुसंहितम्।
हताशोऽमीरखानस्तु शाहाबादम्पलायितः ॥३९२॥

३९२. उस समय अपने सबलोगों को शत्रु से मिला हुआ देखकर, हताश अमीर खां शाहाबाद पलायित हो गया।

कृषकैर्दिष्टमार्गेणागच्छत्पार्वतसंकटम् ।
अली अकबरः खानो मसरुफखान एव च ॥३९३॥

३९३. वह कृषकों द्वारा निर्दिष्ट मार्ग से पर्वतीयसंकट में चला गया। अली अकबर खां तथा मसरुफ खां उसके पीछे—

प्रेषितौ तमुपादाय दादान्तिकमुपागतौ ।
प्रेषितः काबुलम्बन्दीगृहे संरक्षितस्तदा ॥३९४॥

३९४. प्रेषित किये गये। वे उसे लेकर करीमदाद के पास उपस्थित हुये। वह काबुल भेजकर, वन्दीगृह में रख दिया गया।

षडब्दान् राज्यपालस्यामीरस्य गतिरीदृशी ।
अमीराकदलः सेतुर्वितस्तायां विनिर्मितः ॥३९५॥

३९५. छः वर्ष राज्यपाल रहनेवाले अमीर खां की अन्त में ऐसी गति हो गयी। वितस्ता पर अमीर कदल सेतु—

वह्न्यश्वशैलचन्द्राब्दे पूर्वराज्यपसंज्ञया ।
राज्ञो रणजितस्तातो महान्सिंहोऽभवत् स वै॥३९६॥

रणजीत सिंह-वंशावली :

३९६. ई० वर्ष १७७३ में पूर्व राज्यपाल के नाम निर्मित किया गया था। राजा रणजीत सिंह के पिता महान् सिंह थे। उन्होंने—

द्वादशाब्दवया रुद्रसंख्ये मार्चदिनेऽभवत् ।
वह्न्यश्वशैलचन्द्राब्दे लब्धराजपदः पुनः ॥३९७॥

३९७. बारह वर्ष की अवस्था में ग्यारह मार्च, १७७३ में राज्यपद प्राप्त किया।

अग्रिमेऽब्दे जीन्ददेशेशितुर्गजपतेः सुताम् ।
नाम्ना राजकुमारीं तूदूढवानविकारधीः ॥३९८॥

३९८. ई० वर्ष १७७४ में उन्होंने जीन्द के राजा गजपति सिंह की कन्या राजकुँवर से विवाह किया।

वेदाश्वशैलचन्द्राब्दारम्भे भारतराज्यपः ।
वारेनहोस्टेंग्सनामा प्रथमं शिष्टमण्डलम् ॥३९९॥

३९९. ई० वर्ष १७७४ के प्रारम्भ में भारत के राज्यपाल वारेनहोस्टेंगस ने—

वोगेलप्रमुखं द्रष्टुं स्थितिं कश्मीरतिब्बते ।
आर्थिकीं नैतिकीं चैव प्रैषयद् बोगले पुनः ॥४००॥

४००. वोगेल का प्रथम शिष्ट मण्डल कश्मीर एवं तिब्बत की आर्थिक तथा राजनैतिक स्थिति देखने के लिये प्रेषित किया । वोगेल ने—

गत्वा तु तिब्बतं नाऽऽप्नोत् किञ्चिद्वाणिज्यसुस्थितिम् ।
दालाईलामाबाल्यत्वात्ताशीलामाऽऽस शासकः ॥४०१॥

४०१. तिब्बत जाकर व्यापारिक सुविधा नहीं प्राप्त की । दालाई लामा के शैशव के कारण ताशीलामा शासक था ।

वेदाश्वशैलचन्द्राब्देऽक्टूबरे मासि भारते ।
जातो वारेनहिस्टिंग्सः प्रथमो राज्यपालकः ॥४०२॥

४०२. अक्टूबर ई० वर्ष १७७४ में वारेन हेस्टिंगस प्रथम राज्यपाल नियुक्त हुआ ।

बाणेभशैलचन्द्राब्दफर्वरीतिथ्यहोमितम् ।
कालं यावच्चकारासौ दशाब्दाधिकशासनम् ॥४०३॥

४०३. उसने १५ फरवरी, ई० वर्ष १७८५ तक दश वर्ष शासन किया ।

वेदाश्वशैलचन्द्राब्दे तथैव तदनन्तरे ।
कागडायामभूद्राजा तेगचन्द्र इति स्थितिः ॥४०४॥

४०४. ई० वर्ष १७७४-१७७५ में कागड़ा में तेग चन्द्र राजा था ।

द्वितीयवाजीरावोऽन्त्यः सप्तमः पेशवाधिपः ।
बाणाश्वशैलचन्द्राब्दे दशमेह्न्यादिमासगे ॥४०५॥

४०५. ई० वर्ष १७७५ में १० जनवरी को सप्तम तथा अन्तिम पेशवा वाजीराव द्वितीय का जन्म हुआ ।

जन्माप्य रसनन्दाश्वचन्द्राब्दे राज्यमाप्तवान् ।
गजेन्दुगजचन्द्राब्दं यावद्राज्यं चकार ह ॥४०६॥

४०६. उन्होंने ई० वर्ष १७९६ में राज्य प्राप्त कर ई० वर्ष १८१८ तक शासन किया ।

राजप्रासादनिर्माणं बाणाश्वाश्वेन्दुवत्सरे ।
चकार रणजिद्देवो ध्रुवदेवतनूद्भवः ॥४०७॥

४०७. ई० वर्ष १७७५ में ध्रुवदेव के पुत्र रणजीत देव ने राजप्रासाद (जम्मू में) निर्मित कराया ।

बाणाश्वशैलचन्द्राद्वह्न्यक्षीभेन्दुवत्सरम् ।
यावद्द्वितीयसंसारचन्द्रोऽभूत्कागडानृपः ॥४०८॥

४०८. ई० वर्ष १७७५ से १८२३ तक संसार चन्द्र द्वितीय कांगड़ा का नृपति था ।

तुर्ये जुलाईदिवसे रसाश्वाश्वेन्दुवत्सरे ।
अमेरिका युक्तराष्ट्रं स्वस्वातन्त्र्यमजूघुषत् ।।४०९।।

४०९. ई० वर्ष १७७६ में चार जुलाई को संयुक्त राष्ट्र अमेरिका ने अपनी स्वतन्त्रता घोषित की ।

रसाश्वाश्वेन्दुवर्षादि रसाभ्रेभेन्दुवत्सरम् ।
यावद्वसोहलीराजाऽभवद्विजयपालकः ।।४१ ।।

४१०. ई० वर्ष १७७६–१८०६ में वसोहली का राजा विजयपाल था ।

हाजी करीमदादःखां वमजायी तु राज्यपः ।
पठानशासने जातो दशमः सप्तवत्सरान् ।।४११।।

हाजी करीमदाद खां वमजायी ई० वर्ष १७७७-१७८३ :

४११. हाजी करीम दादा खां वमजायी पठान शासनकाल का दसवां राज्यपाल था । उसने सात वर्ष—

शैलाश्वशैलचन्द्राब्दाद्वह्नीभाश्वेन्दुवत्सरम् ।
यावत् तस्याभवन्मृत्युरश्वनन्देन्दुभूमिते ।।४१२।।

४१२. ई० वर्ष १७७७ से १७८३ तक शासन किया था । उसकी मृत्यु ११९७—

मुहर्रमे तु हिजरीवर्षेऽसौ भूमिसात्कृतः ।
ख्याते स्थाने खानकाहमौलासंज्ञे प्रजाजनैः ।।४१३।।

४१३. हिजरी वर्ष में मुहर्रम को हुई थी । प्रजा ने उसे खानकाह मौला में दफन किया ।

आसीदसौ तु गान्धारो युद्धे पानीपतस्थले ।
सादिमुख्यपदे स्थित्वा युयोध निपुणं ह्ययम् ।।४१४।।

४१४. वह कन्धार निवासी था । उसने पानीपत युद्ध में अश्वारोहियों के सेनापति के रूप में युद्ध किया था ।

कश्मीरे स्मारकन्तस्यामीराकदलनिर्गता ।
शंकरार्यगिरिं यावत्सफेदातरुशृङ्खला ।।४१५।।

४१५. कश्मीर में उसका स्मारक अमीरा कदल से शंकराचार्य पर्वत तक सफेदा वृक्ष की पंक्तियाँ है ।

वित्ताधिकारी तस्यासीन्नाम्ना फाजिलकण्ठकः ।
न्यायाधीशोऽभवन्मुख्योऽब्दुर्रहीमस्तथा सुधीः ।।४१६।।

४१६. उसका वित्ताधिकारी फाजिल कण्ठ, मुख्य न्यायाधीश अब्दुल रहीम तथा—

दिलाराम कुली मुख्यसचिवस्तस्य निर्मितः ।
शैलाश्वशैलचन्द्राब्दे रामराजा तु भोसले ॥४१७॥

४१७. मुख्य सचिव मतिमान् दिलाराम कुली बनाया गया था। ई० वर्ष १७७७ में राम राजा भोसले—

मृतस्तस्य सुतस्तस्य स्थाने क्षत्रपतिः कृतः ।
मीरफाजिलकण्ठस्तु कर्तव्येऽनवधानतः ॥४१८॥

४१८. की मृत्यु हुई। उसका पुत्र उसके स्थान पर क्षत्रपति घोषित हुआ। कर्तव्य पालन में असावधानी करने के कारण फाजिल कण्ठ का—

निहतो राज्यपालेन गजाश्वाश्वेन्दुवत्सरे ।
तज्जातिगोत्रजाश्चान्ये तत्सम्बन्धेन पीडिताः ॥४१९॥

४१९. राज्यपाल ने ई० वर्ष १७७८ में वध करा दिया। उसके सम्बन्ध से उसके गोत्र एवं जाति के अन्य लोग भी पीड़ित किये गये।

गजाश्वशैलचन्द्राब्दे राज्यपालः सुतं निजम् ।
मुर्तजाखांऽभिधं ज्येष्ठं सादरं समुपाह्वयत् ॥४२०॥

४२०. ई० वर्ष १७७८ में राज्यपाल हाजी करीमदाद खां ने अपने ज्येष्ठ पुत्र मुर्तजा खां को सादर बुलाया।

शतघ्नीगोलकं दग्धं तत्सम्मानाय तद्ध्वनेः ।
वेगेन तु सभास्तम्भद्वयं ध्वस्तं जना हताः ॥४२१॥

४२१. उसके सम्मानार्थ तोप से गोले दागे गये। उसको ध्वनि से सभा मण्डप के दो खम्भे गिर गये। कुछ लोग मर गये।

मुर्तजाखां सदारत् खां काजीखांऽथ चतुर्थकः ।
मुल्ला कवामुद्दीनःखां किञ्चिदेवाहताः परम् ॥४२२॥

४२२. मुर्तजा खां, सदारत खां, काजी खां तथा मुल्ला कवामुद्दीन खां कुछ ही आहत हुए।

मिर्जाकाजिम् मीर्अदलो विशेषेणाहतस्तथा ।
ममार मासं जीवित्वा मुर्तजाऽर्चापशूकृतः ॥४२३॥

४२३. मिर्जा काजिम मीर अदल विशेष आहत हो गया और एक मास पश्चात् मर गया। वह मुर्तजा की पूजा का वलिपशु बना।

नन्दाश्वशैलचन्द्राब्दे मुर्तजा सेनयाऽभ्ययात् ।
स्कर्दूं राजा मुरादः खां करं दातुं वचोऽब्रवीत् ॥४२४॥

४२४. ई० वर्ष १७७९ में मुर्तजा ने स्कर्दू पर सैनिक अभियान किया। राजा मुराद खां ने कर देने का वचन दिया।

महार्घाणि च वस्तूनि चक्रे सद्य उपायनम् ।
गजाश्वाश्वेन्दुवर्षादि वेदाक्षिगजभूमितम् ।।४२५।।

४२५. उसने बहुमूल्य वस्तुएं उसे उपहार में प्रदान की। ई० वर्ष १७७८ से १८२४ पर्यन्त-

वर्षं यावन्महान् चन्द्रः विलासपुरपोऽभवत् ।
नैके कश्मीरसामन्ता राज्यपालस्य शासनात् ।।४२६।।

४२६. महान चन्द्र विलासपुर का राजा था। अनेक काश्मीरी सामन्त राज्यपाल के—

क्रूरादुद्विग्नमनसस्तत्पाताय मतिं व्यधुः ।
खख्खा-बम्बा-कण्ठवंश्यैः सामन्तैः संगतं तदा ।।४२७।।

४२७. क्रूर शासन से उद्विग्न होकर, उसका पतन सोचने लगे। उन लोगों ने खख्खा, बम्बा तथा कण्ठवंश के सामन्तों के साथ—

जम्मूनरेशं रणजिद्देवमाजुहुवुस्तदा ।
स राजा रणजिद्देवो नन्दाश्वाश्वेन्दुवत्सरे ।।४२८।।

४२८. जम्मू नरेश रणजीत देव को आमन्त्रित किया। राजा रणजीत देव ने ई० वर्ष १७७९ में—

त्रिंशत्सहस्रसंख्याकैः सह पदातिसैनिकैः ।
बाणशाल-वनिहालपथा कश्मीरमभ्ययात् ।।४२९।।

४२९. तीस सहस्र पदाति सैनिकों के साथ बाणशाल (वनिहाल) मार्ग से कश्मीर पर अभियान किया।

तदा पठानसेना तु स्कर्दूयुद्धपराऽभवत् ।
तथापि दादखांसेना ज्ञातवृत्तैव सत्वरम् ।।४३०।।

४३०. उस समय पठान सेना स्कर्दू में युद्धार्थ सन्नद्ध थी, तथापि सब वृत्तान्त जानकर, करीमदाद खां की सेना ने शीघ्र—

आगत्य युद्ध्वाऽऽक्रमणकारिणो विन्यवर्तयत् ।
कश्मीराक्रान्तिसाह्येनापराधेनातिरुष्टधीः ।।४३१।।

४३१ आकर युद्ध करके, आक्रमण कारियों को पीछे हटा दिया। कश्मीर के आक्रमण में सहायता करने के अपराध के कारण क्रुद्ध—

जघानकण्ठजातीयान् राज्यपो दादखां तदा ।
सन्दिग्धधीः स खक्खासु बम्बास्वप्यभवत्तदा ।।४३२।।

४३२. राज्यपाल करीमदाद खां ने कण्ठजातीय लोगों का वध करा दिया। बम्बा तथा खख्खा लोगों पर भी उसे सन्देह था।

दादे कश्मीरमायाति बम्बाश्च महमूदखां ।
मुजफ्फराबादनृपस्तन्मार्गं रुरुधुः किल ॥४३३॥

४३३. करीमदाद खां के कश्मीर आगमन काल में बम्बा लोगों ने तथा मुजफ्फराबाद के नृप महमूद खां ने उसका मार्ग अवरुद्ध किया था ।

व्योमेभशैलचन्द्राब्दे पूर्वोक्तैर्मार्गरोधिभिः ।
योद्धुं तारकुलीखानं राज्यपालो नियुक्तवान् ॥४३४॥

४३४. ई० वर्ष ७८० में राज्यपाल ने पूर्वकथित मार्गावरोधियों से युद्ध करने के लिये तारकुलीखान को नियुक्त किया ।

तदा कथाई-सामन्तो नाम्ना फतहखानकः ।
वोल्यस्का-स्थानमानीय छलेनाखिलसैनिकान् ॥४३५॥

४३५. उस समय कथाई[1] के सामन्त फतहखान ने छलपूर्वक समन्त सैनिकों को वोल्यस्का स्थान पर लाकर—

संकीर्णे कन्दरे क्वापि विनिवेश्य क्रमेण वै ।
तेषां सर्वास्त्रशस्त्राणि समादाय न्यवारयत् ॥४३६॥

४३६. उन्हें किसी संकीर्ण कन्दरा में प्रविष्ट करा दिया । उनके अस्त्र-शस्त्रों को छीनकर उन्हें शान्त कर दिया ।

एतद्विदितवृत्तान्तः क्रुद्धो दादकरीमखां ।
सद्यस्तारकुलीखानं गलं रुद्ध्वा न्यहंस्तथा ॥४३७॥

४३७. यह वृतान्त जानकर, क्रुद्ध करीमदाद खां ने तारकुली खां का गला दबाकर, मार डाला ।

रज्ज्वा तच्चरणौ बद्ध्वा तं ह्व्वाकदलस्थले ।
अलम्बयदधः शीर्षम्फलमेतद्यथाक्रियम् ॥४३८॥

४३८. उसके पैरों में रस्सी बांध कर, हब्बाकदल पर शिर नीचे करके लटकवा दिया । यह फल उसके कर्मानुकूल था ।

---

१. कथाई : वितस्ता नदी के दक्षिण तट पर मुजफ्फरावाद-वारहमुला मार्ग पर है । कठाई ग्राम से ११॥ मिल दूर दक्षिण-पूर्व एक मिल पर है । कथाई का राजा बली खां था, जब सिक्खों के राज्यपाल दीवान कृपाराम की सेना ने नगर में प्रवेश किया, बली खां भाग गया । करनाव जाना चाहता था कि अपने एक शत साथियों के साथ बरफ मे जमकर मर गया ।

कथाई राज बारहमूला द्वार से पूर्व की ओर कहदन्दी टिब्बा तक ६५ या ७० मिल लम्बा तथा १२ मिल चौड़ा दक्षिण में वितस्ता तथा उत्तर में करनाब तथा बंगस तक विस्तृत था ।

कश्मीराद्धनमाहर्तुं राज्यपो विविधाः क्रियाः ।
चकाराद्दूषयत्पापः सहस्रं तत्र कन्यकाः ।।४३९।।

४३९. राज्यपाल ने कश्मीर से धन प्राप्त करने के लिये विविध उपाय किये । उस पापी ने वहाँ एक सहस्र कन्याओं को दूषित किया ।

करं जरेनयाजाख्यं सामन्तेभ्यः समग्रहीत् ।
तथा ग्रामाधिपेभ्यः स तदाय द्विगुणं तथा ।।४४०।।

४४०. वह सामन्तों तथा ग्रामाधिपो से 'जरे-नयाज' कर लेता था । वह कर उसकी आय का दो तथा—

त्रिगुणं तत्करोद्विग्ना विक्रीय सदनं भुवम् ।
ययुरन्यत्र कश्मीरादनेके गृहिणस्तदा ।।४४१।।

४४१. तीन गुना अधिक होता था । उन करों से उद्विग्न होकर, अनेक गृहस्थ गृह एवं भूमि बेचकर, कश्मीर से अन्यत्र चले गये ।

करं जरे अश्खासाख्यं नागरेभ्यः समग्रहीत् ।
तथा जरे हुबूबाख्यं कृषकेभ्योऽग्रहीद्बलात् ।।४४२।।

४४२. उसने नागारिकों से 'जरे अशखास' नामक कर तथा कृषकों से 'जरे हुबूब' नामक कर बलात् वसूल किया ।

फलिवृक्षान् करं दातुं कृन्तन्ति स्म तदा जनाः ।
सुरेश्वरीसरस्तीरे सामन्तैर्धनिकैर्नृपैः ।।४४३।।

४४३. उस समय लोग कर देने के लिये फलदार वृक्षों को काटते थे । सुरेश्वरी सरोवर के तट पर सामन्तों एवं धनिकों द्वारा—

रोपिता द्विशताब्देभ्यः करेणोच्छेदिता द्रुमाः ।
कराय विविधोपाया विचित्रास्तेन निर्मिताः ।।४४४।।

४४४. दो सौ वर्षों से लगाये गये वृक्ष कर के कारण उच्छिन्न कर दिये गये । उसने कर प्राप्ति के लिये अनेक विचित्र उपाय किये थे ।

करग्रहचरौ द्वौ तु राज्यपालो न्यगूहयत् ।
हिन्दुभिर्निहतावेताविति तत्राकरोत्प्रथाम् ।।४४५।।

४४५. राज्यपाल ने दो कर वसूल करने वालों[1] को छिपा दिया और यह प्रसिद्धि कर दी कि उसे हिन्दुओं ने मार डाला ।

१. असलम तथा बाबू हरकारा ।

करीषधूमसंव्याप्ते ब्राह्मणान्भवनेऽक्षिपत् ।
उद्विग्नास्ते तु पञ्चाशत्सहस्राण्यददुः करम् ॥४४६॥

४४६. इस आरोप के आधार पर उसने कर्षी के धूँएं से पूर्ण गृह में ब्राह्मणों को डाल दिया। वे लोग उद्विग्न होकर, 'जोद्द अर्थात धूंआ से' पचास सहस्र रुपये कर अदा कर दिये ।

जग्राह पक्षिव्याधेभ्योऽप्यसौ दामधरोकरम् ।
करं स ऊर्णावायेभ्यः षोडशांशं समग्रहीत् ॥४४७॥

४४७. उसने व्याधों से भी 'दामधरी' कर लिया । वह शाल के बुनकरों[१] से लाभ का सोलहवाँ भाग कर लेता था ।

मासान्तेऽसङ्ग्रहं दृष्ट्वा बलाज्जग्राह दैनिकम् ।
मयसूयास्थले वृक्षान् शहतूताभिधानसौ ॥४४८॥

४४८. मास के अन्त में उसका संग्रह न होने पर, बलात् उसे दैनिक वसूलने लगा । उसने मयसूया स्थान पर शहतूत के वृक्षों को—

खण्डयित्वा सफेदाख्यांस्तेषां स्थानेष्वरोपयत् ।
खखाभ्राक्षीन्दुसंख्यानि कश्मीरे त्वभवंस्तदा ॥४४९॥

४४९. कटवा कर, उसके स्थान पर सफेदा के वृक्ष लगवाये । उस समय कश्मीर में बारह सहस्र—

वासोवयनयन्त्राणि तन्तुवायास्ततोऽधिकाः ।
उपायनं गृह्यते स्म भूस्वामिभ्यो धनं बहु ॥४५०॥

४५०. करघे थे । बुनकरों की संख्या उससे अधिक थी । भूस्वामियों से उपहार स्वरूप अधिक धन लिया जाता था ।

तदायषड्गुणं सप्तगुणं वापि स्म तद्भवेत् ।
नन्दाश्वशैलचन्द्राब्दे महान् सिंहो नृपोऽभवत् ॥४५१॥

४५१. वह उनको आय का छः या सात गुना अधिक होता था । ई० वर्ष १७७९[२] में महान् सिंह नामक एक नृपति हुआ ।

---

१. 'दागेशाल' कर बुनकरों से लिया जाता था । यह कर एक रुपये पर एक आना लगाता था ।

२. हुगेल यह काल १६७८ ई० देना है ।

तदीयं नगरं रामनगराख्यमभूत्किल ।
रसूलपुरमाक्रम्य तदधिकृत्याभिधामपि ॥४५२॥

४५२. उसका नगर रामनगर था। उसने रसूलनगर पर आक्रमण कर, उसे अधिकृत कर, उसका नाम—

रामनगरं चक्रे स नन्दाश्वाश्वेन्दुवत्सरे ।
तिमूरशाहसुल्तानो मुलतानं वशेऽकरोत् ॥४५३॥

४५३. रामनगर कर दिया। ई० वर्ष १७७९ में तिमूरशाह सुल्तान ने मुल्तान को अपने वश में कर लिया।

नाना फडनवीसस्य हैदराबादवर्तिना ।
निजामेनाभवत्सन्धिर्व्योमेभाश्वेन्दुवत्सरे ॥४५४॥

४५४. ई० वर्ष १७८० में नानाफड़नवीस को हैदराबाद के निजाम के साथ सन्धि हुई।

प्राच्यभारतसंघस्य राज्यविस्ताररोधकः ।
व्योमेभशैलचन्द्राब्दे त्रयोदशनवम्बरे ॥४५५॥

४५५. यह सन्धि ईस्टइण्डिया कम्पनी के राज्यविस्तार के विरुद्ध की गयी थी। ई० वर्ष १७८० में १३ नवम्बर को—

रणजित्सिहजन्माभून्मध्याह्ने सोमवासरे ।
गुजरावालानगरे पुनरत्रैव वत्सरे ॥४५६॥

रणजीत सिंह का जन्म :

४५६. सोमवार के दिन मध्याह्नकाल में सोमवार को (राज कौर से) राजा रणजीत सिंह का जन्म गुजरावाला में हुआ। पुनः उसी वर्ष—

हिजरीमानतः शैलनन्देन्द्विन्दु मितेऽभवत् ।
कश्मीरे भीषणो भूमेः कम्पः षण्माससत्क्रमः ॥४५७॥

भूकम्प :

४५७. हिजरी वर्ष ११९९ में कश्मीर में भीषण भूकम्प हुआ। वह छः मास तक रहा।

विध्वस्तानेकभवनो नष्टासंख्यधनस्तथा ।
सुरेश्वरीसरोवारि वितस्तासलिलं तथा ॥४५८॥

४५८. उससे अनेक भवन ध्वस्त हो गये, असंख्य जन-धन की हानि हुई। सुरेश्वरी सरोवर तथा वितस्ता का जल—

१. हुगेलः २१ नम्बर देता है।

चन्द्रेभशैलचन्द्राब्दे शैत्यात्काठिन्यमाप ह ।
प्राच्यभारतसंघेन चन्द्रेभाश्वेन्दुवत्सरे ॥४५९॥

४५९. ई० वर्ष १७८१ में अतिशीत के कारण हिमीभूत हो गया। ईस्ट इण्डिया कम्पनी ने ई० वर्ष १७८१ में—

काशिराजश्चेतसिंहः कृतो राजपदाच्च्युतः ।
चन्द्रेभशैलचन्द्राब्दादष्टौ वर्षाण्यनारतम् ।
मण्डीक्षेत्रे सुविख्याते सूर्यसेनो नृपोऽभवत् ॥४६०॥

४६०. काशिराज चेतसिंह को राज्यच्युत कर दिया। ई० वर्ष १७८१ से १७८८ तक आठ वर्ष प्रसिद्ध मण्डी क्षेत्र का राजा सूर्य सेन (शिवमान) था।

तथैव चन्द्रेभगिरीन्दुवर्षाच्छैलेभशैलेन्दुमितान्त्यवर्षे ।
जम्मूप्रदेशे धृतशान्तवेशो बभूव राजा व्रजराजदेवः ॥४६१॥

४६१. उसी प्रकार ई० वर्ष १७८१ से १७८७ पर्यन्त जम्मू प्रदेश का राजा व्रजराज देव था।

चन्द्रेभशैलचन्द्राब्दे राज्यपालकरीमखाँ ।
मुजफ्फराबादनृपं शिक्षितुम्महमूदखाँम् ॥४६२॥

४६२. ई० वर्ष १७८१ में राज्यपाल हाजी करीमदाद खां ने मुजफ्फराबाद के नृपति महमूद खां का दमन करने के लिये—

अभ्ययात् सैनिकैः सप्तसहस्रैः संवृतो बली ।
तदर्थमग्रहीद्वित्तं कृषकेभ्यो बलात्खलः ॥४६३॥

४६३. सात हजार सैनिकों के साथ अभियान किया। उसके लिये उस दुराचारी ने बलात् कृषकों से धन संग्रह किया।

गत्वा बारहमूलां स गोरसबोनीसमीपतः ।
चकार शिविरं तत्र बीराखाँखख्खाऽभवत् ॥४६४॥

४६४. ससैन्य वह बारहमूला जाकर, गोरस बोनी के समीप शिविर लगाया। वहां खख्खा-जनों के सरदार वीरा खां ने—

प्रधानस्तं छलाद्बद्ध्वाऽहिनोच्छ्रीनगरं तथा ।
सुतं बहादुरं तस्य बद्ध्वाऽरक्षन्निजान्तिकम् ॥४६५॥

४६५. छलपूर्वक उसे बन्दी बनाकर, श्रीनगर भेज दिया। उसके पुत्र बहादुर खां को बेड़ी बद्ध कर अपने पास रखलिया।

गते मुजफ्फराबादं ससेने राज्यपालके ।
शासको महमूदःखाँ शीघ्रं तस्मात्पलायितः ॥४६६॥

४६६. राज्यपाल के सेना सहित मुजफ्फराबाद पहुँचने पर, वहाँ का शासक महमूद खां पलायित हो गया ।

बन्दी बहादुरः स्नातुं कठायीस्थानमागतः ।
स्नास्यन् शनैर्नदीं तीर्त्वा पारं गत्वा पलायितः ॥४६७॥

४६७. बन्दी बहादुर खां कठायी स्थान पर गया । स्नान करते समय नदी पार कर, पलायित हो गया ।

सहायकानुपादाय द्वितीयेऽह्नि बहादुरः ।
करीमदादमाऽक्रामज्जघानानेकसैनिकान् ॥४६८॥

४६८. दूसरे दिन बहादुर खां ने अपने सहायकों को लेकर, करीमदाद खां के ऊपर आक्रमण किया और अनेक सैनिकों को मार डाला ।

हत्वा दीवानसिंहं च नदीपारम्पलायितः ।
सप्ताश्वसादिभिः सार्धमाऽयाद्बारहमूलकम् ॥४६९॥

४६९. वह दीवान सिंह को मार कर, नदी पार पलायित हो गया । सात अश्वारोहियों के साथ—

करीमदादोऽपरेऽह्नि गत्वा श्रीनगरम्पुनः ।
सिंहदुर्गाङ्गणे वीराखानस्याकारयद्वधम् ॥४७०॥

४७०. करीमदाद खां बारहमूला पहुँचा । दूसरे दिन श्रीनगर जाकर, सिंह दुर्ग (शेर गढ़ी) के प्रांगण में वीरा खां खख्खा का वध करा दिया ।

सैय्यिद्मन्सूरवेद्यां तु तत्रासौ भूमिसात् कृतः ।
मुजफ्फराबादयुद्धादानीतान्वन्दिनो जनान् ॥४७१॥

४७१. सैय्यिद मन्सूर के चबूतरा पर, वह दफनाया गया । मुजफ्फराबाद के युद्ध से लाये गये वन्दी लोगों में से—

सुरेश्वरीजले द्वौ द्वौ क्षिप्त्वाऽहन् प्रत्यहं स वै ।
नेत्रेभशैलचन्द्राब्देऽतीसाराद् बहवो मृताः ॥४७२॥

हैजा :

४७२. प्रतिदिन दो-दो को सुरेश्वरीसर के जल में डाल कर, मार डालता था । ई० वर्ष १७८२ में अतीसार (हैजा) से बहुत लोग—

काश्मीरे मिरजा मुहतस्सिमः खाँ च क्षयं गतः ।
करीमदादखाँसेना नेत्रेभाश्वेन्दुवत्सरे ।।४७३।।

४७३. कश्मीर में दिवंगत हुए। उसी वर्ष मुहतस्सिम खां की मृत्यु हुई। करीमदाद खां की सेना ने ई० वर्ष १७८२ में—

आक्रम्य किस्तदारं तु व्यजैषीत् स्ववशेऽकरोत् ।
स जामामस्जिदोद्धारमष्टसाहस्त्ररौप्यकैः ।।४७४।।

किस्तवार पर आक्रमण :

४७४. किस्तवार पर आक्रमण कर, उसे अपने अधिकार में कर लिया। उसने आठ सहस्र रुपये व्यय कर, जामामस्जिद का उद्धार किया।

चक्रे श्रीनगरे अलीमस्जिदस्याप्यकारयत् ।
अबूबर् मलिकं शाहावादिनं निजघान सः ।।४७५।।

४७५. श्रीनगर में अली मस्जिद का भी जीर्णोद्धार कराया। उसने अबूबर मलिक शाहावादी का वध करा दिया।

तच्छवं खानकाह्नक्शवन्दिनो द्वार्यलम्बयत् ।
अपीडयत् शियावर्गं तेनामीरविनिर्मितम् ।।४७६।।

४७६. उसका शव खानकाह नक्शबन्दी के द्वार पर, लटकवा दिया। उसने शियावर्ग को पीड़ित किया, अमीरजवां शेर द्वारा निर्मित—

अमीराबादनगरं साकल्येन व्यनाशयत् ।
राज्यपालोऽन्त्यरोगेण ग्रस्तो मृत्युं व्यचिन्तयत् ।।४७७।।

४७७. अमीराबाद नगर को पूर्णतः विनष्ट करा दिया। अन्तक रोग ग्रस्त राज्यपाल मृत्यु का चिन्तन करने लगा।

आजादखानं स्वपदे कृत्वा चादिष्टवानिदम् ।
मदीयमृत्युवृत्तान्तः काबुले मैव प्रेष्यताम् ।।४७८।।

४७८. उसने आजाद खां को अपने पद पर नियुक्त कर, आदेश दिया—'मेरे मृत्यु का वृत्तान्त काबुल न प्रेषित किया जाय'।

भ्राता तिमूरशाहस्य सिकन्दर्शाहसंज्ञकः ।
वह्नीभशैलचन्द्राब्दे कमराजमुपागतः ।।४७९।।

४७९. तिमूरशाह का भाई सिकन्दरशाह ई० वर्ष १७८३ में कमराज गया।

स तु तत्राकरोद् द्रोहं विविधोपद्रवांस्तथा ।
स्वतन्त्रराज्यं कश्मीरे लब्धुं द्रोग्धुं तिमूरकम् ।।४८०।।

४८०. उसने वहाँ विद्रोह तथा विविध उपद्रव किया। वह कश्मीर में स्वतन्त्र राज्य स्थापित कर तिमूर से प्रबल द्रोह करना चाहता था।

पिता करीमो रुग्णोऽभूत् तदैवाजादखां रिपुम् ।
निरोद्‌धुम्प्राचलद् गत्वा निवृत्तस्तमपास्य वै ॥४८१॥

४८१. पिता करीम रुग्ण था । उसी समय आजाद खां शत्रु का दमन करने के लिये चला गया । उसे परास्त कर, पुनः लौट आया ।

तदागमनतः पूर्वं करीमस्त्यक्तवांस्तनुम् ।
मुहर्रमे षोडशेऽह्नि वह्नीभाश्वेन्दुवत्सरे ॥४८२॥

४८२. उसके आगमन के पूर्व करीमदाद खां का १६ मुहर्रम को ई० वर्ष १७८३ में देहान्त हो गया ।

आजादागमतः पूर्वं मृत्युवृत्तं निगूहितम् ।
आसीदसावुपागत्य तच्छवं भूमिसाद्व्यधात् ॥४८३॥

४८३. आजाद के आगमन के पूर्व तक उसका मृत्युवृत्तान्त छिपाया गया था । उसने आकर उसका शव दफनाया ।

निचखान खानकाहमौलाख्येविदितस्थले ।
सप्ताब्दान् राज्यपालोऽभूत्करीमः क्रूरशासनः ॥४८४॥

४८४. वह प्रसिद्ध खानकाह मौला में भूमिसात् किया गया । क्रूर शासक राज्यपाल करीम ने सात वर्ष शासन किया था ।

आजादो निष्ठुरोऽन्यायी क्रूरोऽभूद्राज्यपालकः ।
चतुर्दशः पठानानां वयस्यष्टादशे किल ॥४८५॥

आजाद खां ई० वर्ष १७८३-१७८५ :

४८५. आजाद खां निष्ठुर, अन्यायी एवं क्रूर राज्यपाल था । वह १८ वर्ष की आयु में पठान शासन का १४ वाँ राज्यपाल नियुक्त हुआ था ।

वह्नीभशैलचन्द्राब्दाद् द्वावब्दौ पञ्चमासकान् ।
अशान्मददखानस्तु तदाऽऽसीदुपराज्यपः ॥४८६॥

४८६. उसने ई० वर्ष १७८३ से दो वर्ष पाँच मास तक शासन किया । उस समय उप-राज्यपाल मदद खाँ था ।

तदा विंशतिलक्षाणि त्रिंशद्वा रौप्यकाणि वै ।
कश्मीराद्भवति स्मायो नानाकरसमन्वयात् ॥४८७॥

४८७. उस समय कश्मीर में नाना प्रकार के करों की आय बीस या तीस लाख रुपये थी ।

दिलारामः कुली मुख्यसचिवः पूर्ववत् स्थितः ।
युवाऽपिश्वेतवस्त्राणि धत्ते स्माजादखां स्वयम् ॥४८८॥

४८८. दिलाराम कुली मुख्यसचिव पूर्ववत् स्थित रहा । आजाद खां युवा होने पर भी श्वेत वस्त्रों को पहनता था ।

भृत्यै रक्तमहार्घाणि प्रीत्या धारयति स्म वै ।
नासौ स्त्रीव्यसनी नापि मद्यपो न तमालपः ॥४८९॥

४८९. वह भृत्यों को रंगीन एवं बहुमूल्य वस्त्र पहनाता था। वह स्त्रीव्यसनी, मद्यप या तम्बाकू एवं हुक्का पान करने वाला नहीं था।

बभूवोग्रः पितुः क्रूरो मृगयुर्युद्धशिक्षितः ।
तस्यैकाक्ष्ण्यभवज्जालो नैके शल्यचिकित्सकाः ॥४९०॥

४९०. वह उग्र, पिता से अधिक क्रूर, शिकारी एवं युद्ध-प्रवीण था। उसकी एक आँख में जाला हो गया था। अनेक चिकित्सक—

तं चिकित्सितुमारब्धाः किन्त्वासन्विफलाः समे ।
आदिशद्भिषजन्त्वेकं निश्चिते समये यदि ॥४९१॥

४९१. उसकी चिकित्सा किये किन्तु सब असफल हो गये। उसने एक चिकित्सक को आदेश दिया 'यदि निश्चित समय पर—

नैरुज्यं न भवेदक्षिण तदा भिन्द्यां तवोदरम् ।
नैरुज्यं नाभवत्तस्योदरं सोऽपि व्यदारयत् ॥४९२॥

४९२. आंख रोग मुक्त नहीं होगी, तो तुम्हारा उदर फाड़ दूँगा'। आंख नीरोग नहीं हुई। उसने उसका उदर विदारित कर दिया।

गच्छन् क्वचिद्वितस्तायाः सेतावासीत्स्थितः स वै ।
तद्दर्शनोत्सुका नाना जनास्तत्र समागताः ॥४९३॥

४९३. किसी समय वह वितस्ता पुल पर स्थित था। उसके दर्शनार्थ उत्सुक, बहुत लोग वहाँ एकत्रित हो गये।

अयं विलोक्यमानस्तैरेकं गुलिकया न्यहन् ।
प्रदर्शयन् जनान् स्वीयं लक्ष्यसन्धानकौशलम् ॥४९४॥

४९४. लोग उसे देख रहे थे। उसने लोगों को अपना लक्ष्य सन्धान दिखाते हुये, एक व्यक्ति की गोली से हत्या कर दी।

प्रत्यहं स जनं कञ्चिदेकं द्वौ वाऽप्यदूषणौ ।
तत्करौ पृष्ठतो बद्ध्वा नद्यां क्षिपति निर्घृणः ॥४९५॥

४९५. वह निर्दयी प्रतिदिन एक या दो निर्दोष लोगों को उनका हाथ पीछे बांध कर, नदी में डाल देता था।

निर्घृणत्वाज्जनास्तं वै प्राहुः कश्मीरनादिरम् ।
पितुर्लब्धाधिकारोऽसौ पश्चात्काबुलतः स्वयम् ॥४९६॥

४९६. निर्दयता के कारण, उसे लोग कश्मीर का नादिरशाह कहते थे। पिता से अधिकार प्राप्त कर, बाद में उसने स्वयं काबुल से—

राज्यपालाधिकाराज्ञापत्रं युक्त्या समाऽनयत् ।
तदा श्रीनगरे रैनवारीस्थानेऽभवन्महान् ।।४९७।।

४९७. युक्तिपूर्वक राज्यपाल पद का आज्ञापत्र मंगवा लिया। उस समय श्रीनगर में रैनवारी स्थान पर महान्—

भगवद्भजनानन्दी नाम्ना जीवनसाहिबः ।
साधुद्वेषिस्वभावोऽपि तत्सम्पर्कादभूदसौ ।।४९८।।

४९८. सन्त जीवन साहिब हुये। साधु द्वेषी होते हुये भी आजाद खां उनके सम्पर्क से—

उदारः किञ्चिदाजादः साधुसङ्गो न निष्फलः ।
कश्मीरनिर्मितार्थानां कुर्वन् विनिमयं बहिः ।।४९९।।

४९९. कुछ उदार हो गया। साधुसंगति निष्फल नहीं होती है। कश्मीर निर्मित वस्तुओं का बाहर विनिमय करके—

वाणिज्यं वर्धयामास राजकीयायमेव च ।
ऊर्णावयनयन्त्राणां संख्या तत्समयेऽभवत् ।।५००।।

५००. उसने व्यापार एवं राजकीय आय में वृद्धि की। उसके समय ऊन बुनने के करघों की—

खखाभ्ररसभूतुल्या निर्माणाधिक्यसाधनम् ।
सुवर्णरजतादीनि महार्घाणि तदाऽऽपणे ।।५०१।।

५०१. संख्या १६००० थी। उस समय बाजार में सुवर्ण-रजत आदि बहुमूल्य—

वस्तूनि सुलभान्यासन् प्रागलभ्यानि तत्र वै ।
मैसूयासंज्ञकं क्षेत्रं कर्तुमिच्छन् सरोवरम् ।।५०२।।

५०२. वस्तुयें प्रचुर मात्रा में वहां सुलभ हो गयी थी। वह मयसूया क्षेत्र में सरोवर निर्मित कराना चाहता था—

किञ्चित्कर्मसमारेभे न तु तत्पूर्णतां गतम् ।
श्रूयते तस्य सेनायां त्रिसहस्रमिताः सिखाः ।।५०३।।

५०३. कुछ कार्य प्रारम्भ हुआ किन्तु पूर्ण नहीं हुआ। सुना जाता है। उसकी सेना में तीन सहस्र सिक्ख थे।

आसन् सैन्यस्य घटनं नवशैल्या चकार सः ।
अभ्ययात्सेनया काष्ठवाटं युद्ध्वा चिरादसौ ।।५०४।।

५०४. उसने सेना का नवीन शैली से संघटन किया। काष्ठवाट पर, सैनिक अभियान किया तथा अनेक बार युद्ध करके—

युक्त्या जग्राह राजानं बद्ध्वा कश्मीरमानयत् ।
आनीय मोचयामास तं दीर्घायुरभूदसौ ॥५०५॥

५०५. राजा को बन्दी बना कर, कश्मीर लाया, तत्पश्चात् उसे मुक्त कर दिया । वह दीर्घायु था—

गृहीत्वा मोचितो यस्मान्निसर्गक्रूरकर्मणा ।
कदाचित्पूछराजानं रुस्तमं खानमक्रमीत् ॥५०६॥

५०६. क्योंकि स्वभाव से क्रूरकर्मी आजाद द्वारा पकड़ कर, छोड़ दिया गया । उसने किसी समय पूछ के राजा रुस्तम पर आक्रमण किया ।

पलायितो रुस्तमस्तु स सप्ताहान्यलुण्ठयत् ।
निवृत्तो लुण्ठयित्वाऽथ द्वितीयेऽब्देऽक्रमीत्पुनः ॥५०७॥

५०७. वह पलायित हो गया । उसने सात दिन लूट-पाट किया । तदनन्तर लौट आया । दूसरे वर्ष पुनः उस पर आक्रमण किया ।

तदा स सन्दधे नागमादायाजाद आगतः ।
वह्नीभशैलचन्द्राब्दे जित्वा राजपुरीनृपम् ॥५०८॥

५०८. उस समय राजा ने सन्धि कर ली । आजाद खां एक हाथी लेकर, लौट आया । ई० वर्ष १७८३ में राजपुरी के राजा को जीत कर—

सन्धाय करदानाय तं चकार वशंवदम् ।
पुनर्वारिन हेस्टिंग्सो वह्नीभाश्वेन्दुवत्सरे ॥५०९॥

५०९. तथा सन्धिकर, कर देने के लिये उसे विवश कर दिया । ई० वर्ष १७८३ में वारेन हेस्टिंगस ने—

कप्तान् टर्नरनेतृत्वे प्रैषयच्छिष्टमण्डलम् ।
फोरस्टरः पर्यटकः कश्मीरभ्रमणं व्यधात् ॥५१०॥

५१०. कप्तान टर्नर के नेतृत्व में शिष्ट मण्डल प्रेषित किया । फोस्टर पर्यटक ने कश्मीर का परिभ्रमण—

वह्नीभाश्वेन्दुतुल्याब्दे तज्जानन्त्यैतिहासिकाः ।
आजादो यौवनोद्धूतः काबुलाधीनतां जहौ ॥५११॥

५११. ई० वर्ष १७८३ में किया । इतिहासज्ञ इसे जानते हैं । यौवन के आवेश में आजाद खां ने काबुल की अधीनता त्याग दी ।

तुर्कीसुल्ताननिष्ठोऽभूत्तन्नाम्ना खुतवां व्यधात् ।
तन्नामाङ्कितमुद्राणाम्प्रयोगमपि सोऽकरोत् ॥५१२॥

५१२. उसने तुर्की के सुल्तान के प्रति निष्ठा व्यक्त कर, उसके नाम से खुतवा पाठ तथा मुद्रा टंकणित कराया ।

महताऽऽडम्बरेणात्रावसरे चोत्सवं व्यधात् ।
मुहम्मदं सोदरं स्वं द्वेषात्कारागृहेऽकरोत् ।।५१३।।

५१३. इस अवसर पर महान आडम्बर के साथ उत्सव किया। अपने सहोदर भ्राता को द्वेषवश कारागृह में डाल दिया।

मिर्जा मुहम्मद-अली किफायत्खान एव च ।
मदोद्धूतन्तमाजादं विनेतुम्प्रेषितावुभौ ।।५१४।।

५१४. मिर्जा मुहम्मद अली तथा किफायत खां, मदमत्त आजाद को विनत करने के लिये। प्रेषित किये गये।

किफायतस्तिमूरेण तत्प्रबोधार्थमीरितः ।
काबुलादेवमेताभ्यामागताभ्याम्प्रबोधितः ।।५१५।।

५१५. तिमूरशाह ने किफायत खां को उसे प्रबोधित करने के लिये प्रेरित किया। इस प्रकार काबुल से आये उन दोनों के समझाने पर—

आजादस्त्रीणि लक्षाणि मुद्रा राज्ञे प्रदत्तवान् ।
तथापि मुर्तजाखानं जमनं च सहोदरौ ।।५१६।।

५१६. आजाद खां ने राजा को तीन लाख रुपये प्रदान किये। उसके पश्चात् भी तिमूर ने मूर्तजा खां एवं जमन खां को जो—

आजादस्य तिमूरः प्राहिणोत्तद्दण्डहेतवे ।
आजादस्य विरोधार्थं चलन्ती महती चमूः ।।५१७।।

५१७. आजाद के सहोदर थे, उसे दण्डित करने के लिये भेजा। आजाद खां के विरोध में अग्रसर विशाल सेना जिसे—

तिमूरप्रेषिता कृष्णगंगातीरे स्थिताऽभवत् ।
मुजफ्फराबादे सोऽपि सवालस्यादिमेऽह्नि ।।५१८।।

५१८. तिमूर शाह ने प्रेषित किया था, कृष्णगंगा के तट पर स्थित हुई। आजाद भी मुजफ्फराबाद में सवाल के प्रथम दिन—

स्वसेनयोपागतोऽभूद्युद्धे पूर्वदिने पुनः ।
आजादसेना विफला सफलऽऽसीत्परेऽह्नि ।।५१९।।

५१९. अपनी सेना के साथ पहुँचा। युद्ध में प्रथभ दिन आजाद की सेना विफल हो गयी किन्तु दूसरे दिन उसे सफलता मिली।

तथाऽपि तत्सैन्यपौ द्वौ मुख्यौ युद्धे निपातितौ ।
अली मुहम्मद्खां मुल्लाऽजीमाख्यश्च सैनिकौ ।।५२०।।

५२० तथापि उसके दो प्रधान सेनापति अली मूहम्मद खां और मुल्ला अजीम युद्ध में मारे गये।

द्वे सहस्रे नदीवारिमध्ये मग्नाः क्षयं गताः ।
सैनिकानां क्षयं दृष्ट्वा नष्टोत्साहस्तु राज्यपः ।।५२१।।

५२१. दो सहस्र सैनिक नदी जल में डूबकर, मर गये । सेना का विनाश देखकर राज्यपाल आजाद का उत्साह समाप्त हो गया ।

युद्धं जिहासुरभवत्तं पितृव्यसुतस्तदा ।
चपेटया मुखे हत्वा तस्योत्साहमवर्धयत् ।।५२२।।

५२२. वह युद्ध छोड़ना चाहता था । उसी समय उसका चचेरा भाई, मुखपर चपेटा मार कर, उसे प्रोत्साहित किया ।

दृढम्प्रवृत्ते युद्धे तु राजसेना पलायिता ।
तदा बुर्हानखां पोपल्जयी बन्दीकृतोऽभवत् ।।५२३।।

५२३. भयंकर युद्धारम्भ होने पर, राजसेना पलायित हो गयी । उस समय बुरहान खां पोपलजयी बन्दी बना लिया गया ।

आजादखां तु विजयं लब्ध्वा बारहमूलतः ।
कश्मीरम्प्राविशत् सेना राजकीया तु संहता ।।५२४।।

५२४. आजाद खां विजय प्राप्त कर, बारह मूला मार्ग से कश्मीर में प्रविष्ट हुआ । राजकीय सेना ने—

उरशायां पुनर्वारं चकाराक्रमणं तदा ।
आसीद्वारहमूलायामाजादो दैवबाधतः ।।५२५।।

५२५. उरशा में संगठित होकर, आक्रमण किया । आजाद दैवबाधावश बारहमूला में था ।

द्रव्याद्यलाभतो राजसेना न सफलाऽभवत् ।
मुर्तजा कछलयास्थाने पीरनानिकटे चमूम् ।।५२६।।

५२६. द्रव्यादि के अभाव में राजसेना सफल नहीं हुई । मुर्तजा खां ने पीरना[1] के निकट कछलया स्थान पर अपना—

न्यवेशयन्मार्गरोधादन्नादि तु स नाप्तवान् ।
तदैकरौप्यकेणान्नं लभ्यते स्मैकसेटकम् ।।५२७।।

५२७. सैन्यशिविर लगाया । मार्गावरोध के कारण वह अन्नादि नही प्राप्त कर सका । उस समय एक रुपये (चांदी के) में एक सेर अन्न प्राप्त होता था ।

१, पीरना ; पीरन वितस्ता नदी के दक्षिण तट पर वारहमूला से ८ मिल दक्षिण पश्चिम है ।

ईदृग्दुर्भिक्षता तत्रोपस्थिता देशकालतः ।
नेत्रेभशैलचन्द्राब्देऽतीसारः प्रसृतोऽभवत् ॥५२८॥

दुर्भिक्ष एवं हैजा :

५२८. इस प्रकार देश-कालवश वहां उपस्थित लोग दुर्भिक्ष से पीड़ित हुये । ई० वर्ष १७८२ में अतीसार (हैजा) फैल गया ।

कश्मीरे तेन निधनम्प्रापिता द्वेऽयुते जनाः ।
शवा नैव निखन्यन्ते क्षिप्यन्ते स्म सरिज्जले ॥५२९॥

५२९. उससे कश्मीर में बीस हजार लोग मर गये । शव दफनाये न जाकर, नदी जल में फेक दिये जाते थे ।

सन्ततं म्रियमाणानां खननावसरः कुतः ।
लवणस्यापि दुर्भिक्षं तदा घोरमुपस्थितम् ॥५३०॥

५३०. निरन्तर मरने वालों के लिये कब्र खोदने का अवसर कहां था ? उस समय नमक का भी अकाल पड़ गया ।

वणिग्भिर्दीयते तत्तु तुलितं ताम्रमुद्रया ।
चतुर्मुद्राभिः क्वचित्तु लभ्यते स्मैकसेटकम् ॥५३१॥

५३१. वणिक्जन एक ताम्र मुद्रा से उसी के बराबर नमक देते थे । कहीं कहीं पर चार रुपये में एक सेर मिलता था ।

लद्दाखपश्चात्पञ्चालवाणिज्यपथरोधतः ।
अपेक्षितान्नाद्यभावाद्राजसेना पराजिता ॥५३२॥

५३२. लद्दाख तथा पश्चिमी पंजाब में व्यापार का मार्ग अवरुद्ध हो जाने से अपेक्षित अन्न आदि के अभाव में राजसेना पराजित हो गयी ।

पराजितो मुर्तजाखां पूछमार्गात्पलायितः ।
पेशावरं गतः सोऽपि कालेन कवलीकृतः ॥५३३॥

५३३. पराजित मुर्तजा खां पूछ मार्ग से पलायित हो गया । पेशावर पहुँच कर काल-कवलित हुआ ।

आजादस्तु निवृत्तः श्रीनगरं मुख्यमन्त्रिणम् ।
दीवानसिंहमवधीत् हफ्तचीनारके स्थले ॥५३४॥

५३४. आजाद खां श्रीनगर लौट आया और हफ्तचिनार में मुख्यमन्त्री दीवान सिंह का वध कर दिया ।

सभाया मुख्यसामन्तं शेख-अब्दुल्नवीं तथा ।
इनायतुल्लाखां-वान्देसंज्ञकं चावधीदसौ ॥५३५॥

५३५. उसने सभा के मुख्य सामन्त शेख अब्दुल नवी तथा इनायतुल्ला खां वान्दे का वध कर दिया।

सुस्वल्पेऽप्यपराधेऽसौ मृत्युदण्डं ददाति हि ।
आजादस्यातिचरितैरुद्विग्ना बहवो जनाः ॥५३६॥

५३६. वह छोटा अपराध होने पर भी मृत्यु दण्ड देता था। आजाद खाँ के अत्याचार से अधिकांश लोग उद्विग्न हो गये।

पहल्वानो मलूकश्च तं घातयितुमैच्छताम् ।
रक्षको राजगेहस्याजमतुल्ला बभूव ह ॥५३७॥

५३७. पहलवान और मलूक उसकी हत्या करना चाहते थे। अजमतुल्ला राजगृह का रक्षक था।

तं निहन्तुं निगूढं तं प्रेरयामासतुस्तु तौ ।
आजादं तु शयानं घ्नन् स वह्निगुटिकां जडः ॥५३८॥

५३८. उन दोनों ने उसकी हत्या के लिये उसे प्रेरित किया। उस जड़ ने शयन करते आजाद पर गोली दाग दी।

प्रैरयद्गुटिका सा तज्जङ्घायां घटिताऽभवत् ।
आजादः शिविकाऽऽरूढो मायसूमामगात्तथा ॥५३९॥

५३९. वह गोली उसकी जांघ में लगी। आजाद खां शिविकारूढ़ होकर, मायसूम चला गया।

सेनासन्नाहमकरोत्तत्र योद्धुमुपागतौ ।
पहल्वानो मलूकश्च ससेनौ तत्र संगरे ॥५४०॥

युद्ध शृंखला :

५४०. वहां उसने सेना सुसज्जित की। पहलवान और मलूक सेना सहित युद्धार्थ वहां आ गये। उस युद्ध में—

युद्धयन्तौ श्रान्तिविवशौ स्वं दुर्गं समुपागतौ ।
अवन्तीपुरमाजादो गत्वा सेनामजीघटत् ॥५४१॥

५४१. युद्ध करते हुये परिश्रान्त होकर, वे विवशभाव से अपने दुर्ग में चले गये। अवन्तीपुर जाकर आजाद खां ने सैन्यसंघटन किया।

तत्रापि ताभ्यामभवद्युद्धं तौ च पराजितौ।
गत्वा शेरगढीदुर्गं द्वारं रुद्ध्वा स्थितौ तदा ॥५४२॥

५४२. वहां भी उन दोनों के साथ उसका युद्ध हुआ। वे दोनों पराजित हुये। उस समय वे शेरगढ़ी दुर्ग में जाकर द्वार बन्द कर, स्थित हो गये।

आवृत्य दुर्गमाजादः सप्ताहान्यग्निगोलकैः।
प्राहरद्दुर्गतस्तौ च क्षिपन्तौ गोलकान् स्थितौ ॥५४३॥

५४३. आजाद खां दुर्ग घेर कर सात दिन गोलाबारी करता रहा। वे दोनों भी दुर्ग से गोला बरसाते स्थित रहे।

भोजनान्ने समाप्ते तु जोषं रात्रौ पलायितौ।
पलायमानावाजादोऽन्वयन् खामपुरावधि ॥५४४॥

५४४. भोजन का अन्न समाप्त हो जाने पर, वे रात्रि में चुपचाप पलायित हो गये। आजाद खां ने खामपुर तक भागते हुये, उन लोगों का पीछा किया।

जग्राहानुगतैः सार्धं जघान च नृणाम्पुरः।
कृतं बलवता वैरं स्वस्यैवान्ताय जायते ॥५४५॥

५४५. अनुचरों के साथ उसे पकड़ लिया। लोगों के सामने वध कर दिया। बलवान् के साथ किया गया वैर अपना ही विनाश करता है।

टंकीपुराख्ये नगरस्य भागेऽब्देऽत्रैव वह्निर्विससार विष्वक्।
वातेन मध्येपुरमेत्यखाश्विसहस्रसद्मानि तदा ददाह ॥५४६॥

अग्नि दाह :

५४६. इसी वर्ष नगर के टंकीपुर क्षेत्र में चारो ओर आग फैल गयी। वायु के साथ नगर के मध्य पहुँच कर, उस अग्नि ने बीस हजार घर भस्मसात् कर दिया।

अत्रैव वर्षे कश्मीरे भूकम्पः समजायत।
क्रमेण नवमासान् घ्नन् जनान्नैकानभूदसौ ॥५४७॥

भूकम्प :

५४७. उसी वर्ष कश्मीर में भूकम्प आया। उसने क्रमशः नव मास तक बहुत संख्या में लोगों का विनाश किया।

वह्नीभशैलचन्द्राब्दे भारते राज्यपाधिपः।
नाम्ना वारेन हेस्टिंग्सः प्रेषयामास तिब्बतम् ॥५४८॥

वारेन हेस्टिंगस एवं तिब्बत :

५४८. ई० वर्ष १७८३ में भारत के प्रथम गवर्नर जनरल वारेन हेस्टिंगस ने—

सेनामुख्यं सेमुयलं स तत्राब्दं स्थितोऽभवत् ।
विफलो निजकर्तव्ये परस्तात्तु न्यवर्तत ॥५४९॥

५४९. सेना प्रमुख सेमुयल को तिब्बत भेजा। वह वहाँ एक वर्ष स्थित रहा। तदनन्तर अपने कर्त्तव्य में विफल होकर, लौट आया।

स तु वारेन हेस्टिंग्सो बाणेभाश्वेन्दुवत्सरे ।
लिखित्वा त्यागपत्रं स्वं तत्याज पदमात्मना ॥५५०॥

५५०. वारेन हेस्टिंगस ने ई० वर्ष १७८१ में त्यागपत्र लिख कर अपना पद त्याग दिया।

अथो मदद्खां दुर्रानी पैंदाखानो बरकज़यी ।
द्वाविमौ प्रस्थितौ योद्धुं सेनापञ्चायुतान्वितौ ॥५५१॥

आजाद खां से युद्ध :

५५१. मदद खां दुर्रानी तथा पैंदाखां बरकजयी पचास हजार सेना के साथ युद्धार्थ प्रस्थान किये।

सम्प्रेषितौ तिमूरेण आजादं निजिघृक्षुणा ।
मुजफ्फराबादमाप्तौ बाणेभाश्वेन्दुवत्सरे ॥५५२॥

५५२. तिमूरशाह ने आजाद खां को निगृहीत करने के लिये, उन्हें प्रेषित किया था। वे ई० वर्ष १७८५ में मुजफ्फराबाद पहुँचे।

अथ पैंदाप्रधानत्वे याता द्व्ययुतसैनिकाः ।
योद्धुमाजादखानेन स्थानं बारहमूलकम् ॥५५३॥

५५३. पैंदाखां के नेतृत्व में बीस हजार सैनिक आजाद खां से युद्ध करने के लिये, बारहमूला गये।

अपरे त्र्ययुतप्राया मददप्रमुखाः पुनः ।
कारनाहपथा गत्वा चागलस्थानमागताः ॥५५४॥

५५४. दूसरा सेना समूह मदद खां के नेतृत्व में करनाह मार्ग से चल कर, चागल स्थान पर पहुँच गया।

आजादो दलनामार्गात्खुशीपुरमुपागतः ।
तत्र पक्षद्वये युद्धम्बभूव जयवर्जितम् ॥५५५॥

५५५. आजाद खां दलना मार्ग से खुशीपुर पहुँचा। वहाँ पर दोनो पक्षों में युद्ध हुआ। जय-पराजय का निर्णय नहीं हो सका।

खोययामालारमार्गात्सैफुद्दीनप्रदर्शितात् ।
चतुर्विशेऽह्नि मददो मासे सफरसंज्ञके ॥५५६॥

५५६. मदद खां सैफुद्दीन कण्ठ द्वारा निर्दिष्ट खोययामा एवं लार मार्ग से सफर मास में दिनाङ्क २४ को—

नन्दनन्देन्दुभूतुल्ये हिजरीवत्सरेऽभ्ययात् ।
योद्धुं श्रीनगरं तत्र स्थाने हफ्तचिनारके ॥५५७॥

५५७. हिजरी वर्ष ११९९ में युद्धार्थ श्रीनगर पहुँचा। वहाँ हफ्तचिनार में—

सेनानिवेशमकरोत्तत्र शेरगढ़ीस्थितम् ।
अब्दुल्अजीजं निष्कास्य निजघानोपराज्यपम् ॥५५८॥

५५८. उसने सैन्य शिविर लगाया और शेर गढ़ी से उपराज्यपाल अब्दुल अजीज को निकाल कर, उसे मार डाला।

इस्लामखान आजादसैन्यपः संगतोऽभवत् ।
मददेन ततः क्रुद्ध आजादस्तत्सुतद्वयम् ॥५५९॥

५५९. आजाद खां का सेनापति इसलाम खां मदद खां से मिल गया। तत्पश्चात् क्रुद्ध आजाद खां ने उसके दो पुत्रों एवं—

कन्यामेकां च सरितः सलिले विन्यमज्जयत् ।
पक्षयोर्युद्धमारेभे आजादो घोषणां व्यधात् ॥५६०॥

५६०. एक कन्या को नदी जल में डुबा दिया। दोनों पक्षों में युद्ध आरम्भ हो गया। आजाद खां ने घोषणा की—

मददस्य शिरो यस्तु समानेष्यति मत्पुरः ।
तस्य लक्षम्प्रदास्यामि यस्तु जीवन्तमानयेत् ॥५६१॥

५६१. 'जो मदद खां का शिर मेरे समक्ष उपस्थित करेगा, उसे एक लाख मुद्रा (रुपये) तथा जो उसे जीवित—

गृहीत्वा तं तस्य लक्षद्वयं दद्याम्पुरस्कृतिम् ।
कश्चिद्बहादुरः सिंहो मददस्य जिघृक्षया ॥५६२॥

५६२. पकड़ कर लायेगा उसे दो लाख रुपये पुरस्कार दूँगा'। बहादुर सिंह नामक व्यक्ति पुरस्कार के लोभ में मदद खां को पकड़ने—

यत्नम्पुरस्कारलिप्सुश्चकार स तु तज्जनैः ।
लब्धभेदैर्हतः पश्चादाजादस्य सहायकाः ॥५६३॥

५६३. का प्रयत्न किया, किन्तु भेद जान कर, उसके (मदद खां के) अनुचर उसे मार डाले। तदनन्तर आजाद खां के सहायक—

खिन्नाः सुचिरसंघर्षाद्बभूवुः शत्रुसंगताः ।
समयम्प्रतिकूलन्तु वीक्ष्याजादः पलायितः ॥५६४॥

आजाद का पलायन :

५६४. उसके दीर्घकालीन संघर्ष से खिन्न होकर, शत्रु से मिल गये। अजाद खां समय प्रतिकूल देखकर, पलायित हो गया।

मददो जालडगरे सेनां स्वीयां न्यवेशयत् ।
गत्वा तु पूछमाजादस्तस्मात्त्रिशतसादिनः ।।५६५।।

५६५. मदद खां जाल डागर में अपना सैन्यशिविर लगाया । आजाद खां पूछ जाकर, वहां से तीन सौ अश्वारोहियों को—

आदायायाद्राजपुरीं तत्रत्यो नृपतिस्तु तम् ।
साहाय्यदानं नावोचन्निराशः पूछमागतः ।।५६६।।

५६६. लेकर, राजपुरी आया । वहाँ के राजा ने उसे सहायता का वचन नहीं दिया । वह निराश होकर, पूछ लौट आया ।

विपरीते तु समये विपरीता भवेन्मतिः ।
अपास्य पूछनृपति भवेयं तत्पदे त्वहम् ।।५६७।।

५६७. विपरीत समय में बुद्धि विपरीत हो जाती है । "पूछ के राजा रुस्तम खां को अपदस्थ कर मैं स्वयं उसके स्थान पर स्थित हो जाऊँ"—

इति निश्चित्य घटयन् समावृतो नृपेण सः ।
इस्लामखानस्तत्रायात्समेतो राजसेनया ।।५६८।।

५६८. ऐसा निश्चय कर, उसके लिये प्रयत्न करते हुए, वह नृपति द्वारा घेर लिया गया इस्लाम खां भी राजसेना के साथ वहां आ गया ।

रक्षोपायमचक्षाण आजादः स्वमहन् स्वयम् ।
इस्लामस्तस्य नयने हतस्य निरकोषयत् ।।५६९।।

आजाद खां की आत्महत्या :

५६९. रक्षा का उपाय न देखकर, आजाद खां ने, स्वयं आत्महत्या कर ली । इस्लाम खां ने निहत (मृत) उसकी आखें निकाल ली ।

मुण्डं तदीयं मददखानस्य सविधेऽहिनोत् ।
मददोऽपि शिरस्तस्य प्रेषयामास काबुलम् ।।५७०।।

५७०. उसका शिर मदद खां के समीप भेज दिया । मदद खाँ ने भी उसका शिर काबुल प्रेषित कर दिया ।

द्वे लक्षे तस्य जननीं बादशाहस्त्वदण्डयत् ।
इश्कजायी मददखां कश्मीरे राज्यपोऽभवत् ।।५७१।।

मदद खां इश्कजाई ई० वर्ष १७८५-१७८६ :

५७१. बादशाह ने उसकी माता के ऊपर दो लाख रुपया दण्ड लगाया । मदद खां इश्कजाई कश्मीर में राज्यपाल के रूप में—

बाणेभशैलचन्द्राब्दे तथैव तदनन्तरे ।
पठानानाम्पञ्चदशः शास्ताऽऽसीन्नवमासकान् ॥५७२॥

५७२. ई० वर्ष १७८५ में नियुक्त हुआ। वह पठानों के समय में पन्द्रहवां शासक था। उसने नव मास तक शासन किया।

सर जान् मेटकाफाख्यो भारते राज्यपाधिपः ।
बाणेभशैलचन्द्राब्दफर्वरीमासतोऽभवत् ॥५७३॥

सर जान मेटकाफ :

५७३. भारत में सरजान मेटकाफ गवर्नर जनरल के रूप में ई० वर्ष १७८५ के फरवरी मास से—

यावत्सितम्बरं मासं रसेभाश्वेन्दुवत्सरे ।
बाणेभशैलचन्द्राब्दादभ्राक्षीभेन्दुवत्सरम् ॥५७४॥

५७४. ई० वर्ष १७८६ के सितम्बर तक रहा। ई० वर्ष १७८५ से १८२० तक—

यावद्राजाऽऽस लद्दाखे केरिसे जुल्फिकारखां ।
तथा शिगारे राजाऽभूद्बाणेन्द्वब्दान् हुसेनखां ॥५७५॥

केरिस तथा शिगार राज्य :

५७५. लद्दाख में केरिस का राजा जुल्फिकार खां तथा हुसेन खां शिगार का राजा—

शरेभशैलचन्द्राब्दात्खखेभेन्द्वब्दसम्मितम् ।
विद्रोहोपद्रवपरान् राज्यपालस्त्वशिक्षयत् ॥५७६॥

५७६. ई० वर्ष १७८५ से १८०० तक १५ वर्ष था। विद्रोहियों एवं उपद्रवियों को राज्यपाल ने विनीत किया।

भृगुवारेषु सर्वेषु भुक्तिकाले सुधीजनान् ।
आहूय तैः परामर्शं कुरुते राज्यकर्मसु ॥५७७॥

५७७. राज्यपाल प्रति शुक्रवार को विद्वानों को आमन्त्रित कर, भोजन के समय उनके साथ राज्य कार्य के विषय में परामर्श करता था।

अथाभून्मीरदादः खां षोडशोराज्यपालकः ।
रसेभशैलचन्द्राब्दात्पञ्चविंशतिमासकान् ॥५७८॥

मीरदाद खां : १७८६-१७८८

५७८. मीरदाद खाँ ई० वर्ष १७८६-१७८८ में पच्चीस मास पर्यन्त सोलहवां राज्यपाल था।

तदोपराज्यपालोऽभून्मुल्लागफ्फारखानकः ।
दिलारामः कुली तस्य मन्त्री विश्वासभाजनम् ॥५७९॥

५७९. उस समय मुल्ला गफ्फार खां उपराज्यपाल था। दिलाराम कुली उसका विश्वास-पात्र मन्त्री था।

रसेभशैलचन्द्राब्दे बली संसारचन्द्रकः ।
अपास्य गुरखावर्गं राजा जातः कुलेहरे ॥५८०॥

५८०. ई० वर्ष १७८६ में बली संसारचन्द्र गोरखों को निकाल कर, कुलेहर का राजा बना।

लार्डकार्नवालिसाख्यो भारते राज्यपाधिपः ।
सितम्बराद्रसेभाश्वचन्द्राब्दीयाद्बभूव ह ॥५८१॥

लार्डकार्नवालिस :

५८१. लार्डकार्नवालिस ई० वर्ष १७८६ के सितम्बर से—

यावदक्टूबरं वह्निचङ्काश्वेन्द्वब्दभवं किल ।
रसेभाश्वेन्दुवर्षाच्च त्रीणि वर्षाण्यनारतम ॥५८२॥

५८२. ई० वर्ष १७९३ के अक्टूबर तक भारत का गवर्नर जनरल था। ई० वर्ष १७८६ से तीन वर्ष तक—

काष्ठवाटेऽभवद्राजा नाम्ना सुजनसिंहकः ।
इतिहासं बदीउद्दीन्-अब्दुल्-कासिम आलिखत् ॥५८३॥

काष्ठ वाट :

५८३. काष्ठवाट में सुजन सिंह राजा था। वदीउद्दीन कासिम ने—

रसेभशैलचन्द्राब्दे गौहेर्आलमसंज्ञकम् ।
शैलाश्वशैलचन्द्राब्दपर्यन्तघटनापरम् ॥५८४॥

५८४. ई० वर्ष १७८६ में 'गौहेर आलम' इतिहास लिखा जिसमें ई० वर्ष १७७७ तक की घटनायें वर्णित हैं।

मुल्लाकबुद्दीनमुल्लाह्बीबौ राज्यपोऽकरोत् ।
न्यायालयाध्यक्षपदे किञ्चित्कालादनन्तरम् ॥५८५॥

५८५. राज्यपाल ने मुल्ला कबुद्दीन एवं मुल्ला ह्बीब को न्यायालयाध्यक्ष नियुक्त किया। कुछ समय पश्चात्—

वैमनस्ययुतावास्तां राज्यपालोपराज्यपौ ।
निशानखानो दुर्रानी काबुलात्प्रहितस्तदा ॥५८६॥

५८६. राज्यपाल एवं उपराज्यपाल में वैमनस्य हो गया। उस समय निशान खां दुर्रानी—

ज्ञातुं वस्तुस्थितिं किन्तु ज्ञातुं न प्राभवत्स वै ।
राजकीयं करं लब्ध्वा निवृत्तः काबुलम्प्रति ॥५८७॥

५८७. वस्तुस्थिति ज्ञात करने के लिये काबुल से प्रेषित किया गया, किन्तु वह ज्ञात न कर सका। राजकीय कर लेकर काबुल लौट गया।

शैलेभशैलचन्द्राब्दे कुलीखां मुर्तजाऽऽगमत् ।
चरस्तीमूरशाहस्य निरोद्धुं कलहं द्वयोः ।।५८८।।

५८८. ई० वर्ष १७८७ में तिमूरशाह का दूत मुर्तजा कुलीखां दोनों का कलह समाप्त करने के लिये आया ।

उवाच यो राज्यकरम्प्रददीताधिकाधिकम् ।
स शासनाधिकारी स्याद् राज्यपो वोपराज्यपः ।।५८९।।

५८९. उसने कहा—'जो अधिक राजकीय कर देगा, वह शासनाधिकारी होगा, राज्यपाल हो अथवा उपराज्यपाल ।'

तदोपराज्यपो मुल्ला गफ्फारः समयन्त्विमम् ।
नाङ्गीचक्रे मीरदादस्तदाऽभूच्छासकः परम् ।।५९०।।

५९०. उस समय मुल्ला गफ्फार ने यह शर्त स्वीकार नहीं किया अतएव मीरदाद खां शासक हो गया ।

खरवारे पञ्चमुद्राः स शालिकरमग्रहीत् ।
एवं स राजकीयायं यथेष्टं समवर्धयत् ।।५९१।।

५९१. उसने प्रति खरवार शाली का पांच रुपया कर लिया । इस प्रकार राजकीय आय में अभीष्ट वृद्धि की ।

प्रजा वृद्धं करं दातुम्पर्याप्तं क्लेशमाप ह ।
हिदायतुल्ला महतो लिलेख ग्रन्थमुत्तमम् ।।५९२।।

५९२. प्रवृद्ध, पर्याप्त कर देने में प्रजा को बड़ा कष्ट सहना पड़ा । हिदायतुल्ला महतो ने अपना उत्तम ग्रन्थ—

तारीखे-कश्मीरसंज्ञं शैलेभाश्वेन्दुवत्सरे ।
जम्मूराज्येऽभवद्राजा नाम्ना सम्पूर्णदेवकः ।।५९३।।

५९३. 'तारीखे कश्मीर' की रचना ई० वर्ष १७८७ में की । सम्पूर्णदेव जम्मूराज्य में—

शैलेभशैलचन्द्राब्दाद्दशवर्षाण्यनारतम् ।
मीरजाफरकण्ठस्तु कमराजे स्वसैनिकान् ।।५९४।।

जम्मू राज्य :

५९४. ई० वर्ष १७८७ से १७९७ पर्यन्त राजा था । मीरजाफर ने कण्ठ कामराज में अपने सैनिकों को—

एकीकृत्याकरोद्द्रोहं बन्दीकृत्य स शिक्षितः ।
मीरदादस्य समये शियासुन्नीविरोधिता ।।५९५।।

मीर जाफर कण्ठ का विद्रोह :

५९५. एकत्रित कर विद्रोह किया । बन्दी बनाकर, उसे विनीत किया गया । मीरदाद के समय शिया-सुन्नियों का विरोध—

वव्‌धे तर्हि ये श्रेष्ठा मुल्ला मुफ्तीजनास्तथा ।
द्वाराणि पिदधुः खानकाह्मौलास्थलस्य वै ॥५९६॥

५९६. बढ़ गया था। उस समय श्रेष्ठ मुल्लाओं तथा मुफ्तीजनों ने खानकाह मौला एवं—

तथा जामामस्जिदस्य नमाजं न पठन्त्विति ।
दिलारायः पण्डितश्च ताडनाकर्षणादिना ॥५९७॥

५९७. जामामस्जिद के द्वार बन्द कर दिये, जिससे लोग नमाज न पढ़ें। पण्डित दिलाराय को ताडित तथा घसीट कर—

कदर्थितः शियापक्षोत्साहवर्धकताधिया ।
बन्दीचक्रे तदामीरदादो जाफरकण्ठकम् ॥५९८॥

५९८. पीडित किया गया। उस पर शिया पक्ष को प्रोत्साहित करने का सन्देह था। मीरदाद खां ने जाफर कण्ठ को बन्दी बना लिया—

उपद्रविजनोत्साहवर्धकः स यतोऽभवत् ।
द्वाविंशेऽप्रीलदिवसे गजेभाश्वेन्दुवत्सरे ॥५९९॥

५९९. क्योंकि वह उपद्रवियों का उत्साहवर्धन करता था। २२ अप्रैल १७८८ ई० में—

राज्यपो मीरदादः खां सांघातिकरुजा मृतः ।
सैय्यिद्मन्सूरस्य वेद्यां निखातः सादरं स वै ॥६००॥

मीरदाद खां की मृत्यु :

६००. राज्यपाल मीरदाद खां सांघातिक रोग से मर गया। सैय्यिद मन्सूर के चबूतरा पर उसे दफन किया गया।

नूत्नराज्यपयोगान्तं मीरदादजनोऽभवत् ।
इस्माइल्‌खां राज्यपालः कार्यनिर्वाहहेतवे ॥६०१॥

इस्माइल खां :

६०१. नवीन राज्यपाल की नियुक्ति होने पर्यन्त मीर दाद खां का सम्बन्धी इस्माइल खां कार्यकारी राज्यपाल हुआ।

गजेभशैलचन्द्राब्दे मईमासे तु तिब्बतम् ।
नेपालदेश आक्रामद् युद्धे सन्धिरजायत ॥६०२॥

तिब्बत पर नेपाल का आक्रमण :

६०२. ई० वर्ष १७८८ के मई मास में नेपाल देश ने तिब्बत पर आक्रमण किया। युद्ध में सन्धि हो गयी।

युद्धे दामोदरो विप्रो रणजीतश्च नायकौ ।
नैपाली जयिनी सेना काठमाण्डूं न्यवर्तत ॥६०३॥

६०३. उस युद्ध में दामोदर पाण्डेय एवं रणजीत नायक थे । नेपाल की विजयिनी सेना—

दिसम्बराद्यसप्ताहेऽधिचक्रे मथुरामथ ।
जुलाईतुर्यदिवसे तत्राब्दे सिन्धिया नृपः ॥६०४॥

५०४. दिसम्बर के प्रथम सप्ताह में काठमाण्डू लौट गई । चार जुलाई ई० वर्ष १७८८ में सिन्धिया नृपति ने मथुरा पर अधिकार कर लिया ।

तत्समर्थनकर्तारो जाटा आसन् सहायकाः ।
दशमेऽगस्तदिवसे गजेभाश्वेन्दुवत्सरे ॥६०५ ॥

६०५. उसके समर्थक जाट थे । ई० वर्ष १७८८ में १० अगस्त को—

गुलाम-कादिर्-रुहेला नेत्रहीनं चकार ह ।
दिल्लीनरपतिं नाम द्वितीयं शाह्-आलमम् ॥६०६॥

शाहआलम द्वितीय अन्धा बना :

६०६. गुलाम कादिर रुहेला ने दिल्ली के नृपति शाहआलम द्वितीय को अन्धा कर दिया ।

तत्राब्देऽक्टूबरे रुद्रदिवसे विविशुः किल ।
देहलीनगरं नाम महाराष्ट्रा जयैषिणः ॥६०७॥

६०७. उसी वर्ष ११ अक्टूबर को विजयेच्छुक मराठों ने दिल्ली में प्रवेश किया ।

गजेभाश्वेन्दुतुल्याब्दे माहाराष्ट्रविरोधिनः ।
गोरण्डैः सन्दधुः सिक्खाः काङ्क्षन्तस्तत्पराजयम् ॥६०८॥

मराठो का दिल्ली प्रवेश :

६०८. ई० वर्ष १७८८ में मराठा विरोधी सिक्खों ने उनके पराजय की कामना से अंग्रेजों के साथ सन्धि कर ली ।

राज्यपालः सप्तदशो मुल्लागफ्फारखाँऽभवत् ।
गजेभाश्वेन्दुतुल्याब्दे मीरदादादनन्तरम् ॥६०९॥

मुल्ला गफ्फार खाँ ई० वर्ष १७८८ :

६०९. मीर दाद के पश्चात् मुल्ला गफ्फार खां ई० वर्ष १७८८ में १७वां राज्यपाल हुआ ।

केवलं चतुरो मासान् चकार स तु शासनम् ।
स मीरजाफरं कण्ठं कारामुक्तं चकार ह ॥६१०॥

६१०. उसका शासन केवल चार मास था । उसने मीर जाफर कण्ठ को कारागार से मुक्त कर दिया ।

अष्टादशो राज्यपालो जुमाखाँ अलकोजयी ।
गजेभाश्वेन्दुतुल्याब्दे बभूवास्य तु शासनम् ।।६११।।

जुमा खाँ अलकोजयी ई० वर्ष १७८८-१७९३ :

६११. जुमा खां अलकोजयी ई० वर्ष १७८८ में १८वां राज्यपाल हुआ । उसका शासन—

चतुरोऽब्दान् सप्तमासान् न्यायेच्छोः कृपणस्य च ।
कश्मीरमाजुहावासौ त्रीन् सुतान् राज्यहेतवे ।।६१२।।

२१२. चार वर्ष सात मास था । वह न्यायी तथा कृपण था । उसने राज्य के लिये अपने तीन पुत्र—

अब्दुल्ला-रहमतउल्ला-मुहब्बतसमाह्वयान् ।
अब्दुल्लामकरोत्काजीं यत आयो नियन्त्रितः ।।६१३।।

६१३. अब्दुल्ला, रहमतुल्ला एवं मुहब्बत खां को कश्मीर बुलाया । अब्दुल्ला को काजी नियुक्त किया, जिससे न्यायालय की आय नियन्त्रित हो सकें ।

सम्भवेन्न्यायालयस्य स आयाध्यक्षतामयात् ।
वशीरखानसाह्येन किञ्चित्कालादनन्तरम् ।।६१४।।

६१४. वशीर खां की सहायता से वह उपाध्यक्ष बन गया । कुछ समय पश्चात्—

मुल्लाकवामुद्दीनाख्यो न्यायार्थाध्यक्षतामगात् ।
गजेभाश्वेन्दु वर्षादि रसाक्षीभेन्दुवत्सरम् ।।६१५।।

६१५. मुल्ला कवामुद्दीन न्यायाधिकारी नियुक्त किया गया । ई० वर्ष १७८७ से १८२६—

यावन्मण्डीक्षेत्रभूप ईश्वरीसेन आस वै ।
इनायतुल्लासिंहोऽभूत्काष्ठवाटे नराधिपः ।।६१६।।

मण्डी :

६१६. तक मण्डी क्षेत्र का राजा ईश्वरी सेन था । इनायतुल्ला सिंह काष्ठवाट में—

दशमासान् गजेभाश्वमहीसम्मितवत्सरे ।
गेहम्महाराष्ट्रमन्त्री नानाफड़नवीसकः ।।६१७।।

नाना फड़नवीस :

६१७. ई० वर्ष १७८८ में दश मास नृपति था । मराठा मन्त्री नाना फड़नवीस ने—

चक्रे काशीब्रह्मघट्टे नन्देभाश्वेन्दुवत्सरे ।
भवानीदासकचरू कश्मीरेऽत्रैव वत्सरे ।।६१८।।

६१८. काशी में ब्रह्मघाट पर अपना गृहनिर्माण ई० वर्ष १७८९ में कराया था । इसी वर्ष भवानीदास कचरु कश्मीर में—

वसति स्मेतीतिहासविदामस्ति विनिर्णयः ।
नन्देभशैलचन्द्राब्दद्रसवेदेभभूमितम् ॥६१९॥

भबानोदास कचरु :

६१९. स्थित थे—ऐसा इतिहासज्ञों का मत है । ई० वर्ष १७८९ से १८४६ पर्यन्त—

वर्षं यावद्वीरसिंह औदुम्बुरनृपोऽभवत् ।
मुहम्मद्तेगसिंहोऽभून्नन्देभाश्वेन्दुवत्सरात् ॥६२०॥

औदुम्बर राज्य :

६२०. वीरसिंह औदुम्बर (नूरपुर) का नृपति था । (मुहम्मद) तेग सिंह ई० वर्ष १७८९ से—

खाक्षीभेन्दुमिताब्दान्तं काष्ठवाटस्य भूपतिः ।
एकवर्षात्परं मुल्ला फाजिलो राज्यपालकम् ॥६२१॥

काष्टवाट :

६२१. ई० वर्ष १८२० पर्यन्त काष्ठवाट का राजा था । एक वर्ष पश्चात् मुल्ला फाजिल राज्यपाल को—

नेतुमाऽयात्काबुलतः स तु नैवाव्रजत्स्वयम् ।
मुहब्बताख्यं स्वसुतं स्वस्थाने प्राहिणोदसौ ॥६२२॥

६२२. ले जाने के लिये काबुल से आया । वह स्वयं नहीं गया । अपने स्थान पर अपने पुत्र मुहब्बत खां को भेज दिया ।

सप्तमेऽगस्तदिवसे खनन्दाश्वेन्दुवत्सरे ।
महदाजी सिन्धियाख्यो ब्रजभूभूमिपः कृतः ॥६२३॥

महादाजी सिन्धिया :

६२३. १७९० ई० वर्ष में सात अगस्त को महदाजी सिन्धिया को—

प्रीतेन देहलीशेन बादशाहेन तत्क्षणे ।
खनन्दाश्वेन्दुवर्षादि खनेत्रेभमहीमितम् ॥६२४॥

६२४. प्रसन्न दिल्ली के बादशाह ने ब्रजभूमि (मथुरा-वृन्दावन) का अधिकारी नियुक्त किया । ई० वर्ष १७९० से १८२०—

वर्षं यावद्गुलेरस्य भूपसिंहो नृपोऽभवत् ।
बहावलस्य तनयो वै दाउद्खानसंज्ञकः ॥६२५॥

गुलेर :

६२५. तक गुलेर का राजा भूपसिंह था । उस समय बहावल खां का पुत्र दाउद खां—

डेरागाजीखानभूमेस्तदानीं शासकोऽभवत् ।
तथैव डेरा-इस्लाइल्खाँभूमेः शासकोऽभवत् ॥६२६॥

६२६. डेरागाजी खां का शासक था । उसी प्रकार डेरा इस्माईल खां का शासक—

अबूसमदखाँ नाम जहान्दारस्तथाऽटके ।
तथैव-बन्नू-मन्केरा-कोहाटादिस्थलेष्वथ ॥६२७॥

६२७. अबूसमद खां तथा अटक का जहान्दार खां था। बन्नू, मनकेरा, कोहाट आदि स्थानों पर—

पूर्वोक्तसमयेऽभूवन् विभिन्ना यवना नृपाः ।
संसारचन्द्रो राजाऽभूत्कांगड़ाभूतले पुरा ॥६२८॥

कागड़ा-चम्पा-पेशावर :

६२८. पूर्वोक्त समय में विभिन्न मुसलमान शासक हुए। संसार चन्द्र (द्वितीय) कांगड़ा में—

बाणाश्वशैलचन्द्राब्दाद्गजवेदमिताब्दकान् ।
राजसिंहोऽभवद्राजा तथा चम्पामहीतले ॥६२९॥

६२९. ई० वर्ष १७७१ से १८२३ पर्यन्त तथा राजसिंह चम्पा में—

वेदाङ्गशैलचन्द्राब्दात्त्रिंशद्वर्षाण्यनारतम् ।
वमजाईफतहखाँ पेशावरनृपोऽभवत् ॥६३०॥

६३०. ई० वर्ष १७६४ से १७९४ पर्यन्त राजा था। फतह खां बमजाई पेशावर का नृपति था।

मुरादशाहं तीमूरो बुखाराभूमिपालकम् ।
अफगानिस्तानदेशाक्रमणे कृतनिश्चयम् ॥६३१॥

६३१. तिमूरशाह ने बुखारा के राजा मुरादशाह को, जिसने अफगानिस्तान पर आक्रमण करने का निश्चय किया था—

खनन्दाश्वेन्दुतुल्याब्दे युद्ध्वाऽजैषीद्दिसम्बरे ।
तदा धनार्थी तीमूरो राज्यपालं धनं बहु ॥६३२॥

६३२. ई० वर्ष १७९० के दिसम्बर में युद्ध में पराजित कर दिया। उस समय धनार्थी तिमूरशाह ने राज्यपाल से अधिक धन की—

ययाच आयं काश्मीरमपि बोद्धुमियेष सः ।
राजाज्ञया राज्यपोऽपि यियासुः काबुलम्प्रति ॥६३३॥

६३३. याचना की। वह कश्मीर की आय जानना चाहता था। राजाज्ञा के अनुसार काबुल जाते समय राज्यपाल—

दिलारामं बुधं मीरजाफरं च सहानयत् ।
उपेत्य तत्र कश्मीरेऽवर्षणात्कृष्यभावतः ॥६३४॥

६३४. पण्डित दिलाराम एवं मीरजाफर को साथ ले गया। वहाँ पहुँच कर वर्षाभाव तथा कृषि न होने के कारण—

शोचनीयामर्थदशां विनयेन न्यवेदयत् ।
तातेऽनुपस्थिते पुत्रस्तत्स्थाने तु मुहब्बतः ।।६३५।।

६३५. कश्मीर की शोचनीय आर्थिक स्थिति को निवेदित किया । पिता की अनुपस्थिति में पुत्र मुहब्बत खां उसके स्थान पर—

राज्यपालपदे कार्यं चकार कलहप्रियः ।
शियाः श्रीनगरे कृत्वेमामबाड़ां जड़ीवले ।।६३६।।

६३६. राज्यपाल पद का कार्य करने लगा । वह कलह प्रिय था । शिया लोग श्रीनगर में जडीबल तथा—

तथैव हसनबादे प्रीत्या चक्रुर्मुहर्रमम् ।
वर्गद्वेषपरः पापः परेद्युस्तु मुहब्बतः ।।६३७।।

६३७. हसनाबाद में इमाम बाड़ों का निर्माण कर, मुहर्रम मनाना प्रारम्भ किये । वर्ग विद्वेषी, पापी मुहब्बत खां दूसरे दिन—

इमामबाडास्ता गत्वा स्वसमक्षं न्यपातयत् ।
सुन्नीवर्गस्तु सोत्साहः शियावर्गमलुण्ठयत् ।।६३८।।

शिया-सुन्नी संघर्ष :

६३८. जाकर उन इमामबाड़ों को अपने सामने धराशायी करा दिया । सुन्नी समुदाय ने प्रोत्साहित होकर शिया वर्ग को लूट लिया ।

पीडयामास बहुशो न्यरुणच्च मुहर्रमम् ।
त्रिमासान्ते तु कश्मीरं जुमाखानः समागतः ।।६३९।।

६३९. उसने लोगों को अनेकधा पीडित किया और मुहर्रम मनाना बन्द करा दिया । तीन मास पश्चात् जुमा खां कश्मीर आया ।

प्रीणयित्वा वचोभिः स्वैर्वर्गद्वयममेलयत् ।
तदा हसनखाँ बम्बा कमराजमुपद्रुतम् ।।६४०।।

६४०. उसने वाणी से प्रसन्न कर, दोनों वर्गों में मेल करा दिया । हसन खां बम्बा ने कमराज में उपद्रव किया ।

चकार राज्यपालस्तु सेनया तमदण्डयत् ।
पूछराजो रुस्तमःखाँ खलः पर्वतचारिणः ।।६४१।।

रुस्तम खां का उपद्रव :

६४१. राज्यपाल ने सेना द्वारा उसे दण्डित किया । पूछ का राजा रुस्तम खां जो—

पशून्परेषां गृह्णाति युयुत्सुर्द्रोहतत्परः ।
जुमाखाँनः प्रेषितया जित्वा तं सेनयाऽल्पया ॥६४२॥

६४२. युद्धेच्छुक एवं द्रोहार्थ तत्पर था, पर्वत पर चरते पराये (शत्रुओं के) पशुओं को पकड़ लेता था। जुमा खां ने थोड़ी सेना प्रेषित कर, उसके द्वारा जीत कर—

विवशं सन्दधे स्वेन नयज्ञो जनसादरः ।
खक्खासामन्तवीराखाँ उपद्रवमुपारभत् ॥६४३॥

६४३. विवश उसे अपने साथ कर लिया। नीतिज्ञ एवं जनप्रिय जुमा खां ने उसे अपने साथ कर लिया। खख्खा सामन्त वीरा खां ने उपद्रव आरम्भ किया।

राज्यपालस्तु तं जित्वा कारागारे न्यवेशयत् ।
अष्टादशशताब्द्यन्ते जिग्ये राजपुरीनृपम् ॥६४४॥

६४४. राज्यपाल ने उसे जीत कर, कारागार में डाल दिया। अट्ठारहवीं शताब्दी के अन्त (१७९१ के लगभग) में राजपुरी के—

राज्यपः करमुल्लाख्यं यथेष्टं चाग्रहीद्धनम् ।
भूनन्दशैलचन्द्राब्दे मार्तण्डे जन्मलब्धवान् ॥६४५॥

६४५. राजा करमुल्ला खां को राज्यपाल ने जीत लिया और उससे अभीष्ट धन प्राप्त किया। ई० वर्ष १७९१ में मार्तण्ड में—

परमानन्दकश्मीरी कविरत्रैव वत्सरे ।
ययाचे तीमूरशाहो जुमाखानम्पुनर्धनम् ॥६४६॥

परमानन्द का जन्म :

६४६. कश्मीरी कवि परमानन्द का जन्म हुआ। इसी वर्ष तीमूरशाह ने पुनः जुमा खां से धन मांगा—

भूनन्दशैलचन्द्राब्दादिभाग्नीभेन्दुवत्सरम् ।
यावद् विक्रमसेनोऽभूत्सुकेते किल भूपतिः ॥६४७॥

सुकेत :

६४७. ई० वर्ष १७९१ से १८३८ तक सुकेत का राजा विक्रमसेन था।

तीमूरादेशवशगो राज्यपः काबुलं गतः ।
भूनन्दशैलचन्द्राब्दे कश्मीरायव्ययौ दिशन् ॥६४८॥

६४८. ई० वर्ष १७९१ में राज्यपाल तीमूर के आदेश से कश्मीर का आय-व्यय देने के लिये काबुल गया।

तदा रहमतुल्लाऽऽसीत्सुतस्तत्पदकार्यदृक् ।
खक्खाबम्बाजनाश्चक्रुः कमराज उपद्रवम् ।।६४९।।

६४९. उस समय उसका पुत्र रहमतुल्ला खां कार्यकारी राज्यपाल हुआ । खख्खा तथा बम्बा जनजातियों ने कमराज में उपद्रव आरम्भ किया ।

लुण्ठनादि शठाः सर्वे जुमाखानेऽनुपस्थिते ।
तदा रहमतुल्लाखाँ सहसा तानशीशमत् ।।६५०।।

६५० जुमा खां की अनुपस्थिति में सब शठ लूट-पाट करने लगे । रहमतुल्ला खां ने उनका दमन किया ।

अष्टमे मार्चदिवसे नेत्रनन्दाश्वभूमिते ।
वर्षे नेपालपृतनां जिगीषुं चीनवासिनः ।।६५१।।

तिब्बत-नेपाल संघर्ष :

६५१. आठ मार्च, ई० वर्ष १७९२ में चीनियों ने जयेच्छुक नेपाली सेना को—

तिष्ठन्तीं तिब्बते लाशास्थाने पूर्वं समागताः ।
गुलाबसिंहो जन्माप डोगरानृपतिः किल ।।६५२।।

६५२. जो तिब्बत के लाशा में स्थित थी, पराजित कर दिया । डोगरा नृपति गुलाब सिंह का जन्म—

नेत्राङ्कशैलचन्द्राब्दे भाविपञ्चालभूपतेः ।
द्वादशाब्दस्य रणजित्सिंहस्य जनको महान् ।।६५३।।

राजा गुलाब सिंह का जन्म :

६५३. ई० वर्ष १७९२ में हुआ । पंजाब के भावी राजा रणजीत सिंह की बारह वर्ष की अवस्था में उनके पिता महान सिंह का—

सिंहो दिवंगतः पश्चात् क्रमेण रणजिन्नृपः ।
सुकेरचकियामिस्लस्थानां स्वाम्यमवाप सः ।।६५४।।

राजा रणजीत सिंह :

६५४. देहावसान हो गया । तदनन्तर रणजीत सिंह राजा हुए । वे सुकेरचकिया, मिस्ल के स्वामी हुए ।

नेत्राङ्कशैलचन्द्राब्दे करनाहपथाऽऽगतः ।
जुमाखानः श्रीनगरं द्विमासानन्तरम्मृतः ।।६५५।।

जुमा खाँ की मृत्यु :

६५५. जुमा खां ई० वर्ष १७९२ में करनाह मार्ग से श्रीनगर आया । दो मास पश्चात् वह दिवंगत हो गया ।

स सैय्यिद्‌कमरुद्दीनखारिज्मी मक्बरास्थले ।
चख्ने शेरगढ़ीसीम्नि पश्चाद् गन्धारमापितः ।।६५६।।

६५६. उसे सैय्यिद कमरुद्दीन खारिज्मी के मकबरा, शेरगढ़ी की सीमा पर, दफनाया गया। तत्पश्चात् शव कन्धार ले जाया गया।

विंशे मईदिने वह्निचङ्काश्वेन्दुमितवत्सरे ।
काबुले तीमूरशाहः कालस्य कवलोऽभवत् ।।६५७।।

तीमूर शाह की मृत्यु :

६५७. बीस मई, ई० वर्ष १७९३ में तीमूर शाह का काबुल में देहान्त हो गया।

चख्ने काबुल एवासौ तस्य साम्राज्यभूमिषु ।
यतः काबुलएवाभूद् भूमिस्तस्याधिकप्रिया ।।६५८।।

६५८. उसे काबुल में ही दफन किया गया, क्योंकि काबुल की भूमि उसको अधिक प्रिय थी।

अश्वेभशैलचन्द्राब्दवह्निचङ्काश्वेन्दुवर्षयोः ।
मध्ये तु मीरसादुल्लाशाहाबादभवोऽलिखत् ।।६५९।।

६५९. मीर सादुल्ला शाहाबादी ने ई० वर्ष १७८७ से १७९३ के मध्य—

बागे-सुलेमानसंज्ञं कश्मीरस्येतिहासकम् ।
वह्निचङ्काश्वेन्दुवर्षीयादृशमान्मासतोऽभवत् ।।६६०।।

६६०. 'बागे सुलेमान' नामक कश्मीर का इतिहास लिखा। ई० वर्ष १७९३ के अक्टूबर से—

यावत्तृतीयं मासं वै गजाङ्काश्वेन्दुवर्षगम् ।
भारते राज्यपाधीशः सरजान्शोरसंज्ञकः ।।६६१।।

सरजान शोर :

६६१. १७९८ के मार्च पर्यन्त भारत में सर जान शोर गवर्नर जनरल था।

तिमूरशाहतनयो जमनो यवनो नृपः ।
वह्निचङ्काश्वेन्दुवर्षादिगजाङ्काश्वेन्दुवत्सरम् ।।६६२।।

जमनशाह ई० वर्ष १७९३-१८०० :

६६२. तिमूर शाह का पुत्र जमन शाह था। उसने ई० वर्ष १७९३ से १७९८ तक—

यावत्पञ्चालवसुधां चातुर्वारं वृथाऽऽक्रमीत् ।
असौ जमनशाहोऽभूत् पैदाखानस्य साह्यतः ।।६६३।।

६६३. पञ्जाब पर, चार बार विफल आक्रमण किया। जमन शाह पैदा खां की सहायता से—

त्रयोविंशाब्दवयसि तीमूरानन्तरो नृपः ।
वह्नचङ्काश्वेन्दुतुल्याब्दे त्रयोविंशे मईदिने ।।६६४।।

६६४. तेईस वर्ष को आयु में तीमूर के पश्चात् ई० वर्ष १७९३ में २३ मई को नृपति हुआ।

खखेभेन्द्वब्दपर्यन्तमसौ नृपपदेऽभवत् ।
एकविंशतिसंख्याकास्तीमूरस्याभवन् सुताः ।।६६५।।

६६५. उसने ई० वर्ष १८०० तक शासन किया। तीमूर के इक्कीस पुत्र थे।

हिमायुमहमूदाख्यौ ज्येष्ठावास्तां सहोदरौ ।
म्रियमाणे तु तीमूरे जमनः काबुलेऽभवत् ।।६६६।।

६६६. हिमायु एवं महमूद ज्येष्ठ तथा सहोदर थे। तीमूर के मृत्यु के समय जमनशाह काबुल में—

राज्यपालपदे केनाप्याहूतो जनके मृते ।
राजनिर्वाचनव्याजादाहूतास्तस्य सोदराः ।।६६७।।

६६७. राज्यपाल पद पर था। पिता के मरने पर किसी द्वारा वह बुलाया गया। राजा का निर्वाचन करने के लिये अहूत, उसके भाई—

सामन्ताश्चैकभवने वन्दीकृत्य नियन्त्रिताः ।
एवं स्थितावभूद्राजा जमनस्तस्य चानुजः ।।
वैमात्रस्तु शुजानाम युवराजपदेऽभवत् ।।६६८।।

६६८. तथा सामन्त एक भवन में बन्द कर दिये गये। उस स्थिति में जमनशाह राजा हुआ। उसका अनुज शुजा युवराज पद पर नियुक्त हुआ।

कश्मीरपेशावरसिंधकाबुलकन्धारहेरात्वलखप्रदेशाः ।
मुल्तानइस्माईलखानडेरास्तथा बहावलपुरगाजिडेराः ।।६६९।।

६६९. कश्मीर, पेशावर, सिन्ध, काबुल, कन्धार, हेरात, बलख, मुलतान, डेराइस्माईल खां, बहावलपुर, डेरा गाजी खां—

गजनी च खुरासानो जमनस्याभवन् वशे ।
हुतभूगिन्दु संख्याकास्तस्मिन् राजपदस्थिते ।।६७०।।

६७०. गजनी एवं खुरासान—ये तेरह राज्य जमन शाह के अधिकार में थे। उसके राजपद पर स्थित होने पर—

वह्नचङ्काश्वेन्दुतुल्याब्दे तत्परे तत्परेऽपि च ।
खखखेभमहीव्योमश्रुतिरौप्याण्यभूत्किल ।।६७१।।

कश्मीर की आय :

६७१. ई० वर्ष १७९३-१७९५ में ४०,१८,००० रुपये—

काश्मीराद् भूपतेराय इत्यैतिह्यम्प्रमाणतः ।
हैदरः कैसरश्चैव नासिरः कामरानकः ।।६७२।।

६७२. कश्मीर से आय होती थी। हैदर, कैसर, नासिर एवं कामरान—

चत्वारस्तनया आसन् जमनस्य महीपतेः ।
भ्रातृभ्योऽस्याभवद्भीतिः सततम्प्राणराज्ययोः ।।६७३।।

६७३. ये चार जमन शाह के पुत्र थे। इसको भाइयों से अपने प्राण तथा राज्य नाश का भय सदैव बना था।

मन्त्री रहमतुल्लाखां कृतस्तेन सदोजयी ।
वेदाङ्कशैलचन्द्राब्दे द्वादशे फर्वरीदिने ।।६७४।।

६७४. उसने रहमतुल्ला खां सदोजयी को मन्त्री बनाया था। ई० वर्ष १७९४ में १२फरवरी को—

महदाजीसिन्धियाऽयात्त्रिदिवम्पुण्यपत्तने ।
शराङ्कशैलचन्द्राब्दे शैलेन्द्वह्नि सितम्बरे ।।६७५।।

महादाजी, सिन्धिया की मृत्यु :

६७५. महादाजी सिन्धिया का पूना में देहावसान हो गया। ई० वर्ष १७९५ में १७ सितम्बर को—

ज्वरेण जग्रसे रावपरो माधवपेशवा ।
द्वाविंशेऽक्टूबरेऽयासीच्छ्रीरामविजयोत्सवे ।।६७६।।

६७६. माधव राव पेशवा ज्वर ग्रस्त हुआ। २२ अक्टूबर को विजया दशमी के उत्सव में सम्मिलित हुआ।

पञ्चविंशे स्वभवने पपात् सहसा चलन् ।
सप्तविंशे समाप्तायुर्भुक्तभोगोऽत्यजत्तनुम् ।।६७७।।

काधवराव पेशवा की मृत्यु :

६७७. अक्टूबर २५ को अपने घर में चलते हुए, सहसा गिर पड़ा तथा २७ अक्टूबर को उसकी आयु समाप्त हो गयी। वह दिवंगत हो गया।

रसाङ्काश्वेन्दुतुल्याब्दे रणजिर्तिसहभूपतिः ।
स्वविवाहं बटालायां कृत्वा पत्न्या समागतः ।।६७८।।

६७८. ई० वर्ष १७५६ में राजा रणजीत ने बटाला में विवाह किया तत्पश्चात् वहाँ से पत्नी के साथ—

गुजरानवालानामस्थाने पूर्णमनोरथः ।
शैलाङ्कशैलचन्द्राब्दाद्यमासे जमनोऽचलत् ।।६७९।।

६७९. गुजरान वाला गये। ई० वर्ष १७९६ के जनवरी में जमन शाह—

सुखं विवेश लाहौरं खाग्निसाहस्रसेनया ।
मासमेकं स्थिते तत्र जमने तस्य सोदरः ।।६८०।।

६८०. तीस सहस्र सेना के साथ प्रस्थान कर, सुख पूर्वक लाहौर में प्रवेश किया । जमन के वहाँ एक मास रहने के पश्चात् उसके भ्राता—

महमूदस्तु विद्रोहं गन्धारे कर्त्तुमारभत् ।
तन्निशम्य निवृत्तोऽसौ गन्धारं तद्रिरक्षिषुः ।।६८१।।

६८१. महमूद ने कन्धार में विद्रोह किया । उसे सुनकर, वह कन्धार के रक्षार्थ लौट गया ।

गजाङ्कशैलचन्द्राब्दे त्रीन्मासान् मार्चतः परम् ।
भारते सर ए० क्लर्को राज्यपालाधिपोऽभवत् ।।६८२।।

सर ए० क्लर्क :

६८२. ई० वर्ष १७९८ में मार्च से मई तक भारत में सर ए० क्लर्क गवर्नर जनरल था ।

ततः परस्तात्सप्ताब्दान् मार्किसबेलजलीस्थितः ।
तत्पदे आर्थरश्चासीत्सह तस्य सहोदरः ।।६८३।।

मार्किस वेलेजली :

६८३. तदनन्तर उस पद पर ७ वर्ष तक मार्किस वेल जली था । उसका भाई आर्थर बेल-जली उसके साथ था ।

अग्रिमेऽब्दे पञ्चविंशेऽक्टूबरे जमनः पुनः ।
पेशावरं समागत्य लाहौरमजयत्तथा ।।६८४।।

जमन का लाहौर विजय :

६८४. अग्रिम वर्ष १७९८ ई० में २५ अक्टूबर को जमन शाह ने पेशावर आकर लाहौर विजय किया ।

तस्थौ तत्र चतुर्मासान् सिक्खा नाभिगतास्तु तम् ।
विकीर्णा रणजित्सिंहः सरहिन्दं जगाम च ।।६८५।।

६८५. वह वहाँ चार मास तक स्थित रहा । सिक्खों ने उसका सामना नहीं किया । वे विखर गये । रणजीत सिंह सरहिन्द चले गये ।

निवर्तमाने जमने प्रबुद्धा झेलमः सरित् ।
शतघ्नीर्द्वादशामुष्य संजहार निजोदरे ।।६८६।।

६८६. जमन शाह के लौटते समय झेलम नदी बढ़ी थी । उसके बारह तोप उसके अन्दर डूब गये ।

तदा सिक्खाः पर्वतीयक्षेत्राण्युपगता भिया ।
अहमद्खां बरकजाई कृतो लाहौरराज्यपः ।।६८७।।

६८७. उस समय सिक्ख भयग्रस्त होकर, पर्वतीय क्षेत्रों में चले गये थे । अहमद खां बरक-जई लाहौर में राज्यपाल नियुक्त किया गया ।

जमनेन कृतार्थेन गन्धारं स्वभुवं गतम् ।
अपेते जमने सिक्खा लाहौरं स्ववशे व्यधुः ।।६८८।।

लाहौर पर सिक्खों का अधिकार :

६८८. जमनशाह कृतार्थ होकर, अपनी भूमि कन्धार चला गया। जमनशाह के चले जाने पर, सिक्खों ने लाहौर पर अधिकार कर लिया।

श्रुत्वा तु जमनस्तूर्णमागत्य स्ववशेऽकरोत् ।
नृपतिं रणजित्सिहं कृत्वा पञ्चालराज्यपम् ।।६८९।।

६८९. यह सुनकर, जमनशाह शीघ्र आकर, उसे अधिकृत कर लिया। राजा रणजीत सिंह को पंजाब का राज्यपाल बनाकर—

हेरातं जमनोऽयासीद् गत्वा तत्र सहोदरम् ।
शुजाउल-मुल्कनामानं राज्यपालं चकार ह ।।६९०।।

६९०. जमनशाह हेरात चला गया। वहाँ जाकर, उसने अपने सहोदर शुजाउल-मुल्क को राज्यपाल बनाया।

षष्ठे जुलाईदिवसे नन्दाङ्काश्वेन्दुवत्सरे ।
जिगीषू रणजित्सिहो लाहौरं स्ववशेऽकरोत् ।।६९१।।

रणजीत सिंह का लाहौर पर अधिकार :

६९१. ई० वर्ष १७९९ में छः जुलाई को विजयेच्छुक रणजीत सिंह ने लाहौर को अपने वश में कर लिया।

स विजित्य तु लाहौरं सिक्खराज्यमतिष्ठिपत् ।
तस्यासीदादिमो राजा रणजित्सिह एव हि ।।६९२।।

६९२. उन्होंने लाहौर विजय करके सिक्ख राज्य की स्थापना की। उसके प्रथम राजा रणजीत सिंह हुए।

तदानीं कांगड़ाराज्ये राजा संसारचन्द्रकः ।
चम्पायां जयसिंहोऽभूत् मुल्ताने तु मुजफ्फरः ।।६९३।।

६९३. उस समय कांगड़ा में संसारचन्द्र, चम्पा में जयसिंह तया मुल्तान में मुजफ्फर खां शासक था।

अब्दुल्समदखाँ शास्ता डेराइस्माइलेऽभवत् ।
बहावलपुरे डेरागाजीखाने च दाउदः ।।६९४।।

६९४. अब्दुल समद खां डेरा इस्माईल तथा दाऊद बहावलपुर एवं डेरा गाजी खां का शासक हुआ।

जहानदादस्त्वटके शास्ता मन्त्री च खेलकः ।
पेशावरे फतहखाँ वरकोजयिसंज्ञकः ।।६९५।।

अटक तथा पेशावर :

६९५. अटक का शासक जहान दाद खाँ मंत्री खेल सरदार तथा पेशावर का फतह खाँ वरकोजयी था ।

शास्ता तथैव कश्मीरेऽजीमखाँ राज्यपालकः ।
तथैव बन्नू-मन्केरा-टोक-कोहाटभूमिषु ।।६९६।।

६९६. उसी प्रकार कश्मीर में अजीम खाँ राज्यपाल शासक था । बन्नू, मनकेरा, टोक एवं कोहाट आदि स्थानों पर—

तदानीं बहवोऽभूवन् विभिन्ना यवना नृपाः ।
मन्त्री वफादारखानो जमनप्रतिकूलधीः ।।६९७।।

वफादार खाँ का षडयन्त्र :

६९७. उस समय विभिन्न मुसलमान शासक थे । जमन शाह के विरोधी मंत्री वफादार खाँ ने—

कदाचिद् रचयामास गूढं विद्रोहयोजनाम् ।
प्रागेव योजना ज्ञाता गृहीता अपराधिनः ।।६९८।।

६९८. किसी समय गुप्तरूप से षड़यन्त्र किया । उसका भेद खुल गया । विरोधी पकड़ लिये गये ।

क्रमशो जमनस्याग्रे प्रेषिता यममन्दिरम् ।
रसाक्षिसंख्याद्रोग्धारः पारसाय पलायिताः ।।६९९।।

६९९. वे जमन शाह के समक्ष क्रमशः परलोक भेज दिये गये । छब्बीस विद्रोही फारस पलायित हो गये ।

प्रेरितो जमनद्रोहे महमूदो नृपात्मजः ।
अथेन्द्वभ्रेभभूवर्षे जमनो धनसेनया ।।७००।।

७००. राजकुमार महमूद जमनशाह के साथ विद्रोह करने के लिये प्रेरित किया गया । ई० वर्ष १८०१ में जमनशाह धन तथा सेना के साथ—

पेशावरं च पञ्चालम्प्रतस्थे तदवेत्य वै ।
महमूदः फारसस्थो गन्धाराक्रमणं व्यधात् ।।७०१।।

कन्धार पर आक्रमण :

७०१. पेशावर एवं पंजाब की ओर अग्रसर हुआ । यह जानकर, फारस में स्थित महमूद ने कन्धार पर आक्रमण किया ।

बाग-ए-हुरमुज्स्थाने युयुधे राज्यपालतः ।
विजित्य राज्यपालन्तु गन्धारं स्ववशेऽकरोत् ॥७०२॥

७०२. बाग-ए-हुरमुज में राज्यपाल से युद्ध हुआ। उसने राज्यपाल को जीतकर कन्धार को अपने अधिकार में कर लिया।

श्रुत्वा तु जमनो मध्येमार्गाद् गन्धारमागतः ।
महमूदेन विजितः काबुलन्तु पलायितः ॥७०३॥

७०३. यह समाचार सुनकर, जमनशाह मार्ग के मध्य से ही कन्धार चला गया। वहाँ महमूद खाँ से पराजित होकर, काबुल भाग गया।

काबुले जमनो वीक्ष्य क्षीणतां सैन्यकोषयोः ।
जलालाबादमगमत् शुजा यत्रास राज्यपः ॥७०४॥

७०४. जमनशाह काबुल में सेना तथा कोष क्षीण देखकर, जलालाबाद गया, जहाँ शुजा राज्यपाल था।

समागतस्याकार्षीत्स सोदरस्य सहायताम् ।
काबुलेऽहमदं रक्तोष्णीषाः कृतपदं व्यधुः ॥७०५॥

७०५. उसने आये हुए भाई की उचित सहायता की। किजिलवाशों ने काबुल पर अहमद का अधिकार करा दिया।

तदानीं सेनया सोऽयाज्जलालाबादसम्मुखम् ।
नवगव्यूतिदूरे तु जलालाबादतो युधि ॥७०६॥

७०६. वह सेना के साथ जलालाबाद की ओर अग्रसर हुआ। जलालाबाद से १८ कोश दूर युद्ध में—

विजितो जमनोऽयासीत् शिनवारीनृपान्तिकम् ।
शिनवारीनृपो गुप्तं महमूदमसूचयत् ॥७०७॥

७०७. पराजित जमन शाह शिनवारी[१] नृपति के पास गया। उसने गुप्तरूप से महमूद को—

जमनागमनं ज्ञातं जमनस्याप्यभूदिदम् ।
स हीरकं कोहनूरम्पुखराजं मणिं तथा ॥७०८॥

कोहेनूर हीरा :

७०८. जमनशाह का आगमन सूचित कर दिया। जमन को भी यह ज्ञात हो गया। उसके पास कोहेनूर हीरा तथा पुखराज मणि था।

१. शिनवारी : यह स्थान जलालाबाद (नग्रहार) से २५ मिल पश्चिम स्थित है।

धत्ते स्म सङ्कटे भित्तिच्छिद्रे हीरकमक्षिपत् ।
चिक्षेप पुखराजं च कुल्यायाः सलिले क्वचित् ॥७०९॥

७०९. उसने उस संकट काल में हीरा को भीत की दरार में रख दिया तथा पुखराज नहर में डाल दिया।

चन्द्राभ्रगजभूवर्षे ग्रीष्मेऽयान्महमूदखाँ ।
जलालाबादनगरन्तदानीन्तस्य सम्मुखम् ॥७१०॥

७१०. ई० वर्ष १८०१ के ग्रीष्म ऋतु में महमूद खाँ जलालाबाद नगर आया। उस समय उसके समक्ष—

जमनश्च बफादारो बन्दीकृत्य पुरस्कृतौ ।
बफादारो हतो नेत्रे जमनस्य बहिष्कृते ॥७११॥

७११. जमनशाह तथा वफादार खाँ बन्दी बनाकर लाये गये। वफादार खाँ की हत्या कर दी गयो। जमनशाह की आँखें निकाल ली गयी।

निर्नेत्रः खेषु वर्षाणि स जीवित्वा क्षयं गतः ।
द्विकोटिमितरौप्याणि जित्वाऽऽप्नोन्महमूदखाँ ॥७१२॥

७१२. वह अन्धा होकर ५० वर्ष जीवित रहकर, दिवंगत हुआ। महमूद खाँ ने विजय में दो करोड़ कोष प्राप्त किया।

चन्द्राभ्रगजभूवर्षे जुलाईमासि काबुले ।
महमूदो बादशाहो घोषितः सत्पराक्रमः ॥७१३॥

महमूदखाँ :

७१३. ई० वर्ष १८०१ के जुलाई में महमूद खां काबुल में बादशाह घोषित किया गया।

महमूदस्याङ्गलराज्ये वृद्धवृत्तिः स्म लभ्यते ।
चतुःसहस्रसंख्याका मुद्राः स तु मृतिं गतः ॥७१४॥

७१४. महमूद खाँ अंग्रेजों के राज्य में चार हजार रुपये प्रतिमास वृत्ति प्राप्त करता था। उसका देहान्त—

लुधियानापुरे तस्य समाधिः स्त्रीसमीपतः ।
सरहिन्दे कृतो भक्तैः स्त्रीस्नेहाधिक्यवेदिभिः ॥७१५॥

७१५. लुधियाना में हुआ। उसके स्त्री प्रेम को जानने वालों ने सरहिन्द में उसकी स्त्री की कब्र के समीप उसे दफन किया।

आसीद् रहमतुल्लाखाँ जुमाखानतनूभवः ।
वह्न्यङ्काश्वेन्दुतुल्याब्दे राज्यपस्तूर्नविंशकः ।।७१६।।

रहमतुल्ला खाँ[1] सन् १७९३-१७९४ ई०

७१६. रहमतुल्ला खां जुमा खां का पुत्र था। ई० वर्ष १७९३ में वह १९वां राज्यपाल नियुक्त हुआ।

त्रीन् मासान् द्वादशाहानि सोऽकार्षीत्किल शासनम् ।
विंशस्तदब्देऽभूद्राज्यपालो मीरहजारखाँ ।।७१७।।

मीर हजार खाँ : सन् १७९३ ई०

७१७. उसने तीन मास १२ दिन शासन किया था। इसी वर्ष मीर हजार खां २० वां राज्यपाल नियुक्त हुआ।

चतुर्दशैव मासान् स कृतवान् किल शासनम् ।
साहब्कारीपदेऽकार्षीत् ख्वाजाईशाऽभिधं स वै ।।७१८।।

७१८. उसका शासन केवल चौदह मास था। उसने साहबकारी पद पर, ख्वाजाईश तथा—

मुल्लाकवामुद्दीनन्तु न्यायाधीशमकल्पयत् ।
तस्यैव समये पेशावरे रुग्णस्तिमूरकः ।।७१९।।

७१९. न्यायाधीश पद पर मुल्ला कवामुद्दीन को नियुक्त किया। उसी के समय तीमूर पेशावर में रुग्ण हो गया।

मईमासाष्टादशेऽह्नि वह्न्याङ्काश्वेन्दुवत्सरे ।
तीमूरः काबुलं गत्वा जमनं भक्तमात्मजम् ।।७२०।।

७२०. तीमूरशाह कबुल पहुँचकर ई० वर्ष १७९३ में १८ मई को अपने प्रिय पुत्र जमन को—

लब्ध्वाऽऽशिषा वर्धयित्वा तनुं तत्याज तुष्टधीः ।
पितुर्वियोगवैकल्यमपोह्य जमनो ययौ ।।७२१।।

जमन खां

७२१. आशीर्वाद देकर दिवंगत हो गया। पिता के वियोग-दुःख को दूर कर, जमन खां—

कमराजं तत्र सर्वैं राजभिः सोऽभिनन्दितः ।
ततोऽयाल्लहरं तत्र जनता दीपमालिकाम् ।।७२२।।

७२२. कमराज चला गया। वहां सब राजाओं ने उसका अभिनन्दन किया। वहाँ से वह लहर गया। वहाँ जनता ने दीपमालिका—

---

१. डॉ० सूफी १७९३ ई० के स्थानपर सन् १७९२ ई० देता है।

प्रज्वाल्य तस्य सत्कारं चक्रे दक्षस्य शासितुः ।
तदा हजारखां नामाभवत्कश्मीरराज्यपः ॥७२३॥

७२३. प्रज्वलित कर उस चतुर शासक का स्वागत किया । उस समय कश्मीर में हजार खां राज्यपाल था ।

क्रूरो हिंस्रः प्रजाद्रोही स्वतन्त्रं स्वमघोषयत् ।
हिन्दून्हत्वा नेतृवर्गान् विप्रान्वारिष्वमज्जयत् ॥७२४॥

७२४. वह क्रूर, हिंसक एवं प्रजाद्रोही था । उसने स्वयं को स्वतन्त्र घोषित किया था । हिन्दू नेताओं का वध कराया तथा अनेक विप्रों को पानी में डुबा दिया था ।

जीवतां करभारेण मानसं समपीडयत् ।
निशम्य जमनो वृत्तं वेदाङ्काश्वेन्दुवत्सरे ॥७२५॥

७२५. जीवित लोगों का मन, कर-भार से पीड़ित कर दिया था । ई० वर्ष १७९४ में यह वृत्तान्त सुन कर जमन खां ने—

विनेतुं मिरजाखानं तत्समीपमयापयत् ।
स चरम्पितरं वन्दीकृत्याहङ्कारदूषितः ॥७२६॥

७२६. उसे नियमित करने के लिये, मिरजा खां को भेजा । अहङ्कार वश उसने पिता के दूत को बन्दी बना कर—

योद्धुं चकार सन्नाहं जमनेनास्तसत्क्रियः ।
सेनाद्वादशसाहस्रं युद्धाय जमनोऽहिनोत् ॥७२७॥

७२७. जमन खां के साथ युद्धार्थ सन्नद्ध हो गया । जमन खां ने युद्ध के लिये १२ हजार सेना भेज दी ।

युद्धे तत्पक्षपुरुषा भिन्ना जमनमागताः ।
हजारो हतसत्कारो जयाशाघातखिन्नधीः ॥७२८॥

७२८. युद्ध में उसके पक्ष के लोग फूट कर, जमन के पक्ष में आ गये । विजय की आशा विनष्ट हो जाने पर, तिरस्कृत हजार खां—

रक्षितुं स्वं खानकाहमौलास्थाने न्यलीयत ।
जमनस्तं समानाय्य कृपणं जीवनार्थिनम् ॥७२९॥

७२९. अपनी रक्षा के लिये खानकाह मौला में छिप गया । जमन ने जीवितार्थी उसे वहाँ से निकाल कर—

बन्दीकृत्य क्षमित्वा च कन्धारं गन्तुमत्यजत् ।
एकविंशो राज्यपालो वेदाङ्काश्वेन्दुवत्सरे ॥७३०॥

रहमतुल्ला खां (द्वितीय बार) ई वर्ष १७९४ :

७३०. बन्दी बनाकर, पुनः क्षमा दान देकर, कन्धार जाने के लिये मुक्त कर दिया । ई० वर्ष १७९४ में—

पुना रहमतुल्लाखां चतुर्मासान् बभूव ह ।
किफायतुल्ला द्वाविंशस्तत्राब्दे राज्यपोऽभवत् ।।७३१।।

७३१. रहमतुल्ला खां पुनः एक्कीसवां राज्यपाल नियुक्त हुआ। उसका शासन चार मास था। किफायतुल्ला खां उसी वर्ष बाईसवां राज्यपाल बना।

स मिर्जाबदरुद्दीने न्यस्तकार्यभरोऽभवत् ।
तदा मुल्ला मसऊदो न्यायाधीशपदे कृतः ।।७३२।।

७३२. उसने मिर्जा बदरुद्दीन पर कार्यभार रख दिया था। उस समय मुल्ला मसऊद न्यायाधीश (काजी) नियुक्त किया गया था।

अब्दूल्ला च कृतो मुफ्ती त्रिमासान् कृतशासनः ।
राज्यपः काबुलं यातो बदरुद्दीननिर्भरः ।।७३३।।

७३३. मुल्ला अब्दुल्ला मुफ्ती नियुक्त हुआ। राज्यपाल तीन मास शासन कर, बदरुद्दीन को स्थानापन्न कर, काबुल चला गया।

तस्मिन्विप्रोषिते तत्रोदारे जनहितैषिणि ।
शियासुन्नीवर्गवैरं ववृधे राज्यपस्तदा ।।७३४।।

७३४. उदार एवं जनहितैषी उसके चले जाने पर, शिया सुन्नियों में वैरभाव बढ़ गया। उस समय राज्यपाल—

निवृत्तः पञ्चमासान्ते नीत्या वैरमशीशमत् ।
तदा बम्बादिभिर्द्रोहः सामन्तानां मिथोऽभवत् ।।७३५।।

७३५. पांच मास पश्चात् लौट आया और उसने नीतिपूर्वक वैरभाव शान्त कर दिया। उसी समय बम्बा आदि लोगों के साथ सामन्तों का द्रोह हो गया।

तच्छान्तौ विफलः कार्यभारं तत्याज राज्यपः ।
तदाऽरसलनः खानोऽमीरपुत्रस्तु शासने ।।७३६।।

७३६. उसे शान्त करने में विफल, राज्यपाल ने पद त्याग दिया। उस समय अमीर खां का पुत्र अरसलन खां शासन पर—

नियुक्तः स सहायं स्वं मुहम्मदमकल्पयत् ।
स मुहम्मद एवाग्रे राज्यपालपदे कृतः ।।७३७।।

७३७. नियुक्त किया गया। उसने मुहम्मद को अपना सहायक उपराज्यपाल बनाया। वही मुहम्मद खां आगे चलकर राज्यपाल पद पर नियुक्त हुआ।

आदेशाद्वादशाहस्य बाणाङ्काश्वेन्दुवत्सरे ।
त्रयोविंशो राज्यपोऽयमस्य सेनाऽधिकारिणः ।।७३८।।

मुहम्मद खां जवां शेर ई. वर्ष १७९५ :

७३८. वह बादशाह के आदेश से ई० वर्ष १७९५ में राज्यपाल नियुक्त हुआ। सेनाधिकारियों ने इसके—

नियुज्यमान एवास्मिंस्तदाधीन्यमवर्जयन् ।
स्थिते शेरगढ़ीदुर्गे राज्यपे द्रोहतत्पराः ॥७३९॥

७३९. राज्यपाल नियुक्त होते ही, उसकी अधीनता छोड़ दी। जब राज्यपाल शेरगढ़ी दुर्ग में स्थित था, उसी समय विद्रोही—

सैंनिका दुर्गमावृत्य बलात्तद्ग्रहणेऽयतन् ।
सोऽप्यग्निगोलकान् भूयो वर्षयन् दृढसाहसैः ॥७४०॥

७४०. सैनिकों ने दुर्ग घेर कर, उसे बलात् पकड़ने का प्रयत्न किया। गोली वर्षा करते हुए, उसको सचिवों के साथ प्रबल साहसी—

प्रविश्य दुर्गं सचिवैः सह वन्दीकृतोऽरिभिः ।
मियाँ खाँ मोमिनश्चैव द्वाविमौ मुख्यवैरिणौ ॥७४१॥

७४१. शत्रुओं ने दुर्ग में प्रवेश कर, बन्दी बना लिया। मिया खां एवं मोमिन खां प्रमुख बैरी थे।

राज्यपस्य परस्तात्तु सममावं गतास्त्रयः ।
स्वतन्त्राः शासनं चक्रुः समभावादवैरिणः ॥७४२॥

७४२. राज्यपाल के पश्चात् तीनों परस्पर मिल गये। वे बिना बैर भाव के स्वतन्त्र शासन करने लगे।

ज्ञातवृत्तस्तु जमनो विनेष्यन् स्वैरचारिणः ।
सम्प्रेष्य प्रबलौ दूतौ द्रोहिणो निजसम्मुखम् ॥७४३॥

७४३. समाचार जानकर, जमनशाह ने स्वेच्छाचारियों को विनीत करने की इच्छा से दो प्रबल दूतों को भेजकर, अपने समक्ष विद्रोहियों को—

आनाय्य भर्त्सयित्वा तान्विससर्ज विचक्षणः ।
अब्दुल्लाखां चतुर्विंशो राज्यपस्त्वलकोजयी ॥७४४॥

अब्दुल्ला खां अलकोजयी ई० वर्ष १७९६-१८०७ :

७४४. उपस्थित कर, उन्हें संतर्जित कर क्षमा कर दिया। अब्दुल्ला खां अलकोजयी—

रसाङ्काश्वेन्दुवर्षेऽभूद्रुद्रवर्षाण्यशादसौ ।
यदा स काबुलं याति तदा कञ्चिन्निजानुजम् ॥७४५॥

७४५. ई० वर्ष १७९६ में चौबीसवां राज्यपाल नियुक्त हुआ। उसने ११ वर्ष शासन किया, जब वह काबुल जाता था, उस समय अपने भाई को—

समर्प्य कार्यभारं स्वं याति तर्ह्यप्युपद्रवः ।
युद्धं हिंसा निग्रहश्च प्रायो बम्बादिभिर्भवेत् ॥७४६॥

७४६. कार्यभार सौप देता था। उस समय बम्बा आदि लोग प्रायः उपद्रव, युद्ध, हिंसा एवं निग्रह करते थे।

समागत्य पुनः शान्ति स्थापयेत्स्वप्रभावतः ।
तदानीं काबुले राजप्रभावः शिथिलोऽभवत् ॥७४७॥

७४७. राज्यपाल आकर, पुनः शान्ति स्थापित करता था। उस समय काबुल में राजा का प्रभाव शिथिल हो गया था।

तेनायं राज्यपालः स्वं तदाधीन्याद्विमोचयन् ।
स्वतन्त्रशासनं कर्तुम्भूमिकां क्रमशोऽकरोत् ॥७४८॥

७४८. अतएव राज्यपाल ने स्वयं को उसकी अधीनता से, मुक्त करने की इच्छा से, स्वतंत्र शासन करने के लिये, क्रमशः भूमिका तैयार करने लगा।

अङ्काङ्काश्वेन्दुतुल्याब्दे काबुले भूभृतो मिथः ।
मिलित्वा जमनं जेतुं चक्रुःकञ्चिदुपक्रमम् ॥७४९॥

७४९. ई० वर्ष १७९९ में परस्पर मिलकर, राजाओं ने काबुल में जमन को जीतने के लिये कुछ उपद्रव किया।

रहस्यभेदे सञ्जाते नैके प्रायेण दण्डिताः ।
केचित्पलायिता दूरम्बलिष्ठं शरणं गताः ॥७५०॥

७५०. रहस्य उद्घाटित हो जाने पर, बहुत लोग दण्डित किये गये, कुछलोग दूर पलायित होकर, वलवान् के शरण में चले गये।

राज्यपोऽयं दृढां सेनां कृत्वा त्र्ययुतसंख्यया ।
पार्श्ववर्तिषु राज्येषु प्रभावं स्वमवर्धयत् ॥७५१॥

७५१. राज्यपाल ने ३०००० सेना सुदृढ़ कर, पार्श्ववर्ती राज्यों पर, अपना प्रभाव बढ़ा लिया।

दत्त्वा मुजफ्फराबादं राज्यपाल उदूढवान् ।
कन्याम्फतहखानस्य शाहवाजस्य चापराम् ॥७५२॥

७५२. राज्यपाल ने फतह खां को मुजफ्फराबाद देकर, उसकी तथा शाहबाज की कन्या से विवाह किया।

टिक्कूपाधिर्नन्दरामः काबुलेऽभूत्प्रभाववान् ।
मन्त्री तदाश्रितष्टिक्कू कश्मीरे हरदासकः ॥७५३॥

७५३. नन्दराम टिक्कू काबुल में प्रभावशाली मन्त्री था। उसका आश्रित हरदास टिक्कू कश्मीर में—

राज्यपालसमैश्वर्यो राज्यपालसमादरः ।
बभूव तस्य विद्वेषो राज्यपाले समापतत् ॥७५४॥

७५४. राज्यपाल के समान ऐश्वर्यशाली एवं राज्यपाल द्वारा समादर प्राप्त था। कालान्तर में राज्यपाल उसके प्रति विद्वेष युक्त हो गया।

जमनेन समाहूय राज्यपालस्तु काबुले ।
वालाहिसारभवने बन्दीकृत्याभिरक्षितः ॥७५५॥

७५५ जमन खां ने राज्यपाल को काबुल बुलाकर, वाला हिसार दुर्ग में बन्दी बना दिया ।

राज्यपालानुजश्चक्रे राज्यपालो वकीलखां ।
सम्बन्धात्काबुले राज्ये सम्बन्धो ह्यर्थसाधकः ॥७५६॥

७५६. राज्यपाल का भाई वकील खां सम्बन्ध के कारण काबुल राज्य में राज्यपाल नियुक्त किया गया । सम्बन्ध अभीष्ट साधक होता है ।

बन्दीकृतो राज्यपोऽपि विद्रोहाय निजानुजम् ।
अतामुहम्मदं नाम काबुलाद् गुप्तमैरयत् ॥७५७॥

७५७. बन्दी राज्यपाल ने अपने भाई अतामुहम्मद को विद्रोह करने के लिये गुप्त रूप से प्रेरित किया ।

स त्वीरितः प्रकृत्योग्रो हत्वा पूर्वं सहोदरम् ।
वकीलखानं युद्धार्थमयाद् बारहमूलकम् ॥७५८॥

अतामुहम्मद खां का विद्रोह :

७५८. उसकी प्रेरणा से स्वभावतः उग्र, वह सर्व प्रथम अपने भ्राता वकील खां का वध करके, युद्धार्थ बारहमूला गया ।

प्रेषितः काबुलान्मुल्लाऽहमदः खां जिगीषया ।
अतामुहम्मदस्याऽयाकृष्णगङ्गातटे शुभे ॥७५९॥

७५९. अता मुहम्मद खां को जीतने के लिये काबुल से मुल्ला अहमद खां प्रेषित किया गया। कृष्ण गङ्गा के तटपर—

पक्षयोरभवद्युद्धं तत्राजैषीन्मुहम्मदः ।
बम्बासाहाय्यतो बन्दीचकाराहमदं सुखम् ॥७६०॥

७६०. दोनो पक्षों में युद्ध हुआ । उसमें मुहम्मद खां की विजय हुई । बम्बा लोगों की सहायता से अहमद बन्दी बना लिया गया ।

अफगानचमूर्विष्वग्विकीर्णा प्रपलायिता ।
जयी मूहम्मदो वन्दीचकार हरदासकम् ॥७६१॥

७६१. अफगान सेना बिखर कर, दिशाओं में पलायित हो गयी । विजयी मुहम्मद खां ने हरदास को बन्दी बना लिया ।

परेते जमने चन्द्राभ्रेभेन्द्वब्दे तदासनम् ।
जग्राह महमूदाख्यस्तत्र त्ववसरे शुभे ॥७६२॥

७६२. जमनशाह के दिवंगत हो जाने पर ई० वर्ष १८०१ में उसका सिंहासन महमूद ने प्राप्त किया । उस शुभ अवसर पर—

अब्दुल्लाखांराज्यपालं काराध्यक्षो व्यसर्जयत् ।
तेन प्रसन्नो मुद्राणां लक्षम्प्रादात्पुरस्कृतिम् ॥७६३॥

७६३. काराध्यक्ष ने राज्यपाल अब्दुल्ला खां को मुक्त कर, कश्मीर भेज दिया। उससे प्रसन्न होकर राज्यपाल ने—

सहायाताय कश्मीरं काराध्यक्षाय राज्यपः ।
चन्द्राभ्रेभेन्दुतुल्याब्दे जम्मूराज्यवाप वै ॥७६४॥

७६४. काराध्यक्ष को एक लाख रुपया पुरस्कार दिया। ई० वर्ष १८०१ में—

नृपालो रणजित्सिंहो द्विवर्षानन्तरम्पुनः ।
सुधासरं झंगमुश्चं स्वाधिकारस्थितं व्यधात् ॥७६५॥

जम्मू, झंग, ऊच :

७६५ राजारणजीत सिंह ने जम्मू राज्य प्राप्त किया। दो वर्ष पश्चात् उन्होंने अमृतसर, झंग एवं ऊंच को अपने अधिकार में कर लिया।

कदाचिद्राज्यपस्यास्य वृक्कपीडा बभूव ह ।
वैद्येनोक्ता चिकित्साऽस्य कुमारीशीलभञ्जनम् ॥७६६॥

कुमारियों का शीलभंग :

७६६. किसी समय राज्यपाल के वृक्क (गुर्दा) में पीड़ा हुई। वैद्य (जवाद) ने उसकी औषधि कुमारियों का शीलभंग बतलाया।

तस्य कोशिवसंज्ञैका बन्धकी निशि कन्यकाम् ।
आनीय प्रत्यहं दत्ते स रात्रौ परिणीय ताम् ॥७६७॥

७६७. कोशिव नाम्नी बन्धकी प्रतिदिन रात्रि में कन्या लाकर, उसे अर्पित करती थी। वह रात्रि में उसे परिणीत कर—

भुक्त्वा प्रातः परित्यागं करोति स रौप्यकैः ।
प्रायः पञ्चशतैर्वस्त्रद्वयेन निशि चापराम् ॥७६८॥

७६८. भोगोपरान्त प्रातः लगभग पांचसौ रुपये एवं युगल वस्त्र देकर, उसे त्याग देता था। दूसरो रात अन्य—

वृणीते कन्यकास्तेन बह्वयः पापेन दूषिताः ।
तद्भिया ब्राह्मणाः स्वीया विरूपकरणेच्छया ॥७६९॥

७६९. कन्या वरण करता था। उस पापी ने बहुत कन्याओं को दूषित किया। उसके भय से ब्राह्मणों ने कुरुप करने के लिये—

कन्यका मुण्डयामासुर्नासाग्रं चापि चिच्छिदुः ।
वह्न्यभ्रेभेन्दुतुल्याब्दे चतुर्विंशे सितम्बरे ॥७७०॥

७७०. कन्याओं को मुण्डित कर दिया था। उनकी नाक काट ली। ई० वर्ष १८०३ में २४ सितम्बर को—

स्वीचक्रुर्देहलीमाङ्ग्ला जित्वा भारतसैनिकान् ।
अक्टूबरे द्वितीयेऽह्नि मथुरामागरामथ ॥७७१॥

अंग्रेजों का दिल्ली पर अधिकार :

७७१. अंग्रेजों ने भारतीय सैनिकों को जीतकर, दिल्ली पर अधिकार कर लिया। २ अक्टूबर को मथुरा पर उनका अधिकार हो गया एवं आगरा को—

दिने सप्तदशे जिग्युः कालेन बलिनस्तदा ।
बाणव्योमेभचन्द्राब्दे शीतेन घनतां गतम् ॥७७२॥

७७२. १७ अक्टूबर को जीत लिया। ई० वर्ष १८०५ में अतिशीत के कारण—

वितस्तासलिलं तत्र भूमिवद्भारिणोऽचलन् ।
काबुलात्प्रेषिता सेना अब्दुल्लादमनेच्छया ॥७७३॥

वितस्ता जमी :

७७३. वितस्ता का जल जम गया। उस पर लोग भार के साथ चलते थे। अब्दुल्ला खां का दमन करने के लिये काबुल से सेना भेजी गयी।

युध्यस्व वा करं देहीत्येतत्सन्देशसंयुता ।
दृप्तः स संगरं वव्रे युद्ध्वा कालात्पराजितः ॥७७४॥

७७४. उसके साथ राजा का यह सन्देश था 'युद्ध करो या कर दो'। गर्वोन्नत उसने युद्ध वरण किया और युद्ध करके पराजित हो गया।

आत्मानं रक्षितुं तर्हि वीरूदुर्गमुपाश्रितः ।
अतामुहम्मदस्त्वन्यः प्रेषितस्तम्प्रशिक्षितुम् ॥७७५॥

७७५. उसने अपनी रक्षा के लिये वीरु-दुर्ग में आश्रय लिया। उसे प्रबोधित करने के लिये अतामुहम्मद खां भेजा गया।

तृतीये जूनदिवसे रसाभ्रेभेन्दुवत्सरे ।
अतामुहम्मदात्पूर्वं कालेनैव स नाशितः ॥७७६॥

७७६. ई० वर्ष १८०६ में तीन जून को, वह अता मुहम्मद खां के (पहुँचने के) पूर्व ही, काल कवलित हो गया।

सैय्यिद्मन्सूरसविधे शवस्तस्य न्यखन्यत ।
प्रेषितस्तद्देशभक्तैः पश्चादुत्खाय काबुलम् ॥७७७॥

७७७. उसका शव सैय्यिद मन्सूर के समीप दफनाया गया। तत्पश्चात् उसके देशभक्तों ने खोदकर शव काबुल भेज दिया।

पञ्चविंशो राज्यपालोऽभवत् शेरमुहम्मदः ।
पञ्चैव मासानङ्काभ्रगजेन्दुमितवत्सरे ॥७७८॥

वजीर शेर मुहम्मद खां तथा उसका पुत्र अतामुहम्मद खां ई० वर्ष १८०६-१८१० :

७७८. वजीर शेरमुहम्मद खां पठानकाल का पच्चीसवां राज्यपाल हुआ। उसने ई० वर्ष १८०६ में केवल पांच मास शासन किया।

अतामुहम्मदं नाम स्वसुतं स सितम्बरे ।
स्वपदे स्थापयित्वाऽयात्काबुलं राज्यनिस्पृहः ॥७७९॥

७७९. २८ सितम्बर को राज्य-निस्पृह वह अपने पुत्र अतामुहम्मद को उस पद पर, नियुक्त कर काबुल चला गया।

अतामुहम्मदोऽप्यासीत्पितेवोदारशासकः ।
न्यायप्रियः स सहजरामं मन्त्रिपदेऽकरोत् ॥७८०॥

७८०. अता मुहम्मद पिता के समान न्यायप्रिय एवं उदार शासक था। उसने सहजराम को मन्त्रीपद पर नियुक्त किया था।

अतामुहम्मदः शेखनुरुद्दीनर्षिसंज्ञया ।
गजाभ्रेभेन्द्वब्दतस्त्रीनब्दान्मुद्रा अमुद्रयत् ॥७८१॥
तथा सेतुं वितस्तायां व्यधाद् बारहमूलके ॥

७८१. अता मुहम्मद ने ई० वर्ष १८०८ से तीन वर्ष तक शेख नुरुद्दीन ऋषि के नाम पर, मुद्रा टंकणित तथा बारहमूला में वितस्ता पर सेतु निर्मित कराया।

बादशाहः शाहशुजा चमूं कश्मीरमैरयत् ।
अतामुहम्मदं जेतुं युद्धम्पक्षद्वयेऽभवत् ॥७८२॥

७८२. बादशाह शाहशुजा ने अतामुहम्मद को जीतने के लिये सेना को कश्मीर प्रेषित किया। दोनों पक्षों में—

स्थाने शाहदरासंज्ञे राजसेना पराजिता ।
अकरामः सैन्यपोऽयात्काबुलन्तु पलायितः ॥७८३॥

७८३. शाहदरा स्थान पर युद्ध हुआ। राजसेना पराजित हो गयी। सेनापति अकराम काबुल पलायित हो गया।

राज्यपः शारिकाशैले सोपोरे दुर्गनिर्मितिम् ।
चक्रे मुजफ्फराबादे नाना सेनोचितस्थले ।।७८४।।

७८४. राज्यपाल ने सैन्य निवेशोचित स्थान शारिका पर्वत, सोपोर एवं मुजफ्फराबाद में अनेक दुर्गों का निर्माण कराया ।

अङ्काभ्रगजचन्द्राब्दे महमूदेन निर्जितः ।
बादशाहः शाहशुजा निमलासंज्ञकस्थले ।।७८५।।

७८५. ई० वर्ष १८०९ में शाहशुजा निमला स्थान पर महमूद द्वारा पराजित हो गया ।

स कुटुम्बं निजं नेत्रहीनं च जमनं तदा ।
रक्षार्थम्प्रेषयामासावशो रावलपिण्डिकाम् ।।७८६।।

७८६. उस समय विवश होकर, उसने अपने कुटुम्ब तथा अन्धे जमनशाह को रक्षाहेतु रावलपिण्डी भेज दिया ।

राज्यपो विस्मृतद्वेषः शुजां कश्मीरमाह्वयत् ।
दूरदर्शी मित्रशक्तिवृद्धये संविदं व्यधात् ।।७८७।।

७८७. दूरदर्शी राज्यपाल ने द्वेष भाव विस्मृत कर, शुजा को कश्मीर बुलाया और मित्र की शक्ति में वृद्धि करने का बचन दिया।

राज्यपोऽयं खेन्द्विभेन्दुवर्षे स्वीयां स्वतन्त्रताम् ।
जुघोष काबुले राज्याशक्ति दृष्ट्वा धृताभयः ।।७८८।।

७८८. राज्यपाल अतामुहम्मद खां काबुल में राज्यशक्ति निर्बल देखकर, निर्भय हो गया । उसने ई० वर्ष १८१० मे अपनी स्वतन्त्रा घोषित कर दी ।

शुजा कश्मीरमायातो राज्यपः स्वां तु संविदम् ।
विस्मृत्य शारिकाशैलदुर्गे बन्दीचकार तम् ।।७८९।।

शुजा बन्दी बना :

७८९. शुजा कश्मीर आया । राज्यपाल अपनी प्रतिज्ञा भूलकर, उसे शारिका दुर्ग में बन्दी बना दिया ।

बादशाहे शाहशुजि राज्यपस्य कुचेष्टितम् ।
आकर्ण्य महमूदस्तु कुपितः प्राहिणोच्चमूम् ।।७९०।।

७९०. कश्मीर में बादशाह शुजा के प्रति, राज्यपाल का दुर्व्यवहार सुनकर, क्रुद्ध शाह महमूद ने कश्मीर में सेना भेज दी ।

राज्यपस्याखिलां ज्ञातिं नाशयामास सा चमूः ।
अपरां च चमूं शाहशुजामोक्षणहेतवे ।।७९१।।

७९१. उस सेना ने राज्यपाल की समस्त जाति को विनष्ट कर दिया । शाहमहमूद शाह शुजा की मुक्ति के लिये दूसरी सेना—

महमूदः प्रेषयिष्यन्नभूत्तेन विकम्पितः ।
कुरानखड्गपाशान् स दधानो हस्तयोर्गले ।।७९२।।

७९२. भेजना चाहता था। इससे वह कांप उठा। हाथों में कुरान और तलवार लेकर तथा गले में पाश (फांसी) डालकर, वह—

सम्प्रार्थयन् क्षमां शाहशुजासम्मुखमागतः ।
तेन वैरं क्षणं शान्तं किन्त्वन्येऽपि विरोधिनः ।।७९३।।

७९३. क्षमा प्रार्थी होकर, शाह शुजा के समक्ष आया। कुछ समय के लिये, बैर शान्त हो गया, किन्तु अन्य विरोधी—

कश्मीराक्रमणच्छिद्रगवेषणरताः स्थिताः ।
आसीत्फतहखाँ नाम कश्मीरग्रहणोत्सुकः ।।७९४।।

७९४. कश्मीर पर आक्रमण करने का समय ढूंढ रहे थे। फतह खां कश्मीर को हस्तगत करने के लिये अत्यन्त उत्सुक था।

कश्मीरायतृतीयांशमष्टलक्षात्मकं स वै ।
प्रदित्सू रणजित्सिहं पार्णिग्राहमयाचत ।।७९५।।

७९५. कश्मीर की आय का तृतीय भाग आठ लाख रुपया प्रदान करने की इच्छा प्रकट कर, उसने राजा रणजीत सिंह से मैत्री की याचना की।

अङ्काभ्रेभेन्दुतुल्याब्दे रणजित्सिहभूपतिः ।
स्वसैन्यं मोहकमचन्द्रं सादिपदातिभिः ।।७९६।।

७९६. ई० वर्ष १८०९ में राजा रणजीत सिंह ने अपने सेनापति मोहकम चन्द्र को दश-सहस्र अश्वारोही एवं पदाति—

सैनिकैरयुतप्रायैः कश्मीरे योद्धुमैरयत् ।
पाठानानां सहायत्वमुपेत्य युयुधुस्त्विमे ।।७९७।।

७९७. सैनिकों के साथ कश्मीर में युद्ध करने के लिये प्रेषित किया। पठानों की सहायता प्राप्त कर, उन लोगों ने युद्ध किया।

युद्धेऽत्र राज्यपस्यैके सैनिकाः परपक्षगाः ।
बभूवुरवशस्तेन राज्यपालः पराजितः ।।७९८।।

७९८. इस युद्ध में राज्यपाल के पक्ष के कुछ लोग शत्रु पक्ष में चले गये। उससे विवश राज्यपाल पराजित हो गया।

स्वरक्षार्थं शेरगढ़ीदुर्गमागत्य सोऽभवत् ।
प्रागेव शारिकादुर्गे वन्दी शाहशुजाऽभवत् ।।७९९।।

७९९. वह अपनी रक्षा के लिये शेरगढ़ी दुर्ग आया। शाह शुजा शारिका दुर्ग में पहले से बन्दी था।

द्वाविमावप्यरी लब्धुम्फतहो दुर्गयोर्द्वयम् ।
आवृणोत्सेनया तौ तु बिभ्यतौ तद्वशत्वतः ॥८००॥

८००. फतेह मुहम्मद उन दोनों शत्रुओं को प्राप्त करना चाहता था। अतः उसने सेना से दोनो दुर्ग घेर लिया। वे दोनों उससे भयभीत थे।

यातौ मुहकमं चन्द्रं शरणं स्वौ रिरक्षिषू ।
आह शाहशुजा चेन्मां फतहादभिरक्षसि ॥८०१॥

८०१. अपनी रक्षा की कामना से मुहकमचन्द्र के शरण गये। शाहशुजा ने उससे कहा—'यदि आप फतेहमुहम्मद से मेरी रक्षा करेंगे तो मैं—

तदा दद्यां रणजिते कोहनूरं स्वहीरकम् ।
अतामुहम्मदोऽप्याह यद्यहं स्यां सुरक्षितः ॥८०२॥

८०२. रणजीत सिंह को अपना कोहेनूर हीरा दे दूँगा' अतामुहम्मद ने भी कहा—'यदि मैं सुरक्षित रहूँगा तो—

अटकस्य तदा दुर्गं दद्यां रणजिते स्वकम् ।
ययाचे फतहस्त्वेतौ वन्दिनौ रणजिन्नृपम् ॥८०३॥

८०३. रणजीत सिंह को अटक का अपना दुर्ग दे दूँगा'। फतेह मुहम्मद ने राजा रणजी सिंह से इन दोनों बन्दियों को मांगा।

न कञ्चिन्निर्णयं तर्हि कृतवान्नीतिविन्नृपः ।
तदा शाहशुजापत्नी ययाचे रणजिन्नृपम् ॥८०४॥

८०४. नीतिमान् नृपति ने उस समय कोई निर्णय नहीं किया। शाहशुजा की पत्नी ने रणजीत सिंह से—

कोहनूरम्प्रदित्सन्ती स्वपतेः प्राणरक्षणम् ।
स्वप्रार्थनापत्रमेकं राज्यपः प्राहिणोन्नृपम् ॥८०५॥

८०५. कोहनूर प्रदान करने की इच्छा प्रकट कर, अपने पति के प्राण रक्षार्थ याचना की। राज्यपाल ने नृपति के पास एक प्रार्थना पत्र प्रेषित किया।

मां रक्ष दुर्गमटकस्थितं मे त्वं गृहाण च ।
प्रशंसन् रणजित्सिहो निजसैन्यपकौशलम् ॥८०६॥

८०६. 'आप मेरी रक्षा करें और अटक स्थित मेरा दुर्ग ग्रहण कर लें'। बुद्धिमान् रणजीत सिंह ने अपने सेनापति के कौशल की प्रशंसा कर—

रिरक्षिषुः सादरं तावाजुहाव विचक्षणः ।
यथाप्रतिज्ञं तौ तत्तद् ददतुः प्राप्तरक्षणौ ॥८०७॥

८०७. रक्षा करने की इच्छा से, उन दोनों को बुला लिया। रक्षा प्राप्त कर दोनों ने पूर्व प्रतिज्ञा के अनुसार तत्-तत् देय वस्तु प्रदान किया।

अतामुहम्मदोऽन्येद्युः फतहेनापि सन्दधे ।
विराज्यस्य शाहशुजः परिवारं स्वके गृहे ॥८०८॥

८०८. दूसरे दिन अतामुहम्मद ने फतेह मुहम्मद के साथ सन्धि कर लिया । राज्य विहीन शाहशुजा के परिवार की अपने घर में—

ररक्ष रणजित्सिहो जमनं च गतेक्षणम् ।
खखेष्विन्दुमिता मुद्राः प्रतिमासं जराभृतिम् ॥८०९॥

८०९. रणजीत सिंह ने रक्षा की । उन्होंने अन्धे शाहजमन को १५०० रुपये प्रतिमास वृद्धावस्था के पोषणार्थ—

दत्त्वा निवासयामास लाहौरे जमनं तु सः ।
नेत्रेन्द्विभेन्दुतुल्याब्दे फतहं रणजिन्नृपः ॥८१०॥

८१०. प्रदान कर लाहौर में बसा दिया । ई० वर्ष १८१२ में रणजीत सिंह ने फतेह मूहम्मद को—

कश्मीराक्रमणेऽनुज्ञामदात्पूर्वायलब्धितः ।
फतहस्त्वटके दुर्गमावृत्य निजसेनया ॥८११॥

८११. आय का तृतीय भाग देने की शर्त पर कश्मीर पर आक्रमण करने की आज्ञा प्रदान कर दी । मुहम्मद ने अपनी सेना से अटक में दुर्ग घेरकर—

युयोध तज्जिघृक्षुस्तच्छ्रुत्वा मुहकमादयः ।
सेनयोपेत्य युद्ध्वा तान् झटित्येव न्यवारयन् ॥८१२॥

८१२. उसे पकड़ने की इच्छा से, युद्ध किया । वह समाचार सुनकर, मुहकमचन्द्र आदि सेना के साथ पहुँचकर, युद्ध करके शीघ्र ही उन्हें निवारित कर दिये ।

दुर्गन्तु स्ववशे जातम्पठाना दभ्रसौहृदाः ।
वह्नीन्द्विभेन्दुतुल्याब्दे रणजित्सिहसाह्यतः ॥८१३॥

८१३. दुर्ग अपने अधिकार में आ गया । पठानों की मित्रता कुछ बढ़ गयी । ई० वर्ष १८१३ में रणजीत सिंह की सहायता से—

षड्विंशो राज्यपालोऽभूत्पठानः फतहस्त्वयम् ।
त्रीनेव मासान् कश्मीरे स्थित्वाऽयात्काबुलं स्वयम् ॥८१४॥

८१४. वजीर फतेह मुहम्मद खां छब्बीसवां राज्यपाल हुआ । वह केवल तीन मास कश्मीर रहकर, स्वयं काबुल चला गया ।

स्वपदे स्वानुजं चक्रे मुहम्मद् आजिमं तदा ।
रणजित्सेनया युद्धं हसनाब्दालभूतले ॥८१५॥

८१५. उस समय अपने पद पर, अपने भ्राता मुहम्मद आजिम को नियुक्त कर दिया था । हसन अब्दाल में रणजीत सिंह की सेना के साथ—

सैनिकैराजिमस्यासीत्सिक्खास्तत्र तु निर्जिताः ।
जूने मुहकमश्चन्द्रो हसनाब्दालमागतः ॥८१६॥

८१६. आजिम के सैनिकों का युद्ध हुआ । उसमें सिक्ख पराजित हो गये । मुहकमचन्द्र जून में हसन अब्दाल आया ।

पञ्चषट्क्रोशान्तरे स जितः फतहसेनया ।
पश्चात्तु हजरोस्थाने संयुगः पक्षयोर्द्वयोः ॥८१७॥

८१७. वह पांच-छः कोश की दूरी पर, फतह खां की सेना से पराजित हो गया । तदनन्तर हजरों स्थान पर, दोनों सन्नद्ध पक्षों में युद्ध हुआ ।

कृतसंरम्भयोर्जातः पठानास्तत्र निर्जिताः ।
द्विसहस्रमिताः सिक्खैः पठानास्तत्र मारिताः ॥८१८॥

८१८. उसमें पठान पराजित हुए और दो सहस्र पठान सिक्खों द्वारा मारे गये ।

षड्विंशे जूनदिवसे वह्नीन्दुगजभूमिते ।
वर्षे चचकसंग्रामे शत्रून् मोहकमोऽजयत् ॥८१९॥

चचक का युद्ध :

८१९. ई० वर्ष १८१३ में २६ जून को मोहकम चन्द ने चचक युद्ध में शत्रुओं को पराजित कर दिया ।

वह्नीन्दुगजभूवर्षादङ्केन्दुगजभूमितम् ।
वर्षं यावदजीमोभूद्राज्यपः सप्तविंशकः ॥८२०॥

अजीम खां सन् १८१३-१८१९ :

८२०. ई० वर्ष १८१३ से १८१९ तक सरदार मुहम्मद अजीम खां सत्ताइसवां राज्यपाल हुआ ।

सप्रू सहजरामाख्यो मन्त्री तेन व्यधीयत ।
पण्डितो हरदासोऽस्य मुख्योऽभूत्सचिवः किल ॥८२१॥

८२१. उसने सहजराम सप्रू को मन्त्री बनाया । पण्डित हरदास इसके प्रमुख सचिव थे ।

राज्यपो रणजित्सिंहनृपस्य न करं ददौ ।
कोटिमुद्रासंग्रहेऽपि न संवित्पालकाः खलाः ॥८२२॥

८२२. राज्यपाल ने राजा रणजीत सिंह को कर नहीं प्रदान किया । करोड़ों मुद्रा होने पर भी दुर्जन प्रतिज्ञा-पालन नहीं करते ।

द्वितीयेऽब्देऽप्यसम्प्राप्तकरः स रणजिन्नृपः ।
अटके कृतसंग्रामं फतहं जेतुमैहत ॥८२३॥

८२३. द्वितीय वर्ष भी कर न प्राप्त होने पर, रणजीत सिंह ने अटक में संग्राम करने वाले फतेह मुहम्मद को जीतने का निश्चय किया ।

कश्मीराक्रमणं कर्तुमिच्छन्तं रणजिन्नृपम् ।
सेनाधिपो मोहक्मो रुग्णो नानुजगाम सः ॥८२४॥

८२४. कश्मीर पर आक्रमण करने के लिये इच्छुक, रणजीत सिंह के साथ मुहकम चन्द्र रुग्णता के करण नहीं गया।

अक्टूबरे वह्निचन्द्रगजेन्दुमितवत्सरे ।
कश्मीरविजयं कतुं लाहौरात्पृतनाऽचलत् ॥८२५॥

काश्मीर पर आक्रमण :

८२५. ई० वर्ष १८१३ के अक्टूबर में कश्मीर विजय के लिये लाहौर से सेना चल पड़ी।

सुधासरं कांगड़ां च तथा ज्वालमुखीमनु ।
पठानकोटमुल्लङ्घ्य स्यालकोटे स्थिता चमूः ॥८२६॥

८२६. सेना अमृतसर, कांगड़ा, ज्वालामुखी एवं पठान कोट पारकर, स्यालकोट में स्थित हुई।

सेनया रणजित्सिहो रोहतासं ततोऽव्रजत् ।
पेशावरात्तु फतहो डेराजातपथाऽचलत् ॥८२७॥

८२७. रणजीत सिंह सेना के साथ रोहतास पहुँचे। वजीर फतेह खां पेशावर से डेरा जातमार्ग से अग्रसर हुआ।

तदा तुषारपातोऽभूत्पीरपञ्चालपर्वते ।
कालो युद्धविरुद्धोऽयमिति लाहौरमागतः ॥८२८॥

८२८. उस समय पीरपंजाल पर्वत पर तुषारपात हो रहा था। 'यह समय युद्ध के अनुकूल नहीं है'—ऐसा विचार कर—

दिसम्बरस्य षड्विंशे दिवसे रणजिन्नृपः ।
अग्रिमेऽब्दे पुनर्जूनमासे त्र्ययुतसम्मिताम् ॥८२९॥

८२९. राजा रणजीत सिंह २६ दिसम्बर को लाहौर लौट आये। ई० वर्ष १८१४ के जून में तीस सहस्र—

सेनां रामदयालस्तु पौत्रो मोहकमस्य वै ।
कश्मीरे योद्धुमनयदेको रणजिदाज्ञया ॥८३०॥

रामदयाल का काश्मीर अभियान :

८३०. सेना लेकर मोहकमचन्द का पौत्र रामदयाल रणजीत सिंह की आज्ञा से कश्मीर विजय के लिये गया।

बहरामपथा गत्वा कश्मीरे सोपियानकम् ।
उपैतुमचलत्सेना रणजित्त्वपरां चमूम् ॥८३१॥

८३१. वह सेना बहराम मार्ग से चलकर कश्मीर में सुपियान पहुँचने के लिये अग्रसर हुई। रणजीत सिंह दूसरी सेना—

नयन् पूछे स्वयं स्थित्वा सल्हग्राममयापयत् ।
इत्यजीमं सन्दिदेश कुरुष्वात्मसमर्पणम् ।।८३२।।

राजा रणजीत सिंह पूछ में :

८३२. के साथ थे। वे स्वयं पूछ में स्थित हो गये और सेना को सल्हग्राम पहुँचा दिये। उन्होंने अजीम को यह सन्देश प्रेषित किया—'तुम आत्मसमर्पण कर दो—

मा भूद्युद्धमजीमस्तु युद्धमेवैच्छदुद्धतः ।
स्रोतस्विनीं तीव्रवेगां समुल्लङ्घ्य महागजैः ।।८३३।।

८३३. युद्ध न हो, उद्धत अजीम युद्ध करना चाहता था। रामदयाल तीव्रवेग वाली स्रोतस्वीन को बड़े गजों द्वारा पारकर—

एत्यामादपुरं हीरपुरं निजवशेऽकरोत् ।
जुलाई रसनेत्राह्नि वेदेन्द्विभमहीमिते ।।८३४।।

८३४. आदमपुर पहुंचा तथा कश्मीर में हीरपुर को अपने अधिकार में कर लिया। ई० वर्ष १८१४ में २६ जुलाई को—

वर्षेऽजीमः ससेनोऽयाद् युयोध च पराजितः ।
सिक्खानां जयिनो सेना सोपियानमुपागता ।।८३५।।

८३५. अजीम खां सेना के साथ पहुँच कर, युद्ध किया और पराजित हुआ। सिक्खों की विजयिनी सेना सुपियान पहुँच गयी।

तत्र काश्मीरपाठानयुक्तसेना विरोधिनी ।
तया दृढमभूद्युद्धं समये वर्षशीतले ।।८३६।।

८३६. वहाँ काश्मीरियों एवं पठानों की संयुक्त सेना विरोधार्थ स्थित थी। उसके साथ वर्षा के कारण प्रवृद्ध शीतकाल में भयंकर युद्ध हुआ।

शीतवस्त्रविहीनाश्च युयुधुः सिक्खसैनिकाः ।
तदानीमभवद्वर्षं शैत्यञ्च ववृधे बहु ।।८३७।।

८३७. सिक्ख सैनिको के पास शीतनिवारक वस्त्र नहीं थे। वे युद्ध कर रहे थे। इसी समय वर्षा हो गयी। शीत अधिक बढ़ गयी।

सिक्खानां वह्निगुटिका गोलकाश्चार्द्रतां गताः ।
तथापि सम्भृतोत्साहाः सिक्खाः श्रीनगरं गताः ।।८३८।।

श्रीनगर में सिख सेना :

८३८. सिक्खों की गोलियां एवं गोले आर्द्र हो गये तथापि उत्साही सिक्ख, श्रीनगर पहुँच गये।

पश्चादायातया पञ्चसहस्रमितसेनया ।
धृतोत्साहा गोलकानां वैकल्येऽपि च संगरम् ॥८३९॥

८३९. तत्पश्चात् सहायतार्थ आयी, पांच हजार सेना से प्रोत्साहित होकर, गोला आदि के विना भी सिक्खों ने—

चक्रुः पठानसाहस्रत्रितयेन नयेन ते ।
नैवार्द्रा गोलका भङ्गम्प्रापुर्न रिपवो हताः ॥८४०॥

८४०. तीन हजार पठान सेना के साथ युद्ध किया । सिक्खों के आर्द्र गोले नहीं दगे । उससे शत्रु नहीं मारे जा सके ।

सिक्खानां तेन पठानैस्त्रिसहस्राणि ते हताः ।
अवशिष्टा धृतोत्साहा युद्धार्थन्तत्र वै स्थिताः ॥८४१॥

८४१. अतः पठानों द्वारा तीन सहस्र सिक्ख मारे गये । अवशिष्ट सिक्ख उत्साह पूर्वक युद्धार्थ वहाँ स्थित रहे ।

सिक्खानामपरा सेनाऽऽयान्ती तोषपथेऽभवत् ।
निशम्य तदजीमस्तु सुबहून्निजसैनिकान् ॥८४२॥

८४२. 'सिक्खों की दूसरी सेना तोष मैदान के मार्ग से आ रही है'—यह सुनकर अजीम खां ने—

प्रैषयत्तन्निरोधार्थं युद्धम्पक्षद्वयेऽभवत् ।
आसायम्प्रातरारभ्य युध्यतोः पक्षयोर्द्वयोः ॥८४३॥

८४३. उसका विरोध करने के लिये, बहुत संख्या में सैनिकों को भेज दिया । दोनों पक्षों में युद्ध हुआ । प्रातःकाल से सायंकाल तक युद्ध रत दोनों पक्षों के—

निहता बहवो वीरा बाबाखाँ सैन्यपो हतः ।
द्वितीयेऽह्नयप्यभूद्युद्धं तदानीं रणजिन्नृपम् ॥८४४॥

८४४. बहुत वीर मारे गये । सेनापति बाबा खां भी निहत हुआ । दूसरे दिन भी युद्ध हो रहा था । उसी समय—

अजीमखानो विश्रब्धं मृषेदं समसूचयत् ।
दिनाष्टकमिते युद्धे सेना हूरपुरस्थिता ॥८४५॥

८४५. अजीम खां ने विश्वासी रणजीत सिंह को यह मिथ्या सूचना दी । आठ दिन के युद्ध में हूरपुर स्थित—

भवतो मारिता सर्वा नाभूत्सन्देशवाहकः ।
अजीमस्य वचो मत्वा निवृत्तौ कृतनिश्चयः ॥८४६॥

८४६. आपकी पूरो सेना मार डाली गयी, एक सन्देश वाहक भी शेष नहीं बचा । अजीम की बात सत्यमान कर, लौटने का निश्चय करके,

चचाल रणजित्सिहः पठानास्तस्य सैनिकान् ।
लुलुण्ठुरनुधावन्तो वह्वर्थान् वडवामपि च ॥८४७॥

८४७. रणजीत सिंह चल पड़े। पठानों ने पीछा करके उनके, सैनिकों का बहुत धन तथा—

लैलीसंज्ञां प्रियान्तस्य रुदन्ती तद्वियोगतः ।
अवशिष्टा चमूस्तोषभुवो लाहौरमागता ॥८४८॥

लाहौर वापसी :

८४८. प्रिय घोड़ी लैली को जो उनके वियोग में रो रही थी, लूट लिया। शेष सेना तोष मैदान मार्ग से लाहौर आ गयी।

अजीमः श्रीपुरं गत्वा मन्त्रिणं हरदासकम् ।
रणजित्सिहपक्षीयभ्रमेणामारयत्खलः ॥८४९॥

हरिदास का वध :

८४९. श्रीनगर जाकर अजीम खां ने रणजीत सिंह का पक्षपाती होने के सन्देह में मन्त्री हरदास को मार डाला।

हिन्दुद्रोह्यवधीद्धिन्दून्नैकाननपराधिनः ।
तच्छासनेऽभूद्दुर्भिक्षं सर्वाधिकभयङ्करम् ॥८५०॥

दुर्भिक्ष :

८५०. उस हिन्दू द्रोही ने अनेक निरपराधी हिन्दुओं का वध कर दिया। उसके शासन में सर्वाधिक भयंकर दुर्भिक्ष पड़ा।

अतुष्यन् रणजित्सिहशरणे नृपतिः शुजा ।
संवृतः साधुनेपथ्ये किस्तवारम्पलायितः ॥८५१॥

८५१. रणजीत सिंह के शरण में असन्तुष्ट शाहशुजा साधुवेष धारण कर, किस्तवार पलायित हो गया।

तत्रत्यो नृपतिर्वित्तजनसाहाय्यदानतः ।
कश्मीरविजयोत्साहसंभृतं तं चकार ह ॥८५२॥

शुजा किस्त वार में :

८५२. वहाँ राजा ने धन-जन की सहायता प्रदान कर, उसे कश्मीर विजय के लिये उत्साहि किया।

स ससेनोऽचलज्जेतुमजीमस्य च सैनिकाः ।
गुसग्राममुपायातास्तत्र घोरतुषारतः ॥८५३॥

८५३. वह सेना सहित विजयार्थ चल पड़ा। अजीम खां के सैनिक गुस ग्राम पहुँच गये। वहाँ घोर तुषारपात—

शीतवातेन निर्भुग्नतनवो बहवो मृताः ।
हिमेन शीर्णतनवो जीवन्तश्चिक्लिशुर्बहु ।।८५४।।

८५४. एवं शीतल वायु से लोगों का शरीर ठिठुर गया। बहुत लोग मर गये। हिम से लोगों का शरीर गल गया, जीवित लोग महान कष्ट भोगने लगे।

विनैव युद्धमेवं ते सैनिकास्तनुविक्रियाम् ।
मरणं चाप्नुवन् व्यर्थं समये प्रतिकूलगे ।।८५५।।

८५५. समय प्रतिकूल हो जाने के कारण विना युद्ध किये, सैनिकों को शारीरिक विकृति एवं मृत्यु की उपलब्धि हुई।

तुषारपाते विश्रान्ते शुजा युद्धमनोरथम् ।
पूरयित्वा पराजित्य काष्ठवाटं न्यवर्तत ।।८५६।।

शुजा की पराजय :

८५६. तुषार पात शान्त हो जाने पर, अपनी युद्धेच्छा पूर्ण कर, पराजित शुजा काष्ठवाट लौट गया।

नरपतिपरमो वा युद्धसामर्थ्यवान् वा
स्ववशितजगतीकः स्फीतलोकत्रयो वा ।
अनियतपरिवृत्तिव्याकुलेऽस्मिंस्त्रिलोके
न हि समयविरोधं कोऽपि रोद्धुं समर्थः ।।८५७।।

८५७. महान् राजा हो अथवा युद्ध सामर्थ्यशाली, जगद् विजेता हो अथवा त्रिलोक प्रसिद्ध; अनिश्चित परिवर्तनशील इस त्रिलोक में समय का विरोध रोकने में कोई समर्थ नहीं हुआ।

नवमासान् किस्तवारे स्थित्वा गर्भाशये यथा ।
ततो निर्गत्य राज्याशां हित्वा शान्तिमवाप सः ।।८५८।।

८५८. किस्तवार में गर्भवत् नव मास स्थित रह कर, वहाँ से निकल कर, उसने राज्यप्राप्ति की आशा त्याग दी और शान्त हो गया।

राज्याशात्यागशान्तात्मा लुधियानापुरे वसन् ।
एकविंशतिवर्षाणि जीवित्वा त्यक्तवांस्तनुम् ।।८५९।।

शुजा लुधियाना में :

८५९. राज्याशा त्याग करने से प्रशान्तात्मा, वह लुधियाना में २१ वर्ष जीवित रहकर, दिवंगत हुआ।

रसेन्दुगजभूवर्षे रणजित्सिंहभूपतिः ।
मुलतानं षष्ठवारमाक्रम्यावाप्तवान् धनम् ॥८६०॥

मुलतान पर आक्रमण :

८६०. राजा रणजीत सिंह ने ई० वर्ष १८१६ में मुलतान पर छठवीं वार आक्रमण कर, धन प्राप्त किया ।

दुर्दैवप्रेरितोऽजीमः कृतवान्नीतिविप्लवम् ।
अयुक्तं क्लेशयामास मान्यं वीरबलं धरम् ॥८६१॥

वीरवल धर :

८६१. दुर्भाग्यवश अजीम ने नीति विरुद्ध कार्य कर अनुचित रूप से मान्य वीरबल धर को पीडित किया ।

दुर्भिक्षपीडिताभ्यो न प्रजाभ्यो लब्धवान् करम् ।
न चाजीमस्याऽर्पयच्च निकृतस्तेन तेन सः ॥८६२॥

८६२. उसने दुर्भिक्ष पीडित प्रजा से कर की वसूली नहीं की और अजीम को कर नहीं दिया, अतएव उसने उसे पीडित किया ।

धरस्त्वजीमविद्रोहात्कुटुम्बं क्वापि रक्षिते ।
स्थाने निक्षिप्य रणजित्सम्वादाय पलायितः ॥८६३॥

८६३ अजीम के विद्रोह के कारण बीरबल धर कुटुम्ब को कहीं सुरक्षित स्थान पर रखकर, रणजीत सिंह से परामर्श करने के लिये पलायित हो गया ।

तुषारशीतदुष्पारे पथि वीरबलश्चलन् ।
यातः कतिपयाहोभिर्जम्मूनृपतिसन्निधिम् ॥८६४॥

८६४. तुषारपात एवं शीत के कारण कठिन मार्ग पर चलकर, वीरबल कुछ दिनों में जम्मू नृपति के पास पहुँचा ।

गुलाबसिंहो नृपतिर्धरं साह्येन वर्धयन् ।
स्वभ्रातरं ध्यानसिंहं रणजित्सिंहमन्त्रिणम् ॥८६५॥

राजा गुलाब सिंह एवं वीरबलधर :

८६५. नृपति गुलाब सिंह ने वीरबल धर को सहायता से प्रोत्साहित किया । उन्होंने अपने भ्राता ध्यान सिंह को जो रणजीत सिंह के मन्त्री थे—

सम्बोध्य पत्रमलिखत् जाने वीरबलं धरम् ।
वचस्यस्यास्तु विश्रम्भो देयं साहाय्यमीप्सितम् ॥८६६॥

८६६. सम्बोधित कर पत्र लिखा—'मैं वीरबलधर को जानता हूँ, उनकी बात पर विश्वास कर अभीष्ट सहायता दीजिये' ।

पत्रमादाय यातोऽसावजीमस्तं गवेषयन् ।
तस्य प्रतिभुवं मिर्जापण्डितं स्ववशेऽकरोत् ॥८६७॥

मिर्जा पण्डित धर :

८६७. वह पत्र लेकर, वहाँ गया। उसकी खोज करते हुए, अजीम खां ने उसके प्रतिभू (जामिन) मिर्जा पण्डितधर को अपने अधिकार में कर लिया।

पप्रच्छ च कुतो वीरबलो यातो वदामृषा।
गंगां वा रणजित्सिहं गच्छेदिति जगाद सः ॥८६८॥

८६८. अजीम ने उससे पूछा—'सत्य वोलो, वीरबलधर कहाँ गया ?' उसने उत्तर दिया 'गंगा अथवा रणजीत सिंह के शरण गया।'।

किन्नु सम्प्रति कर्तव्यं ? कर्तव्यो मद्वधोऽधुना।
मुद्राणां केन लाभः स्यान् ? मत्तः प्रतिभुवो भवेत् ॥८६९॥

८६९. अजीम ने कहा—'अब क्या किया जाय' उसने (मिर्जाने) उत्तर दिया 'मेरा वध'। अजीम ने पूछा—'रुपये कैसे प्राप्त होंगें', 'मुझसे क्योंकि मैं प्रतिभू हूँ'।

एवमुत्तरतस्तुष्टोऽजीमस्तम्परिमुक्तवान् ।
त्रिलोकपण्डितो वीरबलभेदमसूचयत् ॥८७०॥

८७०. इस प्रकार उसके उत्तर से सन्तुष्ट होकर, अजीम खां ने उसे मुक्तकर दिया। त्रिलोक पण्डित ने वीरबल का भेद सूचित कर दिया।

तत्कुटुम्बस्थितिं तस्य रक्षकं च दिदेश सः।
राज्यपस्तद्गृहं दग्ध्वा तत्सर्वस्वं जहार च ॥८७१॥

वीरबल धर पर अत्याचार :

८७१. उसने उसके कुटुम्ब की स्थिति एवं उसके रक्षक का नाम बता दिया। राज्यपाल ने धर का घर जलाकर, उसका सर्वस्व धन हर लिया।

तत्कुटुम्बं समानीय कन्यां यवनसाद्व्यधात्।
पत्नी तु धर्मरक्षार्थं विषम्पीत्वाऽत्यजत्तनुम् ॥८७२॥

८७२. उसका कुटुम्ब लाकर, कन्या यवनाधीन कर दी गयी और पत्नी ने धर्म रक्षार्थ विष पान कर, शरीरान्त कर दिया।

वसकाकधरो वीरबलस्यासीत्सहायकः।
मुद्रा नवसहस्राणि दण्डयित्वाऽप्यसौ हतः ॥८७३॥

वसकाक धर का वध :

८७३. वसकाक धर वीरबल का सहायक था। नव सहस्र रुपये जुर्माना लगाने के पश्चात् उसका वध कर दिया गया।

गोजवारीगृहे वीरबलस्यासीत्कुटुम्बकम् ।
गोजवारी हतस्तेन सकुटुम्बपरिच्छदः ॥८७४॥

८७४. वीरबल का कुटुम्ब गोजवारी के घर में स्थित था। उसने परिवार सहित उसकी हत्या कर दी।

यैस्तु कश्मीरसीमान्तं यावद्वीरबलोऽव्रजत् ।
ते गृहीत्वोग्रदण्डेन राज्यपालेन मारिताः ॥८७५॥

८७५. जिन लोगों ने कश्मीर सीमा पर वीरबल को पहुँचाया था, उन्हें पकड़ कर, राज्य-पाल ने उग्र दण्ड देकर, मार डाला।

महमूदशाहः काबूले बादशाहस्तदाऽभवत् ।
गत्वा फतहखानस्तु तस्य मन्त्री बभूव ह ॥८७६॥

८७६. उस समय काबुल में महमूदशाह बादशाह था। वहां जाकर, फतह मुहम्मद खां उसका मन्त्री बन गया।

तदा फतहखानस्य दुर्दैवं समुपस्थितम् ।
तस्यानुजेन काऽपि स्त्री परिभूता महाकुला ॥८७७॥

फतह खां का दुर्भाग्य :

८७७. उसी समय फतह खां का दुर्भाग्य उपस्थित हो गया। उसके भ्राता ने किसी महा कुलीन स्त्री को अपमानित किया।

तत्स्त्रीसम्बन्धिवर्गेण विरोधः सुमहानभूत् ।
सेनया युयुधुस्ते तद्वर्गगास्तु पराजिताः ॥८७८॥

८७८. उस स्त्री के सम्बन्धी वर्ग ने महान् विरोध किया। वे सेना द्वारा युद्ध कर, उस वर्ग को पराजित कर दिये।

तेनासीत्सुदृढं वैरं कामरानस्तु मातुलः ।
तत्स्त्रिया मृगयामास निहन्तुम्मुख्यदोषिणम् ॥८७९॥

८७९. उससे बैर बद्धमूल हो गया। कामरान जो उस स्त्री का मामा था, मुख्य अपराधी की हत्या करने के लिये उसे ढूढ रहा था।

दैवात्फतहखाँ दोषं स्वकीयं स्वमुखाद्गिरन् ।
असीत्तच्छ्रुतवान्कामरानः क्रोधान्धधीः स तु ॥८८०॥

८८०. दैवात् फतह खां स्वयं अपना दोष कह रहा था, उसे कामरान ने सुना। वह क्रोधान्ध हो गया।

नयने स्वक्षुराग्रेण फतहस्य व्यनाशयत् ।
कामिनी काञ्चनं चेति द्वयं सर्वविपत्पदम् ॥८८१॥

८८१. उसने अपनी छूरी से फतह खां की आँखें निकाल ली। कामिनी और कन्चन दोनों ही सब विपत्ति के मूल होते हैं।

अग्रे फतहपक्षीया युयुधुर्वृद्धशात्रवाः ।
बहूनां जनवित्तानां चिरं हानिरजायत ॥८८२॥

८८२. शत्रुता बढ़ जाने पर फतह पक्ष के लोग आगे भी युद्ध करते रहे। लम्बे समय तक बहुत लोगों की जन-धन हानि हुई।

मह्मूदशाहो वृत्तान्तं विदित्वा कम्प्रमानसः ।
अप्यन्धं फतहं मन्त्रिपदान्नैवाकरोत्पृथक् ॥८८३॥

८८३. यह वृत्तान्त सुनकर, महमूद शाह का मन कम्पित हो गया, तथापि उसने अन्धे फतह खां को मन्त्री पद से पृथक् नहीं किया।

तदा तु फतहः स्वस्यानुजं कश्मीरराज्यपम् ।
अजीममाह्वयामास साहाय्यार्थं निजान्तिकम् ॥८८४॥

८८४. फतह मुहम्मद ने अपने अनुज अजीम खां को जो कश्मीर में राज्यपाल था, सहायतार्थ अपने पास बुला लिया।

कोटिमुद्रामूल्यकोषं सामग्रीं सकलां स्विकाम् ।
कुटुम्बं चाहिनोत्पूर्वमजीमस्तु ततः स्वयम् ॥८८५॥

८८५. अजीम खां ने करोड़ रुपये मूल्य का कोष, अपनी समस्त सामग्री एवं कुटुम्ब को पहले काबुल भेज दिया। तदनन्तर—

जब्बारखानं कश्मीरराज्यपं परिकल्प्य वै ।
जगाम काबुलं तस्मिन् प्राप्ते शाहस्तु तुष्टधीः ॥८८६॥

८८६. जब्बार खां को कश्मीर का राज्यपाल नियुक्त कर, स्वयं काबुल गया। उसके काबुल पहुँचने पर, शाह सन्तुष्ट हो गया।

किञ्चित्कालनान्तरं तं गन्धारे काबुले तथा ।
तथैव गजनीदेशे युगपच्छासकं व्यधात् ॥८८७॥

८८७. कुछ समय पश्चात् उसे काबुल, कन्धार तथा गजनी का शासक बना दिया।

अन्धं कृत्वापि फतहं क्रोधान्धः कामरानकः ।
प्राणैर्वियोजयामास वैरं सर्वविवेकभुक् ॥८८८॥

८८८. क्रोधान्ध कामरान फतह मुहम्मद को अन्धा करके भी तुष्ट नहीं हुआ, अतः उसका वध कर दिया। बैर समग्र विवेक विनष्ट कर देता है।

गजेन्दुगजभूवर्षे रणजित्सिहभूपतिः ।
पेशावरे जयम्प्राप अटके तु पराजयम् ॥८८९॥

पेशावर विजय :

८८९. ई० वर्ष १८१८ में रणजीत सिंह ने पेशावर विजय किया तथा अटक में उनकी पराजय हुई।

अटकेऽपि जयम्प्राप किञ्चित्कालात्परं स वै ।
कश्मीरकाबुलक्षेत्रमध्यगां सकलां महीम् ॥८९०॥

अटक विजय :

८९०. कुछ समय पश्चात् उन्होंने अटक पर भी विजय प्राप्त किया । रणजीत सिंह ने कश्मीर से काबुल की मध्यवर्ती समग्रमूमि पर—

रणजित्स्ववशेऽकार्षीत् कश्मीरमजयत्ततः ।
मुल्तानमष्टमं वारमाक्रम्य रणजिन्नृपः ॥८९१॥

मुलतान विजय :

८९१. अपना अधिकार कर लिया । तदनन्तर कश्मीर विजय किया । रणजीत सिंह ने आठवीं बार मुल्तान पर आक्रमण कर—

इभेद्विभेन्दुवर्षादौ नगरं स्ववशेऽकरोत् ।
खड्गसिंहः सुतस्तस्य ससम्मानम्पुरेऽविशत् ॥८९२॥

८९२. ई० वर्ष १८१८ के जनवरी में नगर को अधिकृत कर लिया । उसका पुत्र खड्ग सिंह सम्मानपूर्वक नगर में प्रविष्ट हुआ ।

सौवर्णरौप्यमुद्राश्च वितीर्णा विजयोत्सवे ।
लाहौरनगरं दीपमालया परिमण्डितम् ॥८९३॥

लाहौर में दीप मालिका :

८९३. विजयोत्सव में सुवर्ण एवं रजत मुद्रायें वितरित की गयीं । लाहौर नगर दीपमालाओं से अलंकृत किया गया ।

दीवानमिश्रीचन्द्रश्च जये मुख्यः समादृतः ।
जब्बारखानस्त्वन्त्योऽभूत्पठानो राज्यपालकः ॥८९४॥

जब्बार खां ई० वर्ष १८१९ :

८९४. विजय श्री प्राप्त करने में प्रमुख दीवान मिश्रीचन्द्र को सम्मानित किया गया । जब्बार खां पठान काल का अन्तिम राज्यपाल था ।

अङ्केन्दुगजभूवर्षे चतुर्मासानशादसौ ।
ऋजुर्निष्कपटो न्यायप्रियश्चासीदसौ जनः ॥८९५॥

८९५. उसने ई० वर्ष १८१९ में केवल चार मास शासन किया । वह सरल, निष्कपट एवं न्यायप्रिय व्यक्ति था ।

कश्मीरराज्यहाने तु निमित्तं नियतिर्व्यधात् ।
विज्ञायाजीमखानस्य कश्मीरादपसर्पणम् ॥८९६॥

८९६. उसके कश्मीर राज्य त्याग में नियति ने ही निमित्त बना दिया । कश्मीर से अजीम खां का निर्गमन जानकर—

पाश्र्वस्थेन वीरबलधरेण परिचोदितः ।
इयेष जेतुं कश्मीरं रणजित्सिंहभूपतिः ।।८९७।।

काश्मीर विजय प्रेरणा :

८९७. समीपस्थ वीरबल धर द्वारा प्रेरित होकर, राजा रणजीत सिंह ने कश्मीर विजय की इच्छा की ।

तदा पठान सेनाऽऽसील्लग्ना हेरातसंगरे ।
दीवानमिश्रीचन्द्रादिषट्सेनापतिपालिता ।।८९८।।

८९८. उस समय पठानों की सेना हेरात के युद्ध में लगी थी । दीवान मिश्रीचन्द्र आदि छः सेनापतियों के नेतृत्व में—

त्रिंशत्सहस्रसेनाऽयाज्जेतुं कश्मीरमण्डलम् ।
अङ्केन्दुगजभूवर्षे मईमासान्तिमाहनि ।।८९९।।

८९९. तीस सहस्र सेना ई० वर्ष १८१९ के मई मास के अन्त में कश्मीर विजयार्थ प्रस्थान की ।

गत्वा वजीराबादं सा सेना भागत्रयेऽभवत् ।
तदा प्रत्येकभागस्य कृतो नेता पृथक् पृथक् ।।९००।।

९००. वजीराबाद जाकर, वह सेना तीन भागों में विभक्त हो गयी । प्रत्येक भाग का पृथक्-पृथक् सेनापति नियुक्त किया गया ।

दीवानचन्द्रः प्रथमस्य नायक-
स्तथा द्वितीयस्य च खड्गसिंहकः ।
तृतीयसंरक्षितभागनायको
बभूव राजा रणजित्तदा स्वयम् ।।९०१।।

९०१. दीवान मिश्री चन्द्र प्रथम भाग का तथा खड्गसिंह द्वितीय भाग का नायक था। स्वयं राजा रणजीत सिंह ने तृतीय भाग का नेतृत्व किया ।

प्रथमश्च द्वितीयोऽयाद्भागो भीमवराध्वना ।
तृतीयेन सहातिष्ठद्वजीराबादके नृपः ।।९०२।।

९०२. प्रथम तथा द्वितीय विभाग भीमवर मार्ग से अग्रसर हुआ। तृतीय भाग के साथ राजा रणजीत सिंह वजीराबाद में स्थित हो गये ।

सेना राजपुरीं याता तत्रत्यो नृपतिर्भिया ।
कृतापराधः स्वात्मानं रक्षन् दूरम्पलायितः ।।९०३।।

९०३. सेना राजपुरी पहुँच गयी । वहाँ का राजा जिसने कोई अपराध किया था, आत्म रक्षार्थ दूर पलायित हो गया ।

सार्धद्विशतवर्षादौ येनैवाकबरोऽध्वना ।
तमेवाध्वानमाश्रित्य मिश्रीन्द्रोऽव्रजल्लघुम् ॥९०४॥

दीवान मिश्री चन्द्र का अभियान :

९०४. दो सौ पचास वर्ष पूर्व, जिस मार्ग से अकबर गया था, उसी मार्ग से मिश्रीचन्द्र अग्रसर हुआ ।

सिक्खसेना व्रजन्त्येवं राजौरीपोशियानके ।
अतीत्य द्विगुणोत्साहा दरेलदरमाविशत् ॥९०५॥

९०५. इस प्रकार सिक्ख सेना राजौरी एवं पोशियान पारकर, दूने उत्साह के साथ दरेल दर्रा में प्रविष्ट हुई ।

खड्गसिंहानुगा सेना बहरामगलं गता ।
जगाम रणजित्सिंहः शाहाबादन्तु रक्षकः ॥९०६॥

रणजीत सिंह एवं खड्ग सिंह का प्रस्थान :

९०६. खड्ग सिंह की सेना वहराम गल्ला पहुँची तथा रणजीत सिंह शाहाबाद[1] पहुँच गये ।

मार्गेषु कल्पिता तेन सैनिकस्थानशृंखला ।
यया सन्देशसामग्रीप्रापणं स्यादबाधितम् ॥९०७॥

९०७. उन्होंने मार्गों पर, सैनिक चौकियां स्थापित की, जिससे सन्देश एवं सामग्री निर्विघ्न पहुँचती रहे ।

पठानी रविसाहस्रसेना योद्धुमुपागता ।
तदा मुहम्मदाब्दुल्लाजब्बारास्तत्र नायकाः ॥९०८॥

९०८. पठानों की १२ सहस्र सेना युद्धार्थ आ गयी । उस समय बली मुहम्मद खां, अब्दुल्ला खां एवं जब्बारखां उसके नायक थे ।

ते हीरपुरमागत्य पीरपञ्जालपर्वतम् ।
प्राहिण्वन्वाहिनीमेकां सिक्खसेनानिवृत्तये ॥९०९॥

९०९. हीरपुर आकर उन लोगों ने सिक्ख सेना को रोकने के लिये एक सेना पीर पंजाल पर्वत पर भेजा ।

---

१. शाहाबाद :—दूरू-दर अनन्त नाग जिला में है । यह सन्दहन नदी के दक्षिण तटपर अनन्तनाग से १२ मील दक्षिण पूर्व है । सन्दहन नदी की उपत्यका, काश्मीर के दक्षिण पूर्वीय छोर पर है । इस उपत्यका में धान की बहुत खेती होती है । यहाँ के पर्वत उत्तर दिशा की ओर के अतिरिक्त पादपहीन है । उपत्यका के दक्षिणी भाग में सेव बहुत उत्तम होते हैं । काश्मीर में गेहूँ, यहाँ सबसे अच्छा पैदा होता है ।

सा वाहिनी तु सिक्खेभ्यो वहन्ती स्वपराजयम् ।
सुपियानाधिपत्यकायामारुह्याश्वस्तधीरभूत् ॥९१ ॥

पठानों की पराजय :

९१०. सिक्खों से पराजित होकर, वह सेना सुपियान अधित्यका पर आश्रय प्राप्त कर, आश्वस्त हुई ।

परेद्यवि तृतीयोऽह्नि जुलाईमास्यभूद्रणः ।
अङ्केन्दुगजभूवर्षे राज्यपालः पराजितः ॥९११॥

९११. दूसरे दिन ई० वर्ष १८१९ में तीन जुलाई को युद्ध हुआ । राज्यपाल पराजित हो गया ।

तदा जब्बारखानस्य शरीरेऽष्टादशव्रणाः ।
अभूवन् युध्यमानस्य पादे बाणव्रणोऽभवत् ॥९१२॥

९१२. उस समय युद्धरत जब्बार खां के शरीर पर १८ व्रण तथा पैर में बाण से घाव हो गये थे ।

पतितं युद्धभूमौ तं तस्य कश्चन सैनिकः ।
सहसोत्थापयामासाऽपाऽयान् कश्मीरसैनिकाः ॥९१३॥

९१३. युद्धभूमि में गिरे, उसको उसके किसी सैनिक ने सहसा उठा लिया । कश्मीरी सेना पीछे हट गयी ।

जब्बारः खञ्जगमनो विवेश श्रीपुरं त्वरन् ।
जगाम काबुलं शीघ्रमात्तवित्तपरिच्छदः ॥९१४॥

९१४. लंगड़ा जब्बार खां श्रीनगर में शीघ्रता पूर्वक प्रविष्ट हुआ तथा धन और परिवार लेकर, काबुल चला गया ।

रसाश्वगजभूवर्षे वैक्रमेत्वष्टमीतिथौ ।
आषाढे शुक्लपक्षे वै प्राविशन् सिक्खसैनिकाः ॥४१५॥

९१५. विक्रम संवत् १८७६ में आषाढ़ शुक्ल पक्ष के अष्टमी तिथि को सिक्ख सैनिकों ने—

दुर्गं शेरगढीसंज्ञं तदा पाठानशासनम् ।
काश्मीरात्सर्वथाऽपेतं पठानसुकृतक्षये ॥९१६॥

कश्मीर के सिक्ख शासन :

९१६. शेरगढ़ी दुर्ग में प्रवेश किया । उस समय पठानों का पुण्यक्षीण हो जाने पर, उनका शासन कश्मीर से सर्वथा समाप्त हो गया ।

खाक्षिवह्नीन्दुतुल्याब्दे भोटोऽभूद् रिंचनो नृपः ।
तदा प्रभृति कश्मीरेऽभवद्वैदेशशासनम् ।।९१७।।

९१७. ई० वर्ष १३२० में भोट रिंचन नृपति हुआ था। उसी समय से कश्मीर में विदेशी शासन प्रारम्भ हुआ।

अङ्काग्निरामचन्द्राब्दे कोटाराज्ञीं निहत्य वै ।
शाहमीरस्तु कश्मीसुल्तानः प्रथमोऽभवत् ।।९१८।।

९१८. ई० वर्ष १३३९ में कोटारानी की हत्या कर, शाहमीर कश्मीर का प्रथम सुल्तान बना।

चन्द्राङ्केष्विन्दुवर्षान्तं शाहमीरान्वयोऽभवत् ।
शासकश्चकवंशीया अभवंस्तदनन्तरम् ।।९१९।।

९१९. ई० वर्ष १५६१ पर्यन्त शाहमीर वंश का शासन था। तदनन्तर चकवंशीय शासक हुए।

गजेभेष्विन्दुवर्षादि मुगलानान्तु शासनम् ।
वह्नीषुशैलचन्द्राब्दपर्यन्तमभवत्किल ।।९२०।।

९२०. तत्पश्चात् मुगलों का शासन ई० वर्ष १५८५ से १७५३ पर्यन्त था।

ततोऽफगानदेशीया बभूवुरिह शासकाः ।
अङ्केन्द्विभेन्दुवर्षान्तं तेषामप्यास शासनम् ।।९२१।।

९२१. तदुपरान्त कश्मीर में अफगान शासक हुए। उनका शासन ई० वर्ष १८१९ पर्यन्त स्थित रहा।

कश्मीरे यवना एवं खेभवेदाब्दसम्मितम् ।
शासनं राज्यपालैस्तैः कृतवन्तस्ततः परम् ।।९२२।।

९२२. इस प्रकार यवनों ने कश्मीर पर ४८० वर्ष पर्यन्त शासन किया। उसमें राज्यपालों ने २३४ वर्ष शासन किया था। तत्पश्चात्—

सिक्खानामभवद्राज्यन्तत्तावदुपवर्ण्यते ।
जयकाले तु नौशेरास्थानेऽभूद्रणजिन्नृपः ।।९२३।।

९२३. सिक्खों का राज्य हुआ उसी का वर्णन किया जा रहा है। विजय के समय रणजीत सिंह नौशेरा[1] में स्थित थे।

---

१. नौशेरा : तवी नदी के दक्षिण तटपर ३०० फिट की ऊँचाई पर नौशेरा है। पीरपंजाल से कश्मीर जाने वाले मार्ग पर, भीमवर से २७ तथा श्रीनगर से दक्षिण पश्चिम १३३ मील पर है। शहर के मध्य में मुगलों द्वारा निर्मित सराय है।

दूसरा नौशेरा वितस्ता नदी के वाम तटपर वारहमूला से ८ मील दक्षिण पश्चिम मरी जाने वाली सड़क पर है। नौशेरा ग्राम से गुलमार्ग पकडण्डी मार्ग से जा सकते हैं जो १६ मील दूर पड़ता है।

पञ्चमेऽहनि तच्छ्रुत्वा पूर्वं वीरबलात्मजम् ।
राजकाकं ससम्मानम्मुक्तवान् हर्षनिर्भरः ॥९२४॥

९२४. पांचवें दिन विजय का समाचार सुनकर, प्रसन्न होकर, रणजीत सिंह ने सम्मान पूर्वक बीरबल के पुत्र राजकाक को मुक्त कर दिया ।

कश्मीररविजयानन्दे लाहौरनगरन्तदा ।
दीपमालाचाकचिक्ये प्रकाशे दिनत्रयम् ॥९२५॥

लाहौर में दीपावली एवं उल्लास :

९२५. कश्मीर के विजयानन्द के उपलक्ष्य में लाहौर नगर तीन दिन तक दीप मालाओं से प्रकाशित किया गया ।

कश्मीरपेशावरयोः समाप्ते निजशासने ।
अफगानर्थव्यवस्था सहसा विप्लुताऽभवत् ॥९२६॥

अफगानिस्तान की स्थिति बिगड़ी :

९२६. कश्मीर एवं पेशावर से शासन समाप्त हो जाने पर, अफगानिस्तान की अर्थ व्यवस्था सहसा बिगड़ गयी ।

कश्मीरलब्धमुद्राभिर्युध्यन्ति स्माफगानिनः ।
पार्श्वदेशैस्तथासिक्खैराङ्गलैश्चोद्धतमानसाः ॥९२७॥

९२७. उद्धत मन अफगानी कश्मीर से प्राप्त रुपयों से पड़ोसी देशों, सिक्खों एवं अंग्रेजों से युद्ध करते थे ।

राज्यसन्बन्धभङ्गेन वाणिज्यं च क्षयं गतम् ।
कलातादिस्थलानां च गौरवन्तेन हापितम् ॥९२८॥

९२८. राज्य सम्बन्ध भंग हो जाने से व्यापार क्षीण हो गया, जिससे कलात आदि व्यापारिक केन्द्रों का गौरव समाप्त हो गया ।

मत्तस्य मदनाशेन यथा स्यात्प्रकृतिस्थता ।
तथा कश्मीरहानेनाफगानानां यथार्थता ॥९२९॥

९२९. जिस प्रकार मदमत्त का मद शान्त हो जाने पर, वह पुनः प्रकृतिस्थ हो जाता है, उसी प्रकार कश्मीर खोकर पठानों की स्थिति हुई ।

भारतादाङ्ग्लजातीनां याऽवस्थाऽपगमेऽभवत् ।
साऽवस्थाऽपगमे जाता कश्मीरादाफगानिनाम् ॥९३०॥

९३०. भारत से चले जाने पर अंग्रेजों की जो स्थिति हुई थी, वही स्थिति कश्मीर से चले जाने पर अफगानों की हुई ।

नष्टे कश्मीरसम्बन्वे स्वदेशे नाफगानिनः ।
विकासं वा परिष्कारं कर्तुमापुः सहायताम् ॥९३१॥

९३१. कश्मीर से सम्बन्ध नष्ट हो जाने पर, अफगानी अपने देश में विकास अथवा सुधार करने के लिये सहायता नहीं पा रहे थे ।

तदानीन्तत्र शास्ताऽसीन्नाम्ना दोस्तमुहम्मदः ।
सत्वैक्यमात्रं राज्याधिकारिष्वास्थापयत्परम् ॥९३२॥

९३२. उस समय वहाँ दोस्त मुहम्मद शासक था । वह राज्याधिकारियों में केवल एकता स्थापित करने में समर्थ हुआ ।

इति जगति विवर्तं सन्ततं निर्निरोधं
स्ववशसकलतत्त्वन्तन्वतः कालमूर्तेः ।
त्रिजगदुदयरक्षालोपलीलस्य शम्भो-
श्चरितजलधिविन्दोर्लेशमात्रं न्यदर्शि ॥९३३॥

९३३. जगत में निरन्तर एवं निर्विघ्न रूप होनेवाला से यह परिवर्तन स्वाधीन-सकल तत्त्व का प्रसार एवं त्रिजगत की सृष्टि, रक्षा तथा लोप करने वाले, कालमूर्ति शम्भु के चरितरूपी सागर का लेशमात्र है ।

इति श्रीवाराणसीनिवासिनः, श्रीबटुकनाथसिंहात्मजस्य, रघुनाथसिंहस्य
कृतौ राजतरङ्गिण्यां पठानकाले द्वितीयस्तरङ्गः ॥

रघुनाथसिंह पुत्र श्री बटुकनाथ सिंह घीहट्टा (औरंगाबाद) वाराणसी निवासी
ने हिन्दी भाषानुवाद सहित राजतरङ्गिणी में पठानकाल
नामक द्वितीय तरङ्ग ई० वर्ष १९८१ में
लिखकर समाप्त किया ।
प्रथम खण्ड समाप्त